लेकिन सुलेमान की मृत्यु के कुछ ही समय के बाद संयुक्त राज्य को दो भागों में बंट जाना था। आठवीं शताब्दी ई० पू० के अंत में इसराएल असुर राजा सरगोन द्वितीय द्वारा जीत लिया गया, जबकि यहूदिया को अपनी आज़ादी बनाये रखने के लिए भारी खिराज देना पड़ा। यहूदिया कोई १५० साल तक और अस्तित्वमान रहा, जिसके बाद वह बाबुल के राजा नबूकदनेसर के कब्ज़े में आ गया, जिसने यरूशलम पर धावा बोलकर उसे सर कर लिया और मिट्टी में मिला दिया (५८६ ई० पू०) और उसके निवासियों को कैदी बनाकर बाबुल ले गया। यह घटना बाबुली कैद के नाम से विख्यात है।

फिलिस्तीन के उत्तरी भाग में मुख्य उद्यम कृषि और दक्षिण में पशुपालन था। किसान समुदायों में रहते थे और फिलिस्तीन में दास श्रम फिनीशिया की अपेक्षा अधिक व्यापक था। दास भारी संख्या में शाही तथा मंदिरों की ज़मीनों पर काम किया करते थे। देश के मूल निवासियों, कनानियों को भी गुलाम बना लिया गया था।

प्राचीन इबरानियों के जीवन में धर्म महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता था। इबरानी मजहब और फिनीशियाइयों के धर्म में अनेक समानताएं थीं। याहवह या यहोवा की उपासना विशेषकर बहुत व्यापक थी। आरंभ में यहोवा यहूदिया के कबीले का देवता था, लेकिन कालांतर में उसकी उपासना देशव्यापी पैमाने पर होने लगी। यहूदी धर्म ने अपना अंतिम रूप बाद में ही जाकर, अर्थात 'बाबुली कैद' के बाद ही ग्रहण किया।

प्राचीन फिलिस्तीन की एक महत्वपूर्ण ऐतिहासिक तथा सांस्कृतिक उपलब्धि इबरानी (यहूदी) जातियों के धर्मग्रंथ और विशेषकर वे अनेक कृतियां हैं, जिन्हें बाद में बाइबिल के पूर्वविधान (ओल्ड टैस्टामेंट) में संग्रहीत किया गया। इनमें ऐसे बहुत से ऐतिहासिक तथा पौराणिक आख्यान, दंतकथाएं, धार्मिक शिक्षाएं और पद्यात्मक रचनाएं शामिल हैं, जिन्हें अब यहूदी और ईसाई दोनों ही धर्मों के अनुयायी 'देववाणी' की तरह पूजनीय समझते हैं।

फारस

प्राचीन फारसी या पारसीक राज्य की जन्मस्थली मैसोपोटामिया के पूर्व मे स्थित विस्तृत ईरानी पठार था। जहा इस पठार का केंद्रीय भाग अपेक्षाकृत सूखी मिट्टी और विरल वनस्पतिवाला था, वहा पहाडियो म जगलो, धातुओ (सोना, चादी, ताबा, लोहा और सीसा) तथा सगमरमर का बाहुल्य था। समूचे तौर पर प्राकृतिक अवस्थाओ ने अनाजो (जई, गहू और जौ) की कृषि और पशुपालन (पूर्व मे खानाबदोश और पश्चिम मे स्थायी) को सभव बना दिया था।

मीडिया तथा फारस

ई० पू० तीसरे सहस्राब्द म उत्तर से ईरानी कबीलो ने ईरानी पठार म प्रवेश किया और कालातर मे इस इलाके का नामकरण इन्ही कबीलो पर हो गया। कुछ भागो म उन्होंन स्थानीय निवासियो को जीत लिया और कुछ भागो मे उनके साथ-साथ शातिपूर्वक बस गये और आगे चलकर उनके साथ घुलमिल भी गये।

लगभग नवी सदी ई० पू० मे ईरानी कबीलो के दो बडे समूह सामने आते है–मीड (मीडियाई) और पारसीक (फारसी)। मीडो न पारसीको से पहले प्रमुखता प्राप्त की लेकिन उनके इतिहास की हमे कम ही जानकारी है और जो है भी, वह अर्ध-पौराणिक ही है। तथापि यह निश्चित है कि सातवी शती ई० पू० के अत म मीडिया एक शक्तिशाली राज्य बन गया था और बाबुल के साथ उसने अशर पर मरणातक प्रहार करने मे सफलता प्राप्त की थी। तिस पर भी छठी शताब्दी ई० पू० के मध्य तक मीडो को अपन पडोसी पारसीका की अधीनता स्वीकार करन के लिए विवश हा जाना पडा।

फारसी राज्य का सस्थापक प्रसिद्ध सेनानायक और राजनता कुरुष या साइरस (५५६-५२६ ई० पू०) था। उसके जीवन का प्रारभिक भाग दतकथाओ म तिमिराछन्न है, जिनके अनुसार राजा का बेटा होन पर भी उसे शैशव मे एक गडरिये ने पाला पोसा था। मैसोपोटामिया के विरुद्ध अतिम मीड राजा के आक्रमण के दौरान कुरुष के नेतृत्व मे पारसीको न मीडिया पर हमला किया और तीन साल लबे युद्ध के बाद उस देश को जीत लिया गया और पारसीक राज्य म मिला लिया गया।

मीडो का स्वामी बनने के बाद कुरुष न और अनक सैन्य अभियानो का सचालन किया। उसने पारसीक सेना का पुनर्गठन करके रिसाले को उसकी मुख्य प्रहार शक्ति बनाया। ५४७ ई० पू० म कुरुष ने आर्मीनिया और कपाडोशिया

का जीत लिया और फिर ५८६ ई० पू० म लीडिया को जीतकर राजा क्रूस (क्रसस) की अपार सपदा को छीन लिया जिसका नाम उस समय भी वैभवशाली राजाओ का समानार्थक बन चुका था। कुरुष न समुद्र तट पर स्थित अनेक समृद्ध यूनानी नगरो सहित सपूर्ण एशिया-ए-कोचक पर अधिकार स्थापित कर लिया।

इन विजयो के बाद लगभग सारा ही मैसोपोटामिया (दक्षिण क सिवा) कुरुष द्वारा विजित दशा मे घिर गया। फलस्वरूप बाबुल के विरुद्ध युद्ध म कुरुष क हाथ बहुत मजबूत हो गय और अत म ८३८ ई० पू० म यह नगर भी उसके कब्जे मे आ गया। इसके बाद कुरुष ने एक घोषणापत्र जारी किया, जिसम उसने वादा किया कि वह बाबुली प्रशासन पद्धति को नहीं बदलगा, स्थानीय देवी देवताओ का आदर करेगा और बाबुल नगर की समृद्धि को बढायेगा। यह घोषणापत्र दिखाता है कि कुरुष केवल अप्रतिम सेनानायक ही नही वरन चतुर राजनेता और कूटनीतिज्ञ भी था।

कुरुष ने फिलिस्तीन तथा फिनीशिया के खिलाफ अपने सैन्य अभियानो का भी इसी प्रकार सचालन किया। उसने लगातार अपने शातिमय लक्ष्यो पर जोर दिया। उसने यरूशलम नगर का जीर्णोद्धार किया जिसे बाबुली विजेताओ ने उजाड दिया था और अनक फिनीशियाई नगरो को सहायता दी। वास्तव मे फिलिस्तीन और फिनीशिया की विजय ने कुरुष को उस समय पूर्व म विद्यमान अतिम महाशक्ति – मिस्र – क विरुद्ध आसन्न युद्ध के लिए अत्यत महत्वपूर्ण प्रहारस्थल प्रदान कर दिया था। लेकिन कुरुष इस योजना को स्वय पूरा न कर पाया क्योंकि वह अपने साम्राज्य के उत्तर-पूर्वी सीमात पर मसागेटो (महाशको) के विरुद्ध युद्ध मे मारा गया।

पारसीक शक्ति का उत्कर्ष

कुरुष की सैनिक नीति को उसके पुत्र कबुज या कबीसेस (५२९-५२२ ई० पू०) ने जारी रखा जिसने फिनीशियाई बेडे की सहायता से मिस्र के विरुद्ध युद्ध के लिए सावधानीपूर्वक तैयारिया की। लेकिन कुरुष के ' उदार " राजनय के विरुद्ध कबुज ने मिस्र को जीतने के बाद वहा आतक का राज्य स्थापित किया। फिर भी पूर्व म बच रही अतिम महाशक्ति को जीत लिया गया था और अशर के चरणो पर चलते हुए फारस अब – तत्कालीन मानको के अनुसार – एक विश्वशक्ति बन गया था।

इस विशाल साम्राज्य के सगठन के विवरणो का पर्वतो मे एक चट्टान पर खुदे हुए शहशाह दारा (डेरियस) प्रथम (५२२-४८६ ई० पू०) के विख्यात अभिलेख स अनुमान लगाया जा सकता है। सारा फारसी राज्य अनेक

क्षत्रपियो या प्रदशो म बटा हुआ था और आम तौर पर पारसीको द्वारा विजित प्रत्येक देश एक पृथक प्रदेश होता था (मिस्र, बाबुल, लीडिया आदि)। इन प्रदेशो के शासक – क्षत्रप – स्वय शहशाह द्वारा नियुक्त किये जाते थे, वे सीधे उसीके प्रति उत्तरदायी होते थे और अपने प्रदेश मे उन्हे सभी न्यायिक तथा प्रशासनिक प्राधिकार प्राप्त थे।

सभी प्रदेशो को नकद तथा जिस के रूप मे कर देने होते थ। उदाहरण के लिए मिस्र को १,२०,००० सैनिको के भोजन जितना अनाज देना पडता था। इन करो के परिणामस्वरूप दारा के खज़ान मे बेशुमार खिराज आता रहता था।

दारा ने मुद्रा सुधार भी किया। इतिहास मे पहली बार अनेक भिन्न-भिन्न देशो से विरचित एक विशाल साम्राज्य एकरूप मुद्रा – सोने के सिक्को अथवा दारिको – का उपयोग करने लगा जिसे ढालने का अधिकार सिर्फ शहशाह ही रखता था (यद्यपि क्षत्रपो को चादी और ताब के सिक्के ढालन का अधिकार था)। दारिक के प्रचलन न व्यापार के प्रसार को बढावा दिया, जिसके लिए दारा की सरकार ने सडको के निर्माण की और उनकी कारगर सुरक्षा की भी व्यवस्था की। उस ज़मान म फारस म सडको का बढिया जाल बिछा हुआ था जिनपर हर २० किलोमीटर फासले पर सराये और डाकचौकिया होती थी। व्यापारिक महत्व के अलावा ये सडके बडा सैनिक महत्व भी रखती थी।

दारा न सैनिक सुधार भी किये। विभिन्न प्रदेशो म स्थायी छावनिया कायम की गयी और सारे राज्य को पाच सैनिक क्षेत्रो म विभाजित कर दिया गया, जो प्रदशो की सीमाओ से मेल नही खाते थे। सैनिक क्षेत्रो के सेनानायक सीधे शहशाह के प्रति उत्तरदायी थे।

यह थी शहशाह दारा के शासनकाल मे राज्य की सरचना। स्वय पारसीको को देश मे प्रभुत्वपूर्ण स्थिति प्राप्त थी। वे सेना म भी सेवा करते थे और किसानी और पशुपालन का काम भी करते थे। वे सभी प्रकार के करो और बेगार से बरी थे। बेगार विजित जातियो के लिए ही लाज़िमी थी। तिस पर भी अत मे पारसीक राज्य भी अशर की भाति कच्ची नीव की इमारत ही साबित हुआ – वह अपनी सैनिक शक्ति के बूते पर ही टिका हुआ था, जब कि विभिन्न सघटक राज्यो म दृढ आर्थिक तथा राजनीतिक सबधो का अभाव था। पारसीको को जब अधिक गभीर शत्रु – यूनानियो – का सामना करना पडा, तो आतरिक सूत्रबद्धता के इस अभाव को कही अधिक अनुभव किया गया।

फारस का धर्म तथा सस्कृति

उस जमान म पूव व अन्य सभी राज्यो की ही भाति ईरानी समाज म भी धम की भूमिका बहुत महत्वपूण थी। प्राचीन ईरानी धम म प्रकृति (उदाहरण क लिए पर्वता) और पशुआ की उपासना सन्निहित थी। बाद म पारसीक जन दवता अहुरमज्दा और सूयदव मितरस या मित्र की उपासना व्यापक हो गयी। सामान्यत माना जाता है कि जरथुस्त (पारसी) धम का आविर्भाव दारा क शासनकाल म हुआ। नकी और बदी, प्रकाश और अधकार के बीच साविक सघष इस धर्म का एक तात्विक लक्षण था।

ईरानी सस्कृति म एसा बहुत ही कम था कि जिस मौलिक कहा जा सक। प्राचीन ईरानी साहित्य तो लगभग बिलकुल ही नही बच पाया है। मिस्र और असार दाना न ईरानी वास्तुकला पर जबरदस्त प्रभाव डाला। पारसीका न अपनी लिपि बाबुल स ग्रहण की थी, यद्यपि आगे चलकर उन्हान उसी कीलाक्षरी लिपि क आधार पर अपनी अलग वर्णमाला भी विकसित की। महत्वपूर्ण मौलिक सास्कृतिक उपलब्धियो के इस अभाव का कारण स्वय राज्य की सैनिक प्रकृति और उसम एकरूपता की अनुपस्थिति म देखा जा सकता है।

पसारगादे मे कुरुष का मक़बरा

तीसरा अध्याय

भारत तथा चीन की प्राचीन सभ्यताए

भारत

प्राकृतिक अवस्थाए

देश के विराट आकार के कारण प्राचीन भारत म प्राकृतिक अवस्थाओ म अत्यधिक वैभिन्य था। इसलिए देश को उत्तरी (अथवा गगा तथा सिधु नदियो की द्रोणी) और दक्षिणी, इन दो भागा मे विभाजित करना सबसे अच्छा रहेगा। उत्तरी भारत मे प्राकृतिक अवस्थाए इस मान मे मिस्र या बाबुल की अवस्थाओ के कमोवेश समान थी कि जमीन की उर्वरता काफी हद तक सिधु और गगा मे बाढो पर निर्भर करती थी। दक्षिणी भारत की ज़मीन कम उपजाऊ थी, लेकिन देश का यह भाग वनो से अच्छी तरह स ढका हुआ था और मूल्यवान धातुओ तथा रत्नो (सोना, हीरे आदि) मे समृद्ध था। भारत का एक महत्वपूर्ण लक्षण उसका भौगोलिक पार्थक्य था – देश आसपास की दुनिया से ऊचे हिमालय पर्वतो द्वारा कटा हुआ था और समुद्र से घिरा हुआ था। इस देश मे निवास करनेवाले मूल कबीलो को प्राय द्रविड कहा जाता है और भारतीय इतिहास का सबस प्रारभिक काल सामान्यत द्रविड काल क नाम से जाना जाता हे।

प्रारभिक भारतीय इतिहास

द्रविड जनो की सस्कृति और विकास का स्तर लगभग सुमेरी-अक्कादी समाज के अनुरूप ही है। आबादी का मुख्य उद्यम सिचित जमीन पर कृषि तथा पशुपालन था। सबसे आम धान्य फसले गेहू और जौ थे। पालतू पशुओ मे भेड, सूअर और भैस मुख्य थे। ऊटो और हाथियो को भी प्राचीन काल म ही पालतू बनाना शुरू कर दिया गया था।

द्रविड काल म ही हडप्पा और मोहनजोदडो जैसे चौडी सडको और दुमज़िला मकाना वाले शहर पैदा हो चुक थे जिन्हे उत्खनन के ज़रिये खोजा

गया है। मकान पक्की ईंटों के बने होते थे। मोहनजोदड़ो में जल प्रदाय और निकास प्रणालियों के अवशेष मिले हैं और इसका भी काफी प्रमाण मिला है कि यह एक सुविकसित व्यापार तथा शिल्प केंद्र था।

मोहनजोदड़ो और हड़प्पा में पाये गये सबसे बड़े महलों के खंडहर, जो प्रत्यक्षत राजाओं के महल थे, द्रविड समाज में राज्यसत्ता के अस्तित्व के प्रमाण है। तथापि उस समय भारत एकबद्ध राज्य नही था, वरन अनेक छोटे छोटे राज्यों और रजवाड़ों में बंटा हुआ था। अभिजातों के आवासों और निर्धनों के घरों से अनुमान लगाया जा सकता है कि संपत्ति पर आधारित सामाजिक विभेदों और वर्ग समाज के भ्रूण रूपों का उदय हो चुका था। लेखन का अस्तित्व भी विकास के काफी ऊंचे स्तर को प्रमाणित करता है।

आर्य विजय

दूसरे सहस्राब्द के प्रथमार्ध मे उत्तरी भारत पर मध्य एशियाइ स्तेपियो से आर्य जनो ने आक्रमण किया।

आर्य आर्थिक तथा सांस्कृतिक दृष्टि से द्रविडो की अपेक्षा कही कम उन्नत थे। आर्य जन नौ थे, जिनमे भारत जन (भरत का वंश) सबसे महत्वपूर्ण था। प्रत्येक जन का नेता राजा (राजन) कहलाता था और कई जनो के समूह पर महाराज शासन करता था।

आर्य लोग खानाबदोश पशुचारक थे। उनकी संपदा का मुख्य स्रोत ढोर थे और गायो का विनिमय के साधन के रूप मे उपयोग किया जाता था, क्योंकि मुद्रा अभी तक अस्तित्व मे नही आयी थी। तथापि जिन आर्यो ने भारत पर आक्रमण किया था, उन्होंने जल्दी ही श्रेष्ठतर द्रविड संस्कृति को आत्मसात कर लिया और एक जगह बसकर कृषि करने लगे। द्रविड आबादी मे से कुछ का पूरी तरह से सफाया कर दिया गया और कुछ को दास बना लिया गया। इन दासो के साथ अत्यधिक निर्दयता और तिरस्कार का बर्ताव किया जाता था।

प्रथम सहस्राब्द मे आर्य आगे बढते और स्थानीय आबादी को जीतते हुए भारत के ठेठ दक्षिणी प्रदेशो तक जा पहुचे। देशज आबादी और विजेता आर्यो के बीच विद्यमान अनूठे संबंध ही वर्ण व्यवस्था या जाति प्रथा के मूलाधार बने, जो तब विकसित होने लगी थी। भारत की सारी आबादी को चार वर्णो या जातियो मे विभक्त कर दिया गया। सबसे ऊची जाति पुरोहितो अथवा ब्राह्मणो की थी, उसके बाद क्षत्रिय अथवा योद्धा जाति, वैश्य—स्वतंत्र कृषक, शिल्पी और व्यापारी—और अंत मे शूद्र—कामगर, नौकर और दास—आते थे। विभिन्न जातियो के बीच सीमाए पूर्णत अलंघ्य थी

सारा प्रदेश) को सौंपने के लिए विवश किया और एक शक्तिशाली राज्य की स्थापना की। लेकिन चंद्रगुप्त द्वारा सम्स्थापित साम्राज्य को तो उसके पोते अशोक (२७३-२३२ ई० पू०) के शासनकाल में और भी अधिक महानता प्राप्त करनी थी। कलिंग के राज्य को जीतने के बाद अशोक ने लगभग सारे ही भारत को अपनी सत्ता के अंतर्गत ऐक्यबद्ध कर लिया। अशोक अपने द्वारा संपन्न कराये गये व्यापक निर्माण कार्य और व्यापार के संरक्षण के लिए भी प्रसिद्ध है। उसके वैश्य जाति को अपना मुख्य आधार बनाया तथा ब्राह्मणों का विरोध किया और बौद्ध धर्म को राजकीय धर्म बनाकर ब्राह्मणों के प्रभुत्व तथा सत्ता पर प्रबल प्रहार किया।

अशोक की मृत्यु के कुछ ही समय के बाद भारतीय राज्य फिर छिन्न-भिन्न हो गया और उसके बाद लगभग १०० ई० पू० में शकों ने भारत पर उत्तर में आक्रमण करके एक भारतीय-शक राज्य की स्थापना की।

प्राचीन भारतीय धर्म तथा संस्कृति

ब्राह्मण धर्म के मूल में निहित आधारभूत सिद्धांत तीन देवताओं—सृष्टिकर्ता ब्रह्मा, विश्व पालनकर्ता विष्णु और संहारकर्ता शिव (महेश) — में विश्वास था, जो मिलकर महात्रिमूर्ति का निर्माण करते हैं। इस धर्म का विकास पुरोहित ब्राह्मण जाति की सत्ता के दृढ़ीकरण से घनिष्ठतः संबद्ध था, क्योंकि वेदों के निर्वचन का अधिकार मात्र उन्हीं को प्राप्त था। धार्मिक कर्मकांड बहुत ही जटिल थे।

छठी शताब्दी ई० पू० में एक और धार्मिक रुझान को सामने आना था। यह बौद्ध धर्म था। इस धर्म के संस्थापक गौतम बुद्ध थे, जो ब्राह्मणों के धार्मिक एकाधिकार के विरोधी थे और जिन्होंने वर्ण व्यवस्था पर आधारित असमानता को — कम से कम व्यक्ति के आत्मिक जीवन में — समाप्त करने का प्रयास किया। बुद्ध ने निर्वाण की प्राप्ति के लिए अहिंसा, संयम और लौकिक इच्छाओं के त्याग की भी शिक्षा दी। हम देख चुके हैं कि तीसरी शती ई० पू० में अशोक के शासनकाल में बौद्ध धर्म को राजकीय धर्म घोषित कर दिया गया था।

भारत की प्राचीन सभ्यता बहुत उन्नत थी। तीसरी शताब्दी ई० पू० तक भी अनेक आक्षरिक लिपियां अस्तित्व में आ चुकी थीं। महाभारत और रामायण जैसी महाकाव्य काल की अप्रतिम कृतियां आज तक बच रही हैं। प्राचीन भारतीय वास्तुकला भी अत्यंत असाधारण है, उदाहरण के लिए चट्टानों में तराशकर बनाये बहुत ही भव्य बौद्ध मंदिर, जिनमें वक्र रेखाओं और ज्यामितीय अलंकरणों का प्राचुर्य है।

प्राचीन भारतीय गणित खगोल और आयुर्विज्ञान के आधारभूत सिद्धातो मे भी सुपरिचित थे। एक पचाग का विकास किया गया था, जिसमे वर्ष तीस-तीस दिन के बारह महीनो मे विभाजित था और हर पाच साल के बाद एक अतिरिक्त महीना हुआ करता था। तब के चिकित्सीय ग्रथ आज तक विद्यमान है जो शरीर की रचना के ज्ञान और भाति भाति की औषधिक जडी-बूटियो का उपयोग कर सकने की योग्यता को प्रमाणित करते हैं।

प्राचीन चीन

प्राकृतिक अवस्थाए

प्राकृतिक अवस्थाओ के मामले मे चीन मध्य-पूर्व के देशो से भारत से भी अधिक भिन्न है। चीन को तीन सुस्पष्टत अलग-अलग प्रदेशो मे विभाजित किया जा सकता है – १) ह्वाग-हो नदी की घाटी अथवा चीन का बडा मैदान २) पर्वतीय प्रदेशो और यागत्सी घाटी से निर्मित मध्य चीन, ३) पर्वतीय दक्षिणी चीन।

ह्वाग हो नदी की वार्षिक बाढ चीनी मैदान को अत्यधिक उर्वर बना देती है। मध्य चीन और विशेषकर दक्षिणी चीन की मिट्टी कही कम उपजाऊ है लेकिन ये इलाके खनिज साधनो (ताबा टीन और सीसा) तथा नेफ्राइट (हरितमणि) जैसे मूल्यवान रत्नो से समृद्ध है। प्राचीन चीन की आबादी बहुत ही पचमेल थी।

प्राचीनतम काल मे चीन

चीनी इतिहास का सबसे प्रारभिक काल शाग यिन काल (१७६५-११२२ ई० पू०) कहलाता है। उत्तरी खानाबदोश कबीलो – सिउग नू – के विरुद्ध मिलजुलकर सघर्ष चलाने और विद्यमान सिचाई प्रणाली को विकसित करने की खातिर ह्वाग हो नदी द्रोणी के चीनी कबीलो के एकीकरण के परिणामस्वरूप बडे नगरो और आगे चलकर एक सपूर्ण राज्य का विकास हुआ। इस एकीकरण का मुख्य प्रेरक यिन नामक कबीला था और उसने जिस राज्य को स्थापित किया, वह उसके शासक शागवश के नाम पर शाग यिन राज्य के नाम से जाना जाता है।

इस सदी के चौथे दशक मे शाग यिन राज्य के प्रदेश मे किये उत्खननो के फलस्वरूप शाही महल एक मदिर मकानो और कर्मशालाओ से युक्त एक नगर के अवशेष प्रकाश मे आये हैं। ३०० से अधिक समाधियो का पता

ाया गया है, जिनम से चार निर्विवाद रूप म शाही समाधिया थी
ः जिनमे बेशुमार तादाद म सोन नेफाइट और सीप के जेवर मिले है।
शाग-यिन काल मे लोगो का मुख्य उद्यम जौ, बाजरा और गेहू की
ी था। बाद मे वे धान की खेती भी करने लगे। धान के खेता क लिए
सर्वप्रथम आदिम सिचाई युक्तियो का आविष्कार किया गया था। इस
र के काम के औज़ार भी एकदम आदिम ही थे—बस कुदालो और लकडी
हलो का ही उपयोग किया जाता था। तथापि इस पुराने जमाने मे भी
निया न शहतूत के पेड उगाना और रशम बनाना शुरू कर दिया था।
म बनाने की विधि को एकदम गुप्त रखा जाता था। इस भेद को खोलने
सजा मौत थी। नतीजे के तौर पर चीनी इस रहस्य को कोई ढाई हजार
र तक अपन पास ही रख सके, और तब जाकर ही वह आखिर जापान
ः ईरान तक फैल पाया। अन्य उद्यम थे मास के लिए पशुपालन (दूध के
ए नही, क्योकि चीनी दूध नही पीते थे) और मछली पकडना।

काष्ठकर्म (तीर, कमान, रथ और नाव बनाना), प्रस्तरकर्म और
भाड जैसे अनक शिल्प भी सुविकसित थे। उत्खननो ने आदिम कास्यकम
प्रमाण भी प्रस्तुत किये ह। व्यापार भी शुरू हो चुका था और लगातार
कास कर रहा था, लेकिन अभी वह जिसो क आदिम विनिमय तक ही
मित था।

राजा की शक्ति मे अब भी पितृतन्त्रात्मक लक्षण विद्यमान थे क्योकि
न अथवा जन के ज्यष्ठो की परिषद उसकी सहायता करती थी और
ः सैनिक नता के साथ साथ मुख्य पुरोहित क कृत्यो का भी निर्वहन
रता था।

यिन समाज म सपत्ति पर आधारित श्रेणी सगठन और वशागत अभिजात
ी का अस्तित्व था, जिसके हाथो मे जमीन और दास सकेद्रित थे। दासप्रथा
तृतन्त्रात्मक ढग की थी। आबादी का भारी बहुलाश समुदायो या कम्युनो
रहनेवाले किसानो का था।

इस प्रारभिक काल म ही लिखित भाषा भी विकसित हो गयी थी।
सके लिपिचिह्न आदिम चित्रलेखन से उत्पन्न हुए थे। यह लिपि बहुत ही
टिल थी—अब तक इसके लगभग ३,००० चिह्नो को ही पहचाना जा
का है।

बारहवी शताब्दी ई० पू० मे चाऊ कबीलो के साथ लबी और भयकर
डाइयो की शुरूआत हुई, जिन्होने अतत शाग राजधानी पर अधिकार कर
ने (११२४ ई० पू०) और अपने राज्य की स्थापना करने मे सफलता
प्त कर ली।

चाऊ तथा चिन राजवंश

चाऊ राजवंश (११२२-७७१ ई० पू०) के शासनकाल में एक केंद्रीकृत चीनी राज्य का उदय हुआ। राजाओं को देवताओं की तरह पूज्य माना जाने लगा (राजाओं की पदवियां देवपुत्र और देव-सहायक जैसी हुआ करती थी) और सम्राट के महासचिव (ग्रैंड चासलर) का विशेष पद शुरू हुआ। उसके अधीन तीन ज्येष्ठजन कार्य करते थे, जो राज्य कार्य की तीनों मुख्य शाखाओं – वित्त, सैनिक मामलों और सार्वजनिक कार्यों के प्रभारी थे। सार्वजनिक कार्यों में मुख्यत सिंचाई साधनों का निर्माण आता था। बाद में प्रशासनिक प्रभागों की संख्या धीरे धीरे बढती गयी और उनमें अतत शाही परिवार और खजाने, न्यायालय और राजा के पूर्वजों की उपासना के अधीक्षण भी सम्मिलित हो गये।

इधर आम जनता का शोषण अधिकाधिक प्रचंड होता जा रहा था। किसानों को अपनी फसल का दसवां भाग करों के रूप में देना होता था। इन असहनीय अवस्थाओं के कारण ८४२ ई० पू० में विद्रोह हुआ और शासन की बागडोर राजा के हाथों से निकल गयी। इसके शीघ्र ही बाद केंद्रीकृत चाऊ राज्य अनेक स्वतंत्र रजवाडों में विभक्त हो गया।

सातवीं शताब्दी ई० पू० में चीन में पांच राज्यों का उदय हुआ, जो आपस लगातार लडते रहते थे। पांचवीं से तीसरी शताब्दी ई० पू० तक लडाई इतनी भयानक थी कि यह सारा ही काल चान कुओ – 'लडनेवाले राज्य' – के नाम से विख्यात हुआ। चौथी सदी ई० पू० में चिन रजवाडे का उत्कर्ष शुरू हुआ। आनेवाले सौ वर्ष से अधिक चिन राजाओं को चीन भर में अपनी सर्वोच्चता स्थापित करने के लिए संघर्ष करना था।

चिन राजवंश के चरमोत्कर्ष का जमाना शीह हुआंग ती – "चिन राजवंश के प्रथम महान सम्राट" – का शासनकाल (२४६-२१० ई० पू०) था।

शीह हुआंग ती चीनी रजवाडों पर और मंचूरिया तथा मंगोलिया के कुछ भागों पर भी विजय प्राप्त करने में सफल रहा। उसके शासनकाल में देश को ३६ प्रदेशों में विभाजित किया गया और एक विराट प्रशासनिक तंत्र स्थापित किया गया। सिंचाई प्रणालियों के जाल को और फैलाया गया और कई बडी सडकों का निर्माण किया गया। शीह हुआंग ती ने सेना का पुनर्गठन किया, जिसमें रिसाला उसका मुख्य प्रहार अंग बन गया। अनेक आर्थिक तथा सांस्कृतिक सुधार भी क्रियान्वित किये गये, जिनमें वजनों और नापों की एकीकृत प्रणाली और सरलीकृत चित्रलिपि का प्रारंभ भी शामिल हैं। खानाबदोशों के आक्रमणों से साम्राज्य की रक्षा करने के लिए चीन की महान दीवार का निर्माण आरंभ किया गया।

तथापि शीह हुआग ती द्वारा स्थापित शासन की निरकुशता के कारण आवादी के व्यापक भाग म असतोष पैदा होना अवश्यभावी ही था। इस असतोष को कनफूशियस की धार्मिक तथा दार्शनिक विचारधारा के अनुयाइयो ने भडकाया था, जो विभिन्न ऐतिहासिक पुस्तको और दस्तावजो क आधार पर वर्तमान राजवश के मुकावले पूर्ववर्ती राजवशो की अच्छाइयो पर जोर दे रहे थे। शासन ने कनफूशियस के अनुयाइया के विरुद्ध अत्यधिक निर्दयतापूर्ण दमनात्मक कदम उठाये – ४६० कनफूशियसपथी विद्वानो को जिदा दफना दिया गया और सारी ऐतिहासिक कृतियो को जला डाला गया। फिर भी शीह हुआग ती की मत्यु के कुछ ही बाद चिन राजवश का तख्ता उलट ही गया।

हान राजवश

प्रारभिक हानो का शासन (२०६ ई० पू०-२२० ई०) कुछ कम स्वेच्छाचारी था – मृत्युदड इतना ज्यादा नही दिया जाता था, करो को घटाकर व्यक्ति की आय के तीसवे भाग के बराबर कर दिया गया था और उन लोगो को पुन स्वतत्रता प्रदान कर दी गयी, जो अपने को बेचकर दास बन गये थे। हान राजवश के शासको ने हुआग ती की उपाधि को तज दिया और कनफूशियस मत को राज्य-धर्म घोषित कर दिया गया।

वू ती (१४०-८७ ई० पू०) के शासनकाल मे कई जमीदारिया कायम की गयी और ज़मीदार आजाद पट्टेदारो और दासो क श्रम का उपयोग करने लगे। व्यापार और दस्तकारिया के विकास को प्रोत्साहन देने के लिए कई कदम उठाये गये। यह निष्कृष उत्पादन क बढे हुए पैमाने से और रेशम, चीनी मिट्टी के बरतनो और हाथीदात तथा सीगा की बनी चीजो के नियात से निकाला जा सकता है।

वू ती ने पूर्वी तुर्किस्तान और फरगाना क विरुद्ध कई सैन्य अभियान भेजे। सोग्द और पार्थव (पार्थिया) होते हुए रोम तक पहल व्यापार सम्पर्क स्थापित किय गये। मध्य एशिया से चीनी अगूर, अखरोट और विभिन्न सब्जिया लाये जिन्हे व अपन देश मे उगाने लगे।

पहली सदी ईसवी क आरभ तक चीन बढते हुए वर्ग सघर्ष की जकड म आ चुका था।

८ ई० म प्रतिशासक (रीजेंट) वाग माग ने अवयस्क सम्राट से गद्दी छीनकर स्वय सत्ता पर कब्जा कर लिया और कई रोचक सुधारो को क्रियान्वित करना शुरू किया। मिसाल के लिए, उसने सारी जमीन को राज्य की सपत्ति घोषित करके उसकी खरीद और बिक्री का निषिद्ध कर दिया और ज़मीदारो तथा अभिजातो की ज़मीदारियो की निश्चित सीमाए निर्धारित करके सारी

फालतू जमीनो को ज़ब्त कर लिया। दासो को भी राजकीय सपत्ति घोषित कर दिया गया। इसके अलावा उसने लोहा नमक और शराब पर राजकीय एकाधिकार की स्थापना की और बुनियादी ज़रूरत की चीज़ो के बाज़ार भाव निर्धारित करने की कोशिश की। इन सुधारो का धनियो और अभिजातो ने प्रचड विरोध किया। और सारी बातो के अलावा ये सुधार नितात यूटोपियाई – अव्यावहारिक – भी थे क्योकि निजी भू-स्वामित्व की सस्था तब तक अच्छी तरह से जड जमा चुकी थी।

१८ ई० मे फाग चुग के नतृत्व मे उत्तरी चीन मे व्यापक कृषक विद्रोह शुरू हो गया जो "लाल भौहवालो का विद्रोह" कहलाता है। किसानो ने २५ ई० मे वाग माग की सेनाओ पर विजय भी प्राप्त कर ली, मगर कुछ ही बाद इस आदोलन का चरित्र बदल जाना था – उसमे अभिजातो द्वारा सचालित टुकडिया भी शामिल होने लगी और इस तरह उसका हान वश की पुन स्थापना करने के लिए उपयोग किया गया।

उत्तरवर्ती हान शासको ने केंद्रीकृत सत्ता का सुदृढीकरण करने और देश की अर्थव्यवस्था को बहाल करने मे कोई कसर न छोडी जो वाग माग के सुधारो के खिलाफ सघर्ष के दौरान बेहद कमजोर हो गयी थी। तथापि एक ओर तो बडे जमीदारो और किसानो और दूसरी ओर पट्टेदारो और दासो के बीच विद्यमान अतर्विरोध अधिकाधिक तीव्र होते गये। दास-स्वामित्व के सिद्धातो पर आधारित पुराना समाज एक बडे सकट से गुज़रने लगा। परिणामस्वरूप श्रम के शोषण के रूप बदल गये – एक ओर से तो गुलामो को जमीन और उसकी काश्त करने की छूट दे दी गयी मगर दूसरी ओर से स्वतत्र पट्टेदारो का कम्मियो (कृषिदासो) मे बदला जाना भी शुरू हो गया।

१८४ ई० मे एक और व्यापक कृषक विद्रोह फूट पडा। 'सिर पर पीली पट्टीवालो के विद्रोह' के नाम से ज्ञात इस बगावत का जिसका नतृत्व च्जाग शाओ और उसके भाई कर रहे थे मुख्य नारा सार्विक समानता था। विद्रोही सेना की सख्या लाखो मे थी और पचीस साल तक भयकर सघर्ष चलता रहा। यद्यपि इस विद्रोह का अत मे कुचल दिया गया, पर उसके बाद साम्राज्य की एकता बनी न रह सकी और चीन एक बार फिर कई छोटे छोटे राज्यो मे विभक्त हो गया।

प्राचीन चीन का धर्म और सस्कृति

चीन का प्रारभिक धर्म प्रकृति पूजा से विशेषकर पृथ्वी और पर्वतो की उपासना से सबद्ध था लेकिन धीरे-धीरे धार्मिक धारणाए अधिक जटिल होती गयी। ई० पू० छठी पाचवी सदियो मे कनफूशियस मत ने गहरी जड

प्राचीन चीनी अनुष्ठान-पात्र। बाये से दाये प्रस्तर पात्र, कासे का सुरापात्र, कासे का मासपात्र

पकड ली। इस धर्म का सस्थापक कनफूशियस एक राजा के दरबार मे उच्च अधिकारी रह चुका था। परपरा और पुराने जमाने के तौर-तरीको के प्रति आस्था और नयी बातो पर अविश्वास उसकी धार्मिक तथा दार्शनिक शिक्षा के सबसे चारित्रिक लक्षण थे। कनफूशियस ने पितृतन्त्रात्मक राजतत्र और पितृतन्त्रात्मक परिवार की नैतिक सहिता का आदर्शीकरण किया। वह नैतिक शिक्षा को बहुत महत्व देता था और सयम बरतन तथा नियति का स्वीकारन का उपदेश देता था। कनफूशियस की कुछ लाक्षणिक सूक्तिया इस तरह की है 'मध्यम मार्ग पर बने रहना भलाई को बनाये रखना है पिता सदा पिता, पुत्र सदा पुत्र और दास सदा दास रहेगा ' आम लोगो की अविनय शीलता ही सारी अव्यवस्था की जड है।"

कनफूशियस मत के अलावा चीन म ताओ मत नामक एक और धार्मिक तथा दार्शनिक प्रणाली न भी जड पकडी और पहली मदी ईसवी मे यहा भारत से बौद्ध धर्म का प्रसार भी होने लगा।

विज्ञान और दर्शन प्राचीन चीन मे अत्यत विकसित थे। एक और उल्लेख नीय दार्शनिक वाग चुग (पहली सदी ईसवी) है जिसन विभिन्न भौतिकवादी सिद्धातो का अनुमोदन किया (और बातो के साथ-साथ उसने आत्मा की अनश्वरता को अस्वीकार किया)। खगोल मे महत्वपूर्ण प्रगति की गयी—नभमडल के मानचित्र बनाये गये और ग्रहणा तथा धूमकेतुओ के उदय कालो की भविष्यवाणिया की गयी। चीनी गणितनो न समकाण त्रिभुज क गुणधर्मो को सिद्ध किया। हमे प्राचीन चीनियो के रोचक भौगोलिक तथा

कृषिवैज्ञानिक प्रबंध भी विरासत में प्राप्त हुए हैं। प्राचीन चीनियों ने बारूद, कागज, कुतुबनुमा और भूकम्पलखी का भी आविष्कार किया था।

प्राचीन चीनी इतिहासकारों में सबसे प्रसिद्ध सुमा चीएन (जीवनकाल-लगभग १०० ई० पू०) था, जो एक महान रचना 'इतिहासकार के अभिलेख' का लेखक है। उस समय की जो साहित्यिक कृतियां हमारे युग तक बची रही हैं, उनमें आनुष्ठानिक भजनों और लोकगीतों का संग्रह 'शीह चिंग' (गीतों की पुस्तक), प्राचीन सम्राटों के भाषण, आदेश और उपदेशों का संकलन 'शू चिंग' (दस्तावेजों का ग्रंथ) और 'चुन चिऊ' (वसंत तथा शरद), जिसे कनफ्यूशियस की कृति बताया जाता है और जो उसके जन्मस्थान लू राज्य का इतिवृत्त है, भी हैं।

अंत में, चीनी मिट्टी, कांसे, लकड़ी और हाथीदांत के काम में प्राचीन चीनियों की कला और शिल्प के क्षेत्र में उपलब्धियों का भी अवश्य उल्लेख किया जाना चाहिए।

चौथा अध्याय

प्राक्-क्लासिकी काल का यूनान

प्राकृतिक अवस्थाएं

प्राचीन यूनान बाल्कन प्रायद्वीप के दक्षिणी भाग पर स्थित अत्यल्प वर्षा और अनुर्वर मिट्टीवाला देश था, जिसका समुद्रतट अत्यधिक कटा हुआ और ऊबड़-खाबड़ था। सिर्फ कुछ अलग थलग इलाकों – जैसे दक्षिण में लकोनिया और मेसेनिया, मध्य यूनान में बिओशिआ और उत्तर में थेसेली – में ही उपजाऊ मैदान पाये जाते है, जो कृषि के उपयुक्त है।

पूर्वी देशों के पारंभिक इतिहास में नदियों और उनकी सहायक नदियों की जैसी महत्वपूर्ण भूमिका रही है, वैसी यूनान के इतिहास में नहीं थी, क्योंकि पूरे बाल्कन प्रायद्वीप में एक भी बड़ी नदी नहीं है। इसके विपरीत, प्राचीन यूनानी समाज के विकास में समुद्र की बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका रही। टेढ़ी मेढ़ी तटरेखा, अनेक सुरक्षित खाड़ियों और बंदरगाहों, एशिया-ए-कोचक और इजियन सागर के द्वीपों से सामीप्य, जो यूनानी मुख्यभूमि और एशिया-ए-कोचक के तट के बीच एक तरह से पैड़ियों की तरह थे – इन सभी बातों से यूनान में बहुत पुराने ज़माने में ही समुद्रगमन और व्यापार विकसित हो गये थे। यूनानी जहाज़ी ज़मीन को निगाहों से दूर किये बिना सारे सागर या एशिया-ए-कोचक की यात्राएं कर सकते थे।

प्राचीन यूनान खनिजों की दृष्टि से समृद्ध था – लकोनिका में लोहा, अतीका (मध्य यूनान) में चांदी और थ्रेस (इजियन सागर के उत्तरी तट पर) में सोना प्राप्य था। इसके अलावा चिकनी मिट्टी, इमारती पत्थर और संगमर्मर की बहुतायत थी।

एक ओर तो अनुर्वर ज़मीन और उसके कारण अनाज की लगातार की किल्लत और दूसरी तरफ खनिज पदार्थों के प्राचुर्य ने व्यापार को और धातु तथा पत्थर की चीजें बनाने की विविध दस्तकारियों और निर्माण कौशल के विकास को प्रोत्साहित किया।

महत्त्वपूर्ण पुरातात्विक खोजे

पिछली सदी के लगभग अंत तक यूनान के प्रारंभिक इतिहास का अनुमान सिर्फ पौराणिक तथा दंतकथाओ और प्रसिद्ध महाकाव्य 'ईलियद' मे ही लगाया जा सकता था जिसे अंधे कवि होमर की कृति बताया जाता है और जिसमे यूनानियो और एशिया ए कोचक के त्रोय (ट्राय) नगर के युद्ध का वर्णन है। इस सामग्री को विद्वान बहुत समय तक काल्पनिक ही मानते आये थे।

किन्तु पिछली सदी के आठवे दशक मे जब जर्मन शौकिया पुरातत्वज्ञ हेनरिक श्लीमान ने त्रोय नगर की अनुमानित स्थली पर उत्खनन शुरू किया, तो इन दंतकथाओ के तथ्यात्मक आधार की अप्रत्याशित रूप से पुष्टि हो गयी। उसके प्रयासो को विस्मयजनक सफलता मिली–खुदाई मे शहरपनाह, विभिन्न इमारतो के खंडहर और अनेक बरतन तथा आभूषण प्राप्त हुए। अपनी त्रोय की खोज के बाद श्लीमान ने यूनानी मुख्यभूमि पर जाकर प्राचीन माइसीन और तिरिन्स नगरियो की स्थलियो पर भी इतनी ही सफलता के साथ उत्खनन कार्य किया।

इस शताब्दी के आरंभ मे अंग्रेज पुरातत्वज्ञ आर्थर इवन्स ने क्रीट द्वीप पर जिसका प्राचीन यूनानी पौराणिक तथा दंतकथाओ मे इतनी ही प्रायिकता से उल्लेख आया है खुदाई का काम शुरू किया। नोसास नगर मे उसने

माइसीनी का सिंहद्वार

एक विशाल महल को अनावृत्त किया, जिसमे सिहासन कक्ष अनगिनत गलियारे जलपूर्ति प्रणाली और हमाम—सभी कुछ था। केद्रीय हाल की दीवारे भित्तिचित्रो से अलकृत थी। ये सभी बाते ई० पू० तीसरे और दूसरे सहस्राब्द के क्रीटवासियो की अतिविकसित इजीनियरी प्रविधियो और सस्कृति की परिचायक थी।

लेकिन नोसास की सभी पुरातात्विक खोजो मे सभवत सबसे महत्वपूर्ण एक पुरालेखागार था, जिसमे किसी रहस्यमय और अज्ञात लिपि म लिखे गये लेखो से युक्त सैकडो मृत्तिका फलक थे। बहुत समय तक इस लिपि को पढने क सभी प्रयास असफल रहे। विद्वान इस निष्कर्ष पर पहुचे कि नोसास के फलको पर दो लिपिया और सभवत दो भाषाओ म लेख है। इन्हे A तथा B लिपियो का नाम दिया गया। १९५३ मे युवा अग्रेज विद्वान माइकेल वैट्रिस ने B लिपि को पढने की एक पद्धति प्रस्तावित की, जिसे इस समय अधिकाश विद्वानो द्वारा स्वीकार किया जाता है। वैट्रिस के अनुसार B लिपि मे लिखे गये लेखो की भाषा एक प्रारभिक यूनानी बोली है। पुरातात्विक खोजो और इस लिपि के पढे जान की बदौलत अब प्राचीन या एकियाई यूनान के इतिहास का सामान्य चित्र प्राप्त करना सभव हो गया है।

एकियाई यूनान

१७ वी शताब्दी ई० पू० तक पेलोपोनिसस के प्राचीन यूनानी अथवा एकियाई राज्य आर्थिक तथा सास्कृतिक विकास क काफी उच्च स्तर पर पहुच चुके थ। इनम सबसे बडे आर्गोलिस के माईसीने और तिरेन्स तथा मसेनिया म पाइलोस नगर-राज्य थे।

माईसीने और तिरन्स म ऐसे दुर्गबद महलो के खडहर आज तक मौजूद ह, जो कभी अभेद्य रहे होगे। उत्खनन मे प्राप्त औज़ारो और मिट्टी तथा धातु के बरतनो के अवशेष और गहन अतिविकसित शिल्प कौशल को दर्शाते ह। पाइलोस म उत्खनन कार्य के दौरान प्राप्त B लिपि म लिखित दस्तावेजो स हमे पता चलता है कि एकियाई यूनान मे दासप्रथा प्रचलित थी।

यूनानी मुख्यभूमि के एकियाई राज्य पद्रहवी और तेरहवी सदी ई० पू० के बीच अपन चरमोत्कर्ष पर थे। उस समय बाल्कन प्रायद्वीप के सार दक्षिणी भाग म ही नही, बल्कि क्रीट समत ईजियन सागर के कितन ही द्वीपो म भी एकियाई यूनानियो का बोलबाला था। साइप्रस मिस्र और फिनीशिया क साथ उनका ज़ोरो का व्यापार था। ई० पू० तरहवी सदी क अत और बारहवी सदी क शुरू मे कई एकियाई राज्यो न माईसीन के राजा जिसका नाम 'ईलियद के अनुसार आगामेमनोन था के नतृत्व म एक ऐसा महाकाय

किया जा उस जमान क लिहाज स वहुत ही दुष्कर था और यह था त्राय के नगर राज्य पर हमला।

तथापि एक्रियाई राज्या का यह स्वणकाल अपक्षाकृत अल्पकालीन ही सिद्ध हुआ। तरहवी शती ई० पू० तक दोरियाई (डारिक) कवीला न यूनान पर उत्तर से आक्रमण शुरू कर दिय। इन आक्रमणा का सिलसिला वहुत समय तक चला और उनकी प्रचडता भी उत्तरोत्तर वढती ही गयी। जैस-जैसे आक्रमण कारी थेसेली पेलापोनिसस और एक्रियाई द्वीपो को जीतते गय, वैस वैसे एक्रियाई सस्कृति के कद्रो को भी नष्ट करत गये। उनक निवासियो का या ता मार डाला गया या दास वना लिया गया। इस प्रकार अतिविकसित एकियाई सभ्यता नष्ट हो गयी। विनष्ट नगर धीरे धीरे मिट्टी मे दव गये और उनक निवासियो की वैज्ञानिक तथा कलात्मक उपलब्धिया विस्मृति क गर्भ मे समा गयी।

होमरी यूनान

यूनानी इतिहास के ई० पू० वारहवी स आठवी शताब्दी तक के काल का प्राय होमरी काल कहा जाता है क्योकि ईलियद' और ओदिसा' म जिन्हे यूनानी होमर की कृतिया बताते थे, वर्णित घटनाए और यूनानी समाज की जीवन प्रणाली इसी विशिष्ट काल की है। होमरी समाज दोरियाई विजय और एकियाई सभ्यता के पतन के बाद विकसित हुआ था और कई वातो म वह पूर्ववर्ती युग के समाज म पिछडा हुआ था। होमर की कृतियो मे हम पता चलता है कि उस काल क यूनान मे नैसर्गिक – मुद्राहीन – अथव्य वस्था प्रचलित थी। लोगो का मुख्य उद्यम कृषि और पशुपालन था। पुराने व्यापारिक सूत्र भग हो गय थ व्यापार म गिरावट आ गयी थी और वह मुख्यत आदिम विनिमय पर ही आधारित था।

सामाजिक सबध पितृतन्त्रात्मक थे और उनम गोत्र प्रणाली क आदिम समाज के अनक अवशेष विद्यमान थे। वशागत अभिजात वर्ग इस समाज मे सवस अच्छी जमीनो क स्वामी के नाते वहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निबाहता था और उसक सदस्या को होमर की कृतिया म विपुल भूमि के स्वामी' कहा गया है। उन्हीक साथ साथ किसान भी थ जिनके पास या ता बहुत ही कम और खराब जमीन हुआ करती थी या बिलकुल ही जमीन नही होती थी। भूमिहीन किसान प्रत्यक्षत खेत मजदूरा स ज्यादा कुछ भी नही थे। दासप्रथा भी पितृतन्त्रात्मक प्रकार की थी। दासो की सख्या कम ही थी और उनका अधिकाशत घरलू कामा म उपयोग किया जाता था।

प्रत्यक जन या कवीले का मुखिया या वसिलियस हुआ करता था जा अपन कवील का युद्ध म नतृत्व करता था और सर्वोच्च न्यायाधीश तथा

मुख्य पुरोहित के कृत्यो का भी निष्पादन किया करता था। उसकी सत्त किसी हद तक ज्येष्ठ परिषद स सीमित थी, जिसमे सभी अभिजात परिवारा क प्रमुख हुआ करते थे। अत्यधिक महत्व क प्रश्नो पर विचार करते समय वसिलियस क लिए उनके साथ सलाह-मशविरा करना आवश्यक था। होमर की कविताओ मे जनसभा का भी उल्लेख मिलता है, लेकिन प्रत्यक्षत उस काल म वह कोई महत्वपूर्ण भूमिका नही अदा करती थी।

पुरातन यूनान

यूनान क इतिहास म आठवी से छठी शती ई० पू० तक का काल महत्व-पूर्ण आर्थिक तथा सामाजिक प्रगति का काल है। यह बडी-बडी खोजो और प्राविधिक आविष्कारो का जमाना था। लोहे का व्यापक उपयोग किया जान लगा और उस गढन क कौशल म भी वृद्धि हुई – झलाई पहल पहल किओस द्वीप पर और ढलाई समोस द्वीप पर विकसित हुई। बुनाई (मुख्यत मेगारा नगर मे), मृद्भाडशिल्प और प्रस्तरकर्म (मुख्यत अथेस म) का भी व्या-पक विकास हुआ। कई नये व्यवसाय और उद्यम पैदा हो गये। व्यापारिक सबध कायम किये गये विशेषकर फिनीशियाइया के साथ, जिनसे यूनानियो ने विभिन्न धार्मिक प्रथाओ और कालातर म लिपि (क्योकि उनकी पुरानी लिपि दोरियाई हमले के बाद विस्मृत हो गयी थी) को ग्रहण किया। व्यापार की वृद्धि के परिणामस्वरूप मुद्रा अस्तित्व मे आयी और जल्दी ही यूनानियो ने धातु क सिक्के ढालना शुरू कर दिया।

शिल्पो के विकास और उनके कृषि से पार्थक्य और उसी के साथ साथ व्यापार की वृद्धि के फलस्वरूप विभिन्न आर्थिक (और राजनीतिक) केद्रो – नगरो – का उदय हुआ। यद्यपि नगरो का उल्लेख होमर की कविताओ म भी आता है पर वे वास्तव म दुर्गबद्द बस्तियो क सिवा कुछ भी नही थे। धीरे धीरे, विभिन्न कारणो से, ये बस्तिया आपस मे मिलने और ज्यादा बडे केद्रो म परिणत होने लगी, उदाहरण के लिए अतीका म अथस (मध्य यूनान), स्पार्ता (लकोनिया) और कोरिथ (पेलोपोनिसस को शेष प्रायद्वीप से जोडनवाले स्थल सयोजी पर)। इन यूनानी नगरो का विशिष्ट लक्षण यह था कि उनम से प्रत्यक कोरा आर्थिक ही नही वरन एक पूरे प्रदेश का सामाजिक व राजनीतिक केद्र भी बन गया। इस प्रकार प्रत्येक यूनानी नगर एक छोटे स्वाधीन राज्य जैसा था। ये पोलिस अथवा नगर राज्य कहलाते थे। प्राचीन काल मे यूनान कभी भी एक सयुक्त केद्रीकृत राज्य नही रहा बल्कि हमेशा ऐसे कई नगर-राज्यो से मिलकर ही बना रहा जो न केवल पूर्णत पृथक थे बल्कि प्राय आपस म लडते भी रहते थे।

मुख्यभूमि पर इस प्रक्रिया के ही साथ साथ बाहर बडे पैमाने पर उपनिवेशन भी किया जा रहा था और यूनानी इतिहास का यह काल (आठवीं से छठी शताब्दी ई० पू०) कभी कभी यूनानी उपनिवेशन काल भी कहलाता है।

उस समय "उपनिवेश" शब्द का अर्थ किसी अन्य देश में यूनानियों की बस्ती हुआ करता था। ये उपनिवेश अलग अलग पोलिसों द्वारा स्थापित किये जाते थे और वे अपने को स्थापित करनेवाले पोलिस से पूर्णत: स्वतंत्र मानते थे (अर्थात मातृनगरी या "मीत्रोपोलिस" से)। हर उपनिवेश का अपना पृथक संविधान, नागरिकता, कानून, अदालतें और सिक्के होते थे। उपनिवेश अनेक भिन्न-भिन्न कारणों से स्थापित किये जाते थे – कभी व्यापार के विकास के कारण, जब वे व्यापारिक चौकियों का काम करते थे, कभी इसलिए कि किसी पोलिस में जनाधिक्य हो जाता था और उसकी आबादी का कुछ हिस्सा बेहतर इलाकों की खोज में निकल पडता था, तो कभी राजनीतिक झगडों के फलस्वरूप। मिसाल के लिए, किसी पोलिस में लोकतंत्र की स्थापना होने पर वहां से निर्वासित अभिजात (पितृतंत्रात्मक अभिजात वर्ग के प्रतिनिधि) अपनी नयी जगह पर अपना अलग पोलिस स्थापित कर सकते थे। इसी तरह यह भी हो सकता था कि आबादी के लोकतांत्रिक अंशकों को अभिजात नेताओं द्वारा निर्वासित कर दिया जाये।

आठवीं से छठी सदी ई० पू० में यूनानी उपनिवेशन मुख्यतया तीन क्षेत्रों में हुआ – १) एशिया माइनर का तट और ईजियन सागर के टापू (एजीयन सागर के मिलेतस, हालीकारनासस, समास, रोड्स आदि) २) पश्चिमी भूमध्य सागर (दक्षिणी इटली और सिसिली, गाल में मसीलिया और हिस्पानिया या स्पेन में साग़ुंतम) ३) और पूर्वी जलसयाजी तथा काला सागरतट (बैज़ंतिया या बाइज़ेंटियम, सीनोप, ओल्बिया, खेर्सोनिसस, पंतीकाप्यूम आदि)। इनमें से अनेक उपनिवेश बड़े बड़े स्वतंत्र तथा समृद्ध नगर राज्यों में विकसित हो गये, जिन्होंने अपनी बारी में स्वयं अपने उपनिवेशों की स्थापना की। इस प्रकार ई० पू० आठवीं और छठी सदियों के बीच सारे ईजियन सागर के क्षेत्र में और भूमध्य सागर तथा काले सागर के तटों पर यूनानी पोलिस फैल गये थे।

रिवाज और कानून थे और जो हमे ज्ञात है, जैसे लकोनिया के प्रदेश का ३९,००० जागीरो मे विभाजन, सोने और चादी के सिक्को का उन्मूलन (स्पार्ता मे सिर्फ लोहे के सिक्को का ही प्रचलन था), उनका जनक अनुश्रुत विधिकर्ता लिकूर्गस को वताया जाता है।

लकोनिया की सारी आवादी तीन समूहो मे विभाजित थी। पहला और सबसे अधिक विशेपाधिकारप्राप्त समूह स्पार्तियो का था, जो दोरियाई विजेताओ के वशज थे और अपने को "समानो का समाज" कहते थे। स्पार्ती सारी जमीन के स्वामी थे जो लगभग वरावर जागीरो म विभक्त थी, लेकिन वे स्वय उसे काश्त नही करते थे। वे आवादी का दस प्रतिशत थे और स्पार्ता नगर मे रहते थे और पूर्ण राजनीतिक तथा नागरिक अधिकारो का उपभोग करते थे।

दूसरा समूह पेरिओइसी (स्पाता के आसपास रहनेवालो) का था, जो विजित या आप्रवासी लोगो के वशज थे। इस समूह को व्यक्तिगत स्वतत्रता तो प्राप्त थी, पर राजनीतिक अधिकार नही थे। अधिकाश पेरिओइसी कारीगरो की तरह काम करते थे।

तीसरे और सबसे वडे समूह मे हीलोत या भूदास थे, जो अधीन किये और दास वनाये एकियाइयो के वशज थे। ये लोग जागीरो से सलग्न थे, जिन्ह व काश्त करते थे और साथ ही उन्ह अपने दूरवासी स्पार्ती जमीदारो को मुक्ति-लगान भी देना पडता था। हीलोतो को कोई भी अधिकार प्राप्त न थ और वे अपनी निजी स्वतत्रता से भी लगभग पूर्णत वचित थे। फिर भी स्पार्तियो को हीलोतो का और उनक द्वारा विद्रोह किये जाने का सतत डर लगा रहता था। अत जव-तव हीलोतो के खिलाफ ताजीरी अभियान सगठित किये जाते थे, जिनमे वडे पैमाने पर उनकी हत्याए की जाती थी।

स्पार्ता का अपना विशेप सविधान था। 'समानो के समाज पर दो राजाओ और एक जेरूसिया या ज्येष्ठ परिपद जिसमे अभिजात परिवारो क वशज होते थे (जिनमे स कोई भी साठ साल से कम का नही होता था) का शासन था। जेरूसिया राजकीय मामलो की देखरेख करती थी और न्याय क मुख्य निकाय का भी काम करती थी। इसके अलावा एक अपेला या नागरिक सभा भी थी, लेकिन जिसे कभी-कभी ही, महत्वपूर्ण पदाधिकारिया को चुनने या युद्ध और शाति के प्रश्नो पर विचार करने क लिए ही समाहूत किया जाता था। एक रोचक सस्था एफोरमडल (एफोराल्टी) था जो पाच सदस्यो का निर्वाच्य अधिशासी मडल था और वस्तुत सत्ता का सर्वोच्च निकाय था, जिसके आग राजा तक उत्तरदायी थे।

स्पार्तियो का दैनदिन जीवन और रीति-रिवाज सव एक ही लक्ष्य की ओर निदेशित थे—सैनिक शिक्षा। सात साल की उम्र म वच्चा को राजकीय

लाइसियमा (शिक्षालयो) मे भेज दिया जाता था, जहा उनमे माहस, उपक्रम और तितिक्षा के सस्कार पोषित किये जाते थे और जहा व्यायाम की विशेष शिक्षा दी जाती थी। तीस वर्ष की आयु से प्रत्येक स्पार्ती के लिए सैनिक सेवा अनिवार्य थी और तब से उसका जीवन सैनिक अधीनता का जीवन हो जाता था – अत्यधिक सादा सामूहिक भोजन, नियमित व्यायाम और सैन्य प्रशिक्षण सार्वजनिक सभाओ मे ज्येष्ठो से बातचीत, जिनमे तरुण स्पार्तियो से सक्षेप मे और एकदम सही शब्दो मे बातचीत करने की अपेक्षा की जाती थी।

ऐसे रिवाजो और नियमो ने स्पार्तियो के लिए एक विलक्षण सेना का निर्माण करना सभव बना दिया जिसे बहुत समय तक अजेय माना जाता था। यूनान के दक्षिण मे स्पार्ता ने मेसनिया और आर्गोलिस के कुछ भाग को जीत लिया और कई अन्य पोलिसो के साथ सैन्य सश्रय स्थापित कर लिया। यह सश्रय पेलोपोनिशियाई सघ या पेलोपोनिशियाई लीग के नाम से विख्यात है और स्पार्ता इसका स्वीकृत प्रधान और नेता था।

अथेस का नगर-राज्य

अथेस नगर अतीका (मध्य यूनान) मे एक पर्वतीय, अनुर्वर इलाके मे बसाया गया था।

इस इलाके की जमीन बहुत ही श्रमसाध्य कृषि की अपेक्षा करती थी और इस तरह यहा की मुख्य पैदावार फल और सब्जिया थे। इनमे भी सबसे महत्वपूर्ण जैतून और दाख ही थे। अतीका पर्याप्त अनाज नही उगा पाता था और उसे इसका आयात करना होता था। अतीका की टेढ़ी-मेढी तटरेखा के कारण समुद्रगमन और व्यापार का तीव्र विकास हुआ।

प्राचीन काल मे अतीका पर राजा का शासन था लेकिन अथेनी इतिहास के इस काल का हमारा ज्ञान अपूर्ण और मुख्यत दतकथाओ पर आधारित है। क्लासिकी काल का अथेस गणतत्र था और आरभ मे स्पष्टत अभिजातीय गणतत्र था। ज्येष्ठ परिषद की जगह यहा आरियोपागस नामक सस्था थी और वही मुख्य राजकीय निकाय का काम करती थी मुख्य राजकीय पदो पर आसीन लोग आर्कोन कहलाते थे। हर साल आरियोपागस द्वारा प्रमुख धनी अभिजात परिवारो के प्रतिनिधियो मे से नौ आर्कोन नियुक्त किये जाते थे। नागरिक सभा अभी कोई विशेष महत्व की भूमिका नही अदा करती थी।

अथेस की स्वतत्र आबादी तीन समूहो मे विभाजित थी। समाज का विशेषाधिकारप्राप्त स्तर वशागत अभिजातो का यूपेत्रीद वर्ग था, जिस

पूर्ण राजनीतिक तथा नागरिक अधिकार हासिल थे। अधिकाश आबादी देमोस *या जनसाधारण क नाम से जानी जाती थी जिनमे किसान, कारीगर, जहाजी* आदि और गरीव किसानो से लेकर खुशहाल व्यापारियो और माल तैयार करनेवालो – विनिर्माताओ – तक कई तरह के पेशे और भौतिक खुशहाली के स्तरवाले लोग आ जाते थे। दमोसो को नागरिक अधिकार तो प्राप्त थे पर राजनीतिक अधिकारो से उन्हे लगभग वचित ही किया हुआ था। तीसरा और अतिम समूह तथाकथित मेतिको या अन्यदेशियों का था, जो अथेम मे बस गये थे और अधिकाशत व्यापार या माल तैयार करन म लगे हुए थे। मेतिको को कोई भी नागरिक या राजनीतिक अधिकार नही थे। और दासो की तो निस्सदेह अपनी ही अलग श्रेणी थी, जो अधिकारो से पूर्णत वचित थे और जिन्ह आदमियो की बनिस्वत ढोरो जानवरों जैसा ही ज्यादा माना जाता था।

अथेनी राजकीय ढाच म राजनीतिक अतर्विरोधो न अपन को जल्दी ही प्रकट कर दिया और वहा प्रचड राजनीतिक सघर्ष छिड गया। किसान अपनी स्वतत्रता और भूमि अधिकारो के लिए और विशपेकर ऋण दासत्व की प्रथा के खिलाफ सघर्ष करने लगे। देमोसो के सपन्नतर सस्तरो द्वारा अभि जातो जैसे राजनीतिक अधिकारो और विशेपाधिकारा को हासिल करने के प्रयासो क साथ दमोस और यूपत्रीद वर्गो म भी झगडा शुरू हो गया।

सोलोन और क्लीस्थेनीज के सुधार

प्लेग की महामारियो, खराव फसलो और सलामीस द्वीप के लिए चले युद्ध म शिकस्तो स और भी सगीन होकर यह राजनीतिक सघर्ष ई० पू० सातवी शती क अत और छठी के प्रारभ म अपने चरम पर पहुच गया। ५९४ ई० पू० मे सोलोन आर्कोन चुना गया और उसने कई साहसपूर्ण क्राति-कारी सुधारो को लागू करना शुरू किया। सबसे पहले तो उसन सभी विद्यमान ऋणो को खत्म कर दिया, सभी ऋण-दासो को आजाद कर दिया और आगे क लिए इस प्रथा को निपिद्ध कर दिया। इसके बाद उसने एक नया सविधान प्रवर्तित किया, जिसन अथेस के सभी नागरिको को उनकी भू सपत्ति क आकार या उससे प्राप्त आय के आधार पर चार वर्गों म विभाजित कर दिया। इसके बाद से विशेपाधिकारप्राप्त वर्ग की सदस्यता के लिए अभिजात रक्त की नही, वल्कि धन और सपत्ति की कसौटी ही खरी हो गयी। राज नीतिक विशेपाधिकार भी सपत्ति पर निर्भर हो गय।

सोलोन के आदश स एक नयी निर्वाच्य सस्था की भी स्थापना की गयी। यह ४०० की परिपद थी जिसे कालातर मे आरियोपागस का स्थान ले

लेना था। नागरिक सभा भी राज्य कार्य म कही अधिक महत्वपूर्ण भूमिका निवाहन लगी क्योकि राज्य की सभी महत्वपूर्ण समस्याआ क बारे म लिय गये निर्णयो म अतिम फैसला करन का अधिकार इसी को द दिया गया। सोलोन द्वारा प्रवर्तित सुधारो न दमोसा के उच्च सस्तरा की राजनीतिक स्थिति को सुदृढ किया और इसी क साथ अथेनी राज्य क सामान्य लाक तत्रीकरण का पथ भी प्रशस्त किया।

इन लाक्तानिक सुधारा को क्लीस्थेनीज (५१०-५०६ ई० पू०) न और भी मवर्धित किया जिसने अतीका का नया प्रादशिक विभाजन करक पुरान गात्र समाज क कई अवशेषो का खात्मा कर दिया। राजकीय पदा और सैनिक सेवा दायित्वो का नये प्रादशिक विभाजना के अनुसार पुनर्गठन किया गया, जिसन वशागत अभिजात वर्ग क प्रभुत्व की सभी सभावनाओ का खत्म कर दिया। क्लीस्थनीज ने ४०० की परिपद के स्थान पर ५०० की परिपद की स्थापना की और एक निर्वाच्य सैनिक अधिशासी मडल कायम किया, जिसमे १० स्नातेगोस (सेनानायक) होते थे।

क्लीस्थेनीज के सुधारो न वशागत अभिजात वर्ग के राजनीतिक प्रभुत्व पर मरणातक प्रहार किया और अथेनी राज्य क और भी अधिक लाकतत्री करण की नीव डाली।

पाचवा अध्याय

क्लासिकी काल का यूनान।

यूनानी समाज मे सकट

फारस (पारस) के साथ युद्ध प्राचीन यूनान के इतिहास मे एक महत्वपूर्ण मोड के द्योतक ह। इन युद्धो का कारण यह था कि फारस जिसवा कुम्प (साइरस) के समय मे ही एशिया ए-कोचक के तटवर्ती यूनानी नगरो पर प्रभुत्व स्थापित हो चुका था, यूनानी मुख्यभूमि क नगर-राज्यो पर अधिकार करने का आकाक्षी था।

५०० ई० पू० मे एशिया-ए कोचक मे सबस बड यूनानी नगरो मे से एक–मिलेतस–ने पारसीक शासन के विरुद्ध विद्रोह कर दिया और उसके वाद वहा के शेष यूनानी नगरो ने भी उसका अनुकरण किया। विराट पारसीक साम्राज्य क विरुद्ध अपने सघर्ष म बाहरी सहायता की खोज मे विद्रोही नगरो ने मुख्यभूमीय नगरो की तरफ मदद के लिए मुह किया। जिन अकेले यूनानी राज्यो ने इस अनुरोध पर ध्यान दिया, व थे अथेस जिसन २० जहाज भेजे, और यूबिया टापू पर स्थित छोटा सा नगर इरेत्रिया जिसने ५ जहाज़ भेजे। इस तरह की सहायता अत्यत सीमित और अपर्याप्त थी लेकिन विद्रोह को कुचल चुकने के वाद फारस के सम्राट दारा (डेरियस) ने इसे ही यूनानी मुख्यभूमीय राज्यो के विरुद्ध युद्ध घोषित करने के बहाने के तौर पर इस्तेमाल किया।

मैराथन की लडाई

दारा ने यूनानी नगर-राज्यो को अपने दूत भेजे जिन्होने शाह-शहशाह के नाम पर पूर्ण आधीन्य के प्रतीक मिट्टी और पानी मागे। अधिकाश यूनानी नगर-राज्यो ने अपन को फारसी आक्रमण का सामना करने मे असमर्थ

समझते हुए इस माग को पूरा कर दिया। सिर्फ दो ही राज्यो ने दूता का दूसरी तरह से स्वागत किया – अथेस मे उन्हे जान से मार दिया गया और स्पार्ता मे उन्हे एक गहरे कूए मे यह कहकर फेक दिया गया कि वहा उन्हे काफी मिट्टी और पानी मिल जायेगे।

४९२ ई० पू० मे पारसीको ने यूनान के विरुद्ध अपना पहला अभियान शुरू किया, जो असफल सिद्ध हुआ। फारसी बेडा कल्सीदीस प्रायद्वीप के अथोस अतरीप के पास भयकर तूफान मे फस गया और सारी सेना को स्वदेश लौट जाना पडा। ४९० ई० पू० मे एक और अभियान सेना ईजियन सागर के पार अतीका के तट पर गयी। इन फौजो को यूबिया द्वीप पर उतारा गया, जहा धावा बोलकर इरेत्रिया नगर को सर करके लूट लिया गया और उसके निवासियो को गुलाम बना लिया गया।

यूनानियो और पारसीको मे निर्णायक युद्ध अतीका के पूर्वी तट पर मैराथन नगर के निकट हुआ। अथेनियो के पास सिर्फ दस हजार ही सैनिक थे और इसके अलावा एक हजार सैनिक प्लातीआ नामक छोटे से नगर से मदद के लिए भेजे गये थे। लेकिन फिर भी पारसीक सेना को जो यूनानियो की सेनाओ से कई गुना बडी थी करारी हार खानी पडी। बूढे और अनुभवी सेनानायक मिलतियादीज के नेतृत्व मे जो पारसीक रण कौशल से सुपरिचित था यूनानी सेनाए देशप्रेम और स्वतत्रता के आदर्शो और अपने परिवारो के साथ अनुरक्ति से अनुप्राणित होकर अनुपम साहस और अडिगता से लडी क्योकि उनमे से हर किसी को यह स्पष्ट था कि पराजय का मतलब दासता ही है।

इस खुशखबरी को लेकर एक हरकारा अथेस के लिए रवाना हुआ। भागते भागते दम चुक जाने पर भी वह अतत उस चौक तक पहुच ही गया, जहा वृद्ध स्त्रिया और बच्चे सभी युद्ध के परिणाम की खबर का बेसब्री मे इतजार कर रहे थे – अपनी सारी शेष शक्ति को सचित करके वह चिल्लाया – विजय! और फिर वही ढेर हो गया। वर्तमान ओलिंपिक खेलो मे लबी जानवाली मैराथन दौड ने अपना नाम इसी कारनामे से ग्रहण किया है और यह लगभग उतनी ही लबी होती है, जितनी लबी अथेस और मैराथन के बीच की दूरी है।

क्षयार्ष का अभियान

मैराथन की [illegible] के बाद पारसीको और यूनानियो मे लडाइया फिर [illegible] यद्यपि दोनो ही देश अच्छी तरह जानते थे कि नया युद्ध [illegible] है। [illegible] की मौत के बाद फारसी दरबार मे

ऐसे मौको पर आनेवाली अव्यवस्था का आम दौर आया। आखिर उसका वेटा क्षयार्ष (जेरक्सीज) सिहासन पर वठा। क्षयार्ष ने जल्दी ही यूनान के विरुद्ध नये अभियान के लिए जवरदस्त तैयारिया शुरू कर दी, जो चार साल चली और जिनमे हेलेसपोत (जो अव दर्रे दनियाल या डार्डेनलीज के नाम से जाना जाता है) पर एक पुल का और कपटी अथोस अतरीप के पास कल्सीदीस प्रायद्वीप की सकरी गरदन म होकर एक नहर का वनाया जाना भी शामिल था।

तैयारिया यूनानियो ने भी की। स्पार्ता के नेतृत्व मे कई यूनानी नगर-राज्यो म रक्षात्मक सश्रय की स्थापना की गयी। चूकि स्पार्ता समुद्र के रास्ते दुगम्य था और वह सारे ही यूनान मे सर्वश्रेष्ठ सैन्यबलवाले राज्य की हैसियत से जाना जाता था इसलिए उन्होने यही आग्रह किया कि युद्ध समुद्र के वजाय स्थल पर ही लडा जाना चाहिए।

अथेस मे इस समय हालत अधिक जटिल थी। धनी जमीदारो ने, जिन्हे सबसे वढकर यही डर था कि उनकी जागीरो को उजाड दिया जायेगा प्रतिरक्षा की स्पार्ती योजना का ही समर्थन किया। उनका प्रवक्ता प्रसिद्ध राजनयन अरिस्तीदीज था।

इस योजना का विरोध थेमिस्तोक्लीज ने किया जिसने मात्र अपनी क्रियाशीलता, महत्वाकाक्षा और अप्रतिम योग्यताओ की वदौलत अथेस म एक प्रभावशाली स्थिति प्राप्त कर ली थी। तीस साल से कुछ ही अधिक की आयु म वह आर्कोन चुना गया था और तीन साल वाद मैराथन की लडाई म उसने प्रसिद्धि प्राप्त की थी। लेकिन वह इससे भी सतुष्ट न था और इससे भी अधिक ख्याति का आकाक्षी था। अपने मित्रो के सामने वह मानता था कि 'मिलतियादीज की कीर्ति ने मेरा चैन हर लिया है।

थेमिस्तोक्लीज मानता था कि यूनानियो के पास पारसीको को स्थल पर पराजित करने की कोई भी सभावना नही है। उसने इस पर जोर दिया कि अथेस का भविष्य नौसैनिक शक्ति की हैसियत मे ही है और शक्तिशाली वेडे का निर्माण करने के लिए उसने अपने वस भर सभी कुछ किया। उसने लौरियाई चादी की खानो की आय को जिन्हे राजकीय सपत्ति माना जाता था नौसैनिक जहाजो के निर्माण के लिए विनियुक्त करवाने म सफलता प्राप्त कर ली। फारस के साथ समुद्र पर लडने की योजना अथेनी व्यापारियो और निर्माताओ के हितो के साथ भी मेल खाती थी जिनके पास जमीदारिया नही थी।

यूनान के विरुद्ध तीसरा अभियान ४८० ई० पू० म शुरू हुआ। इसका नेतृत्व स्वय क्षयार्ष कर रहा था, जिसने फारस के अधीनस्थ देशो का उपयोग करते हुए विराट सैन्यवल एकत्र कर लिया था। क्लासिकी युग के लेखको ने

इन सेनाओं की सख्या लगभग पचास लाख बतायी है। अगर यह अतिशयोक्ति भी हो तो भी यह निश्चित है कि फारसी सेना यूनानी सेना से कई गुना ज्यादा थी।

थर्मापोली और सलामीस की लडाइया

पारसीक सेना का कुछ हिस्सा थ्रेस के तट क साथ-साथ आगे बढा और कुछ को जहाजा द्वारा भजा गया। पहला समुद्री युद्ध यूबिया के उत्तरी तट पर अर्तेमीसिया अतरीप के पास और पहला स्थल युद्ध थसली से मध्य यूनान की तरफ ल जानवाल एक सकरे दर्रे – थर्मातीली – म हुआ जा सचमुच इतना सकरा था कि उसम एक बार मे सिर्फ एक ही रथ गुजर सकता था। इसके पश्चिम की तरफ ऊची अलघ्य चट्टान थी और दाहिनी तरफ ठेठ समुद्र तक अगम्य दलदल चले गये थे। इसी स्थान पर यूनानियो की एक अवरोधक सैन्य टुकडी ने स्पाता के राजा लेओनीदस के नेतृत्व मे मोरचा जमा लिया।

विराट पारसीक सेना थर्मापीली के पास पहुच गयी और क्षयार्ष को विश्वास था कि इस जगह उसे किसी गभीर विरोध का सामना नही करना पडेगा। उसन लेओनीदस को सदेश भेजकर यह माग की कि वह हथियार डाल द लेकिन लेओनीदस ने खालिस लकोनियाई तर्ज़ मे जवाब दिया आओ उठा लो। पहले फारसी हमलो को कोई कामयाबी नही मिली अपनी स्थिति का चतुरतापूर्वक उपयोग करते हुए यूनानी दस्तो न दर्रे की वीरतापूर्वक रक्षा की और दुश्मन के सैन्यदलो के हमला को कई दिन तक रोक रखा। लेकिन यूनानी फौजो म से एक गद्दार ने पारसीका के एक बड़े दस्ते को पहाडी दर्रों स होते हुए यूनानियो के पिछवाडे मे पहुचने का रास्ता बता दिया। जब लेओनीदस न देखा कि उसके लोगो को घेरे मे लिया जा रहा है तो उसन अपनी सना के एक बडे हिस्से को युद्धक्षेत्र से दूर भेज दिया और अपने स्पार्ती हमवतना के साथ दुश्मन का अकेले सामना करने के लिए वही रुका रहा। इस असमान सघर्ष म उनम से एक एक मारा गया। बाद म लेओनीदस क सम्मान म थर्मापीली दर्रे के द्वार पर सगमर्मर की सिंह प्रतिमा स्थापित की गयी।

इधर जब थर्मापीली की लडाई चल ही रही थी, आर्तेमीसिया अतरीप के पास एक समुद्री युद्ध लडा जा रहा था। इसम यूनानी विजयी हुए, लेकिन पारसीक सना के थर्मापीली दर्रे का काटन म सफल हो जान के बाद यूनानी बेडे को हटकर अतीका तट पर चल जाना पडा।

स्पार्ती सेनानायको की राय थी कि बेड को और भी पीछे कारिंथ जल सयोजी तक जाना चाहिए जहा न समुद्र और स्थल दोना पर अतिम रक्षापक्ति

स्थापित कर सकते थे। लेकिन अथेनी जिन्हे अपनी नगरी को शत्रु द्वारा लूटे और नष्ट किये जाने के लिए छोड देना पडा था, हठ कर रहे थे कि पारसीक बेडे के साथ युद्ध अतीका तट और सलामीस द्वीप के बीचवाले सकर जलसयोजी म किया जाना चाहिए। इस योजना का थेमिस्तोक्लीज ने खासकर ज़ोरदार समर्थन किया, जिसे बाद की घटनाओ न सही सिद्ध किया।

पौ फटन के साथ क्षयार्ष न आदेश दिया कि उसके सुनहरे सिंहासन को अतीकाई तट की एक ऊची पहाडी पर रख दिया जाये, ताकि वह युद्ध के दृश्य को अच्छी तरह स देख सके। लेकिन सलामीस के युद्ध का परिणाम उसकी प्रत्याशा से बहुत भिन्न रहा। भारी पारसीक पोतो के लिए सकरे जलसयोजी म कावेबाज़ी करना मुश्किल हो रहा था जब कि छोटे और कही हलक यूनानी जहाज बडी आसानी से उन्ह टक्करे मार सकत थे। फारसी जहाज लडखडा जाते थे जिससे क्षयार्ष के बहुत से सैनिक समुद्र म गिरकर *डूब गये। जल्दी ही पारसीक सेनाओ मे आतक फैल गया और जो जहाज* अब भी समुद्रगमन योग्य थे वे वहा से तावडतोड भाग खडे हुए। यूनानी बेडे को निर्णायक विजय प्राप्त हुई। जैसा कि बाद की घटनाओ न दर्शाया सलामीस का युद्ध पारसीक-यूनानी युद्ध का मोड बिंदु था।

सलामीस के युद्ध के बाद क्षयार्ष को अपनी सेना के एक बडे हिस्से को हटाकर यूनान से चले जान को विवश होना पडा। लेकिन वह कोई ६० ७० हजार सैनिको का अनुभवी सनानायक मर्दोनियस की कमान मे छोड गया था और अगले साल (४७९ ई० पू०) दो और महत्वपूर्ण लडाइया हुई। दतकथाओ के अनुसार वे एक ही दिन हुई थी – एक प्लातीआ नगर के पास स्थल पर, जहा मर्दोनियस की सेनाओ को करारी मात दी गयी और पारसीक सेना को अतत यूनान से बाहर खदेड दिया गया और दूसरी एशिया-ए कोचक के तट के निकट मिकाले अतरीप के पास। इस विजय के शीघ्र ही बाद एशिया ए कोचक के यूनानी नगरो को पारसीक जूए से मुक्त करा लिया गया।

लेकिन पारसीक युद्ध को अभी कुछ साल और चलना था। अब मे अधिकतर युद्धो को समुद्र पर ही होना था। यूनानी आक्रमणो के परिणाम स्वरूप पारसीक धीरे-धीरे ईजियन सागर के द्वीपो और एशिया ए कोचक के तट को खाली करके चले गये।

लेकिन सीजर यह अनुभव करता था कि आबादी के लोकतत्रीय अशक, अर्थात शहरो और देहातो के सामान्यजन (प्लेब) उसकी सत्ता सबधी महत्वाकाक्षाओ की सिद्धि के लिए अपेक्षित दृढ समर्थन नही प्रदान कर सकेगे। इसके लिए वफादारऔर सुशस्त्रसज्जित सेनाओ का होना जरूरी था। इसलिए पूरी-पूरी कोशिश करके उसने पाच साल के लिए गाल प्रात का राज्यपालत्व प्राप्त किया। चूकि गाल को अभी जीतना बाकी था इसलिए सीजर को सेना जुटाने की आज्ञा दे दी गयी।

गाल के जीतने मे सात साल लगे। सीजर को जिस शत्रु का सबसे पहले सामना करना पडा, वह हेलवेती कबीला था। इसके बाद उसका जर्मनीय कबीले स्वेब मे सामना हुआ जिसका नेतृत्व अरियोवीस्तस के हाथो मे था। आखिर बेल्जियो के साथ लबी और प्रचड लडाई के बाद गाल को जीत लिया गया और उसे रोमन प्रात घोषित कर दिया गया। सीजर की इन विजयो के सम्मान मे सीनेट ने पद्रह दिन धन्यवादज्ञापन समारोह मनाने का आदेश दिया।

५६ ई० पू० के वसत मे त्रिशासको की लूका मे बैठक हुई और गाल मे सीज़र के सत्ताकाल को पाच वर्ष के लिए बढा दिया गया। ५५ ई० पू० मे सीजर ने राइन इलाके मे वहा के जर्मनीय कबीलो को काबू मे लाने के लिए सैनिक कार्रवाई की और ५४ ई० पू० मे वह ब्रिटेन मे उतरा।

लेकिन जल्दी ही यह देखने मे आया कि गाल को पूरी तरह से वश मे नही लाया गया था। ५४ ई० पू० मे व्यापक पैमाने पर गालीय विद्रोह फूट पडा। इस बगावत को वेसिंगेतोरिक्स के नेतृत्व मे अर्वेर्नी कबीले ने शुरू

किया था। रोमन बहुत ही कठिन स्थिति मे थे। सीजर के पास शत्रु के ३,००,००० लोगो के मुकाबले सिर्फ ६० ००० सैनिक ही थे। रोमनो को इस लडाई मे सिर्फ सीजर के चतुर सैन्य सचालन उसकी सगठन तथा सैन्य नेतृत्व प्रतिभा और कुशल राजनयत्व के कारण ही विजय मिल सकी, जिसमे विद्रोही सेना की कतारो मे हुए एक झगडे से भी सहायता मिली थी। ५१ ई० पू० मे शत्रु के अतिम केन्द्रो को भी कुचल दिया गया।

गाल मे पायी गयी विजयों के परिणाम जबरदस्त थे। सीजर ने ३०० कबीलों को काबू मे किया था ८०० नगरो को हल्ला बोलकर कब्जे मे किया था और दस लाख कैदी बनाये थे। वह रोम मे अपार लूट का माल भी लेकर आया था। फलस्वरूप रोम मे सोने का भाव तेजी से गिर गया और वह सेरो के हिसाब से बिकने लगा। इन सभी कारको ने सीजर की लोकप्रियता को बढाने मे सहायता की।

गृहयुद्ध

गालीय युद्ध का अत होते होते प्रथम त्रिशासकत्व पार्थिया मे क्रासस की पराजय और मृत्यु के बाद वस्तुत अस्तित्वहीन हो चुका था। जहा तक सीजर और पाम्पी की बात है तो सीजर जितना ही अधिक सफल और लोकप्रिय होता गया दोनो मे सबध उतने ही अधिक स्नेहहीन और शत्रुतापूर्ण होते गये। गाल मे सीजर का कार्यकाल पूरा होने के बाद उससे यह अपेक्षित था कि वह अपने सैन्यदलो (लीजियनो) को भग कर देगा।

लेकिन सीजर ने ऐसा नही किया और सीनेट ने उसे पितृभूमि का शत्रु घोषित कर दिया। पाम्पी को आदेश दिया गया कि वह इटली मे सेना जुटाकर उसका सामना करे।

सीजर ने पाम्पी की प्रतीक्षा करने मे समय नष्ट नही किया। जनवरी, ४९ ई० पू० मे अपने एक सैन्यदल के साथ उसने रूबिकोन नदी को पार किया जो सीजर की कमान मे स्थित प्रदेश और इटली के बीच सीमा की द्योतक थी। दतकथाओ के अनुसार उसने रूबिकोन को इन शब्दो के साथ पार किया था पासा पड चुका है क्योकि वह जानता था कि उसकी कार्रवाई ने गृहयुद्ध के इतिहास मे एक नये अध्याय का आरम्भ कर दिया है।

उत्तरी इटली के नगरो ने सीजर की सेनाओ का मुश्किल से ही कोई प्रतिरोध किया। पाम्पी ने जिसे तैयारिया करने के लिए आवश्यक समय नही मिल पाया था बाल्कन पर्वतो मे शरण ले ली जहा उसके पीछे पीछे बहुत से सीनेटर भी चले गये। सीजर ने रोम मे बिना किसी प्रतिरोध के प्रवेश किया। लेकिन वहा बहुत ज्यादा ठहरने मे कोई तुक नही था इसलिए वह अपनी सेनाओ के साथ स्पेन की ओर चल दिया जहा पाम्पी के वफादार सात

सैन्यदल थे। उन्हे हराने और इस प्रकार अपने पृष्ठभाग को प्रत्याभूत करने के बाद सीजर ने बाल्कनो को पार करने का फैसला किया।

आरभ मे पापी के विरुद्ध सीजर का अभियान खासा असफल रहा। एक बार सीजर ने बडी हार भी खायी लेकिन उसके विरोधी ने अपनी इस विजय के बाद वाछित सक्रियता नही दिखायी और सीजर अपनी अधिकाश सेना को बचाये रखने मे कामयाब रहा। निर्णायक लडाई ४८ ई० पू० मे फार्सालस नगर के निकट लडी गयी। पापी की सेना पराजित हुई और वह भागकर मिस्र चला गया, जहा उसकी कपटपूर्वक हत्या कर दी गयी।

सीजर भी पापी के पीछे पीछे मिस्र पहुचा। यहा वह रानी क्लिओपत्रा की उसके भाई के विरुद्ध सहायता करके स्थानीय राजकीय मामलो और साजिशो म दखल देने लगा। इसके फलस्वरूप सिकदरिया म बगावत हो गयी जिसे दबाने मे सीजर को बहुत मुश्किल पेश आयी। इसके बाद सीजर को मिथ्रीदतीज के बेटे फार्नसीज से लडने पूर्व जाना पडा। सीजर ने इस अभियान को तडित गति स मात्र पाच दिन म सफलतापूर्वक पूरा किया और फिर सीनेट को अपना 'मैं आया, मैंने देखा मैंने जीत लिया (वेनी विदी, विसी ") का प्रसिद्ध सदेश भेजा।

पापी की मुख्य सेनाए अब अफ्रीका मे थी और उनके साथ सीजर का कट्टर दुश्मन छोटा कातो भी था। ४६ ई० पू० मे अफ्रीका के रोमन सूबे के पूर्वी तट पर थाप्सस के पास एक महत्वपूर्ण लडाई हुई। पापी की सेनाओ को अतिम रूप से पराजित कर दिया गया और कातो ने आत्महत्या कर ली। कुछ ही बाद सीजर न नूमीदिआ को भी वश म करने म सफलता पा ली और उसी साल गरमियो मे रोम लौट आया जहा गाल मिस्र पोतस और नूमीदिआ पर उसकी विजयो के उपलक्ष्य म शानदार समारोहो का आयोजन किया गया।

लेकिन पापी के समर्थको के विरुद्ध सघर्ष का अभी अत नही हुआ था। पापी के पुत्र लडाई को फिर शुरू करने म सफल हो गये—और इस बार स्पेन म। ४५ ई० पू० म मुदा की लडाई मे सीजर न अपने शत्रुओ पर अतिम प्रहार किया, यद्यपि काफी लबे सघर्ष के बाद ही जिसम बहुत सी जान गयी। सीजर ने स्वय स्वीकार किया कि इस बार वह विजय के लिए नही बल्कि अपने प्राणो के लिए ही लडा था।

इस प्रकार आखिर गृहयुद्ध का अत हुआ और सीजर को जीवन भर के लिए अधिनायक (डिक्टेटर) बना दिया गया। अब उसकी शक्तिया की कोई सीमा ही नजर नही आती थी। जनसभा उसकी इच्छाओ को आज्ञाकारिता पूर्वक क्रियान्वित करती थी और राजकीय पद सीजर की सिफारिशो के मुताबिक ही दिये जाते थे।

धीरे धीरे सीजर के आचरण में राजतन्त्रवादी प्रवृत्तिया अधिकाधिक उभरकर सामने आने लगी। सीजर के निकटतम अनुयाइयो ने कई बार अनुरोध किया कि वह ताज ग्रहण कर ले। जब सीजर ने क्रासस की मृत्यु का बदला लेने के लिए पार्थवो के विरुद्ध अभियान की तैयारिया शुरू की, तो रोम मे इस आशय की अफवाह फैलने लगी कि पार्थिया को तो सिर्फ राजा ही जीत सकता है।

इन सभी बातो से सिर्फ जनता मे ही नही, बल्कि कई सीनेटरो म भी असतोष फैल गया जो सीजर को निरकुश शासक मानते थे। उसके खिलाफ एक षडयन्त्र रचा गया और १५ मार्च ४४ ई० पू० को सीजर को सीनेट म ब्रूतस तथा केसियस के नेतृत्व मे षड्यन्त्रकारियो के एक दल ने छुरा घोपकर हत्या कर दी। उसके शरीर पर २३ घाव पाये गये थे।

द्वितीय त्रिशासकत्व

सीजर की हत्या के बाद असतोष फूट पडा। रोम की जनता की सहानुभूति षडयन्त्रकारियो के साथ नही थी और ब्रूतस तथा कसियस को नगर से भागकर जाना पडा। इसके बाद रोम का वास्तविक स्वामी मार्कस अतोनियस (मार्क एंटोनी) था जो सीजर के घनिष्ठतम मित्रो मे एक था और ४४ ई० पू० म कौसुल चुना गया था।

कुछ ही बाद मच पर एक खतरनाक युवा प्रतिद्वद्वी का अवतरण हुआ। यह सीजर का उन्नीसवर्षीय दत्तक पुत्र ओक्तेवियन था। आरभ मे मार्कस अतोनियस उसके साथ तिरस्कार से पेश आया, लेकिन ओक्तेवियन ने इसका जवाब सीनेट के साथ अस्थायी सघट्ट बनाकर दिया। सिसेरो ने अपनी वक्तृत्व प्रतिभा ओक्तेवियन की सेवा मे लगा दी और अपनी निपुण वाकशक्ति के सारे प्रहार नये निरकुश शासक मार्कस अतोनियस के खिलाफ केंद्रित कर दिये।

अब गृहयुद्धो के अतिम अध्याय का प्रारभ हुआ। सीनेट ने ओक्तेवियन को मार्कस अतोनियस स लडने के लिए नियुक्त किया, जिसे पराजित कर दिया गया। अभी सीनेट अपनी जीत की खुशिया मनाने की तैयारिया ही कर रही थी कि ओक्तेवियन ने मार्कस अतोनियस और सीजर के एक और प्रसिद्ध समर्थक लेपीदस के साथ समझौता करके द्वितीय त्रिशासकत्व या शासकत्रयी की स्थापना कर दी। जनसभा ने इस सघट्ट को आधिकारिक मान्यता दे दी (ऐसा प्रथम त्रिशासकत्व के मामले म नही हुआ था)। त्रिशासको ने अभूतपूर्व आतक का राज्य स्थापित कर दिया – उनकी वाधन सूचिया के शिकार होकर हजारो लोग मारे गय और इनमे से सबसे पहलो मे मार्कस अतोनियस का कट्टर दुश्मन सिसरो भी था।

इसी बीच जूलियस सीजर के खिलाफ साजिश करनेवाले नेताओं – ब्रूतस और केसियस – ने बाल्कन प्रदेश में एक बड़ी सेना इकट्ठा कर ली थी। त्रिशासकों ने उनके खिलाफ कूच किया और ४२ ई० पू० में दोनों सेनाओं का मकदूनिया में फिलिप्पी के पास सामना हुआ। इस लड़ाई में ब्रूतस और केसियस दोनों मारे गये और यह हार भूतपूर्व सीनेटी गणराज्य के समर्थकों की अंतिम पराजय की परिचायक थी।

जिस तरह पहले त्रिशासकत्व में हुआ था, उसी तरह एक बार फिर त्रिशासकों में गंभीर वैमनस्य पैदा हो गया। लेपीदस तो खैर कभी भी किसी महत्वपूर्ण शक्ति का प्रतिनिधि नहीं रहा था, मगर मार्कस अतोनियस ने, जो पूर्व चला गया था, क्लिओपेत्रा के साथ संघट्ट स्थापित कर लिया और फिर कोरा रोमन राज्यपाल ही नहीं, एक नया स्वेच्छाचारी शासक भी बन बैठा। क्लिओपेत्रा के बच्चों को पूरे के पूरे सूबे भेंट देकर वह रोम के पूर्वी प्रदेशों के साथ इस तरह पेश आने लगा, मानो वे उसकी निजी संपत्ति हों।

इन सभी हरकतों के फलस्वरूप ओक्तेवियन और मार्कस अतोनियस में अंतिम अलगाव हो गया। रोमनों ने क्लिओपेत्रा के विरुद्ध आधिकारिक रूप से युद्ध की घोषणा कर दी और ३१ ई० पू० के शरद में मिस्री बेड़े को अक्तियम के युद्ध में पराजित किया गया। इसके कुछ ही बाद ओक्तेवियन की सेनाएं सिकंदरिया में पहुंच गयीं और मार्कस अतोनियस ने और फिर क्लिओपेत्रा ने भी आत्महत्या कर ली। इस तरह यूनान प्रभावित भूमध्यसागरीय राज्यों में से अंतिम, मिस्र भी रोमन राज्य का एक भाग बन गया। उसका एकमात्र शासक ओक्तेवियन था, जिसके पास असीम शक्तियां थीं। गृहयुद्ध का आखिर अंत हो गया।

१३ जनवरी, २७ ई० पू० को ओक्तेवियन ने एक कुटिल चाल चलकर सीनेट और जनसभा में पाखंडपूर्वक यह घोषणा की कि वह अपने आपातकालीन अधिकारों को त्यागने और गणराज्य की "पुनःस्थापना" करने की तैयारी कर रहा है। लेकिन सीनेटरों ने उसे राज्यसत्ता हाथ में रखने के लिए रजामंद कर लिया और उसे आगस्तस की सम्मानिक उपाधि प्रदान की। यह दिन प्रथम रोमन सम्राट आगस्तस सीज़र के शासन के आरंभ का द्योतक था। गणराज्य का अंत हो गया था और रोमन साम्राज्य के युग का समारंभ हो गया था।

आठवा अध्याय

साम्राज्यिक रोम

प्रारंभिक काल

आगस्तस सीजर का प्रमुखतंत्र

अपने धर्मपिता जूलियस सीजर के विपरीत ओक्तेवियन अपनी सत्ता के राजतांत्रिक पहलुओं को यथासंभव कम करने की कोशिश करता था। वह बहुत एहतियाती और मितव्ययी आदमी था और अपने को प्रिंस-समपु प्रथम (समकक्षों में प्रथम) या प्रिंसेप (प्रमुख) ही कहा करता था क्योंकि उसका नाम सीनेटरों की सूची में सर्वप्रथम था। आगस्तस सीजर के शासनकाल में रोमन राज्य के राजनीतिक ढांचे ने जो रूप लिया और जो साम्राज्य के प्रारंभिक काल भर में बना रहा वह प्रिंसीपेत (प्रमुखतंत्र) कहलाया।

प्रिंसीपेत को गणराज्य का आभास देनेवाला राजतंत्र कहा जा सकता है। उसमें सीनेट तथा सभी गणतंत्रीय राजकीय पदों को कायम रखा गया। इसके अलावा ओक्तेवियन सीनेटरों के प्रति विशेष सम्मान प्रकट करता था और उसने स्वयं अपने को तेरह बार कोंसुल निर्वाचित करवाया। उप कोंसुलों (प्रोकोंसुलों) तथा ट्रिब्यूनों के बारे में भी उसका यही रवैया था। उसने महापुरोहित का पद लिया और 'पितृभूमि पिता' की साम्मानिक उपाधि धारण की। गणतंत्रीय राजकीय ढांचे की यह पुनःस्थापना शुद्धतः औपचारिक ही थी क्योंकि सभी राजकीय पद एक व्यक्ति के हाथों में संकेंद्रित थे। इसके अलावा आगस्तस सीजर को सशस्त्र सेनाओं का प्रधान सेनापति घोषित किया गया और उसके नामों तथा उपाधियों में इंपेरातोर (सम्राट) की पारंपरिक सैनिक उपाधि भी जोड़ दी गयी।

आगस्तस के शासकत्व में जनसभा धीरे-धीरे अपने महत्व से वंचित कर दी गयी। प्लेबों के प्रति आगस्तस सीजर की नीति को 'रोटी और तमाशा' शब्दों द्वारा पूर्णतः व्यक्त किया जा सकता है, दूसरे शब्दों में आबादी

की मुह भरायी के लिए अक्मर मुफ्त रोटी बाटी जाती थी और भडकीले खेल-तमाशे दिखाय जाते थे, जबकि उसका राजनीतिक जीवन म भाग लेना रोकन के लिए हर मभव प्रयाम किया जाता था। आगस्तम अपने ममर्थन का मुख्य आधार वडे दामस्वामी जमीदारो – सिर्फ रोम के ही नही बल्कि सारे इटली के – और रोमन मेना को मानता था।

आगस्तस सीजर ने दासप्रथा को दृढ करन के लिए कई कदम उठाये। इस आशय का कानून स्वीकार किया गया कि किसी दासस्वामी की हत्या होने पर उसके सभी घरेलू दासो को जान मे मार दिया जायेगा। आगस्तस ने मुक्त किय जा सकनेवाले दासो की सख्या को भी सीमित कर दिया और मुक्त किये गुलामो को समाज की उच्चतर श्रेणियो मे शामिल किये जाने पर पाबदी लगा दी। जहा तक सेना की बात है गृहयुद्धो का अत होने के बाद आगस्तम न सैन्यदलो की सख्या काफी कम कर दी और तथाकथित प्रीतोरी रक्षकदल की स्थापना की जिसमे प्रिसेप की अत्यत विश्वस्त अगरक्षक सेना के सैनिक थे।

आगस्तस सीजर की विदेश नीति बहुत एहतियातभरी थी। वह रोम की शक्ति का युद्ध की बजाय राजनयिक वार्ताओ के जरिये प्रसार करना बेहतर समझता था। उसने अर्मीनिया और बासफोरस राज्य को इसी तरह अपने नियत्रण मे लाने म सफलता प्राप्त की थी। जर्मनी म रोमन प्रवेश का आरभ खासा सफल रहा था लेकिन बाद म जर्मनीय कबीलो के विद्रोह ने इस प्रक्रिया को रोक दिया। ९ ईसवी मे बागी कबीलो ने टयूटोबर्गर वाल्ड की लडाई मे रोमन सेनाओ को बुरी तरह से पराजित किया।

आगस्तस सीजर ४५ साल रोमन साम्राज्य का सर्वोच्च शासक रहा। उसने विहित किया कि साम्राज्यिक शक्ति को वशागत बना दिया जाना चाहिए और जब १४ ई० मे उसकी मृत्यु हुई तो उसके बाद उसका सौतेला बेटा तिबेरियस गद्दी पर बैठा।

रोमन साहित्य का स्वर्णयुग

आगस्तस का शासनकाल रोमन साहित्य के स्वर्णयुग का समानुवर्ती था। इस प्रसग म सबसे पहले वर्जिल (पब्लियस वर्जिलियस मारो ७०-१९ ई० पू०) का उल्लेख किया जाना चाहिए जिसने बूकोलिक्स जो प्रकृति के सौदर्य और ग्राम्य जीवन की अच्छाइयो के बारे म दस कविताओ की पद्यवेणी है, जार्जिक्स' जो कृषि सबधी नीतिवचनो के बारे म कविता है और पूर्वोक्त कृतिया से भी अधिक प्रसिद्ध इनीद – होमर के नमून पर बारह खड के महाकाव्य – को लिखा। इनीद म जूलियन वश जिसम

जूलियस सीजर और आगस्तस पैदा हुए थे, के पौराणिक पूर्वज की कथा दी गयी है। वर्जिल की यह कविता काल्पनिक वीरकाव्य की मिसाल है, क्योकि यह पौराणिक तथा दतकथाओ पर आधारित है, 'इनीद' का वास्त विक महत्व इस बात मे है कि उसमे आगस्तस के एक व्यक्तित्व और शासन का लगभग प्रकट प्रशस्तिगान किया गया है।

इस युग का एक और प्रमुख कवि होरेस (क्वितस होरेशियस फ्लाकस, ६५-८ ई० पू०) था जिसने अवगीत (सैटायर्स), 'अत्यपदिया' (इपो डस) सबोधगीत (ओड्स) और 'सदेशपत्र' (एपिस्टल्स) लिखे है। होरेस मूलत गीतिकार था यद्यपि उसकी कुछ कृतियो मे स्पष्ट विनडा त्मक प्रवृत्ति देखी जा सकती है। वर्जिल की ही भाति उसने भी आगस्तस का गुणगान किया है। उसकी प्रसिद्ध कविता एक्सेगी मोनूमेतम (स्मारक) की तो आधुनिक काल म भी ढेरो अनुकृतिया की गयी हैं।

इस काल का तीसरा महान कवि ओविद (पब्लियस ओविदियस नासो, ४३ ई० पू० १७ ई०) था। उसकी प्रारभिक कविताए अधिकाशत प्रेम सबधी कविताए थी। उसकी सबसे प्रसिद्ध कविताए 'मेटामोरफोसीज' (रूपातरण) जो विभिन्न मिथको का काव्यबद्ध वर्णन है और 'फास्ती' हैं जिसम प्राचीन दतकथाओ को सभी जातीय त्योहारो और उत्सवो सहित रोमन पचाग के रूप म प्रस्तुत किया गया है। ८ ई० मे आगस्तस ने ओविद को साम्राज्य के एक सुदूर प्रदेश मे निर्वासित कर दिया। इस निर्वा सन के कारण हम ज्ञात नही है और यही उसके जीवन का अत भी हुआ। त्रीस्तिआ और एपिस्चुली एक्स पोतो उसकी इसी काल की रचनाए है।

इस युग की रोमन विद्वतमडली के सबसे उल्लेखनीय व्यक्तियो म एक रोम क १४२ खडीय वृहदाकार इतिहास – अब उर्बे कोदिता लिब्री' – का लेखक लिवी (तीतस लिवियस, ५९ ई० पू०-१७ ई०) था जिसकी कृति म नगर के गौर्यमय अतीत का यशोगान किया गया था। एक और प्रमुख विद्वान ज्येष्ठ प्लिनी (पहली सदी ई०) था, जिसकी कृतियो मे प्रसिद्ध हिस्तोरिआ नेचुरलिस' (प्राकृतिक इतिहास) भी था जिसमे उसने प्राकृतिक विज्ञानो के विभिन्न क्षेत्रो – सृष्टिवर्णन, वनस्पतिविज्ञान, जीवविज्ञान खनिजविज्ञान आदि के बारे मे लिखा है।

आगस्तस के शासनकाल म स्थापत्य तथा ललित कलाओ का भी मुकु लन हुआ। रोमन फोरम (केद्रीय चौक) का पुनर्निर्माण किया गया और सुख्यात आरा पासिस आगस्ती (शाति की वेदी) सहित अनेक मदिरो तथा शहरी इमारतो का निर्माण हुआ। आगस्तस का स्वय कई बार इगित करना था कि उसने अपना राज ईंटो के शहर म शुरू किया था और अपने पीछे

वह सगमर्मर का नगर छोडकर गया है। वस्तुत उसके शासनकाल म रोम काफी बढा और धीरे धीरे वह अधिकाधिक एव महान साम्राज्य की राजधानी जैसा नगर लगा।

पहली सदी ईसवी में रोमन साम्राज्य

पहली सदी ईसवी म रोम पर जूलियो-क्लाउदियन वश के शासको ने राज किया जिनम सबसे मशहूर नीरो (५४ ६८ ई०) था, जो एक भ्रष्ट और निर्दय आदमी था और जिसन अपनी मा और भाई की भी हत्या करवा दी थी। नीरो सीनेट की कोई परवाह नही करता था और अपने स्वेच्छाचारिता के रुझान को छिपाने की कोशिश किये बिना उसने कई सीनेटरो को मरवा दिया था। उसके शासनकाल म शाही दरबार के रखरखाव पर बशुमार धन खर्च किया जाता था और वह स्वय तथा उसके प्रियपात्र अभूत पूर्व ऐशोआराम म रहा करते थे। नीरो सगीत और गायन का बडा शौकीन था, मच पर स्वय भी आया करता था और उसन सागीतिक कार्यक्रम पेश करत हुए यूनान का दौरा तक किया था। ६४ ई० म रोम मे भयानक आग लग गयी, जो पूरे एक हफ्ते जलती रही और जिसने नगर के १४ मे से १० मुहल्लो को जलाकर खाक कर दिया। इस सबध मे रोम मे अफवाह फैली कि नीरो ने यह आग खुद लगवायी थी, ताकि वह एक विरल दृश्य का आनद ले सके। सम्राट की निर्दयता और उसकी बीभत्स सनको के कारण अत मे विद्रोह हो गया। प्रीतोरी रक्षकदल ने उसके साथ विश्वासघात किया और नीरो को आत्महत्या करनी पडी। कहा जाता है कि मरने के पहले उसने कहा था 'मेरे साथ कैसा कलाकर मर रहा है!'

नीरो के बाद वेस्पासियन ने अपन सैयदलो की सहायता से सत्ता पर अधिकार कर लिया और फ्लेवियन राजवश की स्थापना की। वस्पासियन ने, जिसने ६९ मे ७९ ई० तक राज किया था पहले जूदिया (यहूदिया) मे नीरो के शासनकाल मे शुरू हुए विद्रोह (६६ से ७० ई० तक) को कुचलने के समय सैन्य नेता के नाते नाम कमाया था। वस्पासियन के बाद उसके दो पुत्र, तीतस और दोमीतियन गद्दी पर बैठे। तीतस के शासन काल मे विसुवियम पर्वत का उदगार हुआ और उसने पापी तथा हर्कूलेनियम नगरो को लावा से ढक दिया। वर्तमान काल मे इन नगरो का उत्खनन किया जा चुका है और उससे हमे रोमन साम्राज्य के कसबो के जीवन और रीति रिवाज का खासा स्पष्ट चित्र प्राप्त हुआ है।

फ्लेवियन राजवश के शासनकाल मे रोमन राज्य मे महत्वपूर्ण परिवर्तन आन लगे। सम्राट प्रातीय अभिजात वर्ग पर अधिकाधिक निर्भर करने लगे

और सीनेट मे उनके प्रतिनिधियो की लगातार अधिक सख्या के लिए गुजाइश पैदा करने लगे। इस प्रकार सिर्फ रोम और इटली ही नही, बल्कि समूचे तौर पर पूरे साम्राज्य के बडे दासस्वामी साम्राज्यिक सत्ता का मुख्य आधार बन गये।

दूसरी शताब्दी मे रोमन साम्राज्य

दूसरी सदी ई० मे रोमन साम्राज्य पर अतोनिन राजवश का शासन था। इस राजवश के सबसे प्रसिद्ध सम्राट थे त्राजन (९८-११७), जिसके शासन काल म रोम ने अपना अतिम क्षेत्रीय विस्तार किया (डेशिया, अरबिया, आर्मीनिया और मसोपोटामिया के सूबे), हेड्रियन (११७-१३८), जिसन नये प्रदेश जीतने के स्थान पर अपना ध्यान इतने विराट साम्राज्य के नियत्रण के लिए आवश्यक प्रशासनिक तथा नौकरशाही तत्रो को विकसित करन पर केद्रित किया और मार्क्स आरेलियस (१३१-१८०) जो अपनी दार्शनिक कृतियो के लिए विख्यात है। अतोक्त सम्राट के शासनकाल म सीमातो पर बर्बर जातियो के दबाव के साथ साम्राज्य मे सकट के पहले चिह्न प्रकट हुए।

दूसरी शताब्दी को रोमन साम्राज्य का स्वर्णयुग माना जाता है। यह साम्राज्य के अधिकतम क्षेत्रीय प्रसार का युग था। उसकी सीमाए उत्तर मे स्काटलैड मे दक्षिण मे नील महाप्रपातो तक और पश्चिम मे अटलाटिक तट से लेकर पूर्व मे फारस की खाडी तक फैली हुई थी।

लेकिन रोमन राज्य की प्रकृति मात्र इन बाह्य कारको द्वारा ही निर्धारित नही होती थी। दासस्वामित्व पर आधारित यह समाज इस समय तक अपने विकास के शिखर पर पहुच चुका था। अधिकाश जमीदारिया और दस्तकारी उद्योग बाजार-अर्थव्यवस्था के अनुकूल किये जा चुके थे और विदेश व्यापार खूब उन्नत हो चुका था। इसके परिणामस्वरूप दासस्वामी अपने गुलामो से यथासभव अधिकतम लाभ पाने की कोशिश करते थे और शोषण के अत्यधिक पाशविक रूपो का प्रयोग करने से भी नही झिझकते थे। दासो की दशा अत्यत दारुण थी। छोटे से छोटे अपराधो के लिए भी उन्हे हर जागीर पर मौजूद विशेष कैदखानो मे झोक दिया जाता था बेडिया पहनकर काम करने के लिए मजबूर किया जाता था मारा पीटा जाता था और जान तक से मार दिया जाता था। गुलामो को खुले आतक द्वारा वश मे रखा जाता था। एक बार किसी अभिजात रोमन को उसके दास न मार डाला। फलस्वरूप आगस्तस के शासनकाल मे जारी किये गये कानून के अनुसार उसके सभी ४०० घरलू दासो को मृत्युदड दे दिया गया यद्यपि इस

बात की भी संभावना थी कि रोम के निवासी इस क्रूर कदम के उठाये जाने से नाराज हो जायेंगे और विरोधस्वरूप विद्रोह तक कर देंगे।

रोमन साम्राज्य के स्वर्णिम काल में प्रांतों में और विशेषकर उनके शहरी जीवन में भी आर्थिक उन्नति हुई। पश्चिमी प्रांतों (गाल, स्पेन आदि) के नगरों में मंडलियों (कॉलेजियमों) में संगठित नानारूप्य व्यापारी और दस्तकार प्रकट हो गये। ये मंडलियां सिर्फ स्थानीय व्यापार केंद्रों में ही नहीं, बल्कि साम्राज्य के सुदूरतम भागों में भी काम करती थीं। पूर्व में व्यापार ने एशिया माइनर और शाम में भी महत्वपूर्ण प्रगति की। इसके अलावा अरब और भारत के साथ और बाद में चीन तक के साथ नियमित व्यापारिक सूत्र स्थापित किये गये। इन देशों से मसालों, रत्नों, हाथीदांत और रेशम का आयात होता था।

नये और बढ़ते हुए व्यापार मार्गों के परिणामस्वरूप उन जगहों में कई नये शहर बसाये गये, जहां रोमन सेना की टुकड़ियों को लंबे समय के लिए तैनात किया जाता था। इस काल में कई पुराने शहर भी फिर फूलने फलने लगे। सामान्यतः प्रांतीय नगरों को सीमित मात्रा में स्वायत्तता प्राप्त थी और उनके अपने सीनेटर और अधिकारी होते थे।

लेकिन प्रांतों में सामान्य लोग रोमन शासन से नाराज थे। स्थानीय किसानों से जमीन छीन ली गयी थी और रोमन आबादकारों को दे दी गयी थी, जबकि स्थानीय किसानों को अक्सर ऋणदासत्व में पड़ना पड़ता था। सूबों में आबादी पर करों का भारी बोझ था और फौजों के लिए अक्सर जबरन रसद, वगैरह वसूल की जाती थी। गाल, ब्रिटेन और अफ्रीका जैसे कुछ प्रांतों में पहली सदी में और फिलिस्तीन में दूसरी सदी में होनेवाले बड़े-बड़े विद्रोहों के मूल में यही कारण थे। लेकिन रोमन साम्राज्य के पास उस समय इन आंदोलनों को कुचलने के लिए काफी ताकत थी और उनसे उसकी केंद्रीकृत सत्ता के लिए कोई गंभीर खतरा नहीं था।

रोमन साम्राज्य का उत्कर्ष और पतन

तीसरी शताब्दी का संकट

रोमन साम्राज्य के स्वर्णयुग का १९२ में अंत हो गया, जब अंतोनिन राजवंश का अंतिम सम्राट कमोदस षड्यंत्रकारियों के हाथों मारा गया। सिंहासन के विभिन्न दावेदारों में संघर्ष के बाद सेप्तीमियस सेवेरस विजयी हुआ और उसने १९३ से २११ ई० तक शासन किया। उसके शासनकाल

रोम का कोलोजियम

मे साम्राज्य ने खुला सैनिक स्वरूप ग्रहण कर लिया। सेप्तीमियस सेवेरस न सेना म कई सुधार किय। उदाहरण के लिए सामान्य सैनिको को अब सैनिक सेवा मे बने रहने का और तरक्की पाकर सेनानायक तक बनने का और इक्वीती श्रेणी मे लिये जाने का अधिकार मिल गया। इस कार्रवाई से सैनिको के आगे सैनिक सेवा और नागरिक जीवन – दोनो मे व्यापक सभावनाओ के द्वार उन्मुक्त हो गये। यह कोई आकस्मिक बात न थी कि बाद के वर्षो मे कई सैनिक सम्राटो' को आगे आना था। वास्तव मे इस आशय की अफवाहे काफी फैल गयी थी कि सेप्तीमियस सेवेरस ने मृत्युशैया पर अपने पुत्रो को सैनिको को धनी बनाने और अन्यो की तरफ कोई ध्यान न देने का आदेश दिया था।

सेवरीन राजवश का शासन लम्बा नही चला। इस वश के अतिम शासक की हत्या किये जाने के बाद कुछ समय सत्ता मक्सीमीनस के हाथो मे रही जो एक भूतपूर्व गडरिया था और सेना मे सामान्य सैनिक की हैसियत से भरती हुआ था। लेकिन उसकी भी जल्दी ही हत्या कर दी गयी और उसके बाद तो सम्राटो, सैनिक विद्रोहो और तख्ता पलटो का एक लम्बा सिलसिला सा शुरू हो गया। साथ ही सीमातो पर बर्बर कबीलो का दबाव और ज्यादा

हो गया। फ्रैंको और अलीमानियो ने गाल पर हमला किया, सैक्सनो ने ब्रिटेन पर आक्रमण किया और मूर अफ्रीका मे फैल गये, जबकि काले सागर के तटवर्ती देशो मे विभिन्न गोथिक कबीलो का एक शक्तिशाली बर्बर सघट्ट रूप लेने लगा। केंद्रीय सरकार के लिए इन बर्बर कबीलो का सेना द्वारा सामना करना इसलिए और भी ज्यादा मुश्किल हो गया था कि उसे साथ ही अपने देश के भीतर भी उपद्रवो को कुचलना पड रहा था। जल्दी ही कई पश्चिमी सूबे – गाल, ब्रिटेन और स्पेन – रोम के हाथ से निकल गये। पूर्व मे पालमीरा राज्य पैदा हो गया, जिसने फारस के साथ सश्रय बनाने के बाद साम्राज्य के लगभग सभी पूर्वी प्रातो पर नियत्रण प्राप्त कर लिया।

वर्ग सघर्ष का तेज होना भी इस युग की एक विशेषता थी। ईसा पूर्व दूसरी और पहली सदियो के विपरीत नये विद्रोहो मे मुख्य भूमिका दासो ने नही, बल्कि शोषित और पराधीन किसानो के समूहो ने अदा की थी। लेकिन इसका यह अर्थ नही कि गुलामो ने इन आदोलनो मे कोई भी भाग नही लिया था। अफ्रीका और एशिया एक-कोचक मे कई बगावते हुई, लेकिन इनमे सबसे महत्वपूर्ण गाल मे हुआ किसानो और दासो का महान विद्रोह था। यह विद्रोह दूर दूर तक फैल गया और अत मे स्पेन तक पहुच गया। यह तीसरी सदी के सातवे दशक मे शुरू हुआ था और बीच-बीच मे अतरालो के साथ कई दशक तक चलता रहा।

इस प्रकार रोमन साम्राज्य शब्दश बिखर रहा था। केंद्रीय सत्ता का कमज़ोर होना, उसके सीमातो पर युद्ध और देश मे विद्रोह – ये सब एक गहन सकट की सामाजिक तथा राजनीतिक अभिव्यक्तिया ही थे।

लेकिन इस सकट की जडे और भी ज्यादा गहरी थी जो रोमन समाज की आर्थिक बुनियादो के साथ ही जुडी हुई थी और जो उस समय की बदलती हुई विचारधारा मे प्रतिबिबित हो रही थी। रोमन समाज के आर्थिक आधार का विघटन कोलोनसो (स्वतत्र वर्ग मे पैदा हुए कम्मियो) के उदय के साथ घनिष्ठ रूप से जुडा हुआ था। विचारधारात्मक सकट ने सर्वोपरि ईसाई धर्म के उदय तथा प्रसार मे अपनी अभिव्यक्ति पायी।

कोलोनस प्रथा का उदय

दास-श्रम और दासप्रथा पर आधारित अर्थव्यवस्था अब समय की अपेक्षाओ को पूरा करने मे असमर्थ थे। गुलाम को अपनी मेहनत के फलो मे कोई दिलचस्पी नही थी और वह हमेशा दबाव मे ही काम करता था। गुलामो की विराट सख्या के समुचित अधीक्षण को सुनिश्चित करना लगभग असभव या कम से कम बहुत जटिल तो था ही और यह हालत दास श्रम के

आधार पर गठित बडी जमीदारियों के विकास म अवरोध की तरह काम करने लगी थी।

दूसरी सदी के उत्तरार्ध म रोमन सम्राटो को दासस्वामियो की शक्ति और अधिकारो को एक हद तक सीमित करनेवाले कई कदम उठाने पडे। जमीदारियो म मौजूद दास-बदीगृहो को खत्म कर दिया गया और गुलामो को हमेशा बेडियो म रखना गैरकानूनी बना दिया गया। इसके अलावा दास स्वामियों को अब अपने गुलामो को जान से मारने का हक नही रहा। इस प्रकार मालिको और गुलामो के सबधो मे राज्य अब पहले की बनिस्बत कही अधिक सक्रिय भूमिका का निर्वहन करने लगा।

दूसरी तरफ दासस्वामी स्वय दासो को काम करने के लिए प्रोत्साहन और प्रेरणा प्रदान करने लगे। कुछ अपने गुलामो को भाडे पर काम करने के लिए भेजने लगे और इस तरह अर्जित आय के एक हिस्से को दासो के पास रहने देने लगे। इससे भी ज्यादा आम रिवाज यह था कि दासो को जमीन के टुकडे कारखाना या दूकान के रूप म कुछ सपत्ति दे दी जाती थी। इस प्रकार गुलाम अपना कारोबार चला सकता था और अपनी आय का एक हिस्सा मालिक को एक तरह के मुक्ति-लगान की तरह देता रहता था।

लेकिन सबसे महत्वपूर्ण नयी प्रवृत्ति कोलोनसो की बढती हुई सख्या थी। कोलोनस उन लोगो का (आम तौर पर स्वतत्र लोगो) दिया गया नाम था जो लगान पर जमीन लिया करते थे। जमीन को लगान पर देने की प्रथा बहुत पुरानी थी लेकिन दास श्रम पर चलनेवाली जागीरो के स्वर्ण काल मे यह सामूहिक पैमाने की प्रथा का रूप नही ले पायी थी। लेकिन अब जमीदार और विशेषकर साल्तियो (बडी जागीरो) के मालिक इस निष्कर्ष पर पहुच चुके थे कि अपनी जमीन की काश्त के लिए कई सौ गुलामो को लगाने के बजाय जमीन को छोटे छोटे टुकडो म विभाजित करके उसे कोलोनसो को लगान पर दे देना उनके लिए कही अधिक लाभदायक रहेगा।

इस तरह कृषि श्रम का यह नया स्वरूप अधिकाधिक व्यापक होता गया। दूसरी सदी के अत तक कोलोनसो और जमीन के टुकडे रखनेवाले गुलामो या मुक्त दासो (सपत्ति का अधिकार रखनेवाले) के बीच भेद करीब करीब गायब हो चुका था। वे साल्तीस्वामियो पर लगभग समान मात्रा मे निर्भर थे अलग फार्मो अथवा गावो मे रहते थे, जिनमे अपनी कार्यशालाए दूकाने और बाजार थे, जहा जमीन को काश्त करनेवाले अपनी उपज को बेचते थे और अपनी जरूरत की चीजे खरीदते थे।

तीसरी शताब्दी के सकट काल मे जब शहरी जिंदगी प्रगतिरोध की अवस्था मे पहुच चुकी थी और बहुत कम मुद्रा ही परिसचरण मे थी, तब बडी जागीरो के मालिको ने अपना लगान जिस रूप मे मागना शुरू कर

दिया। कोलोनस को अब अपने मालिक को अपनी फसल का एक हिस्सा (आम तौर पर तिहाई) देना पडता था और साल मे छ से बारह दिन मालिक की ज़मीन पर काम करना पडता था। यह कोलोनसो के बधन के आरभ का द्योतक था, जिसे चौथी सदी मे सम्राट कोन्स्तान्तीन के शासन-काल मे विहित करके कानून बना दिया गया। कोलोनसो की स्थिति अधि-काधिक भूदासो जैसी बनने लगी। कोलोनस का काम कई लिहाज से दास के काम मे एक सुधार था – कोलोनस, जो अपने श्रम के उपकरणो का स्वामी था, उनकी ज़्यादा ध्यान मे देखभाल करता था और चूकि उसे अपनी उपज का सिर्फ एक हिस्सा ही मालिक को देना होता था, इसलिए अपनी मेहनत के फलो म उसका ज़्यादा निहित स्वार्थ था। ये सभी कारक इस तथ्य के द्योतक थे कि दासस्वामी-अर्थव्यवस्था और दासप्रथा अब कालातीत हो चुकी थी और उनकी जगह अर्थव्यवस्था तथा श्रम के एक नये और अधिक फलोत्पादक रूप द्वारा लिया जाना अनिवार्य था। रोमन दासस्वामी समाज के गहन आर्थिक सकट का मर्म यही था।

ईसाई धर्म

ईसाई धर्म, जो रोमन साम्राज्य के सकट की विचारधारात्मक अभिव्यक्ति था, पहली सदी ईसवी मे प्रकट हुआ था लेकिन दूसरी सदी के अत के बाद से यह बहुत ही तेज़ी के साथ फैला। अनेक देवी-देवताओ, महज विश्वासो और कर्मकाडोवाला रोमनो का प्राचीन धर्म अब समाज की आध्यात्मिक आवश्यकताओ को तुष्ट करने के लिए काफी नही रह गया था। सम्राट की पूजा, जिसे स्वय सम्राट बहुत महत्व देते थे इस कसर को पूरा करन के लिए और भी अधिक अपर्याप्त थी। इस कारण पूर्व के कई धर्म और विश्वास – मिस्री देवी ईसिस, पारसीक देव मित्रस और यहूदी देवता येहोवा की उपासना और अतत, ईसाई धर्मशिक्षा जो पूर्वोक्त देवी-देवताओ की उपासना से किसी भी प्रकार कम महत्वपूर्ण नही थी, रोम मे जड पकडने और लोकप्रियता प्राप्त करने लगे।

इस नये धर्म के सस्थापक नाजरेथ निवासी यीशू या ईसा थे जो ईश्वर के पुत्र और मानवजाति के त्राता होने का दावा करते थे। बाइबिल (इजील) मे बताया गया है कि किस तरह वह अपने शिष्यो के साथ घूमते हुए चमत्कार करते थे और लोगो को उपदेश देते थे। बाद मे उन्हे गिरफ्तार कर लिया गया और सलीब पर लटकाकर बडे यत्रणामय और अपमानजनक तरीके से उनकी जान ले ली गयी। इजील की कथा हमे यह भी बताती है कि किस प्रकार वह मृत्यु के तीसरे दिन पुनर्जीवित हो उठे और स्वर्ग मे

आरोहण कर गये। नये धर्म के अनुयायियों ने ईसा मसीह के पार्थिव जीवन के बारे में इसी कथा का प्रचार किया था।

ईसाई धर्म ने, जो फिलिस्तीन में पैदा हुआ था और रोमन साम्राज्य के अन्य नगरों तथा देशों में भी फैल गया था, प्रारंभिक ईसाई समुदायों की जीवन प्रणाली की सादगी, समानता और मरणोपरांत जीवन में विश्वास के कारण बहुत से अनुयाइयों को आकर्षित किया। ईसाई समुदायों में सबसे अधिक आबादी के निर्धनतर सस्तर ही शामिल हुए थे, जैसे गरीब किसान, आजाद किये हुए दास और दास। इसने शाही अधिकारियों के सन्देह को जगा दिया और उन्होंने ईसाइयों का दमन करना शुरू किया। लेकिन फिर भी नया धर्म तेजी से जड़ पकड़ता और फैलता गया।

ईसाई धर्म के विकास में एक नयी मंजिल का आरंभ दूसरी सदी में हुआ, जब ईसाई बिरादरियां रोमन समाज के नेतृत्व में संयुक्त हो गयीं। नये धर्म के रहनुमाओं का पदानुक्रम अधिक जटिल हो गया – उसमें धर्माध्यक्ष (बिशप) पैदा हो गये और बिरादरी के आर्थिक मामलों की देखरेख करनेवालों के लिए उपयाजक (डीकन) का पद शुरू किया गया। समुदायों की सामाजिक संरचना भी बदलने लगी – रोमन समाज के ऊपरी वर्गों के अधिकाधिक सदस्य धर्मपरिवर्तन करके नये धर्म के अनुयायी बनने लगे। इस प्रकार धीरे धीरे एक शक्तिशाली संगठन ने रूप ले लिया, जिसे आगे चलकर ईसाई चर्च के नाम से विज्ञात होना था। धीरे धीरे रोमन सरकार और सम्राटों ने यह समझ लिया कि यह नया धर्म, जो लोगों से विनयशील होने का और 'इस संसार की असार वस्तुओं' की ओर ध्यान न देने का तकाजा करता है और उनके सारे कष्टों के लिए स्वर्ग में परितोष की प्रतिश्रुति करता है, उनके हाथों में एक उपयोगी औजार बन सकता है।

इस कारण चर्च और राज्य के बीच की दरार धीरे धीरे भर गयी और इसमें अचरज की कोई बात नहीं है कि ईसाई धर्म अंत में आधिकारिक रूप से मान्य राज्य धर्म बन गया। चर्च तथा राज्य के प्रभाव-क्षेत्रों की विभाजक रेखा को निर्धारित कर दिया गया – ईसा को स्वर्ग का सम्राट मान लिया गया और रोमन सम्राट को साम्राज्य का इहलौकिक शासक।

प्रभुतंत्र या दोमिनेत

रोमन साम्राज्य की हालत इतनी संगीन होने के बावजूद उसके शासक राज्य की नैया को कुछ समय तक चालू रख सके। वस्तुतः साम्राज्यिक सत्ता का पुनः सुदृढ़ीकरण ही हुआ। साम्राज्य के उत्तरवर्ती काल में राज्य का जो ढांचा स्थापित किया गया था, वह "दोमिनेत" या प्रभुतंत्र कहलाया (लातीनी

शब्द "दोमिनुस' का अर्थ है प्रभु या स्वामी)। यह पूर्व के स्वेच्छाचारी राज्यो की याद दिलानेवाले खुले राजतत्रीय स्वरूप का राज्य था। उन सभी गण-तत्रीय लक्षणो को अब तज दिया गया, जिन्हे प्रिमीपेत के जमाने मे कायम रखा गया था। सीनेट की हैमियत अब रोम की नगर परिषद मे अधिक न थी और ठाठदार पूर्वी तर्ज पर दरवारी शिष्टाचार और तौर-तरीके भी विक-सित हो गये।

दिओक्लेतियन (२८४-३०५) के शासनकाल मे, जो एक प्रतिभाशाली सगठनकर्ता और सयतवुद्धि राजनीतिज्ञ था, शाही सत्ता का और भी सुदढी करण हुआ। कई प्रातो की अलगाव की प्रवृत्तियो को ध्यान मे रखते हुए दिओक्लेतियन ने साम्राज्य को चार भागो मे विभाजित कर दिया और तीन सहशासको या सहकर्मियो को नियुक्त किया (चतु शासकत्व)। इसके अलावा पूरे साम्राज्य को १०१ सूबो मे बाट दिया गया और सूबो के विभिन्न समूहो को दिओसीज नामक बडी प्रशासनिक इकाइयो मे मिला दिया गया, जिनकी सख्या बारह थी।

इन प्रशासनिक सुधारो के अलावा दिओक्लेतियन ने समान मात्रा मे प्रति व्यक्ति भू-कर लगाकर कर-सुधार भी किया और मुद्रा परिमचग्ण के क्षेत्र मे आवश्यक सतुलन की पुन स्थापना करने के लिए वित्तीय सुधार किया तथा नियत मूल्यो के बारे मे अपना सुप्रसिद्ध राजादेश जारी किया। यह राजादेश सर्वावश्यक वस्तुओ की कीमतो और पारिश्रमिक के राजकीय नियमन का अब तक कभी भी किया गया सर्वप्रथम प्रयास था।

३०५ मे दिओक्लेतियन ने सिहासन त्याग दिया और यद्यपि सत्ता अब भी औपचारिक रूप मे उसके भूतपूर्व सहकर्मियो के हाथो ही रही, फिर भी सिहासन के नये दावेदार पैदा हो गये। उनमे झडपे शुरू हो गयी जिन्होने एक और गृहयुद्ध को जन्म दिया। इस सघर्ष मे दिओक्लेतियन के एक सहकर्मी का बेटा कोन्स्तान्तीन विजयी हुआ और उसने ३०६ से ३३७ तक शासन किया। कोन्स्तान्तीन को अपने प्रतिद्वद्वियो से कई वर्ष सघर्ष करना पडा और आखिर जब वह रोमन साम्राज्य का एकमात्र शासक बन गया तो उसने साम्राज्य के चार भागो मे विभाजन को कायम रखा, यद्यपि उसने चतु-शासक प्रणाली का अत कर दिया था। चारो भागो मे से प्रत्येक पर अब सम्राट के प्रति उत्तरदायी प्रीफेक्ट (अधिपति) शासन करने लगा।

कोन्स्तान्तीन को ईसाई चर्च ने 'महान" की उपाधि प्रदान की। वह बहुत ही चालाक और स्वार्थी शासक था, लेकिन साथ ही वह बडा दूरदर्शी राजनीतिज्ञ भी था। चर्च और राज्य के बीच मैत्री की स्थापना उसी के शासन-काल मे हुई। ३१३ मे मीलान मे जारी किये गये एक राजादेश द्वारा ईसाइयो को धार्मिक स्वतत्रता प्रदान कर दी गयी। उसी समय से चर्च शाही सत्ता का

एक विश्वसनीय मित्र और पैरोकार बन गया और सम्राट चर्च के संरक्षक बन गये। उन्होंने उसे मुक्तहस्त दान देकर, जिसमे धन भी शामिल था और जायदाद भी, खूब समृद्ध बनाया।

११ मई ३३० को कोन्स्तान्तीन रोमन साम्राज्य की राजधानी को पूर्व मे बासफोरस के तट पर ले गया। प्राचीन यूनानी उपनिवेश बैज़ंतिया (बाइजेंटाइन) का प्रसार और पुनर्निर्माण किया गया और सम्राट के सम्मान मे उसका नाम कोन्स्तान्तीनोपोल (कुस्तुतुनिया) रखा गया। राजधानी का पूर्व को स्थानांतरण कोई आकस्मिक घटना नही थी—पूर्वी सूबे पश्चिमी प्रांतो की अपेक्षा अधिक समृद्ध और सांस्कृतिक दृष्टि से अधिक उन्नत थे और साम्राज्य के आर्थिक तथा सांस्कृतिक केंद्र व्यवहार मे बहुत समय से पूर्व मे ही थे। साम्राज्य के राजनीतिक केंद्र को भी वही ले जाना पूर्णत तर्कसगत कदम था।

कोन्स्तान्तीन की मृत्यु के बाद सिंहासन के लिए युद्ध फिर छिड गया। कुछ साल सत्ता उसके पुत्र कोन्स्तान्तियस के हाथो मे रही और फिर उसके पोते जूलियन के हाथो मे चली गयी। जूलियन का शासनकाल इस बात के लिए स्मरणीय है कि उसने प्राचीन रोमन धर्म को फिर से स्थापित करने की कोशिश की थी, जिसका अंत पूर्ण असफलता मे हुआ।

पश्चिमी साम्राज्य का पतन

रोमन साम्राज्य के पतन मे योगदान करनेवाला एक निर्णायक कारक जातियो का एक नया विराट देशांतरण था। इस देशांतरण को प्रारंभिक संवेग हूणो ने प्रदान किया था, जो संभवत मंगोली उद्गम के खानाबदोश कबायली थे और जो नये चरागाहो और जमीनो की तलाश मे मध्य एशियाई स्तेपियो से काले सागर के तटो की तरफ धीरे धीरे बढते आ रहे थे। आगे बढते हुए उन्होंने ओस्त्रोगोथ (पूर्वी गोथ) सभ्य के कबीलो मे से कुछ को तो जीत लिया और कुछ को भागने पर मजबूर किया। परवर्तियो ने अपनी बारी मे विसीगोथ (पश्चिमी गोथ) कबीलो पर दबाव डाला। शरण की खोज मे विसीगोथ कबीलो के नेताओ ने रोमन सम्राट वालेस से उन्हे डेन्यूब नदी को पार करके साम्राज्य के भीतर बस जाने की आज्ञा मागी। यह आज्ञा इस शर्त पर दे दी गयी कि गोथ लोग साम्राज्य के सीमातो की रक्षा करेंगे।

गोथ डेन्यूब के पश्चिमी तट पर मीसिआ और थ्रेस प्रातो मे बस गये। लेकिन शान्तिमय और निश्चिंत जीवनयापन करने की उनकी आशाओ का बहुत जल्दी ही बडी क्रूरता के साथ मिट्टी मे मिल जाना था। कुछ ही बाद रोमन प्रशासको और सेनानायको ने उनके अधिकारो और स्वतंत्रताओ की

हर तरह से अवमानना करना शुरू कर दिया। उनके बीवी-बच्चो को पकड-पकडकर गुलामो की तरह बेचा जाने लगा। गोथ कबीलो के पास खाने की कमी थी और उनके यहा अक्सर अकाल पडा करते थे। इन कारको के फल स्वरूप ३७७ मे एक विद्रोह फूट पडा। विद्रोह दावानल की तरह फैल गया और सम्राट वालेस उसे कुचलने के लिए रोमन सेना को लेकर गया। ३७८ मे अद्रियानोपोल नामक स्थान पर जबरदस्त लडाई हुई, जिसमे रोमन बुरी तरह हारे और जिसके दौरान स्वय सम्राट भी मारा गया।

गोथो के साथ लडाई कई साल चलती रही। उन्हे अतत वालेस के एक उत्तराधिकारी थिओदोसियस ने पराजित किया, जिसने ३७९ से ३९५ तक राज्य किया था। उसके शासनकाल मे साम्राज्य के पूर्वीय तथा पश्चिमी भागो का अतिम बार एकीकरण हुआ। थिओदोसियस के शासनकाल मे ईसाई धर्म की पूर्ण विजय भी हुई, अब वह केवल राज्य धर्म ही नही, अपितु एकमात्र मान्यताप्राप्त धर्म भी बन गया। थिओदोसियस के राजादेशो ने बलिदानो को निषिद्ध कर दिया और आदेश दिया कि रोमन मदिरो को आगे मे कोई अनुदान नही दिये जायेगे और उनकी ज़मीनो को जब्त कर लिया जायेगा। साम्राज्य के कुछ नगरो मे, उदाहरण के लिए सिकदरिया मे, प्राचीन रोमन धर्म के अनुगामियो के हत्याकाड आयोजित किये गये।

थिओदोसियस की मत्यु के बाद साम्राज्य सदा-सदा के लिए दो भागो मे विभाजित हो गया। पूर्वी साम्राज्य को, जो वैज़तिया के नाम से [illegible] हुआ, पद्रहवी शताब्दी के मध्य तक एक सयुक्त राज्य के [illegible] बने रहना था। इसके विपरीत पश्चिमी साम्राज्य, जो [illegible] [illegible] पहले ही कमज़ोर हो चुका था, बर्बर कबीलो के बढते हुए [illegible] का [illegible] मे असमर्थ रहा।

पाचवी सदी के आरभ मे गोथो ने फिर से [illegible] किया। अलेरिक के नेतृत्व मे उन्होने इटली पर [illegible] [illegible] सनातन नगर रोम को घेर लिया। जल्दी ही नगर मे [illegible] [illegible] और सीनेट ने अलेरिक से वार्ताए आरभ की। लेकिन [illegible] से असतुष्ट होकर २४ अगस्त, ४१० को अलेरिक [illegible] के साथ नगर मे [illegible] आया। नगर-द्वार दासो ने खोले थे, [illegible]

गोथो की रोम विजय का [illegible] [illegible] के बाद, जब गालो ने सनातन [illegible] [illegible] कि 'पृथ्वी का प्रकाश [illegible] था।

अगले पचास-साठ साल [illegible] होते रहे और रोमन [illegible] मे वैडल नामक जर्मनीय [illegible]

४५५ में उनके राजा गेजेरिक ने इटली को अपने अधीन कर लिया और रोम को मिट्टी में मिला दिया। ४४६ में ब्रिटेन पर आन्गल-सैक्सनों का आक्रमण हुआ। इसी बीच हूण राजा अतीला के नेतृत्व में डैन्यूब के तटवर्ती इलाकों में बर्बर कबीलों के एक बड़े महासंघ की स्थापना हुई। हूणों ने सबसे पहले बाल्कन प्रदेशों का विनाश किया और फिर गाल की तरफ कूच किया। ४५१ में शैलों नामक स्थान पर 'जातियों का युद्ध' हुआ, जिसमें हूण रोमनों तथा बर्बरों—फ्रैंकों, गोथों और बर्गेडियाइयों की मिश्रित सेना द्वारा पराजित किये गये। इस पराजय के बाद अतीला पीछे हटकर राइन के पार चला गया, लेकिन अगले साल उसने उत्तरी इटली पर एक बार फिर हमला किया। तथापि वह इसके कुछ ही बाद मर गया (४५३ में) और उसीके साथ साथ हूण संघ का भी अंत हो गया।

पश्चिमी साम्राज्य व्यवहार में अस्तित्वहीन हो चुका था। इटली विनष्ट हो चुका था और रोम एक प्रादेशिक कसबे से ज्यादा कुछ नहीं रह गया था। जिस फोरम में कभी दुनिया की किस्मत का फैसला किया जाता था, उसमें घास उग आयी थी और सूअरों को चरने के लिए छोड़ दिया जाता था। पश्चिमी सम्राट अब बर्बर सेनाओं के नेताओं के हाथों में नगण्य मोहरे थे। ४७६ में उनमें से जर्मनीय भाड़े के सैनिकों के एक नेता ओदोसर ने अंतिम सम्राट रोमूलस आगस्तुलस को गद्दी से उतार दिया और स्वयं इटली में पूर्वी सम्राट का प्रतिशासक (रीजेंट) बन बैठा। इस प्रकार पश्चिमी साम्राज्य के नाममात्र के अस्तित्व का भी अंत हो गया। पारंपरिक रूप में ४७६ के साल को पश्चिमी साम्राज्य के पतन की तिथि माना जाता है।

पश्चिमी साम्राज्य के पतन का ऐतिहासिक महत्व

पश्चिमी साम्राज्य के पतन का ऐतिहासिक महत्व निस्संदेह अंतिम सम्राट, जिसे किसी भी तरह से उल्लेखनीय शासक नहीं कहा जा सकता, का तख्ता उलटे जाने के तथ्य में नहीं, बल्कि इस विराट दासस्वामी समाज के ढहने में, दास अर्थव्यवस्था पर आधारित राज्य के पतन में सन्निहित है। इस प्रकार की राजनीतिक संरचना और आर्थिक प्रणाली अब कालातीत हो चुकी थी और यह इसी कारण था कि रोमन साम्राज्य, जो तीसरी सदी के गहन सामाजिक संकट से पहले ही आंतरिक रूप में निर्बल हो चुका था, अपने बर्बर शत्रुओं के बढ़ते हुए दबाव से न बच सका। रोमन साम्राज्य का आर्थिक आधार तभी कमजोर हो चुका था, जब कोलोनस प्रथा ने जड़ें जमाना और शनैः शनैः दास-श्रम की जगह लेना शुरू किया था। तथापि एक राजनीतिक इकाई के रूप में रोमन साम्राज्य ने अपने को इतना काफी मजबूत

सिद्ध किया कि इस सकट से फिलहाल बचकर निकल आ सके। दासस्वामी समाज के अतिम दुर्ग के, और उसी के साथ-साथ दासता पर आधारित अर्थतत्र तथा दासस्वामी अभिजातो और जमीदारो की शक्ति के ध्वस्त होने के लिए साम्राज्य के भीतर अभी डेढ सदी और वर्ग सघर्ष चलना था और सीमातो पर लगातार दबाव बढना था। पश्चिमी साम्राज्य के पतन का ऐतिहासिक महत्व इसी तथ्य मे सन्निहित है।

मध्य युग

कई विद्वान मध्य युग शब्द का प्रयोग पश्चिमी रोमन साम्राज्य के पतन (४७६ ई०) और १४५३ मे पूर्वी रोमन साम्राज्य अथवा बैजतिया के पतन के बीच की अवधि को व्यक्त करने के लिए करते है। अन्य विद्वान कोलबस द्वारा १४९२ म अमरीका की खोज को वह घटना मानते है जिसे इस काल के अत का द्योतक माना जाना चाहिए। तथापि इस बारे मे सभी एक ही विचार क है कि मध्य युग के अत को पद्रहवी सदी के अतिम दशको मे बाद म नही रखा जाना चाहिए। मध्य युग शब्द ने सत्रहवी शताब्दी के मानवता वादियो द्वारा लिखित पाठ्यपुस्तको तथा सुलभ इतिहासो मे जडे पकडी थी जो अपन समय को विज्ञान के पुनर्जन्म तथा क्लासिकी युग की कला म रुचि क फिर से पैदा होने का युग समझते थे और इस पुनर्जागरण (रेनेसा) तथा क्लासिकी काल के बीचवाले समय को मध्य युग (मेडियम ईवम) कहते थे और उसे वर्बरतापूर्ण विजयो अज्ञान और अधविश्वास के, गहन सास्कृतिक अपकर्ष क समय के रूप म चित्रित करते थे।

सोवियत इतिहासकार मध्य युग शब्द का प्रयोग एक विशिष्ट सामाजिक ढाचे – सामतवाद (फ्यूडलिज्म) – द्वारा अभिलक्षित युग के लिए करते है। अपने पूर्ववर्ती दासस्वामी समाज की ही भाति सामती समाज भी एक वर्ग-समाज था – वह मेहनतकश आबादी के शोषण पर आधारित था। सामतवाद इस अथ मे पूववर्ती समाज से भिन्न था कि मेहनतकश लोग अब मालिको के गुलाम नही वरन उनपर मात्र निर्भर या उनके कम्मी अथवा भूदास हुआ करते थे।

सामती समाज मानवजाति के इतिहास की एक अत्यत महत्वपूर्ण मजिल था और दासस्वामी समाज की तुलना मे यह एक प्रगतिशील समाज था। मानव

श्रम ही समस्त भौतिक तथा आध्यात्मिक सम्पत्ति के आधार का निर्माण करता है और मानवजाति के उज्ज्वलतर भविष्य की ओर विकास तथा प्रगति को निर्धारित करता है। दासप्रथा के युग में शारीरिक श्रम, जो जाति की भौतिक अवस्थाओं के निर्माण की आवश्यक पूर्वापेक्षा है, सर्वप्रथम और सर्वोपरि रूप से दास के हिस्से में ही आया, जो अपने काम से नफ़रत करता था और जिसे सिर्फ़ डंडे के बल पर ही उसके लिए मजबूर किया जाता था। रोमन साम्राज्य के ह्रास के समय दासस्वामी गुलामों की अपने काम में दिलचस्पी पैदा करने की आवश्यकता को समझ गये, उन्होंने उन्हें जमीन के छोटे छोटे टुकड़े रखने और उनको काश्त करने और अपने परिवार बनाने की छूट दे दी। इस तरह से भावी सामंती समाज की बुनियाद पड़ी।

सामंती युग में जमीन सामंती प्रभुओं की सम्पत्ति हुआ करती थी, लेकिन उसे वे छोटे छोटे टुकड़ों में अपने "आदमियों" के बीच, अपने दासो अथवा भूदासो के बीच बांट दिया करते थे, जिन्हें जमीन के बदले अपने प्रभु या स्वामी के लिए काम करना पड़ता था या अपनी उपज का हिस्सा उसे देना पड़ता था। लेकिन सामंती प्रभु पर निर्भर इन लोगों, भूदासो की हस्ती छोटे किसान की हुआ करती थी और उनके अपने सुपरिवार होते थे। चूंकि अधिकांश मामलों में प्रथा द्वारा यह निर्धारित था कि किसान को अपनी उपज की कितनी मात्रा अपने स्वामी को होगी इसलिए भूदास यह पहले से जानते थे कि अगर वे अपनी उत्पादिता के स्तर को ऊंचा कर ले, तो उन्हे स्वयं अधिक उपज अपने उपयोग के लिए उपलब्ध होगी और इस प्रकार वे अपने परिवार की रहन-सहन की हालत को सुधार सकेगे। इस प्रकार इसका यह परिणाम हुआ कि अपने पूर्ववर्ती दास के विपरीत भूदास का अपनी उत्पादिता की वृद्धि करने में निहित स्वार्थ हो गया। इसी तथ्य मे सामंती समाज का प्रगतिशील पहलू सन्निहित था, जिसे आगे चलकर और भी अधिक उन्नत पूंजीवादी अर्थव्यवस्था में संक्रमण का पथ प्रशस्त करना था।

पहला अध्याय

सामंतवाद में संक्रमण। यूरोप में पहले सामंती राज्यों का उदय

रोमन साम्राज्य के पतन और उसके प्रदेशों पर बर्बरों का अधिकार हो जाने के बाद के प्रारंभिक काल में घोर सांस्कृतिक अवनति हुई। क्लासिकी कला और विज्ञान की महती उपलब्धियों का कुछ ही समय के भीतर नामो-निशान भी बाकी न रहा। बर्बर जन – जर्मन और स्लाव* – अभी आदिम पितृतंत्रीय समुदायों में ही रह रहे थे और युद्ध को वह सब प्राप्त करने का एक साधन समझते थे, जिसे वे अभी तक अपने श्रम से नहीं पैदा कर सकते थे या पैदा करना नहीं जानते थे। वे शहरों और देहातों को लूटते, धनी नागरिकों को कैद करके ले जाते और फिर भारी फिरौती – मुक्ति धन – की मांग करते, या उनकी जागीरों और चरागाहों पर कब्ज़ा करने के पहले उनका काम तमाम कर देते। कभी-कभी वे स्थानीय आबादी को अपनी आय का एक तिहाई उन्हें देने के लिए मजबूर करते थे। स्वयं रोम को कई बार लूटा और बरबाद किया गया।

बर्बरों द्वारा हड़पे इलाकों में शिल्पों और व्यापार का तेजी से ह्रास हुआ और रोमन साम्राज्य के नगरों (विशेषकर भूतपूर्व पश्चिमी सूबों के नगरों) तथा अन्य देशों के बीच के सूत्र जल्दी ही विलुप्त हो गये। हर बस्ती शनै शनै अपने ही पर निर्भर होती गयी और पश्चिमी साम्राज्य जो धीरे धीरे कई बर्बर राज्यों में विभक्त हो गया था, नैसर्गिक (विनिमय-हीन, मुद्राहीन) अर्थव्यवस्थावाली नानासंख्य इकाइयों का समूह बन गया।

---

* 'बर्बर' शब्द यूनानी भाषा के बरबारस शब्द से बना है, जिसका प्रयोग यूनानी उन सभी लोगों के लिए करते थे, जिनकी भाषाएं उन्हें ऊटपटांग, अबोधगम्य लगती थी।

लेकिन यह मान लेना गलत होगा कि ये सभी मूलगामी परिवर्तन अनिष्ट जैसे समझे जाते थे। रोमन साम्राज्य ने अपने नागरिकों की स्थिति को भारी करों के बोझ, प्रशासनाधिकारियों की अंतहीन फौज के असहनीय उत्पीडन, सैनिकों को लोगों के घरों में जबरदस्ती और निःशुल्क टिकाये जाने और रोमनों के जाकर स्थानीय अमीरों के निर्मम शोषण से दूभर कर दिया था। अतः आबादी अक्सर बर्बरों का मुक्तिदाताओं के रूप में स्वागत करती थी, क्योंकि स्थानीय अमीरों के साथ चाहे वे कितनी ही बुरी तरह और कभी कभी निर्दयता से भी क्या न पेश आते थे, सामान्य लोगों को वे आम तौर पर कोई नुकसान नहीं पहुंचाते थे, गुलामों को आजाद कर देते थे और शाही अधिकारियों के असहनीय उत्पीडन के बोझ को दूर कर देते थे। साम्राज्य के पतन के एक प्रत्यक्षदर्शी आरोसिअस नामक रोमन ने बर्बरों के आक्रमण के बारे में यह कहा था : "बर्बरों ने अपनी तलवार अलग रखकर अब हलों की मूठें थाम ली हैं और बच रहे रोमनों के साथ साथियों और मित्रों जैसा व्यवहार करना शुरू कर दिया है। रोमनों में ऐसे लोग तक मिल सकते हैं कि जो रोमन शासन के अधीन रहने और भारी कर अदा करने की बनिस्बत बर्बरों के साथ गरीबी में रहना, मगर अपनी आजादी बनाये रखना श्रेयस्कर समझते हैं।

केल्ट तथा जर्मनीय कबीलों का सामाजिक ढांचा

रोमन साम्राज्य के उत्तर और पूर्व में, मध्य तथा पूर्वी यूरोप में कितने ही बर्बर कबीले रहते थे। रोमनों के निकटतम पडोसी पश्चिमी यूरोप में केल्ट और मध्य यूरोप में जर्मनीय कबीले थे। केल्ट कबीलों को जल्दी ही जर्मनियों ने पीछे धकेल दिया। दोनों जातियों में कुछ अंतर्मिश्रण भी हुआ और इस समय जो एकमात्र केल्ट लोग हैं, वे आयरी, स्काट, वेल्श और उत्तर पश्चिमी फ्रांस के ब्रेतन हैं। शेष केल्ट जनों का उत्तरवर्ती इतिहास जर्मनीय जनों के इतिहास के साथ जुडा हुआ है। आरंभ में जर्मनीय जन पश्चिम में राइन और पूर्व में ओडर नदियों के बीच के प्रदेश में रहा करते थे। उनके पूर्व में लिथुआनी, फिनी और स्लाव कबीले रहते थे, जिन्हें उन्हें धकेलते हुए ईसोपरांत पहली सदियों में एल्ब नदी के पार भगा दिया। जर्मनीय कबीले शनैः शनैः सारे पश्चिम में बस गये – उन्होंने पूरे पश्चिमी यूरोप और ब्रिटिश द्वीपसमूह पर कब्जा कर लिया। ये सभी कबीले आदिम पितृतंत्रीय ढांचे में रहते थे और वे बडी बडी पारिवारिक इकाइयों से निर्मित गोत्र या कुल समूहों में विभक्त थे।

जर्मनीय कबीलों के बारे में जानकारी हमें जूलियस सीजर से, जिसने

उनसे पहली सदी ई० पू० के मध्य मे मामना हुआ था, और तेसितस से, जिसने पहली सदी ई० के अतिम भाग मे उनकी जीवन प्रणाली और रीति-रिवाजो का अध्ययन किया था, प्राप्त हुई है।

जूलियस सीजर के जमाने मे जर्मनीय क्वीलो के मुख्य उद्यम शिकार, मछली पकडना और पशुपालन थे, लेकिन – जैसा कि सीजर ने लिखा है – फसली या नियमित कृषि मे वे ज्यादा दिलचस्पी नही दिखलाते थे। बडे-बडे गोत्र समूह किसी जमीन पर वस जाते थे, जिसे वे मामूहिक तौर पर काश्त करते थे और बाद मे उपज को आपम मे बाट लेते थे। लेकिन इसके डेढ सौ साल बाद ही हम पाते है कि कृपि उनका मुख्य उद्यम बन गया था और वे जमीन को "पारिवारिक' जोतो मे विभाजित करने लगे थे, जिनमे प्रत्येक पारिवारिक इकाई मे तीन पीढिया होती थी। इनमे मे प्रत्येक परिवार अपने सामान्य टुकडे पर मिलकर काम करता था। जर्मनीय जनो मे जमीन का निजी स्वामित्व न तो मीजर और न तेसितस के समय मे ही देखने मे आता है। उनके द्वारा अधिकृत जमीन अगर जगलो से ढकी होती थी, तो वे पेडो को जला डालते थे और जमीन को पारिवारिक टुकडो मे बाट लेते थे। वे लकडी के आदिम हलो का इस्तेमाल करते थे उसी जमीन पर लगातार कई साल खेती करते थे और फिर उमे कई साल के लिए खाली पडा रहने देते थे और इस बीच या तो जमीन के नये टुकडे साफ कर लेते थे, या पहले से साफ किये टुकडो को काश्त करने लगत थे। चूकि आबादी अभी बहुत कम थी इसलिए किसी भी गोत्र ममूह को जमीन की कभी भी किल्लत नही होती थी। लेकिन यह हालत हमेशा ही नही बनी रह सकी और जल्दी ही जर्मनीय जन नयी जमीनो की तलाश मे रोमन प्रदेशो पर आक्रमण करने लगे, जहा बहुत लबे समय से स्थायी और नियमित कृपि का प्रचलन था।

ये कबीले गावो मे रहा करते थे और प्रत्येक ग्राम सामूहिक आधार पर व्यवस्थित होता था। गाव की कृपि भूमि पारिवारिक समूहो के बीच बटी होती थी और चरागाह, जगल तथा बागर शामिलात जमीन होते थे। हर गाव की आबादी का अधिकाश कबीले के स्वतत्र सदस्यो का हुआ करता था, जिन्हे समान अधिकार प्राप्त होते थे।

लेकिन बर्बर समुदायो मे शीघ्र ही विभिन्न श्रेणियो को पैदा हो जाना था। गोत्र तथा सैन्य पदानुक्रमो का उदय हो गया। इन समूहो के प्रतिनिधियो के पास गोत्र के अन्य पूर्ण सदस्यो से ज्यादा जमीन होती थी। उनके पास पशुधन भी अधिक होता था और कभी-कभी दास भी होते थे। इन बर्बर ममुदायो म गुलामो को अपने मालिक की जमीन को काश्त करना होता था और अपनी खुद की उपज का एक हिस्सा अपने स्वामी को देना

होता था। फिर भी इन बर्बर समुदायों की अर्थव्यवस्था का आधार दासप्रथा नहीं थी। दास अपने मालिकों के साथ ही रहा करते थे, अपने स्वामियों की उनके काम में सहायता किया करते थे और रोमन पर्यवेक्षक यह देखकर अचरज में आ जाते थे कि गुलामों के साथ कितनी नरमी बरती जाती थी। तेसितस ने स्पष्ट कहा है कि उसके समय में जर्मनीय लोग अपने दासों को जमीन दिया करते थे उन्हें जमीन के अपने टुकड़े और घर रखने दिया करते थे और बदले में उनसे सिर्फ मुक्ति-लगान ही मांगा करते थे-दूसरे शब्दों में बर्बरों के गुलाम रोम के कोलोनसों की तरह रहा करते थे।

इन समुदायों पर निर्वाचित प्रतिनिधि शासन करते थे जो सारे कबीले, गांव या जिले की सभाओं का आयोजन करते थे। इन सभाओं में महत्वपूर्ण मामलों पर विचार विमर्श किया जाता था और न्यायिक मामले निपटाये जाते थे। समुदायों के सभी वयस्क पुरुष सदस्य सिर्फ काश्त ही नहीं करते थे बल्कि सैनिक भी हुआ करते थे। हथियार रखना पूरे अधिकारों का उपभोग करनेवाले समुदाय के पूर्ण सदस्य का चिह्न माना जाता था। समुदायों के अभिजात और धनी सदस्य अक्सर परिचरों के लश्कर इकट्ठा कर लिया करते थे और इन छोटे छोटे दस्तों की सहायता से, जैसा कि तेसितस ने लिखा है-जिसे और लोग पसीने से अर्जित किया करते थे, उसे खून-खराबा करके हासिल करना बेहतर समझकर पड़ोसी कबीलों पर निरंतर हमले करते रहते थे। ये "अमीर" इसका लिहाज किये बिना अनुचर भरती कर लिया करते थे कि वे किस गोत्र के हैं और यही कारक इस आदिम समाज की गोत्र संरचना के क्रमिक विखंडन का कारण बना। कभी कभी अभिजातों में से कोई कोनूग्र यानी राजा बन बैठता था और फिर कई कबीलों को अपने अधीन एक करना और नयी जमीनें हासिल करने के लिए बड़े पैमाने पर सैनिक कार्रवाइयां करना शुरू कर देता था।

इस प्रकार की विजयें तीसरी और पांचवीं सदियों के बीच बर्बर जातियों के सामूहिक देशांतरण काल के दौरान, जो इतिहास में जातियों के महान देशांतरण के नाम से विज्ञात है, विशेषकर व्यापक थीं, जिसके फलस्वरूप भूतपूर्व रोमन साम्राज्य के प्रदेश पर बड़ी संख्या में बर्बर राज्यों की स्थापना हो गयी।

चौथी सदी में गोथों के अधीन सरदार गेर्मानरीख के नेतृत्व में दनीपर क्षेत्र में बर्बर कबीलों का एक विशाल संघ स्थापित किया गया। इस संघ को नये बर्बर कबीलों-एशियाई स्तेपियों से आनेवाले खानाबदोशों का शिकार होना था। ये लोग हूण थे जिन्होंने कुछ ही पहले चीन पर हमला किया था और उसे तहस नहस कर डाला था।

जातियो के महान देशातरण का प्रारभ। बर्बर राज्यो की स्थापना

चौथी शताब्दी के उत्तरार्ध मे हूणो ने वोल्गा को पार करके गेर्मान रीख द्वारा स्थापित सघ को बुरी तरह पराजित किया और जर्मनीय कबीलो को पश्चिम की तरफ हटने के लिए विवश किया। कुछ गोथ – विसीगोथ (पश्चिमी गोथ) पूर्वी रोमन साम्राज्य के सीमातो को पार करके वर्तमान बुल्गारिया के प्रदेश पर आ बसे (३७६)। साम्राज्य के अधिकारियो ने उनका निर्दयतापूर्वक शोषण किया, जिसके कारण उन्होने शीघ्र ही विद्रोह कर दिया और बैजती सेना को करारी मात दी। फलत बैजतिया को उनके साथ बातचीत चलानी पडी उसने उनमे से कुछ को अपनी सेवा मे ले लिया और उन्हे साम्राज्य के पश्चिमी भाग मे बसने की आज्ञा दे दी। यहा विसीगोथ प्रतिभाशाली नेता अलेरिक के नेतृत्व मे सयुक्त हो गये और ४१० मे रोम पर धावा बोलने और उसे लगातार छ दिन लूटने के पहले उन्होंने आस पास के इलाको मे लूटमार करना शुरू कर दिया। इसके कुछ बाद अलेरिक दक्षिण इटली चला गया जहा उसकी मत्यु हो गयी। बैजतिया के साथ हुई एक सधि के अनुसार उसके वशजो को गरोन नदी और पिरेनीज पर्वतो के बीच के इलाके मे जमीने दे दी गयी। वे लोग वही बस गये और उन्होंने धीरे-धीरे अपनी सत्ता को फैलाते हुए सारे स्पेन को अपने अधिकार म ले लिया। इस प्रकार पश्चिमी गोथो के पहले बर्बर राज्य का जन्म हुआ जिसमे दक्षिण-पश्चिमी फ्रास और स्पेन शामिल थे (४१६)।

चौथी सदी मे गोथो को जीतने के बाद हूण दनेम्नर के तट पर ज्यादा नही टिके, जहा वे शुरू-शुरू मे बस गये थे। पाचवी सदी मे अतीला के रूप मे उन्हे एक दृढसकल्प और निष्ठुर नेता मिल गया जिसने हूणो और कई जर्मनीय कबीलो की एक विशाल सेना एकत्र की और पश्चिम की तरफ चल पडा। उसने बाल्कनो पर कई बार हमला करके बैजतियाई प्रदेशो को उजाडा और सम्राट को खिराज के तौर पर बेशुमार धन देने के लिए मजबूर किया। ४५० मे अतीला ने पश्चिम पर सैन्य अभियान शुरू किया और यद्यपि वह बेल्जियो के देश को उजाडने मे सफल हो गया पर उसकी प्रगति को सयुक्त रोमन तथा बर्बर सेनाओ ने रोक दिया जिन्होंने उसे ४५१ मे शैना सूर मार्न के निकट कतालोनियाई मैदान पर लडाई मे पराजित किया। यद्यपि अतीला और उसकी शेष सेना ने उत्तरी इटली मे विभिन्न नगरो को लूटना जारी रखा पर उसे अब और किसी विजय अभियान पर नही निकलना था। ४५३ मे उसकी मत्यु के बाद उसका साम्राज्य छिन्न भिन्न हो गया और हूण धीरे धीरे स्थानीय आबादी मे घुल मिल गये।

हूणो के मध्य यूरोप मे आ घुसने मे अन्य जर्मनीय कबीले नयी जमाना की खोज मे निकलने को बाध्य हुए। गोथो ने वैडलो को दक्षिणी स्पेन मे निकलने के लिए मजबूर किया जो समुद्र पार करके अफ्रीका चल गये, जहा उन्होने अपना राज्य स्थापित किया और भूमध्य सागर मे लूटमार और जलदस्युता करते हुए रहने लगे। ४५५ मे उन्होने रोम को कब्जे मे ले लिया और उसे पूरे दो हफ्ते लूटा। बर्गडी धीरे धीरे सारी रोन घाटी मे बस गये और फ्रैंक लोग राइन के मुहाने से बढते हुए शेल्ट नदी तक आ गये, जहा से वे लवार नदी तक सारे उत्तरी गाल को जीतने मे सफल हो गये। ४४६ के आसपास जर्मनीय आग्ल सैक्सन जूट तथा थ्यूरिंजी कबीलो ने ब्रिटेन पर आक्रमण किया और वहा कई बर्बर राज्यो की स्थापना की, जिन्हे अनत (नवी सदी तक) इगलैड के रूप मे सयुक्त हो जाना था। इसी बीच ४९३ मे ओस्त्रोगोथो ने राजा थिओदोरिक के नेतृत्व मे इटली को जीत लिया था।

यद्यपि बैजतिया ओस्त्रोगोथो को दबाने और इटली को शेष साम्राज्य के साथ जोडने मे कामयाब हो गया (५५५) पर इतालवी लोग जिन्होने बैजती सेनाओ का मुक्तिदाताओ की तरह स्वागत किया था बर्बरो की अनुपस्थिति का महसूस करने लगे क्योकि वे लोग फिर निर्मम करो और पूर्णत स्वेच्छाचारी नौकरशाही के शिकार हो गये थे। इसलिए यह कोई अचरज की बात नही है कि जब तेरह ही साल बाद ५६८ मे एक नये जर्मनीय कबीले – लबार्ड – ने इटली पर हमला किया तो उन्हे इटली को अधिकार मे लेने – और इस बार सदा के लिए – मे कोई ज्यादा कठिनाई नही हुई। इतिहासकार पाउलस दिआकानस ने लिखा है कि उस समय कई अमीर रोमन लबार्ड राजको (ड्यूको) के अदम्य लोभ के शिकार हो गये जबकि अन्यो को अपनी आय का एक तिहाई बर्बरो को देने को विवश होना पडा।

जर्मनीय कबीलो के पूर्व मे बहुत से स्लाव कबीले रहा करते थे। उनमे तीन मुख्य समूह थे – पश्चिमी, पूर्वी और दक्षिणी स्लाव। पश्चिमी स्लाव विस्चुला ओडर तथा एल्ब नदियो के थाले मे रहा करते थे। चेक और मोराव कबीले एल्ब के ऊपरी इलाको मे रहते थे पोलिश कबीलो का निवास विस्चुला और ओडर के किनारो पर था और पोमेरानी जन बाल्टिक सागर के दक्षिणी तट पर रहा करते थे। जर्मनीय कबीलो की ही भाति इस काल के स्लाव भी आदिम समुदायो मे ही रहा करते थे। स्लाव जनो मे वर्गो और राज्यो का जर्मनीय कबीलो की अपेक्षा बाद मे उदय हुआ।

नवी शताब्दी मे मोराविया के नाम से एक बडा स्लाव राज्य कायम किया गया लेकिन वह अल्पकालिक ही सिद्ध हुआ। * मे इस राज्य पर

पश्चिम से जर्मनो का और पूर्व से खानाबदोश पशुचारी फिनी-ऊग्री कबीलो का दबाव पडने लगा। मोराव राज्य के एक भाग, बोहेमिया ने अपनी स्वतत्रता को बनाये रखा और उसे बाद मे जर्मन जनो के उस साम्राज्य का अग बन जाना था, जो बारहवी शताब्दी के बाद से पवित्र रोमन साम्राज्य कहलाया। ग्यारहवी सदी मे चेक राजक ने बोहेमिया के बादशाह की उपाधि ग्रहण कर ली और जर्मन साम्राज्य का अग होने के बावजूद उसका राज्य खामी मात्रा मे स्वतत्रता का उपभोग किया करता था।

दसवी शताब्दी म विस्चुला तथा ओडर नदियो की घाटियो मे रहनेवाले स्लाव कबीलो ने एक बडे पोलिश राज्य की स्थापना की। पोमेरानी और पोलाबी जनो (एल्ब नदी का स्लाव नाम लाबा था) द्वारा कायम किये गये छोटे छोटे राज्य अपनी आजादी को ज्यादा समय तक नही बनाये रख सके, बल्कि बारहवी सदी मे विदेशी विजेताओ के शिकार हो गये। पूर्वी स्लावो ने, जो पोलो के पूर्व मे रहते थे, नवी सदी मे एक बडा रूसी राज्य स्थापित किया।

दक्षिणी स्लावो न छठी शताब्दी मे ही डेन्यूब के दक्षिण मे बैजतिया मे घुसपैठ करना शुरू कर दिया था। सातवी सदी के अत मे डन्यूब के निचले इलाको मे रहनेवाले स्लाव कबीलो को बुल्गार नामक तुर्क कबीलो ने अपने अधीन कर लिया, जिन्होने शीघ्र ही अपन से अधिक सभ्य विजितो के साथ मेल करके एक शक्तिशाली बुल्गारी राज्य स्थापित कर दिया। नवी शताब्दी मे बाल्कन प्रायद्वीप का अधिकाश इसी राज्य के मातहत था और वह स्वय बैजतिया के लिए भी एक खतरा बन गया था। किंतु ग्यारहवी शती के आरभ मे बैजतिया बुल्गारो को पराजित करने मे सफल हो गया। बुल्गारी राज्य ने बारहवी शताब्दी मे फिर अपनी स्वतत्रता को प्राप्त कर लिया, लेकिन चौदहवी शताब्दी मे वह उस्मानी तुर्को का शिकार हो गया जिनके जूए के नीचे वह उन्नीसवी सदी तक पडा रहा।

डेन्यूब के मध्यवर्ती इलाको मे सर्बो क्रोएशियन जनो का निवास था जिन्होने छठी और सातवी सदियो मे डेन्यूब को पार करने के बाद बाल्कन प्रायद्वीप के मध्य भाग मे कई छोटे छोटे राज्यो की स्थापना कर दी थी। लेकिन इन्हे ग्यारहवी सदी मे बैजतिया ने अपने मे मिला लिया और बारहवी शताब्दी के उत्तरार्ध मे जाकर ही एक शक्तिशाली सर्ब राज्य कायम हो पाया जिसे १३८९ मे कोसोवो मैदान की लडाई मे तुर्को द्वारा पराजित होना पडा और अन्य स्लावी कबीलो के साथ साथ कई सदी तुर्क शासन के अधीन रहना पडा।

चौथी से सातवीं सदियों का
बैजंतिया

३९५ ई० में पूर्वी तथा पश्चिमी रोमन साम्राज्यों का अंतिम रूप में वियोजन हुआ और बैजंतिया एक अलग राज्य बन गया। इसका नाम उस स्थल के प्राचीन यूनानी नाम से लिया गया था जहां नयी राजधानी कुस्तुंतुनिया का निर्माण किया गया था। बैजंती लोग अपने को रोमेयी और अपने राज्य को रोमेयी साम्राज्य कहा करते थे। बैजंतिया की आबादी बहुत ही पचमेल थी जिसमें यूनानी और यूनान प्रभावित पूर्व के कई कबीले भी शामिल थे। लेकिन प्रधान भाषा यूनानी थी, जो सातवीं सदी में आधिकारिक भाषा बन गयी।

बैजंतिया विघटन की उस प्रक्रिया को रोकने में सफल हो गया, जिसका पश्चिमी साम्राज्य को दास श्रम पर आधारित *अर्थव्यवस्था* के पतन के परिणामस्वरूप सामना करना पड़ा था। बैजंती साम्राज्य की जीवन शक्ति का रहस्य उसके सामाजिक तथा आर्थिक ढांचे में निहित था। कृषि में (अर्थात बड़े जमींदारों की जागीरों में) दास श्रम का उपयोग पश्चिमी साम्राज्य की बनिस्बत कम पैमाने पर किया जाता था। गुलामों को बहुत समय में अपने खुद के औजार और जमीन के अपने टुकड़े तक रखने की छूट मिली हुई थी जिनके बिना उन्हें बेचा नहीं जा सकता था। दूसरे शब्दों में गुलामों को लगभग वही स्थिति प्राप्त थी, जो कोलोनसों को हासिल थी।

कोलोनसों की जोतदारी पर आधारित कृषि ने बैजंतिया में पश्चिमी साम्राज्य की अपेक्षा कहीं अधिक मजबूत जड़ें जमा ली थीं। जमीन का लगान पर और विशेषकर दीर्घकालिक आधार पर दिया जाना भी आम रिवाज बन चुका था और जमीन की पट्टेदारी ने धीरे-धीरे मौरूसी रूप ग्रहण कर लिया। बैजंतिया में पश्चिमी साम्राज्य के मुकाबले कहीं ज्यादा छोटे उन्मुक्त भूमिधर और स्वाधीन कृषक समुदाय बचे रह गये थे।

बैजंतिया के स्थायित्व में योगदान करनेवाला एक और कारक यह था कि उसके समृद्ध प्रदेशों को अपेक्षाकृत कहीं कम बर्बर आक्रमणों को झेलना पड़ा था। उसके बड़े शहर और व्यापारिक केंद्र, विशेषकर बासफोरस जलसंयोजी पर स्थित कुस्तुंतुनिया, शाम में अंतिओक और मिस्र में सिकंदरिया साम्राज्य के लिए व्यापक वाणिज्यिक सूत्र और उसके निर्यात व्यापार के प्रसार की संभावनाएं सुनिश्चित करते थे। बैजंतिया को प्राप्त एक और सुविधा यह थी कि वह यूरोप तथा पूर्व के देशों के बीच व्यापार की कड़ी रूप में काम करता था।

चौथी, पाचवी तथा छठी शताब्दियो की एक विशेषता बैजतिया मे दासस्वामी समाज का क्रमिक विलोपन और साथ ही सामती सबधो का क्रमिक तथा सतत विकास था। जहा पश्चिम मे बर्बर आक्रमणो के फलस्वरूप पुराना सैनिक और नौकरशाही तत्र ध्वस्त हो गया था, वहा बैजतिया मे सामतवाद पुरानी केद्रीकृत सत्ता के ढाचे के भीतर ही विकसित होता रहा। भूतपूर्व दासस्वामियो के शक्तिशाली सामती भूस्वामियो के रूप मे विकसि होने पर भी केद्रीकृत नौकरशाही मे कोई परिवर्तन नही आये, जो निरकुश राजकीय ढाचे का एक आदर्श आधार प्रदान करती थी।

जैसे-जैसे अलग-अलग सामती प्रभु प्रातो मे अपनी नयी स्थिति और शक्ति का सुदृढीकरण करते गये, वैसे-वैसे ही शाही सरकार भी उनके प्रभाव को यथासभव सीमित करने के लिए कदम उठाती गयी। उन्हे अपनी निजी सेनाए रखने और अपनी जागीरो पर कैदखाने बनाने से वर्जित कर दिया गया। सरकार ने दासस्वामित्व काल के सामाजिक पदानुक्रम को भी अक्षुण्ण बनाये रखने का प्रयास किया, यद्यपि कई मामलो मे उसे गुलामो के कोलोनसो की हैसियत मे बदले जाने को मजूरी देनी पडी। कालातीत हो गयी व्यवस्था को टिकाये रखने के प्रयास मे राज्य की यह प्रतिक्रियावादी भूमिका जस्तीनियन प्रथम (५२७-५६५) के शासनकाल मे विशेषकर स्पष्ट रूप मे सामने आयी। यह शासक एक असाधारण राजनीतिज्ञ और राजमर्मज्ञ था, जिसके शासनकाल मे बैजतिया अपनी शक्ति के चरम पर पहुच गया था। जस्तीनियन के आदेश से तैयार की गयी "व्यवहार विधि सहिता' (कोर्पस जूरिस सिविलिस) ने सम्राट की लगभग असीम शक्तियो को निरूपित किया चर्च के विशेषाधिकारो तथा निजी सपत्ति को सरक्षण प्रदान किया और तत्कालीन यथास्थिति की पुष्टि की, जिसके अधीन दास और कोलोनस सभी अधिकारो से वचित थे।

जस्तीनियन की नीतियो ने आबादी के विभिन्न अशको मे गभीर असतोष पैदा कर दिया। साम्राज्य के कई भागो मे बगावतो की लहर दौड गयी। इनमे से वह विद्रोह विशेषकर खतरनाक था, जो स्वय कुस्तुतुनिया मे ही फूट पडा था और जिसे 'नीका!" (जीतो!) के नाम से विज्ञात होना था। इस विद्रोह को कुचलने के बाद जस्तीनियन ने अपना ध्यान विदेश नीति के क्षेत्र मे बडे पैमाने की योजनाओ की ओर मोडा। लेकिन इटली स्पेन और अफ्रीका मे उसने जो सफलताए प्राप्त की, वे शीघ्र की रेत की बुनियाद पर टिकी साबित हुई। जस्तीनियन के तुरत बाद जो शासक आये उनके काल मे ही बैजतिया को अपने नानासख्य विजित प्रदेशो को गवा देना था। इसके अलावा स्वय बैजतिया के प्रदेश पर ही बर्बरो के आक्रमण होनेवाले थे--सातवी सदी मे शाम, फिलिस्तीन और मिस्र को अरबो ने जीत लिया।

जब बर्बर लोग नवविजित प्रदेशो पर अथवा रोमनो स वापस छीनी जमीन पर उसे, तो वे कुदरती तौर पर अपने रीति रिवाजो को साथ लेकर आये। लेकिन विजित प्रदेशो के पुराने निवासी वर्ग समाज मे रहते थे–उनमे स्वतत्र रोमनो के साथ साथ गुलाम और कोलोनस भी थे। इस तरह के समाज के शासन के लिए बर्बरो के अपने परपरागत साधन अपर्याप्त सिद्ध हुए। फलस्वरूप जैसा कि हम आग चलकर देखेगे, बर्बर समाज को भी जल्दी ही पारपरिक सामुदायिक एकता गवाकर वर्गाधारित हो जाना पडा। उसम ऐसे परिवर्तन आने लग जिन्होने राज्यो के आविर्भाव का पथ प्रशस्त कर दिया। विजेताओ को सेनाओ और प्रशासनिक न्यायिक तथा अन्य अगो की आवश्यकता पडी जिनके बिना विजित जनो को काबू मे रखना, उनसे कर तथा खिराज वसूल करना और शोषको तथा शोषितो मे बट हुए उनके समाज मे कानून तथा व्यवस्था बनाये रखना असभव था।

आदिम समुदायो मे सन्निहित समानता के क्रमिक विलोपन क परिणामस्वरूप बर्बर समाज म ऐसे परिवर्तनो का आना अनिवार्य था, जिन्होने उसे आदिम समुदायो के समाज से एक सामती समाज मे परिणत कर दिया।

सामती व्यवस्था के उदय की यह प्रक्रिया क्या थी और नये बर्बर राज्यो म यह कैसे पैदा हुई? इस प्रश्न के पहले भाग का उत्तर बिलकुल सक्षेप म दिया जा सकता है। जमीन पर सामती प्रभु दखल कर लेते थे, जबकि मेहनतकश लोग उनके अधीन हो जाते थे–भूदास या कृषिदास (सर्फ) लिए अपन श्रम या अपनी उपज के एक भाग को सामत की खिदमत मे पश करना अनिवार्य हो जाता था। जमीन पर सामतो का स्वामित्व, मेहनतकशो की सामती अधीनता और शासक वग को मुक्ति लगान देने की उनकी मजबूरी–ये इस प्रक्रिया से जनित कुछ सामाजिक परिघटनाए थी। बर्बर राज्यो मे यह भला क्योकर पैदा हुई?

जब अपने मुखिया और उसकी सेना की रहनुमाई मे बर्बर कबीले कोई नया इलाका जीतते थे, तो मुखिया वहा की काफी सारी जमीन अपने अनुचरो मे बाट देता था। इस तरह उन्ह अक्सर दासो और कोलोनसो सहित रोमन अमीरो की बडी बडी जागीरे मिल जाया करती थी। कबीले के अन्य स्वतत्र (पूर्ण) सदस्यो को अपनी मूल बस्तियो में उपभुक्त भू अधिकारो के अनुसार जमीन मिलती थी। उनके गोत्र एकक ग्राम समुदायो मे रहने आय थे–प्रत्येक बडी पारिवारिक इकाई का जमीन के एक टुकडे पर मौरूसी मालिकाना हक होता था जिसमे उसके पशुओ के लिए बाडे सहित उसका आवास और कृष्यभूमि का खड होता था समुदाय की शेष

ज़मीन – जगल, चरागाह, परती जमीन और जलस्रोत – शामिलात मे आती थी मगर धीरे-धीरे बडे पारिवारिक एकक छोटी-छोटी इकाइयो मे बटते गये और मौरूसी ज़मीन भी उसी के अनुसार विभक्त होती गयी। इस तरह प्रत्येक छोटे पारिवारिक एकक का मुखिया अपनी जमीन का पुश्तैनी मालिक और गाव की सारी शामिलात के उपयोग का अधिकारी बन बैठा। फिर वह समय आते भी देर न लगी, जब ये छोटे किसान, जो आरभ मे स्वतत्र थे, अपनी ज़मीन और आज़ादी को खो बैठे और बडे-बडे भूस्वामियो की ख़िदमत करनेवाले अधीन किसान अथवा भूदास बन गये। यह कैसे हुआ?

बर्बर कबीलो के बडे पैमाने के देशातरणो और पहले बर्बर राज्यो की स्थापना के समय, और बाद मे, बर्बर लोगो के नये इलाको मे आबाद होने और बडी-बडी जागीरो को कब्ज़े मे लेने के समय अक्सर ऐसा होने लगा कि सामान्य कबायली को अपने मूल समुदाय के सह सदस्यो से समर्थन और सरक्षण नही मिल पाता था, जो इस समय तक कमज़ोर और असगठित हो चुका था। न ही वह इसकी अपने कबीले के नेता से आशा कर सकता था, जो अब नवस्थापित बर्बर राज्य का राजा था क्योकि राजा अब बडे-बडे इलाको पर शासन करते थे और दूरिया उन्हे पहुच के बाहर बना देती थी। उस ज़माने के छोटे किसान को सरक्षण के लिए अपने ही इलाके के शक्तिशाली लोगो का मुह ताकना पडता था और ये लोग अधिकतर कबायली नेता के सशस्त्र अनुचर दल के भूतपूर्व सदस्य ही हुआ करते थे, जिन्हे नेता ने बडी-बडी जागीरे दे दी थी, या वे सीधे अपने सशस्त्र अनुचर रखनेवाले धनी लोग हुआ करते थे, जो अपन जोखिम पर ज़मीनो पर दखल जमा लेते थे अथवा स्वतत्र सामान्य कबायलियो से ज़मीन खरीद खरीदकर अपनी जागीरो को बढाते जाते थे। ज़मीन के एक बार वैयक्तिक सपत्ति अधिकारो के अधीन आने के साथ, जिसे खरीदा और बेचा जा सकता था, एक ओर तो बडी जागीरो का बनना और दूसरी ओर निर्वाह-मात्र जोतो और भूमिहीन किसानो का पैदा होना बस वक्त का सवाल ही रह गया। विजित प्रदेशो पर नये राज्यो की स्थापना किये जाने के समय बर्बर समाज मे भी यही प्रक्रिया चल रही थी।

पश्चिमी यूरोप में सामती सबधों का आविर्भाव

धनियो और अमीर वर्ग के आश्रय तथा सरक्षण के इच्छुक छोटे किसानो को अत मे यह आश्रय तथा सरक्षण तो मिल गया, कितु अपनी आज़ादी को गवाने के मोल पर। अगर उनके पास ज़मीन न होती तो उन्हे ज़मीन

के छोटे छोटे टुकडे और कभी कभी कुछ पशु और उन्हें रखने के लिए मकान भी दे दिये जाते थे। लेकिन उन्हें इसका भुगतान या तो अपने मालिकों के लिए मुफ्त काम (बेगार) करके या अपनी उपज का एक हिस्सा (लगान) देकर करना पडता था। कितने मामलों में असहाय छोटे किसानों को प्राप्त भौतिक सहायता इतनी अधिक होती थी कि वे सिर्फ अपने को ही नहीं बल्कि अपने वंशजों को भी अपने नये मालिकों की खिदमत के बंधन में डाल देते थे। चूंकि स्वतंत्र सामान्य कबीला सदस्यों की रहन सहन की हालत कमोबेश एक जैसी ही थी, इसलिए यह जमींदारों और समाज के धनी सदस्यों का इस अधीनता को एक सार्विक रिवाज बन जाना था।

कुछ किसान, इसके बावजूद कि उनके पास अपने खुद के खेत और ठीक से गुजर करने लायक जमीन भी होती थी, धनियों और अमीर वर्ग के संरक्षण और आश्रय को किसी भी कीमत पर प्राप्त करने की इच्छा से उनके खिदमती बन जाते थे। वे अपने जमीन पर अपने अधिकारों को तज देते थे और उसे अपने नये मालिकों को देकर उसे फिर भूधृति के सारे दायित्वों के साथ इस तरह प्राप्त करते थे कि जैसे वह उनकी कभी भी नहीं थी। इस तरह जमीन अब पट्टे की जमीन या जोत बन जाती थी और उनका भूतपूर्व स्वामी पट्टेदार बन जाता था। कैथोलिक चर्च जैसे धनी भूस्वामी और मठों तथा पादरी सभा जैसे प्रतिष्ठान भी छोटे किसानों को सहायता और संरक्षण प्रदान करते थे, जो पट्टे पर जोतों की तरह वापस पाने के लिए अपनी जमीनें उन्हें दे दिया करते थे। मठ आम तौर पर भूतपूर्व स्वामियों को उनकी जोत लौटाने के साथ साथ थोडी सी और जमीन भी देते थे, जो आम तौर पर जंगल या दलदल का हिस्सा होती थी। यह जमीन इस शर्त पर दी जाती थी कि वे उसे खेती के लिए तैयार करेंगे (पेड काटकर या दलदल से पानी की निकासी करके)। धीरे धीरे भूतपूर्व ग्राम समुदायों के निवासी, छोटे किसान, जो अपनी जमीनों को काश्त किया करते थे और अभी तक पूर्ण नागरिक थे, अब जमीन और बडे जमींदारों की खिदमत से बंधनग्रस्त पराधीन कृषक अथवा भूदास या कृषिदास बन गये।

लेकिन इस प्रक्रिया में यही सब सन्निहित नहीं था। बडे जमींदारों ने धीरे धीरे स्थानीय कृषक आबादी पर नये अधिकार प्राप्त कर लिये। चूंकि सडकें खराब होती थीं और लंबे सफरों में काफी खतरा रहता था, इसलिए किसान के लिए अपने और शक्तिशाली सामंत के बीच हितों के टकराव के मामले में उचित फैसले के लिए राजा की शरण में जा पाना कमोबेश असंभव ही होता था। फलत धनी लोग – और इसका अर्थ था सर्वप्रथम और सर्वोपरि सामंत – अपनी विशाल जागीरों की सीमाओं के भीतर न्याय के और अंत में समस्त प्रशासन शक्ति के नियामक बन गये।

अपनी उपलब्धियो को पुख्ता करने के लिए सामत अपने राजा से विशेष अधिकारपत्र (चार्टर) मागते थे, जो उन्हे वे अधिकार प्रदान कर देते थे कि जिन्हे उन्होंने पहले ही हथिया लिया था। ये अधिकारपत्र उन्मुक्ति (इम्यूनिटी) अधिकारपत्र कहलाते थे और इन अधिकारपत्रो के धारको को प्राप्त नयी शक्ति उन्मुक्ति कहलाती थी (लातीनी शब्द इम्मूनिस जिससे इम्यूनिटी बना है, का अर्थ ही छूटप्राप्त है)। इन अधिकारपत्रो ने जमीदारो की सपत्ति को राजा और उसके प्रशासनाधिकारियो के नियत्रण से उन्मुक्त कर दिया। उन्मुक्ति अधिकारपत्र ज़मीदारो को अपनी सारी सपत्ति पर और अकसर उसकी सीमाओ के बाहर भी कानूनी और प्रशासनिक शक्तिया प्रदान कर देता था, क्योकि बर्बर राज्य कमज़ोर और कुगठित थे।

केंद्रीय तथा स्थानीय प्रशासन वास्तविक अर्थो मे था ही नही और राजा लोग सहर्ष अपने कृत्य स्थानीय सामतो के सुपुर्द कर देते थे। इस अतिरिक्त शक्ति के कारण सामतो को सामान्यजन की स्थानीय सभाओ मे, जहा प्राय कानूनी मामलो का निपटारा किया जाता था, नियत क्षेत्र मे कानून और व्यवस्था के पालन का नियमन करने के लिए भाग लेना पडता था। दूसरे शब्दो मे, उन्हे राजकीय प्रशासनिक तथा विधिक कृत्य प्रदान कर दिये गये। इन सेवाओ के बदले मे सामतो को अपने द्वारा प्रशासित क्षेत्र मे राजस्व एकत्र करने और अपराधो के लिए जुरमाने वसूलने का और अपने क्षेत्राधिकार के भीतर रहनेवाले सामान्यजनो से किसी भी प्रकार की खिदमत लेने – सडको की मरम्मत कराने, पुल, घाट और गढ तथा किले बनवाने – का अधिकार मिल गया। बाज़ारो, आदि मे कानून और व्यवस्था कायम रखने के मुआवज़े के तौर पर राजाओ और उनके अधिकारियो ने हाट-बाजार सडक, घाट और पुल शुल्क (चुगी) लगाये हुए थे, जिन्हे अब उन्मुक्ति अधिकारपत्र रखनेवाले जमीदार उगाहने लगे।

इसके अलावा स्थानीय मुखियाओ को एक और मौका मिला, जिसने उनके विशेषाधिकारो की अत्यत मजबूती से और बेहद लबे समय के लिए जडे जमाने मे मदद की। अपने मुखियाओ के साथ युद्ध मे और विजय-अभियानो पर जानेवाली आम लोगो से बनी सेनाओ की भूमिका धीरे-धीरे कम महत्व की हो गयी। रोमन सेनाओ के साथ सपर्को और वास्तविक युद्धो तथा सैन्य प्रविधि मे समूचे तौर पर उन्नति ने धातु के हथियारो और जिरह बख्तर का प्रचलन अनिवार्य बना दिया। पैदल दस्तो के अलावा रिसाले की आवश्यकता ने भी अपने को अनुभूत करवाया और घोडो को भी अपने सवारो की ही भाति कवच चाहिए था। इन नवाचारो को बहुत महगा सिद्ध होना था – पूरे जिरह बख्तर की कीमत ४५ गाय थी, यानी एक पूरा रेवड। इसलिए प्रत्यक्षत जिरह-बख्तर ग्राम समुदाय के सामान्य किसान के लिए एक असभव

राजकीय ढाचो ने विभिन्न विजयो के दौरान रूप ग्रहण किया, क्योकि विजित जातियो के अधीनीकरण के लिए बल और दमन की अपेक्षा थी, जो बर्बर समाज का पुराना ढाचा कारगर ढग से प्रदान नही कर सकता था। बर्बर राज्यो मे जो राजकीय अग व्यवहार मे अपेक्षित बल तथा दमन का प्रयोग करते थे, वे आरभ मे राजा लोग और उनके अनुचरगण थे।

शार्लमान का साम्राज्य

उस समय जिस तरीके से बर्बर राज्यो की स्थापना की गयी थी, उसका एक उदाहरण शार्लमान (शार्ल या कार्ल महान) के शासनकाल (७६८-८१४) मे फ्रेकी राज्य के बनने मे देखा जा सकता है। फ्रेको के राज्य की आधुनिक अर्थो मे कोई भी राजधानी नही थी। जहा कही भी राजा और उसके अनुचरो का डेरा होता था, वही राज्य का केद्र भी हुआ करता था। राजा फ्रेकी कबीलो द्वारा अधिकृत अपने राज्य मे अपने दल-बल के साथ एक जागीर से दूसरी जागीर आता जाता रहता था, जहा स्थानीय आबादी से खिराज और करो के रूप मे खाद्य सामग्रिया तथा अन्य आवश्यक वस्तुए एकत्र करके उसके दरबार तथा अनुचरो की आवश्यकताओ की पर्याप्त मात्रा मे पूर्ति की जा सकती थी। राजा और उसके दरबार के ये दौरे राज्य की प्रादेशिक सीमाओ को निर्धारित करने का काम भी करते थे क्योकि राजा को अदायगी करने को तैयार सभी लोग उसके प्रजाजन माने जाते थे और जिस इलाके मे वे रहते थे, उसे उसके राज्य का अग माना जाता था। बर्बर राज्यो मे स्पष्टत निर्धारित प्रादेशिक सीमाए कदाचित ही देखने मे आती थी। व्यवहार मे उनकी सीमाए वही तक होती थी जहा तक राजा और उसके अनुचर खिराज और कर उगाहकर अपनी सत्ता का प्रयोग कर सकते थे। शार्लमान के साम्राज्य के विराट आकार से इस तथाकथित साम्राज्य की प्रकृति के बारे मे गलत निष्कर्ष नही निकालने चाहिए।

शार्लमान के पूर्ववर्ती शार्ल मार्तेल (७१५-७४१) और उसके पुत्र ठिगने पीपिन को यूरोप पर अरब हमलो का सामना करना पडा था। शार्ल मार्तेल ने बडी मुश्किल से फ्रेकी राज्य पर अरबो के आक्रमण को विफल किया था (प्वातिये का युद्ध, ७३२)। इस युद्ध के अनुभव के फलस्वरूप फ्रेकी राजाओ को अपनी सेना को सुधारना पडा।

इस प्रयास की अभिव्यक्ति सिर्फ सैन्य सज्जा मे बाद मे आनेवाले सुधारो मे ही नही, बल्कि उन सभी लोगो को जमीन और किसान अधिकाधिक प्राथमिकता से प्रदान किये जाने मे भी हुई, जो युद्धकाल मे राजा के परचम के तले गोलबद हो सकते थे। जो लोग इस तरह की सेवाओ का बीडा उठा सकते थे वे समाज के धनवान स्तरो मे ही आते थे, जिनके सदस्य तथाकथित

विलास वस्तु जैसा ही था। इस कारण सार्विक सैनिक सेवा को जल्द ही अतीत की एक बात बनकर ही रह जाना था।

समय के साथ साथ नये बर्बर राज्यो की सेनाए अधिकाधिक ऐसे धनवान प्रजाजनो से ही निर्मित होने लगी, जो अपने को नयी सैन्य प्रविधियों की अपेक्षाओ के अनुसार शस्त्रसज्जित कर सकते थे। इस प्रकार इन नये राज्यों के राजा सैनिक सेवा का दायित्व स्वाभाविक तौर पर या तो अपने ऐसे प्रजाजनो को देते थे, जोकि पहले से ही सपन्न होते थे, या दूसरे लोगों को देते थे जिन्हे वे अपने अनुचरो मे से कुछ को शाही अनुग्रह प्रदान करके या स्थानीय धनवानो को असामी काश्तकारो समेत जमीन प्रदान करके सपन्न बना देते थे, जिसके बदले उन्हे जरूरत पडने पर घोडे और जिरह-बख्तर सहित पूर्णत लैस होकर सेवा के लिए हाजिर होना पडता था। प्रजाजनो को इस प्रकार प्रदान की गयी जमीन सामती जागीर (फ्यूड) कहलाती थी और उन्हे प्राप्त करनेवाले सामत (फ्यूडल) कहलाने लगे। आरभ में सामत अपनी जमीन को तभी तक रख सकते थे कि जब तक वे अपने सैनिक दायित्वो का निर्वहन कर सकते थे, लेकिन बहुत जल्दी ही उन्हे प्रदत्त जमीन वशागत सपत्ति बन गयी और उनके सैनिक दायित्व भी उनके वशजो को विरासत मे मिलने लगे।

इस तरह एक नया शासक वर्ग – सामत वर्ग – अस्तित्व मे आ गया। यह बडे बडे भूक्षेत्रो (किसानो के अकिंचन टुकडो की तुलना मे) के स्वामी शस्त्रजीवी या सैनिक जमीदारो का वर्ग था, जो अपनी जायदाद की सीमाओ के भीतर राज्य शक्ति के सारे कृत्यो का निष्पादन करते थे। नानासख्य वास्तविक उत्पादको – इन सामतो पर आश्रित किसानो – को जमीन के अपने छोटे छोटे टुकडो के लिए बेगार या लगान के रूप मे भुगतान करना पडता था और राज्य शक्ति के स्थानीय प्रतिनिधियो के नाते जमीदारो को भाति भाति की खिदमत भी करनी पडती थी और उन्हे विभिन्न उगाहिया भी अदा करनी पडती थी।

नये समाज के राजनीतिक ढाचे मे भी उल्लेखनीय परिवर्तन आये। आदिम समुदाय और वर्गविहीन बर्बर समाज के युग मे राज्य थे ही नही। बर्बरो का बुनियादी सामाजिक निकाय जनसभा – ज्येष्ठो की सभा – हुआ करती थी जिसमे कबीले के सभी महत्वपूर्ण मामलो को तय किया जाता था – युद्ध और शाति के प्रश्न, कानूनी और न्यायिक मामले और कानून तथा व्यवस्था को कायम रखना। कबायली नेताओ – सरदारो (ड्यूक) अथवा राजाओ – की सत्ता निर्वाच्य होती थी, न कि अवपीडक (जैसा कि अधिक विकसित समाजो मे प्राय होता था) और विभिन्न उम्मीदवारो की प्रतिष्ठा तथा उनमे कबीले के सदस्यो के विश्वास पर निर्भर करती थी

राजकीय ढाचो ने विभिन्न विजयो के दौरान रूप ग्रहण किया, क्योकि विजित जातियो के अधीनीकरण के लिए बल और दमन की अपेक्षा थी, जो बर्बर समाज का पुराना ढाचा कारगर ढग से प्रदान नही कर सकता था। बर्बर राज्यो मे जो राजकीय अग व्यवहार मे अपेक्षित बल तथा दमन का प्रयोग करते थे, वे आरभ मे राजा लोग और उनके अनुचरगण थे।

शार्लमान का साम्राज्य

उस समय जिस तरीके से बर्बर राज्यो की स्थापना की गयी थी उसका एक उदाहरण शार्लमान (शार्ल या कार्ल महान) के शासनकाल (७६८-८१४) मे फ्रेकी राज्य के बनने मे देखा जा सकता है। फ्रेको के राज्य की आधुनिक अर्थो मे कोई भी राजधानी नही थी। जहा कही भी राजा और उसके अनुचरो का डेरा होता था, वही राज्य का केद्र भी हुआ करता था। राजा फ्रेकी कबीलो द्वारा अधिकृत अपने राज्य म अपने दल-दल के साथ एक जागीर से दूसरी जागीर आता-जाता रहता था, जहा स्थानीय आबादी से खिराज और करो के रूप मे खाद्य सामग्रिया तथा अन्य आवश्यक वस्तुए एकत्र करके उसके दरबार तथा अनुचरो की आवश्यकताओ की पर्याप्त मात्रा मे पूर्ति की जा सकती थी। राजा और उसके दरबार क ये दौरे राज्य की प्रादेशिक सीमाओ को निर्धारित करने का काम भी करते थे, क्योकि राजा को अदायगी करने को तैयार सभी लोग उसके प्रजाजन माने जाते थे और जिस इलाके मे वे रहते थे, उसे उसके राज्य का अग माना जाता था। बर्बर राज्यो मे स्पष्टत निर्धारित प्रादेशिक सीमाए कदाचित ही देखने मे आती थी। व्यवहार मे उनकी सीमाए वही तक होती थी जहा तक राजा और उसके अनुचर खिराज और कर उगाहकर अपनी सत्ता का प्रयोग कर सकते थे। शार्लमान के साम्राज्य के विराट आकार से इस तथाकथित साम्राज्य की प्रकृति के बारे मे गलत निष्कर्ष नही निकालने चाहिए।

शार्लमान के पूर्ववर्ती शार्ल मार्तेल (७१५ ७४१) और उसके पुत्र ठिगने पीपिन को यूरोप पर अरब हमलो का सामना करना पडा था। शार्ल मार्तेल ने बडी मुश्किल से फ्रेकी राज्य पर अरबो के आक्रमण को विफल किया था (प्वातिये का युद्ध ७३२)। इस युद्ध के अनुभव के फलस्वरूप फ्रेकी राजाओ को अपनी सेना को सुधारना पडा।

इस प्रयास की अभिव्यक्ति सिर्फ सैन्य सज्जा मे बाद मे आनेवाले सुधारो मे ही नही, बल्कि उन सभी लोगो को ज़मीन और किसान अधिकाधिक प्राथमिकता से प्रदान किये जाने मे भी हुई जो युद्धकाल मे राजा के परचम के तले गोलबद हो सकते थे। जो लोग इस तरह की सेवाओ का बीडा उठा सकते थ वे समाज के धनवान मस्तरो से ही आते थ, जिनके सदस्य तथाकथित

माफिया (वेनिफिस) प्राप्त करके अपनी संपत्ति बढ़ाने मे समर्थ हो गये थे। ये माफिया जल्दी ही मौरूसी हो गयीं और इसलिए पीपिन के शासनकाल मे माफियो के बडे पैमाने पर वितरण के फलस्वरूप शक्तिशाली शस्त्रजात जमीदार शासक वर्ग की संख्या और ताकत मे वृद्धि हुई, जिन पर उस जमीन पर रहनेवाले किसान अब आश्रित हो गये, जिसे उनकी माफी बना दिया गया था।

शासक वर्ग की संख्या मे स्थायी वृद्धि के परिणामस्वरूप शार्लमान के वंश के राजाओ के लिए सक्रिय विदेश नीति का अनुगमन करना और फ्रेंको द्वारा आबाद इलाको के सीमांतो के बहुत दूर-दूर तक धावे मारना संभव हो गया। इस तरह से शार्लमान ने अपनी सत्ता को एक विराट क्षेत्र पर फैलाने मे सफलता प्राप्त कर ली, जिसकी सीमाओ मे वर्तमान फ्रांस, उत्तरी स्पेन, उत्तरी इटली और पश्चिमी जर्मनी का काफी बडा भाग आ जाते थे।

८०० ई० मे पोप ने शार्लमान को सम्राट का मुकुट पहनाकर अभिषिक्त किया और उसके राज्य को साम्राज्य घोषित कर दिया। वास्तव मे यह साम्राज्य एक सफल विजेता द्वारा पराभूत कई देशो का एक ढीला-ढाला और अस्थायी संघ ही था, जिनके बीच कोई वस्तुत दृढ संबंध सूत्र नही था। फलस्वरूप साम्राज्य अपने संस्थापक की मृत्यु के कुछ ही बाद छिन्न भिन्न हो गया।

साम्राज्य के विघटन का कारण केवल यही नही था कि उसमे विभिन्न कबीले रहते थे, जिन्होने शार्लमान की मृत्यु के बाद उससे अपने संबंध तोड़ लिये और अपने पराभव के पहले जैसे रजवाडे फिर से स्थापित करने लग गये। इस विघटन के आधारभूत कारण एक सामाजिक-आर्थिक तथा राजनीतिक व्यवस्था के रूप मे स्वयं सामंतवाद की प्रकृति मे ही सन्निहित थे। इस समाज की प्रकृति को समझने के लिए उसके नाभिक – सामंती जागीर – की संरचना की प्रकृति की स्पष्ट समझ होना आवश्यक है, जिसे सदियो तक सामंती समाज के पहले पहल प्रादुर्भूत होने से लेकर बूर्जुआ क्रांति के दावानल मे उसके भस्मीभूत होने तक सामंती समाज की बुनियाद का काम करना था।

प्रारंभिक मध्ययुग मे सामंती संबंधो का विकास

ग्यारहवी शताब्दी के आरंभ तक सामंतवाद के जमने की प्रक्रिया संपूर्ण यूरोप मे पूरी हो चुकी थी, अर्थात सारी या लगभग सारी जमीन सामंतो के हाथो मे आ चुकी थी, जबकि सारे मेहनतकश लोग इस शासक वर्ग पर बमारग

मात्रा मे निर्भर थे। इस अधीनता का कठिनतम स्वरूप भूदासो की निर्भरता का था, जो अपने वशजो सहित अपने मालिक और उसकी जमीन की खिदमत के लिए आवद्ध थे। इसका यह मतलब था कि भूदासो को अपने स्वामी की जागीर पर काम करना और उसकी जमीन को काश्त करना पडता था और उसे अपनी और अपने परिवार की उपज (न सिर्फ अनाज, मास और कुक्कुट जैसी कृपिजन्य उपज, वल्कि कपडे और चमडे जैसी दस्तकारी की चीजे भी) का एक हिस्सा देना होता था। दूसरे शब्दो मे, भूदास को अपने मालिक उसके परिवार और उसके बेशुमार सगी साथियो का पेट ही नही भरना पडता था, वल्कि उनके कपडे-लत्ते और जूतो तक का भी इतजाम करना पडता था। ये सभी दायित्व और उपहार सामती लगान या मुक्ति लगान कहलाते थे और इन्हे मालिक की जमीनो को काश्त करने के अधिकार के वदले मे चुकाना होता था, जिसे मालिक किसानो — या जैसा कि वाद मे उनका नाम पडा, विलेइनो (कृषिदासो) — को दे देता था।

उपरिवर्णित ढग पर व्यवस्थित सामती जागीर, जो सामती अर्थव्यवस्था और समाज का नाभिक थी, रूस मे 'वोत्चिना', इगलैड मे 'मेनोरिएल इस्टेट' और फ्रास तथा शेष यूरोप मे (क्योकि फ्रासीसी नमूने को आदर्श माना जाता था) 'सेन्योरी' कहलाती थी। सामती सवधो और सामती समाज के ढाचे के मुख्य लक्षणो को समझने के लिए इसका स्पष्ट चित्र पाना वहुत महत्वपूण है कि सामती जागीर का प्रवध किस तरह किया जाता था और इस सामाजिक-आर्थिक एकक ने मध्ययुग मे सामाजिक तथा राजनीतिक सवधो को किस तरह प्रभावित किया।

सामती जागीर

सामती जागीर सामती समाज और सामती उत्पादन प्रणाली की बुनियादी इकाई थी और इस कारण इसने समाज, राजनीतिक सगठन के स्वरूपो और समूचे तौर पर सास्कृतिक विकास पर भी निर्णायक प्रभाव डाला। मध्ययुग मे — विरल अपवादो के साथ — सारी जमीन सामत शासक वर्ग की ही सपत्ति थी जिनके पास विभिन्न आकारो की जागीर थी। इनका स्वामित्व वूर्जुआ स्वामित्व से इस वात मे भिन्न था कि वह विभिन्न शर्तो के अधीन होता था। यह माना जाता था कि प्रत्येक सामति भूपति अपनी माफी अपने से ऊचे ओहदे के सामत (सेन्योर) से प्राप्त करता था। सबसे ऊचे ओहदे वाले सेन्योर को अपनी माफी राजा से मिली होती थी। बदले मे भूपति के लिए यह आवश्यक था कि जब भी उसका सामत उचित समझे, वह घोडे और जिरह-वख्तर के साथ पूरी तरह से लैस होकर हाजिर हो। इस प्रकार

वह अपने से ऊपर सामंत या राजा की सेवा करता था और उसके प्रति सैनिक सेवा के अलावा उसके कई अन्य दायित्व भी होते थे—जैसे अपने सामंत के बंदी बना लिये जाने की हालत में उसकी रिहाई के लिए मुक्ति धन का कुछ हिस्सा देना होता था, उसके बड़े बेटे के नाइट श्रेणी (सैनिक सामंत वर्ग) में लिये जाने के अवसर पर या उसकी बड़ी बेटी के विवाह के समय नजराना देना होता था, मुकदमों की सुनवाई के समय उसके दरबार में मदद के लिए हाजिर रहना पड़ता था, आदि-आदि। अधीनस्थ सामंत द्वारा इन कर्तव्यों की पूर्ति में चूक किये जाने पर उससे ऊपर सामंत का अधिकार था कि वह उसे दी गयी जागीर छीन ले।

सामंती जमींदार की जागीर दो भागों में बंटी होती थी—एक भाग उसकी स्वभूमि (डामेन) कहलाता था, जिसे बेगार के रूप में भूदास काश्त करते थे, और दूसरा भाग भूदासों को दिया हुआ होता था (उनकी अपनी जोत)। हर भूदास के पास जमीन का एक छोटा सा टुकड़ा होता था, जिस पर वह स्वतंत्र रूप से अपने निजी औजारों और ढोरों की सहायता से काश्त करता था। इन टुकड़ों से किसानों को अपना और अपने परिवार का निर्वाह करने और मालिक को लगान देने के लिए—जब उसे पूर्णतः या अंशतः उपज के रूप में दिया जाना होता था—पर्याप्त उपज प्राप्त हो जाती थी। किसान पर लागू होनेवाली दासता की शर्तें चाहे कितनी भी कठोर क्यों न हों, फिर भी वह अपनी जोत को हमेशा स्वतंत्रतापूर्वक काश्त कर सकता था और भूदास समुदाय के मुखिया इसकी व्यवस्था करते थे कि सामंत की स्वभूमि को किस तरह जोता-बोया जाना चाहिए और फसलों का क्या क्रम रहना चाहिए। इसका यह मतलब था कि भूदास आर्थिक रूप से अपने जागीरदार से आजाद थे और उनसे सामंत जागीरदार आर्थिकेतर दबाव द्वारा—चाहे प्रत्यक्ष या प्रच्छन्न सामंती लगान ही प्राप्त कर सकता था।

आर्थिकेतर दबाव के विभिन्न रूप थे—भूदास की अपने सामंत पर निजी निर्भरता, अपने जमीन के टुकड़े के लिए सामंत पर निर्भरता (यह माना जाता था कि भूदासों की जोतों सहित सारी जमीन सामंत जागीरदार की संपत्ति है), और अंततः राज्य की वैधानिक तथा प्रशासनिक सत्ता के प्रतिनिधि के नाते सामंत पर भूदास की निर्भरता। चूंकि सामंत केवल जमींदार ही नहीं, बल्कि युद्धकर्मी और सैनिक सामंत भी होते थे, इसलिए इसका यह मतलब था कि जब भी जरूरी हो, उनके पास भूदासों को अपने दायित्व पूरे करने के लिए विवश करने के पर्याप्त साधन होते थे।

कृषि में, और जैसा कि हम आगे चलकर देखेंगे, उद्योग में भी मध्ययुगीन अर्थव्यवस्था का चारित्रिक लक्षण छोटे पैमाने का उत्पादन था। कृषि उपकरण छोटे और वैयक्तिक उपयोग के लिए बनाये गये होते थे। दस्तकारों

द्वारा इस्तेमाल मे लाये जानेवाले औजारो पर भी यही बात लागू होती थी। इस प्रकार समस्त मध्ययुगीन संस्कृति का भौतिक आधार सर्वोपरि रूप मे कृषक श्रम और कृषक अर्थतंत्र अथात गावो मे स्वतंत्र छोटे उत्पादक की छोटे पैमाने की जोत, और आगे चलकर, शहरो मे दस्तकारो क छोटे पेमाने के उद्यम थे।

शासक वर्ग उत्पादन प्रक्रिया मे बिलकुल भी प्रत्यक्ष भाग नही लेता था और सामत युग के प्रारंभ मे उसकी सकारात्मक भूमिका मात्र इसी तथ्य मे निहित थी कि चूकि सामत रणनेता भी होत थे, इसलिए व छोटे उत्पादको की सपत्ति की अन्य सामतो तथा विदेशियो द्वारा लूटमार से रक्षा करते थे आर दश मे बुनियादी कानून और व्यवस्था को कायम रखते थे, जो किसी भी प्रकार के नियमित उत्पादन के लिए एक अपरिहार्य शर्त थी। दूसरी ओर सामती ज़मीदारो ने सामती अर्थव्यवस्था के लिए लाक्षणिक शोषण व्यवस्था की रक्षा की और उसे सुदढ किया।

चूकि मनुष्य के दैनदिन जीवन के लिए आवश्यक सभी भौतिक वस्तुओ का उत्पादन छोटी कृषक जोतो मे ही होता था, जिनके स्वामी आर्थिक रूप म अपने सामतो मे स्वतंत्र थे इसलिए इसका यह मतलब था कि ज्यादा मेहनत करके किसान अपने तथा अपने परिवारो के लिए आवश्यक अपज और जागीर के स्वामी को दिये जानवाले भाग के अलावा कुछ वेशी भी पैदा कर सकते थे। इसी बात मे दासस्वामी समाज की तुलना म सामती व्यवस्था की अपार उन्नति और प्रगति सन्निहित थी।

दास अपन मालिक की जमीन को अपन मालिक के औजारो और उत्पादन साधनो का उपयोग करके काश्त करत थ और इसके बाद अपनी मेहनत के सारे फल अपने मालिक के सुपुर्द कर दिया करत थ जिसके बदले उन्हे बस अपन जीवन के लिए एकदम आवश्यक चीज ही मिलती थी। गुलाम अपने काम से नफरत करता था और यथासभव कम स कम करने की कोशिश करता था और अपनी पददलित मानव गरिमा का बदला लन क लिए अक्सर अपने औजारो को तोड दिया करता था और अपन मालिक के भारवाही पशुओ को पगु कर दिया करता था।

इसके विपरीत, मध्ययुगीन भूदास की स्थिति चाहे कितनी भी दुःसह क्यो न रही हो फिर भी वह अपनी जोत का काश्त करता था और अपनी श्रम उत्पादिता का स्तर ऊचा करने म उसका निहित स्वार्थ था। इसके परिणामस्वरूप सामती समाज इस बात क बावजूद अधिक फलदायी यद्यपि अत्यधिक मद गति मे विकास करने मे समर्थ सिद्ध हुआ कि वह दास-प्रथा क खडहरो और पूर्ववर्ती युग की उच्च सांस्कृतिक उपलब्धियो पर निर्मित हुआ था।

सामंती समाज में युद्ध

सामंती प्रभुओं की शक्ति उनके सामंती लगान देनेवाले असामियों की संख्या पर निर्भर करती थी। इस कारण जागीरों के स्वामी सामंत सदा अपने असामियों अर्थात अपनी खिदमत करनेवाले किसानों और नगरवासियों की संख्या को बढ़ाने के लिए प्रयत्नशील रहते थे और यह करने का सबसे आसान तरीका था अपने पड़ोसियों अर्थात अपने ही जैसे अन्य सामंतों के असामियों को छीन लेना। अतः सामंतों के बीच स्थानीय लड़ाइयां मध्ययुग की एक स्थायी विशेषता थीं। इन युद्धों के साथ-साथ पूरे के पूरे गांवों और नगरों को जलाकर खाक कर दिया जाना और आम लोगों का कत्ले आम भी चलता था – अर्थात वे सारे तरीके इस्तेमाल में लाये जाते थे जो समाज की उत्पादक शक्तियों को क्षति पहुंचाते हैं। अगर अलग-अलग सामंत एकीकृत और कानूनी राज्यों में प्राप्य विधि-विधान और व्यवस्था की संहिताओं का पालन करते होते तो इससे बचा जा सकता था। लेकिन प्रारंभिक मध्ययुग में ऐसे राज्य थे ही नहीं। जिन आर्थिक कारकों के परिणामस्वरूप बर्बर राज्य सामंती जागीरों अथवा सन्योरियों में खंडित हुए थे वे ही बर्बर राज्यों के अपकर्ष का कारण भी बने। सामंती समाज के, जो स्वयं दो मुख्य वर्गों से बना हुआ था, आर्थिक केंद्र बनने के साथ अलग-अलग जागीरें राजनीतिक जीवन के केंद्रों के प्रतीक बन गयीं। सामंत सिर्फ जमींदार ही नहीं बन गये, बल्कि वे अपने इलाकों में रहनेवालों के लिए राज्यसत्ता के प्रतिनिधि भी बन गये।

जैसे-जैसे सामंती जागीरों का आकार बढ़ता गया, वैसे-वैसे ही जमीन पाने के बाद बर्बर राजाओं के अनुचरों ने और धनी बन जाने तथा पहले के स्वतंत्र छोटे किसानों को अपने संरक्षण में लेने के बाद स्थानीय अमीर उमरा ने कानून और व्यवस्था का उल्लंघन होने पर स्थानीय आम लोगों की सुनवाई करने और उन्हें दंड देने का अधिकार धारण कर लिया। युद्धनेता होने के नाते वे अपने सशस्त्र अनुचर दल भी भरती करने लगे। राजा इतने शक्तिशाली थे नहीं कि स्थानीय अभिजातों का इस तरह अपनी शक्ति बढ़ाना रोक सकें और कुछ बातों के लिहाज से तो उन्होंने उनकी महत्वाकांक्षाओं को प्रोत्साहित भी किया, क्योंकि एक ऐसी अवस्था में जिसमें मुद्राहीन विनिमय का ही बोलबाला था और व्यापार का अभी अच्छी तरह विकास नहीं हुआ था अपने अनुचरों और वफादार सेवकों को पुरस्कृत करने का एकमात्र तरीका उन्हें जमीन की माफी देना और अपने ही लाभ के लिए उन्हें स्थानीय आबादी से जिंस रूप करों तथा उगाहियों को वसूल करने का अधिकार देना ही था। इस प्रकार शक्तिशाली जमींदार अपनी सीमाओं में

भीतर कोरा जमीदार ही नही, बल्कि शासक भी होता था, अर्थात जहा तक आम लोगो का सवाल था, उनके लिए राजा या प्रशासनिक और वैधानिक शक्तियो से सपन्न व्यक्ति भी होता था।

सामती पदानुक्रम

इस काल मे राजाओ का अस्तित्व बना हुआ था, लेकिन वास्तविक सत्ता स्थानीय सामतो के हाथो मे थी। सबसे शक्तिशाली सामत, जिन्होने अपनी जागीरे सीधे राजा से प्राप्त की थी, अपने को राजा के बराबर, उसके पीयर – समकक्षी – मानते थे, यद्यपि वे उसके मातहत सामत (वैसल) कहलाते थे। उनसे कम शक्तिशाली सामत जिन्होंने अपना इलाका सीधे राजा से नही, बल्कि बडे सामतो से प्राप्त किया था, इन बडे सामतो के ही मातहत होते थे और उनकी सेवा के लिए आबद्ध होते थे। सबसे छोटी जागीरो के स्वामी नाइट (सरदार) कहलाते थे और अपनी बारी मे अपने से बडे सामतो के मातहत होते थे। सारा शासक वर्ग एक जटिल पदसोपानिक पिरामिड जैसा था – सबसे ऊपर राजा था उसके नीचे बडे पदवीदार सामत (जैसे ड्यूक, अर्ल और बडे मठो के मठाधीश) इसके बाद बैरन और अत मे सामान्य नाइट आते थे। ऊपर से नीचे तक शासक वर्ग के इन सारे समूहो को एक करनेवाला एक ही सामान्य हित था – मेहनतकशो का शोषण और प्रारभिक मध्ययुग मे यह सामान्य हित किसानो द्वारा शासक वर्ग के लिए भोजन और कपडा लत्ता उपलब्ध करने के दायित्व की आज्ञाकारितापूर्वक पूर्ति करवाने के लिए काफी था। इसीलिए उस समय शासन के कोई और रूप नही थे। यद्यपि बर्बर राज्यो की – शार्लमान के साम्राज्य जैसे विराट राज्यो की भी – एकता राजा के अनुचर वर्ग द्वारा बरकरार रखी जाती थी फिर भी देर-सवेर ये राज्य विघटित हो गये और अनेक जागीरो म विभक्त हो गये, जिनके स्वामी एक दूसरे से और अत मे स्वय राजा के साथ जागीर-दारी सबधो से जुड हुए थे। मगर व्यवहार मे राजा की भूमिका अपेक्षाकृत कम महत्व रखती थी, क्योकि हर सामत का अपन प्रत्यक्ष उच्च सामत से ही सीधा सबध था, जिसकी आवश्यकताओ को पूरा करने के लिए वह बाध्य था। फ्रेकी राज्य मे जिसम सामती सामाजिक प्रतिरूप विशेषकर स्पष्ट थे 'मेरे सामत का सामत मेरा सामत नही है' क नियम का ही पालन किया जाता था।

इस प्रकार हम देखते है कि प्रारभिक मध्ययुग की अर्थव्यवस्था मुख्यतया कृषि तथा ग्राम्य श्रम पर आधारित थी और उसका सामाजिक चरित्र सामती व्यवस्था के उदय की प्रक्रिया द्वारा निर्धारित होता था। राजनीतिक विकास

की मुख्य विशेषता यह थी कि इस काल में प्रारंभिक बर्बर राज्य में बड़े पैमाने पर राज्यों में संक्रमण हुआ, जिनमें राजसत्ता नानासंख्य सामंतों में विभाजित थी, जिन्हें अपने अधीनस्थ भूस्वामियों पर आर्थिक तथा प्रशासनिक सेना प्रकार की सत्ता प्राप्त थी।

सामंती दासत्व के खिलाफ जन-संघर्ष

मध्ययुग की इस प्रारंभिक अवस्था के एक अन्य पहलू का उल्लेख करना भी बहुत महत्त्वपूर्ण है। यूरोप में समुदाय पर आधारित आदिम समाज से सामंती समाज में संक्रमण व्यवहारतः एक वर्गपूर्व समाज से वर्ग समाज में संक्रमण था। इस समाज में व्यापक मेहनतकश जनता दासत्वग्रस्त हुई और अपने भूखंडों पर मौरूसी अधिकार रखनेवाले ग्राम समुदायों के भूतपूर्व स्वतंत्र किसान अपनी आजादी और जमीन से, जो अब उनके सामंत की संपत्ति बन गयी थी, वंचित होकर पराधीन भूदास बन गये। स्वाभाविक तौर पर मेहनतकश लोग इस हालत को चुपचाप मंजूर कर लेने के लिए तैयार नहीं थे। किसी भी वर्ग समाज में पाया जानेवाला वर्ग संघर्ष सामंती समाज में भी फूट पड़ा, जो कभी प्रच्छन्न रहता था, तो कभी खुले रूप में सामने आ जाता था। इधर, जब सामंती संबंध रूप ले ही रहे थे, भूदास अक्सर अपनी स्वतंत्रता की रक्षा करने और आदिम समुदायों की समानता को फिर से स्थापित करने की कोशिश में विद्रोह करते रहते थे। सामंती संबंधों के दृढ़तापूर्वक जम जाने के बाद भी भूदासों ने अपने स्वामियों के प्रति अपने दायित्व को बुरी तरह से पूरा करके या विभिन्न अन्य दायित्वों को पूरा करने से इन्कार करके और कई बार शोषक वर्ग के विरुद्ध खुली बगावत करके भी उनका विरोध करना जारी रखा।

चर्च की भूमिका

शासक वर्ग यह समझता था कि खुली हिंसा और जोर जबरदस्ती किसानों की आज्ञानुवर्तिता को सुनिश्चित करने के लिए काफी नहीं था। लौकिक तलवार के अलावा उसने आध्यात्मिक साधनों -- ईसाई चर्च (पश्चिमी यूरोप में कैथोलिक चर्च), जिसका लोगों के विश्वासों और अंतःकरण पर एकाधिकार था -- का सहारा भी लिया।

चर्च शिक्षा देता था कि संसार को दयालु परमेश्वर ने बनाया है और अगर संसार में कुछ लोग धनी हैं और कुछ निर्धन, कुछ राज करते हैं और कुछ आज्ञापालन, कुछ शासक हैं और अन्य प्रशासित, तो यह भी परमेश्वर

द्वारा ही विहित है और जो व्यक्ति ईश्वरीय विधानो के खिलाफ विरोध प्रकट करता है, वह केवल विद्रोही ही नही, अपितु पापी भी है। इसलिए हर मेहनतकश को बिना किसी भी तरह के ऐतराज के अपने कर्तव्यो का पालन करना चाहिए अपने मालिक के लिए खाना पीना और कपडा-लत्ता जुटाना चाहिए और उसके लिए सिर्फ भय के कारण नही बल्कि ईमान की खातिर काम करना चाहिए। मध्ययुग मे अधिकाश लोग किसान थे जो स्वभाव से ही अधविश्वासी थे और चर्च द्वारा सिखाये विचारो को स्वीकार कर लेते थे, जिसका उन पर जबरदस्त प्रभाव था और जो इस तरह शोषण की सामती व्यवस्था को कायम रखने और मजबूत करने के अपने प्रयासो मे शासक वर्ग के हाथो मे एक महत्वपूर्ण हथियार बन गया था।

सामत लोग कैथोलिक चर्च की उपयोगी भूमिका की बहुत सराहना करते थे और उसे खुले दिल और खुले हाथो दान देते थे। इसके परिणामस्वरूप प्रारभिक मध्ययुग मे भी चर्च बडी-बडी जमीनो का स्वामी बन गया था और उसके उच्चाधिकारियो की गणना शासक वर्ग के सबसे प्रभावशाली सदस्यो म की जाती थी। बडे मठो के मठाधीश और धर्माध्यक्ष (बिशप) ड्यूको और काउटो जैसे प्रमुख अभिजातो के समकक्ष माने जाते थे।

रोम के धर्माध्यक्षो को जो पोप कहलाने लगे थे अपने धार्मिक कार्यो के अलावा प्रशासनिक कृत्यो का भी निष्पादन करना पडता था और स्थानीय आबादी की बर्बरो से रक्षा करनी पडती थी। इसलिए उन्हे खासी सत्ता और प्रतिष्ठा प्राप्त हो गयी और जल्दी ही वे सारे ईसाई विश्व के आध्यात्मिक नेतृत्व का दावा करने लगे।

दूसरा अध्याय

पूर्वी, दक्षिण-पूर्वी तथा दक्षिणी एशिया मे सामती सबधो का उदय और विकास

चीन

तीसरी शताब्दी मे दासस्वामी व्यवस्था क विघटन क परिणामस्वरूप हान साम्राज्य का पतन हो गया और उसक केंद्रीय प्रदेशो का, जिनम हान लोग रहते थे राजनीतिक अपकर्ष हो गया। हान साम्राज्य के प्रान्त (ह्वाग हो घाटी) म अतत कई राज्य स्थापित हुआ और यागत्सी की घाटी म जिसके कुछ भाग को हान साम्राज्य म शामिल कर लिया गया था, वू तथा शू राज्यो का उदय हुआ। इस प्रकार मध्ययुगीन चीन मे दो महत्वपूर्ण क्र पैदा हो गय। दक्षिण मे जहा काफी इलाका अछूप्ट ही रहा था, विकास धीरे धीरे हुआ। उत्तर म, जहा बडी-बडी सिचाई प्रणालियो को कायम रखना और खानाबदोशो के हमलो क खिलाफ किलेबदिया करना आवश्यक था, केंद्रीकृत राज्य का उदय और विकास अधिक तजी के साथ हुआ।

उत्तर मे, त्सिन राज्य मे, तीसरी सदी मे ही शोषण के नये सामती रूपो की तरफ सक्रमण शुरू हो चुका था। कुछ सामुदायिक किसान तथा गुलाम पराश्रित किसान बन गय और शक्तिशाली दासस्वामियो के सशस्त्र अनुचरो को भी अपने मालिको से जमीन मिल गयी (भूतपूर्व दासो से अधिक अनुकूल शर्तो पर)। दूसरी ओर आवटन प्रणाली* क पारपरिक ढाचे के भीतर (जा २८० ई० से ही विद्यमान थी) किसानो का एक और हिस्सा राजकीय जमीनो क सामताश्रित असामी काश्तकारो मे बदल गया था (इस

---

*चीन मे तथा कई और सुदूर-पूर्वी देशो म राज्य, जो सर्वोच्च भूस्वामी था, अपनी सपत्ति किसानो को बाट देता था और इसके बदले मे उनसे कर देने, सैनिक सेवा राजकीय निर्माण कार्यो मे भाग लेने आदि-आदि की माग करता था।

तरह की काश्तकारी की एवज मे उन्हे कर देने पडते थे, राजकीय जमीनो को काश्त करना होता था और बेगार तथा सैनिक सेवा करनी पडती थी)। नयी सामती नौकरशाही के ढाचे मे काम करनेवाले प्रशासनाधिकारियो को अपने कार्यकाल के दौरान जमीन के अपेक्षाकृत बडे बडे टुकडे प्रत्याभूत थे। दूसरी सदी के उत्तरार्ध और तीसरी के आरभ मे युद्धो के समय परित्यक्त जागीरो मे एक भू सचय बन गया था जिससे बाद मे भूमिहीन किसानो को जमीने दी जाती थी। लेकिन ह्वाग हो नदी की घाटी मे इन नये सामती सबधो का सुदढीकरण हो सकने के पहले ही उस पर खानाबदोश कबीलो (हूणो तोबाओ, आदि) का आक्रमण हुआ और त्सिन राज्य नष्ट हो गया। सिर्फ यागत्सी के थाले मे ही हान राज्य अक्षत रहे जहा सामती सबधो का अपेक्षाकृत कम गति से विकास हो रहा था।

खानाबदोशो द्वारा उत्तर मे मचायी गयी विनाश लीला ने जिसके बाद उनका हानो के साथ सम्मिलन और अतत आत्मसात्करण हुआ जमीन पर राजकीय स्वामित्व के बने रहने के बावजूद आगे चलकर सामती सबधो के विकास का पथ प्रशस्त किया। विशाल नहर प्रणाली की समुचित देखभाल सुनिश्चित करने की आवश्यकता और खानाबदोशो से सामूहिक प्रतिरक्षा बडे केंद्रीकृत राज्य के निर्माण का तकाजा करती थी। इसके मुख्य आधार छोटे और मझोले भूस्वामी शस्त्रजीवी थे जिनकी जमीदारिया सेवा की शर्तो पर आश्रित थी और जिन्होने शक्तिशाली भूस्वामियो को हटाने तथा बौद्ध मठो को जमीनो से बेदखल करने मे महत्वपूण भूमिका अदा की थी। उत्तरी वेई के हान तोबा राज्य (पाचवी सदी से छठी सदी का पूर्वार्ध) मे एक नयी और अधिक सुचारु आवटन प्रणाली शुरू की गयी – राजकीय भूमि पर अनिवाय श्रम के स्थान पर एक कर लागू किया गया जो किसानो को अपनी जोतो के लिए देना होता था और जिसका कुछ भाग राज्य को चला जाता था तथा कुछ उस प्रदेश विशेष के प्रशासनाधिकारियो मे बट जाता था। राजकीय जमीनो के साथ साथ निजी सपत्ति का अस्तित्व भी बना रहा और इन निजी जमीदारियो को आश्रित किसान काश्त करते थे। निजी जमीदारियो पर शोषण का मुख्य रूप कमरतोड लगान था – किसानो को अपनी लगभग आधी फसल देनी होती थी जिससे बचने का कोई उपाय नही था।

शोषण के नये तथा अधिक उन्नत रूपो के प्रचलन ने उत्तर के सुदृढीकरण मे योगदान किया। उत्तरी राज्य ने ५८९ मे दक्षिणी राज्य को अपने अधीन कर लिया, जहा सामती राजकीय सपत्ति का उदय ज्यादा धीमी रफ्तार मे हो रहा था और जहा भूस्वामी अभिजात वर्ग अब भी अत्यधिक शक्तिशाली था।

पुनरेकीकृत चीन पर सुई राजवश के शासनकाल (५८९ ६१८) के दौरान आवटन प्रथा दक्षिण मे भी फैल गयी। इसी प्रकार शोषण के तरीके

भी समस्त चीन म एकरूप हो गये और राज्य की आनारागिता का मि दनवान राज्यधर्म – रनपूजा मत – को देश भर म निर्विवाद प्रभुत्व प्रा हो गया।

सुई राजवश के अधीन हान प्रदेशो के एकीकरण के स्थान पर विज युद्धो का जमाना आ गया बडे पैमाने की निर्माण परियोजनाए शुरू की ग और महान नहर – ह्वाग हो को यागत्सी स जोडनेवाले एक विराट जलमार्ग का निर्माण किया गया। सरकारी जमीनो पर श्रम सेवा (बगार) म इतन जबरदस्त वृद्धि कर दी गयी कि जनव्यापी विद्रोह फूट पडे। सुई राजवश के बाद आनेवाले ताग राजवश (६१८-६०७) के सम्राटो ने शोषण की सामना नौकरशाही प्रणाली का परिष्कार करना जारी रखा। बगार को कम क दिया गया करो की उगाही की प्रणाली का पुनर्गठन किया गया और व्यापारियो दस्तकारो तथा राजकीय दासो को जमीनो का आवटन किया गया। इन सभी कारको ने कृषक विद्रोहो की लहर को खत्म करने म सहायता दी और आर्थिक तथा सास्कृतिक उन्नति तथा व्यापार और शिल्पो के प्रसार म योग दिया। काफी हद तक ये सफलताए गैर-हान आबादी का सर्वतोमुख शोषण करके पायी गयी थी। इन नयी नीतियो को क्रियान्वित करने के लिए हान किसानो मे स भरती किये गये पैदल सैनिको और विजित कौमो के रिसाले द्वारा समर्थित अत्यत सतर्क निरीक्षको की विशाल सख्या के अधीन एक जटिल बहुशाखित प्रशासनतत्र की स्थापना की गयी।

ताग वश ने दक्षिणी मगोलिया तथा दक्षिणी मचूरिया और तरीम तथा ऊपरी यागत्सी घाटियो मे जाकर युद्ध किये। इन युद्धो ने चीन की आर्थिक व्यवस्था को कमजोर कर दिया जिससे आठवी सदी म वशागत भूस्वामित्व जोर पकडने लगा और सामत लगातार बढती सख्या मे करदाता किसानो को अपने भदास बनाने लगे। युद्धो न देश को निर्धन बना दिया, केंद्रीय प्रशासनतत्र को कमजोर कर दिया और खानाबदोश आक्रमणकारियो द्वारा कई पराजयो के बाद तो भूस्वामी नौकरशाह वर्ग की राजनीतिक स्थिति का अतिम रूप मे तलोच्छेदन हो गया। दक्षिण की अधीनस्थ जातियो (जैसे वियतनामियो) न अपनी स्वतत्रता को फिर से प्राप्त कर लिया और स्थानीय सरदारो ने, जो इसी बीच शक्तिशाली जमीदार बन गये थे अपने को आजाद घोषित कर दिया। इन हालातो मे निजी भूस्वामित्व का तेजी से प्रसार हुआ और उसके अनुपात मे राजकीय राजस्व भी कम हो गया। आवटन प्रणाली को फिर से स्थापित करने की असभाव्यता के परिणामस्वरूप सामती सरदारो के अपनी जागीरो पर स्वामित्व को और अपने भूदासो पर उनके अधिकार को (अपनी जागीरो म रहनेवाले किसानो से वे पहले ही कर उगाह रहे थ) और कितनी भी बडी जागीर रखने के उनके अधिकार को भी आशिक मान्यता देनी पडी।

अन्य मामती राज्यो की ही भाति चीन मे भी नयी आर्थिक व्यवस्था के विकास के फलस्वरूप छोटे तथा मझोले आकार की जागीरो की सख्या मे वृद्धि हुई जिनके स्वामी मौके पर ही कृषक श्रम का प्रत्यक्ष शोषण करते थे। तथापि सिचाई प्रणाली की उचित देखभाल, जो चीन मे विशेषकर महत्वपूर्ण थी और खानाबदोश आक्रमणकारियो के विरुद्ध समुचित प्रतिरक्षात्मक उपायो की आवश्यकता का मतलब यह था कि सुदूर-पूर्व के अन्य राज्यो के विपरीत यहा प्रारभिक सामती युग मे सामती नौकरशाही का विलोप नही हुआ।

नवी सदी मे ताग वश के शासन मे सामती नौकरशाही के साथ साथ उदीयमान भूस्वामी वर्ग भी किसानो का शोषण करता था, जिसके फलस्वरूप किसानो तथा पराभूत जातियो मे अनेक विद्रोह हुए। ८८१ मे हुआग चाओ के नेतृत्व मे विद्रोहियो ने राजधानी चागआन पर कब्जा कर लिया। यद्यपि इस विद्रोह को कुचल दिया गया, पर इसके बाद दुहरे शोषण की प्रणाली को भी खत्म कर दिया गया और सत्ता धीरे धीरे शक्तिशाली सामतो के हाथो मे सकेंद्रित हो गयी, जिन्हे मजबूत केंद्रीय तत्र पर निर्भर करने की कोई आवश्यकता न थी।

सातवी से नवी सदी तक का जमाना चीनी सस्कृति के जबरदस्त मुकुलन का काल था। इस जमाने मे बारूद ईजाद किया गया कागज तथा चीनी मिट्टी की चीजे बनाने की प्रविधिया परिष्कृत की गयी और लकडी के ठप्पो से छपाई की शुरूआत की गयी। विद्यालयो की सख्या बढी अकादमिया की स्थापना की गयी और कई नगर महत्वपूर्ण सास्कृतिक केंद्र बन गये। चीनी विद्वानो ने गणित, खगोल तथा भौतिकी के क्षेत्र मे अनेक महती खोज की और भूगोल तथा इतिहास का भी तीव्र विकास हुआ। ताग राजवश का शासनकाल श्रेष्ठ काव्यरचना काल के नाते भी विख्यात है – यह ली पो तू फू और पो च्यू-इ का जमाना था। ताग काल मे चुआन ची (अचरजो की कथाए) का लेखन हुआ, जिसे गल्परचना का पहला गभीर प्रयास होने के नाते साहित्य के इतिहास मे अत्यत महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त है। इनमे से कई लेखको की कृतियो मे वास्तविक विश्व के प्रति भौतिकवादी दृष्टिकोण अपनाया गया था। चित्रकला तथा मूर्तिकला के क्षेत्रो मे भी नयी शैलिया प्रकट हुई और अनेक प्रतिभाशाली कलाकारो ने ख्याति अर्जित की।

दसवी शताब्दी का प्रथमार्ध शक्तिशाली भूस्वामियो और चीनी तुर्की ताई तथा अन्य जातियो के युद्धनताओ के बीच चलनेवाले युद्धो से परिपूर्ण रहा। भूतपूर्व साम्राज्य के भग्नावशेषो पर कितने ही राज्य पैदा हो गये जिनमे सबसे शक्तिशाली खितान कबीले द्वारा स्थापित किया गया राज्य था। ह्वाग हो घाटी पर खितान आक्रमण ने नगरो तथा पुरोहित वर्ग द्वारा समर्थित शक्तिशाली भूस्वामियो मे कुछ हद तक एकता की भावना पैदा की। तथापि

केंद्रीकरण की ओर रुझान इस नये आन्दोलन की मुख्य प्रेरक शक्ति छोटे और मझोले भूस्वामी नौकरशाहों से आई। उत्तरी चाओ कुआंग यिन को सम्राट घोषित कर दिया और उत्तरी सुंग राजवंश (९६० १२७९) की स्थापना की।

अधिक विकसित अर्थव्यवस्था के आधार पर केंद्रीकरण की ओर नीति आंदोलन में एक नयी मंजिल का आरंभ हुआ। सुंग राजवंश का शासन क्षेत्र पहले की अपेक्षा छोटे प्रदेश पर फैला हुआ था लेकिन दूसरी ओर ह्वांग हो, यांगत्सी और सिक्यांग नदियों की घाटियों में उर्वर सघन इलाकों में घनी और सामाजिक दृष्टि से एकरूप (चीनी) आबादी रहती थी। लेकिन इस राज्य की उन्नति में किदान तंगुत, ताई तथा अन्य जातियों के आक्रमण ने बाधा डाली।

शक्तिशाली भूस्वामियों और छोटे तथा मझोले जमींदारों द्वारा समर्थित केंद्रीय सत्ता के बीच संघर्ष अधिक प्रखर हो गया। इस संघर्ष के दौरान सामाजिक संगठन के पुराने रूप खत्म हो गये और उनका स्थान नये रूपों ने ले लिया। इस काल का सबसे महत्वपूर्ण नया लक्षण निजी जागीरों का पैदा होना था, जिन्हें भूदास और असामी काश्तकार काश्त करते थे और जिन्हें कमरतोड़ लगान देना पड़ता था। इसी के साथ-साथ किसानों को राज्य को अब भी कर अदा करने होते थे। महत्वपूर्ण व्यापार मार्गों के संधिस्थलों पर नगर पैदा हो गये और एक जटिल वित्त तथा उधार प्रणाली भी विकसित हो गयी। जहां तक शहरी कारीगरों की बात है वे उद्योग की संबद्ध शाखा के व्यापारियों के साथ श्रेणियों (गिल्डों) में संयुक्त हो गये थे, जो सिर्फ विशेष सामानों के उत्पादन से ताल्लुक रखनेवाले सवालों ही नहीं बल्कि प्रशासन संबंधी प्रश्नों (मुखिया का चुनाव, जरूरतमंद सदस्यों की सहायता, सदस्यों के आपसी झगड़ों का समाधान, नगर अधिकारियों के साथ संपर्क, आदि) को भी तय किया करती थी। नगरों में सत्ता शाही अधिकारियों के हाथों में थी, कोई स्वतंत्र नागर प्रशासन न था और उसके पैदा होने में सबसे महत्वपूर्ण सामानों के उत्पादन तथा विक्रय पर राजकीय एकाधिकार बाधक था।

खाली जमीनों के अभाव और उसके साथ-साथ दसवीं और ग्यारहवीं सदियों में किसानों के शोषण को तेज करने के प्रयासों के परिणामस्वरूप करों में वृद्धि हुई, जिसने अपनी बारी में किसानों के विद्रोहों को, और विशेषकर भीषणतम शोषण का शिकार बनाये जानेवाले गैर हान किसानों के बलवों को जन्म दिया। राजकीय संपत्ति की पुनर्स्थापना करने का (किसी हद तक जमींदारों और व्यापारियों को नुकसान पहुंचाकर) प्रयास किया गया, लेकिन वह पूर्णतः असफल सिद्ध हुआ। परिस्थिति अत्यंत गंभीर थी और जब कुछ ही बाद एक जबरदस्त खानाबदोश आक्रमण हुआ, तो साम्राज्य छिन्न भिन्न होने लगा। ११२७ में उत्तर में चिन नामक हान जुर्चेन राज्य स्थापित किया

नारा (जापान) का याकूशीजी पगोडा

...जब कि दक्षिणी हान प्रांत सुग वंश के अधिकार मे ही रह गये। दा...
ही राज्य आर्थिक तथा राजनीतिक रूप मे कमजोर थे – उत्तर म युद्धा...
कारण अर्थव्यवस्था जर्जर हो रही थी तो दक्षिण म जुर्चेनो से पराजित हा...
क बाद शक्तिशाली सामत पहले स भी अधिक बेकाबू और आजाद हो गये,
जिसके कारण दक्षिणी सुग साम्राज्य की सैनिक शक्ति मे ह्रास के अलावा
आर्थिक शक्ति भी कमजोर हुई और व्यापार तथा नगरो के प्रसार मे अस्थाया
रुकावट आयी।

कोरिया

कोरिया मे सामती सबध प्रारभिक वर्ग-राज्यो – कोगूर्यो, पैक्च तथा
सिल्ला राज्यो – के ढाचे के भीतर विकसित हुए थे। इन राज्यो मे सत्ता
गोन समाज क प्रमुखो व वशज भूस्वामी अभिजातो के हाथो म थी और
समुदायो म रहनेवाले किसान मुख्य उत्पादक थे, जो सीधे या तो राज्य के
या भूस्वामी शस्त्रजीवियो के उदीयमान वर्ग के सदस्य राजकीय अधिकारिया
के अधीन थे। दासो की तीसरी चौथी तथा पाचवी शताब्दिया के कोरियाई
समाज म कोई खास महत्वपूर्ण भूमिका नही थी और उनकी सख्या धीरे धीर
कम होती गयी। प्रारभिक कोरियाई सामती समाज का मुख्य धर्म कनफ्यूश
मत था जिसका स्थान बाद मे बौद्ध धर्म ने ले लिया। कोरिया म तीसरी
चौथी सदिया म नगर पैदा हो रहे थ और व्यापार तथा सचार विकसित हो
रह थे।

कोरियाई राज्यो की जातीय सास्कृतिक तथा भौगोलिक एकता न
राजनीतिक एकता की स्वाभाविक आकाक्षा पैदा की और चीनी साम्राज्य क
आक्रमणो क खतरे ने इस प्रवृत्ति को और पुष्ट किया (कोरिया पर ५९८
६११ ६१३ ६१४ ६४५ और ६६० मे चीनी हमले हुए थे)। एकीकरण
क लिए हुए युद्धो क बाद सपूर्ण कोरिया दक्षिण के सिल्ला राज्य के नेतृत्व
म एकीकृत हो गया (सातवी सदी क अत से आठवी सदी का प्रारभ)।
सयुक्त सिल्ला राज्य म आरभिक सुदूर पूर्वी सामती समाज के सार
ही लक्षण विद्यमान थ – राज्य का ढाचा सारी जमीन के राजकीय स्वामित्व
पर आधारित था और इस जमीन क निजी जोतो या आवटनो के रूप म
किसानो क बीच वितरण न लगान की सूरत म राज्य और सामती अधिकारिया
द्वारा शोषण को जन्म दिया। सामती ... को अपनी सेवाओ क बदल
वर्ग गावो म लगान उगाहने ... अधिकार ... जाता था। समुदायो
का धीरे धीरे विलुप्त ... था। भूपतियो म
आबद्ध किसान बड़े-बड़े ... आवटन

तथा राज्याधीन मानी जमीनो का अस्तित्व केंद्रीकृत राज्यतन्त्र के निमाण मे सहायक हुआ, क्योकि इस तन्त्र के अधिकारियो को वेतन के बजाय जमीन और आम तौर पर इस जमीन के साथ साथ उसे काश्त करनेवाले किसान भी दिये जाते थे। देश के एकीकरण न आतरिक व्यापार तथा शिल्पो के विकास के लिए नया उद्दीपन प्रदान किया। कोरिया मे विदेश व्यापार विकास के बहुत नीचे स्तर पर ही था क्योकि उसे चीनी प्रतियोगिता का सामना करना पडता था।

सुधारो के अभाव म आवटन प्रणालियो की दुर्वह क्रियाविधि सामान्यत आर्थिक विकास मे बाधा डालन लगती थी। भूस्वामी शस्त्रधारी वर्ग के एक हिस्से द्वारा बडे-बडे इलाको पर दखल जमा लेने के परिणामस्वरूप नवी शताब्दी मे आवटन प्रणाली मे सकट की स्थिति पैदा होने लगी। इस समय तक बौद्ध मठो का भी बडी बडी जमीदारियो पर स्वामित्व स्थापित हो चुका था। नये सामतो द्वारा किसानो का गहन शोषण शुरू हो गया, करदाताओ की सख्या कम हो गयी और नतीजे के तौर पर भूस्वामी प्रशासको द्वारा सचालित राजकीय तन्त्र बहुत कमजोर हो गया। अकेले राज्य के लिए कृषक विद्रोहो (८८६ ८९६, आदि म) को कुचलना सभव नही था और ऐसे विद्रोहियो के खिलाफ मौके पर सघर्ष शक्तिशाली जमीदार और उनके अनुचर करते थे। इन हालतो मे केंद्रीय सत्ता जल्दी ही खत्म हो गयी और दो पृथक राज्य पैदा हो गये।

कृषक विद्रोहो के विरुद्ध दीर्घकालीन अभियान और चीन तथा वर्तमान मचूरिया के प्रदेश स होनेवाले आक्रमणो ने शक्तिशाली केंद्रीकृत राज्य की पुनर्स्थापना को अपरिहार्य बना दिया। जब ९१८ मे वाग कोन ने देश के पुनरकीकरण क लिए प्रयास करना शुरू किया तो कई सामत स्वत उसके पक्ष मे आ गये। नये सयुक्त राज्य कोर्यो मे आवटन प्रणाली का पुनर्गठन किया गया – सभी किसानो के लिए राज्य को लगान देना अनिवार्य था (राजकीय जमीनो को काश्त करनेवाले किसान सभी कर राज्य को सीधे अदा करते थे और नौकरशाही के सदस्यो की जमीदारियो को काश्त करनेवाले एक हिस्सा राज्य को तथा शेष अपने मालिको को देते थे)। उत्तर पश्चिम मे जहा बहुत सख्या मे किसान बसाये गये थे और जहा सीमा के साथ साथ किलेबदियो का सिलसिला कायम कर दिया गया था, खाली जमीनो के काश्त मे लाये जाने की बदौलत आवटन प्रणाली का सुदृढीकरण सभव हो गया।

राजकीय तन्त्र मे काम करनेवालो को वेतनस्वरूप लगानमुक्त जमीन दी जाती थी जबकि सभी सामतो को यहा तक कि जो व्यवहारत अपनी जमीन के स्वामी थ, उन्ह भी राज्य को अपनी जमीदारियो की आय से निर्धारित कर अदा करना होता था। कोरिया म चूकि बजर जमीन बहुत थी इसलिए आवटनो मे इसे कृष्य भूमि के साथ शामिल कर लिया जाता

था। इस कारण जापान और वियतनाम के विपरीत, जहा जमीन की ◌ थी कोरिया मे भूदास विशेषकर मूल्यवान थे – उन्हे अधिकाधिक सख्या इन जमीनो के साथ आर्थिकेतर साधनो से आबद्ध कर दिया गया। जमीदारो के बीच लडाइया मुख्यत इन भूदासो को लेकर ही होती थी, जिन्हे बन्दी बना लिया जाता था या दूसरी जगह बसा दिया जाता था, क्योकि उनके बिना जमीदारो के लिए अपनी कर्षित भूमि को बढाना असभव था।

दसवी शताब्दी के अत तक सामती सबधो की प्रणाली को चीनी एकरूप तरीको के अनुरूप बनाया जा चुका था, कारगर राजकीय तत्र की स्थापना की जा चुकी थी और असैनिक प्रशासनाधिकारियो तथा सेनानायको के अधिकारो और कर्तव्यो के बीच सुनिर्धारित सीमारेखाए स्थापित की जा चुकी थी। पहले के अनुचरो के स्थान पर लामबद किसानो की नियमित सेना बनायी जा चुकी थी। इसकी बदौलत कोर्यो के सामतो के लिए ग्यारहवी सदी के आरभ मे खितान आक्रमण को विफल करना और कृषक विद्रोहो को कुचलना सभव हो गया। ग्यारहवी शताब्दी से लेकर बारहवी शताब्दी के आरभ तक का समय कोरिया मे केंद्रीकृत सामती राज्य के मुकुलित होने का काल था। इसमे चीनी सामतो के दबाव के कम होने से भी काफी योगदान मिला (वियतनाम की ही भाति) क्योकि चीनी साम्राज्य इस समय ह्रासग्रस्त था।

इस काल मे किसानो के दो सुस्पष्ट समूहो मे अतर करना सभव हो गया था – स्वतत्र किसान और अलग अलग जमीदारो या राज्य की सेवा के लिए अनुबद्ध किसान। पहले प्रकार के किसानो के शोषण के मुख्य रूप लगान और बेगार तथा सैनिक सेवा थे, दूसरे समूह के किसान आम तौर पर शक्तिशाली जमीदारो या स्वय सम्राट की सेवा करनेवाले अनुबद्ध काश्तकार थे। ग्यारहवी-बारहवी सदियो मे बडे पैमाने पर शहरो का प्रसार और शिल्पोद्योगो का विकास हुआ लेकिन ये प्रक्रियाए अपेक्षाकृत धीमी गति से हुईं, क्योकि इस बात के अलावा कि कोरिया मे निर्मित निर्यात वस्तुए बहुत कुछ चीनी चीजो जैसी ही थी और प्रतियोगिता बहुत तेज थी उनमे राजकीय नियत्रण, निर्यात निषेध और सगठित श्रेणियो का अभाव भी बाधक थे। एकमात्र बडा नगर राजधानी ही था। इसी बीच इस काल मे चीन के साथ सास्कृतिक सबधो और चीनी विज्ञान, कला तथा साहित्य ने कोरियाई सस्कृति पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाला।

जापान

जापान मे वर्ग समाज का उदय अधिकाश एशियाई राज्यो मे सामती व्यवस्था की ओर सक्रमण के साथ ही हुआ। नवजात जापानी वर्ग समाज

इडोनेशियाई तथा अन्य वर्ग समाजो की भाति त्रिलकुल आरभ मे ही सामती विकास के रास्ते पर चला – दासस्वामी समाज के अतनिहित तत्वो न यहा कभी जड नही पकडी। पाचवी छठी शताब्दी के यामातो राज्य" के वर्ग समाज मे समुदायो मे रहनेवाले स्वतत्र किसानो और पुश्तैनी अधीन किसानो तथा दासो का ही सख्यागत प्रावल्य था। इस काल मे कुल प्रमुखो की कतारो से धीरे धीरे एक वशागत अभिजातवर्ग उदित हुआ। छठी शताब्दी के अत (सुमेरागी वश का प्रथम शासनकाल तक राजसी शक्ति के मुख्य सिद्धात निश्चित रूप ग्रहण कर चुके थे।

इसी के साथ-साथ नगर विकसित हो रहे थे और शिल्पोद्योगो का प्रसार हो रहा था, प्रशासनाधिकारियो की क्रम परपरा पैदा हो रही थी और जापान के पारपरिक शितो धर्म के पुरोहितो की विशेष जाति अस्तित्व मे आ रही थी। वर्ग समाज के निर्माण के साथ साथ प्रखर सघर्ष चला। ५६२ मे सत्ता सोगा वश के हाथो मे चली गयी लेकिन किसानो के लिए जो सुमेरागियो के विरुद्ध विद्रोह करनेवालो के मुख्य अग थे कुछ भी नही बदला। सोगा शासन क समय शोषक शासक वर्ग न जिसे शितो धर्म की अपेक्षा वर्ग समाज के अधिक अनुकूल धर्म की आवश्यकता थी, जापान मे बौद्ध धम के प्रचार को प्रोत्साहन देना शुरू किया (छठी सदी से)। सोगा शासन के अधीन जापान मे प्रारभिक वर्ग समाज का भीतरी ढाचा नही बदला। लेकिन साथ ही आतरिक सामाजिक अतविरोधो के तेज होने और चीन तथा कोरिया क सिल्ला राज्य के साथ लडाइयो न प्रशासन तत्र के पुनर्गठन को आवश्यक बना दिया।

नये सामती समाज के मूल सिद्धातो का शोतोकू ताइशी क विधाना म निरूपण हुआ, जो चीनी विधि सहिता के स्थानीय अवस्थाओ क अनुसार अनुकूलन के प्रतीक थे। केद्रीकृत राज्य सत्ता के इस सुदृढीकरण क ही साथ साथ बौद्ध विहार (मठ) बडी बडी जमीदारिया हासिल करत जा रहे थ जिन्हे सामती आधार पर सगठित किया जा रहा था। सोगा वश के नेतृत्व मे वशागत अभिजातो ने इन नयी प्रवत्तियो का प्रतिरोध किया। सोगाओ को सिहासनच्युत कर दिया गया और सत्ता फिर सुमेरागी वश क हाथो म चली गयी (६४५) लेकिन नये राज्य के सचालन का आधार विशुद्धत सामती था (ताइक्वा क सुधार)।

सुदृढित केद्रीकृत राजकीय तत्र का पूरा पूरा लाभ उठात हुए सामतो न समुदायो म शामिल स्वतत्र किसानो और कुलाभिजात्य क अवशेषो पर हल्ला बोल दिया। इस आक्रमण क परिणाम ताइहो सहिता (७०१) म अभिव्यक्त हुए – सम्राट सारी जमीन का सर्वोच्च स्वामी था स्वतत्र किसानो को कृष्य भूमि क टुकडो पर अस्थायी अधिकार प्राप्त थ जो सम्राट उन्हे

इस शर्त पर प्रदान करता था कि वे लगान अदा करें और अपने दायित्व को पूरा करें। किसानों के लिए अपनी जमीन का परित्याग करना निषिद्ध कर दिया गया। इस प्रकार स्वतंत्र तथा अनुबद्ध किसान राज्य के कृषिदास बन गये और राजकीय दासों के अलावा व सबसे निचले सामाजिक वर्ग में गिने जाते थे। राजकीय अधिकारियों और खिताबदार अमीरों को बड़े बड़े भूखंड मिलते थे, जिनका कुछ भाग मौरूसी होता था क्योंकि सरकारी पद आम तौर पर पुश्तैनी ही हुआ करते थे। उन्हें अपनी सेवाओं के पारि-श्रमिक के रूप में राजकीय किसानों द्वारा अदा किये गये लगान का एक भाग अपने पास रखने दिया जाता था। जापान में आठवीं सदी में सामाजिक तथा आर्थिक संगठन के जो रूप उदित हुए, वे काफ़ी हद तक उसके अधिक उन्नत पड़ोसियों विशेषकर चीन, के नमूने पर थे (आवंटन प्रणाली आदि-आदि)।

सामंतों को भूखंडों का वितरण (किसानों के बिना) और राजकीय कृषिदास प्रथा इन दोनों का एक साथ प्रचलन अंतर्विरोधों से परिपूर्ण था, क्योंकि आवंटित जमीनों के स्वामी किसानों से अपनी जमीनें काश्त करवाते थे और उनकी सेवाओं को प्राप्त करने का एकमात्र तरीका (आठवीं सदी के बाद में दास श्रम का उपयोग बंद हो गया था) राजकीय किसानों को तबाह करना ही था। इससे करदाताओं की संख्या कम होती गयी। लेकिन आठवीं सदी में ये अंतर्विरोध उभरकर अभी सामने नहीं आये थे। तायका सुधारों ने जापानी इतिहास में एक नये काल – तथाकथित नारा काल (७१०-७८४) – का समारंभ किया, जिसे अपना नाम तत्कालीन राजधानी नारा से मिला है।

नारा काल आपेक्षिक आर्थिक तथा राजनीतिक स्थिरता का समय था। कुछ ही पहले वैध ठहराये गये उत्पादन संबंधों ने अभी उत्पादक शक्तियों के साथ टकराना शुरू नहीं किया था। कर्षित भूमि का रकबा बढ़ा, सिंचाई प्रणालियों का प्रसार हुआ और चावल की पैदावार में वृद्धि हुई। खनन और नागर विकास की भी खूब उन्नति हुई। कानूनों को संहिताबद्ध बनाया गया। ऐतिहासिक घटनाओं का एक इतिवृत्त तैयार किया गया, जिसमें वास्तविक घटनाओं को पौराणिक कथाओं के साथ-साथ पाया जाता है (उदाहरण के लिए सम्राटों के सूर्यदेवी अमातेरासू ओमिकामी की संतति होने की कथा)। महत्वपूर्ण साहित्यिक कृतियों की भी रचना हुई, मिसाल के लिए, आठवीं सदी के उत्तरार्ध में 'मन्योशू' नामक संग्रह।

नाराकालीन जापान पर फ़ूजीवारा वंश का शासन था, जिसे प्रायः वंशागत अभिजात वर्ग के अवशेषों ही नहीं, बल्कि सामंती नौकरशाही के प्रमुख सदस्यों से भी संघर्ष करना पड़ता था। आठवीं सदी के अंत तक

अभिजात वर्ग परास्त किया जा चुका था और सामंती नौकरशाही की सत्ता स्थापित हो चुकी थी। सामंती समाज के सामाजिक आधार में इस परिवर्तन के परिणामस्वरूप उसके ढांचे और सामंती प्रभुओं के बीच चलनेवाले संघर्ष में भी परिवर्तन आया। अब यह प्रशासनिक पदों पर आसीन अभिजात दरबारियों के एक दल द्वारा प्रांतों में प्रशासन के प्रभारी शक्तिशाली जमींदारों के खिलाफ संघर्ष बन गया। ये दोनों दल वंशपरंपरा से प्राचीन कुलागत अभिजात वर्ग से भिन्न थे, अतः उन्होंने अपने पदों के साथ मिलनेवाली जागीरों को मौरूसी संपत्ति में बदलने के लक्ष्य से शाही सत्ता के खिलाफ अपना संघर्ष भी जारी रखा और उसे बेहद कमजोर कर दिया। वास्तविक सत्ता अब सुमेरागी वंश के हाथ में नहीं, बल्कि शक्तिशाली जमींदार पूंजीवारा घराने के हाथ में आ गयी। यह परिवर्तन तथाकथित हेइआन काल (नवीं सदी – ग्यारहवीं सदी की शुरूआत) के आरंभ का द्योतक था।

इस जमाने में भू-व्यवस्था का मुख्य स्वरूप बड़ी-बड़ी निजी भूसंपत्तियों का था, जो शोएन कहलाती थीं और जिन पर कोई कर नहीं लगाये जाते थे। शोएनें आरंभ में पहले की अस्पृष्ट जमीनों के काश्त किये जाने के परिणामस्वरूप पैदा हुई थीं, जिन्हें कृषि में लाने पर लगानमुक्त कर दिया जाता था। इसके कारण राजकीय राजस्व में जबरदस्त कमी आयी, क्योंकि अधिकाधिक किसानों को शोएनों को काश्त करने पर लगाया जा रहा था। इन नये जमींदारों – शोएनपतियों – के उदय ने भी केंद्रीकृत राज्य के राजनीतिक आधार को कमज़ोर किया। उस समय किसी बड़े विदेशी शत्रु का – और इसलिए बड़ी सेना रखने की आवश्यकता का – न होना और बड़े पैमाने की सिंचाई व्यवस्था का अभाव भी विकेंद्रीकरण की इस प्रक्रिया में सहायता देनेवाले अन्य कारक थे।

शक्तिशाली भूस्वामियों के विरुद्ध संघर्ष के दौरान सरकार ने करों के बोझ को बढ़ाया, जिसके कारण सरकारी काश्तकार भागकर शोएनों पर बसने लगे और नवीं, दसवीं तथा ग्यारहवीं सदियों में जन विद्रोह हुए। केंद्र से सरकारी काश्तकारों के श्रम को कारगर तरीके से संगठित करने की असंभाव्यता ने राज्य को अपनी काफी जमीन राजकीय सेवा अथवा शक्तिशाली सामंतों की सेवा करनेवाले सरदारों अथवा समुराइयों को वंशागत जागीरों के रूप में बांटने के लिए विवश कर दिया। भूस्वामी वर्गों का यह हिस्सा बहुत तेजी से बढ़ा और उसने धीरे-धीरे प्रांतों में स्थानीय प्रशासनाधिकारियों का स्थान ले लिया। समुराई श्रेणी का अभ्युदय ग्यारहवीं और बारहवीं सदियों में हुआ, विशेषकर देश के उत्तर और पूर्व में, और जल्दी ही समुराई केंद्रीय सत्ता पर प्रभाव के लिए शोएनपतियों से टक्कर लेने लगे।

देश के दक्षिणी तथा मध्यवर्ती भागों में शोएनपति सम्राटों पर अपने

प्रभाव को कायम नही रख सके और बडे भूस्वामियो तथा समुराइयो के बीच शक्ति-सतुलन के कारण सम्राटो के लिए मठो के समर्थन से स्वतत्र नीतियो पर चलना सभव हो गया (१०६९-११६७)। लेकिन केंद्रीय सत्ता का यह सुदढीकरण अपेक्षाकृत सीमित पैमाने पर ही था। इस काल मे जापान मे छोटी जागीरो का उदय हुआ (एशिया के अन्य देशो की अपेक्षा अधिक पहले), जिनका विकास मुख्यत समुदायो के विघटन के फलस्वरूप हुआ था। यह प्रक्रिया जापान मे विशेषकर तेजी के साथ घटी, क्योकि यहा उन्नत सिचाई प्रणाली आदि जैसी साझे की कोई महत्वपूर्ण सामुदायिक सुविधाए नही थी। इस विघटन मे केंद्रीय सत्ता की कमजोरी के कारण और भी तेज़ी आयी, जिसकी विदेशी आक्रमणकारियो से सदा आतकित सुविकसित सिचाई प्रणालियोवाल अन्य राज्यो की बनिस्बत जापानी द्वीपो म कम सख्त जरूरत थी। जापान मे भूमि के राजकीय स्वामित्व पर आधारित अर्थव्यवस्था, सामती प्रभुओ तथा प्रशासनाधिकारियो द्वारा सचालित कृषि उत्पादन और सामुदायिक कृषि का अपकर्ष कोरिया, चीन, वियतनाम और सुदूर-पूर्व के अन्य देशो की अपेक्षा पहले हुआ।

एक प्रकार के सामती सबधो के स्थान पर दूसरे प्रकार के सामती सबधो की स्थापना रक्तपात के बिना सभव नही थी, क्योकि प्रत्येक प्रकार भूस्वामियो के एक विशिष्ट समूह के हितो का प्रतीक था, जिनमे से कोई भी अपने पुरान अधिकारो और विशेषाधिकारो को तजने के लिए तैयार नही था। बारहवी शताब्दी के मध्य मे जापान मे भूस्वामियो के तीन समूह थे – उत्तर मे समुराई और उनके सामत (मीनामोतो कुल), दक्षिण म, जहा समुराई कही कमजोर थे, बडी-बडी जागीरो के स्वामी (ताइरा कुल) और राजधानी के भूस्वामी राज्याधिकारी, जो सम्राट के अमले मे आते थे (फूजीवारा कुल)। इस सघर्ष मे सामाजिक विकास की दप्टि से अधिक उन्नत उत्तर की विजय हुई जहा छोटी जागीरो का प्राधान्य था। ताइरावशी ११८५ मे पराजित हुए और ११९२ मे सम्राट के अनुचरो को भी हरा दिया गया – प्रसगत सम्राट के अमले की पराजय मे हेइआन घराने की विशाल जागीरो म किसानो के विद्रोहो ने भी काफी योग दिया था। मीनामोतो योरीतामो न अपने को जापान का नया शासक – शोगून – घोषित कर दिया और इस उपाधि को वशागत घोषित कर दिया गया।

समुराइयो की विजय के बाद जमीन के बडे पैमाने पर पुनर्वितरण के फलस्वरूप भूस्वामित्व के पुरान रूपो का स्थान नये रूपो ने ले लिया। देश भर म समुराई जागीर पैदा हो गयी। सम्राट, राजधानी के भूस्वामी राज्याधिकारियो और बौद्ध मठो की सख्या और आकार मे काफी कम हुई जागीरो का हिस्सा अब छोटा हो गया। किसान अब राज्य को कर और

समुराइयो तथा अन्य भूस्वामियों को लगान देने लगे। बारहवी सदी के जापान मे नगर, व्यापार और शिल्पोद्योग विकास के एक ऊचे स्तर पर पहुच गये। देश भर म श्रेणिया (गिल्ड) पैदा हो गयी। छोटी और मझोली समुराई जागीरो के प्राधान्य के फलस्वरूप अनेक आर्थिक केंद्रो का उदय हुआ, जिनमे से प्रत्येक मे कई बडे शहर थे। इस विशेषता ने जापान को एशिया के अन्य लाक्षणिक सामती राज्यों से अलग कर दिया, जिनमे राजधानी तो बहुत बडी हुआ करती थी, लेकिन उसके अलावा छोटे-छोटे प्रातीय कसबे ही हुआ करते थे। आतरिक और – कुछ कम हद तक – विदेशी व्यापार की वृद्धि के फलस्वरूप व्यापारियो और मालवाहको के बडे बड समूह पैदा हो गये। बारहवी सदी का जापान आर्थिक और सास्कृतिक दृष्टि से अत्यत विकसित सामती राज्य था। उसके सामाजिक तथा सास्कृतिक जीवन के कई पहलुओ पर चीन का सशक्त प्रभाव था।

भारत

पाचवी शताब्दी मे दासस्वामी गुप्त साम्राज्य और दक्षिण भारतीय राज्यो के पतन के साथ भारतीय समाज म धीरे धीरे सामती तत्वो का प्राधान्य होने लगा। पहले के कृषक समुदायो के किसानो के बीच से छोटे छोटे भूस्वामी उभरकर सामने आने लगे और बड दासस्वामी कुलो तथा मदिरो की ही भाति शोषण के सामती स्वरूप अपनाने लगे। समुदायों के कगाल किसान जमीन को जोतने-बोनेवाले गुलाम और विजित प्रदेशो के निवासी पराश्रित कृषि श्रम शक्ति का निर्माण करते थे।

उत्तरी तथा दक्षिणी भारत म सामती व्यवस्था की स्थापना की प्रक्रिया साथ साथ ही चली लेकिन उसने विभिन्न रूप ग्रहण किये। फिर भी समूचे तौर पर भारतीय सामतवाद के कई विशिष्ट लक्षण थे – विशेषकर जमीन पर राजकीय स्वामित्व का धीमी गति से सुदृढ होना और अपने शासको की चाकरी करनेवाले सामतो का सीमित भूस्वामित्व। प्राधान्य निजी भूसपत्तियो का ही था, सामती पदानुक्रम वशागत भूस्वामियो के पद सोपान के साथ जुडा हुआ था और सामती व्यवस्था के अतर्गत ग्राम समुदाय ने अपनी आतरिक स्वतत्रता (आर्थिक और प्रशासनिक दोनो) को काफी हद तक बनाये रखा था। सामती समाज की विभिन्न श्रेणियों के विकास मे वर्ण व्यवस्था महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती थी। पट्टेदारी और अनिवार्य लगान शोषण के मुख्य स्वरूप थे।

भारत मे प्रारभिक सामतवाद का विकास राजनीतिक विकेंद्रीकरण के साथ साथ हुआ था लेकिन नागर और सास्कृतिक विकास मे अवनति इस

काल मे इतनी सुस्पष्ट नही थी। यह बहुत सीमा तक प्रभावी नागर प्रशासन के कारण और इस तथ्य के कारण था कि नगरो की समृद्धि का स्रोत बाहरी व्यापार था जो इस काल मे खूब उन्नत था। ग्राम समुदायो म अपने कारीगरो ओर दस्तकारो की मोजूदगी के कारण भारत म शहर और देहात के बीच मालो का विनिमय अन्य एशियाई देशो (चीन, जापान, आदि) के मुकाबले कम महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता था।

प्रारंभिक सामती काल का पहला साम्राज्य उत्तर भारत का पुष्यभूति मौखरी साम्राज्य (थानेश्वर ओर कान्यकुब्ज का सयुक्त राज्य) था। इसके शासक अपनी सत्ता के लिए सामती राजा-रजवाडो के समर्थन पर निर्भर करते थे जमीन पर राजकीय स्वामित्व इतना व्यापक नही था और सीमित भूस्वामित्ववाले राज्याधिकारियो के सस्तर ने तत्कालीन समाज पर अपना प्रभुत्व अभी तक स्थापित नही किया था। सेना अशत सामतो के सशस्त्र अनुचरो से और अशत भाडे के सिपाहियो से मिलकर बनी थी। उस समय प्रवर्तित कानून शोषण के नये स्वरूपो और अधिकाधिक सख्या मे किसानो की दासता को बढावा देने की ओर लक्षित थे।

सातवी शताब्दी के मध्य मे उत्तर भारत मे पुष्यभूति मौखरी साम्राज्य के स्थान पर अनेक रजवाडे पैदा हो गये जिन पर आप्रवासी राजपूत जाति के अभिजात सैन्य नेता राज करते थे। इस जमाने म भूस्वामी शस्त्रजीवी जाति (क्षत्रिय) अधिकाधिक किसानो को अपनी सेवा के बधनो मे आबद्ध करती जा रही थी और हर अलग सामत अपने हथियारबद अमले की सहायता से अपनी सत्ता का सुदृढीकरण कर रहा था। केंद्रीय सत्ता कमजोर थी।

दक्षिणी भारत म भी ऐसी ही प्रक्रियाए चल रही थी, किंतु उनमे नये जातीय समूहो का स्वांगीकरण सन्निहित नही था। यहा भी बडे बडे राज्यो का उदय होना था (जैसे पल्लव और चालुक्य राज्य) जिनमे बडे तटवर्ती नगरो को महत्वपूर्ण भूमिका निबाहनी थी। ईसोपरात पहली सहस्राब्दी के मध्य तक दक्षिण मे भूतपूर्व ग्राम समुदायो के अधिकाश किसान या तो शक्तिशाली सामतो के बधनो मे जकडे जा चुके थे और उन्हे कमरतोड लगान देना पडता था, या वे लगभग उन सभी अधिकारो से वचित किये जा चुके थे जिनका पहले वे समुदायो म उपभोग करते थे ओर उनका समुदाय के मुखियो द्वारा शोषण किया जाता था जिन्होने धीरे धीरे सामती जमीदारो जैसी हैसियत प्राप्त कर ली थी।

ग्यारहवी और बारहवी शताब्दियो म चालुक्य वश द्वारा शासित प्रदेशो म और दक्षिणी भारत के रजवाडो म जिन पर चोल वश का शासन था एकीकरण की प्रवृत्ति प्रकट हुई। इन सदियो मे दक्षिण के एक बड भाग म जमीन पर राजकीय स्वामित्व व्यापक हो गया ओर सामत वग के अनेक

प्रतिनिधि गैन्यगैन्गी जमींदार रा गा। गजगान रा गुगाष्ट गुदृढीकरण हुआ।

गामन्ती और बागन्ती गन्दिा म गग्ग व विभिन्न गग्या म आर्थिक तथा मास्कृतिक प्रक्रिया म और विग्न नीति म भी अधिकाधिक तत्परता आयी जिगम व्यापार न भी काफी यागदान दिया था। नदग म व्यापारिया और न्यापाग र मगठन बहुत महत्व की भूमिका अदा रग्त थ नकित गुन मिलाकर व मामन्ता र नियत्रण म ही थ।

गामन्तकिय विचारा की गर्वत्र गग्गता और गामती गज्या व गुदृढीकरण न लोगा व प्रतिग्गध ना जन्म दिया। इगकी अभिव्यक्ति नई धार्मिक (भक्ति विचारा आदि) गग्दाया व उग्य म हुई जिन्होने धार्मिक, और विभिन्न मात्राआ म, आर्थिक गमानता व विचार का प्रचार और जातीय विशेषाधिकारा पर आक्रमण किया। इग गमय तक लागा र व्यवगाया और आर्थिक कारबार द्वारा निर्धारित पारम्परिक वर्ण व्यवस्था तथा जटिल और रूढ़िवादी गजातीय ढाचे की स्थापना पूरी हो चुकी थी। फलस्वरूप पारम्परिक ब्राह्मण धर्म का भी बदली मामाजिक प्रक्रियो के अनुकूल अपने को ढालना पड़ा और उगर स्थान पर हिंदू धम विकसित हुआ। हिंदू धर्म क वि शिष्ट लक्षण थ धार्मिक पराक्रम और धार्मिक तत्र का पूर्ण अभाव - उच्चतम वर्ण, ब्राह्मण जाति का प्रत्येक सदस्य जन्माधिकार म ही लोगा का आध्यात्मिक पथप्रदशक बन जाता था और हिंदू विश्वासो क अनुसार ब्राह्मणो की अवज्ञा का अर्थ दवताआ क क्रोध का भागी बनना था। शस्त्रजीवी क्षत्रिया क साथ मिलकर ब्राह्मण निम्नतर वर्णो के लोगो - वैश्यो तथा शूद्रा का शोषण करत थ, जिनम सार किसान दस्तकार और व्यापारी तथा व मजदूर आ जात थ, जिनका स्थान सामाजिक सोपान म सबस नीचे था।

भारत म प्रारंभिक सामती युग जबरदस्त सास्कृतिक विकास का काल था - इस जमाने मे तजावूर और एलारा क मदिरा जैसे भव्य वास्तु स्मारका का निर्माण किया गया। अत्यत महत्वपूर्ण उपन्यासात्मक भूमिका का निर्वहन करनवाली धार्मिक मूर्तिकला क क्षत्र म पहली स पाचवी सदियो की यथार्थवादी कला का स्थान विभिन्न देवी दवताआ क रीतिबद्ध प्रस्तुतीकरणो न ले लिया जो अपन आकार और असामान्य मुद्राआ के लिहाज से प्रभावोत्पादक हैं। इस काल का साहित्य विभिन्न राजाओ के प्रशस्ति काव्यो से परिपूर्ण है और उसम ऐतिहासिक लेखन का लगभग सर्वथा अभाव है। दार्शनिक साहित्य का काफी विकास हुआ, लेकिन समूचे तौर पर साहित्य की ही भाति इसमे भी पहले की शास्त्रीय कृतिया क अनुकरण की प्रवृत्ति अधिक लक्षित होती है।

दक्षिण पूर्वी एशिया

भारत और चीन के निवासियो के विपरीत, जिन्होने अपेक्षाकृत विकसित दासस्वामी समाज स सामतवाद मे सक्रमण किया था, अरबो की ही भाति दक्षिण पूर्वी एशिया के लोगों ने भी उन्नत दासस्वामी सभ्यताए नही विकसित की। ससार के इस भाग के देशो मे तीसरी शताब्दी ई० पू० के बाद उभरकर सामने आनवाला सामाजिक ढाचा कई बातो मे अस्पष्ट है, किंतु इसम कोई सदेह नही कि यहा एक प्रकार की दासप्रथा, राजतत्र और गोत्रीय अभिजाततत्र का अस्तित्व अवश्य था, हालाकि सुसगठित ग्राम समुदाय पहले जैस ही प्रबल थे। पूर्व तथा उत्तर मध्ययुग मे भी दक्षिण पूर्वी एशिया के लोग अपन विशिष्ट आर्थिक राजनीतिक तथा सास्कृतिक लक्षणो से युक्त राज्यो के एकीकृत समूह म आते थे जिनम से प्रत्येक राज्य को स्थानीय अवस्थाओ के अनुसार पृथक ढग स विकास करना था। दूसरी-तीसरी सदी ई० मे दक्षिण पूर्वी एशिया के राज्य बडी नदियों के डेल्टा प्रदेशो मे और भारत को सुदूर-पूर्वी देशो तथा मसालो के टापुओ मे जोडनेवाले व्यापार मार्गों के सबसे महत्वपूर्ण स्थलो के आसपास केद्रित थे। इनम स प्रत्यक राज्य व्यापार मार्ग पर पडनेवाले या बडी नदी के डेल्टा मे स्थित किसी बडे नगर के चहु ओर फैला होता था, जहा कृषि अच्छी तरह विकसित थी। मोन बर्मी ख्मेर, वियतनामी और इडोनेशियाई जनो के पूर्वगामियो के उदीयमान वर्ग समाजो ने बडी तेज़ी के साथ उस समय भारत और विशेषकर दक्षिण भारत, जिसके साथ ये राज्य व्यापार करत थे, म प्रचलित वर्ग सगठन के स्वरूपो और धर्म (इस काल म बौद्ध धर्म को सबसे अधिक महत्व प्राप्त था) को अपनाया। चीनी वर्ग सगठन के कुछ स्वरूप भी अपनाये गये किंतु कही छोटे पैमाने पर।

कृषि प्रविधियो के विकास और भारत के साथ व्यापार के प्रसार के साथ साथ ससार के इस भाग के कई छोटे छोटे राज्य समामेलित होकर प्रारभिक सामती साम्राज्यो और राज्यो का निमाण करने लगे। इन राज्यो की आर्थिक व्यवस्था काफी हद तक इस तथ्य से निर्धारित होती थी कि वे प्रमुख व्यापार मार्गों पर स्थित थे। इन राज्यो मे सबसे बडे दक्षिणी ख्मेरो का फूनान साम्राज्य (दूसरी से छठी शताब्दी), पश्चिमी इडोनेशिया का श्रीविजय साम्राज्य (सातवी स चौदहवी शताब्दी) और मध्य वियतनाम का चपा राज्य (दूसरी से पद्रहवी शताब्दी) थे। जैसे जैसे कृषि उन्नति करती गयी और समुद्री व्यापार धीरे धीरे अरबो के प्रभुत्व म आता गया वैसे वैसे ही दक्षिण पूर्वी एशिया के राज्यो म शक्तिशाली जमीदार अधिकाधिक महत्वपूर्ण भूमिका अदा करने लगे। प्रारभिक मध्ययुग म हिन्दचीन म राजकीय भूस्वामित्व का प्राधान्य था और उसके तत्व इडोनेशिया म भी देखे जा सकते थे। इसके

चडी मदूत मदिर की बाहरी दीवार का एक भाग (मध्य जावा)

परिणामस्वरूप उत्पन्न सैन्य तथा प्रशासनिक अभिजात वर्ग ने सत्ता के लिए पुराने वशागत अभिजात वर्ग के साथ सघर्ष करना शुरू कर दिया (जैसे वियतनाम मे चीनी अभिजात वर्ग के साथ)। नवी शताब्दी म कपूचिया (कबोडिया) मे दसवी शताब्दी मे वियतनाम म ग्यारहवी सदी म इडोनेशिया तथा बर्मा मे और तेरहवी शताब्दी मे स्याम म उन्नत सामती राज्य स्थापित

हुए, जिनमे अर्थतन्त्र जमीन के लगान और सामुदायिक किसानो द्वारा अनिवार्य श्रम सेवा पर आधारित था। व्यापारी साम्राज्य धीरे धीरे कमजोर होकर छिन्न भिन्न हो गये और आज विद्यमान राज्यो और जातियो ने रूप लेना शुरू कर दिया। इनमे से प्रत्येक राज्य मे छोटे और मझोले जमीदारो (जो राजकीय भूस्वामित्व का समर्थन करते थे) और शक्तिशाली सामतो मे, जो अपने देशो का अपने नियन्त्रण मे स्थित बडे-बडे प्रातो मे विभाजन होने के पक्ष मे थे सत्ता के लिए सघर्ष चला। साथ ही ये दोनो ही समूह सामुदायिक किसानो के हितो का विरोध करते थे जो धीरे धीरे जमीन के साथ बधते जा रहे थे। दक्षिण पूर्वी एशिया के उत्तरी भाग मे राजकीय भूस्वामित्व की जडे दक्षिणी भाग की अपेक्षा हमेशा ज्यादा मजबूत रही थी, लेकिन इसके बावजूद ग्यारहवी, बारहवी और तेरहवी सदियो मे सारे क्षेत्र मे अधिकाधिक किसान जमीन के साथ बधते गये और एक जटिल प्रशासनतन्त्र रूप लेता गया और इसी के साथ साथ धर्मो का रूप बदलता गया और उनका नये युग की अपेक्षाओ के अनुसार अनुकूलन होता गया (बौद्ध धर्म और इस्लाम के नये रूपो का प्रचलन हुआ, जिन्होने हिंदू धर्म तथा अन्य विभिन्न धर्मो का स्थान ले लिया)।

इन शताब्दियो का राजनीतिक इतिहास राज्यसत्ता के मुख्य केंद्रो के चौगिर्द विभिन्न रियासतो के एकीकरण के लिए चले युद्धो और अपनी पुरानी स्वतन्त्रताओ को फिर से हासिल करने के लिए सामुदायिक किसानो द्वारा छेडे गये विद्रोहो से परिपूर्ण है।

सातवी से बारहवी सदी का काल सास्कृतिक उन्नति का जमाना था, जिसके दौरान इडोनेशिया मे बोरोबुदुर स्तूप कपूचिया मे अकोर वाट के मन्दिर और बर्मा मे पगान के मदिरो जैसी वास्तुकला की उत्कृष्ट इमारतो का निर्माण किया गया।

तीसरा अध्याय

कीयेव रूस

प्राचीन पूर्वी स्लाव कबीले

पूर्वी स्लाव अपने वर्तमान इलाकों के प्राचीन निवासी है। जैसा कि उनके नवपाषाणयुगीन और कास्ययुगीन पूर्वजो के अवशेषो मे पता चलता है, वे अनादि काल मे द्नीपर दनीस्तर तथा विश्चुला नदियो की घाटियो मे और कार्पेथियाई पर्वतो की तराइयो मे रहते आये है। पश्चिम मे उनके इलाके डेयूब ओडर और एल्ब के ऊपरी भागो तक फैले हुए थे। शको के समय मे भी *वर्तमान सोवियत सघ के दक्षिणी भागो के प्रदेश पर स्लाव जन रहा* करते थे। स्लाव जनो के बारे मे पहले लिखित ऐतिहासिक हवाले ईसवी सवत के आरभ के कुछ बाद ही मिलना शुरू हो जाते है और बाद मे वे अधिकाधिक प्रायिकता से मिलते जाते है। कई प्रारभिक स्लाव जनो और उनकी बस्तियो की स्थलियो के नाम हमे ज्ञात है। पोल्यान्ये लोग द्नीपर के पूर्वी तट पर रहते थे और उनका मुख्य नगर कीयेव था। द्नीपर के पश्चिमी तट पर ठेठ उत्तरी दोनेत्स तक देस्ना की घाटी मे सेवर्यान्ये रहते थे। प्रिपेत और रोस के बीच का वन्य प्रदेश द्रेवल्यान्ये लोगो का निवास था जिनका कबायली केंद्र इस्कोरोस्तेन था। और उत्तर मे प्रिपत के किनारे द्रेगोविची रहते थे और दनीपर तथा सोज के बीच रदीमिची रहा करते थे। इल्मेन झील के तटो पर इल्मेनी स्लावो या स्लोवेनियो का निवास था। इनमे भी *पूर्व मे रहनेवाले जन व्यातिची कहलाते थे जो ओका और मस्क्वा (मास्को)* नदियो की घाटियो मे रहते थे। पश्चिम मे पार कार्पेथिया मे श्वेत क्रोएत (खोवात) और दक्षिणी बूग की घाटी मे वोलीनियाई रहते थे। उपरोक्त स्लाव जनो के अलावा अन्य स्लाव कबीले भी थे। पूर्वी स्लाव रूसियो उक्रइनियो और बेलोरूसियो के आदिपूर्वज थे।

इन सभी कबीलो का मुख्य उद्यम कृषि था। यहा खेती करना कोई आसान नही था क्योकि ज़मीन जगलो से ढकी थी जिन्हे साफ करना ज़रूरी

होता था। पेडो और झाडियो को काटने के बाद लट्ठो को मुखान म पूरी गरमिया बीत जाती थी और उसके बाद लकडी जला दी जाती थी। नये खेतो को भारी डालो से हेंगे की तरह खरोंचा जाता, जिससे राख ऊपरी परत म मिल जाती और इसके बाद उनमे बीज दिया जाता था।

जब कई फसलो के बाद जमीन की उर्वरता जाती रहती, तो जमीन के नये टुकडे पर खेती की जाने लगती और पुराने को बरसो खाली पडा रहने दिया जाता। स्लाव राइ गेहू, जौ और बाजरा उगाते थे और गाय, घोडे और भेडे पालते थे। लोहे के औजार काफी प्रारंभिक मंजिल मे ही आ गये थे और वे लोहे के कुल्हाडो और हलो के फालो को काम मे लाते थे। यह बहुत महत्व की बात है कि स्लावो ने प्रारंभिक मंजिल मे ही जमीन को काश्त करना शुरू कर दिया था – यह उत्पादक शक्तियो के विकास मे एक बडा कदम था। जब तक लोगो ने लोहा तैयार करना नही सीखा था तब तक विकास की गति बहुत धीमी रही थी, पर इसके बाद तो उत्पादन मे एक तरह से क्राति ही आ गयी। लकडी के हलो पर लोहे के फाल लगने लगे और बाद मे अधिक उन्नत हल बनने लगे, जबकि लोहे के कुल्हाडे खेती के लिए जमीन साफ करने मे पेड काटने के काम आते थे।

मछली पकडना और शिकार स्लाव कबीलो के अन्य उद्यम थे। दनीपर के किनारो के जगलो मे शिकार का प्राचुर्य था और नदिया मछलियो से भरी हुई थी। प्राचीन स्लाव जगली मधुमक्खियो का शहद भी इकट्ठा करते थे। इसके लिए वे पेडो म मधुमक्खियो के छत्तो के लिए कोटर बनाते थे।

प्राचीन स्लाव आरम्भ मे गोत्रीय आधार पर सगठित कबायली समुदायो मे रहा करते थे। बाद मे उनकी आर्थिक व्यवस्था अधिक जटिल हो गयी और विभिन्न समुदायो मे अलग अलग परिवार प्रमुखता की स्थिति प्राप्त करने लगे। नदियो के किनारो पर परकोटेदार बस्तिया पैदा हो गयी। विभिन्न शिल्प तेजी से विकसित हुए और जल्दी ही बहुत से कुशल लोहार कुम्हार राजमिस्तरी सगतराश और काष्ठउत्कीर्णक पैदा हो गये। धीरे-धीरे नगरो का भी उदय हुआ – कीयेव और नोवगोरोद पहले महत्वपूर्ण स्लाव नगर थे। समाज का गोत्र सगठन जल्दी ही आर्थिक विकास मे बाधा डालने लगा और इसलिए वह धीरे धीरे विलुप्त हो गया। उत्तर और दूरस्थ क्षेत्रो मे वह सबसे अधिक समय तक जडे जमाये रहा पर दक्षिण मे पोल्यान्ये जनो मे वह जल्दी ही विलुप्त हो गया।

स्लाव समुदायो मे धनी सरदार अथवा राजा (कन्याज) प्रमुखता प्राप्त करने लगे। प्रत्येक राजा अपने आसपास सशस्त्र अनुचरो का लश्कर (द्रुजीना) इकट्ठा कर लेता था। राजा अपने शासन मे रहनेवाले किसानो से खिराज वसूल करते थे और दूसरे राजाओ के इलाको को लूटकर भी

अपनी मपदा बढाया करते थे। स्लाव राजाओ के बीच आपस मे छठी सदी मे ही दीर्घकालिक सहबध स्थापित होने लगे थे। ये राज्य के सर्वप्रथम स्वरूप थे।

स्लाव जन सदा खतरो के साये मे रहा करते थे। उन पर अक्सर पूर्व के खानाबदोशो – जैसे हूणो और अवारो – के हमले होते रहते थे। ये आक्रमणकारी उन पर महामारी की तरह आ टूटा करते थे और खून की नदिया बहा दिया करते थे। वे अनाज और ढोरो को लूट ले जाते थे, बस्तियो को जला देते थे और आदमियो, औरतो और बच्चो को गुलाम बनाकर ले जाते थे।

स्लावो को आकस्मिक आक्रमणो के विरुद्ध सदा सतर्क रहना पडता था। कभी कभी तो उन्हे खेती का काम भी हथियारो को साथ लेकर करना पडता था और इस कारण वे शीघ्र ही युद्ध की कला मे अत्यत पारगत हो गये।

प्राचीन स्लाव प्रकृति की पूजा किया करते थे – सूर्य वायु, झझा, वन तथा सभी अन्य प्राकृतिक परिघटनाओ को सजीव माना जाता था। सूर्यदेव को दाज्दबोग, पवनदेव को स्त्रीबोग और झझादेव को पेरुन कहा जाता था। सूर्य के सम्मान म उत्सव होते थे। वसत मे शीतऋतु के अत और वसत के आगमन के उपलक्ष्य मे खुशिया मनायी जाती थी और सूर्य के प्रतीक गोल मालपूए तैयार किये जाते थे। जाडे के प्रतीक पुआल के बने पुतलो को बडे विधि विधानानुसार जलाया जाता था या पास की नदी मे बहा दिया जाता था और इसके साथ खूब नाचना और गाना बजाना होता था।

स्लाव बडे शक्तिशाली, उत्साही और जीवट के लोग थे और अपने अतिथि सत्कार के लिए विख्यात थे।

पूर्वी स्लावो मे सामती सबधो का उदय

धीरे धीरे स्लाव जन के आर्थिक तथा सामाजिक जीवन मे अनेक परिवर्तन आ गये। सबसे पहले परिवर्तन आर्थिक स्वरूप के थे। दक्षिणी काली मिट्टीवाले प्रदेशो मे जुताई मे बैलो का अधिकाधिक प्रयोग किया जाने लगा। अधिकाधिक जमीन को काश्त मे लाया जाने लगा। घोडे भी भारवाही पशुओ के रूप मे इस्तेमाल मे लाये जाने लगे। उत्तर मे नयी जमीने उपयोग मे आने लगी और कृषि प्रविधियो मे भी उन्नति हुई – वासतिक और शारदीय जुताई का चलन शुरू हुआ। स्लाव लोग अब पहले से अधिक राइ गेहू जौ, जई और बाजरा उगाने लगे। मटर शलजम और मसूर को भी बडे पैमाने पर पैदा किया जाने लगा। किसान ज्यादा जानवर और घरेलू पक्षी रखने लगे।

निस्सदेह इसका यह मतलब नही कि प्राचुर्य के युग का आगमन हो गया था। मनुष्य के पास अब भी प्रकृति से जुझने के लिए बहुत कम साधन

थे उनके औजार अब भी आदिम थे और उनका काम दूभर और उबाऊ था। फिर भी प्रविधियां अब अपेक्षाकृत उन्नत थीं और उपज आदिम समुदायों के समय की अपेक्षा कहीं अधिक थी। सामाजिक जीवन और उत्पादन के स्वरूप लगातार उन्नत हो रहे थे।

आर्थिक व्यवस्था के विकास के साथ साथ समुदायों के अधिक धनवान सदस्यों और पुराने कबायली अभिजातों की स्थिति मजबूत होती गयी। वे अपनी जमीनों को यथासंभव अच्छी तरह से काश्त करने और भरसक अधिकाधिक जमीन को – जो उस समय आदमी की जीविका का मुख्य स्रोत थी – हथियाने की कोशिश करते थे। इस तरह समाज के उदीयमान समृद्ध संस्तरों ने अपनी सत्ता को सुदृढ किया और अपनी भूसंपत्ति को बढ़ाया। उन्होंने किसानों को जमीन के हथियाये हुए इलाकों के साथ बांध दिया। इस प्रकार स्वतंत्र किसान (स्मेर्द) जो प्रारंभिक रूसी रजवाड़ों की आबादी के बहुलांश का निर्माण करते थे धीरे धीरे अपनी आजादी को गंवा बैठे, जब कि भूस्वामी सामंतों अथवा बोयारों की जागीरों की संख्या बढ़ती ही चली गयी।

कुछ दास श्रम का भी उपयोग होता था, लेकिन इस प्रारंभिक स्लाव समाज में मुख्य श्रम शक्ति किसान ही थे। दास अथवा खोलोप अकुशल, सहायक श्रम शक्ति के रूप में ही उपयोग में लाये जाते थे। सबसे महत्वपूर्ण कृषि कार्य स्मेर्द ही किया करते थे। कृषक समुदायों की जमीनों को अपने कब्जे में ले लेने के बाद बोयारों ने किसानों को जमीन के टुकड़े बांट दिये, ताकि बोयारों के लिए काम करने के साथ साथ वे अपना और अपने परिवारवालों का पेट भी भर सकें।

जल्दी ही दो सुस्पष्ट वर्गों को सामने आ जाना था – अपने मालिक की जमीन से आबद्ध किसान जिसे वे उसके लिए काश्त करते थे और सामंत स्वामी जो जमीन के मालिक थे। यह विकास रूसी समाज में मध्ययुग के समारंभ का द्योतक है।

पहला रूसी राज्य

रूसी रजवाड़ों के बीच छठी शताब्दी से ही कई सहबंध संपन्न हो गये थे। यह प्रक्रिया द्नीपर नदी के आसपास के इलाकों में शुरू हुई थी। नवीं सदी के अंत में राजा ओलेग के राज्यकाल (८७९ ९१२) में कीयेव और नोवगोरोद के रजवाड़े संयुक्त हो गये। कीयेव नये रूसी राज्य का केंद्र बन गया। यह राज्य कई बड़े स्लाव रजवाड़ों के मिलने से बना था जिनमें

पोल्यान्ये, मेवेयान्ये, द्रेवल्याये नोगो के इलाके और स्लाव कबीलो क अन्य महवध शामिल थे।

इस प्रारंभिक रूमी राज्य (रूस) के राजा अपने प्रजाजनो से खिराज स्वय वसूल किया करत थे। वे सरदियो के आरभ मे अपन सशस्त्र अनुचरो के एक वडे दल को साथ लेकर यह खिराज उगाहने निकल पडते थे। राजा जब किसी गाव मे प्रवेश करता तो गाववाले खिराज लेकर उसके सामने हाजिर हो जाते थे। खिराज विभिन्न रूपो मे होता था। ऊदबिलाव, गिलहरी और चितराला (मार्टेन) के समूर अत्यत मूल्यवान समझे जात थे। गाववाले घडो और लकडी की बाल्टियो मे शहद मोम और कृषिजन्य सामान लेकर आते थ।

मेहनतकश जनसाधारण अत मे इस लूट से आजिज आ गय। ज्यादती भर तकाजो से तग आकर उन्होंने ९४५ मे राजा ईगोर को जान से मार डाला।

ईगोर के बाद गद्दी पर बैठने पर उसकी विधवा ओल्गा ने जिसने ९४५ से ९६९ तक शासन किया था बागियो मे निर्मम बदला लिया। कहा जाता है कि उसन उनके गाव को जला दिया और फिर कई गाववालो को भी जिदा जलवा दिया। लेकिन जनश्रुति से यह भी पता चलता है कि उसे खिराज की ज्यादा यथातथ्य मात्राए निधारित करनी पडी और भविष्य मे इन नये नियमो का पालन भी करना पडा।

रूस राज्य धीरे-धीरे अपने सीमातो का प्रसार करता गया। उसकी सैनिक शक्ति और युद्ध कौशल एक दुर्जेय चुनौती के प्रतीक बन गये। स्व्यातोस्लाव (९४२-९७२) न रूस राज्य मे कई नय इलाको को जोडा और व्यातिची जन, वोल्गाई बुल्गारो और खजर राज्य का अधीन किया। उसने डेन्यूब की घाटी म बुल्गार प्रदेश भी जीत।

ईसाई धर्म का अगीकरण

आकार और शक्ति मे बढने के साथ साथ रूस राज्य बैजतिया और यूरोप के देशो क सपर्क मे आन लगा, जहा ईसाई धर्म पहले ही सर्वत स्वीकृत धर्म बन चुका था। लेकिन रूस अब भी बहुदेवपूजक देश ही था। प्रकृति देवताओ की पूजा स्लाव लोगो की प्रकृति की शक्तियो की धारणा को प्रतिबिबित करती थी, लेकिन इसका राजा लोग अपन प्रजाजन पर अपनी शक्ति और प्रभाव को बढाने के लिए उपयोग नही कर सकत थे।

लेकिन ईसाई धर्म के साथ दूसरी ही बात थी। ईसाई धर्म अरसे से सम्राट का पृथ्वी पर ईश्वर के प्रतिनिधि के रूप मे गुणगान करता आया था। ईसाई धर्म अपने ईश्वर को सारी दुनिया का एकमात्र सर्वशक्तिशाली और

सर्वव्यापी शासक बतलाता था और लौकिक क्षेत्र मे एकल अविभक्त शासन के सिद्धात के समर्थन मे इस पहलू पर विशेष जोर दिया जाता था। नये, अधिक जटिल सामाजिक सबधो के उदय के साथ राजाओ को एक ऐसे धर्म की जरूरत पडी कि जो उनकी निर्विवाद्य सत्ता को बढावा देता।

ईसाई धर्म की शिक्षा थी कि ईश्वर द्वारा विहित सत्ता के अतिरिक्त और कोई सत्ता नही है और इसलिए सभी भले ईसाइयो को बिना किसी सदेह और सशय के अपने सासारिक शासको की आज्ञा का पालन करना चाहिए क्योकि आखिर वे ईश्वर के प्रतिनिधि है।

मृत्योपरात जीवन के सिद्धात से भी ईसाई धर्म की शिक्षा जनसाधारण की आज्ञाकारिता को बढावा देती थी। अपनी नियति को विनयपूर्वक स्वीकार कर लेनेवालो को स्वर्ग मे ईश्वर और फरिश्तो के साथ रहने की प्रत्याभूति दी जाती थी लेकिन पापियो के लिए नर्क मे कष्टो के सिवा और कुछ सभव नही था। अबोध जनसाधारण इस शिक्षा का पालन करते थे और वे और भी अधिक आज्ञाकारी तथा विनयशील बन गये। इस जमाने मे निर्मित भव्य गिरजाघर श्रेष्ठ गायन के साथ आडबरपूर्ण उपासना विधिया, अनुष्ठान तथा कर्मकाड का प्राचुर्य और मोमबत्तियो से अलोकित देवचित्र तथा प्रतिमाए– ये सब सामती राज्य की बढती शक्ति को प्रतिबिबित करते थे और सामान्य लोगो को आकपित करते थे।

स्व्यातोस्लाव के बेटे, कीयेव के राजा व्लादीमिर (जिसने १०१५ तक शासन किया) ने ईसाई धर्म अपनाकर ९८८ मे उसे रूस का राज्यधर्म घोषित कर दिया। प्राचीन देवताओ की पूजा पर पाबदी लगा दी गयी और उनकी मूर्तियो को नष्ट कर दिया गया। कीयेव के निवासियो को दनीपर के तट पर उपस्थित होने की आज्ञा दी गयी, जहा राजा व्लादीमिर के आदेश से उन्हे बपतिस्मा दिया गया।

कीयेव राज्य के अभिजातो ने इस नये धर्म को सहर्ष स्वीकार कर लिया क्योकि उससे मेहनतकश जनता पर उनकी सत्ता और मजबूत होती थी। लेकिन कई इलाको मे आम लोगो ने नये धर्म का विरोध किया और अक्सर ईसाई धर्म को जबरदस्ती स्वीकार करवाया गया। नोवगोरोद और अन्य नगरो मे नये धर्म के प्रचालन के खिलाफ विद्रोह भी हुए। चर्च को राजाओ से भेट मे बहुत जमीन मिलती थी। इसके अलावा राज्य अपनी आय का दसवा भाग भी चर्च को देता था।

ईसाई धर्म ने रूस राज्य को नवबल प्रदान किया। इसने राजा की शक्ति और सत्ता को बढाया और अन्य राज्यो के साथ जो पहले ही ईसाई धर्म अगीकार कर चुके थे सबधो को कही अधिक सरल और आसान बना दिया। अब विदेशी लोग स्लावो की तरफ तिरस्कार के साथ नही देख सकते

ये, क्योकि उन्होने भी उनके धर्म को ग्रहण कर लिया था। सभी ईसाई पादरी पढे लिखे होते थे। गिरजाघरो के पुस्तकालयो मे बहुत सी पुस्तके जमा की जाती थी, जिनकी बाद मे नक्ले तैयार की जाती थी। धार्मिक स्कूल भी खोले जाने लगे। ईसाई धर्म के अगीकरण के बाद सास्कृतिक विकास कही अधिक तेजी के साथ हुआ। राजा यारोस्लाव सुजान के शासनकाल (१०१६ १०५४) मे यह विकास विशेषकर स्पष्टता से देखने म आता है।

यारोस्लाव के शासनकाल मे कीयेव मे सत सोफिया के अनुपम गिरजाघर और सुनहरे फाटकवाले नये नगर-प्राचीर सहित कई शानदार इमारतो का निर्माण किया गया। उसके शासनकाल म कीयेव मे कई निपुण कलाकारो और वास्तुकारो को काम पर लगाया गया जिनमे रूसी और विदेशी – दोनो ही थे। यद्यपि आरभ मे गिरजाघरो, देवप्रतिमाओ और चित्रो पर सुस्पष्ट विदेशी प्रभाव देखा जा सकता था, पर साथ ही धीरे धीरे एक नयी रूसी वास्तु तथा चित्र शैली भी उभरकर सामने आ रही थी।

सुजान यारोस्लाव के शासनकाल मे रूस की शक्ति मे उल्लेखनीय वृद्धि हुई। विदेशी राजा उसके साथ सबध स्थापित करन की कोशिशे करते थे। स्वय यारोस्लाव ने एक स्वीडिश राजकुमारी से शादी की थी और उसकी बेटिया हगेरियाई, फ्रासीसी और नार्वेजियन राजाओ को ब्याही गयी थी। उसके बेटे का विवाह एक बैजतियाई राजकुमारी से हुआ था। इन सब स कीयेवी रूस और अन्य शक्तियो के बीच सबध सुदढ हुए।

सुजान यारोस्लाव के शासनकाल मे रूसी कानूनो को पहल पहल सहिताबद्ध किया गया। 'रूस्काया प्राव्दा के नाम से विज्ञात यह विधिसहिता प्राचीन रूसी आचार पर आधारित थी। यारोस्लाव के पुत्रो ने इस सहिता म कुछ नये आदेश जोडे, जिनमे से एक विशेषकर महत्वपूर्ण था। इस आदेश ने कुलो के बीच कुल वैर को निषिद्ध कर दिया और इस प्रकार गोत्र समाज के एक महत्वपूर्ण अवशेष का उन्मूलन कर दिया। विधिसहिता का तैयार किया जाना राजकीय प्रशासनतत्र की स्थापना मे एक महत्वपूर्ण कदम था।

ग्यारहवीं शताब्दी के जन विद्रोह

जैसे जैसे सामती राज्य का सुदढीकरण हाता गया वैसे वैसे किसाना और जमीदारो के दोनो वर्गो मे भेद अधिक स्पष्ट होता गया। राजा और बोयार अधिकाधिक प्रायिकता से किसानो की जमीनो पर कब्जा करने लग और किसानो से नयी-नयी तरह की बेगारे करवाने लगे। चर्च भी एक महत्व पूर्ण भूस्वामी बन चुका था और किसानो का उत्पीडन करन लगा था।

उत्पीडितो का प्रतिरोध भी जोर पकडता जाता था। प्राकृतिक

आपदाओं – खराब फसलों और अकाल – के वर्षों में वह विशेषकर सख्त हो जाता था। १०२४ में सूज़दल प्रांत में फसल बहुत ही खराब हुई थी, पर स्थानीय अभिजातों के गोदामों में अनाज ठसाठस भरा हुआ था। पुराने धर्म को माननेवाले पुरोहितों ने जन असंतोष की लहर का लाभ उठाते हुए लोगों को भड़काया। जनसाधारण ने रोटी की माग करते हुए अभिजातों के खिलाफ हथियार उठा लिये। उन्होंने ईसाई चर्च के विरुद्ध भी आवाज़ उठायी, जो एक और उत्पीड़क जमींदार बन गया था। इस पर कीयेव का राजा अपनी सेना लेकर सूज़दल गया और उसने विद्रोह को कुचल दिया। उसने कितने ही बागियों को मौत के घाट उतार दिया और बहुतों को जेलों में ठूस दिया।

स्वयं कीयेव में भी मेहनतकशों ने १०६८ में अपने राजा के खिलाफ बगावत कर दी। उस समय पूर्व की तरफ से एक नया खतरा आया हुआ था – खानाबदोश पोलोव्त्सी कबीले कीयेव पर चढे आ रहे थे। कीयेव के राजा इज्यास्लाव (१०२४-१०७८) की सेना उनसे बुरी तरह पराजित हुई। स्वयं राजा इज्यास्लाव ने भागकर नगर प्राचीरों के भीतर शरण ली और कीयेव के इलाके का कोई रक्षक न रहा। कीयेव के नगरवासियों और ग्रामवासियों में खलबली मच गयी और उन्होंने नगर के तिजारती चौक में जनसभा व्येचे का सयोजन किया। व्येचे में लोगों ने एक ही आवाज़ उठायी – 'पोलोव्त्सी हमारे देश पर चढ आये हैं। राजा, हमें हथियार और घोड़े दे, ताकि हम जाकर उनसे लड़ सकें।" राजा ने हथियार और घोड़े देने में आनाकानी की, क्योंकि उसे डर था कि लोग इन हथियारों का उसीके और उसके बोयारों के विरुद्ध उपयोग करेंगे। इस इन्कार से विप्लव फूट पड़ा – लोगों ने इज्यास्लाव को शहर के बाहर खदेड़ दिया, उसके गढ़ पर कब्जा कर लिया और उसकी दौलत – सोना, चादी और समूरों – को आपस में बाट लिया। व्येचे ने एक और शासक का चुनाव किया और इसके बाद पोलोव्त्सियों का सफलतापूर्वक सामना किया गया।

सामंती समाज ने प्रखर वर्ग सघर्ष की इस पृष्ठभूमि में धीरे-धीरे निश्चित रूप ग्रहण किया था।

स्वाधीन सामंती रजवाड़ों की स्थापना

बारहवीं सदी तक रूस एक एकीकृत राज्य था, जिस पर कीयेव का महाराजा राज करता था। यह सही है कि यह एकता कभी बहुत मजबूत या गहरी नहीं रही थी – कीयेवी रूस की अर्थव्यवस्था बुनियादी तौर पर नैसर्गिक (मुद्राहीन) अर्थव्यवस्था थी, अलग अलग बस्तियों के बीच सबध किसी भी तरह सुदृढ नहीं थे और देश का आर्थिक तथा राजनीतिक सगठन कोई बहुत उन्नत नहीं था।

धीरे-धीरे भूस्वामित्व के सामती स्वरूप रूस के अलग अलग रजवाडो – व्लादीमिर, नोवगोरोद चेर्नीगोव, रियाजान, आदि-आदि – मे कही मजबूत जडे जमाने लगे। राजा युद्धनेता और बोयार ग्मेर्दो की अधिकाधिक जमीन को कब्जे मे लेकर अपनी जागीरो को बढाने लगे। देहातो मे भूस्वामियो की और हवेलिया बनन लगी और कृषि श्रम का सगठन ज्यादा व्यवस्थित हो गया। किसान अपने मालिक की जायदाद पर जो बेगार करते थे, उस पर स्वय मालिक या उसके गुमाश्ते की सख्त निगरानी रहती थी। मालिक गाववालो को हाजिर होने का हुक्म देते थे और उन्ह मालिक की हवेली मे घरेलू या बाहर जायदाद पर काम करना होता था।

तिनखेतिया प्रणाली का व्यापक प्रचलन हो गया – इसके अनुसार एक खेत को खाली पडे रहने दिया जाता था, दूसरे को वसत मे और तीसरे को शरद मे जोता-बोया जाता था। इसके फलस्वरूप पैदावार बढी और कृषि उपकरणो मे क्रमिक किंतु सतत सुधार आया और यह एक बडी उन्नति थी। नगरो और दस्तकारियो का भी काफी विकास हुआ।

इन सामती जागीरो के अधिक समृद्ध होन और उनके मालिको के अधिक शक्तिशाली होने के साथ साथ स्थानीय राजाओ की ताकत बढने लगी और कीयेव के महाराजा की ताकत कम होन लगी। स्वतत्र रजवाडो का उदय आरभ मे एक प्रगतिशील ऐतिहासिक परिघटना थी।

उन कई बडे स्वतत्र प्रातो मे, जो पहले रूस के अग रहे थे नोवगोरोद और व्लादीमिर राज भी थे। नोवगोरोद का इलाका इल्मेन झील के आस पास था और उत्तर मे ब्येलोये ओजेरो (श्वेत झील) ओनेगा झील उत्तरी द्विना नदी और उत्तरी उराल पर्वतो तक फैला हुआ था।

बोयार शक्तिशाली जमीदार थे और उन्ह नोवगोरोदी समाज का उच्चतम वर्ग माना जाता था। उनके बाद धनी व्यापारियो और दूसरे जमीदारो का स्थान आता था, जो समृद्ध तो थे, पर बोयारो जितने शक्तिशाली नही थे। ये तीनो समूह "श्रेष्ठ" जन कहलाते थे और यही नोवगोरोद के वास्तविक शासक थे। ये लोग ही मेहनतकश लोगो, किसानो दस्तकारो मामान ढोनेवालो, नाविको और नगरवासियो के भाग्यविधाता थे। यद्यपि इन लोगो की सख्या बोयारो और व्यापारियो के मुकाबले कही ज्यादा थी फिर भी उन्हे हीन' या "निकृष्ट" जन ही कहा जाता था।

जमीन की पैदावार और शहरी दस्तकारो की बनायी चीजे नोवगोरोद के चहल पहल भरे बाजार म बिकती थी। नोवगोरोद की उम्दा और मशहूर चीजो को खरीदने के लिए कितने ही बाहरी व्यापारी जिन्ह उन दिनो मेहमान' कहा जाता था, यहा आया करत थे। उनम प्राय विदेशो से आनेवाले लोग भी होते थे। विदेशी व्यापारी अपन साथ मूल्यवान कपडा

शराब तावा टीन मूगे फर और मेवा और मिठाइया लाते थे। जर्मन व्यापारियो न अपनी अलग व्यापारिक चौकी कायम कर दी थी, जो ऊच घेरे से घिरी हुई थी। फारस भारत और अफगानिस्तान जैसे पूर्वी देशो के व्यापारी भी नोवगोरोद आया करते थे।

नोवगोरोद एक बडा सास्कृतिक केंद्र भी था। यहा बहुत से शिल्पकार और दस्तकार रहते थे। अपने जमाने के लिहाज से यह एक उन्नत नगर था जिसमे पत्थर से पटी सडके थी और नल द्वारा जलपूर्ति की व्यवस्था थी। कितने ही नगरवासी शिक्षित थे। पुरातात्विक उत्खननो के परिणामस्वरूप यहा भूर्जपत्र पर लिखी कई दस्तावेजे मिली है।

नोवगोरोद के प्रशासन मे व्येचे की भूमिका बहुत महत्वपूण थी, जिसम नगर के सभी स्वतत्र गृहस्वामी भाग लेत थे। नोवगोरोद का मुख्य प्रशासक पोसादनिक कहलाता था, जिसे सिर्फ शक्तिशाली बोयारो म से ही चुना जाता था। व्येचे उसकी सहायता के लिए एक सहस्रपति भी चुनती थी, जो नगर आरक्षिणी (सहस्री या तीस्याचा) का नायक होता था। यह नगरवासियो म स चुन लोगो से बना विशेष सैन्यदल था। महाधर्माध्यक्ष (आर्चबिशप) का भी नगर के कार्यकलाप मे महत्वपूर्ण स्थान था। नोवगोरोद मे राजा भी होता था लेकिन यह पद वशागत नही था। नोवगोरोद के राजाओ को चुना जाता था और फिर शहर मे आमत्रित किया जाता था। राजा सैन्यदल और न्यायालय का प्रमुख होता था, लेकिन उसे नोवगोरोद के रिवाजो के अनुसार ही न्याय करना पडता था।

नोवगोरोद मे अकसर हीनजनो ' के श्रेष्ठजनो" के विरुद्ध विद्रोह होते रहत थ। कभी कभी तो एकसाथ दो पृथक व्येचो तक का आयोजन किया जाता था – एक का बाजार चौक म, तो दूसरी का सत सोफिया के चौक मे। ऐसे अवसरो पर नगर के दोनो ही सिरो मे घटे जोरो स घनघनाया करत थे। दोनो विरोधी व्येचे वोल्खोव नदी के पुल पर आमने सामने जमा होती थी और इसके बाद अकसर भयानक लडाइया हुआ करती थी। तेरहवी और चौदहवी सदिया म हीनजनो ' ने 'श्रेष्ठजनो' के खिलाफ कोई पचास विद्रोह किये थे।

जैसे जैसे कीयेव की ताकत कम होती गयी, वैस वैसे व्लादीमिर राज अपनी शक्ति को सुदृढ करता गया और अधिकाधिक प्रभावशाली भूमिका ग्रहण करता गया। यह रजवाडा व्लादीमिर-सूज्दल राज के नाम से भी विज्ञात है और यह वोल्गा नदी से लेकर क्ल्याज्मा नदी तक फैला हुआ था। यह जगलो शहद और मछलियो से प्रचुर था। उपजाऊ जमीन भी काफी थी। रोस्तोव और सूज्दल नगर इसके प्राचीनतम केंद्र थे।

सोवियत राज्य की भावी राजधानी मास्को इसी रजवाडे के प्रदेश म

प्राचीन रूस (९-११ सदी)

पैदा हुई थी। मास्को का इतिवृत्तो मे पहले पहल ११४७ मे उल्लेख आ
है। इतिवृत्तो मे लिखा है कि इस साल राजा यूरी दोल्गोरुकी (१०९० ११५
ने अपने मित्र चेर्नीगोव के राजा को मास्को आमन्त्रित किया था और उन
सम्मान मे एक बडी दावत दी थी। उस समय मास्को एक छोटी सी बस
ही था जो वर्तमान क्रेमलिन के क्षेत्र पर फैला हुआ था। यह मस्क्वा नदी
खडे तट पर एक सुआरक्षित स्थल पर बसा हुआ था। नगरी कारीगरो
व्यापारियो के मकानो से घिरे छोटे से दुर्ग मे मिलकर बनी थी।
न जिनके दौरान यहा बाणाग्र, सूइया और चाकू छुरे मिले है, सिद्ध
कि यहा स्लाव बहुत समय से रहते आये थे।

क्याज्मातटीन व्लादीमिर नगर को आगे चलकर व्लादीमिर राज
राजधानी बनना था। इसके बिलकुल पास ही राजा अद्रेई (१११ ११७४)
ने अपने लिए बोगोल्यूबोव गढी का निर्माण करवाया था, जिसके कारण व
अद्रेई बोगोल्यूब्स्की नाम से विज्ञात है। व्लादीमिर नगर जल्दी ही ए
महत्वपूर्ण राजनीतिक केंद्र बन गया। अद्रेई एक क्रूर और निरकुश शास
था जो अपने से छोटे राजाओ पर अपनी इच्छाए थोपना चाहता था। अ
मे स्थानीय अभिजातो ने उसके विरुद्ध विद्रोह करके उसे जान से मार दिया

अद्रेई बोगोल्यूब्स्की की मृत्यु के कुछ बाद व्सेवोलोद बोल्शोये गने
(महाकुटुबी – यह नाम उसे इस कारण मिला था कि उसका कुटुब बहु
बडा था) व्लादीमिर-सूज्दल का राजा बना और उसने १२१२ तक रा
किया। वह एक निरकुश शासक था जिसने बोयारो को पूरी तरह से अप
वश मे कर लिया था। प्रसिद्ध मध्ययुगीन वीरकाव्य 'ईगोरवाहिनी क
यशगाथा' मे व्सेवोलोद की सैन्य शक्ति का अत्यत सजीव चित्र प्रस्तुत कर
हुए आलकारिक भाषा मे कहा गया है कि राजा की सेना वोल्गा के पा
को अपनी पतवारो से छपकाकर बहा सकती है और अपने शिरस्त्राणो
पानी पी पीकर दोन को रीता कर सकती है।

प्राचीन रूस की संस्कृति

प्राचीन रूस अत्यत समृद्ध और नानारूप संस्कृतिवाला देश था। जबा
किस्सागोई की कला यहा एक स्थापित परपरा बन चुकी थी, जिससे परीकथाए
किस्से और आख्यान एक पीढी से दूसरी पीढी को मिलते जाते थे। नकिमा
नायक इल्या मुरामेत्स तथा दोब्रीन्या निकीतिच चालाक और हसोड अल्या
पोपोविच और नावगोरोद का धनी व्यापारी सादको जिसके कारनामे उ
समुद्र के राजा के अतर्जलीय राज्य मे ले जाते है इन कथाओ के लोकप्रि
जनश्रुत चरित्र थे।

नोवगोरोद से १९५१ मे प्राप्त ग्यारहवीं सदी मे भूर्जपत्र पर लिखित इतिवृत्त

उपरोक्त इतिवृत्त का अनुरखण, १४ १५ वीं सदी

ये किस्से कहानिया और कहावते सामान्य लोगो की भावना और कलाप्रचुर कल्पना को, उनके जीवन और उनके सुख-दुख को अतीत की उनकी समझ को और भविष्य के प्रति उनकी आशाआ आकाक्षाओ को प्रतिबि वित करती थी। ईसाई धर्म के आगमन के भी पहले प्राचीन रूस की अपनी लिपि थी। बाद मे यूनानी मठवासियो ने इसी लिपि के कुछ अक्षरो को आधार बनाकर सिरीलिक वर्णमाला निकाली और उसे उसका वह रूप प्रदान किया जिसमे वह अधिकाश प्राचीन रूसी कृतियो मे देखने मे आती है।

इस समय सभी पुस्तको की हाथ से नकल की जाती थी और महीन चर्मपत्र पर लिखने के लिए हस के पखो का या छोटी टहनियो का उपयोग किया जाता था। उभरे हुए या गुदे हुए अक्षरो मे लिखने के लिए भूर्जपत्र

नोवगोरोद का सत सोफिया गिरजाघर

भी काम म लाया जाता था। नोवगोरोद मे उत्खननो के फलस्वरूप मध्ययुग म भूर्जपत्र पर लिखे बहुत से पत्र प्राप्त हुए है। किताबे तैयार करने मे बहुत समय लगता था और उन्हे अत्यत मूल्यवान माना जाता था।

मठो मे रूसी इतिहास के बारे मे सर्वप्रथम इतिवृत्त भी तैयार किये गये थे जहा वर्ष-प्रतिवर्ष महत्वपूर्ण घटनाओ को कालक्रमानुसार अभिलिखित किया जाता था। प्राचीनतम रूसी इतिवृत्तो मे से एक कीयेव के पेचेर्स्की मठ मे नस्तोर नामक मठवासी ने लिखा था। यह तथा अन्य इतिवृत्त रूस के अतीत के बारे मे अनुपम अभिलेख उपलब्ध करते हैं और रूस के प्रारभिक इतिहास के अध्ययन मे उनसे बहुत मदद मिली है।

प्राचीन रूस अपने निपुण कारीगरो के लिए भी मशहूर था। इस काल के कुभकार सुदर अलकरणो और रगीन ग्लेजवाले बढिया बरतन – सुराहिया और मर्तबान, रकाबिया, घडे, प्याले और खिलौने – बनाया करते थे। छोटी भट्ठियो मे धातु का गलाया जाना एक और सामान्य उद्यम था – इस धातु से बाद म हलो क फाल हसिये और दरातिया फावडे, चाकू छुरे, कीले नाल और ताले बनाये जाते थे। हथियारसाजो का खासकर बहुत नाम था, जो दुधारी तलवार ढाल कवच और जिरह बख्तर बनाया करते थे।

चौथा अध्याय

मध्य पूर्व तथा मध्य एशिया के देशो का सामतवाद मे सक्रमण

ईरान मे सामती सबधो का उदय

ईरान मे तीसरी से सातवी शताब्दी तक सासानी साम्राज्य का बोलबाला बना रहा। सासानियो का इतिहास ईरानी जाति और उसके राज्य के, जो साम्राज्य का केंद्रक था, इतिहास का अभिन्न अग है। यहा सामती सबधो का विकास एक ओर तो भारत या ह्वाग हो घाटी की ही भाति दासस्वामित्व की प्राचीन परपराओ के आधार पर और दूसरी ओर, गोत्रीय तथा सामुदायिक स्वरूपो पर आधारित ईरानी कबीलो के प्राचीन समाज के पतन के परिणामस्वरूप हुआ था। सामती समाज के उदय के साथ सबद्ध सामाजिक-आर्थिक, सास्कृतिक और राजनीतिक परिवर्तन यहा समाग जातीय सरचना और सुदृढ केंद्रीय नाभिक (मध्य तथा दक्षिण पश्चिमी ईरान) के ढाचे के भीतर हुए थे, जिससे ईरान अरबी खिलाफत या चीनी साम्राज्य की अपेक्षा जापान और वियतनाम के अधिक निकट है।

अपने स्वामियो की जमीनो से आबद्ध किसानो के वर्ग का उदय निजी जमीदारियो पर काम करनेवाले गुलामो के भूदासो का दर्जा हासिल करने और समुदायो के धीरे धीरे विघटित होने के साथ हुआ। इसीके साथ-साथ आजात (स्वतत्र समृद्ध अश्वारोही सैनिक) नामक एक नये वर्ग का भी उदय हुआ। नगरो मे शिल्प श्रेणिया भी पैदा हुई लेकिन मध्ययुगीन ईरान मे वे कोई महत्वपूर्ण भूमिका नही अदा करती थी। उस समय तक देश मे एक तरह की जातिप्रथा भी जड जमा चुकी थी लेकिन वह भारत की अपेक्षा कम कठोर थी।

आर्थिक और राजनीतिक लिहाज से ईरान तीसरी से पाचवी सदी के दौरान पश्चिमी एशिया का सबसे शक्तिशाली राज्य था। मुख्य सत्ता भूस्वामी अभिजातो और जरथुस्त्री पुरोहित वर्ग के हाथ मे थी। पुरोहित वर्ग के पास भी बडी-बडी जागीरे और बडी सख्या मे दास थे। जरथुस्त्री धर्मावलबी सूर्य

अग्नि, चद्रमा और तारो की उपासना करते थे। ईसवी सवत के आरभ मे जरथुस्त्री धर्म ईरानी जनता का स्वीकृत आधिकारिक धर्म था। यह धनी तथा प्रभावशाली धार्मिक सस्था ईरान म एक महत्वपूर्ण सामाजिक शक्ति थी।

शोषित जनसाधारण के मानीपथ (मानिकीइज्म) नामक आदोलन के पैदा होन पर ईरान को भी अपने दासस्वामी समाज के सकट का अनुभव करना पडा। लेकिन मानीपथी चाहे विद्यमान सामाजिक व्यवस्था को अनुचित कहकर उसकी आलोचना करते थे, फिर भी उनका विरोध निष्क्रिय प्रतिरोध तक ही सीमित रहा।

किसी भी तरह की बडी आतरिक उथल पुथल के न होने के कारण सासानियो ने अपने साम्राज्य को पारकाकेशिया, मेसोपोटामिया और एशिया एकोचक तक फैला दिया और मध्य एशिया तक भी पहुच गये। इन विजयो के फलस्वरूप, जो दासस्वामी अभिजात वर्ग और साम्राज्य के शासको के लिए प्रभूत सपदा लायी थी ईरानी दासस्वामी समाज के भीतर बढता सकट और भी ज्यादा सगीन हो गया। भुखमरी बडे पैमाने पर फैल गयी और भूस्वामी अभिजात वर्ग के खिलाफ जनव्यापी विद्रोह फूट पडे जिनमे भूतपूर्व सामुदायिक कृषको, जिन्ह अपनी पहलेवाली आजादियो को फिर से हासिल करने की आशा थी, और आजातो, जो छोटी या मझोली जमीदारियो पर अपना अधिकार स्थापित करना चाहते थे दोनो ने ही भाग लिया। साम्राज्य के शासको का भी यह ख्याल था कि बडे बडे अभिजात परिवारो की सपत्ति के कुछ हिस्से पर अपना अधिकार जमाकर वे और अधिक भूसपत्ति प्राप्त कर लेगे जिनके विरुद्ध उन्होने चौथी शताब्दी के अत और पाचवी शताब्दी के आरभ म निरर्थक सघर्ष किया था। साम्राज्य की केंद्रीय सत्ता के सुदढीकरण को अपरिहार्य बनानेवाला एक और कारक पूर्वी सीमातो पर खानाबदोश श्वेत हूणो के आक्रमण का खतरा भी था।

मज्दाकपथ

य भिन्न भिन्न शक्तिया मज्दाकपथी आदोलन (इस आदोलन को अपना नाम अपन नेता मज्दाक से प्राप्त हुआ था) मे सयुक्त हो गयी। अपने पूर्ववर्ती मानीपथियो के विपरीत मज्दाकपथी सामाजिक बुराइयो के विरुद्ध खुले सघर्ष का आह्वान करते थे और विशेषकर अभिजातो से फालतू सपत्ति क ले लिये जाने की माग करते थे। सासानी सम्राट क्वाद प्रथम (४८८-५३१) ने मज्दाकपथियो और आजातो के साथ सहबध स्थापित करके अभिजात वर्ग की शक्ति को भग कर दिया जातिप्रथा को समाप्त कर दिया और मज्दाकपथ को राज्य धर्म बनाया। इस विजय के कुछ ही

वाद एक ओर तो कृषक तथा दस्तकार जनसाधारण और दूसरी आर विद्रोहियो के अगुआ आजाती और राजदरबार (जो उनके हितो का समर्थक बन गया था) मे हित सघर्ष हो गया। आजात और कवाद प्रथम एक बार फिर आपस म मिल गय और उन्होने सामान्य तथा धार्मिक अभिजात वर्ग के शेष प्रतिनिधियो के सहयोग से ५२६ मे कृषक विद्रोह को कुचल दिया।

खुसरो प्रथम के अधीन सासानी साम्राज्य

ईरानी सामती समाज ने पाचवी और प्रारम्भिक छठी शताब्दियो, विशेषकर सम्राट खुसरो प्रथम (५३१-५७६) के शासनकाल मे रूप ग्रहण किया। अभिजात वर्ग पर विजय प्राप्त करने से केंद्रीय सरकार को और भी बडी बडी जमीने मिल गयी और जमीन पर राजकीय स्वामित्व की पुनर्स्थापना के परिणामस्वरूप उनका काफी भाग आजातो को दे दिया गया। सभी मेहनतकशो को अपनी जमीन पर प्रति व्यक्ति कर देना होता था (बार बार की मागो क बजाय), जो समूचे तौर पर पहले के करो के मुकाबले कम कमरतोड था। जमीन पर राजकीय स्वामित्व की पुनर्स्थापना ने अपने को राज्य द्वारा अर्थतत्र मे अदा की जानेवाली भूमिका मे भी अभिव्यक्त किया (किसानो को ऋण देने का प्रावधान, आदि आदि)। राजतत्र समाज के जिस अशक पर समर्थन के लिए सबसे अधिक निर्भर करता था, वह सामती समाज की सैन्यकर्मी श्रेणी – आजात वर्ग – था। अपने अरब समतुल्यो के विपरीत सम्राट की स्थायी सेना भाड़े के सैनिको की बनी हुई थी और आज़ात सैन्य टुकडियो तथा आजात प्रशासनकर्मियो से निर्मित बहुशाखा केंद्रीकृत नौकरशाही के साथ वह सासानी साम्राज्य के प्रशासनिक आधार का निर्माण करती थी।

सामती सबधो के सुदृढीकरण और कृषक उपद्रवो के दमन के परिणामस्वरूप सासानियो के लिए यह सभव हो गया कि वे दक्षिण मे अपने प्रसार अभियान को फिर से शुरू कर सके और श्वेत हूणो को अपनी पूर्वी सीमातो स पीछे धकेल सके। लेकिन पश्चिम मे कुछ प्रारभिक सफलताए प्राप्त करने के बाद ईरान ने अपने आप को बैजतिया के साथ एक लबे और महगे युद्ध म उलझा हुआ पाया।

सातवीं शताब्दी के आरभ का अरब

अरब प्रायद्वीप और उसके एकदम पासवाले इलाको मे सामती सबधो का उदय ईसवी सवत की पहली सहस्राब्दी म इस प्रायद्वीप के दक्षिण और दक्षिण-पश्चिम म दासस्वामी समाजो के क्रमिक पतन और दूसरे इलाको

मे खानाबदोशो मे आदिम कुल अथवा गोत्र व्यवस्था के विघटन के साथ हुआ।

इस समय तक पशुओ के रेवडो और चरागाहो का एक बडा हिस्सा गोत्रीय अभिजात वर्ग के हाथो मे आ चुका था, जबकि निर्धन खानाबदोश कबीले जमीन की कमी के शिकार थे, खासकर इसलिए कि पिछडा हुआ पशुपालन उद्यम आबादी की बढती जरूरतो को पूरा करने के लिए काफी नही था। इसलिए कबीलो मे जमीन की खातिर पारस्परिक युद्ध शुरू हो गये जिनके दौरान उनमे विभिन्न सबध स्थापित हुए। पडोसी कबीलो की कीमत पर क्षेत्रीय विस्तार करने की आकाक्षा अधिकाधिक बढती गयी। एकीकरण की ओर इस गति का सवर्धन करनेवाला एक और कारक अरब के अधिक विकसित प्रदेशो, जहा सामती स्वरूपो ने जड पकडना शुरू कर दिया था, और इन प्रदेशो तथा खानाबदोश कबीलो के बीच आर्थिक और राजनीतिक सबधो का बढना भी था।

इन परिस्थितियो मे सभी अरबो के एकीकरण के आदोलन का समारभ हुआ, जिसके साथ साथ खानाबदोश – और स्थायी रूप से बसे हुए समाजो, दोनो ही मे सामती व्यवस्था ने भी जडे जमाना शुरू कर दिया। इस आदोलन ने जल्दी ही धार्मिक स्वरूप भी ग्रहण कर लिया और वह एक नये धर्म – इस्लाम – का प्रचार करने लगा।

इस्लाम का आरभ

इस्लाम एकेश्वरवादी धर्म है। वह केवल एक ईश्वर – अल्लाह – को मानता है जिसका पृथ्वी पर उसके पैगबर और उनके सहायक – खलीफा – प्रतिनिधित्व करते है। यह धर्म अपने अनुगामियो से ईश्वर और उसके सेवको के निर्विवाद्य आज्ञापालन की अपेक्षा करता था – मुस्लिम धार्मिक सगठनो और राजकीय सगठनो मे काफी कुछ साम्य था। आरभ म इस्लाम का प्रचार पैगबर हजरत मोहम्मद (५७० ६३२) के नाम के साथ सबद्ध रहा। अरब जनगण मे धार्मिक एकता के आदोलन और दासप्रथा की आलोचना के परिणामस्वरूप हजरत मोहम्मद को विभिन्न सामाजिक सस्तरो मे अनेक अनुयायी प्राप्त हो गये। इस्लाम का एक महत्वपूर्ण पहलू जो प्रारभिक सामती समाज मे अरब जनगण (जिनके जीवन निर्वाह का मुख्य साधन उनक रेवड थे) के एकता अभियान और क्षेत्रीय विस्तार की आकाक्षाओ को प्रतिबिंबित करता था, पडोसी देशो मे बलपूर्वक दीन का प्रचार करन का रुझान था।

अरबो का एकीकरण और खिलाफत का उदय

सातवी शताब्दी के प्रथम तृतीयक मे मदीना म उदित मुस्लिम राज्य ने शीघ्र ही अपने सीमातो को फैलाना शुरू कर दिया। इस क्षेत्रीय विस्तार म इस्लाम के प्रसार से सहायता मिली – राजनीतिक सत्ता के लिए सघर्ष इस्लाम का सबसे दृढ पहलू था। हजरत मोहम्मद द्वारा संस्थापित केद्रीकृत धर्मतत्र को सैन्यदलो से समर्थन मिलता था, जिन्हे पारिश्रमिक जमीन के रूप मे नही बल्कि लडाई म हासिल लूट के माल (मालेगनीमत) के हिस्सा के रूप मे दिया जाता था। इस प्रणाली (जिसमे सैनिको और सेनानायको के भूसपत्ति भी रखने पर कोई रोक नही थी) को पैगबर के उत्तराधिकारी पहले खलीफाओ का पूरा पूरा समर्थन प्राप्त हुआ और इसने अपेक्षाकृत काफी लबे समय तक सेना की युद्ध क्षमता को कायम रखना सुनिश्चित किया। केद्रीय सत्ता के सुदृढीकरण मे योग देनेवाला एक और कारक जमीन के सभी मालिको से करो की उगाही थी यद्यपि सामतो के लिए करो की दर कम थी। जमीन के छोटे से भाग पर ही राजकीय स्वामित्व था (शामिलात जमीन या वह जमीन जिस पर खेती नही होती थी), जबकि शेष या तो निजी सपत्ति थी या किसी कुल अथवा गोत्र की सपत्ति होती थी।

खलीफा सैनिक अथवा प्रशासनिक पदाधिकारियो को अपने कार्यकाल के लिए राजकीय जमीनो के टुकडे दिया करते थे और यह जमीदारो और शक्तिशाली अमीर उमरा के एक नये वर्ग के उदय का द्योतक था, जिनकी जागीर उनकी राजकीय सेवा पर निर्भर करती थी। इन जमीनो को उनके स्वामियो से छीनकर इस शर्त पर नये मालिको को दिया जा सकता था कि नये मालिक अपेक्षित कर्तव्यो को पूरा करेगे। भूस्वामित्व की यह प्रणाली, जो जल्दी ही एशिया एकोचक और उत्तर अफ्रीका मे फैल गयी, सुदूर पूर्व तथा भारत मे प्रचलित प्रणाली से आमूलत भिन्न थी।

सातवी शताब्दी के मध्य तक अरब का एकीकरण हो चुका था, लेकिन यह एकीकरण टिकाऊ साबित नही हो सकता था क्योकि वह जमीन के बटवार की समस्या का कोई हल पेश नही करता था। अपने देश म बडी बडी जागीर कायम कर लेने के बाद अब अरब सामत पडोसी देशो के लोगो की कीमत पर उन्हे और बढाना चाहते थे।

इसी बीच अनेक विजय अभियानो के दौरान अरब खानाबदोश, जिनके लिए सामती अरब म कोई स्थान न था, पशेवर सैनिक और आगे चलकर विजित क्षेत्रो म जमीदार बन गये थे। इसके परिणामस्वरूप सामती सामाजिक स्वरूपो का और दृढीकरण हुआ और इसने खलीफाओ को विश्वसनीय सैनिक प्रदान किये जो आपस म समान धर्म और जातीय पृष्ठभूमि से जुडे हुए थे। ये सैनिक विजित प्रदेशो को लूटकर अपना गुजारा करते थे।

सातवी सदी मे अरबो ने वैजतिया और ईरान के विरुद्ध एक बडा अभियान शुरू किया। ये दोनो ही पारस्परिक लडाइयो और आतरिक उथल-पुथल के कारण कमजोर हो गये थे।

६३६ मे वैजतिया को शाम (सीरिया) तथा फिलिस्तीन से हटने के लिए मजबूर कर दिया गया और ६५१ मे अरबो ने ईरान को जीत लिया। नये विजेताओ की सफलता मे एक बहुत महत्वपूर्ण कारक उनकी धार्मिक सहिष्णुता (इस्लाम स्वीकार करने को प्रोत्साहन देने के लिए सिर्फ आर्थिक उपाय ही अपनाये जाते थे) और बिना प्रतिरोध आत्मसमर्पण कर देनेवालो की सपत्ति के लिए उनका आदर था। इसके प्रभाव से विजित देशो मे आबादी के खासे अशक तटस्थ हो जाते थे खासकर इसलिए कि उस समय खलीफा स्थानीय सामतो के विशेषाधिकारो का उल्लघन किये या जबर्दस्ती सैनिक भरती किये बिना अपने को करो के सग्रहण तक ही सीमित रखा करते थे। इसके अलावा विजित प्रदेशो को राजकीय सपत्ति घोषित कर दिया जाता था और स्थानीय आबादी को चाहे कर अदा करने पडते थे, पर स्थानीय सामतो पर कर का भार काफी कम हो जाता था। इस्लाम ग्रहण कर लेनेवालो को उस विशेष कर (जजिया) से बरी कर दिया जाता था, जो काफिरो को अदा करना पडता था।

खिलाफत की अर्थव्यवस्था का आधार राजकीय सेवा के बदले मे सशर्त भूस्वामित्व, अनिवार्य कर और सैनिक सेवा और अपनी जमीन (जिसके हस्तातरण का अधिकार भी सुनिश्चित था) को काश्त करने का दायित्व था। खलीफाओ द्वारा शत्रुओ की जमीनो के बडे पैमाने पर पुनर्वितरण के बाद सशर्त भूस्वामित्व का ही बोलबाला हो गया था। जमीन का निजी और सामुदायिक स्वामित्व कम प्रचलित था। बडे बडे सरदारो की जमीनो को आम तौर पर बधुआ किसान काश्त किया करते थे।

खिलाफत मे उससे आर्थिक दृष्टि से स्वतत्र तथा अपने अलग इतिहास और परपराओ वाले अलग अलग नसलो के लोगो के इलाको के समावेश के फलस्वरूप राज्य मे वैसी ही अव्यवस्था और गडबडे शुरू हो गयी जैसी सभी आरभिक सामती राज्यो मे हुआ करती थी।

अश्वारोही सेनाए जिन्हे सिर्फ फौजी लूट मे हिस्सा पाने का ही अधिकार हासिल था, हजरत अली (६०२ ६६१) के नेतृत्व मे अरब अभिजात वर्ग के खिलाफ खडी हो गयी जिसने बेशुमार जमीनो पर कब्जा कर लिया था। ६५६ मे अली खलीफा बन गये लेकिन अभिजात एकजुट हो गये और उन्होने उमैयावशी मुआविया के नेतृत्व मे प्रतिरोध आदोलन छेड दिया। उमैया वश का गढ शाम था, जो सबसे विकसित नवविजित प्रदेशो मे एक था।

रिसाले और अभिजात वर्ग के बीच सघर्ष के दौरान सामाजिक

अतर्विरोधो को जल्दी ही अपने को धार्मिक विवाद मे अभिव्यक्त करना था। हजरत अली के समर्थको ने शिया पथ (जिसे शीघ्र ही सारे ईरान मे जड जमा लेना था) तो मुआविया के समर्थको ने सुन्नी पथ चलाया। शिया सिर्फ खलीफा अली के उत्तराधिकारियो को ही दीनदारो का आध्यात्मिक नेता मानते है। सुन्नीपथ सुन्नत पर आधारित है, जो कुरान के बाद की है और जो अरब समाज मे बाद मे लक्षित नये विकासो को, उसके उत्तरवर्ती वर्गान्तरण को प्रतिबिबित करती है। रिसाले के एक और हिस्से ने खारिजी नामक पथ स्थापित किया, जो सभी दीनदारो की समानता का प्रचार करता था।

अरब विजये

शामी जनशक्ति और भौतिक साधनो के आधार पर और शक्तिशाली सरदारो के समर्थन से इन सघर्षो मे मुआविया को विजय प्राप्त हुई। उसने शाम को अपना प्रशासनिक केंद्र बनाये रखा और ईरान तथा इराक के निवासियो का कठोर उत्पीडन किया। उमैयो (मुआविया के उत्तराधिकारियो) ने बैज़ातिया के खिलाफ एशिया एकोचक मे असफल युद्ध किये, लेकिन उनकी सेनाओ ने उत्तरी अफ्रीका को तेजी से सर करके वहा बैज़ती शासन का अत कर दिया। स्थानीय बर्बर सरदार जो बहुत समय से उत्तर अफ्रीकी खानाबदोशो से लड रहे थे अरबो के पक्ष मे आ गये। ७११ से ७१४ के बीच अरब सेनाओ ने अपने सेनापति तफीक की कमान मे इबेरियाई प्रायद्वीप (स्पेन) को जीत लिया और इसके बाद फ्रास पर आक्रमण किया। लेकिन प्वातिये की लडाई (७३२) मे पराजित होने के बाद उन्हे पिरेनीज़ पहाडो के पीछे तक हट आना पडा और पिरेनीज़ पर्वतमाला अरब साम्राज्य की सीमात बन गयी।

इस काल मे अरब सेनाए पारकाकेशिया उत्तर पश्चिमी भारत और ठेठ मध्य एशिया तक भी पहुच गयी। इस प्रकार आठवी शताब्दी के मध्य तक एक विराट उमैया साम्राज्य (खिलाफत) की स्थापना की जा चुकी थी। इसकी सफलता कई बातो के सयोग के कारण थी – शक्तिशाली सेना, स्थानीय शासनतत्रो मे किये गये न्यूनतम परिवर्तन और स्थानीय सरदारो और सामतो को जिनकी सख्या विजित प्रदेशो मे जमीन से पुरस्कृत अरबो से और भी बढ गयी थी, प्रदत्त विशेषाधिकार।

उमैया खिलाफत

राजकीय भापा, श्रम के उपयोजन और कर सग्रहण के तरीफो धर्म और वित्तीय तथा विधि प्रणालियो, आदि मे अरब तत्वो के प्राधान्य के बावजूद उमैयो का शासनकाल (६६१-७५०) अरवो और स्थानीय शासको मे घनिष्ठ सपर्को के तेजी से बढने का जमाना था। लेकिन आठवी सदी के आरभ मे ही इस्लाम मे बडे पैमाने पर लोगो के दीक्षित होने के परिणामस्वरूप गैर-मुसलमानो से प्राप्त करो की राशि मे कमी आ गयी थी, जिसने खिलाफत की आर्थिक शक्ति को कमजोर किया।

उत्तरवर्ती उमैया खलीफाओ ने करो मे भारी वृद्धि की – विराट साम्राज्य की एकता को बनाये रखने मे सन्निहित सैनिक व्यय की अब उसके दोहन से पूर्ति नही पाती थी। आठवी शताब्दी का पूरा प्रथमार्ध विजित प्रदेशो मे विद्रोहो के अविराम सिलसिले मे परिपूर्ण है, जो अतत स्वय शाम तक फैल गय। मध्य एशिया मे एक बडे विद्रोह के फलस्वरूप जो बाद मे ईरान और इराक मे भी फैल गया, उमैया खिलाफत का पतन हो गया। लेकिन इसके बाद भी सत्ता विद्रोहियो ने नही, बल्कि अब्बासीवश ने अपने हाथो मे ले ली, जिसने इस अशात अवस्था का अपने लाभ के लिए उपयोग किया – इस वश के खलीफाओ ने साम्राज्य क इराकी सूबे को अपने समर्थन का आधार बनाया जिस पर बहुत सशक्त अरब प्रभाव पडा था और उन्होंने बगदाद को अपनी राजधानी बना लिया (७५०-१२५८)।

अब्बासी खिलाफत

उमैयो का विराट साम्राज्य अब्बासियो के सत्ता मे आने के सिर्फ छ साल बाद ही ध्वस्त होने लगा। खलीफाओ के सारे प्रयासो के बावजूद विजित प्रदेशो मे सेना बडे मझोले और छोटे भूसामतो के वर्ग मे परिणत हो गयी थी जिनका खिलाफत के केद्र के मुकाबले अपने रहने की जगहो से कही ज्यादा लगाव था और जो अब खिलाफत के समर्थन की आवश्यकता को अनुभव नही करते थे।

लेकिन चाहे अब्बासीवश का शासनकाल खिलाफत के सतत विघटन का समय था फिर भी आठवी और नौवी सदियो ने अरब विश्व की अर्थव्यवस्था और सस्कृति मे जबरदस्त उत्थान भी देखा विशेषकर उसक केद्र इराक मे। यहा केवल एक बडे प्रदेश पर अपेक्षाकृत एकरूप सामती समाज का विकास ही नही हुआ था, बल्कि कृषि शिल्पो और व्यापार के तीव्र विकास के परिणामस्वरूप सामाजिक प्रगति को भी बढावा मिला। उस समय

अरब देश ससार के सबसे उन्नत देशो मे थे। अरब व्यापार मार्ग यूरोप, एशिया और अफ्रीका मे दूर-दूर तक फैले हुए थे। लूट के माल का वितरण अब आर्थिक दोहन का मुख्य स्वरूप नहीं रह गया था। भू वितरण का मुख्य स्वरूप राज्य की सेवा के मुआवजे मे प्रशासको को अकृष्ट जमीन – जो खलीफाओ की सपत्ति थी – के टकडो का दिया जाना था। जमीन का काफी हिस्सा निजी जागीरो और खलीफाओ की सपत्ति के अतर्गत आता था। जिन जमीनो का स्वामित्व सरकारी ओहदे पर आधारित था, उनके मालिको के लिए – उनकी सामाजिक पृष्ठभूमि के लिहाज के बिना – सैनिक सेवा अनिवार्य थी और खिलाफत का अत होते होते उनके लिए युद्ध मे अपने सशस्त्र अनुचर दल के साथ हाजिर होना लाजिमी हो गया था। इन माफियो या जागीरो के किसान राज्य को कर और अपने मालिको को लगान दिया करते थे। राजकीय राजस्व का अधिकाश भूमि करो से ही प्राप्त होता था।

अन्य सभी राज्यो की ही भाति अरब साम्राज्य मे भी राजकीय सेवा के बदले दी जानेवाली जमीने धीरे धीरे निजी सपत्ति बन गयी। खिलाफत मे यह प्रक्रिया नौवी सदी मे हुई। इस प्रक्रिया मे मुस्लिम धार्मिक सस्थाओ के स्वामित्व की जागीरो या वक्फो की वृद्धि ने बहुत महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। इन जमीनो पर न कर लगते थे और न उन पर रहनेवालो के लिए सैनिक सेवा ही अनिवार्य थी। इन वक्फो का कुछ हिस्सा नाम को ही धार्मिक सस्थाओ का होता था क्योकि उन्हे अपने धर्म गुरुओ को दान करनेवाले स्थानीय सामत व्यवहार मे उनसे प्राप्त अधिकाश आय को अपने पास ही रख लिया करते थे। इस तरह की अधिकाधिक जमीनो के मौरूसी जागीरो और वक्फो मे परिणत होते जाने के साथ-साथ किसान भी अपने मालिको पर अधिक और राज्य पर कम निर्भर होते गये।

फिर भी राज्य किसानो से उनकी आय का आधा ही मागता रहा। इस बात को देखते हुए कि निजी जमीनदार भी अपने किसानो पर दबाव बढ़ाते जा रहे थे इसका यही मतलब था कि उनकी हालत पहले से कही ज्यादा मुश्किल होती जा रही थी। गैर अरब किसानो की हालत तो विशेषकर खराब थी – सभी किसानो को जिस रूप कर से नकद कर मे लगभग सार्विक सक्रमण और उसके फलस्वरूप सूदखोरी के प्रसार मे मुसीबतो मे फसना पडा।

खिलाफत का ह्रास

किसानो मे, विशेषकर साम्राज्य के गैर अरब बहिर्वर्ती भागो मे असतोष के बढ़ने के साथ साथ शक्तिशाली भूस्वामियो और केंद्रीय सत्ता मे सघर्ष छिड गया क्योकि भूस्वामी अपनी आर्थिक तथा राजनीतिक स्वतत्रता

स्थापित करना चाहते थे। खिलाफत को राज्यतत्र की सर्वव्यापी अक्षमता और अदक्षता के कारण सूबेदारो को व्यापक अधिकार और सत्ता प्रदान करने के लिए विवश होना पडा था और धीरे-धीरे उसका उन पर नियत्रण खत्म होने लगा था। मिस्र मे तुलूवशियो ने और ईरान मे ताहिरियो ने स्वतत्र हुकूमते कायम कर ली और इस तरह के कई और स्वतत्र राजवश भी पैदा हो गये। इन पार्थक्यवादी रुझानो की रोकथाम के लिए खलीफाओ ने राज्यतत्र को मजबूत करने की कोशिश की और वजीर के पद की स्थापना की। लेकिन साम्राज्य की पुरानी एकता को बहाल करना असभव सिद्ध हुआ। खलीफा की सत्ता का मुख्य आधार – युद्ध की लूट पर जीनेवाली अरब खानाबदोशो की अखडनीय सेना – लुप्त हो चुका था। बर्बरो, खुरासानियो तथा अन्य विजित जातियो के सैनिको से बनी भाडे की सेना अत्यत अविश्वसनीय सिद्ध हुई।

यद्यपि यह कारक साम्राज्य की केंद्रीय सत्ता के क्षय को रोकने मे सहायक रहा कि खलीफा सर्वत्र इस्लाम का आध्यात्मिक नेता या अमीरुल मोमिनीन (ईमानवालो का सरदार) माना जाता था, फिर भी खिलाफत नौवी सदी से जनसाधारण को वश मे रखने के अपने बुनियादी कार्य को पूरा करने मे असमर्थ सिद्ध हो गयी थी। आजरबैजान और उत्तर पश्चिमी ईरान मे बाबेक विद्रोह (८१६-८३७) खिलाफत के अत के आरभ का द्योतक था। कुछ ही समय बाद इराकी किसानो और उत्तरी अरब कबीलो के बलवे भी फूट पडे (८६६-८८३) और इस तरह के उपद्रव दसवी सदी मे भी जारी रहे। खिलाफत की कमजोरी का लाभ उठाकर नौवी शती के द्वितीय चतुर्थक म मध्य एशिया और ईरान ने अपनी आजादी फिर हासिल कर ली और नौवी सदी के उत्तरार्ध मे शाम मिस्र तथा फिलिस्तीन ने भी उनका अनुकरण किया। दसवी शती के मध्य तक बगदाद और उसके आसपास क इलाको के अलावा और कुछ खिलाफत के नियत्रण म नही रहा और व्यवहार म खलीफा अब मुस्लिम जगत के धार्मिक नेता से अधिक नही माना जाता था। १२५८ मे मगोलो ने बगदाद को जीत लिया और खलीफा की हत्या कर दी गयी।

अरब संस्कृति

आठवी से दसवी सदियो के दौरान अरब राज्यो क राजनीतिक प्रभाव के प्रसार क साथ साथ जबरदस्त सास्कृतिक उपलब्धिया भी प्राप्त की गयी विशेषकर खिलाफत के केंद्रीय प्रदेशो और इबेरियाई प्रायद्वीप म। विज्ञान की अभूतपूर्व प्रगति हुई और प्राचीन विश्व स प्राप्त समस्त ज्ञान को और अधिक बढाया और विकसित किया गया।

गणित, खगोल, हिकमत (चिकित्सा), भूगोल और इतिहास के क्षेत्रों में उपलब्धियां खासकर महत्वपूर्ण थीं। अरबों ने चीनियों के कई आविष्कारों को यूरोप पहुंचाया, जैसे, कुतुबनुमा, कागज और बारूद। यद्यपि उन्होंने अपना अधिकांश दर्शन अतीत से प्राप्त किया था, फिर भी मुस्लिम धार्मिक शिक्षा के प्रभाव में उसमें भी काफी प्रगति की गयी। अपने धार्मिक सारतत्व के बावजूद अरब दर्शन ने तर्कबुद्धिवादी पहलू प्रदर्शित किये।

अरबों ने नौचालन और युद्ध कलाओं और अनेक शिल्पों तथा वास्तुकला के क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान किये। इस काल के अरब साहित्य ने इब्न इसहाक और तावरी जैसे किस्सागो व लेखक पैदा किये और मध्य पूर्व तथा मध्य एशिया के ताजिक और फारसी साहित्य ने दुनिया को फिरदौसी और उमर खय्याम जैसे महाकवि भी दिये।

पांचवीं से सातवीं शताब्दियों का मध्य एशिया

मध्य एशिया में समाज के सामंती स्वरूप सबसे पहले ख्वारज्म, सोग्द आदि के प्राचीन समाजों में विकसित हुए। इन देशों में गुलामों को धीरे धीरे जमीन दिये जाने और गोत्र नेताओं द्वारा भूतपूर्व समुदायों के किसानों का शोषण शुरू होने के साथ साथ पराधीन कृषकों – बंधुआ काश्तकारों या बंधुआ असामियों – का एक नया वर्ग पैदा हो गया था। सामंती ढंग से विकसित होनेवाले सभी मध्य एशियाई कृषिजीवी रजवाड़ों को (इनकी संख्या २० से अधिक थी) खानाबदोश श्वेत हूणों के सामंती राज्य को खिराज देना पड़ता था, मगर आंतरिक मामलों में उनकी स्वतंत्रता बनी रही थी। सिर्फ ख्वारज्म ही पूरी तरह से स्वतंत्र था।

५६७ में तुर्क खानाबदोशों द्वारा श्वेत हूणों के पराजित किये जाने के परिणामस्वरूप सत्ता तुर्की कगान (खान अथवा सरदार, आगे चलकर सम्राट) के हाथों में चली गयी। यहां स्थिति अरब प्रायद्वीप से बहुत भिन्न थी, जहां सामंती तौर-तरीके अरब किसानों और अरब खानाबदोशों में एकसाथ विकसित हुए थे – यहां जमीन को काश्त करनेवाले (सोग्दी, ख्वारज्मी, आदि) खानाबदोशों से भिन्न नसल के थे, दूसरे धर्म के अनुगामी थे और दूसरी भाषा बोलते थे। इस कारण कृषि जीवन में सामंती तौर-तरीकों ने खानाबदोश तुर्क कबीलों के सामाजिक ढांचे पर कोई प्रत्यक्ष प्रभाव नहीं डाला और सामंती व्यवस्था के लक्षण छठी सदी तक विकसित नहीं हो पाये। लेकिन इस अंतर ने उत्पीड़ित तुर्क खानाबदोशों को खानाबदोश अभिजातों और दहकान सरदारों के खिलाफ ५८३-५८६ के विद्रोह में कंगाल हुए सोग्दी किसानों का साथ देने से नहीं रोका। इस विद्रोह के कुचले जाने के फलस्वरूप भूतपूर्व सामुदायिक

कृषकों का शोषण और भी कठोर हो गया। सातवी शताब्दी तक मध्य एशिया की सभी कृषिजीवी जातियो मे सामती सामाजिक स्वरूपो का प्राधान्य स्थापित हो चुका था।

उन्नत सामाजिक सबधो मे सक्रमण ने कृषि के विकास और रेशम उद्योग तथा सिचाई प्रणालियो की उन्नति को बढावा दिया। अनेक परकोटेदार नगर पैदा हो गये, लेकिन उनमे व्यापारियो और दस्तकारो की भूमिका दहकान सामतो से कम महत्व रखती थी, जिन पर शहरी और देहाती दस्तकारो का बहुत बडा हिस्सा आश्रित था। लेकिन मध्य एशियाई और विशेषकर सोग्दी व्यापारी सभी पडोसी देशो, खासकर भारत और मध्य पूर्व के साथ खूब व्यापार करते थे। मध्य एशिया के इन प्रारभिक वर्ग समाजो का मुख्य धर्म जरथुस्त्री धर्म था।

सातवी सदी के मध्य एशिया की नानासख्य रियासतो ने कोई बडे युद्ध नही किये – तुर्क सत्ता के ह्रास के बाद उनमे से अधिकाश स्वतत्र हो गयी। इन देशो मे किसानो के अधीनीकरण की प्रक्रिया की सपूर्ति ने उनके प्रतिरोध को जन्म दिया जिसने अपने को सातवी सदी के अत और आठवी के प्रारभ मे एक विद्रोह मे अभिव्यक्त किया। ये विद्रोही जिन सिद्धातो का अनुसरण करते थे उनका मज्दाकपथी सिद्धातो से काफी साम्य था।

मध्य एशिया की विभिन्न जातियो द्वारा धीरे धीरे सामती व्यवस्था अपनाये जाने के साथ साथ कई जातीय समूहो (उदाहरण के लिए, सोग्द और ख्वारज्म के रहनेवालो) और उनकी सस्कृतियो ने प्रमुखता प्राप्त की। इससे पहले तक मध्य एशिया एक कमोबेश सहत समाग जातीय तथा सास्कृतिक इकाई ही था। भारतीय, ईरानी और ईसाई साहित्य की कई कृतिया इन देशो मे पहुची स्थानीय लिपिया परिष्कृत हुई और उनके भारत तथा चीन के साथ व्यापारिक और सास्कृतिक सबध बढे और मजबूत हुए। मध्य एशिया मे चित्रकला और वास्तुकला की ऐसी शैलिया पैदा होने लगी जो ईरानी और भारतीय कला-परपराओ से सर्वथा भिन्न थी।

६५१ मे अरब सेनाओ ने मध्य एशिया पर आक्रमण किया लेकिन उन्हे भयानक प्रतिरोध का सामना करना पडा जिसे दीर्घकालिक युद्ध (७०५-७१५) के बाद ही कुचला जा सका। इस पराजय मे एक खासा महत्वपूर्ण कारक अलग अलग सामती शासको मे एकता का अभाव था जिनमे से कुछ ने तो एक-दूसरे से गद्दारी भी की। देश के और विशेषकर सिचाई प्रणाली के विनाश किसानो की तबाही, कुछ निवासियो के जबरदस्ती दूसरी जगहो पर बसाये जाने और इस्लाम के बलपूर्वक प्रचार के फलस्वरूप विद्रोह हुए और ये विद्रोह तब तक लगातार होते रहे जब तक कि अत मे मध्य एशिया के राज्य अपनी स्वतत्रता की पुनर्स्थापना करने मे सफल नही हो

गये। लेकिन जहा ७०५-७३७ के विद्रोहो ने किसानो और ग्रामवासियो के साथ साथ स्थानीय सामतो के भी सामान्य हितो को व्यक्त किया था, वहा आठवी सदी के मध्य तक दहकान सामतो ने इस आदोलन से विश्वासघात कर ली और उनके बडी सख्या म इस्लाम मे दीक्षित कर लिया गया। शनै शनै भूस्वामियो और श्रमजीवियो का एक नया सामाजिक समूह पैदा हो गया। इस नये वर्ग के समर्थन तथा आर्थिक प्रभाव के उपयोग से अरब स्थानीय आबादी के एक काफी बडे हिस्से को इस्लाम अगीकार कराने और ज़मीन के राजकीय स्वामित्व तथा अन्य सामती सस्थाओ का प्रचलन करने म सफल हो गये।

लेकिन खिलाफत की सत्ता का आधार मजबूत नही था। मध्य एशिया म शुरू होनेवाले ७४७ के विद्रोह के परिणामस्वरूप उमैयो का तख्ता उलट गया। मध्य एशिया के लोगो न ७५१ ७७६-७८३ और ८०६ ८१० मे उनके उत्तराधिकारी अब्बासी खलीफाओ के खिलाफ बगावते की, बागियो का कुचलन के सघर्ष मे खिलाफत की सेनाओ क ताज़ीरी अभियानो की ही नहीं बल्कि स्थानीय सामतो और विशेषकर ताजिक अमीरो को लगातार रिआयते देने की भी जरूरत पडी। ताजिक अमीरो ने आठवी सदी मे ही उस ज़मीन के बडे बड हिस्सो पर सशर्त अधिकार प्राप्त कर लिया था, जिस पर पहले समुदायो का स्वामित्व था। उसके बाद से अधिकाश किसान सामती बधना मे ही रहे। ८१९ मे ताजिक सरदारो ने एक स्वाधीन राज्य की स्थापना की और स्थानीय सामानी राजवश ने ९९९ तक मध्य एशिया पर शासन किया।

पारकाकेशिया की जातिया

पारकाकेशिया के देशो – आर्मीनिया, जार्जिया की कार्तली और लाजिका रियासतो और अल्बानिया (प्राचीन आज़रबैजान) की अल्बानिया तथा अर्रान रियासतो – मे सामती आर्थिक सबधो मे सक्रमण चौथी शताब्दी म शुरू हुआ जब युद्धनेताओ ने समुदायो की, जिनका तेजी स अपक्षय हो रहा था जमीनो को अपने हाथो मे ले लिया था। इस काल मे दासस्वामी अभिजातो की जागीरो मे भी नये उत्पादन सबध रूप लेने लगे थे। पराधीन कृषक समुदाय के निमाण की ओर ले जानेवाली ये प्रक्रियाए सारे पार काकेशिया मे हो रही थी। ईसाई चर्च को भी इन नये उत्पादन सबधो के सुदढीकरण म महत्वपूर्ण भूमिका अदा करनी थी – चौथी शताब्दी तक वह पारकाकेशिया के अधिकाश देशो मे अच्छी तरह से जडे जमा चुका था। यहा न जमीन पर राजकीय स्वामित्व था और न ही कोई एकीकृत लगान तथा कर प्रणाली। सारी आबादी तीन श्रेणियो मे बटी हुई थी – भूस्वामी

आजात पुरोहितवर्ग और जमीदारो की खिदमत के लिए आबद्ध पराधीन किसान।

पाचवी छठी शताब्दियो मे पार-काकेशिया मे उल्लेखनीय • सास्कृतिक तथा आर्थिक विकास देखा गया और अतर्राष्ट्रीय व्यापार मार्गो के महत्वपूर्ण स्थलो पर खुशहाल तिजारती शहर पैदा हो गये। पार-काकेशिया पर बैजतिया अथवा ईरान के नाममात्र नियत्रण मे स्थानीय राजवश शासन करते थे। इस नाममात्र नियत्रण को अधिक ठोस प्रभुत्व मे परिवर्तित करने के ईरान के विभिन्न प्रयासो का पार काकेशिया के रहनेवालो ने डटकर प्रतिरोध किया। उदाहरण के लिए, आर्मीनियो जार्जियाइयो और अल्बानियो (आजरबैजानियो के पूर्वज) का आत्मसात्करण करने और उसके साथ-साथ करो (चर्च से नियें जानेवाले करो सहित) म वृद्धि करने, ईसाई धर्म पर पाबदी लगाने और आर्मीनियाई राजाओ को राज्य मे उनके प्रमुख पदो से निकालने क प्रयासो के नतीजे के तौर ४५०-४५१ मे आर्मीनी सेनानायक वदान ममीकोन्यान के नेतृत्व मे विद्रोह हो गया। विद्रोहियो को परास्त कर दिया गया, लेकिन आत्मसात्करण के प्रयासो को भी छोड देना पडा।

पारकाकेशिया पर सुदढ ईरानी शासन स्थापित करने के एक और प्रयत्न के परिणामस्वरूप ४८१-४८४ मे एक व्यापक विद्रोह फूट पडा, जिसके कारण सासानियो को एक बार फिर अपने लक्ष्य को त्यागना पडा। इस प्रकार का अतिम हमला खुसरो प्रथम (५३१-५७६) के शासनकाल मे हुआ था, जब करो को बढा दिया गया था और स्थानीय प्रशासनाधिकारियो की जगह ईरानी अधिकारी नियुक्त कर दिये गये थे। इसके फलस्वरूप एक और व्यापक आर्मीनी जनविद्रोह फूट पडा जिसका जार्जियाइयो अल्बानियो और बैजतिया न समर्थन किया। ५६१ मे सपन्न हुई शाति सधि के अनुसार ईरान न पारकाकेशिया क एक बड हिस्से पर अपन दावे को त्याग दिया और ६२८ मे यह सारा इलाका नाममात्र के बैजती शासन के अधीन स्वतत्र हो गया। पाचवी और छठी सदियो के अविराम युद्धो के दौरान आजात धीरे धीरे अधिकाधिक शक्तिशाली होते गये और अपने किसानो से अधिकाधिक मागे करने लगे। लेकिन ईरान और बैजतिया के बार-बार के हमलो और जातीय विभेदो न पार काकेशिया मे केंद्रीकृत सरकार और राजकीय भूस्वामित्व प्रणाली मे युक्त सयुक्त राज्य की स्थापना को पूरी तरह से असभव बना दिया। लगातार की लडाइयो ने बडे व्यापारिक केंद्रो के विकास मे भी बाधा डाली।

अरब सरदार अपन को साठ साल की प्रचड लडाइयो के बाद ही पारकाकेशिया मे जमा पाये – अरब सूबेदारो ने लोगो को जबरदस्ती इस्लाम म दीक्षित किया और खिलाफत की भूव्यवस्था लागू की। लेकिन अरब साम्राज्य

के अन्य भागो के विपरीत पारकाकेशिया मे इस्लाम नाम का भी मुश्किल
म ही जडे पकड पाया और राजकीय भूस्वामित्व की प्रणाली सिर्फ अल्बानिया
म ही प्रचलित हो सकी। पारकाकेशिया मे बहुत ही कम अरब बसे और
यहा उनकी हालत बहुत ही नाजुक थी – शातिकाल मे खिलाफत के अधिकारिया
। कर्तव्य कर उगाहन तक ही सीमित रहते थे। लेकिन ये कर अत्यत अमर्यादित
थे और उनके कारण किसानो और नगरनिवासियो के भी कई बलवे हुए,
जिनसे विदेशी विजेताओ की लिप्मा को कुछ कम करने मे सहायता मिली।
आर्मीनिया के ७४८ ७५० और ७७४-७७५ म विद्रोहो न खलीफा को करा
मे कमी करने के लिए मजबूर कर दिया, ७८१ और ७९५ मे अल्बानिया
मे भी ऐसे ही विद्रोह हुए। आर्मीनिया और अर्रान के राजाओ ने खलीफा क
जुए को उतार फकने की आशा से इन सभी बगावतो को अपना समर्थन
प्रदान किया। अल्बानी विद्रोहो म सबसे महत्वपूर्ण खुर्रमियो और उनके नेता
बाबेक (८१६ ८३७) के नेतृत्व मे होनेवाला विद्रोह था, जिसे आर्मीनिया
का समर्थन प्राप्त था। बाबेक के अनुगामियो ने खलीफा की सेनाओ को कई
शिकस्ते दी जिन्हे उनका दमन करने मे बहुत मुश्किलो का सामना करना
पडा। चौदह साल बाद एक और विद्रोह फूट पडा। यद्यपि इस विद्रोह को
८५५ म निर्ममतापूर्वक कुचल दिया गया, पर अरबो को कुछ ही बाद पार
काकेशिया से चले जाना पडा। पारकाकेशियाई जनो के विरुद्ध युद्धा मे
खिलाफत को इन इलाको के शोषण से प्राप्त धन से कही अधिक धन खर्च
करना पडता था।

पाचवा अध्याय
ग्यारहवीं से पद्रहवीं सदी तक का पश्चिमी यूरोप

हस्तशिल्प का कृषि से अलग होना। नगरो का उदय

प्रारंभिक मध्य युग मे उत्पादक शक्तियो का विकास चाहे धीमी गति से ही हुआ हो फिर भी यह प्रगति सतत थी और इस प्रक्रिया का पहला परिणाम श्रम का एक नया सामाजिक विभाजन था, जिसने यूरोप भर मे आर्थिक प्रगति को सुगम बनाया। धीरे धीरे उद्योग और कृषि के बीच एक सुस्पष्ट विभाजक रेखा खिच गयी। नये नये शहर पैदा हो गये और आकार म बढने लगे। व उद्योग और व्यापार क केद्र बने। इस विकास का एक और परिणाम पण्य द्रव्य सबधो का पैदा होना था।

ग्यारहवी सदी से मध्ययुगीन समाज की बढती हुई आवश्यकताए उन किसानो को, जो अपन मुख्य कृषि कार्य के अलावा लोहार बुनकर दरजी या मोची, आदि के काम भी करते थे, इन सहायक धधो पर लगातार अधिक और खेती पर कम से कम समय लगाने के लिए विवश करने लगी। ये किसान अक्सर अपने गावो को छोडकर ऐसी जगहो पर जा बसते थे जहा उनके लिए अपनी बनायी चीजों को बेचना और उनके बदले वे कृषि पदार्थ प्राप्त करना आसान होता था, जो उनके और उनके परिवारो के भरण पोषण के लिए आवश्यक थे (रास्तो के सगम पर नदियो के किनारे और उन जगहो पर, जहा उन्हे गढो या मठो का सरक्षण मिल जाता था)।

धीर धीरे व्यापारी भी ऐसी जगहो पर आकर बसने लगे और आखिर व व्यापार को बहाल करने म सफल हो गये जिसकी रोमन साम्राज्य के पतन के बाद से बहुत अवनति हो गयी थी।

यूरोप मे जिस तरह के व्यापार की सबसे पहले बहाली हुई वह सुदूरवर्ती देशो, और विशेषकर पूर्व के देशो की महगी और आसानी से लाने ले जाने लायक चीजो का व्यापार था जैसे बैजतिया से कपडा

कार्कसोन (फ्रास) की शहरपनाह, १३ वीं सदी

एशिया ए कोचक और मसेरत से हाथीदात और सोना और अरब स इतर और सुगधिया। लेकिन धीरे धीरे वे व्यापारी, जो दस्तकारो के साथ आ बसे थे स्थानीय दस्तकारो की बनायी चीजो को बेचने लगे और इस तरह उन्होने इन चीजो का दूर-दूर तक पहुचना सभव बना दिया। इस प्रकार दस्तकारी और व्यापार के केंद्रो के रूप मे नये नगर विकसित होने लगे।

आरभ मे ये नगर बडे बड गावो या कसबो से ज्यादा भिन्न नही होते थे, जिनके निवासी कृषि के साथ साथ दूसरे धधे भी करते थे। नगर निवासियो के पास अपने चरागाह कर्षित भूमि जगल और जलस्रोत हुआ करते थे। लेकिन कालातर मे उद्योग नगरवासी मेहनतकशो से अधिकाधिक श्रम और समय की अपेक्षा करने लगा और उनके लिए अपने वास्ते आवश्यक कृषिजन्य कच्चे माल और अपने परिवारवालो के भरण-पोषण के लिए जरूरी चीज प्राप्त करने के निमित्त पास-पडोस के गावो के किसानो से अपनी चीजो का विनिमय करना आवश्यक होता गया।

दस्तकार पेशो के अनुसार शिल्प सघो या श्रेणियो (गिल्डो) म सगठित हो गये थे जिनके सदस्य अपनी छोटी छोटी कार्यशालाओ या कारखानो म काम करनेवाले स्वतत्र छोटे छोटे उत्पादक हुआ करते थे। इन कार्य

शालाओ म कारीगर या कमेरे (जरनीमेन) और शागिर्द भी काम किया करते थे, जिनकी सख्या (स्वय काम के सगठन और उत्पादित सामान की भाति ही) श्रेणी की सनद (चार्टर) मे निर्दिष्ट कडे अनुबधो के अनुसार निर्धारित होती थी। इन सनदो का मुख्य प्रयोजन श्रेणी के पूर्ण सदस्यो अर्थात उस्तादो (निपुण कारीगरो) के काम तथा निर्वाह की अवस्थाओ को निर्धारित और सुनिश्चित करना होता था, क्योकि कमेरे तो वस्तुत मजदूरी पर काम करनवाले कारीगर ही होते थे, जबकि शागिर्द अपने शिक्षण का शुल्क अपने काम से चुकाते थे।

कमेरो और शागिर्दो के हित एक तरफ थे और उस्तादो या मालिको के हित दूसरी तरफ और इसलिए वे एक दूसरे के विरोधी थे। उस्ताद जैसे-जैसे समाज का एक विशेषाधिकारप्राप्त तबका बनते गये और कमेरो को अपनी श्रेणी मे घुसने से रोकते गये, वैसे वैसे ही इन दोनो समूहो के बीच वर्ग सघर्ष भी अधिकाधिक प्रखर होता गया।

नगरो और सामती भूस्वामियो मे सघर्ष

शहरो मे सकेद्रित आबादी देहातो की बनिस्बत आपस मे कही अधिक घनिष्ठत घुली मिली हुई थी और उसने भूस्वामी अभिजातो से, जिनकी जमीनो पर शहर बसाये गये थे, सफलतापूर्वक टक्कर ली। अत मे या तो प्रत्यक्ष झगडो के नतीजे के तौर पर, या विभिन्न अधिकारो को खरीदकर कई नगर स्वशासी समुदाय बन गये जो सेन्योरो (जागीरदारो) से लगभग पूरी तरह स स्वतत्र थे। शहरो ने अपनी नगर परिषदे या नगरपालिकाए बनाने, उनके पदाधिकारी चुनने, कराधान, अनिवार्य सैनिक सेवा तथा श्रम सेवा से उन्मु क्ति खरीदने और अपने सभी निवासियो के लिए उनकी व्यक्तिगत स्वतत्रता सुनिश्चित करने का अधिकार भी हासिल कर लिया। उन दिनो यह कहावत अकारण ही नही प्रचलित हो गयी थी कि ' शहर की हवा आदमी को आजाद बना देती है।

सबसे पहले नवी दसवी शताब्दियो मे नगर इटली म पैदा हुए और इतालवी नगरो – विशेषकर वेनिस जेनोवा अमाल्फी नेपल्स पालेर्मो मिलान और फ्लोरेस – ने ही पूर्व के साथ व्यापारिक सबधो को बहाल करना और फैलाना शुरू किया। इन शहरो के व्यापारी तेजी के साथ समृद्ध बनते गये और स्वय शहरो ने भी थोडे ही समय के भीतर उन जागीरदारो से (चाहे वे वडे पादरी और मठाधीश रहे हो या सामत) जिनकी जमीनो पर वे स्थित थे, स्वशासन का अधिकार हासिल कर अपने को स्वतत्र गणराज्य बना लिया। उत्तरी यूरोप म अपने वस्त्र उद्योग के बल पर फ्लैडर्स (आज

के पश्चिमी बेल्जियम और उत्तरी फ्रांस के फ्लेमिश प्रदेश) के नगर बेहद खुशहाल हो गये। बारहवी सदी म दक्षिण-पश्चिमी जर्मनी के शहर भी प्रमुखता पाने लगे। इगलैड और फ्रास मे ग्यारहवी सदी म ही नगरो न तेजी से विकास करना शुरू कर दिया था और बारहवी-तेरहवी सदियो तक उनके शहरो म व्यापार तथा उद्योग खूब फूलने फलने लग गये थ।

उन्नत सामतवाद का युग

इस नगरीय विकास और उद्योग तथा व्यापार के प्रसार के परिणाम यूरोप भर मे इतने प्रबल और विविध थे कि उनके उदय तथा उत्तरवर्ती विकास के काल को उन्नत सामतवाद के युग का उदय काल कहा जा सकता है, जिसमे उत्पादक शक्तिया (अर्थात मामती समाज के लाक्षणिक छोटे पैमाने के उत्पादन मे भाग लेनेवालो की कृषि तथा शिल्प प्रविधिया और कार्य कौशल) छोटे पैमाने की सामती अर्थव्यवस्था मे सभव विकास के उच्चतम स्तर पर पहुच गयी थी।

अपने विकास के साथ शहरी उद्योग कृषि के लिए भी पर्याप्त मात्रा मे लोहे के औजार प्रदान करने लगा जिन्हे अब छोटी से छोटी जोतो पर भी देखा जा सकता था। नगरो के निवासियो की कृषिजन्य पदार्थो की बढती हुई मागो के फलस्वरूप किसान ज्यादा से ज्यादा जमीन को काश्त मे लाने लगे और पशुपालन, कृषि प्रविधियो तथा बागवानी का आगे विकास हुआ। इस तरह कृषि मे तो उल्लेखनीय उन्नति हुई ही लेकिन प्रविधियो और कुशलताओ मे सबसे महत्वपूर्ण सुधार शहरी उद्योग मे आये और इसके परिणाम स्वरूप मध्य युग मे उत्पादक शक्तियो ने सबसे प्रभावी विकास नगरो मे ही प्रदर्शित किया। यहा औद्योगिक केद्र पैदा हो गये (वस्त्र, ऊन, रेशम और बाद मे सूती कपडा तथा चमडा उद्योगो, धातु के काम, काच मृण्भाड उद्योग, आदि आदि के कद्र), जो यूरोप भर मे अपने उत्पादो का निर्यात करते थे।

यूरोपीय नगरो का विकास और फलस्वरूप उत्पादक शक्तियो की उन्नति सामाजिक तथा राजनीतिक विकास मे भी निर्णायक कारक सिद्ध हुए। शिल्पो और व्यापार का केद्र बन जानवाले नगर ही वे स्थान थे जहा शासक वर्ग इतना राजस्व एकत्र कर सकता था कि जो गावो मे प्राप्त राजस्व मे कई कई गुना ज्यादा होता था। लेकिन किसानो की बनिस्बत कारीगर और व्यापारी अपने हितो की ज्यादा एकजुट होकर रक्षा करत थे और व आम तौर पर व्यक्तिगत स्वतत्रता का उपभोग करते थ। उन्होने आरभ से ही भूस्वामी सामतो और उनकी व्यवस्था के विरुद्ध सघर्ष किया था।

ऐसी अवस्था मे कृषकों को नगरवासियो मे अगर जमीदारो के खिलाफ अपने संघर्ष मे वस्तुत साथी नही, तो भी कम से कम हमदर्द अवश्य मिल गये और इस तरह वे अपने बोझ को काफी कम करने मे सफल हो गये।

शहरी विकास के नतीजे के तौर पर इस काल के यूरोप के राजनीतिक जीवन मे भी महत्वपूर्ण परिवर्तन आये। व्यापारियों और कारीगरो की दिलचस्पी अपनी मंडियो का प्रसार करने और समूचे तौर पर व्यापारिक संबधो को बढाने म थी और इसलिए वे अपनी गतिविधियो के देशो (सबसे पहले इसका आशय इस इलाके से था, जिसमे लोग परस्पर समझी जानेवाली भाषाए बोलते थे) म स्थानीय झगडो तथा लडाइयो को समाप्त करने तथा न्यूनतम कानून और व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए प्रयत्नशील हुए। इस वजह से नगरवासी सदा ऐसी केंद्रीकृत सरकार का समर्थन करते थे, जिसके पास भूस्वामी अभिजातो की मनमानी जोर-जबर्दस्ती का, जो रहजनी को भी उदात्त शौर्य की उच्चतम अभिव्यक्ति समझते थे, खात्मा करने के लिए आवश्यक सत्ता हो। नगरो के उदय के लगभग साथ ही साथ यूरोपीय राजाओ और नगरवासियो के बीच स्वत स्फूर्त सहबंध स्थापित हुए। नगरो ने धन से भी और सशस्त्र टुकडियों से भी राजाओ की सामंतो पर लगाम लगाये रखने मे सहायता की। नगरो की इस सहायता के परिणामस्वरूप पद्रहवी शताब्दी के अंत तक कई केंद्रीकृत यूरोपीय राज्यो का आविर्भाव हुआ, जो वर्तमान प्रमुख यूरोपीय राज्यो के पूर्वगामी थे।

धर्मयुद्धो के कारण

ग्यारहवी शताब्दी मे लगभग सारे यूरोप म सामती व्यवस्था की स्थापना की प्रक्रिया के पूरे होने और कमोबेश टिकाऊ अमनो-अमान के सुदृढीकरण के फलस्वरूप उत्पादक शक्तियो मे निश्चित वृद्धि हुई उद्योग तथा व्यापार का पुनरुत्थान हुआ, शिल्पो तथा कृषि मे विभाजन और सुस्पष्ट हुआ और नगरो का औद्योगिक तथा व्यापारिक केद्रो के रूप म उदय हुआ। विदेश व्यापार के – और सर्वोपरि पूर्व के अधिक उन्नत देशो के साथ व्यापार के – पुनरुत्थान ने यूरोप के लोगों मे इन देशो के बारे मे नयी दिलचस्पी पैदा की। इस नयी दिलचस्पी के नतीजे के तौर पर यूरोपीयो के सैनिक अभियान पूर्वी देशो को गये जो ईसाई धर्मयुद्धो, सलीबी जंगो या क्रूसेडो के नाम से विज्ञात है। स्वदेश मे अपनी हालत से असतुष्ट विभिन्न वर्गों तथा सामाजिक संस्तरो के लोगो ने इन धर्मयुद्धो मे भाग लिया था। धर्मसेनाओ के आधार का शासक वर्ग के निम्न सोपानको का प्रसार करके निर्माण किया गया था – नाइट या सैनिक सामत जो आम तौर पर भूस्वामी अभिजातो

के कनिष्ठ पुत्र होते थे और जिन्हें नियमत अपने पिताओं से कोई जमीन विरासत मे नही मिलती थी और उनके अलावा भूतपूर्व खुशहाल किसान और सामंतो के कारिंदो के तौर पर काम करनेवाले भूदास भी होते थे, जो फटेहाल होने के कारण बटमारी और रहजनी भी करते थे और अपने ही लोगो तथा अजन बियो को लूटते थे और किसी भी दुस्साहसिक काम मे कूद पडने को तैयार रहते थे।

उस समय किसानो मे भी बहुत असतोष व्याप्त था, जिनके लिए अपने से अपेक्षित अमर्यादित दायित्वो को बरदाश्त कर पाना असभव हो गया था। १०६५-१०६७ मे फसले लगातार मारी गयी थी और किसान घास छाल और मिट्टी तक खाने को विवश हो गये थे। आदमखोरी तक की वारदाते भी हुई थी। बहुत से किसानो ने अपेक्षाकृत कम दूभर जीवन की खोज मे उन जमीनो को तज दिया था, जिनके साथ वे बधे हुए थे। जब धर्मयुद्धो के लिए सेनाए जुटायी गयी, तो उनमे भरती होकर बडी सख्या मे किसानो ने पूर्व की तरफ कूच कर दिया।

उस आदोलन मे कई बडे नगरो ने, विशेषकर इटली के नगरो ने भी इस आशा से हिस्सा लिया कि वे पूर्व की विलास-वस्तुओ के अपने व्यापार का प्रसार कर सकेगे।

कैथोलिक चर्च ने भी लोगो को धर्मयुद्धो के परचम के तले इकट्ठा करने मे महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। उसने तुर्को से शाम और फिलिस्तीन को, उस पुण्यभूमि को जहा ईसा का जीवन बीता था और जहा ईसाइयो का पवित्र समाधि का तीर्थ था उद्धार करने का आह्वान किया। वास्तव मे चर्च इस नीति के जरिये दो लक्ष्यो को सिद्ध करने का प्रयास कर रहा था – एक तो अपनी शक्ति और प्रभाव को बढाना, और दूसरे, यूरोप से अस्थायी तौर पर उन अनगिनत नाइटो को हटाना जो गिरजो और मठो को लूटने के आदी थे।

सातवीं से ग्यारहवीं सदियो का बैजतिया

धर्मयुद्ध अनिवार्यत बैजतिया के लिए तात्कालिक महत्व रखते थे जो सदियो से अपने पडोसियो – ईरानियो, अरबो बुल्गार और सेल्जुक तुर्को – से महगे युद्ध करता आया था। कुछ महत्वपूर्ण सैनिक सफलताओ के बाद, विशेषकर मकदूनी राजवश के शासन काल (८६७-१०५६) मे, जब बुल्गारो को पराजित किया गया था और अरबो से शाम, आर्मीनिया तथा मैसोपोटामिया के कुछ हिस्सो को वापस छीन लिया गया था और प्राचीन रूस से सबध को सुदृढ किया गया था बैजतियाई शक्ति तेजी से घटने लगी थी।

ग्यारहवी सदी तक सामती व्यवस्था अच्छी तरह से जड जमा चुकी

थी – स्वतत्र किसान खत्म हो चुके थे और अभिजातो की बडी बडी जागीरो की सख्या मे वृद्धि हुई थी। भूदास प्रथा, शोषण के अधिक प्रचड रूपो और भारी कराधान के प्रचलन ने कई बार जन विद्रोहो को जन्म दिया था। सामती उत्पादन सबधो के विकास और तीव्रतर भू विभाजन के फलस्वरूप भूस्वामियो मे अक्सर झगडे होते रहते थे। साथ ही शासक वर्ग के सदस्यो मे सिहासन के लिए वैमनस्य भी ज्यादा तेज हो गया था। इन सभी कारको ने बैजतियाई राज्य की शक्ति को कमजोर कर दिया और उसके लिए व्यवस्था को कायम रखना तथा अपने सीमातो की रक्षा करना – दोनो काम अधिकाधिक कठिन होते गये। नये वश के सत्ता मे आने के समय तक साम्राज्य की अवस्था गभीर हो चुकी थी। लेकिन सम्राट अलेक्सियस कोमनेनस (१०८१-१११८) और उसके वशज बैजतियाई सत्ता को अस्थायी तौर पर फिर से सुदृढ करने मे सफल रहे।

पहला धर्मयुद्ध

१०९५ मे पोप उर्बन द्वितीय ने क्लेर्मो (दक्षिणी फ्रास) की धर्म-परिषद मे पहले धर्मयुद्ध की घोषणा की और उसमे भाग लेनेवाले सभी लोगो को उनके पापो से मुक्ति प्रदान करने का और लूट का खूब माल मिलने का आश्वासन दिया। धर्मयुद्धो मे लडने के लिए जानेवाली पहली सेनाए गरीब किसानो से बनी थी। शस्त्रो से अल्पसज्जित किसानो की भीडे रास्ते मे लूटमार करती कुस्तुतुनिया पहुची बैजती सम्राट ने उन्हे जल्दी से जल्दी एशियाई तट पर पहुचने के लिए प्रेरित किया जहा उन्हे तुर्को ने जल्दी ही तितर बितर कर दिया। किसान टुकडियो के बदहाल बचे खुचे लोग किसी तरह कुस्तुतुनिया लौट आये और नाइटो की मुख्य अभियान सेना का इतजार करने लगे जिसने यूरोप से १०९६ मे यरूशलम के लिए कूच किया था। लबी और मुश्किल यात्रा के बाद यह सेना १०९९ मे यरूशलम पहुच गयी। उन लोगो ने धावा बोलकर नगर पर कब्जा कर लिया और उसके बाद मुस्लिम आबादी का कत्ले आम किया। शामी तथा फिलिस्तीनी प्रदेशो पर कई मुजाहिदी राज्य कायम कर दिये गये। इन राज्यो पर शक्तिशाली यूरोपीय सामत शासन करने लगे जिनके नीचे क्षुद्र सामतो और नाइटो का जटिल और अनम्य पदसोपान था। यूरोप से आये किसानो की हालत मे फिर भी कोई सुधार नही आया – स्थानीय किसानो की भाति वे भी आर्थिक दासता की जजीरो मे जकडे रहे। स्थानीय आबादी मे विद्रोह फूट पडा और ११४४ मे एदेस्सा ईसाई मुजाहिदो के हाथ से निकल गया, जो उनके सबसे महत्वपूर्ण दुर्गो मे एक था। नगर को फिर से जीतने के उद्देश्य से सगठित किया गया दूसरा धर्मयुद्ध असफल रहा।

बारहवी शताब्दी के मध्य मे छोटे अरब और तुर्क राज्यो को सलाहुद्दीन के रूप मे एक प्रतिभाशाली सेनानायक प्राप्त हुआ। उसने सभी छोटे छोटे राज्यो को ऐक्यबद्ध करने और फिर ११८७ मे ईसाई मुजाहिदो को परास्त करके यरूशलम को जीतने मे सफलता प्राप्त कर ली। बाद के धर्मयुद्ध भी, जिनकी सख्या पाच थी और जो बडे पैमाने पर सगठित किये गये थे, असफल ही सिद्ध हुए। चौथे धर्मयुद्ध मे पश्चिमी नाइटो ने कुस्तुतुनिया को लूटा (१२०४) और इस तरह सबके सामने इस बात का परदाफाश कर दिया कि धर्मयुद्धो का मुख्य लक्ष्य पवित्र समाधि की रक्षा करना नही, बल्कि लूटमार करना ही था क्योकि बैजतिया की राजधानी भी आखिर एक ईसाई नगर ही तो था। इसके कुछ ही बाद तुर्को ने यूरोपीयो को एशिया ए कोचक से खदेड दिया। फिलिस्तीन मे उनके अतिम गढ, आक्रा नगर को तुर्को ने १२९१ मे सर कर लिया और इसी वर्ष को धर्मयुद्धो की समाप्ति का द्योतक माना जाता है।

लेकिन चाहे धर्मयुद्ध यूरोपीय नाइटो द्वारा अपेक्षित राजनीतिक लक्ष्यो की सिद्धि नही कर पाये फिर भी इस आदोलन के परिणाम यूरोपीय सस्कृति के लिए बहुत महत्वपूर्ण साबित हुए। यूरोपीय लोग पूर्व की अधिक उन्नत सस्कृति के सपर्क मे आये और उन्होने ससार के इस भाग मे प्रचलित उन्नत कृषि प्रणालियो तथा शिल्प प्रविधियो को अपना लिया। वे अपने साथ पूर्व से कूटू चावल नीबू जाति के फलवृक्ष गन्ना और खूबानी जैसे कई नये और उपयोगी पौधे तथा रेशम और काच निर्माण जैसी महत्वपूर्ण खोज लेकर वापस आये।

इगलैंड

पाचवी शताब्दी मे इस द्वीप पर, जिसके निवासी केल्ट कबील थे जर्मनीय कबीलो – आग्लो, सैक्सनो, जुटो और थ्यूरिजियो – ने आक्रमण किया। उन्होने यहा सात बर्बर राज कायम किये, जिन्होने छठी और सातवी सदियो के दौरान धीरे धीरे आपस मे मिलकर तीन राज्यो की, और अत मे नवी शताब्दी के आरभ (८२९) मे, वसैक्स के राजा एग्बर्ट के अधीन एक आग्ल-सैक्सन राज्य की स्थापना की। आग्ल-सैक्सन राज्य मे सामती आर्थिक रूपो का उदय इसी काल मे आरभ हुआ और ग्यारहवी शताब्दी के उत्तरार्ध तक जब नार्मडी के विलियम (जो इतिहास मे विजेता विलियम या विलियम दि काकरर के नाम से विख्यात है) के नेतृत्व मे नार्मन सामतो ने आग्ल-सैक्सन राजसिहासन पर अधिकार जमाया (१०६६) यहा सामती व्यवस्था अच्छी तरह से स्थापित हो चुकी थी।

विलियम के साथ इगलेड आकर आग्ल-सैक्सन जमीनो पर कब्जा जमाने-वाले नार्मन और फ्रासीसी सामतों ने अधिक उन्नत सामती राज्य के प्रतिनिधियो की हैसियत मे सामतीकरण की प्रक्रिया को पूरा किया। चूकि वे लोग यहा विदेशी विजेताओ से शत्रुभाव रखनेवाली स्थानीय आबादी के बीच रह रहे थे इसलिए उनके लिए अपने हितो की रक्षा करने और कडे अनुशासन को कायम रखने के वास्ते मिलकर खडे होना अपरिहार्य था। इसलिए उन्होने अपने ड्यूक की शक्ति और सत्ता का समर्थन किया जो अब इगलेड का बादशाह बन गया था। विलियम ने जिसे इस अभियान मे अपना साथ देनेवाले सामतो मे विजित जमीनो का बटवारा करना पडा था यह जानने की इच्छा से कि राजा की हैसियत से उसे कितना राजस्व उपलब्ध होगा अपने राज्य की सभी जमीनो की पैमाइश (उनके क्षेत्रफल, मूल्य स्वामित्व और दायित्वो के ब्यौरो के साथ) करवाने का इतजाम किया। यह पैमाइश स्थानीय बाशिदों की गवाहियो के आधार पर की गयी थी। गवाहिया शपथपूर्वक, केवल सत्य बोलने की प्रतिज्ञा के साथ देनी होती थी मानो साक्षी कयामत के दिन यीशू मसीह के सामने अतिम न्याय के लिए खडे हो। इसीलिए वह पुस्तक, जिसमे ये सारे आकडे है और जिसे आज तक बचाकर रखा गया है, डूम्सडे बुक' (अतिम न्यायदिवस पुस्तक) कहलाती है।

इस पुस्तक मे उन किसानो को जिनकी स्थिति को सुस्पष्टत निर्धारित करना कठिन था अक्सर विलेन अर्थात कृषिदास कहा जाता था और इस लिहाज से यह पैमाइश सामती व्यवस्था की स्थापना के पूरे होने की परिचायक थी। लेकिन यहा यह याद रखना महत्त्वपूर्ण है कि अग्रेज कृषक समुदाय के एक हिस्से की स्वतत्रता बरकरार रही थी। जो आग्ल सैक्सन बैरन नयी व्यवस्था को स्वीकार करने के लिए तैयार नही थे उनकी जगह नार्मन बैरनो ने ले ली। अग्रेज कृषक समुदाय का काफी बडा हिस्सा दासता के बधनो म जकड गया।

अग्रेजी सामती व्यवस्था सिर्फ एक बात म ही महाद्वीपीय सामती व्यवस्था स भिन्न थी – ऊपर बताये कारणो से इगलैड म बादशाही की सत्ता इतनी मजबूत थी कि वह अमीर-उमरा से लेकर निर्धनतम नाइटो तक शासक वर्ग के सभी सदस्यो को ताज की वफादारी से सेवा करने क लिए विवश कर सकती थी। इस शाही सत्ता की बाह्य अभिव्यक्ति यह थी कि शासक वर्ग के प्रत्येक सदस्य के लिए इस बात के लिहाज के बिना कि उसका तात्कालिक सामत-स्वामी कौन है *सम्राट के प्रति निष्ठा की शपथ लेना अनिवार्य था।*

इसके परिणामस्वरूप इगलैड को एकता के उस कठिन और कष्टदायी रास्ते से वास्ता नही पडा जिस पर सभी महाद्वीपीय राज्यो [illegible]

पडा था। अंग्रेज समाज को मजबूत केंद्रीय सत्ता के अभाव से इतनी मुसीबत नही उठानी पडी (यूरोप के अन्य राज्यो म मुसीबतो की जड यहा था क्योंकि वहा बैरनो को प्राप्त आजादियां राजनीतिक प्रशासन और आर्थिक प्रगति – दोनो – के लिए हानिकर थी) जितनी कि बहुत ही मजबूत बनाई सत्ता से जिसका शासक वर्ग के हितो मे अक्सर दुरुपयोग किया जाता था।

ससद का आरभ

इगलैड मे अत्यत प्रबल केंद्रीय सत्ता के अस्तित्व के परिणामस्वरूप बहुत जल्दी ही शाही सत्ता को सीमित करने के कई प्रयास हुए। राजा जान – जिसे भूमिहीन जान कहा जाता था – के शासनकाल (११६६-१२१६) मे बैरनो ने बादशाह को मग्ना कार्टा या महाधिकारपत्र पर हस्ताक्षर करने के लिए मजबूर किया (१२१५) जिसने उसकी बैरनो के सपत्ति-अधिकारो और विशेषाधिकारो को बदलने या सशोधित करने की शक्ति को सीमित कर दिया। १२६५ मे पहली ससद (पार्लियामेट) को समाहूत किया गया। तेरहवी शताब्दी की इस सस्था की आज की ब्रिटिश पार्लियामट से, जो एक बूर्जुआ सावैधानिक सस्था है कोई भी तद्रूपता नही है यद्यपि वह अपना मूल इस पहली ससद मे ही देखती है और अंग्रेज इतिहासकार तथा वकील ब्रिटिश सविधान के लबे इतिहास पर जोर देने के बहुत आदी है। तेरहवी सदी म लेकर सोलहवी सदी तक इगलैड की ससद तीन सत्ता-वर्गो या एस्टेटो – आध्यात्मिक तथा ऐहिक प्रभुओ (स्पिरिचुअल एड टेपोरल लार्ड्स) और सामान्य जनो (कामनर्स) अर्थात काउटियो (जिलो) और नगरो के प्रतिनिधियो – की परिषद थी। उसकी तुलना आगे चलकर यूरोपीय महाद्वीप के देशो म स्थापित की जानेवाली ससदो की जा सकती थी। लेकिन इगलैड के तीव्र आर्थिक विकास उसके नगरो की वृद्धि और व्यापार केंद्रो के जाल के प्रसार न जल्दी ही उसके शासक वर्ग और नगरो को खुशहाल बना दिया जिससे बादशाह की शक्तियो पर लगाये प्रतिबधो ने कुछ ही समय के भीतर जड़ जमा ली। चौदहवी शताब्दी मे ही राजा को नये कर लगाने और ससद की सहमति के बिना लगाये करो का अधिग्रहण करने के अधिकार से वचित किया जा चुका था। ससद, जिसमे शासक वर्ग के अलावा नगरो तथा काउटियो का भी प्रतिनिधित्व प्राप्त था, अधिकाधिक प्रभावशाली राजनीतिक सस्था बनती गयी।

नगरो के प्रसार और पण्य द्रव्य सबधो के विकास न जो परिणाम पैदा किये उन्हे शेष पश्चिमी यूरोप के लिए लाक्षणिक बन जाना था। उनके परिणामस्वरूप सामती समाज की बुनियादी प्रशासनिक तथा आर्थिक इकाई-

मामती जागीर (मेनोरिअल एस्टेट)—के ढाचे मे काफी परिवर्तन आये। चूकि किसानो ने अब अपनी बेशी उपज को स्थानीय मडियो और निकटवर्ती शहरो मे बेचना शुरू कर दिया था, इसलिए बैरन अपने किसानो से जिस-रूप लगान के स्थान पर नकद रकम (कम्यूटेशन अर्थात एकमुश्त अदायगी) की माग करने लगे। इस तरह की एकमुश्त अदायगी चौदहवी सदी तक लगभग सर्वव्यापी बन चुकी थी और उसने महत्वपूर्ण परिणाम पैदा किये। भूस्वामी सामत अपनी निजी जमीन (डोमेन) की उपेक्षा करने लगे और इस जमीन को टुकडो मे बाटकर किसानो को लगान पर काश्त करने के लिए देने लगे। इस तरह जब उनकी निजी जमीन ही नही रह गयी, तो उनके लिए किसानो की अनिवार्य श्रम सेवा (बेगार) की भी जरूरत नही रह गयी और उन्हे मोचन राशियो के बदले स्वतत्र किया जाने लगा। लेकिन भूस्वामियो को धन की तो जरूरत थी ही, इसलिए उन्होने सामुदायिक जमीनो को बाडो से बद करके भेडपालन का प्रसार करना शुरू कर दिया, क्योकि उससे काफी आय हो सकती थी। इस प्रकार बढी हुई आर्थिक स्वतत्रता के साथ-साथ इस नवप्राप्त "स्वतत्रता' के कारण किसानो की रहन-सहन की हालतो मे काफी खराबी आयी। यूरोप के अधिकाश मे यही हालत पैदा होनेवाली थी और उसके परिणामस्वरूप कई बडे कृषक विद्रोह हुए—इगलैड मे वाट टाइलर का विद्रोह, इटली मे दोलचीना का विद्रोह और फास मे जाकेरी।

इगलैड के कृषक विद्रोह (१३८१) का प्रत्यक्ष कारण व्यक्ति-कर (पोल टैक्स) नामक सार्विक कर का लगाया जाना था। यह कर उस समय फ्रास के विरुद्ध चल रहे युद्ध (शतवर्षीय युद्ध) के लिए धन जुटाने के निमित्त लगाया गया था। इस कर को वसूल करनेवाले अधिकारियो ने कई अन्यायपूर्ण और सख्त कदम उठाये। लोगो ने विरोधस्वरूप बगावत कर दी और वह शीघ्र ही कई काउटियो मे फैल गयी। कृषक सेना ने लदन पर चढाई कर दी और नगर के गरीबो ने उसके लिए शहरपनाह के दरवाजे खोल दिये। किसानो के एक दस्ते का नेता एक छतसाज था जिसका नाम वाट टाइलर था। विद्रोहियो ने बादशाह के सामने ये माग रखी—सभी किसानो को पूरी आजादी श्रम सेवा के बदले अल्प नकद शुल्क किसानो को अपने खेतो की उपज को आजादी से बेचने का अधिकार। बादशाह और बैरनो ने घबराकर पहले कुछ रिआयते देने का आश्वासन दिया, जिसके चक्कर मे आकर कुछ किसान दस्ते बिखर गये और अपने घर वापस चले गये। लेकिन एक बार बादशाह के साथ आमना-सामना होने के समय वाट टाइलर की धोखे से हत्या कर दी गयी। घटनाओ ने जो मोड लिया था उसमे बेहद चिंतित होकर बैरनो ने अपनी सेनाए इकट्ठी की और बागी किसानो को निर्दयतापूर्वक

वाट टाइलर का वध

कुचल दिया। लेकिन इस तरह के विद्रोह के फिर से फूट पड़ने की संभावना फिर भी बनी ही हुई थी अतः भूस्वामी सामंत भूदास किसानों को अधिका धिक स्वतंत्रता प्रदान करते रहे और पंद्रहवीं सदी के अंत तक इंगलैंड में भूदास बिलकुल भी नहीं रह गये। तथापि उन किसानों को, जो अपनी जमीनें अब भी अपने सामंत-स्वामियों से ही पाते थे, जमीन के लिए लगान देना होता था।

गुलाबों की लड़ाइयां

इस बीच फ्रांस के साथ शतवर्षीय युद्ध चलता रहा। इस युद्ध में इंगलैंड के राजाओं ने मुख्यतः भाड़े के सैनिकों का ही सहारा लिया था, मगर उनके साथ-साथ अंग्रेज बैरन और उनके सशस्त्र अनुचर भी लड़े थे और फ्रांसीसी इलाकों की लूटमार करते हुए वे खूब मालामाल हो गये थे। कई विजयों – उदाहरण के लिए एजिनकोर्ट के युद्ध (१४१५) में विजय – के बावजूद अंग्रेजों

को अत मे फ्रास से वापस आना पडा। इसके बाद अग्रेज सामतो ने आपस म ही लडना झगडना और अपने ही देश को लूटना शुरू कर दिया। पद्रहवी शताब्दी के उत्तरार्ध मे वे दो सहबधो मे बट गये, जो दो अभिजात कुलो के समर्थन मे गोलबद हो गये थे। ये लैकास्टर कुल और यार्क कुल थे, जिनके कुलचिह्न क्रमश लाल और सफेद गुलाब थे और जो एक दूसरे से सिहासन पर अधिकार के लिए लड रहे थे। इस लडाई के दौरान शक्तिशाली बैरनो का वह वर्ग, जो राजनीतिक एकता तथा केद्रीकृत सत्ता के विरोध का मुख्य गढ बना हुआ था विघटित होने लगा। पद्रहवी शताब्दी के उत्तरार्ध मे इन दोनो कुलो का पतन हो गया और हेनरी ट्यूडर (हेनरी सप्तम) के सिहासन पर बैठने के साथ एक नये राजवश – ट्यूडर राजवश – का उदय हुआ। देश की सभी प्रगतिशील शक्तियो ने – जिनमे अभिजात वर्ग का वह हिस्सा भी शामिल था, जिसने बडे पैमाने पर भेडपालन व्यवसाय शुरू कर *दिया था और जिसे आगे चलकर बूर्जुआ वर्ग का निर्माण करना था* – मजबूत केद्रीकृत राजतत्र को सहर्ष अपना समर्थन प्रदान किया।

पद्रहवी सदी के अत तक इगलैड एक शक्तिशाली केद्रीकृत राज्य बन चुका था जो सक्रिय विदेश नीति का अनुगमन करता था और अपने पास आवश्यक साधन होने के कारण वह इस नीति को शासक वर्ग के हितो के दृष्टिकोण से सफलतापूर्वक चला सकता था। उसका पहला साधन तो यही था कि उसका शासक वर्ग अन्य यूरोपीय देशो के शासक वर्गो की अपेक्षा अधिक सुसगठित और अनुशासनबद्ध था। दूसरे, किसान समुदाय जो अब स्वतत्र था, के प्रतिनिधि सेना मे धनुर्धारियो की तरह भरती होते थे और उस समय अक्सर होते रहनेवाले युद्धो मे बहादुरी के साथ लडा करते थे। तीसरे अग्रेज भूस्वामी शासक वर्ग का व्यापार के प्रसार मे निहित स्वार्थ था जिसका मतलब यह था कि शीघ्र ही वे अलघ्य बाधाए खत्म हो गयी जो प्रमुख बर्गरो (नागरिको) के शासक वर्ग की कतारो मे प्रवश को रोकती थी या भूस्वामी अभिजातो के अपनी शक्तियो को उद्योग तथा व्यापार के क्षेत्र की तरफ मोडने मे बाधक थी। भूस्वामी अभिजातो ने अपनी जागीरो म ऊन उत्पादन करना शुरू किया और इस ऊन को फ्लैडर्स और इटली तक की मडियो म बेचकर भारी मुनाफे कमाने लगे। अग्रेज सामतो को जल्दी ही पैसेभरी थैलियो और लाभदायी उद्यमो का चस्का लग गया था और अपने फ्रासीसी समकक्षो की तुलना मे वे दक्ष उद्यमपति बन गये थे – तेरहवी सदी म ही वे सरकार द्वारा अनुसृत सफल व्यापारिक नीतियो से होनेवाले लाभो को समझने लग गये थे चाहे इन नीतियो मे युद्ध अस्थायी धक्का और वित्तीय बरबादी का भी खतरा क्यो न सन्निहित रहा हो और यह विशेषकर इसलिए था कि उनके यहा परिश्रमी और बगावतो तथा बलवो के बावजूद

सामान्यत आज्ञाकारी किसान समुदाय था। अत मे हमे राजनीतिक एकता के समूचे आर्थिक आधार को – राजनीतिक रूप मे एकीकृत भावी सयुक्त राज्य के प्रदेश पर आर्थिक सपर्को का जाल बिछाये जाने की, अर्थात आतरिक मडी के उदय की पहली मजिलो को – भी ध्यान मे रखना होगा।

फ्रास

फ्रास का एकीकरण अधिक कठिन और कष्टकर प्रक्रिया थी। यह कोरा सयोग नही है कि फ्रास को सामती राज्य का लाक्षणिक उदाहरण माना जाता था। आरभिक मध्य युग मे यही राजनीतिक विभाजना उपविभाजना ने विशेषकर गहरी जडे जमायी थी। प्रत्येक सेन्योरी अपने आप मे एक स्वतत्र आर्थिक तथा राजनीतिक इकाई थी। शार्लमानवश के राजा धीरे धीरे लगातार सत्ता और शक्ति गवाते चले गये और दसवी सदी के आते आते इस सत्ता का सिर्फ नाम ही शेष रह गया था।

नये कपेतवश के पहले बादशाह ह्यूगो कपेत को सिर्फ इसलिए सिहासन पर बैठने के लिए चुना गया था (९८७) कि वह कमजोर था और सामतो का विरोध करने मे असमर्थ था, जो शाही सत्ता की उपेक्षा करते थे। नया राजवश देश के मध्य मे ईल दे-फ्रास नामक छोटे से रजवाडे का मालिक था जहा दो नदियो – पेरिस से होकर आनेवाली सेन और ल्वार (जो ओर्लेआ होती हुई आती है) – का सगम है। लेकिन इस भौगोलिक स्थिति को ही इस रजवाडे को शीघ्र ही देश का आर्थिक केंद्र बना देना था, जिसे सारे फ्रास की राजनीतिक एकता की सिद्धि करनी थी, जिसमे फ्रेंच मूल के लोग रहा करते थे।

इस राजवश के पहले बादशाह सही अर्थो मे केवल "समेषु प्रथम" – समकक्षो मे प्रथम – ही थे जो अपने सामतो से अधिक शक्तिशाली नही, बल्कि अक्सर कमजोर ही होते थे। ये सभी छोटे बडे सामत ऊची जगहो या अभेद्य चट्टानो पर बने पत्थर के गढो मे रहा करते थे। यहा से वे अपने भूदासो तथा आश्रित किसानो पर राज करते और आपस मे लगातार लडते हुए एक दूसरे की प्रजा पर बरबादी ढाते रहते थे। कृषक जनसाधारण बहुत ही भयकर उत्पीडन के शिकार थे। उन्हे अपनी जमीन के लिए लगान भी देना होता था और बेगार भी करनी होती थी। वे अपना अनाज सिर्फ अपने सेन्योर की चक्की मे ही पिसवा सकते थे और इसके लिए उन्हे अपने अनाज का एक हिस्सा भी देना होता था, वे अपनी रोटी सिर्फ उसी की भट्टियो मे पका सकते थे और मुरा बनाने के लिए पिराई भी सिर्फ उसी के कोल्हुओ मे कर सकते थे। शहर पहुचने के लिए किसानो को सडक, पुल, हाट आदि के महसूल

जोन आफ आर्क का शिनो गढ मे आगमन

देन होते थे। सामतो न अपने किसाना का न्याय करन और उनके साथ दासो जैसा व्यवहार करने का अधिकार पा लिया था। किसान अक्सर अपने मालिको के विरुद्ध खडे हो जाते थे लेकिन उनकी बगावतो को हमेशा कुचल दिया जाता था।

रोमन सम्राट अपने नाम के साथ 'सीजर' की उपाधि लगाया करते थे। इवान तृतीय ने भी ऐसा ही करने का निश्चय किया और उसने ज़ार (सीजर का रूसी रूपांतर) की उपाधि ग्रहण की। इवान ने बैज़ंती साम्राज्य के राज्यचिह्न – द्विमुखी बाज़ – को भी ग्रहण किया जो १९१७ की फरवरी क्रांति तक रूसी साम्राज्य का राज्यचिह्न बना रहा।

इवान तृतीय और वसीली तृतीय (१४७९-१५३३) के दरबारों में कितने ही देशों – जर्मन साम्राज्य, हंगरी, डेनमार्क, वेनिस और तुर्की – के राजदूत आया करते थे। दरबार में औपचारिक स्वागत समारोहों की एक नयी परंपरा कायम हो गयी।

इवान तृतीय अपने को जार कहनेवाला मास्को का पहला राजा था, लेकिन उस्पेन्स्की गिरजाघर में पूरी शानशौकत और विधिविधान से अपना राज्याभिषेक करानेवाला और अपने को "सारे रूस का जार" घोषित करनेवाला पहला राजा उसका पोता इवान प्रचंड (१५३०-१५८४) था।

आठवा अध्याय

पश्चिमी यूरोप म पूजीवादी सबधो की उत्पत्ति

इस अध्याय म हम मध्य युग के तीसरे चरण की चर्चा करग जिसम सामती उत्पादन सबधो क ताने-बाने के भीतर एक नयी – पूजीवादी – उत्पादन प्रणाली के तत्व प्रकट होन लगे थे। इस प्रक्रिया को उत्पादन प्रविधियो तथा सगठन की उन्नति ने जन्म दिया था।

लोहे के उत्पादन का बढना इस प्रक्रिया म एक अत्यत महत्वपूर्ण कारक था, क्योकि लोहा कृषि तथा उद्योग, दोनो के लिए सबसे जरूरी धातु था। पहली – यद्यपि आकार मे बहुत छोटी – वात्या भट्ठिया उपयोग मे आन लगी, जिनमे कच्चा लोहा तैयार किया जाता था जिससे फिर सामान्य लोहा और इस्पात प्राप्त किये जाते थे। सोने चादी ताबे टीन और सीसे जैसी अधिक मूल्यवान धातुओ का उत्पादन भी बढन लगा और खनन प्रविधियो मे महत्वपूर्ण सुधार आया। लोगो ने गहरे कूपको को उपयोग मे लाना सीखा और खानो से पानी पप करन और उनमे हवा पहुचाने की युक्तिया निकाली। जलचालित मशीनो और पनचरखी का आविष्कार हुआ।

परिवहन मे भी महत्वपूर्ण उन्नतिया हुई। अब कुतुबनुमा की सहायता से स्थल से बहुत दूर-दूर तक समुद्र यात्राए करना सभव हो गया और नयी किस्म क बादबानो का चलन शुरू हुआ, जिनसे हवा के खिलाफ भी जाया जा सकता था। इन सभी नयी खोजो और आविष्कारो ने पद्रहवी शताब्दी के अत से लेकर सत्रहवी शताब्दी के अत तक की महान भौगोलिक खोजो का पथ प्रशस्त किया।

महान भौगोलिक खोजें

इसी काल म यूरोपीया ने अनक नये देशो को खोजा और समार क सुदूरतम कोनो तक नये अनातपूर्व रास्ते खोले। जनोवा मे जन्मे क्रिस्टोफ़र कोलबस नामक एक जहाजी न, जो स्पेनी सम्राट की सेवा मे था, १४६२ मे अमरीका की खोज की जिसे बाद मे एक और जेनोवावासी अन्वेषक – अमरीगो वस्पूची – क नाम पर अमरीका नाम दिया गया। वस्पूची न ही सबसे पहले इस नये महाद्वीप का मानचित्र बनाया था। १४६७-१४६८ मे पुर्तगाल का रहनेवाला वास्को दा गामा अफ्रीका के दक्षिण मे आशा अतरीप (केप आफ गुड होप) होता हुआ भारत पहुचा।

१५१६ म पुर्तगाली अन्वेषक मेजेलन न स्पेनी सम्राट क आदेश पर समार के चहु ओर अपनी पहली यात्रा पूरी की। स्पेन से पश्चिम की ओर जाते हुए उसन अतत दक्षिण अमरीकी मुख्यभूमि को टीएरा डेल फ्यूगो से पृथक करनेवाले जलमयोजक (मेजेलन जलमयोजक) का पता लगाया और प्रशात महासागर को पार करता हुआ फिलीपीन द्वीपसमूह पहुच गया। यहा वह स्थानीय लोगो से एक मुठभेड में मारा गया लेकिन उसके साथियो ने डेल कानो के नेतृत्व म अपनी यात्रा जारी रखी और सितबर, १५२२ मे व स्पेन वापस पहुच गये। इस यात्रा के दौरान नाविकदल के अधिकाश लोग – २३४ मे से २१८ – भूख और बीमारी से मर गये थे। सत्रहवी शताब्दी मे डचो ने आस्ट्रेलिया को खोजा।

पूजीवादी उत्पादन प्रणाली का उदय

उत्पादन प्रविधियो मे विभिन्न नवाचारो के कारण श्रम उत्पादिता का स्तर ऊपर उठा। लेकिन मध्य युग का लाक्षणिक छोटे पैमाने का उत्पादन श्रम साधनो (उपकरणो) के परिष्कार को बढावा देने के अयुक्त था – मध्ययुगीन उद्योग के सगठनात्मक स्वरूप ऐसे नहीं थे कि आविष्कारो या सुधारो को प्रोत्साहित करते। मध्ययुगीन श्रेणिया (शिल्प सघ या गिल्ड) इस डर से प्रविधियो अथवा श्रम सगठन के सुधारो मे बाधाए खडी करती थी कि कही उनके कारण कोई श्रेणी सदस्य औरो से अधिक धनी न हो जाये। इधर उत्पादन के प्रसार की आवश्यकता अपने को अधिकाधिक अनुभत करवा रही थी। वस्त्र उद्योग जैसे उद्योगो के बारे मे यह बात खासकर सही थी, जो कुछ देशो मे लबे समय से घरेलू और विदेशी मडियो के लिए माल तैयार करते आये थे। फ्लोरस के रेशम तथा ऊन उद्योग और गेट, ब्रियूग तथा ईप्र के कपडा उद्योग पर यही बात लागू होती थी। यही वे जगह

थी जहा पूजीवाद की तरफ सक्रमण के लक्षणो ने सबसे पहले प्रकट होना शुरू किया था।

धीरे-धीरे श्रेणी प्रणाली मे नये लक्षण प्रकट होने लगे, जिन्होने भविष्य मे आनेवाले भारी परिवर्तनो के लिए पथ प्रशस्त किया। विभिन्न उद्योगो म उच्चतर श्रम उत्पादिता और उत्पादन के परिमाण मे काफी वद्धि इस बात की सूचक थी कि उत्पादन प्रक्रियाओ का कई अलग अलग कार्यो अथवा प्रक्रियाओ मे विभाजन हो गया था, जिनमे से प्रत्येक को एक अलग श्रेणी पूरा करती थी। मिसाल के लिए फ्लोरेसी वस्त्र उद्योग मे बनकरो, कातनेवालो, रगसाजो आदि की श्रेणिया स्थापित हो गयी थी – इस बात को इस तरह भी कहा जा सकता है कि विभिन्न श्रेणियो मे श्रम विभाजन हो गया था।

इसी के साथ-साथ दूसरे परिवर्तन भी आ रहे थे। पर्याप्त साधनसपन्न व्यापारी अक्सर एक या अधिक श्रेणियो से थोक माल खरीद लेते थे और फिर उसे बिक्री तथा खपत की जगह पहुचाने और बेचने की व्यवस्था भी करते थे। इसके बाद उन्होंने धीरे धीरे कच्चे मालो और फिर श्रम साधनो के प्रदाय को भी अपन ही हाथो मे लेना शुरू कर दिया और श्रेणी सदस्य इस तरह के व्यापारियो के अधिकाधिक आश्रित होते चले गये। लेकिन चूकि मध्ययुगीन श्रेणियो की नियमावलिया इस प्रकार की निर्भरता पर निश्चित सीमाए लगाती थी, इसलिए व्यापारी अपनी गतिविधियो को अक्सर गावो म ही केंद्रित करते थे, जहा किसान अनादि काल से विभिन्न धधे करते आये थे और अपनी तथा अपने परिवारो की जरूरतो को पूरा करन के लिए तरह-तरह के उत्पादन काय (विशेषकर वस्त्र उत्पादन) भी करते थे। व्यापारी इस तरह के देहाती दस्तकारो को कच्चे माल और औजार – चरखे करघे, रग आदि – मुहैया करते थे और जल्दी ही देहाती कारीगर पूरी तरह से उनके आश्रित हो गये। व्यापारी लोग इन दस्तकारो को अपने काम के लिए यथासभव कम से कम देते थे, उन्हे प्रदत्त कच्चे मालो औजारो तथा अन्य सुविधाओ के लिए भारी ब्याज लेते थ और अत मे उनकी बनायी चीजो को यथासभव अधिक से अधिक कीमत पर बेचते थे। कुछ ही समय के भीतर देहाती कारीगरो ने अपन को इन व्यापारियो पर अत्यधिक निर्भर पाया। विशेषकर जब व्यापारियो ने मौके पर ही उत्पादन की देखरेख करना भी शुरू कर दिया तब तो यह निर्भरता और भी भारी हो गयी।

इस प्रकार के व्यापारी दस्तकारो को कच्ची सामग्रिया और औजार कर्ज पर देते थे और यह माग करते थे कि दस्तकार जो कुछ भी बनाय वह सिर्फ उन्ही को बेचे क्योकि व्यापारी अच्छी तरह जानत थे कि उधार

दी हुई चीजों पर उन्होंने जितना खर्च किया है, अंत में उससे उन्हें कहीं ज्यादा प्राप्त होगा। दूसरे शब्दों में उन्हें दस्तकारों को दी हुई चीजों की लागत और पूरा सूद ही नहीं मिल जायेगा बल्कि तैयार माल की बिक्री में अतिरिक्त मुनाफा भी मिलेगा। इसका कारण यह है कि तैयार माल उस कच्ची सामग्री से कहीं अधिक मूल्यवान होता है जिससे यह बनाया जाता है – और सिर्फ इसीलिए नहीं कि तैयार माल के मूल्य में कच्ची सामग्री का मूल्य और उत्पादन में प्रयुक्त औजारों की कीमत का कुछ हिस्सा शामिल होता है, बल्कि सर्वप्रथम इसलिए भी कि उसके उत्पादन के लिए एक विशिष्ट मात्रा में मानव श्रम आवश्यक है।

उद्यमकर्ता कारीगरों को उत्पादन में उनके द्वारा लगाये श्रम के केवल कुछ भाग के लिए ही दकर शेष पैसा अपने लिए रख लेते थे। उद्यमकर्ता इस प्रकार जिस श्रम को चुरा लेता है वह अतिरिक्त या बेशी श्रम कहलाता है। बेशी श्रम द्वारा उत्पादित और बाद में बाजार में बेचा गया तैयार माल उद्यमकर्ता को अतिरिक्त मूल्य अर्थात मुनाफा या लाभ देता है, जिसके लिए उद्यमकर्ता अपनी मजदूरी करनेवाले मेहनतकशों पर अपनी सत्ता स्थापित करता है। सामाजिक विकास की इस अवस्था में वह उत्पादन के अधीक्षण में प्रत्यक्ष भूमिका नहीं अदा करता था और उसने उसे अभी तक चले आये रूप में ही रहने दिया था लेकिन अब वह उन कारीगरों को उजरत देने लग गया था जो अपनी श्रम शक्ति की कीमत से अधिक मूल्य पैदा कर रहे थे। ये उद्यमकर्ता बेशी मूल्य प्राप्त करने के लिए इन उजरती कारीगरों का शोषण करते थे। उद्यमकर्ता जिस कीमत पर मेहनतकश की श्रम शक्ति पर नियंत्रण प्राप्त करता है, वही उस मजदूर की उजरत या मजदूरी होती है। उद्यमकर्ता दस्तकारों और ग्रामीण कारीगरों के काम में जो धन लगाता है वह पूंजी – बेशी मूल्य लानेवाला धन – कहलाता है और स्वयं इस तरह का उद्यमकर्ता पूंजीपति कहलाता है। बेशी मूल्य पूंजीवादी उत्पादन प्रणाली का एक आवश्यक लक्षण है। यही वह लक्ष्य है जिसकी तरफ पूंजीपति का समस्त कार्यकलाप निर्देशित होता है और जिसमें उसे अपने क्रियाकलाप की सार्थकता दिखायी देती है।

विनिर्माणशाला (मैन्युफैक्टरी)

अब हम यह देखेंगे कि आरंभिक पूंजीपति किस तरह अपने मुनाफों को बढ़ाने की कोशिश करते थे। पहले वे अलग अलग उत्पादकों का तैयार माल खरीदा करते थे, बाद में उन्होंने कारीगरों को कच्चे माल और औजार देना शुरू किया और अंत में वे उत्पादन के अधीक्षण में प्रत्यक्ष भाग लेने लगे। अधीक्षण

विभिन्न रूप लेता था। उदाहरण के लिए उद्यमकर्ता कारीगरों को कुछ ज्यादा सहज और जटिल काम—जैसे कपड़ा रंगना—अपनी इमारत या जगह में अपनी प्रत्यक्ष देखरेख में करने को मजबूर कर देता था। इसके बाद हो सकता था कि वह किसी विशिष्ट प्रकार के उत्पादन में निहित सभी कार्यों को अपने प्रत्यक्ष अधीक्षण के तले किसी विशेष इमारत या इमारतों अथवा जगह में संकेंद्रित कर दे। इस रूप में विनिर्माणशाला या मैनुफैक्टरी का उदय हुआ। विनिर्माणशाला पूंजीवादी उत्पादन की एक प्रारंभिक संस्था थी जो पंद्रहवीं शताब्दी के अंत में यूरोप में सूत्र व्यापक हो गयी थी और जिसे अठारहवीं शताब्दी तक अपना प्रभुत्व जमाये रखना था—इसी कारण यह काल विनिर्माणशाला काल कहलाता है। मैनुफैक्टरी लैटिन के मानू फासिओ' (मैं हाथ से बनाता हूं) से निकला है, क्योंकि इन विनिर्माणशालाओं या मैन्युफैक्टरियों में सारी आवश्यक क्रियाएं हाथ से ही—कारीगर द्वारा छोटे-छोटे वैयक्तिक उपकरणों या औजारों की सहायता से जिन्हें वह अपने हाथ में रखता था—निष्पादित की जाती थीं। अगर उद्यमकर्ता सारे ही काम का अधीक्षण करता था, अर्थात अगर वह किसी नियत चीज की तैयारी के लिए आवश्यक सभी क्रियाओं को अपनी सीधी निगरानी में अपनी जगह में करवाता था तो ऐसी विनिर्माणशाला केंद्रीकृत विनिर्माणशाला कहलाती थी। लेकिन अगर—इसके विपरीत—पूंजीपति अलग-अलग लोगों को उजरत में लेता था जो प्रायः गांवों में रहा करते और अपनी-अपनी कार्यशालाओं में काम करते थे तो उसे विछिन्न विनिर्माणशाला कहते थे। इसके अलावा एक तीसरे प्रकार की विनिर्माणशाला भी होती थी जिसमें कुछ उत्पादन क्रियाएं अलग-अलग कारीगरों की कार्यशालाओं में की जाती थीं और शेष उद्यमकर्ता की जगह में उसके अधीक्षण और प्रबंध में की जाती थीं।

उजरती मजदूरों के वर्ग का आविर्भाव

उपरिवर्णित तीनों प्रकार की विनिर्माणशालाएं पूंजीवादी उद्यम ही थीं, क्योंकि उनमें काम करनेवाले लोग उजरती मजदूर थे जो अपनी श्रम शक्ति पूंजीपति को बेचते थे और पूंजीपति इस श्रम शक्ति का शोषण करके अपने लिए बेशी मूल्य—अपने मुनाफे का मुख्य भाग—प्राप्त करता था। मुनाफे की भूख ही पूंजीपति के सभी उपक्रमों की प्रेरक शक्ति थी और वह सदा मजदूर को यथासंभव कम से कम देने की कोशिश करके और अधिक से अधिक पैदा करने के लिए मजबूर करके इस मुनाफे को बढ़ाने का प्रयास करता था। जहां तक पहले उद्देश्य की बात है तो यह सुनिश्चित करने में पूंजीपति का निहित स्वार्थ था कि समाज में यथासंभव ज्यादा से ज्यादा गरीब उत्पादन साधनों

और निर्वाह साधनो स वचित लोग हो, जो इस वजह से अपनी श्रम शक्ति को – अपने पास बची एकमात्र अपनी चीज को – बेचने के लिए विवश होगे। इस तरह के लोग जितने ही ज्यादा होते, पूजीपति को मजदूरी के रूप म उनको उतना ही कम देना पडता। अपन उजरती मजदूरो की श्रम उत्पादिता को ऊचा करने के लिए विनिर्माणशालापति मिलसिलेवार या तरतीबी श्रम विभाजन शुरू कर देता था – हर मजदूर सिर्फ एक ही क्रिया करता था जिसका मतलब यह होता था कि वह एक ही तरह के औजारो से एक ही तरह की हरकते करने का अभ्यस्त हो जाता था।

इसका लाभ यह था कि ये तथाकथित तरतीबी मजदूर जल्दी ही उत्पादन प्रक्रिया के अपन हिस्से को ज्यादा तेजी स पूरा करने लगते थे और इस तरह मध्ययुगीन दस्तकारो की तुलना मे जो विभिन्न हरकतो की अपेक्षा करनेवाली कई क्रियाओ से बना सारा उत्पादन चक्र अकेले ही पूरा किया करते थे, एक निश्चित समय के भीतर एक ही तरह की कही अधिक क्रियाए पूरी कर लेते थे।

श्रम उत्पादिता को बढान म महत्वपूर्ण भूमिका अदा करनेवाला एक अन्य कारक उत्पादन म प्रयुक्त औज़ारो मे सुधार था। विनिर्माणशाला के मजदूरो के हाथ म जितने ही बेहतर औजार आते गये और ये औजार मजदूरो द्वारा की जानेवाली एक एक ही क्रिया के जितने ही अधिक उपयुक्त होते गये उतना ही उस क्रिया विशेष मे मजदूरो द्वारा लगाया जानेवाला समय भी कम होता गया और वे उतना ही अधिक उत्पादन करने लगे। स्वाभाविक बात है कि सुधरे हुए नये औजार हासिल करना और इस तरह अपने मुनाफे बढाना विनिर्माणशालापतियो के ही हित मे था।

नयी उत्पादन प्रणाली अपनी पूजी लगानेवाले सभी लोगो को भारी मुनाफो की प्रत्याशा देती थी, इसलिए विनिर्माणशालाओ की सख्या मे तेजी से वृद्धि आयी। अक्सर हर विनिर्माणशालापति के पडोस मे ही कोई उसका प्रतिद्वद्वी भी होता था, जो कम लागत पर बेहतर सामान बनाने की कोशिश करता था, क्योकि इसी तरह से प्रतिद्वद्विता मे जीता जा सकता था। इसलिए पूजीवादी उत्पादन प्रणाली सदा उत्पादन साधनो मे महत्वपूर्ण सुधारो और उत्पादन प्रविधियो मे क्राति के साथ जुडी रही है। आरभिक पूजीपतियो द्वारा अधिकतम मुनाफे हासिल करने के लिए नयी, उन्नत प्रविधियो का प्रचलन इस उत्पादन प्रणाली का एक महत्वपूर्ण प्रगतिशील लक्षण था। उत्पादन प्रक्रियाओ को सुचारू और कारगर बनाने की आकाक्षा ने सबद्ध लोगो को मनुष्य के हाथो की ऐसी मशीनो से प्रतिस्थापना करने के बारे मे सोचने की प्रेरणा दी जो समान क्रियाओ को कही अधिक गति और सुतथ्यता के साथ कर सके। इसके कारण मशीन का प्रादुर्भाव हुआ विनिर्माणशाला

की जगह फैक्टरी – कारखाने – ने ली और आधुनिक युग की लाक्षणिक जबरदस्त प्राविधिक प्रगति हुई। आरभिक उद्यमकर्ताओं ने अपने उद्यमो मे सगठन को सुधारकर, अपने मजदूरो को बेहतर प्रशिक्षण देकर, जिसके परिणामस्वरूप उनमे से बहुत से अपने काम मे माहिर हो गये, और श्रम के बेहतर औजारो का उपयोग शुरू करके अपने उजरती मजदूरो के श्रम का तीव्रीकरण किया।

नयी, पूजीवादी उत्पादन प्रणाली के ऐतिहासिक परिणाम निकले। उसने मानवजाति के इतिहास मे एक नये युग का सूत्रपात किया। इन परिणामो ने अपने-आपको उस महाविपत्ति मे प्रकट किया, जिसने शहरो और गावो, दोनो ही मे सभी छोटे उत्पादको को बरबाद कर दिया। इस महाविपत्ति ने शहरो और दहातो मे मेहनतकश जनसाधारण को कगाल सर्वहारा अर्थात ऐसे लोगो मे परिणत कर दिया, जो उत्पादन के साधनो तथा औजारो से, यानी स्वतत्र आजीविका के साधनो से सर्वथा वचित थे और इसलिए जिनके पास अपनी श्रम शक्ति को बेचकर गुजर करने के अलावा कोई और चारा न था।

पूजी का आद्य सचय

उजरती मजदूरो के शोषण को सभव बनाने के लिए यह आवश्यक था कि किसानो और दस्तकार जनसाधारण के अधिकाश को उत्पादन के औजारो तथा साधनो और जीविकोपार्जन के साधनो से वचित और उन्हे अपनी श्रम शक्ति बेचकर गुजर करने के लिए विवश कर दिया जाये। वस्तुत ससार म सब जगह पूजीवादी उत्पादन प्रणाली के उदय के पहले ऐसा ही हुआ था। किसानो की उनकी जमीनो से बेदखली और दस्तकारो की बरबादी और कगाली के फलस्वरूप उत्पादन के सभी साधन – जमीन और उत्पादन के औजार और इस प्रकार उनके जीविका के साधन भी – थोडे से पूजीपतियो के हाथो मे सकेद्रित हो गये, जिनके लिए अब सिर्फ मेहनतकश लोगो से छीनी गयी चीजो के साथ ही नही, बल्कि स्वय मेहनतकशो के साथ भी जो अपनी श्रम शक्ति को बेचने को विवश हो गये थे मनमानी करना सभव हो गया।

पूजी के इस आद्य सचय के विकास को इगलैड के उदाहरण से आसानी से समझा जा सकता है। इगलैड पूजीवादी विकास का क्लासिकी नमूना प्रस्तुत करता है। पर्याप्त वर्षा और नमी के कारण यहा हरेभरे चरागाहो का प्राचुर्य था। सदियो से अग्रेज भेडो के पालन और ऊन के निर्यात से खूब धन कमाते आये थे। ऊनी वस्त्रो की माग बढने से ऊन ज्यादा महगा हो

और निर्वाह साधना से वंचित लोग हों, जो इस वजह से अपनी श्रम शक्ति को – अपने पास बची एकमात्र अपनी चीज को – बेचने के लिए विवश होंगे। इस तरह ये लोग जितने ही ज्यादा होते, पूजीपति को मजदूरी के रूप मे उनको उतना ही कम देना पडता। अपने उजरती मजदूरो की श्रम उत्पादिता को ऊचा करने के लिए विनिर्माणशालापति सिलसिलेवार या तरतीबी श्रम विभाजन शुरू कर लेता था – हर मजदूर सिर्फ एक ही क्रिया करता था जिसका मतलब यह होता था कि वह एक ही तरह के औजारो से एक ही तरह की हरकते करने का अभ्यस्त हो जाता था।

इसका लाभ यह था कि ये तथाकथित तरतीबी मजदूर जल्दी ही उत्पादन प्रक्रिया के अपने हिस्से को ज्यादा तेजी से पूरा करने लगते थे और इस तरह मध्ययुगीन दस्तकारो की तुलना मे जो विभिन्न हरकतो की अपेक्षा करनेवाली कई क्रियाओ से बना सारा उत्पादन चक्र अकेले ही पूरा किया करते थे, एक निश्चित समय के भीतर एक ही तरह की कही अधिक क्रियाए पूरी कर लेते थे।

श्रम उत्पादिता को बढाने मे महत्वपूर्ण भूमिका अदा करनेवाला एक अन्य कारक उत्पादन मे प्रयुक्त औजारो मे सुधार था। विनिर्माणशाला के मजदूरो के हाथ मे जितने ही बेहतर औजार आते गये और ये औजार मजदूरो द्वारा की जानेवाली एक एक ही क्रिया के जितने ही अधिक उपयुक्त होते गये उतना ही उस क्रिया विशेष मे मजदूरो द्वारा लगाया जानेवाला समय भी कम होता गया और वे उतना ही अधिक उत्पादन करने लगे। स्वाभाविक बात है कि सुधरे हुए नये औजार हासिल करना और इस तरह अपने मुनाफे बढाना विनिर्माणशालापतियो के ही हित मे था।

नयी उत्पादन प्रणाली अपनी पूजी लगानेवाले सभी लोगो को भारी मुनाफो की प्रत्याशा देती थी इसलिए विनिर्माणशालाओ की सख्या मे तेजी से वृद्धि आयी। अक्सर हर विनिर्माणशालापति के पडोस मे ही कोई उसका प्रतिद्वद्वी भी होता था जो कम लागत पर बेहतर सामान बनाने की कोशिश करता था, क्योकि इसी तरह से प्रतिद्वद्विता मे जीता जा सकता था। इसलिए पूजीवादी उत्पादन प्रणाली सदा उत्पादन साधनो मे महत्वपूर्ण सुधारो और उत्पादन प्रविधियो मे क्राति के साथ जुडी रही है। आरभिक पूजीपतियो द्वारा अधिकतम मुनाफे हासिल करने के लिए नयी उन्नत प्रविधियो का प्रचलन इस उत्पादन प्रणाली का एक महत्वपूर्ण प्रगतिशील लक्षण था। उत्पादन प्रक्रियाओ को सुचारू और कारगर बनाने की आकाक्षा ने सबद्ध लोगो को मनुष्य के हाथो की ऐसी मशीनो से प्रतिस्थापना करने के बारे मे सोचने की प्रेरणा दी जो समान क्रियाओ को कही अधिक गति और सुतथ्यता के साथ कर सके। इसके कारण मशीन का प्रादुर्भाव हुआ विनिर्माणशाला

की जगह फैक्टरी – कारखाने – ने ली और आधुनिक युग की लाक्षणिक जबरदस्त प्राविधिक प्रगति हुई। आरभिक उद्यमकर्ताओ ने अपने उद्यमो मे सगठन को सुधारकर, अपने मजदूरो को बेहतर प्रशिक्षण देकर, जिसके परिणामस्वरूप उनमे से बहुत से अपने काम मे माहिर हो गये, और श्रम के बेहतर औजारो का उपयोग शुरू करके अपने उजरती मजदूरो के श्रम का तीव्रीकरण किया।

नयी, पूजीवादी उत्पादन प्रणाली के ऐतिहासिक परिणाम निकले। उसने मानवजाति के इतिहास मे एक नये युग का सूत्रपात किया। इन परिणामो ने अपने आपको उस महाविपत्ति मे प्रकट किया, जिसने शहरो और गावो दोनो ही मे सभी छोटे उत्पादको को बरबाद कर दिया। इस महाविपत्ति ने शहरो और देहातो मे मेहनतकश जनसाधारण को कगाल सर्वहारा अर्थात् ऐसे लोगो मे परिणत कर दिया, जो उत्पादन के साधनो तथा औजारो से, यानी स्वतत्र आजीविका के साधनो से सर्वथा वचित थे और इसलिए जिनके पास अपनी श्रम शक्ति को बेचकर गुजर करने के अलावा कोई और चारा न था।

पूजी का आद्य सचय

उजरती मजदूरो के शोषण को सभव बनाने के लिए यह आवश्यक था कि किसानो और दस्तकार जनसाधारण के अधिकाश को उत्पादन के औजारो तथा साधनो और जीविकोपार्जन के साधनो से वचित और उन्हे अपनी श्रम शक्ति बेचकर गुजर करने के लिए विवश कर दिया जाये। वस्तुत ससार मे सब जगह पूजीवादी उत्पादन प्रणाली के उदय के पहले ऐसा ही हुआ था। किसानो की उनकी जमीनो से बेदखली और दस्तकारो की बरबादी और कगाली के फलस्वरूप उत्पादन के सभी साधन – जमीन और उत्पादन के औजार और इस प्रकार उनके जीविका के साधन भी – थोडे से पूजीपतियो के हाथो मे सकेद्रित हो गये, जिनके लिए अब सिर्फ मेहनतकश लोगो से छीनी गयी चीजो के साथ ही नही बल्कि स्वय मेहनतकशो के साथ भी जो अपनी श्रम शक्ति को बेचने को विवश हो गये थे मनमानी करना सभव हो गया।

पूजी के इस आद्य सचय के विकास को इगलैड के उदाहरण से आसानी से समझा जा सकता है। इगलैड पूजीवादी विकास का क्लासिकी नमूना प्रस्तुत करता है। पर्याप्त वर्षा और नमी के कारण यहा हरेभरे चरागाहो का प्राचुर्य था। सदियो से अग्रेज भेडो के पालन और ऊन के निर्यात से खूब धन कमाते आये थे। ऊनी वस्त्रो की माग बढने से ऊन ज्यादा महगा हो

गया और इसलिए पद्रहवी शताब्दी के अत तक अग्रेज व्यापारियो ने ऊनी कपडे के उत्पादन के लिए अपनी खुद की विनिर्माणशालाए बनाना शुरू कर दिया। ऊन की माग बढती ही चली गयी और अग्रेज शासक वर्ग के प्रतिनिधियो ने अपने लाभदायी ऊन उत्पादन का प्रसार करने के लिए किसानो को उनकी जमीनो से बेदखल करना, इस तरह छीनी जमीन की बाडेबदी करना, ताकि और कोई उसे उपयोग मे न ला सके, और उसमे भेडो के बडे-बडे रेवड़ो को रखना शुरू कर दिया। कभी-कभी तो इस तरह से पूरे के पूरे गावो का नष्ट कर दिया जाता था और इस तरह जमीन छिनने से बरबाद हुए किसान शहरो का रास्ता पकडते थे, जहा वे विनिर्माणशालाओ मे काम पाने की कोशिश करते थे।

किसानों का स्वत्वहरण

सोलहवी शताब्दी के सुविख्यात अग्रेज विद्वान टामस मोर ने लिखा था कि इगलैड मे "भेडे लोगो को खा रही है। अठारहवी शताब्दी के मध्य तक एक वर्ग के रूप मे इगलैड मे कृषक समुदाय का अस्तित्व समाप्त हो चुका था। जमीन लार्डो–प्रभावशाली जमीदारो–के हाथो मे पहुच गयी थी जो उसे उजरती मजदूरो की सहायता से काश्त करने के लिए पूजीपति भूस्वामियो (फार्मरो) को लगान पर दे देते थे। इस तरह इगलैड की कृषि मे पूजीवादी उत्पादन प्रणाली का प्रभुत्व स्थापित हो गया।

आर्थिक प्रगति लघु स्तर के उत्पादकों की बरबादी के रास्ते पर चलकर हासिल की गयी थी और चूकि विनिर्माणशालाए – विशेषकर आरभिक अवस्थाओ मे – जमीनो से बेदखल किये गये सारे ही किसानो को जज्ब नही कर सकती थी इसलिए बहुत बडी सख्या मे किसान देश भर मे अनियत मजदूरी की खोज मे भटकने के लिए और यदि वह न मिल पाये तो भिखमगी, चोरी और लूटमार तक करने के लिए मजबूर हो गये। सरकार ने इस स्थिति का सामना करने के लिए आवारागर्दी के खिलाफ कठोर कानून जारी किये। सूअर के बच्चे के मूल्य की भी किसी चीज को चुराने की सजा फासी थी। एडवर्ड षष्ठ ने १५४७ मे एक कानून जारी किया, जिसके अनुसार काम से बचनेवाले सभी लोग उन व्यक्तियो के दास बना दिये जाते थे जो उनकी आवारागर्दी की रिपोर्ट करते थे। आवारा घूमनेवालो को कोडो से पीटा जा सकता था और जजीरो मे जकडा जा सकता था और इस तरह काम करने के लिए मजबूर किया जा सकता था। अगर कोई मजदूर बिला छुट्टी दो हफ्ते गैरहाजिर रहता था तो उसे जीवन भर दासता की सजा दी जाती थी और उसके माथे या गाल पर अग्रेजी का 'एस" अक्षर दाग दिया

जाता था, जो स्लेव, यानी दास या गुलाम था। अगर वह तीसरी बार भाग जाता था, तो राजकीय अपराधी की तरह फांसी पर लटका दिया जाता था।

दस्तकारों की तबाही

यदि अपनी जमीनों से खदेड़े गये किसानों की अवस्था दारुण थी, तो दस्तकारों की दशा भी कोई बेहतर नहीं थी। उद्योग के कई क्षेत्रों में विनिर्माणशालाओं की बढ़ती हुई संख्या के कारण अनिवार्यतः दस्तकारों की तबाही हुई, क्योंकि उनके लिए विनिर्माणशालाओं से प्रतिद्वंद्विता करना असंभव था, जो ज्यादा सस्ते और बेहतर किस्म के सामान तैयार कर सकती थीं। दस्तकारों को अपनी कार्यशालाएं बंद करने और अगर वे खुशकिस्मत हुए तो विनिर्माणशालाओं में मजदूरी करने और नहीं तो आवारागर्दों और कंगालों की कतारों में शामिल होने के लिए विवश होना पड़ा।

औपनिवेशिक लूट

अपने कृषक समुदाय का दरिद्रीकरण करने के बाद अंग्रेज शासक वर्गों ने (विशेषकर उनके वे अंशक, जो पूंजीवादी उत्पादन से प्रत्यक्षतः संबद्ध थे अर्थात जमींदार, जो पूंजीपति और विनिर्माणशालापति बन गये थे) धन की अदम्य लिप्सा से बेचैन होकर अपना ध्यान उपनिवेशों की तरफ मोड़ा। यही वह समय है, जिसमें यूरोपीय शक्तियों की औपनिवेशिक नीतियों और अपनी सारी विभीषिकाओं – अन्य जातियों का दासकरण, उनकी संपदा की निर्लज्जतापूर्ण लूट और स्वत्वहरण – के साथ उपनिवेशवाद ने रूप ग्रहण किया था। सबसे पहले स्पेनियों तथा पुर्तगालियों ने और फिर अंग्रेजों ने नवान्वेषित देशों की तरफ अपनी बुभुक्षित दृष्टि डाली। निर्मम और निष्ठुर स्पेनी तथा पुर्तगाली ईदाल्गोओं (निम्न अभिजातों) ने मध्य अमरीका को शब्दशः उजाड़ दिया, अंग्रेजों ने उत्तरी अमरीका की देशज आबादी का बहुत बड़ी संख्या में सफाया कर दिया और डच दक्षिण पूर्वी एशिया में जा घुसे।

डच लोगों ने, जो आरंभ में अपने अंग्रेज़ और स्पेनी प्रतिस्पर्धियों से पीछे रह गये थे, जल्दी ही खोये समय की कसर पूरी कर ली। सत्रहवीं शताब्दी में हालैंड एक आदर्श पूंजीवादी देश था। इस जमाने का डच उपनिवेशवाद का इतिहास गद्दारी, रिश्वतखोरी, हत्या और पाशविक निर्ममता की अपनी दास्तान के साथ प्रारंभिक औपनिवेशिक शक्ति की एक क्लासिकी मिसाल

पेश करता है। डच उपनिवेशवादी तो जावा मे अपने दासो की सख्या बढाने के लिए सेलीबीज द्वीप से लोगो का अपहरण करके लाने की हद तक चले गये थे और इस कार्य के लिए विशेष टुकडिया बनायी गयी थी। आदमियो के इस व्यापार के मुख्य प्रेरक चोर, दुभाषिये और व्यापारी थे। बचने का काम मुख्यतया स्थानीय सरदार करते थे।

औपनिवेशिक प्रणाली ने व्यापार तथा जहाजरानी की त्वरित वृद्धि को सभव बनाया। इजारेदार या एकाधिकारी व्यापारिक कपनिया पूजा के सकेद्रण के लिए शक्तिशाली उत्तोलक का काम करती थी। उपनिवेश सख्या मे तेजी से बढती विनिमाणशालाओ के उत्पादनो के लिए मडिया बनते थे और इन मडियो के इजारे से सचय मे तेजी आती थी। यूरोप के बाहर सुरा लूट देशज आबादियो के दासकरण और हत्या से हस्तगत धन इन कपनिया की तिजोरियो मे भर-भरकर नयी पूजी उपलब्ध करवाता था, जो आद्य पूजी सचय की प्रक्रिया के दौरान लगातार कगाली के गर्त मे गिरते अपने ही मेहनतकशो के शोषण को तीव्र करने का काम करती थी। औपनिवेशिक प्रणाली, जो अभी हाल ही तक बनी रही थी, अधीनस्थ जातियो का निर्मम शोषण करती थी। इस शोषण को सुनिश्चित करने के लिए उपनिवेशवादी इसकी पक्की व्यवस्था करते थे कि उनके नये प्रदेशो की आबादी निर्धनता और अज्ञान मे रहे क्योकि उन्हे विश्वास था कि औपनिवेशिक जनो की रिहायशी हालते जितनी ही ज्यादा खराब होगी, उन्हे उनकी मेहनत के लिए मजदूरी भी उतनी ही कम देनी पडेगी। इसीलिए उपनिवशवादियो ने उपनिवेशो के औद्योगिक विकास को रोके रखा। उन्होने स्थानीय लोगो को यूरोपीय उद्योगो के लिए कच्चे माल पैदा करने और फिर उनमे निर्मित सामान खरीदने के लिए मजबूर किया। इस तरह का शोषण सदियो तक चलता रहा और अब कितने ही मामलो मे स्पेन, इगलैड हालैड और फ्रास के पुराने औपनिवेशिक शोषको का स्थान अमरीकी इजारेदारियो द्वारा ले लिया गया है। औपनिवेशिक प्रणाली के लिए मुनाफा ही मानवजाति का अतिम एव एकमात्र लक्ष्य था।

बूर्जुआ तथा सर्वहारा वर्गों की उत्पत्ति

पूजीवाद के प्रादुर्भाव के फलस्वरूप समाज की सरचना मे आमूल परिवर्तन आये। उसके उदय के साथ साथ दो नये वर्ग पैदा हुए – औद्योगिक बूर्जुआजी (बूर्जुआ या पूजीपति वर्ग) जिसका उत्पादन साधनो पर स्वामित्व था और सर्वहारा (प्रोलेतेरियट) जिसके पास ये साधन नही थे और इसलिए जिसे अपनी श्रम शक्ति को बेचना पडता था।

निरकुश राजतत्र

इधर राज्य की राजनीतिक व्यवस्था के क्षेत्र मे सीमित राजतत्र का स्थान पूर्ण या निरकुश राजतत्र ने ले लिया था। ये निरकुश राजा पुराने सामती शासक वर्ग और बूर्जुआ वर्ग के बीच मध्यस्थ थे और इन दोनो ही वर्गों की जनसाधारण – जो इन दोनो समूहो के शोषण के शिकार थे – के क्रातिकारी आदोलन से रक्षा करते थे। बूर्जुआ वर्ग अधिकाधिक आर्थिक शक्ति प्राप्त करता जा रहा था लेकिन अभी वह इतना शक्तिशाली नही था कि सत्ता के लिए पुराने शासक वर्ग से सघर्ष कर सके। सत्ता अभिजातो के हाथो मे ही थी, लेकिन अपने राजस्व को बढाने के लिए प्रयत्नशील केद्रीकृत राजतत्र ने अपनी शक्ति को सुदृढ करते पूजीपतियो का समर्थन किया और अपनी बारी मे उन्होंने भी समर्थन के लिए निरकुश राजतत्र की ओर ही मुह किया, क्योकि वह उन्हे विदेशी मडियो मे सफल प्रतियोगिता के लिए सब तरह की सुविधाए देता था और विनिर्माणशालाओ को अनुदान देकर उनके प्रसार को प्रोत्साहित करता था।

यूरोप के छोटे-बडे अनेक राज्यो मे इस प्रकार के राजतत्र कायम हुए। ट्यूडरवशियो के शासनकाल (१४८५-१६०३) मे इगलैड तक मे राजाओ को पार्लियामेट के होने के बावजूद असाधारण मात्रा मे सत्ता प्राप्त थी। लेकिन बूर्जुआ वर्ग और उसके धन की वृद्धि सामतो के प्रभुत्व के अत की परिचायक थी। सामतो तथा सामती शोषण से घृणा करनेवाले जनसाधारण के असतोष का अपने स्वार्थो के लिए उपयोग करते हुए बर्जुआ वर्ग सत्ता की आकाक्षा करने लगा। बूर्जुआ क्रातियो का युग अब कोई बहुत दूर नही रह गया था।

जर्मनी मे
धर्म सुधार आदोलन का आरभ

सबसे पहली, यद्यपि असफल, बूर्जुआ क्राति जर्मनी मे हुई थी। आरभ मे उसने कैथोलिक चर्च – सामतवर्गीय हितो के विचारधारात्मक मुखौटे – के खिलाफ विद्रोह का रूप लिया था। असख्य छोटे-छोटे राज रजवाडो मे विछिन्न ऐसे साम्राज्य म जिसमे उसके रास्ते मे आने के लिए कोई मजबूत केद्रीय सत्ता नही थी व्याप्त राजनीतिक अव्यवस्था का पूरा पूरा लाभ उठाते हुए कैथोलिक चर्च जर्मनी को अपनी आय का मुख्य स्रोत समझता था। इस कारण जब पूजीवादी विकास अपनी बिलकुल आरभिक अवस्था म ही था जर्मन

मार्टिन लूयर चर्च से निष्कासन के पोप के आदेशपत्र को जला रहा है

बर्गरो ने स्थानीय पादरी वर्ग, विशेषतया शक्तिशाली बिशपो और चर्च के मुख्य गढ – पोपशाही – की जाबादी से अतहीन सापत्तिक मागो के खिलाफ विरोध प्रकट करना शुरू कर दिया था।

मार्टिन लूयर

जर्मन बूर्जुआ वर्ग ने अपने प्रवक्ता मार्टिन लूयर (१४८३ १५४६) के जरिये अमर्यादित सापत्तिक मागो के विरुद्ध, पोपशाही के खिलाफ अपना विरोध प्रकट किया और चर्च के लौकिक सत्ता के अधीन किये जाने की माग उठायी। जर्मनी भर म एक व्यापक आदोलन फैल गया जिसे बाद मे जनसाधारण का समर्थन भी प्राप्त हो गया। लेकिन आम लोग सिर्फ चर्च के मामलो म सुधारो की ही नही बल्कि सामती समाज के आधार पर ही कुठाराघात करनेवाले व्यापक सामाजिक सुधारो की माग कर रहे थे। कही कही तो समाज के ईश्वरीय न्याय के अनुसार पुनर्गठन के बारे म और भी अधिक आमूल परिवर्तनवादी विचारो ने भी जड पकड ली थी। ये विचार

जनसाधारण की और विशेषकर जर्मन सर्वहारा के तात्कालिक पूर्वगामियो की सामाजिक समानता की सभावना-विषयक अभी तक अस्पष्ट धारणाओ को प्रतिबिंबत करते थे।

महान कृषक युद्ध

जर्मनी मे १५२४ मे आम किसानो का एक व्यापक विद्रोह फूट पडा जो महान कृषक युद्ध के नाम से मशहूर है। इस विद्रोह ने अपनी व्याप्ति से बूर्जुआवर्गीयो को इस तक आशकित कर दिया कि उन्होने उससे किनाराकशी कर ली और अभिजातो के पक्ष मे जाकर उस निष्ठुर दमन मे शरीक हो गये जिसके फलस्वरूप इस आदोलन को अगले साल कुचल दिया गया। नतीजे के तौर पर जितने भी परिवर्तन क्रियान्वित किये गये, वे चर्च विषयक ही थे – कैथोलिक चर्च के साथ-साथ एक नया लूथरपथी (लूथरन या प्रोटेस्टेट) चर्च भी पैदा हो गया, जो अपनी उपासना विधि, कर्मकाड और रीतिविधान मे कही अधिक सरल और सादा था तथा इजील पर बहुत जोर देता था, जिसे लूथर ने लैटिन से जर्मन भाषा मे अनूदित किया था और इस प्रकार उसे आम लोगो के लिए कही अधिक सुगम्य बना दिया था। ये चर्च सुधार न केवल सामती समाज का खात्मा करने मे ही असफल रहे बल्कि उलटे उन्होने उसका और अधिक सुदृढीकरण किया। चर्चो और मठो की जमीन जायदादो को राजाओ ने जब्त कर लिया जिन्होने धर्म सुधार आदोलन का सबसे अधिक लाभ उठाया था और चर्च की कीमत पर ओर भी धनी हो गये थे। जर्मनी पहले की तरह ही राजनीतिक अनैक्य का शिकार बना रहा और सम्राट की शक्ति लगातार ज्यादा कमजोर ही होती चली गयी।

नीदरलैंड की क्राति

पहली सफल बूर्जुआ क्राति नीदरलैड का स्पेन के खिलाफ विद्रोह था जिसने पद्रहवी सदी मे इस देश पर कब्जा किया हुआ था। नीदरलैड की गणना आर्थिक दृष्टि से उन्नत देशो मे की जाती थी।

नीदरलैड मे सोलहवी शताब्दी के आरभ मे ही विनिर्माणशालाओ मे उत्पादन उच्च स्तर पर पहुच चुका था – दक्षिण मे फ्लैडर्स और ब्रबात मे और उत्तर मे हालैड जीलैड आदि प्रातो मे पशुपालन मत्स्ययन और पोतनिर्माण खूब विकसित थे। एटवर्प अतर्राष्ट्रीय व्यापार का एक प्रमुख केद्र था। नीदरलैड सत्रह प्रातो मे विभाजित था और इन सभी को स्टेटस जनरल म प्रतिनिधित्व प्राप्त था। लेकिन देश पर हाप्सबर्गवशियो जब

सम्राटो और स्पेनी बादशाहो का शासन था, जिनकी देश मे एक सेना प्रतिशासक (रीजेंट) नुमायदगी करता था।

पूजीवाद के पथ पर अग्रसर, आर्थिक दृष्टि से उन्नत नीदरलैंड और सामंती स्पेन के बीच इस असमान सबध को अत्यधिक गभीर परिणाम पैदा करने थे, विशेषकर धर्मोन्मादी फिलिप द्वितीय के शासनकाल मे। नीदरलैंड के बूर्जुआ वर्ग ने प्रोटेस्टेट मत को ग्रहण कर लिया था और अपनी स्वतत्रताओ और विशेषाधिकारो – जिनमे स्वशासन भी सम्मिलित था – की रक्षा के लिए डटकर सघर्ष करने लगा था। उधर फिलिप द्वितीय काफिरो और अपधर्मियो को सता रहा और जिदा जला रहा था और स्पेनी सत्ता के दबदबे को फिर से कायम करने की तैयारिया कर रहा था। वह स्वशासन की सारी आकाक्षाओ का सदा के लिए खात्मा करने के वास्ते अपनी सेनाए लेकर नीदरलैंड आया।

इससे नीदरलैंड मे असतोष की एक नयी और कही अधिक प्रबल लहर दौड गयी, जिसने सिर्फ बूर्जुआ और आम लोगो को ही नही, बल्कि सामंतो को भी अपनी लपेट मे ले लिया, जिन्हे यह डर था कि राज्य प्रशासन और जनता के शोषण मे उनकी भूमिका स्पेनी अभिजात ग्रहण कर लेगे और समूचे तौर पर देश का वही हाल होगा, जो स्पेन के अमरीकी उपनिवेशो का हुआ था।

यह विरोध शीघ्र ही खुले विद्रोह मे परिणत हो गया, जो १५६६ से १६०६ तक चला जब उत्तरी सूबो ने हालैंड के नेतृत्व मे अपने को स्पेनी शासन से आजाद कर लिया और स्वतत्र सयुक्त प्रात गणराज्य (हालैंड गणराज्य) की स्थापना कर दी। सिर्फ दक्षिणी प्रात ही स्पेनी अधिकार मे रह गये और वे अरसे तक बेहाली म पडे रहे जबकि हालैंड, जो औपनिवेशिक व्यवस्था स्थापित करनेवाला पहला देश था १६४८ मे ही अपनी आर्थिक शक्ति के चरम पर पहुच चुका था और वस्तुत वह सत्रहवी शताब्दी का आदर्श पूजीवादी राज्य बन गया था। उस समय आम लोगो को अत्यधिक कठोर कार्य परिस्थितियो और सामाजिक उत्पीडन का शिकार होना पडता था लेकिन यह तो पूजीवादी तरीके से विकास करनेवाले सभी देशो के लोगो के भाग्य मे लिखा हुआ था।

इस तरह हमने देखा कि सामती व्यवस्था के ढाचे के भीतर पूजीवादी विकास की पहली मजिल ने समाज और राजकीय ढाचे मे युगातरकारी परिवर्तन पैदा किये – दो नये वर्ग पैदा हो गये – बूर्जुआ और सर्वहारा वर्ग, और वर्ग सघर्ष न अधिक जटिल रूप ग्रहण कर लिया जिसने अपनी बारी मे निरकुश राजतत्र को जन्म दिया। मध्य युग की इस तीसरी मजिल मे धर्म, विज्ञान और संस्कृति के क्षेत्रो म – दूसर शब्दो म, समाज की वैचारिक अधिरचना म – आनेवाले परिवर्तन भी कोई कम दूरगामी नही थी।

नये बूर्जुआ वर्ग के लिए, जो शहर और देहात – दोनों ही जगह – पूजीवादी उत्पादन का सगठनकर्ता था, अपने उद्यमो मे श्रम उत्पादिता को बढाना और अधिक श्रेष्ठतर तथा सस्ती चीजो का उत्पादन करना जरूरी था, जिससे कि वह प्रतिद्वद्वियो के साथ सफलतापूर्वक प्रतियोगिता कर सके। इसके लिए उपयोग मे लायी जानेवाली कच्ची सामग्रियो के गुणो के बारे मे ज्यादा जानना दूसरे शब्दो मे, प्रकृति और उसके नियमो का अधिक यथातथ्य ज्ञान प्राप्त करना आवश्यक हो गया था।

पूजीवादी युग का समारभ एक नये ही बौद्धिक तथा सास्कृतिक आदोलन के विकास के साथ हुआ था, जो मानवतावाद और पुनर्जागरण (रेनसा) के नाम से विख्यात है। यह पुनर्जागरण का, मानवतावाद का युग यूरोप मे नयी पूजीवादी उत्पादन प्रणाली और बूर्जुआ वर्ग के उदय के साथ जुडा हुआ था। आर्थिक प्रगति और अर्थव्यवस्था के प्रसार ने यूरोप मे कैथोलिक चर्च द्वारा समर्थित उस पुराने, मध्ययुगीन दर्शन पर मरणातक प्रहार किया जो यह शिक्षा देकर न्यायपूर्ण सामाजिक व्यवस्था की स्थापना की आशाओ को दूसरे लोक का विषय बना देने का प्रयास करता था कि मनुष्य को ससार मे अपने अस्थायी प्रवास के दौरान अपनी सारी आशाओ आकाक्षाओ को ईश्वर पर ही छोड देना चाहिए। अब बूर्जुआ उद्यमकर्त्ताओ ने अपनी आशाओ को अपनी ही शक्ति, पहल और सूझ बूझ के साथ जोडना शुरू कर दिया था। यही कारण है कि नया दर्शन ईश्वर नही वरन मनुष्य – मानव (होमो या ह्यूमन) – पर केंद्रित था और इसी से इसे मानवतावाद (ह्यूमनिज्म) का नाम भी प्राप्त हुआ है।

उस काल को, जिसमे मानवतावाद का जन्म हुआ पुनर्जागरण का युग कहा जाता है। मानवतावादी दर्शन सारे यूरोप मे फैल गया था और इसलिए इस युग को इस नाम का दिया जाना यह दिखाता है कि यह किस हद तक क्लासिकी (यूनानी रोमन) सस्कृति के 'पुनर्जन्म" को प्रतिबिबित करता था। मानवतावादियो ने प्राचीन यूनानियो और रोमनो की महान वैज्ञानिक और विशेषकर कलात्मक उपलब्धियो को पुनरुद्घाटित किया। उन्होने उसी पथ पर, खासकर विज्ञान के क्षेत्र मे फिर से बढना शुरू किया और इसीलिए अपने युग को पुनर्जागरण के युग का अर्थात प्राचीन सस्कृति के पुनर्जागरण के युग का नाम दिया।

मानवतावादी सस्कृति के पहले अकुर इटली मे प्रकट हुए और शीघ्र ही बूर्जुआ सस्कृति अन्य यूरोपीय देशो मे भी तीव्र प्रगति करने लगी। इस नये ज्ञान के प्रसार मे योगदान करनेवाला एक अत्यत महत्वपूर्ण कारक जर्मनी

मे जोहान गूटेनबर्ग द्वारा पद्रहवी शताब्दी के मध्य मे मुद्रणकला-छपाई का आविष्कार किया जाना था।

मध्ययुगीन धार्मिक सस्कृति और नयी मानवतावादी सस्कृति के सधिकाल म प्रकट होनेवाला एक महान व्यक्ति फ्लोरेंसवासी कवि दाते अलिग्यरी (१२६५-१३२१) है। उसकी विख्यात कृति 'दिव्य सुखातिकी' इतालवी भाषा मे लिखी गयी थी और यह बात स्वय अत्यधिक महत्व की थी। चौदहवी और पद्रहवी शताब्दियो मे कितने ही देशो म राष्ट्रीय चेतना ने जन्म लिया था और मानवतावादी लेखको ने इसके बावजूद कि क्लासिकी भाषाओं पर उन्हे असाधारण अधिकार प्राप्त था ओर वे अपनी वैज्ञानिक कृतियो को लैटिन मे ही लिखा करते थे साहित्यिक कृतियो के लेखन मे सदा अपनी मातृभाषाओं को ही अपनाया।

मानवतावादी लेखको की कृतियो मे आसपास के जीवन के बारे मे बहुत से विचार पाये जाते है – अपने विषयो के लिए उन्होने धार्मिक विषयवस्तु के बजाय लौकिक विषयवस्तु को और पात्रो के लिए आदर्शीकृत सैनिक सामतो (नाइटो) के बजाय सामान्य लोगो को अपनाया। इस काल के उन अनेक कवियो लेखको और नाटयकारो मे, जिन्होने विश्वव्यापी ख्याति अर्जित की है कुछ ये ह – इटली के फ्राचेस्को पैट्रार्क और ज्योवानी बोकाच्चो फ्रास के फ्रासुआ रबेला जर्मनी के ऊलरिक फान ह्यूटेन, नीदरलैड के रोटरडैमवासी इराज़मस, स्पेन के मीगेल सेवातेस और इगलैड के विलियम शेक्सपियर।

पुनर्जागरण काल मे कला का भी जबरदस्त मुकुलन हुआ। यथार्थवादी सिद्धातो पर चलनेवाले चित्रकारो और मूर्तिकारो ने मानव शरीर के सौन्दर्य और मानव आत्मा की उदात्तता को प्रतिबिबित करते हुए अपने आसपास की दुनिया को निष्ठापूर्वक अभिव्यक्ति दी। इस काल के कुछ महान चित्रकार और मूर्तिकार लेओनार्दो दा विची मिकेलाजेलो, रफाएल टिशन वलासक्स रूबेन्स आदि है।

—

कैथोलिक चर्च पर प्रहार किया, जो यह शिक्षा देता था कि सारे ससार की ही भाति सामती व्यवस्था की सृष्टि भी ईश्वर ने ही की है और इसलिए वर्तमान व्यवस्था का कोई भी विरोध करना पाप है।

धर्म-सुधार आदोलन

उन देशो मे से कइयो मे चर्च सुधारो का क्रियान्वयन किया गया, जिन्होंने पूजीवादी तरीके से विकास करना शुरू किया था। उन्होने रोमन कैथोलिक चच से नाता तोड लिया पोप को चर्च का प्रमुख मानने से इन्कार कर दिया चर्च को लौकिक शासको – बादशाहो, राजाओ या नगर शासको – के अधीन कर दिया और चर्च की शिक्षाओ को बूर्जुआ वर्ग के हितो के अधिक अनुकूल ले आये। धर्म-सुधार आदोलन का एक प्रमुख प्रबोधक जान काल्विन था, जिसकी यह शिक्षा थी कि जो व्यापारी और उद्यमकर्त्ता अपने व्यवसाय मे सफल रहते है, उनके लिए दूसरे लोक मे मुक्ति सुनिश्चित है, लेकिन मजदूरो को अपने मालिको के लिए ईमानदारी के साथ काम करना चाहिए, क्योकि ऐसा करने पर ही वे लोग अपनी बारी मे ऐसे समृद्ध सपत्तिवान बन पायेगे। काल्विन ने दासता तथा उपनिवेशवाद और आद्य पूजी सचय की प्रक्रिया मे पैदा होनेवाली सभी बुराइयो को न्याय्य बताया।

प्रगतिशील अर्थव्यवस्थावाले सभी देशो ने प्रोटेस्टेट मत को अपना लिया। यूरोप के अधिकाश मे इस नये धर्म को या तो लूथर (जर्मनी) की शिक्षाओ के रूप मे, जो राजाओ की सत्ता का समर्थन करता था या स्विस सुधारक स्विग्ली की शिक्षा के रूप मे जिसने अपनी शिक्षा को शहरी व्यापारिक और औद्योगिक बूर्जुआ वर्ग के अनुसार ढाल लिया था, अपना लिया गया।

अपनी पुरानी स्थिति को फिर स हासिल करने के कैथोलिक चर्च के सारे प्रयास असफल सिद्ध हुए। १५४० मे सस्थापित जैसुइट सघ भी अपनी वितण्डा, वाक्छल और चालबाजियो के बावजूद कुछ ही पथभ्रष्टो को अपनी गोद म वापस लाने मे सफलता प्राप्त कर सका और वह भी सिर्फ जर्मनी, पोलैड, लियुआनिया जैसे देशो मे ही।

नवा अध्याय

यूरोपीयो द्वारा जीते जाने के समय अमरीका

मध्य अमरीका के लोग

यूरोपीय उपनिवशको द्वारा खोज और जीत जाने क समय अमरीका म अनेक इडियन (अमरीकी आदिवासी) कबीले रहा करते थे, जिनके सामाजिक तथा सास्कृतिक विकास के स्तर म काफी वैभिन्य था। उनम मे कुछ ने सभ्यता के अत्युच्च स्तर को प्राप्त कर लिया था, तो कई अत्यत आदिम अवस्था मे ही रह रहे थे।

अमरीकी महाद्वीप पर नात प्राचीनतम सस्कृति -- माया सस्कृति -- मध्य अमरीका के उत्तर पश्चिमी भाग मे विकसित हुई थी। आरभ मे यह पेतेन इत्सा झील के तटो पर उसके दक्षिण पूर्वी इलाके और उसूमासिता नदी की घाटी (उत्तरी ग्वाटेमाला और वर्तमान मेक्सिको के तबास्को राज्य का प्रदेश) म केद्रित थी। लेकिन बाद म माया सस्कृति का केद्र यूकतान प्रायद्वीप बन गया जहा चिचेन इत्सा मायापान, ऊष्माल तथा अन्य नगर राज्यो का उदय हुआ, जिनमे आपस मे सदियो तक भयकर लडाइया चलती रही।

अपने अपकर्ष काल (दसवी पद्रहवी शताब्दी) मे माया समाज का ढाचा किसी भी प्रकार समाग नही था। पुरोहित और अभिजात शासक वर्ग म आते थे। कोको बागानो मधुवाटिकाओ और नमक की खानो पर अभिजातो का स्वामित्व था और उनके पास बहुत से दास भी थे। व्यापारियो का एक अलग ही वर्ग था। प्रत्येक बस्ती के निवासी समुदाय के रूप मे रहते थे, जिसम गोत्र समाज के विभिन्न लक्षण विद्यमान थे। आम लोगो को अभिजातो की जमीनो को काश्त करना और उन्हे जिस रूप मे लगान देना होता था और साथ ही सडको मदिरो अभिजातो के मकानो तथा अन्य इमारतो का निर्माण भी करना पडता था। दासो को, जिनमे युद्धबदी, अपराधी कर्जदार और अनाथ आते थे सबसे श्रमसाध्य कामो मे लगाया जाता था। इस प्रकार

गोत्र समाज की अनेक लाक्षणिक सस्थाओ के रहते हुए भी माया बस्तियो मे दासस्वामी समाज के लक्षण भी थे।

माया जन ने उन्नत सस्कृति विकसित की थी जिसने पडोसियो पर प्रबल प्रभाव डाला था। उनके यहा कृषि, मधुमक्खीपालन शिल्प और व्यापार सुविकसित थे और उनकी मौलिक कला (वास्तुकला, मूर्तिकला और चित्रकला) का स्तर भी अत्यत ऊचा था। गणित तथा खगोल म उन्होने विलक्षण उपलब्धिया हासिल की थी। ईसवी सवत के आरभ मे एक चित्रलिपि का भी आविष्कार हुआ था, जो अमरीकी महाद्वीप पर प्रकट होनेवाली सर्वप्रथम लिपि थी।

माया लोगो के पडोसी ज़ापोटेक, ओल्मेक और टोटोनाक लोग थे। मेक्सिको के उत्तर-पूर्वी तट पर ह्वास्टेक लोग रहा करते थे। ये लोग चाहे माया भाषा ही बोलते थे पर उनका सास्कृतिक स्तर बहुत ही नीचा था।

केंद्रीय मेक्सिको मे जिसका नाम उस समय अनाह्वाक की घाटी (नाह्वा भाषा मे इसका अर्थ पानी का देश है) था, ईसवी सवत की पहली सहस्राब्दी के उत्तरार्ध म टोल्टेक जनो की सस्कृति विकास के अत्यत ऊचे स्तर पर पहुच चुकी थी। उनके यहा बडे बडे शहर (जिनमे सबसे बडा तेओतीह्वेकान था) थे। इन शहरो म अतिविशाल इमारते और मूर्तिया थी। व्यापार खूब उन्नत था। टोल्टेक जनो की अपनी लिपि और अपना पचाग था, जो माया जाति की लिपि और पचाग पर आधारित थे।

दूसरी सहस्राब्दी के आरभ मे युद्धप्रिय नाह्वा कबीलो द्वारा अनाह्वाक की घाटी पर आक्रमणो के परिणामस्वरूप टोल्टेक सस्कृति का विनाश हो गया। इस काल मे इन कबीलो मे कुलह्वा कबीला बहुत महत्वपूर्ण था। कुलह्वाओ का केंद्रीय नगर कुलह्वाकान तेस्कोको झील के पूर्वी तट पर स्थित था। एक अन्य महत्वपूर्ण नगर-राज्य इसी झील के पूर्वी तट पर स्थित तेस्कोको था। चौदहवी सदी के अत और पद्रहवी के प्रारभ मे तेपानेक जन ने प्रमुखता प्राप्त कर ली और कुलह्वाकान तेस्कोको तथा अनाह्वाक घाटी मे उनके अधीनस्थ राज्यो को अपने अधीन बना लिया। तेपानेको ने तेस्कोको झील के एक टापू पर स्थित तेनोच्तीत्लान को भी जीत लिया जिसे १३२५ के आसपास अज्टेको ने बसाया था, जो कबीलो के उसी समूह के थे, नाह्वा भाषा बोलते थे और इस घाटी मे बारहवी शताब्दी मे आये थे।

१४२६ मे तेनोच्तीत्लान के अज्टेको ने तेस्कोको और त्लाकोपान (जो तेस्कोको झील के पश्चिमी तट पर रहते थे) कबीला के साथ सहबध बना लिया। तेपानेक शासन का तख्ता उलटने के बाद इस कबायली सहबध न पडोसी कबीलो के खिलाफ लडना शुरू कर दिया और अतत सारी अनाह्वाक घाटी को अपने नियत्रण मे ले लिया। शीघ्र ही अज्टेक इस सहबध के नेता

चीचन इटजा के एक माया मंदिर का अग्र भाग

बन गये और बाद मे होनेवाले विभिन्न युद्धो के दौरान उन्होने सारे मध्य मेक्सिको को अपने अधिकार मे ले लिया। इन सैनिक उपलब्धियो के अलावा उन्होंने उस समय तक अनाहुआक घाटी मे विकसित मिश्रित सस्कृति को भी आत्मसात कर लिया। पद्रहवी शताब्दी के आरभ मे तेनोच्तीत्लान के अज्टेकों के प्रमुख मध्य अमरीकी कबीला बन जाने के बाद इस सस्कृति ने बहुत उन्नति की।

अज्टेक कृषि का आधार सिचाई प्रणालियो की सहायता से खेती करना था। मुख्य फसल मक्का थी, जो पूर्णत शारीरिक श्रम पर आधारित बहुत ही पिछडी हुई कृषि विधियो के बावजूद अच्छी पैदावार देती थी। फलिया, कद्दू टमाटर कोको कपास और तबाकू की भी खेती की जाती थी। अज्टेको के मुख्य शिल्प मिट्टी के बरतन बनाना कपडा बुनना और धातु

कर्म थे। निर्माण प्रविधिया काफी उन्नत थी, जिससे ये लोग बाध नहर और कच्ची ईटो या पत्थरो के किलेनुमा मकान बना सकते थे। तेनोच्तीत्लान तथा अन्य नगरो के भीडभरे बाजारो म विनिमय के आधार पर खूब व्यापार होता था।

अज्टेक लोग गोत्रो मे रहा करते थे जिनके नेता चुन हुए होते थे। जमीन पर समुदायो का स्वामित्व था और समुदाय के सदस्य ही उस काश्त करते थ। अज्टेको का मुख्य सेनानायक (त्लाक्तेवूहत्ली), जो किसी एक कबीले मे से चुना जाता था, व्यवहार मे युद्धकाल और शातिकाल दोनो म सर्वोच्च शासक भी हुआ करता था। वह महत्वपूर्ण धार्मिक कृत्यो का निष्पादन भी किया करता था। सहबध के सभी सदस्यो द्वारा की जानेवाली सैनिक कार्रवाइयो पर अज्टेक सेनानायक और उसकी परिषद का नियत्रण रहता था। फ्रेडरिक एगेल्स ने अज्टेको के नेतृत्व मे काम करनेवाले इस सहबध को 'तीन कबीलो का महासघ" कहा है जिसने कई अन्य कबीलो को अपना करद बना लिया था और जिस पर एक सघीय परिषद तथा सघीय सैन्य प्रमुख का शासन था।"

अज्टेको के अविराम युद्धो के परिणामस्वरूप अत मे सपत्ति के वितरण मे असमानता पैदा हो गयी क्योकि जो योद्धा युद्ध मे सर्वाधिक शौर्य का प्रदर्शन करते थे, उन्ह युद्ध की लूट और विजित प्रदेश के बटवारे के समय अपन अन्य साथियो मे अधिक हिस्सा मिलन लगा। अक्सर लडाई मे कैद किये लोगो से दासो की तरह काम करवाया जाता था। इस असमता के बढने पर ऐसा भी होन लगा कि कुछ अज्टेको को अपने ही कबीले के धनी सदस्यो का गुलाम बनना पड जाता था। दासप्रथा अज्टेक समाज की एक आवश्यक संस्था बन गयी। साथ ही गोत्रीय अभिजात वर्ग का भी तेजी से उदय होने लगा और निरतर युद्धो के कारण सर्वोच्च शासक की सत्ता मजबूत होती गयी और व्यवहार मे यह पद जल्दी ही वशागत हो गया।

य सभी बात अज्टेक समाज के गोत्रीय ढाचे के विघटन की परिचायक थी। पद्रहवी शताब्दी के अत और सोलहवी शताब्दी के आरभ मे इस समाज मे राज्यसत्ता और वर्गो का आविर्भाव शुरू हो चुका था।

इस काल मे अज्टेको की कला असाधारण उत्कर्ष पर पहुच चुकी थी, विशेषकर वास्तुकला तथा मूर्तिकला के क्षेत्रो मे। अज्टक लोग सौर पचाग का उपयोग करते थे जो मूलतया माया पचाग ही पर आधारित था। उनकी लिपि इस काल मे भ्रूणावस्था मे ही थी और वह चित्रलेखीय स्वरूप की थी, जिसमे कुछ चित्राक्षर भी थे।

गोत्र व्यवस्था के अतिम अवशेषो के क्रमिक विलोपन के साथ-साथ अज्टेक शासक वर्ग अपने ही कबीले के निर्धन सदस्यो और अधीनस्थ-जातियो के दासकृत सदस्यो के शोषण और लूट को बढाता गया। पद्रहवी शताब्दी

के अधिकाश और सोलहवी शताब्दी के प्रारभिक भाग म लडे गये अनेक युद्धो के दौरान अज्टेको न अनाहुआक घाटी म रहनेवालो को ही नही पराजित किया बल्कि पहाडो के पार बढते हुए व मक्सिको की खाडी और प्रशात महासागर क तटो तक भी पहुच गये। वे विजित कबीलो से खिराज वसूल करते थ और कभी-कभी उनकी जमीनो क कुछ हिस्से भी छीन लेते थे और बडी सख्या मे बदी बनाते थे। इन बदियो म स बहुतो को अज्टेक देवताओ के आगे बलि कर दिया जाता था और शेष को जमीन को काश्त करने, मदिर तथा अन्य इमारते बनाने या घरेलू दासो की तरह काम करने क लिए गुलाम बना लिया जाता था।

पराधीन जनो के साथ ऐसे बर्ताव क कारण अक्सर विद्रोह होते रहते थे और अज्टेक जिन कबीलो को अपने वश मे लाना चाहते थे, उनका प्रतिरोध बल पकडता गया। मोतेजूमा द्वितीय के शासनकाल (१५०३-१५२०) म जिसने विघटन की इस प्रक्रिया को रोकने की कोशिश की, स्थिति विशेषकर सगीन हो गयी थी।

दक्षिणी अमरीका के निवासी

दक्षिणी अमरीका की प्राचीन सभ्यताओ का विकास ऐडीज पर्वतो मे हुआ था, जहा केचूआ आईमारा तथा अन्य जन रहा करते थे, जिन्होने भौतिक तथा सास्कृतिक विकास का अत्युच्च स्तर प्राप्त कर लिया था। पद्रहवी और प्रारभिक सोलहवी शताब्दियो मे इकाओ (जो उसी भाषा वर्ग के थे जिसके कि केचूआ थे) ने पाचाकूतेक तूपाक यूपाकी और ह्वायना कपाक के नेतृत्व मे इस इलाके के कई कबीलो को अपने अधीन कर लिया और एक बडे राज्य की स्थापना करके कूस्को को अपनी राजधानी बनाया। इस राज्य का नेता सापा इका ('एकमात्र इका") कहलाता था, जो अपने को सूर्य का पुत्र मानता था और जिसकी देवता की तरह पूजा की जाती थी। इका राज्य की राजभाषा केचूआ भाषा थी। अनेक अधीनस्थ कबीले इस भाषा की ही बोलिया बोलते

थी, मिलकर काश्त करते थे। लेकिन सापा इका को मारी ज़मीन का स्वामी माना जाता था। कृषि तथा पशुजन्य पैदावार का काफी बडा हिस्सा राजकीय तथा धार्मिक कार्यो के लिए उपयोग मे लाया जाता था।

रियो ग्राडे तथा कोलोराडो नदियो की घाटियो म निवास करनेवाले प्वेब्लो इडियन कबीने (होपी, जूनई, तानयो केरेम आदि) ओरीनोको तथा अमेजन नदियो के थालो मे रहनवाले तूपी ग्वारानी करीबनी, अर्वाक और ब्राज़िली कयापो, पापाओ (दक्षिणी अमरीकी शीतोष्ण घास मैदानो) तथा प्रशात महामागर तट के युद्धप्रिय मपूचे (जिन्हे यूरोपीय लोग अराउकी कहते थे), वर्तमान पेरू तथा इक्वडोर के विभिन्न भागो मे रहनेवाले कोलोराडी, हिवारो और ज़ापारो कबीले, ला प्लाटा प्रदेश के कबीले (दिआगीता, छार्रुआ क्वेरादी, आदि), पटागोनी तेह्युल्चे और टिएरा डेल फ्यूगो के इडियन (ओना याहगान चोनो) – ये सभी आदिम समाज के विकास की विभिन्न मज़िलो मे थे। उत्तरी अमरीका के नानामभ्य इडियन तथा एस्कीमो कबीलो पर भी यही बात लागू होती है। इनमे से कई कबीले आपस मे मिनकर कबायली समूह और सहग्रध बना लिया करते थे – जैसे अलगाकिन, इरोक्वा, मुस्कोगी, सिऊ, अथापस्कानी आदि-आदि।

अमरीका का उपनिवेशन

पद्रहवी शताब्दी के अत और सोलहवी शताब्दी के आरभ म अमरीकी जनगण के विकास का स्वाभाविक सिलसिला यूरोपीय विजेताओ और विशेषकर स्पेनी कोंकीस्तादोरो – विजेताओ – द्वारा बलात भग कर दिया गया।

अमरीकी महाद्वीप की देशज आबादी की नियति के बारे मे लिखते हुए फ्रेडरिक एगेल्स ने कहा था "स्पेनी विजय ने समस्त आगामी स्वतत्र विकास को सहसा समाप्त कर दिया।

अमरीका के जीते जाने और उसके उपनिवेशन के जिसका परिणाम उसके निवासियो के लिए इतना विनाशक सिद्ध हुआ मूलो को उस समय यूरोपीय समाज मे आनेवाली जटिल सामाजिक आर्थिक प्रक्रियाओ मे तलाश किया जा सकता है।

पद्रहवी शताब्दी के अतिम तथा सोलहवी शताब्दी के प्रारभिक चरणो मे पश्चिमी यूरोप के सामती समाज के भीतर व्यापार तथा उद्योग के विकास और बूर्जुआ वर्ग तथा पूजीवादी उत्पादन सबधो के उदय ने नये व्यापारिक मार्गो को उद्घाटित करने और पूर्वी तथा दक्षिणी एशिया की अथाह सपदा को हथियाने की आकाक्षा को जन्म दिया था। इसी लक्ष्य को लेकर अनेक

अभियानो का आयोजन किया गया था, विशेषकर स्पेनियो द्वारा। इस
की महान भौगोलिक खोजो म स्पेन की भूमिका की व्याख्या केवल उ
भौगोलिक स्थिति से ही नही, वरन विपन्नताग्रस्त अभिजातो की बडी सख्
मौजूदगी मे भी की जा सकती है जिन्हे १४६२ म मूरो का निष्कासन
हो जाने के बाद से कोई भी उपयुक्त धधा नही मिल पा रहा था और
एल्डोराडो नामक काल्पनिक 'सोने के देश' को खोजने के सपने देखते
बेतहाशी के साथ सपत्ति प्राप्त करने के साधनो को ढूढ रहे थे। एगेल्
लिखा है 'सोना ही वह जादुई शब्द था कि जो स्पेनियो को अटलाटिक
पार ले गया। सोना ही वह सर्वप्रथम वस्तु थी कि जिसे अज्ञात देश के तट
पैर धरने के साथ गोरा आदमी मागा करता था।'

सोलहवी शताब्दी के आरभ तक कोलबस तथा दूसरे समुद्रयात्री
इडीज़ के कितने ही द्वीपो की खोज कर चुके और दक्षिण अमरीका के उ
तथा पूर्वी समुद्र तट के काफी भाग और मध्य अमरीका के अधिकाश कैरीबि
समुद्रतट का मानचित्राकन भी कर चुके थे। स्पेन तथा पुर्तगाल के औपनिवे
क्षेत्रो का निर्धारण करने के लिए दोनो देशो के बीच १४६४ म तोर्देसी
की सधि सपन्न हो चुकी थी।

इबेरियन प्रायद्वीप से बहुत बडी सख्या मे जाबाजो, वैपन्न्य की च
मे आये अभिजातो भाडे के सैनिको और अपराधियो, आदि-आदि ने
खोजे देशो का रास्ता पकडा। उन्होने छलकपट और जोर-जबरदस्ती स स्थान
निवासियो के इलाको को हथिया लिया और उन्हे स्पेनी अथवा पुर्तगा
अधिकृत प्रदेश घोषित कर दिया। कोकीस्तादोर इडियनो को लूटते-खसो
और दास बनाते थे और उनका शोषण करते थे। प्रतिरोध के हर प्रयास
निर्ममतापूर्वक कुचल दिया जाता था। पूरे के पूरे शहरो और गावो को पाशवि
निर्दयता के साथ बरबाद कर दिया जाता था। जैसा कि मार्क्स ने लिखा
'लूटमार और हिसा ही अमरीका मे स्पेनी जाबाजो का एकमात्र लक्ष्य था।

सोने की अदम्य लालसा ने विजेताओ को नये-नये देशो की खोज
लिए उत्प्रेरित किया। १५१३ मे बालबोआ ने पनामा स्थलसयोजक को प
किया और वह प्रशात महासागर तट पर जा पहुचा। पोस दा लीओ
फ्लोरिडा प्रायद्वीप को खोजा, जो उत्तरी अमरीका मे सर्वप्रथम स्पेनी प्रदेश था

कुछ ही वर्ष के बाद युकतान प्रायद्वीप की खोज की गयी और १५२
म हरनादो कोर्तेस ने तीन साल लबे युद्ध के बाद अतत मध्य मक्सिको क
जीत लिया। अज़्टेको की प्राचीन सस्कृति और उनकी राजधानी तेनोच्तीत्ला
को पूर्णत ध्वस्त कर दिया गया। इसी काल मे मजेलन ने ला प्लाटा
दक्षिण म इस महाद्वीप के अटलाटिक तट और मुख्यभूमि को टिएरा डे
फ्यूगो से पृथक करनेवाले जलसयोजक का मानचित्राकन किया था।

जल्दी ही कोंकीस्तादोरो के जत्थो ने अपना ध्यान दक्षिणी अमरीका की ओर मोड लिया। सोलहवी शताब्दी के चौथे दशक के आरभ मे फ्रासिस्को पिजारो तथा दीएगो दा अलमाग्रो की कमान मे एक स्पेनी अभियान ने पेरू को जीत लिया और शानदार इका सभ्यता को खाक मे मिला दिया। इस विजय अभियान का समारभ काहेमार्का नगर के निस्सहाय इडियनो के खूनी दमन के साथ हुआ था, जिसे शुरू करनेवाला वालवेर्दे नामक पादरी था। इका शासक आतहुआलपा को छलपूर्वक बदी बनाकर मार डाला गया। कोंकीस्तादोरो ने इका राजधानी कूसको को भी जीत लिया। दक्षिण की तरफ प्रगति करते हुए अलमाग्रो और उसके सैनिको ने उस प्रदेश मे प्रवेश किया (१५३५-१५३७), जिसे आगे चलकर उन्होने चिली का नाम दिया था। लेकिन यहा उनका युद्धप्रिय अराऊकनो के साथ आमना सामना हुआ और उनके प्रसार मे अस्थायी अवरोध आ गया। इसी बीच पेद्रो दा मेदोजा ने ला प्लाटा का उपनिवेशन करना शुरू कर दिया था। बहुत से यूरोपीयो ने दक्षिणी अमरीका के उत्तरी भाग पर भी कब्जा जमाने की कोशिश की, जहा उनके खयाल के मुताबिक सोने और मूल्यवान हीरे-जवाहरात से भरपूर काल्पनिक एल्डोराडो देश था। एल्डोराडो ही की खोज मे ओर्दास, हीमेनेस दा केसादा तथा बेनालकासर की कमान मे स्पेनी अभियान और आल्फिगर, फान स्पेयर तथा फेदरमान के नेतृत्व मे भाडे के जर्मन सैनिको के दस्ते सोलहवी शताब्दी के चौथे दशक मे ओरीनोको और मग्दालेन नदियो की घाटियो मे जा पहुचे थे। १५३८ मे हीमेनेस दा केसादा फेदरमान और बेनालकासर, जो क्रमश उत्तर पूर्व तथा दक्षिण की ओर से बढ रहे थे कुदीनमार्का पठार पर बगोटा नगर के पास आपस मे जा मिले।

इधर ब्राज़ील का पुर्तगालियो द्वारा उपनिवेशन किया जा रहा था। सोलहवी शताब्दी के पाचवे दशक के आरभ म ओरेल्लाना अमेज़न नदी के तट पर जा पहुचा और वहा से वह उस पर होता हुआ अटलाटिक तट पर पहुच गया। उसी समय पेद्रो दा वाल्दीविआ की कमान मे चिली मे एक नया अभियान भी भेजा गया, लेकिन छठे दशक के आरभ तक वह उस देश के सिर्फ उत्तरी और मध्यवर्ती भागो को ही अधिकार मे ले पाया था।

स्पेनी तथा पुर्तगाली उपनिवेशको द्वारा दक्षिण अमरीकी महाद्वीप के मध्यवर्ती प्रदेशो मे प्रवेश करने का सिलसिला सोलहवी शती के उत्तरार्ध मे भी चलता रहा। कुछ इलाको, जैसे दक्षिणी चिली और उत्तरी मक्सिको के उपनिवशन मे तो कही अधिक लबा समय लग गया। लेकिन अग्रेज फ्रासीसी और डच भी नयी दुनिया के विराट और समृद्ध प्रदेशो के दावेदार बनने को बेचैन थे और वे भी दक्षिणी तथा मध्य अमरीका और वेस्ट इडीज मे इलाके हथियाने मे कामयाब हो गये।

दसवा अध्याय

पद्रहवीं सदी के अत से सत्रहवीं सदी के आरम तक केद्रीकृत रूसी राज्य। कृपक युद्ध

अभिजातो की बढती शक्ति

सोलहवी शताब्दी मे रूसी समाज के ढाचे के भीतर महत्वपूर्ण परिवर्तन आये। यद्यपि समाज का सामती स्वरूप बना रहा, फिर भी भूस्वामी अभिजात वर्ग के ढाचे मे अनेक अतर आने लगे। पहले शक्तिशाली बोयार ही मुख्य भूस्वामी थे। इस समूह मे भूतपूर्व राजको के वशज विशेष रूप से धनवान और प्रभावशाली थे, जिनके पास बहुत-बहुत सारी जमीन थी।

क्राति का आरभ

आर्थिक दृष्टि से अनुन्नत उत्तर-पश्चिमी इलाको के सामती भूस्वा बादशाह के पक्ष मे आ गये। देश के अधिक विकसित दक्षिण पूर्वी प्रदेश और लदन ने बूर्जुआज़ी और उसीके समान हित रखनेवाले अभिजात व के एक भाग ने पार्लियामेंट का समर्थन किया। महान विद्रोह के बिलकु आरभ से ही नौसेना पार्लियामेंट के पक्ष मे थी और यह क्रातिकारी इगलै का यूरोपीय महाद्वीप के निरकुश राजतत्रो के हस्तक्षेप से बचाव करने सहायक सिद्ध हुआ। आग्ल चर्च न बादशाह का समर्थन किया, जब कि प्यूरिटन (प्रोटेस्टेट) लोग पार्लियामेंट के कट्टर समर्थक थे। यही नही उस काल के विभिन्न दलो के नाम भी मत की विभिन्न धाराओं के नामो से ही निकले

पार्लियामेंट म बूर्जुओ की पार्टी प्रेस्बीटेरियनो की पार्टी जा। की परिषद्

शासित सयुक्त काल्विनपथी चर्च की पक्षधर थी। छोटे सामतो और अल्प पन्न बूर्जुआजी के पक्षधर इडीपडट (स्वतत्र) कहलात थे और प्रत्येक चर्च के नुगामिया की धार्मिक स्वतत्रता का पक्ष लते थे।

युद्ध के शुरू होने के समय बादशाह का पलडा भारी था। उसके पक्ष लडनवाल भूस्वामी पेशेवर सैनिक थे और उनका रिसाला अनुशासनबद्ध या अनुभवप्राप्त था। इसके विपरीत पालियामट द्वारा जुटायी गयी सनाए सगठित नही थी और उनके पास हथियार भी कम और खराब थे। इसके लावा पार्लियामटरी सेना क सनानायक अधिकाशत बडे सामतो क वग थे, जो लगातार यही सोचते रहते थे कि बादशाह के साथ जल्दी ही मझौता हो जायेगा और इसलिए बिना किसी खास उत्साह क लडाई चला हे थे। पालियामट म बहुमत रखनवाले प्रस्बीटरियनो को भी इसी तरह समझौते की आशा थी।

पार्लियामट की ढुलमुल नीति और उसकी सेना की असफलताओ ने ग्रेज समाज के आमूल परिवर्तनवादी अशकों म असतोष पैदा किया। जल्दी उन्होंने आपस म एकता स्थापित कर ली और इडीपडटो का समर्थन रन लग। इडीपेडेटो का नेता ओलिवर क्रामवल (१५९९ १६५८) नामक ामान्य हैसियत का जमीदार था। क्रामवेल ने एक अश्वारोही सेना खडी , जिसमे काल्विनपथ के कट्टर और जोशीले अनुयाइया – इडीपेडटो – क ाथ-साथ किसान, दस्तकार और निम्न बूर्जुआजी के विभिन्न प्रतिनिधि ी थे। क्रामवेल की अश्वारोही सेना म जो लौह अनुशासन था (उसके निक आयरनसाइड, अर्थात लौहपुरुष कहलाते थ) उसकी बदौलत उसने ुलाई, १६४४ म बादशाह की सेना पर मार्स्टन मूर म पहली विजय प्राप्त र ली। इसक बाद क्रामवेल को पार्लियामेट ने सेना को समूचे तौर पर ुधारने की अनुमति दे दी और उसकी न्यू माडेल आर्मी – नवादर्श सेना – ने १६४५ म नसबी की लडाई मे बादशाह की सेना पर निर्णायक प्रहार किया। इस लडाई म बडी सख्या म युद्धबदी बनाये गये, राजतत्रवादियो का सारा तोपखाना और उनके दूसरे हथियारो का काफी बडा हिस्सा और बादशाह का सारा राजनयिक पत्रव्यवहार पार्लियामेटरी सेना के कब्जे मे आ गया। इस पत्रव्यवहार से पता चला कि बादशाह जहा पार्लियामट के साथ युद्धविराम के लिए वार्ता चला रहा था वहा साथ ही-साथ वह यूरोपीय सरकारो से त्रव्यवहार करके सहायता भी माग रहा था और अपने मित्रो को लिखे त्रो म उसने बताया था कि अगर विजय प्राप्त हो गयी, तो वह विद्रोहियो को किस तरह के निर्मम दड देगा। इन पत्रों को प्रकाशित कर दिया गया और उन्होंने सभी मे सख्त नाराजगी पैदा की। इसके परिणामस्वरूप बादशाह की प्रतिष्ठा को गभीर हानि पहुची।

नेसबी की लड़ाई के बाद चार्ल्स की हार हुई और मात खानी पड़ी। मार्च १६४६ तक अधिकांश राजतंत्रवादी गढ़ों का पतन हो चुका था और मई तथा बादशाह भागकर स्काटलैंड जा चुके थे। लेकिन स्काटों ने, जिन्हें अंग्रेज सेना द्वारा शाही सेना को दी गयी सहायता के लिए चार लाख पौंड मिले थे, बादशाह को जनवरी १६४७ में अंग्रेजों के हवाले कर दिया।

युद्ध चल ही रहा था कि पार्लियामेंट ने सामंती प्रथाओं के उन्मूलन की ओर लक्षित कई सुधार लागू कर दिये थे। शाही और चर्च की जमीन के कुछ भाग को और बादशाह के समर्थकों की जमीनों को जब्त करके बेच दिया गया। १६४६ में मनसबी जागीरों के उन्मूलन के भी बड़े दूरगामी परिणाम निकले। इन जागीरों से संबधित सभी दायित्वों को खत्म कर दिया गया और सामंतों की जमीन अब भद्रजनों–सभ्रांतों (जैंट्री) –की संपत्ति बन गयी। लेकिन जहां भद्रजनों की संपत्ति को सामंती दायित्वों के सभी अवशेषों से मुक्त कर दिया गया, वहां किसानों की जमीन पुरानी शर्तों के ही अधीन बनी रही–किसानों को अब भी भांति भांति के कर और श्रम सेवाएं अर्पित करनी होती थी और इस प्रकार उन्हें क्रांति से कुछ भी नही हासिल हुआ। महान विद्रोह असल में ग्राम्य भद्रजन के साथ सहबंध से जुड़े हुए बूर्जुआ वर्ग का राजतंत्र, बड़े सामंतों और संस्थापित चर्च के खिलाफ संघर्ष ही था।

दूसरा गृहयुद्ध

बादशाह के बंदी रूप में सेना के सुपुर्द कर दिये जाने के बाद पार्लियामेंट में प्रेस्बीटेरियनों ने सोचा कि क्रांति पूरी हो गयी है और वे बादशाह के साथ सुलह की बातचीत करने के लिए तैयार हो गये। लेकिन आम जनता का क्रांतिकारी ओज किसी भी प्रकार शांत नही हुआ था, जिसे पांच वर्ष के युद्ध से कुछ भी नही प्राप्त हुआ था। सेना के सामान्य सैनिकों ने लड़ाई जारी रखना ही स्वीकार किया और लेवलर्स (समतावादी) नामक एक नया दल अस्तित्व में आ गया, जिसका नेता जान लिल्बर्न (१६१८–१६५७) था। इस दल ने सार्विक मताधिकार, राजतंत्र के उन्मूलन और भूस्वामियों की बाड़बंद जमीनों के किसानों को लौटाये जाने की मांग की। राजनीतिक सत्ता जल्दी ही सेना के हाथों में आ गयी और पार्लियामेंट ने युद्ध के समाप्त हो जाने के बहाने सेना को भंग करने का निश्चय किया। सेना को भंग करने की आज्ञप्ति ने उसमें नाराजी पैदा कर दी और सेना की रेजीमेंटों ने अपने प्रतिनिधि–एजिटेटर (आंदोलक)–चुनने शुरू कर दिये, जिन्होंने ग्रांडों (इंडीपेंडटों के सैनिक नेता अथवा अफसर आम सैनिकों में ग्रांड कहलाते थे) से निश्चयात्मक कदम उठाने की मांग की। सैनिकों को वश में रखने

क्रामवेल दीर्घकालीन पार्लियामेंट को भंग कर रहा है

के लिए क्रामवेल ने सेना महापरिषद (जनरल आर्मी काउंसिल) की स्थापना कर दी, जिसने सभी सैनिकों को अफसरों की निगरानी में रख दिया। कुछ ही बाद सेना ने लंदन पर कब्जा कर लिया और सारा देश वस्तुतः उसीके नियंत्रण में आ गया।

लेकिन अब सेना में वर्ग संघर्ष फूट पड़ा। ग्रांडों (अफसरों) और समतावादियों में यह विवाद शुरू हो गया कि राज्य का भावी राजनीतिक ढांचा किस प्रकार का हो। अफसर सार्विक मताधिकार से डरते थे और कहते थे कि इससे गरीब लोग सत्ता पर अधिकार और निजी संपत्ति का खात्मा कर सकते हैं।

इन विरोधी हितों के नतीजे के तौर पर जल्दी ही समतावादियों और आम सैनिकों ने विद्रोह कर दिया। क्रामवेल ने विद्रोह को कुचल दिया और सेना परिषद को भंग करके सिर्फ अफसरों की परिषद को ही बना रहने दिया।

सेना में इस संघर्ष का लाभ उठाते हुए अब प्रतिक्रांतिकारी तत्वों ने प्रमुखता प्राप्त कर ली। पार्लियामेंट में प्रेस्बीटेरियनों का राजतंत्रवादियों से समझौता हो गया और बादशाह कैद से भागकर स्काट सामंतों की शरण में पहुंचने में सफल हो गया, जिन्होंने बीस हजार सैनिकों की सेना जुटाकर क्रामवेल की सेना से लड़ने के लिए इंगलैंड पर चढ़ाई कर दी।

स्थिति की गभीरता को समझकर ग्राडा और समतावादियो ने अत म फिर मन कर लिया और क्रामवल की सना स्काटो का पराजित करन म सफल हो गयी। बादशाह को गिरफ्तार कर लिया गया और उसक आदश म हुए सार रक्तपात और उसक द्वारा ईश्वर क काय तथा अग्रज जनता को पहुची क्षति क लिए उस पर मुकदमा चलाया गया। सना न प्रस्बीटेरियनो को पालियामट स निकाल दिया और उसम बच गए इडीपडटो न बादशाह को धार राजद्रोह क लिए प्राणदड दिया। ३० जनवरी, १६४९ को बादशाह का सिर काट दिया गया और इगलैड सम्राट या लाड सभा (हाउस आफ लाडस) रहित गणराज्य घोषित कर दिया गया।

१६५३ म क्रामवल न लबी पार्लियामट क शष भाग को भी भग कर दिया और १६५८ म उस गणराज्य का लार्ड प्रोटेक्टर (परम सरक्षक) घोषित कर दिया गया और इस प्रकार वह इगलैड का एकमात्र शासक बन गया। क्रामवल न समतावादी और राजतत्रवादी, दोनो ही विरोधी पक्षो को बेरहमी क साथ कुचला। उसन आयरलैड और स्काटलैड म विद्रोह को दबा दिया और इन दशो को सदा सदा क लिए इगलैड का अग घोषित कर दिया (१६५८)। क्रामवल न विदश नीति क क्षत्र म भी अनक सफलताए प्राप्त की। इगलैड क मुख्य व्यापारिक प्रतिद्वद्वी हालैड को बुरी तरह पराजित करके और उसे नौपरिवहन अधिनियम स्वीकार करन क लिए मजबूर करके, जो १६५१ म तैयार किया गया था और जिसक अनुसार इगलैड मे बाहर जानेवाला सामान देश के तटो पर सिर्फ अग्रेजी जहाजो म या सबद्ध सामान का उत्पादन करनेवाले दश के जहाजो म ही लाया जा सकता था, उसन डच व्यापार को विनाशक चोट पहुचायी। क्रामवल न स्पन से जमाइका द्वीप, जो उस समय दास व्यापार का कद्र था, और स्पेनी नीदरलैड मे डकर्क को छीन लिया।

क्रामवेल का १६५८ मे देहात हुआ जब वह अपनी सत्ता के चरम पर था। लेकिन बूर्जुआ वर्ग ने जो देश का नया शासक वर्ग था, क्राति की नयी लहर और उसम जनसाधारण के शामिल होने की आशका से घबराकर चार्ल्स द्वितीय (१६६०-१६८५) और उसके बाद जेम्स द्वितीय (१६८५-१६८८) क रूप म राजतत्र की पुन स्थापना कर दी। जब इन अतिम स्टूअर्ट राजाओ ने अपन पूर्ववर्तियो की नीति को फिर से प्रचलित करने की कोशिश की तो बूर्जुआजी ने गौरवमय क्राति (ग्लोरियस रिवोल्यूशन) सपन्न करके इस राजवश को ही सदा के लिए भगा दिया। गौरवमय क्राति वह रक्तहीन क्राति थी जिसके द्वारा स्टूअर्टो के निकट सबधी ओरेज के प्रिस विलियम और उसकी पत्नी मरी को सिहासन पर बैठने के लिए आमत्रित किया गया था। यह घटना ससद की अतिम विजय की परिचायक थी, जो स्टूअर्ट निर

कुशता की बनिस्वत देश मे विद्यमान वर्ग हितो के सतुलन को अधिक सही तौर पर प्रतिबिंबित करती थी।

इगलैड की क्राति न सामतवाद के अतिम अवशेषो को मिटा दिया और उसके परिणामस्वरूप वहा एक नये प्रकार के राजतत्र का उदय हुआ जिसकी शक्तिया पार्लियामट द्वारा सीमित थी। ससदीय प्रणाली का सार था ससदीय चुनावो मे मतो का बहुलाश प्राप्त करनेवाली पार्टी द्वारा देश का शासित किया जाना। मत्री बहुसख्यक पार्टी के नताओ मे से नियुक्त किये जाते थे और सरकार ससद के प्रति उत्तरदायी थी। इसका यह अर्थ था कि अगर सरकार को पार्लियामेट का समर्थन न प्राप्त हो तो उसे सत्ता त्यागनी पडती थी। लेकिन पार्लियामेट मे शासक दल जनता के वास्तविक हितो का प्रतिनिधित्व नही करते थे, क्योकि आबादी के एक बहुत ही छोटे से हिस्से – ऊचे कुलो या पयाप्त आर्थिक साधनसपन्न लोगो – को ही मताधिकार प्राप्त था।

एक छोटे से देश से, जिसकी आबादी पद्रहवी शताब्दी म ३५-४० लाख से अधिक नही थी और जिसका न आयरलैड पर प्रभुत्व था न स्काटलैड पर ही, इगलैड अब एक प्रमुख यूरोपीय शक्ति बन गया था, जिसका सिर्फ समस्त ब्रिटिश द्वीपसमूह पर ही नही बल्कि उत्तरी अमरीका के विराट प्रदेशो और पूरे भारत पर भी शासन था।

सोलहवी सदी मे इगलैड ने स्पेन पर, सत्रहवी सदी मे डचो पर और अठारहवी शताब्दी म फ्रास पर विजये प्राप्त की। इगलैड की शक्ति मे यह वृद्धि देश के पूजीवादी विकास का एक प्रत्यक्ष परिणाम था।

इगलैड की क्राति पहली बूर्जुआ क्राति थी जिसके परिणामो ने अपने को देश की सीमाओ के बाहर भी दूर दूर तक अनुभूत करवाया और जिसे इतिहास का एक मोडबिंदु सिद्ध होना था। लेकिन शेष यूरोप म पूजीवादी अर्थव्यवस्था और बूर्जुआ शासन का प्रसार होने मे अभी बहुत देर लगनेवाली थी।

फ्रास का निरकुशतत्र

फ्रास मे, जहा पूजीवादी तत्वो का आविर्भाव पद्रहवी शताब्दी मे ही हो चुका था और सोलहवी सदी मे विनिर्माणशालाए भी पैदा होने लगी थी बूर्जुआ क्राति डेढ सौ साल बाद कही १७८९ मे जाकर ही हो पायी। इगलैड की क्राति फ्रास म निरकुश राजतत्र के चरमोत्कर्ष के समय अर्थात लुई चौदहवे के शासनकाल म हुई थी जिसे उसके सभी चाटुकार "सूर्यसम सम्राट कहा करते थे।

लुई चौदहवा १६४३ मे राजसिहासन पर आसीन हुआ जब वह केवल पाच वर्ष का ही था। उसने शासन की बागडोर १६६१ म अपने हाथो

म ल ली और आधी मदी म अधिक (१६६१-१७१५) अबाध राज किया। युवा सम्राट कहा करता था मै स्वय अपना मत्री हू," और वस्तुत वह सर्वसत्तावान शासक था जिसकी इच्छा ही उसकी सारी प्रजा की, उसके सारे राज्य की नियति को निर्धारित किया करती थी।

बहुत लबे समय तक इस विख्यात कथन को लुई चौदहवे का ही माना जाता रहा था कि मै ही राज्य हू," और यद्यपि आज इस कथन का तथ्य की अपेक्षा जनश्रुति ही अधिक माना जाता है, फिर भी इसका भाव फ्रास की तत्कालीन अवस्था पर बहुत ही अच्छी तरह से प्रकाश डालता है। बादशाह और उसके अतरग दरबारियो के हाथो म इतनी सत्ता थी और वे इतने ऐशो आराम मे रहते थे कि उनके लिए इस विशाल राज्य का आरभ और अत शाही दरबार के शानदार कक्षो और भवनो तक ही सीमित था।

लुई चौदहवे का लबा राज्यकाल 'महान युग" या 'महान लुई का युग' कहलाता था। उसके शासनकाल म वर्साई म एक नये राजमहल का निर्माण किया गया जिसकी भव्यता वैभव और ठाठ के आगे यूरोप के अन्य सभी राजमहल फीके पड गये थे। दरबार के कई सामतो ने बादशाह का अनुकरण किया और उन्होने अपने लिए शानदार अट्टालिकाओ और गढियो का निर्माण करवाया। लुई चौदहवे के शासनकाल म फ्रास ने स्पेन, हालैड इगलैड स्वीडन और आस्ट्रिया के खिलाफ अविराम युद्ध किये जिनमे फ्रासीसी सेनाओ ने कई शानदार जीते हासिल की और फ्रासीसी सेनानायको ने बडी ख्याति अर्जित की। फ्रास सारी दुनिया को यूरोप का सबसे शक्तिशाली राज्य लगता था।

लेकिन जैसे-जैसे इस 'महान युग" के वर्ष और दशक बीतते गये, वैसे वैसे सामान्य लोग, किसान और दस्तकार (सक्षेप मे वे लोग जिनके श्रम के फल सामतो पादरीवर्ग सेना, दरबार और स्वय बादशाह के पेट को भरते और तन को ढकते थे) अधिकाधिक अनुभव करते गये कि उनकी जिदगी लगातार बदतर होती जा रही है देश कगाल होता चला जा रहा है और हर दिन के साथ उन पर नये नये भार आते जा रहे है। राज्य के विभिन्न भागो म जन विद्रोह फूट पडे और उन्हे बडी कठिनाई के साथ ही कुचला जा सका। ये विद्रोह ही लुई महान के प्रति फ्रासीसी जनता के वास्तविक दृष्टिकोण के परिचायक थे। जब १७१५ म बादशाह की मृत्यु हुई, तो इस डर से कि कही कोई बडा विद्रोह न फूट पडे उसकी अत्येष्टि भी छिपाकर ही करनी पडी थी।

लुई पद्रहवे (१७१५ १७७४) के शासनकाल म इस सामतवादी निरकुश समाज की हालत और भी ज्यादा सगीन हो गयी। शासक अभिजात वर्ग और विशेषकर उसके उच्च सोपानो—बादशाह और उसके दरबारियो ने

अपने नाचरग, शिकार और खेल तमाशो की मसरूफियत मे युद्धक्लात देश की वहाली को, इस बात को कि उनका अधाधुध खर्च राजकोष की सामर्थ्य के वहुत वाहर था भूखेहाल किमानो की तकलीफो और वूर्जुआ वर्ग की वढती वेदारी को अनदखा किया। राजदरवार और छोटे-वेडे अभिजातो की फिजूलखर्ची खेल-तमाशो और रागरग की कोई सीमा ही न थी। भविष्य क बारे म कोई मोचता भी न था। कहा जाता है कि स्वय लुई पद्रहव ने कहा था "हमारे बाद चाहे कयामत ही आ जाय!" बादशाह उसके दरवारी और अधिकाश अभिजात इसी मानवद्वेपी सिद्धात के अनुसार रहत थे और यही मानत थ कि उनक लिए तो इस स्वर्णयुग का अत कभी होगा नही।

इस परजीवी अभिजात वर्ग की आय का एकमात्र स्रोत था कृपक समुदाय का शोपण और वूर्जुआजी पर लगाये कर। पर सर्वग्राही लूट न कृपक समुदाय को दरिद्र वना दिया था और फ्रासीसी कृपि म मार्विक सकट पैदा कर दिया था। अठारहवी शताब्दी मे कृपक समुदाय के मामती शोपण को तीव्र करन के लिए अपनाये गये आत्यतिक उपायो का मतलब सिर्फ एक ही था – वह यह कि अभिजात लोग स्वय उसी डाल को काट रहे थे कि जिस पर वे वैठे हुए थ।

व्यापक असतोप का ज्वार चढता ही गया। किसान जिस तरह रह रहे थ उस तरह रहने के व अनिच्छुक ही नही थे बल्कि उस तरह रहना सभव भी नही था। पूरी एक सदी के दौरान विशेपकर उसक मध्य और उत्तरार्ध मे प्रवल कृपक विद्रोहो न फ्रासीसी राजतत्र के ढाचे का हिला दिया था। शहरो मे दारिद्र्यग्रस्त मेहनतकश भी कई बार सडको पर निकल आये थे और उन्होन अन्नागारो और गोदामो पर हमले किये थे। वूर्जुआ वग जो इस समय तक मवसे शिक्षित और आथिक दृष्टि से सबसे शक्तिशाली वर्ग वन चुका था, अव न तो अपन अधिकारो के अभाव को ही और न राजदरवार तथा अभिजातो की मनमानी को और बरदाश्त करन के लिए तैयार था। सभी शोपित तथा अधिकारहीन वर्ग सपूर्ण तृतीय जनवर्ग (साधारण लोग) विशेपाधिकारसपन्न अल्पसख्या का विरोध करन के लिए एक हो गये।

प्रबोध युग

वूर्जुआ वर्ग और जनसाधारण म व्याप्त असतोप को अठारहवी सदी के प्रवोध युग की दाशनिक, राजनीतिक और अर्थशास्त्रीय कृतियो तथा ललित साहित्य म सजीव अभिव्यक्ति मिली। यह युग फ्रासीसी सस्कृति का वास्तविक स्वर्णयुग था।

प्रबोध युग के लेखक किसी एक ही विचारधारात्मक रुझान के प्रतिनिधि नही थे बल्कि उनमे आपस मे बहुत-बहुत भिन्नता थी। उनमे से सबसे पहलो मे एक जान मल्ये (१६६४-१७२६) नामक साधारण देहाती पादरी था जो अपनी जिंदगी भर अज्ञात ही रहा। उसकी मृत्यु के कई साल बाद जाकर ही उसकी पाडुलिपि (जिसे उसके "इच्छापत्र" के रूप मे प्रकाशित किया गया था) का छिप छिप हाथ दर हाथ सचरण शुरू हो पाया था। इस कृति मे उसने भौतिकवादी विचार व्यक्त किये थे और चर्च तथा सामती उत्पीडन की आलोचना की थी।

मेल्ये के विपरीत पुरानी पीढी के प्रबोधको – मोतस्क्यू (१६८६-१७५५) और वोल्तेयर (१६९४-१७७८) – ने अपने जीवनकाल मे ही बहुत प्रसिद्धि प्राप्त कर ली थी। मोतस्क्यू ने अपनी राजनीतिक तथा दार्शनिक कृतियो – 'फारसी पत्र और विधिसार" मे स्वेच्छाचार और निरकुश शासन की प्रखर तथा गहन आलोचना की। उसने स्वेच्छाचारी फ्रास के अन्यायो के मुकाबले मे स्वतत्रता मुख्यतया राजनीतिक स्वतत्रता के आदर्श पेश किये। मोतेस्क्यू को उचित ही बूर्जुआ उदारतावाद का जनक माना जाता है।

अति तीव्र और विलक्षण बुद्धि के धनी वोल्तेयर ने त्रासदियो, काव्यो, ऐतिहासिक कृतियो दार्शनिक उपन्यासो, व्यग्य कविताओ, राजनीतिक निबधो और लेखो की रचना की। वह चर्च का निर्भीक और कट्टर दुश्मन था और पादरी वाद विरोध का समर्थक था। वह सामती समाज की नैतिकता और जडसूत्रो की और निरकुशता मे अतर्निहित अव्यवस्था तथा बुराई की खिल्ली उडाता था। किंतु सुधार के अपने रचनात्मक कार्यक्रम मे और इसी तरह आम लोगो के प्रति अपने रवैये मे वोल्तेयर सयमित और नरमपथी था। फिर भी प्रबोध मे उसकी भूमिका बहुत बडी थी – उसके राजनीतिक विचारो के कारण इतनी नही जितनी कि अन्वेषण सशय और मुक्तचितन की उस भावना के कारण जिससे उसने नयी पीढी को प्रेरित किया और उन्हे प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप मे क्रातिकारी सघर्ष का रास्ता दिखाया।

डाक्टर दे ला मेत्री (१७०९-१७५१), जिसकी पुस्तक "मानव मशीन' ने अपने समय मे जबरदस्त सनसनी मचा दी थी, देनी दिदेरो (१७१३ १७८४), जो सुप्रसिद्ध बहुखडी विश्वकोश" तथा अनेक अन्य दार्शनिक व राजनीतिक कृतियो का मुख्य सपादक और प्रणेता था, हल्वेतियस (१७१५ १७७१), जिसने अपनी पुस्तक "बुद्धि के बारे मे' मे धार्मिक विश्वास और चर्च तथा स्वेच्छाचार की आलोचना की और द'होलबाख (१७२३ १७८९) जो सुख्यात प्रकृति की व्यवस्था" का लेखक था, आदि प्रबोध आदोलन के कुछ प्रमुख दार्शनिक थे। इन लोगो के भौतिकवाद मे अभी काफी असगतिया थी और वह अभी बिलकुल यात्रिक स्वरूप का ही था। तथापि उन्होने

रूढिवाद और अज्ञान के विरुद्ध सघर्ष करके, सस्थापित धर्म और मध्ययुगीन सिद्धातो की अवज्ञा करते हुए नये प्रगतिशील विचारो का प्रचार करके उस काल के सास्कृतिक विकास मे महत्वपूर्ण और सकारात्मक भूमिका अदा की।

प्रकृतितत्रवादियो (फ़िजियोक्रैट्स) के नाम से प्रसिद्धि पानेवाले अर्थशास्त्रियो केने, त्यूर्गो और द्यूपो दे नेमूर ने आर्थिक क्षेत्र मे उपक्रम और उद्यम की अबाध स्वतत्रता का, अर्थात बूर्जुआज़ी के हितो के साथ मेल खानेवाले विचारो का पक्षपोषण किया।

इन लेखको और प्रबोधको के ही साथ साथ जिनकी रचनाए उस समय के युवा और क्रातिकारी बूर्जुआ वर्ग की विचारधारा को अत्यत स्पष्टतापूर्वक प्रतिबिबित करती थी, कई अन्य लेखक और विचारक भी थे, जिनकी कृतियो ने जनसाधारण की आशाओ-आकाक्षाओ और सपनो को मुखरित किया। आत्मशिक्षित लेखक जा जाक रूसो (१७१२ १७७८) ने नयी पीढी पर बहुत ही प्रबल प्रभाव डाला, लेकिन फिर भी उसे अपनी सारी ज़िदगी बेघर, फटेहाल घुमक्कड की तरह ही गुज़ारनी पडी। अतर्विरोधो से परिपूर्ण होने के बावजूद रूसो के उपन्यासो कविताओ और दार्शनिक तथा राजनीतिक कृतियो ने अपने समकालीनो पर क्रातिकारी प्रभाव डाला। उनकी बुनियाद मे दो मुख्य विचार थे, जिन्होने उन्हे अत्यत प्रबल आकर्षक शक्ति बना दिया – समानता का विचार जो रूसो के नज़रिये मे राजनीतिक ही नही, बल्कि सामाजिक क्षेत्र से भी सबध रखता था, और जनसत्ता का विचार। उसके सपनो का आदर्श गणराज्य जिसमे समता का साम्राज्य है – निर्धनता तथा धनाढ्यता दोनो से समान रूप से अपरिचित छोटे उत्पादको एव सपत्तिधारियो का समतावादी गणराज्य निस्सदेह अयथार्थ था, किंतु वह उस कृषक समुदाय की चिरसचित आकाक्षाओ को प्रतिबिबित करता था जिसकी ज़मीनो को सामतो ने उससे छीन लिया था वह मेहनतकशो के एक दूसरे ही तथा कही अधिक न्यायपूर्ण समाज के सपनो को व्यक्त करता था, जिसका स्वय उन्हे भी अभी अस्पष्ट अनुमान ही था।

तत्कालीन समाज के निम्नतम सस्तरा की अस्पष्ट सामाजिक आकाक्षाओ को मोरेल्ली, जो 'प्रकृति का विधान का लेखक था और पादरी माब्ली जो कई राजनीतिक कृतियो का रचयिता था जैसे यूटोपियाई कम्युनिस्टो की कृतियो मे भी अभिव्यक्ति मिली। माब्ली और मोरेल्ली दोनो ने निजी सपत्ति पर आधारित सपूर्ण सामाजिक व्यवस्था की कटु आलोचना की। लेकिन यह आदर्श "नैसर्गिक" कम्युनिस्ट व्यवस्था – मानवजाति का स्वर्णयुग – उनकी निगाह मे प्रबोध की प्रगति से अभिन्न रूप मे जुडी हुई थी।

अभिव्यक्ति मे इस विभिन्नता के बावजूद प्रबोध आदोलन के प्रवर्तको मे एक स्पष्ट समानता थी और वह थी निरकुशता के युग के कालातीत हो

चुके सामतवादी समाज की सभी सामाजिक सस्थाओ, मतो और विधानो की निर्मम आलोचना करने का साहसपूर्ण दृढ सकल्प। इस वैचारिक प्रहार को जनसाधारण के सीधे क्रातिकारी आक्रमण का पूर्वगामी होना था।

प्रबोध आन्दोलन ने अठारहवी सदी मे फ्रास मे बहुत ही स्पष्ट और सशक्त भूमिका अदा की। लेकिन वह विशुद्ध फ्रासीसी परिघटना ही नही था – वह यूरोप भर मे फैल चुका था और जर्मनी, रूस, इटली और स्पेन, सक्षेप मे वे सभी देश जिनमे प्रगति के रास्ते मे आड़े आनेवाली सामती निरकुशता के विरुद्ध सघर्ष चल रहा था उसकी परिधि मे आ गये थे।

पूर्वी यूरोप के राजतन्त्र

जहा फ्रास मे पूजीवादी विकास कम से कम हो तो रहा था – चाहे इगलैंड की तुलना मे कही धीमी गति से ही सही, वहा पूर्वी यूरोप मे उत्पादन के सामती स्वरूप और सामती राज्य अब भी गहरी जड जमाये हुए थे और फ्रासीसी क्राति के समय भी क्रातिकारी विचार वहा कोई बहुत प्रभाव नही डाल पाये थे। यूरोप के प्रगतिशील देशो मे होनेवाले पूजीवादी विकास ने यहा – इगलैंड के विपरीत – सामती प्रतिक्रिया की लहर को ही जन्म दिया। यूरोपीय महाद्वीप के उत्तर-पूर्व और दक्षिण-पूर्व मे दो बडे राज्य – प्रशा और आस्ट्रिया – पैदा हो गये जिनकी अर्थव्यवस्थाए ज़मीन से आबद्ध किसानो की श्रम सेवा पर आश्रित अभिजातीय कृषि उद्यम पर आधारित थी। इन अवस्थाओ मे यहा सामती शोषण के प्राचीनतम स्वरूपो का प्रत्यावर्तन हुआ जिसका कारण यह था कि ऐल्ब नदी के पूर्व मे स्थित यूरोपीय देश पश्चिमी यूरोप की मडियो के लिए कृषिजन्य उत्पादो के स्रोत बन गये थे, जहा पूजीवाद ने इस समय तक जड जमाना शुरू कर दिया था। प्रशियाई पोलिश और आस्ट्रियाई ज़मीदारो ने किसानो की अनिवार्य श्रम सेवाओ का उपयोग करते हुए और उन्हे उनकी सभी व्यक्तिगत स्वतत्रताओ से वचित करते हुए अपनी जमीदारियो के साथ सदा सदा के लिए आबद्ध करके किसानो को उनकी पुरानी जोतो से बाहर खदेड दिया और उनकी जमीनो को अपनी निजी काश्त मे ले लिया। ये जमीदार अपनी उपज को यूरोप की मडियो मे थोक बेच बेचकर अमीर हो गये थे और इस तरह उन्होने समाज के विशेषाधिकारसपन्न अशको की हैसियत से अपनी स्थिति को मजबूत कर लिया था। प्रशा और आस्ट्रिया पूर्वी यूरोप मे सामतवाद तथा प्रतिक्रिया के गढ थे और लगातार आक्रामक युद्ध करते रहते थे। इसके लिए वे अपनी सेनाओ को लगातार बढाते रहते थे, जो अभिजातवर्ग के सदस्यो (प्रशा मे युकरो – धनी जमीदारो) की कमान मे होती थी जिनका पालन-पोषण पूर्वी यूरोप के जनगण के

खिलाफ सदियो स चली आ रही लडाइयो के वातावरण म हुआ था। इन जनगण म मे कुछ को उन्हाने दवाने और घुटन टेकने के लिए विवश करने म सफलता प्राप्त कर ली थी। छोट छोटे जर्मन रजवाडो की कीमत पर अपन क्षेत्रो का प्रसार करत हुए प्रशियाई और आस्ट्रियाई हिता म जल्दी ही टकराव हो गया, क्योकि दोनो ही जर्मनी को अपन-अपने नायकत्व म एकीकृत करन क लिए प्रयत्नशील थे। इसम दोना म से किसी को भी कामयावी नही मिली और न ही उन्नीसवी शताब्दी तक इस दिशा म कोई और प्रयत्न किय भी गय।

लेकिन इस प्रसग म पोलेड का इतिहास एक विशेष स्थिति रखता है। प्रशा की ही भाति यहा भी किसानो की वेगार पर आधारित कृषि की उन्नति हुई थी और जिन थोडे स नगरो न औद्योगिक कद्रो के रूप मे विकास किया भी था, उनका कोई खास महत्व नही था। इसक अलावा नगरवासी भी अपने आर्थिक क्रियाकलाप मे विद्यमान कृषि प्रणाली पर ही निर्भर करते थे और राजनीतिक तथा आर्थिक, दानो ही कारणो से पोलिश सामतो तथा प्रतिक्रियावादी सामती व्यवस्था का समर्थन करते थ। पोलिश सामतो की अवनापूण राजनीतिक स्वतत्रता का मतलव यही था कि पोलैड औपचारिक रूप म ही राजतत्र था, जब कि व्यवहार म प्रत्येक वडी जागीर का वस्तुत स्वतत्र अस्तित्व था और दश राजतत्र की बनिस्वत गणराज्य जैसा अधिक था। राज्य क सभी मामलो का निर्णय सेयमो (सामता क प्रतिनिधियो द्वारा निवाचित परिपदा) मे हुआ करता था जब कि सभी पोलिश सामतो को सेयमो के निर्णयो को अस्वीकार करन का और विद्यमान व्यवस्था के विरुद्ध सशस्त्र वल का उपयोग तक करने का अधिकार प्राप्त था। इन अवस्थाओ म राज्य अपनी एकता को कायम रखन की आशा नही कर सकता था और अठारहवी शताब्दी के अत मे उसका अस्तित्व समाप्त भी हो गया — उसे आस्ट्रिया, प्रशा और रूस ने आपस मे वाट लिया।

दूसरा अध्याय

रूस का निरकुशतत्र

सत्रहवीं शताब्दी की रूसी अर्थव्यवस्था। आतरिक व्यापार का विकास

सत्रहवी सदी का रूस सामतवादी राज्य ही था। लेकिन फिर भी उसकी अर्थव्यवस्था मे कुछ नये लक्षण प्रकट होने लगे थे – नयी ज़मीनो को काश्त मे लाया जा रहा था, दोन के इलाके मे दक्षिणी स्तेपियो को धीरे धीरे आवाद किया जा रहा था रूसी किसान वश्कीरिया की स्तेपियो म प्रवेश कर रहे थे और उत्तर के किसान उराल के पार साइबेरिया म भी कृषि करने लग थे। जैसे-जैसे मध्यवर्ती प्रातो म भूदासत्व का बोझ बढता गया, वैसे वैसे सीमातवर्ती प्रदेशो की तरफ किसानो के प्रव्रजन मे भी तेजी आती गयी।

इसी के साथ साथ नगर तथा औद्योगिक प्रदेश भी विकास कर रहे थे। उत्तर मे नमक के खनन को बढाया जा रहा था और इसके लिए कभी कभी खानो मे हज़ारो मजदूरो को काम पर लगाया जाता था। दस्तकारो की सख्या भी तेज़ी से बढी और इसी के अनुरूप व्यापार का भी प्रसार हुआ। दस्तकारो ने अब मात्र आदेश पर ही नही वल्कि बाज़ार मे बिक्री के लिए भी चीज़े बनाना शुरू कर दिया।

इस काल मे रूस के आर्थिक विकास का एक अतीव महत्वपूर्ण लक्षण अपेक्षाकृत बडे औद्योगिक उद्यमो – विनिर्माणशालाओ – का प्रकट होना था। ये विनिर्माणशालाए अब मात्र कार्यशालाए नही रही थी वे खासे बडे उद्यम बन गयी थी जिनमे बडी सख्या मे मजदूर हस्तचालित मशीनो का उपयोग करते थे और श्रम का विभाजन हो गया था। इसका यह मतलब था कि काम अधिक तेजी से होता था और उसकी उत्पादिता भी अधिक थी।

रूसी विनिर्माणशालाओ मे प्राचीनतम मास्को का ताप ढलाईखाना था जिस पद्रहवी सदी के अत म स्थापित किया गया था। देश म लोहा ढलाईखाने और लोहा तथा ताबा गलाने के कारखाने खोले गये। तूला और

कलूगा के पास देश के पहले लोहा कारखानो का निर्माण किया गया। यह सही है कि इस तरह की विनिर्माणशालाओ की सख्या बहुत कम ही थी, लेकिन फिर भी वे देश के औद्योगिक विकास मे नयी प्रवृत्तियो की परिचायक थी।

लेकिन समूचे तौर पर देश की अर्थव्यवस्था अब भी नैसर्गिक स्वरूप की ही थी–सभी महत्वपूर्ण सामान बाज़ार मे नही खरीदे जाते थे, बल्कि अलग-अलग जागीरो पर बनाये जाते थे। लेकिन फिर भी एक नया लक्षण प्रकट हो रहा था और यह था खरीद विक्री मे लगे लोगो की लगातार बढती हुई सख्या। किसान लोग अपनी बनायी चीज़ो को इसलिए बेचा करते थे कि अपनी खेतीबाडी के लिए आवश्यक बीज औज़ार, आदि की पूर्ति करने के वास्ते और अपने मालिको को लगान-कर देने के लिए पैसा प्राप्त कर सके। इधर दस्तकार, जिनकी सख्या लगातार बढती जा रही थी बाज़ार मे अपने बनाये सामान को बेचने और कृषिजन्य चीज़ो को खरीदने के लिए आया करते थे। उजरत पर काम करनेवाले मजदूर भी अपने कमाये धन से खाने-पीने का सामान, कपडे और जूते वगैरह खरीदने के लिए बाजार आया करते थे।

सत्रहवी शताब्दी मे व्यापार प्रगति करने लगा। वह अधिकाधिक लाभदायी होता गया। भूस्वामी जिस रूप लगान से प्राप्त फालतू उपज को स्थानीय मडियो मे बेच देते थे। सरदियो के आरभ मे सडके जैसे ही जाने जाने के लायक होती थी, भूस्वामियो के मकानो से अनाज लिनन, चरबी और खालो से लदी *हिमगाडिया शहरो और वहा की मडियो की तरफ रवाना* होने लगती थी। व्यापार नगरो मे ही सकेंद्रित था। मास्को अर्खागेल्स्क नीजनी नोवगोरोद, वोलोग्दा–ये सब प्रमुख व्यापार केंद्र थे। आस्त्राखान का कैवियर (साधित मत्स्याड), नमक और लवणित मछली नोवगोरोद यारोस्लाव्ल तथा कोस्त्रोमा की किरमिच और लिनन काज़ान का चमडा और चरबी, वोलोग्दा का मक्खन और लकडी के काम की चीजे और साइबेरिया के समूर सारे देश के नगरो मे बेचे जाते थे और दूसरे देशो को निर्यात भी होता था। अनाज का सभी जगह व्यापार होता था। नोवगोरोद मे बढिया कारबार के दिनो मे तो कभी कभी दिन भर मे हज़ार गाडी अनाज तक बिक जाया करता था।

ये व्यापारिक सबध देश का एक आर्थिक इकाई के रूप मे सुदृढीकरण करने मे सहायक हुए। धीरे धीरे एक देशव्यापी मडी पैदा हो गयी।

इस काल मे विदेशो से व्यापार की भी बहुत उन्नति हुई। इगलैड स्वीडन तथा हालैड के लिए रूस पूर्व का–फारस का और हिंदुस्तान की दौलत का–दरवाज़ा था। निर्यात व्यापार का मुख्य बदर अर्खागेल्स्क था। स्कैडीनेविया तथा पूर्व के बीच का व्यापार मार्ग वोलोग्दा तक उत्तरी द्विना तथा अन्य नदियो पर होकर और उसके बाद स्थलमार्ग से वोल्गा तक और

दूसरा अध्याय

रूस का निरकुशतत्र

सत्रहवीं शताब्दी की रूसी अर्थव्यवस्था। आतरिक व्यापार का विकास

सत्रहवी सदी का रूस सामतवादी राज्य ही था। लेकिन फिर भी उसकी अर्थव्यवस्था मे कुछ नये लक्षण प्रकट होने लगे थे – नयी जमीनो को काश्त मे लाया जा रहा था, दोन के इलाके मे दक्षिणी स्तेपियो को धीरे धीरे आबाद किया जा रहा था रूसी किसान वश्कीरिया की स्तेपिया म प्रवश कर रहे थे और उत्तर के किसान उराल के पार साइबेरिया मे भी कृषि करने लगे थे। जैसे जैसे मध्यवर्ती प्रातो मे भूदासत्व का बोझ बढता गया वैसे वैसे सीमातवर्ती प्रदेशो की तरफ किसानो के प्रव्रजन म भी तेजी आती गयी।

इसी के साथ-साथ नगर तथा औद्योगिक प्रदेश भी विकास कर रहे थे। उत्तर मे नमक के खनन को बढाया जा रहा था और इसके लिए कभी कभी खानो म हजारो मजदूरो को काम पर लगाया जाता था। दस्तकारो की सख्या भी तेजी से बढी और इसी के अनुरूप व्यापार का भी प्रसार हुआ। दस्तकारो ने अब मात्र आदेश पर ही नही, बल्कि बाजार मे बिक्री के लिए भी चीजे बनाना शुरू कर दिया।

इस काल मे रूस के आर्थिक विकास का एक अतीव महत्वपूर्ण लक्षण अपेक्षाकृत बडे औद्योगिक उद्यमो – विनिर्माणशालाओ – का प्रकट होना था। ये विनिर्माणशालाए अब मात्र कार्यशालाए नही रही थी, वे खासे बडे उद्यम बन गयी थी जिनमे बडी सख्या मे मजदूर हस्तचालित मशीनो का उपयोग करते थे और श्रम का विभाजन हो गया था। इसका यह मतलब था कि काम अधिक तेजी से होता था और उसकी उत्पादिता भी अधिक थी।

रूसी विनिर्माणशालाओ मे प्राचीनतम मास्को का तोप ढलाईखाना था जिसे पद्रहवी सदी के अत मे स्थापित किया गया था। देश म लोहा ढलाईखान और लोहा तथा ताबा गलाने के कारखाने खोल गये। तूला और

कलूगा क पास देश क पहले लोहा कारखानो का निर्माण किया गया। यह सही है कि इस तरह की विनिर्माणशालाओ की सख्या वहुत कम ही थी, लकिन फिर भी व दश के औद्यागिक विकास मे नयी प्रवृत्तियो की परिचायक थी।

लेकिन समूचे तौर पर देश की अर्थव्यवस्था अब भी नैसर्गिक स्वरूप की ही थी – सभी महत्वपूर्ण सामान वाजार म नही खरीदे जाते थे वल्कि अलग अलग जागीरो पर बनाये जाते थ। लेकिन फिर भी एक नया लक्षण प्रकट हो रहा था और यह था खरीद बिक्री म लगे लोगो की लगातार वढती हुई सख्या। किसान लोग अपनी बनायी चीजो को इसलिए वेचा करते थे कि अपनी खेतीवाडी के लिए आवश्यक बीज, औजार, आदि की पूर्ति करने के वास्ते और अपन मालिको को लगान कर देन के लिए पैसा प्राप्त कर सके। इधर दस्तकार, जिनकी सख्या लगातार वढती जा रही थी बाजार म अपने बनाय सामान को वचन और कृपिजन्य चीजो को खरीदने के लिए आया करत थे। उजरत पर काम करनेवाले मजदूर भी अपने कमाये धन स खाने पीने का सामान, कपड और जूत वगैरह खरीदन के लिए वाजार आया करते थ।

सत्रहवी शताब्दी मे व्यापार प्रगति करने लगा। वह अधिकाधिक लाभदायी होता गया। भूस्वामी जिस रूप लगान से प्राप्त फालतू उपज को स्थानीय मडियो मे वेच दते थे। सरदियो के आरभ म सडके जैसे ही आन जाने के लायक होती थी, भूस्वामियो के मकानो से अनाज लिनन चरबी और खालो स लदी हिमगाडिया शहरो और वहा की मडियो की तरफ रवाना होने लगती थी। व्यापार नगरो मे ही सकेद्रित था। मास्को अर्खागेल्स्क नीजनी नोवगोरोद, वोलोग्दा – ये सब प्रमुख व्यापार केद्र थे। आस्त्राखान का कैवियर (साधित मत्स्याड), नमक और लवणित मछली नोवगोरोद यारोस्लाव्ल तथा कोस्त्रोमा की किरमिच और लिनन, काज़ान का चमडा और चरबी, वोलोग्दा का मक्खन और लकडी के काम की चीजे और साइबेरिया के समूर सारे देश के नगरो मे बेचे जाते थे और दूसरे देशो को निर्यात भी होता था। अनाज का सभी जगह व्यापार होता था। नोवगोरोद मे बढिया कारबार के दिनो मे तो कभी कभी दिन भर मे हज़ार गाडी अनाज तक विक जाया करता था।

य व्यापारिक सवध देश का एक आर्थिक इकाई के रूप मे सुदढीकरण करने मे सहायक हुए। धीरे धीरे एक देशव्यापी मडी पैदा हो गयी।

इस काल म विदेशो से व्यापार की भी बहुत उन्नति हुई। इगलैड स्वीडन तथा हालैड के लिए रूस पूर्व का – फारस का और हिदुस्तान की दौलत का – दरवाज़ा था। निर्यात व्यापार का मुख्य बदर अर्खागेल्स्क था। स्कैडीनविया तथा पूर्व के बीच का व्यापार मार्ग वोलोग्दा तक उत्तरी द्विना तथा अन्य नदियो पर होकर और उसके बाद स्थलमार्ग से वोल्गा तक और

वहा से फिर आस्त्राखान के जरिये था। पूर्व से रेशम बेशकीमती कपडे, मसाले रंग मूल्यवान मृद्भाड जेवर जवाहरात और कालीन लाये जाते थे। रूस भी कितनी ही चीजों का निर्यात किया करता था, जैसे समूर, चमडा मोम शहद पोटाश और राल और कपडे, जेवर जवाहरात, बदूको, तोपो पिस्तौलो शराबो और शक्कर का आयात किया करता था। रूसी मडी मे बिकनेवाली अधिकाश चीजे अब भी वे ही थी, जो अलग अलग जागीरो पर तैयार की जाती थी और जो जमीदारो को किसानो से या तो जिस रूप कर (ओब्रोक) या श्रम सेवा – बेगार (बार्श्चिना) – के जरिये प्राप्त होती थी।

किसानो के श्रम का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाने के लिए भूस्वामियो ने भूदासो के उत्पीडन को और भी तेज कर दिया। इसमे वे जार के समर्थन पर भरोसा कर सकते थे और जार ने आज्ञप्तिया जारी करके किसानो को अपने मालिको की जमीनो से बाध दिया और उनकी सेवा के लिए विवश कर दिया। जार अलेक्सेई द्वारा १६४६ मे प्रवर्तित नयी विधि सहिता – उलोजेनिये – ने इस बधन को चिरस्थायी कर दिया और किसानो के लिए अपने मालिको की जागीरो को छोडकर जाना सदा सदा के लिए निषिद्ध कर दिया। बोयारो और द्वोर्यानिनो (सभ्रातो) को जागीरो के गुमाश्ते इसकी पक्की व्यवस्था करते थे कि किसानो पर लगान बकाया न रहे और वे ठीक से काम करे। लापरवाही, भूलचूक और अपराधो की सजा लाठी, डडे और कोडे से पिटाई कालकोठरियो मे कैद ओर जबरदस्ती भूखा रखा जाना थी।

निरकुश राजतत्र का उदय

सत्रहवी सदी के आरभ मे कृषक युद्ध को कुचलने के बाद द्वोर्यानिनो ने देश मे निरकुश राजतत्र की स्थापना की। इस सामाजिक सामती ढाचे ने उनके हितो के अनुकूल नीतियो का क्रियान्वयन सुनिश्चित बनाया। १६१३ मे रूसी सिहासन पर बैठने के लिए रोमानोव राजवश को चुना गया, जिसने रूस पर १६१७ की फरवरी क्राति तक राज किया।

पोलिश आक्रमणकारियो के भगाये जाने के बाद १६१३ मे रूस के सभी नगरो से बोयारो पादरियो भूस्वामियो और व्यापारियो के प्रतिनिधि नये जार का चुनाव करने के लिए मास्को मे जमा हुए और जेम्स्की सोबोर (प्रादेशिक सभा) का सयोजन किया गया। निस्सदेह यह कहना अनावश्यक है कि किसानो का इन कार्रवाइयो मे कोई भी भाग नही था। मिखाईल रोमानोव को जार चुना गया क्योकि बोयारो के इस पालित का इस विशेष घडी मे

द्वोयानिनो, व्यापारियो और कज्जाकों ने भी उपयुक्त उम्मीदवार माना था। द्वोयानिनो को आशा थी कि सिंहासन पर एक किशोर अनुभवहीन और कम समझदार सोलहवर्षीय ज़ार का आसीन करके वे राजकीय मामलों में अपने प्रभाव को और भी बढ़ा सकेंगे।

मिखाईल का पिता प्राधिधर्माध्यक्ष (पटिआर्क) फिलारेत उस समय पोलों का कैदी था। वह रूस के सभी पादरियों का प्रधान था (इवान प्रचंड के पुत्र फ्योदोर इवानोविच के शासनकाल में रूस का अपना अलग प्राधिधर्माध्यक्ष होने लगा था)। लेकिन जल्दी ही फिलारेत मास्को लौट आया और अपने बेटे मिखाईल के साथ राज करने लगा और इस तरह रूस के राजकीय मामलों में प्रधान भूमिका उसी की हो गयी।

देश में किसान विद्रोहों के जहां-तहां फूट पड़ने का सिलसिला अब भी बना हुआ था। मिखाईल और फिलारेत ने इन कृषक विद्रोहों को भड़कानेवालों को निर्मम दंड दिये।

पुनर्गठित रूसी राज्य को अपनी प्रादेशिक अखंडता की बहाली में अत्यधिक प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना करना पड़ा। स्वीडन उस समय भी नोवगोरोद प्रांत के उन इलाकों का स्वामी था जिन्हें उसने विपत्ति काल में दबोच लिया था। स्मोलेंस्क तथा रूसी राज्य के पश्चिमी भाग पर पोलैंड का कब्ज़ा था।

स्वीडन के विरुद्ध युद्ध के परिणामस्वरूप १६१७ में नोवगोरोद फिर रूसी राज्य का अंग बन गया, लेकिन फिनलैंड की खाड़ी का दक्षिणी भाग अब भी स्वीडन के कब्ज़े में ही रहा। फलस्वरूप रूस को समुद्र का निर्गमद्वार फिर भी नहीं मिल पाया।

उक्रइना का रूस के साथ सम्मिलन

पोलिश आक्रमणकारियों का अंत में लगभग उन सभी इलाकों से खदेड़ दिया गया, जिन पर उन्होंने कब्ज़ा कर लिया था। यद्यपि स्मोलेंस्क अब भी पोलों के हाथों में ही रहा, फिर भी रूसी राज्य ने अपने पुराने आकार को लगभग पूरी तरह से पुनः प्राप्त कर लिया था। सत्रहवीं सदी के मध्य में रूस और उक्रइना का सम्मिलन इस काल की एक अत्यधिक महत्वपूर्ण ऐतिहासिक घटना है। उक्रइना और बेलारूस प्राचीन रूसी राज्य के अंग थे और उक्रइनी जनतंत्र की वर्तमान राजधानी कीयेव रूसी राज्य के सबसे प्राचीन नगरों में एक था।

तेरहवीं शताब्दी में उक्रइना के काफ़ी बड़े भाग पर मंगोल-तातारों का अधिकार हो गया और उक्रइना के शेष भाग तथा बेलारूस का लिथुआनी सामंतों ने हथिया लिया। आगे चलकर लिथुआनिया ने पोलैंड के साथ

सहबध बनाया और एक पोल-लिथुआनी राज्य की स्थापना हुई। उक्रइना और बलोरूस उसके अधीनस्थ प्रात बन गये और पोलिश, बेलोरूसी तथा लिथुआनी किसानो को पोलिश व लिथुआनी सामतो के एक ही प्रकार के शोषण तथा उत्पीडन का शिकार होना पडा।

उक्रइनी गावो म अनेक ऐसे किसानो को देखा जा सकता था, जिनके नाक-कान काट दिये गये थे या जिनके माथा पर लोहे को गरमाकर सूलिया के निशान दाग दिये गये थे। पोलिश कानून सामतो को अपने किसाना पर इस प्रकार के अत्याचार करने की और उन्हे जान से मार देने तक की भी इजाजत देता था।

पोलिश सामतो द्वारा अपनी अधीनस्थ जातियो का उत्पीडन भी इसी प्रकार अत्यत कठोर था। कैथोलिक मतावलबी पोलिश सामत बेलोरूसी और उक्रइनी किसानो की, जो प्राच्य सनातनी चर्च (ओर्थोडोक्स चर्च) को मानते थे भाषा रीति-रिवाजो और धार्मिक विश्वासो का तिरस्कार और अवमानना करते थे। धार्मिक उत्पीडन और दमन का जोर था और इन इलाको के रहनेवालो को जबरदस्ती कैथोलिक बनाने के प्रयास भी किये गये थे।

निस्सदेह उक्रइनी और बेलोरूसी किसानो ने अपनी इस स्थिति को कभी स्वीकार नही किया। सोलहवी सदी और सत्रहवी सदी के पूर्वार्ध मे पोलिश जमीदारो और प्रशासनाधिकारियो के विरुद्ध कई जगह विद्रोह फूट पडे। द्नीपर क्षिप्रिकाओ (नदी के तेज बहाववाले हिस्सो) के आसपास रहनेवाले जापोरोज्ये के कज्जाको ने पोलिश सामतो के विरुद्ध सघर्ष मे बहुत महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। यह कज्जाक समुदाय पोलिश सामतो के अत्याचारा से भागकर आनेवाले उक्रइनी तथा बेलोरूसी किसानो से बना था। उसम बोयारा, द्वोयानिनो तथा जार और राजकीय अधिकारियो के जुल्मो से बचकर भागकर आनेवाले रूसी किसान भी थे।

सत्रहवी शताब्दी के पाचवे-छठे दशको मे सारे उक्रइना और बेलोरूस मे पोलैड के खिलाफ एक व्यापक जनविद्रोह फूट पडा। जापोरोज्ये के कज्जाको और निर्धन नगरवासियो न विद्रोही किसानो की सहायता की।

कृषक सेना का नेता बोगदान ख्मेल्नीत्स्की था। १६४८ के वसत मे युद्ध सही मानी मे शुरू हो गया। किसानो ने पोलिश सामतो और स्थानीय उक्रइनी जमीदारो से निबटना शुरू कर दिया। दूर दूर से किसानो के जत्थे आकर ख्मेल्नीत्स्की की फौज मे शामिल होने लगे और जल्दी ही बगावत सारे उक्रइना और बेलोरूस मे फैल गयी।

रूसी जनता ने उक्रइनियो और बेलोरूसियो की पोलिश शासको के खिलाफ सघर्ष म सहायता की। दोन क्षेत्र के कज्जाको रूसी किसानो और

नगरवासियो के दस्तो ने इस सघर्ष मे भाग लिया। रूसी सरकार अरसे से खाद्य सामग्री और हथियार मुहैया करके विद्रोही उक्रइना की सहायता करती आयी थी।

ख्मेल्नीत्स्की ने रूसी ज़ार अलेक्सेई से अनुरोध किया कि वह उक्रइना को रूसी राज्य का अग बना ले। मास्को मे इस प्रश्न पर लबी और विस्तृत मत्रणा हुई। रूसी इस बात को अच्छी तरह जानते थे कि इस अनुरोध को स्वीकार करने का मतलब उक्रइनी भूमि पर पोलैंड से लडना होगा, लेकिन इस सम्मिलन के ज़बरदस्त महत्व को भी समझा जाता था और अत मे इस प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया गया। बोयार वसीली बुतुर्लीन को ज़ार के दूत की हैसियत से उक्रइना भेजा गया और सम्मिलन की अतिम व्यवस्था करने के लिए पेरेयास्लाव नगर मे उक्रइनी रादा (महापरिषद) का समायोजन किया गया।

रादा मे भाग लेने के लिए बडी सख्या मे सबद्ध लोग – कज़्ज़ाक और उनके स्तरशिना (मुखिया जो युद्धकाल मे सेनापति भी होते थे) और उक्रइना के कई नगरो तथा ग्रामो के प्रतिनिधि – एकत्र हुए। रादा की सारी कार्रवाई बडी उत्तेजना के वातावरण मे चली और उसकी शुरूआत बोगदान ख्मेल्नीत्स्की के जोशीले भाषण के साथ हुई जिसमे उसने उक्रइनी जन के कष्टो की ओर ध्यान आकर्षित किया। उसने उनके रक्तरजित कठोर सघर्ष की ओर और इस बात की तरफ सबका ध्यान खीचा कि उक्रइना अब अकेला नही रह सकता और उसे स्वेच्छा से रूस के साथ मिल जाना चाहिए। एकत्रित लोगो ने सर्वसम्मति से उसके प्रस्ताव का समर्थन किया। इस प्रकार १६५४ की पेरेयास्लाव रादा ने यह निर्णय किया कि उक्रइना और रूस को सयुक्त हो जाना चाहिए और सदा सदा के लिए एक हो जाना चाहिए।

रूस और उक्रइना के एकीकरण के लिए जनता के सघर्ष के परिणामस्वरूप उक्रइना रूसी राज्य का अग बन गया। इस घटना को रूसी राज्य के उत्तरवर्ती इतिहास मे दोनो ही जातियो के लिए अत्यधिक महत्व की सिद्ध होना था।

इस तरह उक्रइनी जनता को पोलिश सामतो के राजनीतिक तथा धार्मिक उत्पीडन से मुक्ति मिल गयी। पोलिश भूस्वामियो के मनमाने कानूनो का बोलबाला खत्म हो गया। अपनी अतर्निहित क्रूरता के बावजूद रूसी भूदास प्रणाली पोलिश व्यवस्था के विपरीत ज़मीदारो को यह अनुमति नही देती थी कि वे अपने किसानो को प्राणदड दे सके। इस कारण पोलिश भूस्वामियो के खदेड बाहर किये जाने के बाद उक्रइना मे भूदासो का उत्पीडन अपेक्षाकृत कुछ कम हो गया।

रूस के साथ एकीकरण के परिणामस्वरूप उक्रइना की समूचे तौर पर उन्नति और रूसी तथा उक्रइनी जनो मे आर्थिक राजनीतिक एव

सांस्कृतिक संबंधों का संवर्धन हुआ। अब इन दोनों के लिए देश में अपने साझे उत्पीड़कों और विदेशी शत्रुओं के खिलाफ संघर्ष करना सुगम हो गया।

रूस और उक्रइना के एकीकरण के तुरंत बाद रूस और पोलैंड में लड़ाई छिड़ गयी, जो तेरह साल चली। १६६७ में संपन्न अंद्रुसोव की संधि से रूसी राज्य को पोलैंड द्वारा सत्रहवीं सदी के आरंभ में दक्षिण-पश्चिमी रूस में छीने गये प्रदेश वापस मिल गये और उक्रइना का द्नीपर के पूर्ववाला भाग और कीयेव नगर (जो उसके पश्चिमी तट पर था) प्राप्त हो गये। द्नीपर के पश्चिम का उक्रइनी इलाका पोलैंड के हाथों में ही रहा।

स्तेपान राज़िन का विद्रोह

सत्रहवीं शताब्दी विराट जन-विद्रोहों की सदी थी। इन विद्रोहों में सबसे महत्वपूर्ण वह था, जिसका नेता स्तेपान राज़िन नामक दोन क्षेत्रीय कज़्ज़ाक था। इस विद्रोह का आरंभ दोन के इलाके में हुआ था, जहां बहुत समय से भूदासत्व और गरीबी से बचने के लिए किसान भागकर आते और बसते रहे थे। यहां खुशहाल कज़्ज़ाक भी थे, पर बहुलांश निर्धनों का ही था, जिनके पास लगभग ज़रा भी संपत्ति न थी। गरीब कज़्ज़ाकों का नेता स्तेपान राज़िन था, जो एक अनुभवी आदमी था। वह दुनिया का काफी कुछ देख चुका था और रूस के विराट विस्तारों को भी पैदल पार कर चुका था और इस कारण भूदासों के कष्टों से और भूस्वामियों तथा ज़ारशाही अधिकारियों के प्रति उनकी सख्त नफरत और शिकायतों से सुपरिचित था।

विद्रोह की शुरूआत १६६७ में वोल्गा नदी पर एक अभियान के साथ हुई, जिसमें राज़िन और उसके साथी व्यापारी और ज़ारशाही जहाज़ों पर हमला करके उनके माल पर कब्ज़ा कर लेते थे, ज़ारशाही अफसरों को मौत के घाट उतार देते थे और जहाज़ियों में से ज़्यादातर को अपने साथ शामिल होने के लिए राज़ी कर लिया करते थे। जहाज़ों से लूटे हथियार और बारूद भी उनके लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध हुए।

उराल नदी (जो उस समय याइक नदी कहलाती थी) के किनारे सरदियां काटने के बाद राज़िन और उसके सैनिक कास्पियन सागर जा पहुंचे, जहां उन्होंने मूल्यवान मालों से लदे फारसी जहाज़ों के काफिलों को लूटा। भारी मात्रा में रेशम, मूल्यवान वस्तुओं तथा अन्य अनेक कीमती पूर्वी मालों को लूटने के बाद राज़िन और उसके अनुगामी आस्त्राख़ान लौट आये। इसी बीच राज़िन द्वारा फारसी जहाज़ों के लूटे जाने की खबर दूर-दूर तक फैल चुकी थी।

१६६९ मे राज़िन और उसके अनुगामी दोन के इलाके में लौट आये और नये अभियान की तैयारी करने लगे। सबसे पहले उन्होने स्तेपी से मास्को जानेवाली सडक को अपने अधिकार मे ले लिया राजमार्गों पर मज़बूत किलेबद चौकिया कायम की और ज़ारशाही जासूसो को ठिकाने लगाना शुरू किया। वे जहा भी जाते थे, वही स्थानीय किसान हथियार उठाकर अपने मुकामी नेताओं के नीचे गोलबद हो जाते थे और फिर एकसाथ राज़िन के साथ आ मिलते थे। इस तरह उसकी सेना लगातार बढती और शक्तिशाली होती गयी।

मई, १६७० तक विद्रोह और अधिक राजनीतिक स्वरूप ग्रहण कर चुका था। राज़िन के सैनिक अब सिर्फ लूट के माल के लोभी ही नही रह गये थे, वरन वे भूस्वामियो और ज़ारशाही अधिकारियो के लिए एक गभीर खतरे का प्रतिनिधित्व करने लगे थे।

राज़िन के दस्तो ने त्सारीत्सिन (वर्तमान वोल्गोग्राद) और तत्पश्चात आस्त्राखान पर अधिकार कर लिया। जो भी नगर राज़िन के सामने आत्म समर्पण कर देते थे उनमे ज़ारशाही प्रशासनाधिकारियों को मार डाला जाता था या फिर बाहर खदेड दिया जाता था और उनके अभिलेखागारो तथा उनमे सुरक्षित दस्तावजो, किसानो पर भूस्वामियो के अधिकारो की पुष्टि करनेवाले अधिपत्रो को जला डाला जाता था।

इसके बाद राज़िन और उसके अनुगामियो ने वोल्गा की राह जाकर सरातोव और समारा (वर्तमान कूइबिशेव) को सर कर लिया। आसपास के गावो के किसानो ने अपने मालिको के खिलाफ हथियार उठा लिये और उनके झुड के झुड राज़िन की सेना मे शामिल होने लगे। शाही और मठो की ज़मीनो पर रहनेवाले किसानो और वोल्गातटीन जातिया – मार्न्वा चुवाश तथा मारी – ने भी बगावत कर दी जिनका ज़ारशाही अधिकारी निर्मम उत्पीडन करते थे। कुछ ही समय के भीतर विद्रोह पूरे नीजनी नावगोरोद प्रदेश मे और पेजा तथा तबोव तक भी फैल गया। किसानो ने बोयारो और द्वोर्यानिनो की जागीरो को उजाड दिया और मालिको को मार डाला। राज़िन के अनुगामियो ने देश भर मे उद्घोषणाए भेजकर जनता का हथियार उठाने के लिए आह्वान किया। विद्रोह के दौरान अनेक महत्वपूर्ण नये किसान नेता सामने आये, जैसे अतामान (कज़्ज़ाक मुखिया) नचाई और चिरोक नामक किसान। कृषक नेताओ मे अल्योना नाम की एक स्त्री भी थी जिसके नीचे सात हज़ार किसान थे और जो निर्भयतापूर्वक लडती थी। ज़ार के अधिकारी उससे इस कदर दहशत खाते थे कि वे उसे चुडैल मानते थे।

बागी किसानो की दृष्टि मे उनका मुख्य लक्ष्य मुकामी मालिको से बदला लेना ही था। वे समझते थे कि उनकी हवेलिया को नष्ट करके वे

भूदासत्व का सदा-सदा के लिए खात्मा कर रहे हे। लेकिन तथ्य यह था कि किसानो का मुख्य शत्रु समूचे तौर पर भूदासप्रथा ही थी, जिसका प्रमुख अवलंब जार था, जो स्वय सबसे बडा भूस्वामी था। किसान यह नही समझते थे कि उनका मुख्य शत्रु निरकुशतत्र था और अब भी इस भ्राति मे थे कि भूस्वामियो का समर्थन करनेवाले जार की जगह पर अच्छा जार बिठाया जा सकता है जो किसानो की जरूरतो को समझेगा। किंतु ऐसा कभी नही हो सकता था – जार सदा भूस्वामियो के हितो का रक्षक ही हो सकता था।

देश के विभिन्न भागो म लगातार कृषक विद्रोहो का ताता बधा रहा, किंतु उनम क्रातिकारी कार्रवाई की कोई सर्वग्राही योजना नही थी और सगठन का भी अभाव था। किसानो को युद्ध का अनुभव नही था और उनके पास हथियारो की कमी थी। वे हसियो, कुल्हाडो और लाठियो मे लडते थे, जो ज़ार की तोपो के सामने बेकार ही थे।

जार ने अनुभवी सेनानायको की कमान मे एक विशाल सेना राज़िन के खिलाफ भेजी। वीरतापूर्ण प्रतिरोध के बावजूद विद्रोह को कुचल दिया गया। विद्रोहियो से कैसा क्रूर और अमानुषिक बदला लिया गया, इसकी मिसाल अर्जामास नगर मे देखी जा सकती थी, जो शब्दश फासी की टिकठियो स भरा पडा था और हर टिकठी पर चालीस-चालीस पचास-पचास लाश लटकी हुई थी। तीन महीन क भीतर इस शहर मे ग्यारह हजार लोगो को फासी पर लटकाया गया था।

विद्रोह के नता स्तेपान राज़िन का अत भी बडा लोमहर्षक था। आरभ म राज़िन दोन कज्जाको के इलाको मे जाकर छिप गया था, लेकिन बाद म कुछ अमीर कज्जाको ने उसे पकडकर जारशाही अधिकारियो के हवाले कर दिया। उसे मास्को लाया गया और भयानक यत्रणाए दी गयी। जून, १६७१ म स्तेपान राज़िन के जीवन का लाल चौक म बीभत्स अत हुआ – उसे जीत जी टुकडो टुकडो म काट दिया गया।

यद्यपि इस काल क कृषक विद्रोह भूदासत्व का अत करने मे असफल रह फिर भी उन्होने इस प्रणाली को कमजोर करने और उसके जीवनकाल को कम करन म अवश्य योग दिया।

रूसी साम्राज्य का निर्माण

पश्चिमी यूरोप के इगलैड जैसे प्रगतिशील देशो की तुलना म रूस सत्रहवी सदी म एक पिछडा हुआ देश था। तातार-मगोलो के आक्रमण के परिणामस्वरूप रूस क विकास का सख्त धक्का लगा था। देश को दो सदी स अधिक तातारो क निर्मम जूए के नीचे पड रहना पडा था। आक्रमणकारियो

पीटर महान

के खदेड बाहर किये जान के बाद शहरो और गावो का पुनर्निर्माण करना और स्थानीय शिल्पा का पुनरुत्थान करना जरूरी था। अन्य सामती राज्या की ही भाति देश का असख्य छोटे-छोटे रजवाडो म विभाजन रूस क लिए एक विकट समस्या थी। लेकिन रूस का एकीकरण उसके विराट आकार के कारण, जो कई यूरोपीय राज्यो के सयुक्त आकार के बराबर था विशेषकर दुष्कर कार्य था। रूस के पास न कोई सुविधाजनक बदरगाह था और न ही विकसित उद्योग। न उसके पास कोई सुसगठित सेना या नामना ही थी जिसके कारण उसे प्राय विदेशी आक्रमणकारियो के हमलो का शिकार होना पडता था, जो उसकी अर्थव्यवस्था को और भी कमज़ोर कर दत थ।

रूस के लिए यह अत्यधिक महत्वपूर्ण था कि वह अपन इस पिछडपन पर काबू पाये जब कि पश्चिमी यूरोप के देश इतनी तज़ी के साथ प्रगति कर रहे थे। ऐसा न होता तो य देश उस अपन अधीन कर लत और उसकी उन्नति म और भी बाधा डालते।

रूस मे अभी पूजीवाद के उदित होन का समय नही आया था — रूस अब भी एक केद्रीकृत सामती राज्य ही था जिसकी अर्थव्यवस्था भूदास

कृषि पर आधारित थी। लेकिन फिर भी उसने इस पिछडेपन के विरुद्ध सख्त सघर्ष करना शुरू किया और प्रशासन तथा अर्थव्यवस्था म महत्वपूर्ण और निश्चयात्मक कदम उठाये।

कालातीत राजकीय तत्र का पुनर्गठन करना और सास्कृतिक उन्नति तथा औद्योगिक विकास का सवर्धन करना प्राथमिक महत्व का कार्य था। पश्चिमी यूरोप के साथ सुविधाजनक व्यापार मार्गो का निर्माण करन और दृढ सास्कृतिक सूत्रो की स्थापना करने के लिए रूस को समुद्र तक पहुचन के रास्तो की जरूरत थी। अपने शक्तिशाली पडोसियो से अपनी रक्षा करन के वास्ते उसके लिए नियमित सेना तथा नौसना का निर्माण करना आवश्यक था। ये कदम पीटर महान के शासनकाल (१६८२-१७२५) मे उठाये गये।

पीटर के शासनकाल मे रूस चाहे अपन पिछडेपन का पूरी तरह से दूर नही कर पाया फिर भी उसन रूसी तथा साम्राज्य की अन्य जातिया क प्रयासो की बदौलत उल्लेखनीय उन्नति अवश्य की। इस कार्य मे प्रतिभाशाली और चतुर नये जार और उसके पार्षदो ने महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया।

रूसी राज्य को अरसे से सामुद्रिक तटरेखा की आवश्यकता थी। श्वत सागर जो रूस से लगा हुआ था साल मे छ सात महीने जमा हुआ और इस कारण जहाजरानी के अयोग्य रहता था और किसी भी सूरत म वह मुख्य समुद्र मार्गो से बहुत दूर था। बाल्टिक सागर का तट उस समय स्वीडा के हाथो मे था और काले सागर पर तुर्की का निर्बाध प्रभुत्व था। पीटर के अधीन रूस ने बाल्टिक क्षेत्र मे प्रभुता की स्थापना क लिए लबे और विकट सघर्ष का समारभ किया।

बाल्टिक सागर के तटवर्ती प्रदेशो का कुछ भाग, उदाहरण के लिए, फिनलैड की खाडी का तट पुरान जमाने म नोवगोरोद क राजाओ के अधीन था। पीटर के सिहासन पर बैठने से पाच सदी पहले नोवगोरोद के जहाजी जर्मन व्यापारिक जहाजो से कातलिन (वर्तमान क्रोनश्तादत) द्वीप पर जाकर मिला करते थे और फिर उनका नेवा नदी और लादोगा झील मे सचालन करते हुए वोल्खोव क रास्ते नोवगोरोद लाया करते थे। तेरहवी शताब्दी म नेवा क तट पर स्वीडो क विरुद्ध भयकर युद्ध मे राजा अलेक्साद्र नेव्स्की न समुद्रतट के इसी भाग म नोवगोरोद के इलाको की रक्षा की थी।

पीटर महान न स्वीडन के खिलाफ पालैड और डेनमार्क के साथ सहबध स्थापित किया और १७०० के पतझड म स्वीडन के साथ लडाई शुरू हो गयी। उत्तरी युद्ध के नाम स विख्यात यह लडाई इक्कीस साल चली। आरभ मे स्वीडा का पलडा भारी रहा, क्योकि उनकी तैयारिया ज्यादा अच्छी थी। रूसी सनाओ न नवबर १७०० म जब सरदिया शुरू हो चुकी थी, नार्वा

दुर्ग के निकट स्वीडो का सामना किया। इस पहली मुठभेड मे स्वीडो की विजय हुई जिन्हे हथियारो और साजसामान मे श्रेष्ठता प्राप्त थी।

नार्वा की पराजय रूसी सेना और पीटर महान – दोनो ही के लिए महत्वपूर्ण पाठ सिद्ध हुई। नयी और अधिक दक्ष सेना खडी करने के लिए गहन प्रयास शुरू हुआ और नये सैनिको को भरती तथा प्रशिक्षित किया गया। तैयारियो के दौरान जब यह बात सामने आयी कि हथियारो के लिए धातु की कमी है, तो पीटर न तोप ढालने के लिए गिरजाघरो के घटो को भी पिघलाने का आदेश दे दिया। इस तरह ३०० नयी तोप हासिल की गयी। १७०२ के पतझड मे पीटर ने नेवा के लादोगा झील से उदगमस्थल पर स्थित मजबूत स्वीडिश दुर्ग को सर करन मे सफलता प्राप्त कर ली। पहले इसी स्थल पर प्राचीन नोवगोरोद राज का ओरेशेक नगर हुआ करता था। नेवा के ज़रिये समुद्र का प्रवश माग प्रदान करनवाले इस दुर्ग को पीटर ने श्लीस्सेलबुर्ग ('कुजी नगर') नाम दिया।

इन सैनिक सफलताओ के परिणामस्वरूप रूस को फिनलैड की खाडी के तट पर नियत्रण प्राप्त हो गया। मई, १७०३ मे नेवा नदी के उत्तरी तट के निकट जायाची टापू पर पेत्रोपाव्लोव्स्की (पीटर पाल) दुर्ग की नीव डाली गयी। अपने बनाये रेखाक्नो के अनुसार निर्मित इस दुर्ग के निकट ही पीटर न १७०३ म नेवा के दलदली किनारो पर अपनी नयी राजधानी की नीव डाली। इस शहर को पीटर्सबुर्ग अथवा सट पीटर्सबर्ग नाम दिया गया। अब यह सोवियत राज्य के सस्थापक लेनिन के नाम पर लेनिनग्राद कहलाता है।

नयी राजधानी के निमाण के लिए हजारो भूदासो क श्रम की ज़रूरत पडी। घोर शीत और अमानवीय अवस्थाओ के बावजूद नयी राजधानी धीरे धीरे खडी हाती गयी। बहुत से मजदूरो को घुटन घुटने पानी म खड होकर काम करना पडता था और अस्थिर दलदली मिट्टी म नीव रखते हुए प्रकृति स कठोर सग्राम करना होता था। लेकिन इस नगर को जिसन अपने निर्माण मे असख्य भूदासो और मजदूरो के प्राणो की बलि ली आगे चलकर रूस के भविष्य के लिए अत्यधिक महत्व का सिद्ध होना था। देश को अब एक तटवर्ती राजधानी और एक बडे व्यापारिक बदरगाह की प्राप्ति हो गयी – 'यूरोप की खिडकी' उसके लिए खुल गयी।

१७०७ मे उत्तरी युद्ध का मुख्य स्थल उक्रइना बन गया। जून १७०६ म रूसियो न पोल्तावा के निकट स्वीडो पर निर्णायक विजय प्राप्त की।

उत्तरी युद्ध १७२१ तक चलता रहा। उसक अत म नीस्ताद शाति-सधि क अतगत रूस को सट पीटसबर्ग के आसपास फिनलैड की खाडी क सार तट और करलिया क कुछ भाग क साथ-साथ लाटविया और एस्तानिया

भी प्राप्त हुए। इसका यह मतलब था कि रूस को दो और सुविधाजनक बाल्टिकतटीन बदरगाह – रीगा तथा रेवेल (वर्तमान तालिन) – मिल गये। वह एक प्रतिष्ठित बाल्टिक शक्ति बन गया और इस प्रकार उसने अपना एक अति चिरपोषित लक्ष्य प्राप्त कर लिया।

नीश्ताद शाति सधि के उपलक्ष्य म पीटर ने अपनी नयी राजधानी मे भव्य समारोहो का आयोजन किया। उसी साल – १७२१ मे ही – उसन सपूर्ण रूस के सम्राट की उपाधि भी धारण की। रूसी राज्य को अब साम्राज्य के नाम से विज्ञात होना था जो एक महाशक्ति के रूप म उसके उदय का प्रतीक था। पीटर के पार्षदो न उस समय कहा था ' अस्तित्वहीन रहने के बाद हमने अस्तित्वमान होना शुरू कर दिया है और अब हम विश्व राजनीतिक समुदाय म सम्मिलित हो गये है। "

पीटर महान के सुधार

पीटर के शासनकाल म बहुत सारे सामाजिक तथा राजकीय सुधार किये गये। इन्हे प्रतिक्रियावादी बोयारो और धर्माधिकारियो के विरुद्ध कठोर सघर्ष चलाकर ही लागू किया जा सका था और इन्होने आगे चलकर देश की प्रगति मे बहुत महत्वपूर्ण भूमिका अदा की।

पीटर के पहले रूस मे कभी भी नियमित सेना नही रही थी। सेना सिर्फ युद्धकाल म ही जुटायी जाती थी। पीटर न नियमित सेना की स्थापना की और उसके समुचित प्रशिक्षण की व्यवस्था की। भरती की प्रणाली का भी पुनर्गठन किया गया। सामान्य सैनिक किसानो और शहरी आबादी, दानो म से ही भरती किये जाते थे। हर बीस कृषक परिवारो से एक सैनिक (रगरूट) लिया जाता था। अभिजात वर्ग के सभी पुरुषो के लिए सैन्य सेवा अनिवार्य थी। सेना मे एकरूप वरदी का भी प्रचलन हुआ – पीटर के रक्षकदल के सैनिक (गार्ड) गहरे हरे रग के कुरते और तिकोन टोप पहनते थ और सगीनदार बदूका से लैस होते थे।

पीटर ने नौसेना का निर्माण उत्तरी युद्ध के छिडने के बहुत पहले उसी समय शुरू कर दिया था जब वह आजोव सागर मे एक अभियान भेजने की योजना बना रहा था। उत्तरी युद्ध के आरभ मे, जब रूस बाल्टिक तट के कुछ भाग पर नियत्रण स्थापित कर चुका था एक नये बाल्टिक बेडे का निर्माण किया गया। रूसी जहाजो के पहले स्क्वाड्रन का जलावतरण १७०३ म किया गया था – उसम छ फ्रिगेट (तीन मस्तूलवाले जगी जहाज) थे। पीटर के शासनकाल के अत के समय बाल्टिक बेडे म ४८ बडे युद्धपोत और ८०० गलीपोत तथा छोटे जहाज और २८ ००० नौसैनिक थे।

उद्घोषणा की जिसमे वनजुएला और न्यू ग्रनादा सम्मिलित थे। यशस्वी बोलीवर को इस नये गणराज्य का राष्ट्रपति चुना गया। लेकिन अभी भी देश के काफी बड़े भाग को स्पेनियों से जीता जाना बाकी था। बोलीवर की सेना ने हिमाच्छादित एंडीज पर्वतमाला को पार करते हुए अपने वीरतापूर्ण अभियान का समारंभ किया। अनगिनत मुसीबतों से भरी इस खतरनाक यात्रा के दौरान कितने ही वीर सेनानी काम आये। १८२२ में बोलीवर ने क्वीतो (एक्वाडोर) को मुक्त किया और उसे भी विशाल कोलंबिया गणराज्य में शामिल कर लिया गया।

ला प्लाटा, चिली तथा पेरू की मुक्ति

इसी समय स्पेनी उपनिवेशकों पर दक्षिण की तरफ से भी हमले शुरू किये जाने लगे थे। ६ जुलाई, १८१६ को तुकुमान की कांग्रेस में ला प्लाटा के संयुक्त प्रांतों की स्वतंत्रता की उद्घोषणा की गयी। मुक्ति योद्धाओं की एक और सेना ने भी – इस बार एक अन्य प्रतिभाशाली सेनानायक और मुक्ति आंदोलन के नेता होसे दे सान मार्तिन के नेतृत्व में – स्पेनियों के विरुद्ध अपने सफल संघर्ष के दौरान एंडीज़ को पार करने के वीरतापूर्ण कारनामे की पुनरावृत्ति की। चिली में बरनार्दो ओ'हिगिंस के नेतृत्व में स्थानीय स्वातंत्र्यसंग्रामी भी उनके साथ जाकर मिल गये। चकाबूको तथा माइपू की लड़ाइयों (फरवरी, १८१७ और अप्रैल, १८१८) में सान मार्तिन की सेनाओं ने स्पेनियों को शिकस्त दी। इन विजयों के बाद ही चिली की स्वतंत्रता की उद्घोषणा कर दी गयी।

लेकिन पेरू में स्पेनी शासन का दुर्ग अब भी अक्षत खड़ा हुआ था और १८२१ में उसी पर अपनी सेनाओं के साथ सान मार्तिन और बोलीवर ने हमला किया। पेरू मे स्पेनियों के विरुद्ध युद्ध कई साल चलता रहा, लेकिन अंत में सिमोन बोलीवर ने स्पेनी उपनिवेशकों के अनम्य प्रतिरोध को कुचलने में सफलता प्राप्त कर ही ली। ६ अगस्त, १८२४ को स्पेनियों को जुनीन की लड़ाई मे निर्णायक मात खानी पड़ी और यही उनके प्रतिरोध का मांडविंदु सिद्ध हुआ। १८२५ मे ऊपरी पेरू को मुक्त कर लिया गया और मुक्ति सेनाओं के सेनापति के सम्मान मे उसे बोलीविया नाम दिया गया। जनवरी १८२६ मे कल्याओ नगर में अंतिम स्पेनी गैरिजन ने भी हथियार रख दिये।

इस प्रकार आखिर दक्षिण अमरीका में स्पेनी उपनिवेशकों के शासन का अंत हो गया। इसी काल (१८२१-१८२४) मे मेक्सिको और मध्य अमरीका ने भी अपनी स्वतंत्रता प्राप्त कर ली। पुर्तगालियों के खिलाफ स्वाधीनता संग्राम (१८१७-१८२२) की विजयांतक परिणति के साथ ब्राज़ील भी स्वतंत्र हो गया।

लैटिन अमरीकी मक्ति सग्रामो का ऐतिहासिक महत्व

पद्रह वर्ष से अधिक चलनवाल इस वीरतापूण मुक्ति सग्राम के परिणामस्वरूप सिर्फ क्यूबा और पोर्टो रीको के सिवा सारा लैटिन अमरीका स्पनी तथा पुर्तगाली शासन के जूए से स्वतत्र हो गया। इस विजय का सबसे मुख्य कारण यह था कि जनसाधारण अपन घृणित उत्पीडको के विरुद्ध न्याय्य सघप म एक्यवद्ध हो गय थे। लेटिन अमरीका की क्राति की इस विजय का बहुत भारी अतर्राष्ट्रीय महत्व था। उसन नयी दुनिया म कई नये स्वतत्र गणराज्यो की स्थापना को सभव बनाया और इस प्रकार पवित्र सहबध के नतृत्व म अतर्राष्ट्रीय प्रतिक्रिया की शक्तियो को गभीर क्षति पहुचायी। लैटिन अमरीकी क्रातियो की विजय न दो विराट औपनिवेशिक साम्राज्या – स्पेनी तथा पुर्तगाली साम्राज्यो – पर साघातिक प्रहार किया और अपन उत्पीडको के विरुद्ध औपनिवेशिक जनगण के सग्राम म एक नये महत्वपूर्ण चरण का समारम्भ किया।

आठवा अध्याय

यूरोप और अमरीका मे पूजीवाद का विकास। मजदूर आदोलन की वृद्धि और वैज्ञानिक कम्युनिज्म का उदय

पश्चिमी यूरोप तथा सयुक्त राज्य अमरीका मे पूजीवाद का विकास

यूरोप म सामती प्रतिक्रिया के उदीयमान सामाजिक शक्तियो का गला घोटन और सामती निरकुशता को सदा सदा क लिए जमा दन के निराशामत्त प्रयास निष्फल सिद्ध हुए। न तो पवित्र सहबध न यूरोप क पुन स्थापित राजतत्र और न ही रूसी साम्राज्य का सर्वशक्तिमान शासक जार निकोलाई प्रथम – इनम से कोई भी इस स्थिति म नही था कि पूजीवादी विकास की गहन प्रक्रियाओ का अवरुद्ध कर सके, जो लगातार तेज होती जा रही थी।

अठारहवी शती के उत्तरार्ध मे इगलैड म शुरू होनेवाली औद्योगिक क्राति उन्नीसवी सदी क आरभ म शेष यूरोप – फ्रास जर्मन तथा इतालवी राज्यो आस्ट्रिया और रूस – म तेजी से फैल गयी थी और अटलाटिक क उस पार के नये गणराज्य – सयुक्त राज्य अमरीका – म भी बडे बडे डग भर रही थी। मशीन हर कही हस्तश्रम का स्थान लेती जा रही थी। वस्त्र तथा धातु उद्योगो मे और नये इजनो क निर्माण म नये आविष्कारो और सुधारो ने और इजीनियरी उद्योग (दूसरी मशीनो को बनानेवाली मशीनो का बनाया जाना) के उदय न उत्पादन प्रक्रियाओ को बहुत त्वरित कर दिया था। परिवहन के क्षेत्र म प्रौद्योगिक क्राति न भी जो उन्नीसवी सदी म शुरू हुई थी उद्योग की सभी शाखाओ पर जबरदस्त प्रभाव डाला था।

१८१४ मे मजदूर परिवार म जन्मे स्वशिक्षित अग्रेज इजीनियर जार्ज स्टीफेसन न अपना पहला वाष्प इजन बनाया। वह ६ किलोमीटर प्रति घटा की रफ्तार से चलता था और पद्रह साल बाद भी जब उसमे कई सुधार कर दिये गये थे वाष्प इजनो और घोडो की दौडो का आयोजन करना एक आम रिवाज था। लेकिन बडे से बायलर और महाकाय चिमनीवाले इस भौडे और डरावनी शक्ल के यत्र का भविष्य बहुत ही उज्ज्वल था। १८२६ म

मैचेस्टर और लिवरपूल के बीच पैंसठ किलोमीटर लंबे रास्ते पर पहली गड्डी भापचालित रेल ने चलना शुरू किया। १८३१ में संयुक्त राज्य अमरीका, १८३२ में फ्रांस और १८३७ में रूस में भी रेलमार्गों का निर्माण शुरू हो गया। १८४० तक ससार के रेलमार्गों की कुल लंबाई लगभग ६ हजार किलोमीटर हो चुकी थी और अगले कुछ दशकों के भीतर उसकी बहुत ही जबर्दस्त गति में वृद्धि हुई – १८५० तक ४० हजार किलोमीटर, १८६० तक ११० हजार किलोमीटर और १८७० तक २१० हजार किलोमीटर।

रेल परिवहन का यह विस्मयजनक प्रसार अपार महत्व रखता था। उसने आतरिक तथा विदेशी व्यापार को बढ़ावा दिया, धातु और ईंधन की माग में बहुत वृद्धि की जिससे इन उद्योगों के विकास को बढ़ावा मिला, और अततः कई देशों के औद्योगीकरण को त्वरित किया।

लगभग उसी समय धूमपोत – वाष्पचालित जहाज – का आविष्कार हुआ जिसने परिवहन के क्षेत्र में एक और क्राति कर दी। सबसे पहला धूमपोत क्लेरमाट था जिसे १८०७ में राबर्ट फुल्टन ने बनाया था। उसने अपनी पहली यात्रा हडसन नदी में ८ किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से की थी। लेकिन धूमपोतों को लबी यात्राए करने में समर्थ बनाने के लिए और परिष्कृत किया गया और ज्यादा शक्तिशाली बनाया गया। अटलाटिक महासागर को पार करनेवाला पहला धूमपोत 'सैवना' था जिसने १८१९ में संयुक्त राज्य अमरीका से लिवरपूल का रास्ता २७ दिन में तय किया। बीस साल बाद १८३८ में 'ग्रेट वैस्टर्न' ने यह यात्रा मात्र १४ ही दिन में की। आगे चलकर तो धूमपोत अटलाटिक को इससे भी आधे समय में ही पार करने लग गये।

प्रविधि के और विशेषकर धूमपोतों के और विकास के साथ वे विराट जल विस्तार, जो पहले सचार में सबसे अधिक बाधक हुआ करते थे, धीरे धीरे उसमें सहायक बन गये।

औद्योगिक क्राति के सामाजिक परिणाम

उन्नीसवीं शताब्दी में पूजीवाद के तीव्र विकास से यूरोप और संयुक्त राज्य अमरीका में विशाल औद्योगिक नगर पैदा होने लगे। मजदूरों का भारी संख्या में नगरों में सकेंद्रण होने लगा, जहा बडे बडे कल-कारखाने थे। इगलैंड में, जहा औद्योगीकरण विशेषकर तीव्र रहा था और अधिकांशत उन्नीसवीं सदी के प्रथमार्ध तक पूरा हो चुका था, उसके साथ आनेवाले परिवर्तनों को सबसे अधिक स्पष्टता और सटीकता के साथ देखा जा सकता था। यहा

दो मुख्य वग – औद्योगिक वूजुआ और औद्योगिक सवहारा – उभरकर सामन आ गय थ और शेष वर्गो – कृपक अभिजात तथा निम्न बूर्जुआ – की भूमिका जल्दी ही गौण हो गयी । जल्दी ही बूर्जुआ और सवहारा वर्ग उन दूसरे देशो म भी मुख्य सामाजिक वर्गो क रूप म सामन आ गय जहा पूजीवाद रूप लन लगा था जैस फ्रास जमनी और सयुक्त राज्य अमरीका। लेकिन इन देशा म किसान अब भी सख्या म औद्योगिक सवहाराओ स अधिक थे और वहा सत्ता प्राक्‌-पूजीवादी वर्ग समूहो – अभिजातो और भूस्वामियो – के हाथो म ही बनी रही।

उन्नीसवीं शती के चौथे दशक की बूर्जुआ क्रातिया और सुधार

उन्नीसवी सदी म पूजीवाद क तीव्र विकास ने बूर्जुआज़ी की सपदा और शक्ति मे और वृद्धि की। बूर्जुआ वग जिसक पास अपार पूजी और भौतिक साधन थे, अधिकाश यूरोपीय राजतत्रो म अपनी आपेक्षिक अधिकारहीनता को अब और

पेरिस – २८ जुलाई, १८३० को सडक पर खडी की गयी बैरिकेड

अधिक बरदाश्त करन के लिए तैयार नहीं था। वह अब निर्णायक राजनीतिक भूमिका की या कम स कम राज्य प्रशासन म सहभागिता की आकांक्षा करन लगा था।

बेशक बूर्जुआ वग अभी बहुत सतर्कता स चल रहा था। श्रमिक वर्ग का निर्मम शोषण करन और मजदूरो को अपर्याप्त मजदूरी देकर भारी मुनाफ कमाने के बावजूद उसे अब मेहनतकशो म डर लगन लगा था। दूसरी ओर वह राजतंत्र और अभिजातों को मेहनतकशो स कम खतरनाक भी समझन लगा था क्योंकि जहा राजतंत्र क साथ तो वह हमेशा किसी न किसी समझौत पर पहुच सकता था वहा मजदूरो क साथ, जिनका वह घोर शोषण करता था किसी भी तरह का समझौता कर पाने की उसक पास कोई संभावना नही थी – शोषको और शोषितो क इन दोनो वर्गो की शत्रुता असाम्य थी उनके परस्परविरोधी वग हितो में सामंजस्य पूर्णत असंभव था।

यही कारण था कि राजकीय सत्ता को प्राप्त करन को प्रयत्नशील होते हुए भी बूर्जुआ वर्ग इस समय क्राति से बचन की कोशिश कर रहा था और इसके बजाय जनता की सहभागिता क बिना ऊपर स किये गये सुधारो पर ही जोर दे रहा था।

लेकिन बूर्जुआजी को खुली क्राति स बचन के अपन प्रयासो म हमेशा ही सफलता नही मिल पायी जैसा कि जुलाई १८३० म फ्रास म घटी घटनाओ से

फ्रास की जुलाई क्राति (१८३०)

सिद्ध होता है। शार्ल (चार्ल्स) दशम न जिसन बताया जाता है कि कहा था कि इंगलैड के बादशाहो की तरह राज करने की बनिस्बत मैं लकडी काटनेवाला बनना बेहतर समझूगा, सारे विरोध की पूरी तरह से अवहेलना करते हुए पुराने ज़माने की असीमित निरंकुशता को बहाल करन पर अपना सारा जोर लगा दिया था। इसक लिए उसने कई प्रतिक्रियावादी कानून जारी किये जिन्होने जनता में सख्त नाराजगी पैदा कर दी। बूर्जुआ वर्ग क्राति का इच्छुक नही था लेकिन आम लोग सडको पर निकल आये और बैरीकेड-मोरचे – खडे करन लग गये। बादशाह यह समझकर कि स्थिति उसके वश के बाहर है, इंगलैड भाग गया – वही देश जिस पर अभी कुछ पहले ही उसने तीखी फब्तियां कसी थीं।

लेकिन पुरानी व्यवस्था को उखाडकर फेका ही गया था कि बैरीकेडो पर तीन दिन की लडाई के दौरान छिप पडे रहन क बाद बूर्जुआ राजनीतिज्ञ खुल म आ गय और उन्होन जल्दी स सत्ता को अपन हाथो मे ले लिया। इसक पहले कि लोग यह समझ सक कि देश म हो क्या रहा है, उन पर एक

नया निज़ाम लाद दिया गया था – यह भी राजतंत्र ही था लेकिन अब राजा नया और नय राजवश का था – आर्लेआ का लुई फिलिप।

यह नया बादशाह जिसको आम लागा म बेरीकेडो का बादशाह और अमीरो क हलको म "शाही बूर्जुआ" कहा जाता था एक भूतपूर्व ड्यूक और शाल दाम का निकट सबधी था। उसे फ्रास भर म सबस धनवान और सबस कजूस माना जाता था और उसकी सपदा वर्णनातीत थी। लेकिन इसके बावजूद गद्दी पर बैठने क बाद लुई फिलिप न उस पुरानी प्रथा का तज दिया जिसक अनुसार बादशाह अपनी निजी सपत्ति का बादशाह और राज्य म परिणय क प्रतीकस्वरूप शाही कोषागार म रख दिया करता था, और फौरन ही यह सुनिश्चित करने म लग गया कि उसकी दौलत सुरक्षित रह जिसक लिए उसन कुछ हिस्से का अपन बटा म बाट दिया और शष का बैंको म रख दिया। उसकी य प्रवृत्तिया बूर्जुआज़ी को बहुत पसद आयी। जुलाई की बादशाहत (लुई फिलिप का राज्य इसी नाम स प्रसिद्ध हुआ) बूर्जुआ राजतंत्र था। किंतु इस राजतंत्र म प्रभुत्व सपूर्ण बूर्जुआजी का नहीं इस वग क औद्योगिक अग्रक तक का भी नही, बल्कि वित्तीय अभिजातवर्ग – वित्तपतियो, बैंकपतियो और थलीशाहो, अपार धनवानो – का था। यह वह समय था कि जिसम पैस की ही तूती बालती थी सोना ही सब कुछ था। महान फ्रासीसी लेखक आनोरे द बालजाक (१७९९ १८५०) न अपन प्रसिद्ध उपन्यास मानव विडम्बना' म इस समाज के जीवन और आचार विचार का जिसम हर चीज़ धन की सत्ता के नीचे थी बहुत ही बढिया चित्रण किया है।

इगलैड का १८३२ का सुधार विधेयक

इगलैड के शासक वर्गों ने, जो राजनीतिक जोड-तोड म बहुत प्रवीण थे सुनिश्चित कर लिया था कि उनके देश म किसी भी तरह की क्राति न होन पाय। उन्नीसवी सदी के तीसरे दशक क अत म और खासकर फ्रास की १८३० की क्राति क बाद इगलैड के शासक दल ह्विग पार्टी ने, जो बड भूस्वामियो का प्रतिनिधित्व करती थी समझ लिया कि कुछ रिआयते तो दनी ही हागी। १८३२ म एक ससदीय सुधार विधयक लाया गया। इसे सारी अग्रज जनता के लिए एक बडा वरदान बताया गया था लेकिन असल में इसने बस औद्योगिक बूर्जुआज़ी को ससदीय कार्य मे सीधा भाग लने का अवसर ही प्रदान किया। इस सुधार म सिर्फ बर्जुआजी और उसके दृष्टिकोण की समर्थक ह्विग पार्टी को ही लाभ हुआ। मजदूर वग को इससे कुछ भी नही हासिल हुआ जिसन इस सुधार के लिए सघर्ष किया था।

पूजीवाद के तीव्र विकास और राजनीतिक मामलो म वूर्जुआजी की वढती भूमिका ने औपनिवशिक प्रसार की एक नयी लहर का जन्म दिया। वूर्जुआजी को कच्च माल क नय सस्त स्रोतो और नयी मडियो की जरूरत थी। इस लिहाज से औपनिवशिक युद्धो को अत्यत लाभदायी समभा जाता था।

सर्वाधिक विकसित पूजीवादी देशो न, जिनम ब्रिटन सवस आगे था, एक नया प्रसार अभियान शुरू कर दिया। वमा स लडाई क वाद १८२६ म अग्रेजो न आसाम को छीन लिया। १८३६ म उन्होन अदन को दवचे लिया। चौथे दशक म अफगानिस्तान और भारत क कई भागो म लडाइया चली-१८४३ मे सिध और १८४६ मे कश्मीर को तथा पजाव के काफी वडे भाग को जीत लिया गया। १८३६ से १८४२ तक ब्रिटन कुख्यात अफीम युद्ध म लगा रहा जिसक दौरान उसने चीन म मजवूत आधार वना लिया। हागकाग को हथिया लिया गया और चीन को अफीम का आयात करन, जिसस ब्रिटिश व्यापारियो को अपार लाभ होता था और असमान व्यापारिक समभौता करने के लिए विवश कर दिया गया। १८४० मे ब्रिटेन ने न्यूजीलैड का अधिग्रहन कर लिया और १८४२-१८४३ मे वोर्नियो के सरावाक प्रदेश और दक्षिण अफ्रीका के नेटाल इलाके का समामेलन कर लिया। १८३० म फ्रास न अल्जीरिया को अधिकृत करने का अभियान शुरू किया और इसके वाद वह चीन के विरुद्ध लूट खसोट के औपनिवशिक युद्धो म सम्मिलित हो गया। १८४६ मे सयुक्त राज्य अमरीका ने अपने लगभग असहाय पडोसी दश मेक्सिको क खिलाफ लडाई भडकायी और उसे अपने न्यू मेक्सिको तथा कैलीफोर्निया क विशाल प्रदेशो से वचित कर दिया। इस समय तक उपनिवशवाद पूजीवाद का स्थायी सगी वन चुका था।

मजदूर वर्ग की स्थिति

जिस समय वूर्जुआ वर्ग लूट खसोट क औपनिवेशिक युद्धा स और मेहनतकश वर्ग क खूख्वार शापण से कल्पनातीत धन दौलत प्राप्त कर रहा था और मुनाफ वटोर रहा था उस समय—पूजीवाद की उस प्रारभिक अवस्था म—मजदूर वर्ग की स्थिति अत्यधिक कठिनाइयो से परिपूण था। उस समय तक मजदूर वर्ग की कतार काफी वढ चुकी थी, लकिन उस अभी तक राजनीतिक सघर्ष का कोई अनुभव नही था और वह अब भी असगठित

ही थे तथा उसे अपनी स्थिति और ऐतिहासिक भूमिका की बहुत ही कम चेतना थी। तत्कालीन उद्यमपति, जो मजदूरो की असहायता और सस्ते श्रम के आधिक्य का फायदा उठाते थे, अपने यहा काम करनेवालो से कम से कम समय के भीतर अधिक से अधिक निचोड लेने की कोशिश किया करते थे। शोषण अविश्वसनीय सीमाओ तक पहुचा हुआ था। मजदूरो को सोलह से अठारह घटे तक रोज काम करना होता था और स्त्री तथा बाल श्रम का व्यापक उपयोग किया जाता था। कमरतोड मशक्कत, अमानवीय आवास परिस्थितिया, सतत अल्पपोषण और गरीबी – इन सभी ने उस समय के मजदूरो के लिए भौतिक तथा आत्मिक विनाश का खतरा पैदा कर दिया था।

स्वतत्र मजदूर आदोलन का आरभ

आत्मपरिरक्षण के सहजबोध ने मजदूरो को अपने मालिको के खिलाफ सघर्ष शुरू करने के लिए विवश किया। लेकिन उन्नीसवी सदी के मजदूरो की पहली पीढियो के पास वह अनुभव नही था जो उनकी उत्तरवर्ती पीढियो को आगे चलकर प्राप्त होना था। उन्हे अभी तक इस बात की चेतना नही थी कि उन्हे जिस अनिष्ट का सामना करना पड रहा है उसका स्रोत क्या है और उनकी तकलीफो और मुसीबतो का उत्तरदायी कौन है। पहले वे इस भ्राति मे थे कि मशीनो के प्रचलन से आने से ही उनकी अवस्था इतनी असहनीय हो गयी है। वर्ग सघर्ष की पहली स्वतःस्फूर्त अभिव्यक्तियो ने मशीनो के तोड-फोडे और नष्ट किये जाने का रूप लिया। उन्नीसवी सदी के पहले दो दशको मे इगलैड मे लडी आदोलन—जिसे यह नाम इसलिए मिला था कि उसे नैड लड नामक युवा अप्रेटिस मजदूर ने शुरू किया था—पैदा हो गया, जिसके अनुगामी मशीनो को नष्ट कर दिया करते थे। लेकिन मजदूर जल्दी ही समझ गये कि मशीन उनकी तकलीफो का स्रोत नही है और उनको नष्ट कर देने से उनकी जिदगी कोई बेहतर नही हो जायगी।

लियो के १८३१ और १८३४ के बलवे

फ्रास मे भी मजदूरो की स्थिति वैसी ही असहनीय थी जैसी कि इगलैड मे। १८३१ मे रेशम उद्योग के केंद्र लिओ मे अपनी भयकर गरीबी से बेहाल होकर स्थानीय बुनकरो ने बलवा कर दिया और शहर को अपने कब्जे मे

ले लिया। उन्होंने काली पताकाएं लेकर जलूस निकाला, जिन पर लिखा हुआ था 'हम जीने और काम के अधिकार के वास्ते लडते लडते मर जाने को तैयार है!' यह नारा यह बताने के लिए काफी है कि उस समय तक मजदूरों की मांगें कितनी मामूली और सीमित थी। इस बलवे को सरकारी सेनाओं द्वारा निर्ममतापूर्वक कुचल दिया गया।

१८३४ में लियों के बुनकरों ने फिर सडकों पर आकर बलवा कर दिया। लेकिन इस बार वे अधिक संगठित थे और उनकी मांगों में काम की बेहतर अवस्थाओं के साथ साथ गणराज्य की स्थापना की मांग भी शामिल थी। इस बलवे को भी कुचल दिया गया।

चार्टिस्ट आंदोलन

इंगलैंड में बहुत से मजदूरों ने संसदीय सुधारों की मांग करनेवाले बूर्जुआ लोकतंत्रवादियों का समर्थन किया था। लेकिन जब १८३२ में सुधार विधेयक स्वीकार हो गया और उनके रहन-सहन तथा काम की अवस्थाओं में कोई सुधार नहीं आया, बल्कि वे समय के साथ ज्यादा ही खराब होती चली गयी, तो मजदूरों में फिर गहरी निराशा व्याप्त हो गयी।

मजदूरों का बूर्जुआ वर्ग पर से विश्वास उठ गया, जिसने उन्हें धोखा दिया था, लेकिन फिर भी पार्लियामेंट पर उनका विश्वास बना रहा। १८३६-१८३७ में पहले लंदन और फिर अन्य नगरों में भी सार्विक मताधिकार के लिए आंदोलन शुरू हुआ। मजदूर सोचते थे कि सार्विक मताधिकार लागू होने से उन्हें पार्लियामेंट में बहुमत प्राप्त हो जायेगा और सारी स्थिति बदल जायगी। किंतु इस प्रकार की आशाएं भ्रांतिमय थीं। फिर भी ब्रिटिश मजदूर, जिन्हें तब तक राजनीति का अधिक अनुभव नहीं था, इन भ्रांतियों में विश्वास करते थे और उनकी सबसे बडी चिंता यही थी कि पार्लियामेंट को सार्विक मताधिकार का कानून स्वीकार करने के लिए किस प्रकार मजबूर किया जाय। १८३७ में मजदूरों के नेताओं ने एक घोषणापत्र – चार्टर – तैयार किया, जिसमें वे मुख्य मांगें थीं, जिन्हें पार्लियामेंट के आगे पेश किया जाना था। इसके बाद उन्होंने इस चार्टर पर हस्ताक्षर इकट्ठे करना शुरू किया। तीन बार – १८३९, १८४२ और १८४८ में – यह चार्टर पार्लियामेंट को दिया गया और हर बार उसमें पहले से भी अधिक हस्ताक्षर थे। पहली बार १२ लाख हस्ताक्षर एकत्र किये गये थे, दूसरी बार ३३ लाख और तीसरी बार लगभग ५० लाख। जिन कागजों पर हस्ताक्षर किये गये थे, वे इतने बडे और भारी थे कि उदाहरण के लिए, १८४२ में उन्हें एक बहुत ही बडी

संसद की ओर चार्टिस्टों का कूच

पटी म रखकर पार्लियामट म ले जाया गया था जिसे उठाने के लिए बीस से अधिक लागा की जरूरत पडी थी।

हस्ताक्षर सग्रहण और उसमे सन्निहित राजनीतिक तथा सामाजि[illegible] प्रश्नो पर चलनेवाली बहस क परिणामस्वरूप मजदूर आदोलन [illegible] म एक अभूतपूर्व उत्कर्ष आया। मजदूर लोग शाम के वक्त [illegible] म जमा होकर राजनीतिक भाषण सुनते थे और स्थिति पर [illegible]। रात क समय ब्रिटिश नगरो की शात सडको पर चार्टिस्टो [illegible] निकला करते थे। मजदूरो ने पहली बार अनुभव किया [illegible] और सगठित रूप म कुछ करते है तो उनकी [illegible] बन जाती है। १८४० म तो एक सयुक्त चार्टिस्ट पार्टी – [illegible] मजदूर पार्टी – की स्थापना करने का प्रयास भी किया गया था।

जैसे जैसे चार्टिस्ट आदोलन बढता और [illegible] प्राप्त करता गया वैसे वैसे मजदूर भी [illegible] और [illegible] से शिक्षा लेते हुए अपने आसपास की [illegible] और अपनी बहुत सी भ्रांतिया स मुक्त [illegible]

मागा के साथ साथ सामाजिक माग – या जैसा कि उस समय कहा जाता था "छुरी और काटे की समस्याए" – भी शामिल हो चुकी थी। ऐसा भी आशाए प्रकट की गयी थी कि वाछित लक्ष्यो को आम हडताल के जरिये हासिल किया जा सकता है। चार्टिस्ट आदोलन के नेता श्रमिक वर्ग के याय और समर्पित पैरोकार ओ ब्रायन, फीयरगस ओकानर, जी० ज० हार्नी और अर्नेस्ट जोन्स थे। लेकिन ये श्रेष्ठ मजदूर नेता भी अपने अनुगामियो को सही रास्ते पर न ले जा सके। चार्टिस्ट अभी मजदूर वर्ग की भूमिका और सगठनबद्धता की आवश्यकता की स्पष्ट समझ पर नहीं पहुच पाये थे।

चार्टिस्ट आदोलन, जो १८४८ के वसत मे अपने चरम पर पहुच गया था अपने व्यापक प्रभाव का पूरा उपयोग करने मे असमर्थ सिद्ध हुआ और जल्दी ही उतार पर आने लगा। लेकिन इसके बावजूद यह इतिहास मे सर्वहारा का सर्वप्रथम व्यापक राजनीतिक आदोलन था और वह एक प्रेरणादायी उदाहरण बन गया। चार्टिस्ट आदोलन के बाद मजदूर वर्ग के मुक्ति-सघर्ष ने एक नयी और अधिक उन्नत मजिल मे प्रवेश किया।

यूटोपियाई समाजवाद

प्रबोधन काल और फ्रासीसी क्राति के युग के लेखको ने 'स्वर्णयुग के उदय की विवेक स्वतत्रता और न्याय के शासन की प्रत्याशा दर्शायी थी। किंतु व्यवहार मे सामती उत्पीडन का स्थान निर्मम पूजीवादी शोषण और धन के अबाध राज ने ले लिया था। लुभावनी प्रत्याशाओ और भयावह यथार्थ के बीच इस भारी अतर ने उस काल के अनेक प्रगतिशील चितको को सोचने का काफी मसाला दिया।

पूजीवादी विकास की उस प्रारभिक मजिल मे भी कई ऐसे प्रबुद्ध मनीषी थे जिन्होने पूजीवादी व्यवस्था की बुराइयो को समझ लिया था और एक नयी बेहतर और अधिक न्यायपूर्ण सामाजिक व्यवस्था के आगमन की घोषणा की थी। इन लोगो को आगे चलकर यूटोपियाई या कल्पनालोकी समाजवादी कहा गया।

इन महान चितको मे सर्वप्रमुख स्थान सेट साइमन (१७६० १८२५), फूरिये (१७७२-१८३७) और राबर्ट ओवेन (१७७१-१८५८) का प्राप्त है। सेट साइमन अभिजात वश मे जन्मा था और उसने उसीके अनुरूप शिक्षा भी पायी थी। फ्रासीसी क्राति के समय पहले वह व्यापार मे लगा रहा और बाद मे सामान गिरवी रखने की एक दूकान मे मुशी बन गया। इस तरह

कार्ल मार्क्स, १८६७

मांगों के साथ-साथ सामाजिक मांगें – जैसा कि उस समय कहा जाता था 'छुरी और कांटे की समस्या' – भी शामिल हो चुकी थीं। ऐसी भी आशा प्रकट की गयी थी कि वांछित लक्ष्यों को आम हड़ताल के जरिये हासिल किया जा सकता है। चार्टिस्ट आंदोलन के नेता श्रमिक वर्ग के यानी और समर्पित पैरोकार ओ'ब्रायन, फीयरगस ओ'कोनर, जी० ज० हार्नी और अर्नेस्ट जोन्स थे। लेकिन ये श्रेष्ठ मजदूर नेता भी अपने अनुयायियों को सही रास्ते पर न ले जा सके। चार्टिस्ट अभी मजदूर वर्ग की भूमिका और संगठनबद्धता की आवश्यकता की स्पष्ट समझ पर नहीं पहुंच पाये थे।

चार्टिस्ट आंदोलन, जो १८४८ के वसंत में अपने चरम पर पहुंच गया था, अपने व्यापक प्रभाव का पूरा उपयोग करने में असमर्थ सिद्ध हुआ और जल्दी ही उतार पर आने लगा। लेकिन इसके बावजूद यह इतिहास में सर्वहारा का सर्वप्रथम व्यापक राजनीतिक आंदोलन था और वह एक प्रेरणादायी उदाहरण बन गया। चार्टिस्ट आंदोलन के बाद मजदूर वर्ग के मुक्ति-संघर्ष ने एक नयी और अधिक उन्नत मंजिल में प्रवेश किया।

यूटोपियाई समाजवाद

प्रबोधन काल और फ्रांसीसी क्रांति के युग के लेखकों ने 'स्वर्णयुग के उदय' की, विवेक, स्वतंत्रता और न्याय के शासन की प्रत्याशा दर्शायी थी। किंतु व्यवहार में सामंती उत्पीडन का स्थान निर्मम पूंजीवादी शोषण और धन के अबाध राज ने ले लिया था। लुभावनी प्रत्याशाओं और भयावह यथार्थ के बीच इस भारी अंतर ने उस काल के अनेक प्रगतिशील चिंतकों को सोचने का काफी मसाला दिया।

पूंजीवादी विकास की उस प्रारंभिक मंजिल में भी कई ऐसे प्रबुद्ध मनीषी थे, जिन्होंने पूंजीवादी व्यवस्था की बुराइयों को समझ लिया था और एक नयी, बेहतर और अधिक न्यायपूर्ण सामाजिक व्यवस्था के आगमन की घोषणा की थी। इन लोगों को आगे चलकर यूटोपियाई या कल्पनालोकी समाजवादी कहा गया।

इन महान चिंतकों में सर्वप्रमुख स्थान संत साइमन (१७६०-१८२५), फूरियें (१७७२-१८३७) और रॉबर्ट ओवेन (१७७१-१८५८) को प्राप्त है। संत साइमन अभिजात वंश में जन्मा था और उसने उसीके अनुरूप शिक्षा भी पायी थी। फ्रांसीसी क्रांति के समय पहले वह व्यापार में लगा रहा और बाद में सामान गिरवी रखने की एक दूकान में मुंशी बन गया। इस तरह

कार्ल मार्क्स, १८६७

उसे समाज के सभी अशकों की रिहायशी और कामकाजी हालतो का अनुभव पाने और नयी व्यवस्था की सभी विभीषिकाओ को निकट से देखने का अवसर मिला था। सट-साइमन, फूरिये और ओवेन न, जो सभी उन्नत पूजीवादी देशो मे रहते थ, पूजीवादी विश्व की कठोर और उचित आलोचना की और भविष्य क न्यायपूर्ण समाज की अपनी अवधारणा का निरूपण किया। उनकी कृतियो का सर्वाधिक महत्व इस बात मे है कि उन्होन जनसाधारण को अपने आपको पूजीवादी दासता की वेडियो से मुक्त करने के लिए ललकारा। लेकिन वे वेहतर समाज का निर्माण करन क सही रास्तो का नही देख पाये। उन्होने जो कुछ भी सुझाया, वह सब भोलेपन से भरा हुआ और अव्यावहारिक था। उन्हे तो इस बात का भी अहसास नही था कि कौनसा वग कौनसी सामाजिक शक्ति ससार का रूपातरण उत्पीडन का अत और मानवजाति का शोषण तथा उसके साथ चलनवाली बुराइया से निजात दिला सकन की स्थिति म है।

क्लासिकी जर्मन दर्शन

जमन राज्यो मे जहा आथिक विकास मथर गति स हो रहा था और वर्ग विरोधो ने खुले क्रातिकारी सघर्ष को अभी तक जन्म नहीं दिया था गहन सामाजिक प्रक्रियाओ और सामाजिक असतोष क चढते सैलाव न अपन को सर्वप्रथम और सर्वोपरि रूप म साहित्य तथा दर्शन म व्यक्त किया। अठारहवी सदी के अत और उन्नीसवी के आरभ मे जर्मन साहित्य का जा उत्कर्ष हुआ वह सबसे वढकर दो महान लेखको – गटे (१७४९-१८३२) तथा शिलर (१७५९-१८०५) – क नामो के साथ जुडा हुआ है। उस काल के जमन दार्शनिको मे सबसे प्रमुख शेलिग (१७७५ १८५४) और हेगेल (१७७० १८३१) थे। स्वय भाववादी (आइडियलिस्ट) वन रहन पर भी हेगल न दार्शनिक चितन म द्वद्वात्मक पद्धति का उपयोग किया और अपन युग क बौद्धिक जीवन पर अगाध प्रभाव डाला।

कार्ल मार्क्स तथा फ्रेडरिक एगेल्स। वैज्ञानिक कम्युनिज्म का उदय

मजदूर आदोलन क काफी अनुभव प्राप्त कर लन और मजदूर वग क अधिक सगठित हो जाने क वाद ही एक एस वस्तुत वैज्ञानिक सिद्धान्त का उदय हो सका कि जो सर्वहारा की एतिहासिक भूमिका क साथ सगत

सिद्ध हो सके। इस सिद्धात ने सामाजिक विकास के नियमो का उद्घाटन किया और उच्चतम सामाजिक व्यवस्था – कम्युनिज्म – मे सक्रमण के रास्ते दिखाये। इस सिद्धात के सृजक मजदूर वर्ग के महान नेता कार्ल मार्क्स तथा फ्रेडरिक एगल्स थे।

कार्ल मार्क्स एक वकील का बेटा था और उसने ५ मई १८१८ को त्रियेर नामक जर्मन नगर मे जन्म लिया था। विद्यार्थी जीवन मे ही मार्क्स ने अदभुत प्रतिभा का प्रदर्शन करना शुरू किया। वह चाहता तो बडा होकर किसी विश्वविद्यालय मे प्रोफेसर का पद पाकर सम्मान, ख्याति और धन का अर्जन कर सकता था मगर उसने इस रास्ते को नही चुना – आरंभ से ही उसने अपने-आपको तन मन से क्रातिकारी सघर्ष को समर्पित कर दिया और अपने महान मस्तिष्क को सामाजिक विकास के नियमो के अध्ययन की ओर मोड दिया। पचीस साल की उम्र मे उसे जर्मनी को छोडना पडा और वह पहले परिस और ब्रसेल्स मे रहा और अत मे लदन मे जा बसा। फ्रेडरिक एगेल्स (१८२०-१८९५) के साथ उसकी मित्रता का आरभ १८४४ मे हुआ। एगेल्स एक कारखाना मालिक का बेटा था जिसने अपने पिता की इच्छाओ का पालन करने और अपनी शक्ति पैसा कमाने मे लगाने के बजाय अपने को मार्क्स की भाति ही क्रातिकारी सघर्ष के प्रति समर्पित कर दिया था।

मार्क्स और एगल्स ने समाजविज्ञान पर अपने पूर्ववर्तियो की लिखी अनेक कृतियो का अध्ययन किया और उनका आलोचनात्मक विश्लेषण किया। उन्होने क्रातिकारी आदोलन के इतिहास और समाजवाद के सिद्धात का भी अध्ययन किया जिसमे उन्होने फ्रासीसी क्राति जर्मन क्लासिकी दर्शन और ब्रिटिश राजनीतिक अर्थशास्त्र की ओर विशेष ध्यान दिया। समाजविज्ञान की पुरानी उपलब्धियो का आलोचनात्मक विश्लेषण करके तथा सर्वहारा के क्रातिकारी सघर्ष को प्राप्त अनुभव के आधार पर मार्क्स और एगल्स ने गुणात्मक रूप से एक सर्वथा नवीन सिद्धात – वैज्ञानिक समाजवाद के सिद्धात – का प्रतिपादन और सर्वहारा सघर्ष की कार्यनीति का निरूपण किया। उनके पूर्ववर्ती प्रगतिशील बूर्जुआ विद्वान सामाजिक विकास मे वर्ग सघर्ष को पहले ही प्रकाश मे ला चुके थे लेकिन यह मार्क्स और एगेल्स ही थे कि जिन्होने इतिहास की भौतिकवादी व्याख्या और पूजीवादी समाज मे अतर्निहित आर्थिक नियमो का उदघाटन करके पहल पहल इस तथ्य को समझा और प्रमाणित किया कि जिस वर्ग को ससार को रूपातरित करना है और जो स्वार्थपूर्ण तथा अहपरक लक्ष्यो मे मुक्त एकमात्र वस्तुत क्रातिकारी वर्ग है वह सर्वहारा ही है। सर्वहारा के पास खोने को अपनी जजीरो के सिवा और कुछ नही है उन्होने कहा। सर्वाधिक क्रातिकारी वर्ग होने के नाते सर्वहारा द्वारा

सभी उत्पीडितो और शोषितो का, सारे मेहनतकश अवाम का नेता और पैरोकार बन जाना और पूजीवादी व्यवस्था को नष्ट करने के संघर्ष मे उनका नेतृत्व किया जाना अपरिहार्य और अनिवार्य ही था।

मार्क्सवाद ने दिखाया कि सर्वहारा ही वह अकेला वर्ग है जो सत्ता पर अधिकार कर लेने के बाद उस सत्ता का केवल अपने वर्ग हितो की सिद्धि के लिए नही अपितु सारी मानवजाति के समूचे तौर पर सारे समाज के हितो की सिद्धि के लिए उपयोग करेगा। बूर्जुआजी का तख्ता उलटने के बाद मजदूर वर्ग अपने अधिनायकत्व सर्वहारा अधिनायकत्व की स्थापना करेगा जो वर्गहीन समाज – कम्युनिज्म – मे सक्रमण के दौर का काम देगा। मार्क्स तथा एगेल्स द्वारा वैज्ञानिक आधार पर निरूपित यह नया सामाजिक सिद्धात मानवजाति के लिए अपार महत्व रखता था। किंतु वह एक प्रबल शक्ति केवल तभी बन सकता था कि जब वह जनसाधारण के दिलोदिमाग पर छा जाये।

कम्युनिस्ट लीग

मार्क्स और एगेल्स के पहले मजदूर आदोलन और समाजवाद का विकास अलग-अलग रास्तो से हो रहा था। १८४७ मे मार्क्स और एगेल्स के सक्रिय सहयोग से पहले अतर्राष्ट्रीय सर्वहारा सगठन – कम्युनिस्ट लीग – की स्थापना की गयी। एक यूटोपियाई समाजवादी सगठन के उस समय बहुप्रचलित नारे सारे आदमी – भाई भाई! के स्थान पर अब एक नया नारा बुलन्द किया गया – दुनिया के मज़दूरो एक हो! पहली दृष्टि मे यह लग सकता है कि यूटोपियाई समाजवादियो का नारा ज्यादा व्यापक और मानवतावादी था लेकिन क्या कारखाना मालिको का मज़दूरो का भाई माना जा सकता था? क्या जमीदारो का किसानो का, या उपनिवेशको का उत्पीडित अफ्रीकियो या लैटिन अमरीकियो का भाई माना जा सकता था? सारे आदमी – भाई-भाई! का नारा एक ऐसा नारा था कि जो वास्तविक स्थिति पर मुलम्मासाज़ी करता था खतरनाक भ्रातियां पैदा करता था। कम्युनिस्ट लीग द्वारा स्वीकृत नये नारे ने निस्सन्दिग्ध रूप से यह दिखा दिया कि भविष्य के कार्यभारो का समाधान विश्वव्यापी पैमाने पर एकताबद्ध सर्वहारा वर्ग के साथ अविभाज्य रूप मे जुडा हुआ है।

१८४७ मे लदन मे हुई कम्युनिस्ट लीग की दूसरी काग्रेस मे मार्क्स और एगेल्स को लीग का कार्यक्रम तैयार करने का काम सौंपा गया। अगले वर्ष के आरभ मे कम्युनिस्ट घोषणापत्र छपकर आया। इस छोटी सी पुस्तिका के कलेवर के भीतर मार्क्स और एगेल्स ने वैज्ञानिक कम्युनिज्म के बुनियादी

सिद्धांतो की रूपरेखा प्रस्तुत की थी। इस पुस्तिका का भविष्य बहुत ही उज्ज्वल था – अपने प्रथम प्रकाशन के बाद से बीते सौ से कुछ ही अधिक वर्षों के भीतर इसके सौ से अधिक संस्करण प्रकाशित हो चुके हैं और विश्व की लगभग प्रत्येक भाषा में इसका अनुवाद किया जा चुका है। लेकिन उस सुदूर समय में भी जब वह सबसे पहले छपा था 'कम्युनिस्ट घोषणापत्र' ने जबरदस्त प्रभाव डाला था। कम्युनिस्ट घोषणापत्र के प्रकाशन का यह मतलब था कि अब से मजदूर आंदोलन और समाजवाद दो अलग-अलग धाराएं नहीं रह गये थे – वे आपस में एकीभूत हो गये थे और इस प्रकार एक अपराजेय शक्ति बन गये थे।

नवां अध्याय

१८४८-१८४६ की क्रांतिकारी उथल-पुथल

१८३० की क्रांति ने पवित्र सहबंध की प्रभुता पर पहला गंभीर प्रहार किया था किंतु वह उसकी शक्ति को निर्णायक चोट नहीं पहुंचा पायी थी। पवित्र सहबंध के मुख्य आधार ज़ार निकोलाइ प्रथम का रूसी साम्राज्य मेटरनीक का आस्ट्रिया और प्रशा राज्य थे। स्वयं फ्रांस भी जहां १८३० की क्रांति हुई थी जल्दी ही यूरोपीय प्रतिक्रिया का एक और दुर्ग बन गया था। बादशाह लुई फिलिप ने अपनी प्रजा के दिमाग से जुलाई की बादशाहत के क्रांतिकारी उदगम की सारी यादों को मिटा देने की कोशिश की। उन्नीसवीं सदी के चौथे दशक में कई जन विद्रोहों के सख्ती के साथ कुचल दिये जाने के बाद देश में सामाजिक तथा राजनीतिक अनुदारता और पुलिस शासन का दौर आ गया। फ्रांस आस्ट्रिया का, जो पवित्र सहबंध के मुख्याधारों में एक था, घनिष्ठ मित्र बन गया।

यूरोप की १८४८ की क्रांतियां

लेकिन यूरोपीय प्रतिक्रिया की संयुक्त शक्तियां भी क्रांति का मुकाबला उतनी सफलता के साथ नहीं कर सकीं कि जितनी लुइ फिलिप के प्रधान मंत्री गीज़ो ने आशा की थी। दमन के कारण लंबे समय से दबी पड़ी सामाजिक मुक्ति की शक्तियां मज़बूत और लगातार बलवती होती जा रही थीं। १८४८ में ज्वालामुखी फूट पड़ा। सारा यूरोप क्रांतिकारी उथल-पुथल की जकड़ में आ गया और पवित्र सहबंध असुधार्य रूप से ध्वस्त हो गया।

क्रांति का पहला विस्फोट सिसली में हुआ। जन आंदोलन के अपने निर्मम दमन के लिए कुख्यात घृणित बूर्बो बादशाह फर्दीनांद द्वितीय अपने नरसंहार

मिहायल ने गिरने के डर से तुरंत कई रियायतें देने के लिए तैयार हो गया- सारे प्रतिक्रियावादी मंत्रियों को बरखास्त कर दिया गया और संविधान का वचन दिया गया।

२२-२४ फरवरी को फ्रांस में क्रांति फूट पड़ी। एक मामूली सी घटना ही इसके लिए काफी साबित हुई कि हजारों मजदूर सड़कों पर निकल आये। बैरिकेड खड़े कर दिये गये और एक-एक इलाका करके सारा शहर बागियों के हाथों में आ गया। घमंडी गीजो को, जिसने विद्रोह के आरंभ में प्याले में तूफान की संज्ञा दी थी, औरत के वेश में क्रांतिकारी पेरिस से भागकर जाना पड़ा। अगले ही दिन एक सादी घोड़ागाड़ी में लुई फिलिप ने भी उसका अनुकरण किया। शाही महल में घुस जाने के बाद बागी बादशाह के शाही सिंहासन को नगर की पत्थर पटी सड़कों पर घसीटते हुए बस्तील ले गये जहां उसे विजय की हर्षोल्लासपूर्ण फिजा में जला दिया गया।

१३ मार्च को वियना में बैरिकेड खड़े हो गये और अब मेटरनिख के भागने की बारी थी। बुडापेस्ट और प्राग ने भी वियना के उदाहरण का अनुकरण किया और कुछ ही समय के भीतर सारा बहुराष्ट्रीय आस्ट्रियाई साम्राज्य क्रांतिकारी खुमार में खुदबुदाने लगा। १८ मार्च को बर्लिन में भी जन विद्रोह की विजय हो गयी। इसके पहले कई पश्चिमी जर्मन राज्यों में विजयी क्रांतियां हो चुकी थीं। इटली के राज्यों में भी क्रांति की एक प्रबल लहर फैल गयी। लबार्डी में बागी इतालवियों ने आस्ट्रियाई अधिशासी सेनाओं को पराजय दी और जन विद्रोह में मार्शल रादेत्स्की की सेना को हार खानी पड़ी। आस्ट्रियाइयों को वेनिस राज्य के बाहर खदेड़ दिया गया, जिसके बाद उसे स्वतंत्र गणराज्य घोषित कर दिया गया। इंगलैंड में इस समय चार्टिस्ट आंदोलन फिर अपने चरम पर था। स्पेन, स्विटजरलैंड और बेल्जियम में भी क्रांतिकारी आंदोलन फैल गया और पोलों ने अपने देश के विभाजन के खिलाफ बगावत कर दी। यह क्रांतिकारी ज्वार सारे यूरोप में फैल गया और अटलांटिक तट से लेकर जार निकोलाई के साम्राज्य की सीमाओं तक घृणित राजनीतिक व्यवस्थाओं, सम्राटों और मंत्रियों को अपने साथ बहा ले गया।

विख्यात रूसी क्रांतिकारी लेखक अलेक्सान्द्र हर्जेन ने २० अप्रैल १८४८ को लिखा था : "यह अद्भुत समय है। अखबार उठाते हुए मेरे हाथ कंपकंपाने लगते हैं – हर दिन कोई न कोई अप्रत्याशित बात होती रहती है, तड़ित का नया गर्जन सुन पड़ता है : या तो मानवजाति का नया उज्ज्वल पुनर्जन्म होनेवाला है या कयामत का दिन आ रहा है। लोगों के दिलों में नयी ताकत आ गयी है, पुरानी आशाएं फिर जाग उठी हैं और एक ऐसा साहस फिर हावी हो गया है कि जो सभी कुछ कर सकता है।"

फ्रास की फरवरी क्राति

आरभ म सभी कुछ इस प्रकार की हर्षदायी आशाओ क अनुरूप ही हुआ। पेरिस म क्राति के प्रारभ म वास्तविक सत्ता विप्लवी श्रमिक वग के हाथा म थी जिसन राजतत्र का तख्ता पलटने म निर्णायक भूमिका अदा की थी। मजदूर अभी भी हथियारबद थे और राजधानी की सडको क स्वामी थे। सर्वहारा की माग पर और बूर्जुआ राजनीतिज्ञो की इच्छाओ क विपरीत २८ फरवरी के दिन फ्रास का गणराज्य घोषित कर दिया गया। इस प्रकार १८४८ की फरवरी क्राति ने दूसरे ही दिन वह हासिल कर लिया जिस प्राप्त करन मे १७८९ की क्राति को कोई तीन साल लग गये थे। देश क तिरगे झडे पर एक सुर्ख रोजेट लगा दिया गया—यह सर्वहारा को दी गयी एक और रिआयत का परिचायक था, जो लोगो को इस बात की याद दिलान क लिए लाल झडे की माग कर रहा था कि दूसर गणराज्य को "सामाजिक न्याय का लोकतत्रीय गणराज्य" होना होगा।

फ्रासीसी सर्वहारा की कमज़ोरी का मूल यह था कि प्रबल क्रातिकारी जोश के बावजूद न वह अच्छी तरह सगठित था और न ही उस अपन कार्यभारो तथा लक्ष्यो का बोध था। फ्रासीसी सर्वहाराओ क पास न सिर्फ अपनी पार्टी ही नही थी, जो उनके सघर्ष को सगठन और दिशा प्रदान कर पाती बल्कि ट्रेड यूनियन भी नही थी। उस समय बहुतरे राजनीतिक क्लब पैदा हो गय थे लेकिन व एक दूसर से अलग-थलग और आपस म झगडत रहत थ। न ही सर्वहारा क पास कोई वास्तविक नेता थे। अधिकाश मजदूर यूटोपियाई समाजवादी लुई ब्ला का आख मीचकर अनुकरण करत थ जो सोचता था कि बातचीत क जरिये और समझा बुझाकर बूर्जुआ सरकार स सामाजिक सुधार करवाये जा सकते है।

बूर्जुआ राजनीतिक नताओ न जो क्राति क आरभ म भय स त्रस्त हो गये थ और जिन्होने पाखडपूर्वक मजदूरो को अपनी प्रभुत्वपूर्ण भावनाओ का दिलासा दिया था मजदूरो क भोलेपन और सगठनहीनता का पूरा पूरा लाभ उठाया। क्राति क आरभ म बूर्जुआ राजनीतिज्ञो क हाथ म कोई वास्त विक सत्ता नही थी और उन्ह षड्यत्रो और कुटिल जोड-तोड का सहारा लेना पडा था। व एक अस्थायी सरकार स्थापित करवान म सफल हो गय थ जिसका नता लूपा द लामार्तीन नामक ऐसा आदमी था जिस पर लोगो को विश्वास था। वह १७८९ की क्राति म भाग ले चुका था और गण तत्रवादी आदोलन का पुराना कार्यकर्ता था। लेकिन वह अब ८० साल का हो चुका था। वह अधाधुध और कमजोर था और सरकार की नीति पर कुछ भी वास्तविक प्रभाव डालन म असमर्थ था। इस सरकार का वित्त मत्री

और मुख्य प्रवक्ता प्रसिद्ध कवि अलफोस लामार्तीन था, जो अपन समय के सर्वोत्तम वक्ताओ म एक था और जिस अपनी वक्तृता स क्रातिकारी ज्वार का रोकन का काम सौपा गया था। अस्थायी सरकार म मजदूरा का भी एक प्रतिनिधि चुना गया था और वह था लुई ब्ला। उसे सामाजिक सुधारा की जाच करन के लिए स्थापित सरकारी आयाग का, जिसका कार्यालय आलीशान लक्सेमबर्ग प्रासाद मे था और इसलिए जो लक्सेमबग आयाग भी कहलाया प्रधानत्व दे दिया गया अलबत्ता इस आयोग का कोई धन या ठाम अधिकार नही प्रदान किये गये थे।

मजदूरो को यह देखकर अस्थायी सरकार म विश्वास हो गया कि उनके लुई ब्ला को मत्री बना दिया गया है और अपनी पहल की मागो पर जोर दने क बजाय व धैर्यपूर्वक इस प्रतीक्षा मे बैठ गये कि लुई ब्ला अपन सहयोगियो के साथ समझौत पर पहुच जायेगा और उनकी अवस्था से सुधार करवा लेगा। लेकिन इस सरकार मे वास्तविक सत्ता बूर्जुआजी के मक्कार प्रतिनिधियो के हाथो मे थी जिन्होन अपनी प्रारभिक दहशत मे सभलने क साथ लोगो की आखो के सामन धूपो द ल एर लामार्तीन और लुई ब्ला जैसे लोकप्रिय लोगो को प्रमुखता प्रदान करके और अपन असली इरादो को छिपाकर सर्वहारा के खिलाफ प्रत्याक्रमण शुरू कर दिया।

बूर्जुआजी और उसके राजनीतिक पक्षपोषको का सर्वप्रमुख लक्ष्य जिसे बडी चालाकी स छिपाकर रखा गया था यह था कि श्रमिक वर्ग को अपन वश म लाया जाये और उसे अपनी नवार्जित सत्ता से वचित किया जाय। समस्या यह थी कि लोकतत्रीय क्राति की अवस्थाओ म सर्वहारा को कैम दबाकर रखा जाय? बूर्जुआ राजनीतिज्ञो न समझ लिया कि इसका सबस अच्छा तरीका यह है कि सर्वहारा को उसके सभाव्य मित्रो स अलग कर दिया जाय।

क्राति का लुई फिलिप की जुलाई की बादशाहत से विरासत म खाली खजाना और कर्जा का दुसह बोझ मिला था। क्राति क बाद शक्तिशाली वित्तपतियो न सरकार का अपनी कठिनाइयो को हल करन म समर्थ बनान क लिए उस सहयोग दन म इन्कार कर दिया। इस वित्तीय समस्या को आसानी म हल किया जा सकता था बशर्ते कि राजकीय ऋणो से लाभान्वित होन वालो – बैंकपतियो और धनी उद्योगपतियो – को पैसा दन क लिए मजबूर कर दिया जाता। लेकिन अस्थायी सरकार न बूर्जुआजी की इच्छानुसार दूसरा ही रास्ता चुना और उसन ४५ सतीम का कर लगा दिया। इसका मतलब था कर क तौर पर दिय जानवाल प्रति फ्रैंक म ४५ सतीम की वृद्धि। नये कर का मुख्य भार कृषक समुदाय और शहरी निम्न बूर्जुआजी पर पडा। ये दोनो सामाजिक समूह क्राति म सुधारो की आशा कर रहे थ पर उनके

बजाय उन पर करो का बोझ बढा और उनकी रहन सहन की हालत और भी ज्यादा मुश्किल हो गयी।

बूर्जुआ राजनीतिज्ञो और बूर्जुआ समाचारपत्रो ने लोगो के सामने इस वर्धित कराधान को सर्वहारा की लगातार बढती मागो के कारण अनिवार्य बन कदम के रूप मे पेश किया। परिस मे बेरोजगारो की भारी सख्या को देखते हुए तथाकथित राष्ट्रीय कार्यशालाए स्थापित की गयी थी जिनमे मजदूरो को दो फ्रैंक रोज की मजदूरी पर बेलदारो, आदि की हैसियत से काम पर रखा जाता था। बूर्जुआ राजनीतिज्ञो ने आरोप लगाया कि इन कार्यशालाओ पर और लक्समबर्ग आयोग के अधिवेशनो पर बहुत अधिक पैसा खर्च करना पड रहा है और इस तरह मजदूरो के कारण ही करो को बढाना आवश्यक हुआ है। बूर्जुआजी ने किसानो और शहरी निम्न बूर्जुआजी को सर्वहारा के विरुद्ध भडकाने के लिए इस तरह के हथकडो का उपयोग किया।

फ्रासीसी सर्वहारा के सच्चे समर्थको ने, उदाहरण के लिए कट्टर क्रातिकारी लुई ओग्यूस्त ब्लाकी (१८०५ १८८१) ने जो सभी बूर्जुआ शासनो का प्रखर आलोचक था अस्थायी सरकार की इस भडकाव की नीति का विरोध किया। लेकिन ब्लाकी कुछ भी नही कर पाया क्योकि मजदूरो का बहुमत अब भी लुई ब्ला का ही अनुकरण कर रहा था जो अस्थायी सरकार का सदस्य था और मजदूरो के बीच अब भी बनी अपनी प्रतिष्ठा के आधार पर सरकार की नीतियो को इस तरह पेश कर सकता था कि जिससे वे मजदूरो को स्वीकार्य लगने लगती थी।

यही नही जब १७ मार्च को क्रातिकारी क्लबो ने अस्थायी सरकार की नयी नीतियो के विरोध मे एक प्रदर्शन का आयोजन किया तो लुई ब्ला ने ओतेल दे वील की बालकनी पर आकर मजदूरो से अपील की कि वे अस्थायी सरकार मे विश्वास को बनाये रखे। सर्वहारा पर उसका प्रभाव इतना जबरदस्त था कि यह प्रदर्शन शातिपूर्वक बिखर गया।

जून का विद्रोह

इस प्रकार बूर्जुआजी ने लुई ब्ला की लोकप्रियता और वर्गगत शाति की उसकी नीति का अपने लक्ष्यो की सिद्धि के लिए उपयोग करते हुए सर्वहारा और कृषक समुदाय मे फूट पैदा करने मे सफलता प्राप्त कर ली। इसका अप्रैल १८४८ मे हुए सविधान सभा के चुनावो पर असर पडा जो प्रथम गणराज्य के बाद से सार्विक मताधिकार के आधार पर होनेवाले पहले चुनाव थे। इन चुनावो मे सर्वहारा के उम्मीदवारो को करारी हार खानी पडी। किसानो ने जो मतदाताओ के बहुलाश थे बूर्जुआजी के पिट्ठुओ को मत

जून विद्रोह के समय पेरिस के उपनगर मे सडको पर लडाई

वर्ग शत्रु पर भीषण आक्रमण किया और इसमें बूर्जुआ राजनीतिज्ञों द्वारा गुमराह किये गये किसानों और निम्न बूर्जुआजी ने उसकी सहायता की। श्रमिकों ने इन स्वाभाविक सहायकों ने, जिन्हें इस लड़ाई में उनका साथ देना चाहिए थी, उन्हीं पर भयंकरता के साथ प्रहार किया।

जनरल कवेन्याक को, जिसने फ्रांसीसी विजेताओं के विरुद्ध संघर्षरत अल्जीरिया के निवासियों का निर्मम दमन करके बूर्जुआजी का विश्वास प्राप्त कर लिया था, असाधारण अधिकार प्रदान कर दिये गये। उपनिवेशों की जनता का यह दमनकर्ता श्रमिक वर्ग के प्रति भी उतना ही निष्ठुर सिद्ध हुआ। उसने जिस असीम निर्दयता से श्रमिकों के विद्रोह का दमन किया, उसने उस समय के सभी प्रगतिशील व्यक्तियों में सख्त नाराजी पैदा कर दी थी। अलेक्सांदर हर्ज़ेन ने लिखा था, "इन भयानक दिनों में हत्या का ही राज था। जिस आदमी के हाथ सर्वहारा के खून से सने नहीं होते थे, वह बूर्जुआ मड़ूकों की निगाहों में संदेह का पात्र होता था।"

जनरल कवेन्याक के जल्लादों द्वारा तोपों की गोलाबारी से आखिरी बैरिकेडों के ढहा दिये जाने के बाद पेरिस की सड़कों पर पांच सौ मजदूरों की लाशें पड़ी हुई थीं। लेकिन बूर्जुआजी के गुस्से के सैलाब को तो अपनी असली विनाशलीला विद्रोह के कुचले जाने के बाद ही दिखानी थी – धनवानों की सत्ता फिर से स्थापित हो जाने के बाद ग्यारह हजार मजदूरों को, यानी लड़ाई में जितने लोग मारे गये थे, उससे बाईस गुना लोगों को गोलियों से उड़ा दिया गया।

लुई बोनापार्त का राष्ट्रपति बनना

मजदूर वर्ग लोकतंत्र और सामाजिक प्रगति का सब से निष्ठावान रक्षक था और १८४८ के जून विद्रोह में उसकी पराजय ने प्रतिक्रिया की नयी लहर का पथ प्रशस्त कर दिया।

यह बात जल्दी ही, दिसम्बर १८४८ में हुए गणराज्य के राष्ट्रपति के चुनाव में प्रकट हो गयी। राष्ट्रपति पद के बहुत से अभ्यर्थियों में राजकुमार लुई नेपोलियन बोनापार्त भी था। सम्राट नेपोलियन प्रथम का यह भतीजा बहुत ही दुस्साहसी था और अपने को जिस भी पर्यावरण में पाता था, उसी उसी में किस्मत आजमाने की कोशिश करने लगता था। इटली के गुप्त क्रान्तिकारी संगठनों में शामिल होकर उसने राजनीतिक सत्ता परिवर्तन के बेवकूफीभरे प्रयासों में भाग लिया था और परिणामस्वरूप उसे जेल में रहना पड़ा था। लंदन में गुंडा-लफंगों के बीच रहकर वह आवारागर्द जिंदगी का भी भरपूर मजा ले चुका था। क्रांति के बाद जब वह महत्त्वाकांक्षाभरी योजनाएं और धन

की हविस लिये फ्रास वापस आया ता उमन अपन वोनापार्त नाम को ही दाव पर लगान की ठान ली थी। देश म काई भी इस राजनीतिक स्वार्थजीवी के बारे म कुछ भी नही जानता था और न गभीरता से उमके बारे म कुछ साचता ही था। लेकिन उसके सभी समकालीन यह देखकर चक्ति हा गय कि सवस अधिक मत इस राजनीतिक दृष्टि स नगण्य व्यक्ति ने महान चाचा क तुच्छ भतीज" न ही प्राप्त किय।

लुई वानापार्त का बूर्जुआ फ्रास का शासक चुन लिया गया। उसने या सैनिक विजयो और दृढ शाही शासन से जुडे उसके यशस्वी वोनापार्त नाम ने बडे बूर्जुआ वर्ग सपन्न कृपका और घोर अधराष्टवादी प्रचार से अभिभूत शहरी निम्न बूर्जुआजी का समर्थन प्राप्त कर लिया था।

२ दिसम्बर, १८५१ का सत्ता परिवर्तन

लुई वानापार्त का दूसरे गणराज्य के राष्ट्रपति पद पर चुना जाना स्वय ही गणराज्य क पतन का सूचक था। लुई बोनापार्त न राष्ट्राध्यक्ष के नात अपन का प्राप्त प्रत्येक अवसर का गणराज्य को समाप्त करन के लिए पूरा-पूरा उपयोग किया। २ दिसम्बर, १८५१ को उसने सेना की सहायता से तख्तापलट करके निरकुश सत्ता हस्तगत कर ली। पेरिस म और प्राती म गणतत्रवादिया के छोट छोट समूहो न प्रतिरोध करने की कोशिश की लेकिन इन प्रयासो को शीघ्र ही कुचल दिया गया। लोकतत्र का मुख्य रक्षक सर्वहारा जून हत्याकाड के बाद हथियार उठान की स्थिति म नही था और इस प्रकार गणराज्य की रक्षा करनवाला काई भी नही था। साल ही भर वाद, दिसम्बर १८५२ म गणराज्य को औपचारिक रूप म भी समाप्त कर दिया गया। फ्रास मे एक बार फिर राजतत्रीय शासन की स्थापना हो गयी और लुई वोनापार्त ने अपने को द्वितीय साम्राज्य का सम्राट नेपोलियन तृतीय घोपित कर दिया।

इस प्रकार दूसरे गणराज्य का जिसका फरवरी १८४८ म इतने उत्साह के साथ स्वागत किया गया था और जिमे लगभग निर्विरोध समर्थन प्राप्त था मात्र चार ही साल के भीतर अवसान हो गया और उसका स्थान प्रतिक्रियावादी रणाकाक्षी वोनापार्ती साम्राज्य न ले लिया।

१७८९ की पहली फ्रासीसी क्राति क विपरीत जो लगातार अधिक बल प्राप्त करती चली गयी थी १८४८ की क्राति का पराभव बिलकुल आरभ से ही सुनिश्चित था। इसका कारण यह था कि फ्रासीमी बूर्जुआ वर्ग जिस मज़दूर वर्ग से नफरत हो गयी थी और उसस डर था इस समय तक एक प्रतिक्रातिकारी शक्ति वन चुका था। जून विद्रोह म अपनी शक्ति और

दृढता का प्रदर्शन कर लेने के बावजूद सर्वहारा वर्ग के पास अब भी मेहनतकशो के बहुलाश को एक्यबद्ध करने और उसे अपने नेतृत्व में आगे ले जाने के लिए वाछित अनुभव का अभाव था।

जर्मनी मे क्राति

जर्मनी में भी क्राति का आरभ १८४८ के वसत में ही हो गया था। किन्तु फ्रास के विपरीत जहा अब तीसरी क्राति हो रही थी अपने इतिहास में जर्मनी का क्राति से यह पहला साक्षात्कार था और इसलिए उसे उन बहुत सी समस्याओ का पहली बार ही सामना करना पड रहा था जिन्हे फ्रास में अठारहवी शताब्दी के अत में ही हल कर लिया गया था।

जर्मन क्राति का सबसे महत्वपूर्ण और तात्कालिक कार्यभार था देश का एकीकरण और एक जर्मन राष्ट्रीय राज्य की स्थापना। जहा इगलैड और फ्रास बहुत पहले ही राष्ट्रीय राज्य बन गये थे वहा जर्मनी अब भी एक अमूर्त धारणा से अधिक कुछ न था। कुल मिलाकर बडे-छोटे अडतीस जर्मन राज्य थे जिनके अपने अपने अलग-अलग राजा थे और जो आपस में झगडे रहते थे। सबसे शक्तिशाली राज्य प्रशा बवारिया सैक्सनी वूर्टेमबर्ग और हैनोवर थे। छोटे बडे हर राज्य मे राजा और अभिजात अपने मध्ययुगीन विशेषाधिकारो से बेतरह चिपके हुए थे। सबमे सामती रिवाजो, अनम्य रूढिया और लौह अनुशासन का राज था। प्रशासनिक तथा आर्थिक अनैक्य ने जर्मनी के आर्थिक विकास मे गभीर बाधाए खडी कर रखी थी। यद्यपि जर्मनी में भी मशीनो का प्रचलन हो चुका था और पहले रेलमार्ग बनाये जा चुके थे फिर भी आर्थिक विकास मे वह इगलैड और फ्रास से बहुत पिछडा हुआ था। सयुक्त केंद्रीय सत्ता का अभाव सामतवाद के अवशेषो का सबसे प्रत्यक्ष सूचक था। सामती शासन के विरुद्ध अभियान विशेषकर देहातो के लाखो किसानो की प्रगति में बाधक सामती प्रथाओ का मूलोच्छेदन और उन्मूलन जर्मन क्राति का दूसरा महत्वपूर्ण कार्यभार था और वह पहले कार्यभार से अविछिन्न रूप में जुडा हुआ था।

उन्नीसवी शती के चौथे और पाचवे दशको के साहित्य और विशेषकर महान जर्मन कवि हाइने (१७९७ १८५६) तथा 'युगज दायचलद' (तरुण जर्मनी) के नाम से विख्यात प्रगतिशील कवियो, उपन्यासकारो और नाटककारो के एक समूह की कृतियो ने छोटे छोटे रजवाडो के दभी और प्रतिक्रियावादी राजतत्रो की वीभत्स तथा घिनौनी प्रवृत्तियो और सकीर्णमना प्रशाई दर्प का साहसपूर्वक परदाफाश किया और खिल्ली उडायी। उनकी साहसिक राजनीतिक कविताओ ने अपने देशवासियो की सामाजिक चेतना को जगाने में महत्वपूर्ण योगदान किया।

क्रातिकारी विप्लव सबसे पहले पश्चिमी राज्यो म फूट। बादेन वूर्टेमवर्ग ववारिया और हमी दर्मश्ताद्त म १८४८ के मार्च के आरभ म राजनीतिक सुधारो की माग करने के लिए सडको पर सभाओ और जलूसो का सिलसिला शुरू हो गया। मार्च के इन दिनो के मुख्य नारे जर्मन एकता और आजादी" थे। बादेन म लोकतत्रवादियो के एक छोटे से दल ने गणराज्य की स्थापना की माग भी पेश की लेकिन इस माग को ज्यादा समर्थन नही प्राप्त हो सका।

क्रातिकारी सरगरमी का यह ज्वार इतना शक्तिशाली था कि पश्चिमी राज्यो के शासको ने समझ लिया कि तुरत कुछ राजनीतिक रिआयत देने के अलावा और कोई चारा नही है। वूर्टेमवर्ग के बादशाह विल्हेल्म प्रथम ने जल्दी जल्दी प्रेस की स्वतत्रता की घोषणा कर दी अपने पुराने मत्रियो को बरखास्त कर दिया और उनके स्थान पर स्थानीय बूर्जुआ उदारवादियो के नेताओ को नियुक्त कर दिया। ववारिया म जहा जन प्रदर्शन विशेषकर बड पैमाने पर हुए बादशाह ल्यूदविग ने अपने बेटे के लिए गद्दी छोड देना ही श्रेयस्कर समझा। बादेन म राजधानी कार्ल्सरूहे म विदेश मत्रालय का भवन जला दिये जाने के बाद ड्यूक लियोपोल्ड ने तुरत सबसे घृणित प्रतिक्रियावादी मत्रियो को बरखास्त करके उनकी जगह स्थानीय उदारवादियो को नियुक्त कर दिया।

जल्दी ही प्रशा का राजनीतिक वातावरण भी तनावपूर्ण हो गया। यहा बर्लिन के मजदूर सबसे सक्रिय राजनीतिक शक्ति थे। क्राति शुरू होने के पहले से ही उनके जुझारूपन ने जर्मन बूर्जुआजी म आतक पैदा कर दिया था। दहशत म आकर जर्मन पूजीपति इस निष्कर्ष पर पहुच गये थे कि देश म एक ऐसा तूफान आनेवाला है कि जिसके सामने फ्रासीसी आधी हवा के हल्के झोके जैसी प्रतीत होगी। नि सदेह यह अतिरजना थी लेकिन यह घबराहट जर्मन बूर्जुआजी की दोमुखी अतर्विरोधी स्थिति को प्रकट करती थी। जर्मन बर्गर (निम्न बूर्जुआ) जो राजनीतिक अधिकारो से वचित थे और प्रशाई युकरो (जुकर) द्वारा तिरस्कार की नजरो से देखे जाते थे स्वाभाविक रूप म देश मे मुख्य राजनीतिक शक्ति बन जाने के आकाक्षी थे। लेकिन चाहे वे राजतत्र और अभिजात वर्ग से घृणा करते और डरते थे मजदूरो से वे और भी अधिक नफरत करते और डर खाते थ। क्रातिकारी उफान के इन दिनो मे बर्गरो के ढुलमुलपन, पाखड और कमजोरी की जड इसी म थी।

प्रशियाई सम्राट फ्रेडरिक विल्हेल्म चतुर्थ और विशेषकर युवराज विल्हेल्म की बूर्जुआजी को किसी भी तरह की कोई रिआयत देने की इच्छा नही थी। वे अपनी वफादार सेनाओ के जिन्हे धीरे धीरे बर्लिन म बडी सख्या मे एकत्र कर लिया गया था समर्थन पर और रूस के जार निकोलाइ

प्रथम की सहायता पर निर्भर कर रहे थे जिसमें उन्होंने मार्च के आरंभ में ही जर्मनी में सेनाएं भेजने का अनुरोध कर दिया था। इस बीच फ्रेडरिक विल्हेल्म नरम गरम के अस्पष्ट वादे करता हुआ ज्यादा से ज्यादा मुहलत प्राप्त करने की कोशिश कर रहा था।

बर्लिन की १८ १९ मार्च की बगावत

लेकिन आखिर अपनी प्रजा की राजनीतिक मांगों का विरोध करते रहने में सन्निहित खतरे को महसूस करके १७ मार्च की रात को फ्रेडरिक विल्हेल्म ने घोषणा कर दी कि वह प्रजा को संविधान प्रदान करेगा। उसने कई अन्य उदार सुधारों का भी वादा किया। १८ मार्च की सुबह मजदूरों, कारीगरों और वर्गों की बडी-बडी भीड अपनी पहली विजय की खुशियां मनाने के लिए सडको पर निकल आयी। लेकिन शाही महल की दीवारों के पास इस शांतिपूर्ण प्रदर्शन पर सरकारी फौजों ने गोलियों की वर्षा की और जरा ही देर में सडकें मृतों और आहतों से भर गयीं।

इस निष्ठुर प्रतिहिंसा ने भयंकर नाराजी पैदा कर दी। देखते ही देखते जगह जगह बैरीकेड खडे हो गये, जिन पर अधिकांशत बर्लिन के मजदूर जम गये थे। जल्दी जल्दी बुलायी गयी कुमुकों के बावजूद सडकों पर हुई भीषण लडाई में सरकारी सेनाओं को पराजित होना पडा। किसी उदारवादी राजनीतिज्ञ ने १८ मार्च की शाम को बादशाह से कहा था कि उसके सिर पर से ताज गिरनेवाला है। प्रशियाई बादशाह इस समय अत्यधिक असमंजस में था और उसने महसूस किया कि वह अब कोरे पाशविक बल पर ही और निर्भर नहीं कर सकता। १९ मार्च की सुबह उसने मेरे प्यारे बर्लिन वासियों के नाम अपील निकाली। उसमें उसने सेनाओं को राजधानी से तुरंत हटा लेने का वादा किया और उसी दिन इस आशय के आदेश भी जारी कर दिये। अगले दिन जब सडकों पर हुई लडाइयों में मारे गये लोगों की सार्वजनिक अंत्येष्टि क्रिया हुई तो बादशाह को अपनी ही सेना के शिकारों को अंतिम श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए स्वयं आना पडा।

बूर्जुआजी का विश्वासघात

प्रशियाई राजतंत्र के साथ १८ १९ मार्च की अपनी पहली ही मुठभेड में जनता ने विजय प्राप्त कर ली थी किंतु इस विजय को जनता की पहली और अंतिम विजय सिद्ध होना था।

१८-१९ मार्च को बर्लिन के श्रमिकों के शौर्यपूर्ण संग्राम से दहशत में

फ्रेडरिक एंगेल्स, १८७२

जाकर जमन बूर्जुआ वेहद चौकन्न हो गये थ। बादशाह द्वारा हाल ही मे नियुक्त किये गये बैकपति कपहाउज़न तथा उद्योगपति हासमान और अन्य मत्रियो को सबसे पहले और सबसे बढकर बादशाह का विश्वास प्राप्त करन की ही चिता थी। उन्होन इसक लिए बादशाह और अभिजात वर्ग के साथ समझौता करन की पूरी-पूरी कोशिश की, ताकि श्रमिको व क्रातिकारी जोश को काबू म रखने के लिए मिलजुलकर प्रयास किया जा सके। लगभग सपूर्ण जर्मन बूर्जुआजी न ऐसा ही किया, जो जनता से डरता था और जिसने उसके साथ विश्वासघात किया। भूमिहीन और गरीब किसानो की आशाये भी भग हो गयी जिन्होने यह आशा की थी कि क्राति उन्हे निष्ठुर सामती शोषण से मुक्ति दिला देगी और मुफ्त जमीन प्रदान करा देगी। मई, १८४८ म बर्लिन म प्रशा की राष्ट्रीय सभा ने किसानो द्वारा पेश की गयी इन उचित मागो को अस्वीकार कर दिया। इस प्रकार बूर्जुआजी ने सिर्फ मजदूरो ही नही बल्कि किसानो क साथ भी विश्वासघात किया। शीघ्र ही बूर्जुआ नताओ न बादशाह स यह अनुरोध भी किया कि सेनाओ को राजधानी फिर ल आया जाये और बादशाह न इस अनुरोध का सहर्ष स्वीकार कर लिया।

१८४८ की क्राति के दौरान कार्ल मार्क्स और फ्रेडरिक एगेल्स की सरगरमिया

जमन सर्वहारा म अभी राजतत्र अभिजात वर्ग और बूर्जुआ वर्ग की सम्मिलित शक्तियो का सफल प्रतिरोध कर सकने के लिए वाछित अनुभव शक्ति और सगठन का अभाव था।

वैज्ञानिक कम्युनिजम के महान प्रणता कार्ल मार्क्स और फ्रेडरिक एगेल्स जर्मनी म क्राति फूटत ही तुरत अपनी जन्मभूमि वापस पहुच गय। सर्वहारा के इन दोना अलमबरदारा म से कोई भी ऐसा बैठकबाज क्रातिकारी नही था कि जो राजनीतिक घटनाचक्र की तूफानी बौछारो स शातिमय अलगाव म शरण ल ल। इसके विपरीत, वे दोनो सदा क्रातिकारी हलचल की सबसे अगली कतारो म ही रहत थे। जर्मनी म उन्हाने कोलोन को अपना सदर मुकाम बनाया, जो एक महत्वपूर्ण औद्योगिक केद्र था।

उनक सामन इस समय यह समस्या थी कि व्यापकतम लोगो तक अपनी आवाज कैसे पहुचायी जाये और प्रगतिशील क्रातिकारी शक्तियो का क्योकर सगठित किया जाये। मार्क्स न कोलोन म नोय राइनिशे त्साइतुग नामक समाचारपत्र का प्रकाशन शुरू किया जो क्रातिकारी लोकतत्र का बहुत ही प्रभावी जुझारू मुखपत्र सिद्ध हुआ। मार्क्स और एगेल्स न जर्मन जनता के लिए आदोलन का सुस्पष्ट कार्यक्रम तैयार किया जिसम सभी

सामंती जर्मन सरकारों का तख्ता पलटने, समस्त जर्मन प्रदेशों में सामंती समाज का उन्मूलन करने और संयुक्त जनतंत्रीय जर्मन गणराज्य स्थापित करने का आह्वान किया गया था। यह कार्यक्रम संघर्ष की आला मंजिल-समाजवाद के लिए संघर्ष-की महत्वपूर्ण पूर्वापेक्षा था। मार्क्स तथा एंगेल्स द्वारा साथ मिलकर 'राइनिशे त्साइटुंग' के पृष्ठों में निरूपित इस साहसी, जुझारू और दूरदर्शितापूर्ण कार्यक्रम के अमल में समर्थकों का आरोपित किया। लेकिन जर्मन मजदूर आन्दोलन की उस विशिष्ट अवस्था में यह अखबार देश की समस्त प्रगतिशील शक्तियों को एकजुट करने में असफल रहा। इसके अलावा यह अखबार साल भर से भी कम ही चल पाया था। देश में प्रतिक्रांतिकारी शक्तियों का पलड़ा भारी हो चुका था और मई, १८४९ में 'नाये राइनिशे त्साइटुंग' का अंतिम अंक प्रकाश में आया। एंगेल्स ने बाद में लिखा था "हमें अपना किला छोड़ना पड़ा लेकिन हम पीछे हटे तो अपने हथियारों और सामान के साथ, बाजे गाजे के साथ और लहराते झंडे के साथ-लाल रंग में छपे अंतिम लाल अंक के झंडे के साथ हटे।'

प्रतिक्रांति का प्रहार

मई १८४८ में ही जर्मन एकीकरण के प्रश्न पर विचार विमर्श करने के लिए माइन-तट फ्रैंकफर्ट में अखिल जर्मन संविधान सभा का समाहूत किया जा चुका था। कई लोकतंत्रवादियों को इस सभा से बहुत अपेक्षाएं थीं क्योंकि उसके सदस्य सार्विक मताधिकार के आधार पर चुने गये थे और वह जर्मन जनता के हितों का आधिकारिक मंच बन सकती थी। फ्रैंकफर्ट संसद के अधिकांश सदस्य बूर्जुआ उदारवादी प्रोफेसर और वकील थे। उन्होंने वक्तृता में एक दूसरे से टक्कर लेते हुए अमूर्त विषयों पर लंबे लंबे धुआंधार भाषण दिये लेकिन राजनीतिक कार्य और व्यावहारिक समस्याओं के हल में अपने को बिलकुल अयोग्य सिद्ध किया। पेरिस के सर्वहारा के जून विद्रोह के बाद सारे जर्मन बूर्जुआजी की ही भांति फ्रैंकफर्ट संसद के सदस्य भी श्रमिक वर्ग से डर और नफरत की लहर में बह गये और एकदम दक्षिणपंथी हो गये थे। देश भर में चढ़ते प्रतिक्रांति के ज्वार की तरफ से अपनी आंखें को मींचे हुए वे लंबे बेमतलब भाषण झाड़ने में और अखिल जर्मन संविधान के मूला धारों के निरूपण में ही लगे रहे।

इसी बीच प्रशा में प्रतिक्रांतिकारी शक्तियों ने युंकरों के नेतृत्व में नया प्रत्याक्रमण शुरू कर दिया था। बूर्जुआ राजनीतिज्ञों की असली काम कर पाने की पूर्ण अक्षमता का कायल होकर प्रशा के बादशाह ने ६ नवंबर, १८४८ को एक आज्ञप्ति जारी करके प्रशाई संविधान सभा के बर्लिन से हावेल-तट

ब्रेडनबर्ग नामक छोटे से प्रांतीय कसबे में स्थानांतरित किये जाने सभी मन्त्रियो के बरखास्त किये जाने और उनके स्थान पर अपने समर्थको को नियुक्त करने के आदेश दे दिये। यह संविधान सभा को भंग किये जाने के बराबर था और दिसंबर में इसकी आधिकारिक रूप से पुष्टि भी कर दी गयी।

फ्रैंकफर्टी गपाउम्यान ' के भाषणबाज़ जो यह नही देख सके कि क्या हुआ है, अंतहीन भाषण झाड़ने में ही लगे रहे। अंत में वे जिस निर्णय पर पहुंचे वह था जर्मन शासको में सबसे ज्यादा प्रतिक्रियावादी शासक होहेनज़ोलर्न राजवंश के फ्रेडरिक विल्हेल्म को जर्मन सम्राट का मुकुट भेंट करना। लेकिन फ्रेडरिक विल्हेल्म ने कूड़े से निकाले ' इस ताज को स्वीकार करने की अनुकंपा नही की। इतना ही नही प्रशियाई बादशाह ने तो फ्रैंकफर्ट संसद द्वारा तैयार किये संविधान को स्वीकार करने से भी इन्कार कर दिया और दूसरे जर्मन शासको ने तुरंत उसका अनुकरण किया। इसके विरोध में ड्रेजडेन तथा पश्चिमी राज्यो में क्रांतिकारी लोकतन्त्रवादियो ने मई, १८४९ मे जन विप्लव संगठित किया। एंगेल्स ने भी इस सशस्त्र विद्रोह में जनसाधारण के साथ कंधे से कंधा भिड़ाकर भाग लिया। लेकिन विप्लवियो के वीरतापूर्ण प्रतिरोध के बावजूद यह आंदोलन कुल मिलाकर बहुत ही कमज़ोर और असंगठित था और इसलिए शत्रु के भारी बाहुल्य के सामने उसकी पराजय अनिवार्य थी। पेलेटीन (फ्फाल्त्स) तथा बादेन में प्रशियाई सेना के हस्तक्षेप ने पराजय को और भी द्रुत कर दिया और साथ ही यह भी प्रत्यक्ष कर दिया कि फ्रैंकफर्ट संसद की नियति का निर्धारण हो चुका है। उसमे निरर्थक विवादो और विरोधपत्र जिनकी तरफ कोई नाम को भी ध्यान नही देता था तैयार करने का सिलसिला जून १८४९ तक चलता रहा, जब उसे भंग कर दिया गया। यह घटना जर्मनी में प्रतिक्रांति की पूर्ण विजय की द्योतक थी।

आस्ट्रियाई साम्राज्य मे क्रांति तथा प्रतिक्रांति

बहुराष्ट्रीय आस्ट्रियाई साम्राज्य में क्रांति को फ्रांस और जर्मनी से भिन्न समस्याओ का हल करना था। इस साम्राज्य मे क्रांतिकारियो के सामने सिर्फ सामंती निरंकुशतावादी व्यवस्था को उखाड़ फेंकने का ही नही बल्कि विभिन्न अधीनीकृत जातियो को राष्ट्रीय उत्पीडन से मुक्त करने का भी कार्यभार था। हंगेरियाई चेक स्लोवाक रूमानियाई उक्रइनी पोल क्राएशियाई और सर्ब – ये सभी हाप्सबर्गो के जूए में थे। ये सभी जन राष्ट्रीय स्वाधीनता और स्वतन्त्रता के आकांक्षी थे। यही कारण था कि जैसे ही १३ मार्च १८४८ के दिन वियना में जन विद्रोह फूटा और घृणित तानाशाह मेटर्नीख को

छोडकर भागा वैसे ही साम्राज्य के अधीनस्थ जनगण म क्रातिकारी सरगर मियो का प्रचड तूफान आ गया। १८ माच को हगरी म क्राति फूट पड़ी। हगरियाई क्रातिकारी लोकतत्रवादियो की कतारा म प्रख्यात कवि शान्दार पेलफी (१८२३-१८४६) और मिहाली ताचीच (१७६६-१८८८) जैसे अत्यत प्रतिभाशाली नेता भी थे। लगभग एक ही साथ प्राग तथा अन्य चक नगरो म पारकार्पेथिया के उत्तइना मे, क्रोएशिया तथा अन्य दक्षिणी स्लाव राज्यो म क्रातिकारी विप्लव फूट पडे।

आस्ट्रियाई साम्राज्य मे क्राति का प्रवाह किसी भी प्रकार एकरूप नही था बल्कि यह कहना सही होगा कि इस क्रातिकारी प्रवाह म कई अलग-अलग – आस्ट्रियाई चेक हगेरियाई, आदि आदि – क्रातिया सम्मिलित थी। हाप्सबग शासन के विरुद्ध इस विद्रोह का दुर्भाग्य उसम एकता का अभाव था। सिर्फ इतना ही नही कि अलग-अलग जातिया सामान्य शत्रु क विरुद्ध सघर्ष म एकजुट होकर नही लड सकी, बल्कि उन्हाने एक दूसर की सफलता के मार्ग मे अवरोध तक पैदा किये। बूर्जुआ वर्ग और अभिजात वर्ग के उदार वादी अशको ने यहा भी एक बार फिर कायरता और अनिश्चय का प्रदर्शन किया मजदूर और किसान जनसाधारण की सहायता हासिल करन के स्थान पर उन्होन उनकी न्यायोचित मागो की उपेक्षा की और हाप्सबर्गो तथा आस्ट्रियाई अभिजाता के साथ समझौते पर पहुचना चाहा।

हगेरियाई क्राति और उसकी पराजय

१२ से १७ जून, १८४८ के दौरान प्राग की जनता का शौर्यमय विद्रोह फील्ड मार्शल प्रिस विनदिशग्रात्स की सेना द्वारा कुचल दिया गया। अक्तूबर क अत और नवबर क आरभ मे इस घृणित सेनानायक ने वियेना के लोकतत्र वाली विद्रोह का भी अभूतपूर्व निर्दयता के साथ कुचल डाला। हगरी सबसे देर तक प्रतिरोध करता रहा। १४ अप्रैल १८४६ को हगेरियाई राष्ट्रीय सभा ने हाप्सबर्ग राजवश को सिहासनच्युत करके हगरी की स्वतत्रता की उदघोषणा कर दी। स्वतत्र हगरी न प्रतिभाशाली देशभक्त लायोश कोशुत के नेतृत्व म अपन भूतपूर्व उत्पीडको के विरुद्ध क्रातिकारी युद्ध शुरू कर दिया। आस्ट्रियाई सम्राट फ्राज जोजफ ने इस डर से कि वह हगरियाई क्राति को अपन ही बूते पर न दबा पायेगा, रूस के जार निकोलाई प्रथम से सहायता मागी। जारशाही सेनाओ के हस्तक्षेप ने हगरियाई क्राति की शीघ्र पराजय को सभव बना दिया। अलेक्सादर हर्जेन और निकोलाई चेर्निशेव्स्की जैसे रूसी क्रातिकारी लोकतत्रवादियो न जार के कार्य के विरुद्ध तीव्र रोष प्रकट किया किंतु व स्थिति को बदलन म लाचार थे। अगस्त

१८४९ में हंगरियाई क्रांति को अंतिम रूप में पराजित कर दिया गया।

इटली के क्रांतिकारी विद्रोहों और बेल्जियम, स्पेन तथा स्विट्जरलैंड जैसे अन्य यूरोपीय देशों के आंदोलनों का इससे पहले ही कुचला जा चुका था।

इस तरह सारे ही यूरोप में प्रतिक्रांति को पूर्ण विजय प्राप्त हो गयी। लेकिन चाहे १८४८ की क्रांतियों का अंत पराजय में हुआ, फिर भी वे विस्मृति के गर्भ में नहीं समा गयीं – उन्होंने यूरोप के आगामी घटनाचक्र पर बहुत भारी प्रभाव डाला। उनका महत्व सिर्फ इसी बात में नहीं है कि उनके दौरान कई रियायतें हासिल की गयी थीं, जैसे आस्ट्रियाई साम्राज्य में भूदासत्व का उन्मूलन और राष्ट्रीय उत्पीड़न में कुछ कमी और जर्मनी में कुछ बूर्जुआ उदारवादी सुधारों का क्रियान्वयन, आदि आदि। इन क्रांतियों ने यूरोपीय सर्वहारा को राजनीतिक संघर्ष का अमूल्य अनुभव प्रदान किया। अपने लक्ष्यों की सिद्धि न कर पाने पर भी क्रांतियों ने यह दिखलाया कि सर्वहारा के एक बड़े और प्रभावशाली सामाजिक वर्ग के रूप में उदित हो जाने के बाद अब बूर्जुआ वर्ग क्रांतिकारी वर्ग नहीं रह गया है और प्रतिक्रांतिकारी शक्ति में परिणत हो गया है। इन क्रांतियों ने यह भी दिखलाया कि सामंती शोषण से मुक्ति और लोकतंत्रीय स्वतंत्रताओं को जनता सिर्फ अपने बूते पर और मजदूर वर्ग के नेतृत्व में संघर्ष करके ही प्राप्त कर सकती है और इसलिए इस लक्ष्य की सिद्धि के वास्ते मजदूर वर्ग और किसान समुदाय तथा अन्य मेहनतकश अवामों का सहबंध नितांत आवश्यक है। १८४८-१८४९ की क्रांतियों और उनके बाद आनेवाली प्रतिक्रांतिकारी प्रतिक्रिया की लहर ने यह भी दर्शाया कि राष्ट्रीय तथा जातीय वैमनस्य क्रांतिकारी आंदोलन के लिए घातक है और अलग-अलग कौमों के लोगों की एकता और एकजुटता सामान्य शत्रु के विरुद्ध संघर्ष में सफलता प्राप्त करने की एक अनिवार्य शर्त है।

दसवा अध्याय

उन्नीसवी शताब्दी का रूस (सातवे दशक तक)

पूजीवाद का विकास। भूदासत्व पर आधारित सामती अर्थव्यवस्था का विघटन

उन्नीसवी शती के आरभ मे रूस मे वे शक्तिया सामने आने लग गयी थी, जिन्हे अतत सामती सामाजिक स्वरूपो और भूदासत्व का पूर्ण विखडन करवाना था। प्रारभिक पूजीवाद के विकास के साथ यह प्रक्रिया भी कुछ समय पहले ही शुरू हो चुकी थी, लेकिन पुरानी व्यवस्था का कालातीत और देश की प्रगति मे बाधक स्वरूप अब आकर ही स्पष्ट हो पाया था। इस समय तक रूसी उद्योग स्थिर गति से विकास करने लग गया था, लगातार अधिक सख्या मे नये कल-कारखाने खुलते जा रहे थे और उन्हे चलाने के लिए उजरती मजदूरो की ज़रूरत थी। लेकिन किसान अभी जमीन के साथ ही बधे हुए थे उन्हे अपने भूस्वामियो की सपत्ति माना जाता था और यह स्थिति मजदूर वर्ग की वृद्धि को रोके हुए थी, जो जायमान उद्योग के लिए अत्यावश्यक था। व्यापार का तेज़ी से विकास हो रहा था और आतरिक मडी बढ रही थी लेकिन मेहनतकश जनसाधारण का भारी बहुलाश अब भी दासता के बधनो मे ही था और आजादी से व्यापार के काम मे नही लग सकता था जिसका यह मतलब था कि भूदासत्व आर्थिक विकास के इस क्षेत्र मे भी बाधक था। एक नया – बूर्जुआ – वर्ग जन्म ले रहा था, लेकिन उसके विकास को भी सामती समाज के सामाजिक सबध और कानून अवरुद्ध कर रहे थे। कभी कभी तो ऐसी मज़ेदार बाते भी देखने मे आती थी कि ऐसे धनवान भूदास व्यापारियो और भूदास कारखानेदारो को जिनके पास विशाल पूजी थी और जो हजारो मज़दूरो को उजरत पर रखते थे, अब भी किसी न किसी भूस्वामी के भूदास समझा जाता था जिसे उन्हे बेचने और उनकी सपत्ति को छीन लेने का अधिकार था क्योकि उनकी सारी सपत्ति भूस्वामी की सपत्ति ही मानी जाती थी। इस समय तक कृषि मे भी पूजीवादी सबधो

का उदय हो चुका था जिनके लिए आवश्यक था कि जमीन के स्वामी स्वतंत्र किसान हो। भूदासो के स्वतःस्फूर्त विद्रोह अधिकाधिक प्रायिकता से होने लगे। १८१२ के देशभक्तिपूर्ण युद्ध के बाद तो इन विद्रोहो मे विशेषकर तेजी आ गयी। नेपोलियन पर विजय के बाद किसानो ने विरोध प्रकट किया और सिपाही कहने लगे कि "हमने मातृभूमि को अत्याचारी से मुक्ति दिलायी लेकिन अब हमारे ही मालिक हम पर अत्याचार कर रहे है। सारे पश्चिमी यूरोप को अपनी जकड मे लेनेवाला रिआया और राजाओ का संघर्ष अब रूस तक भी आ गया। १८१८ १८२० मे दोन क्षेत्र मे एक व्यापक किसान विद्रोह फूट पडा। ज़ारशाही सेना मे भी गहरा असंतोष व्याप्त था।

१८१२ के युद्ध के बाद ज़ार अलेक्सादर प्रथम का अतरंग मित्र अदूरदर्शी और उजड्ड अरक्चेयेव साम्राज्य मे सबसे प्रभावशाली व्यक्ति बन बैठा था। इस क्षुद्र अत्याचारी को सारे रूस का सितमगर कहा जाता था। सेना मे कोडे लगाने की प्रथा का बोलबाला हो गया क्योकि अरक्चेयेव ने सिपाहियो की स्वतन्त्रताप्रियता को कोडे मार-मारकर निकाल देने का हुक्म दे दिया था। नोवगारोद और खारकोव के पास कई गावो मे फौजी कानून – मार्शल ला – लगा दिया गया किसानो को अपनी खेतीबारी और सैनिक सेवा के कामो को साथ साथ ही करना होता था खेतो पर सारा काम वरदी पहनकर और कठोर फौजी कवायद के रूप मे करना होता था और मामूली से मामूली चूक या अवज्ञा की सजा कोडे थी। किसानो की पत्निया भी अगर बेवक्त चूल्हा जलाती या रात को देर तक घर मे रोशनी किये रहती तो सजा पा सकती थी। किसानो को अपनी कुछ जमीनो से वंचित कर दिया गया और उपज को बेचने से वर्जित कर दिया गया। इस प्रकार के अनुशासन मे डाले गये गाव 'फौजी बस्तिया' कहलाते थे। सक्षेप मे शत्रु पर विजय के बाद जनता का जीवन बेहतर नही बदतर ही हो गया – रूस मे अब भी सामती प्रतिक्रिया का अबाध शासन था।

पहले गुप्त समाज

इस पृष्ठभूमि मे रूस मे पहले गुप्त क्रातिकारी समाज और संगठन पैदा हुए। अपने विद्रोह के महीने – दिसबर १८२५ – के नाम पर ये पहले रूसी क्रातिकारी दिसबरी कहलाये। दिसबरी अधिकाशत सभ्रात भूस्वामी परिवारो के सैनिक अफसर थे, जो नेपोलियन के विरुद्ध युद्ध मे भाग ले चुके थे जिसने उनकी राजनीतिक चेतना को जागृत कर दिया था। यद्यपि वे स्वय सभ्रात भूस्वामी परिवारो के थे पर उनकी अतरात्मा और मर्यादा उन्हे भूदासत्व का समर्थन नही करने देती थी जिसे वे अपने देश की सबसे

बडी बुराई समझते थे। उन्हे इसका अहसास था कि रूस का सबसे महत्व कार्यभार भूदासत्व का उन्मूलन करना और स्वच्छाचारी शासन का करना था। दिसबरी उत्कट देशभक्त थे और व एक नयी ही व्यवस्था सपने देखते थ। उनकी योजना अपने साथ सहानुभूति रखनेवाली सेनाओ सहायता से सशस्त्र विद्रोह सगठित करने, स्वच्छाचारी शासन का तख्ता प देने भूदासत्व का उन्मूलन करने और आबादी के सभी सस्तरो के साथ मिल एक ऐसा क्रातिकारी सविधान स्वीकार करने की थी कि जो देश मे व्यवस्था को ले आता। इस क्रातिकारी सविधान के प्रारूप निकीता मुराव्य के नेतृत्व मे उत्तरी समाज और पावेल पेस्तेल के नेतृत्व म दक्षिणी समाज तैयार किये थे।

यदि ये प्रारूपिक सविधान अमल मे लाये गय होते, तो जबरदस्त प्रगति के परिचायक होते – उन्होने अभिजात वर्ग के बोलबाले पर, भूदास और स्वेच्छाचारी शासन पर मरणातक प्रहार किया होता और रूस म ता पूजीवादी विकास को सभव बना दिया होता।

गुप्त समाजो के सदस्यो की सख्या लगातार बढती गयी, जिनम रूस सभ्रात श्रेणी के अनेक प्रसिद्ध और प्रतिष्ठित सदस्य थे। ऐसे एक समाज म शामिल होने के बाद कवि कोद्राती रिलेयेव ने एक अन्य सदस्य कवि अलक्सान्द्र बेस्तूजेव के साथ जनता के लिए प्रेरणादायी क्रातिकारी गीतो की रचना की थी। रिलयेव के विचार स्पष्टत गणतत्रवादी थे।

इन क्रातिकारियो ने दिसबर, १८२५ म जारशाही शासन के विरुद्ध सर्वप्रथम क्रातिकारी विद्रोह म अपनी मातृभूमि के क्रातिकारी रूपातरण के नाम पर हाथो म हथियार उठाये थे। दिसबरियो को आगे चलकर आजादी के पहले अलमबरदार कहा गया।

नवबर १८२५ म जार अलेक्सादर प्रथम की अचानक मृत्यु हो गयी और नये जार के गद्दी पर बैठने तक वातावरण बडा सगीन रहा। जार की कोई सतान न थी अत उसके बाद उसके भाई कास्तातीन को गद्दी पर बैठना था। लेकिन वह पहले ही छिपे तौर पर अपना सिहासनाधिकार त्याग चुका था और इसका मतलब था कि अगला जार उसका भाई निष्ठुर तानाशाह निकोलाई होता जो सेना म अत्यत अप्रिय था। लेकिन कास्तातीन का निर्णय समय रहते जाहिर नहीं किया गया था इसलिए सेना और आबादी ने उसके प्रति निष्ठा की शपथ ले ली थी जिसके लगभग फौरन बाद उनसे एक और जार – निकोलाई के प्रति – निष्ठा शपथ लेने के लिए कहा गया। जनता और सेना म कुछ समय से असतोष व्याप्त था ही, लेकिन दो भिन्न निष्ठा शपथ लेने के बाद परिस्थिति और भी ज्यादा तनावपूर्ण हो गयी।

गुप्त समाज के सदस्यो ने निकोलाई प्रथम के प्रति निष्ठा शपथ लेने

लिए निर्धारित दिन–१४ दिसबर को अपनी रजिमटो म विद्रोह सगठित न और विद्रोही टुकडियो को सीनट चौक ले जाने का निश्चय किया के सीनट को नये ज़ार के प्रति निष्ठा शपथ लने स रोका जा सके। उन्होने ी जनता के नाम एक क्रातिकारी घोषणापत्र तैयार किया जिसम भूदासत्व उन्मूलन और मौजूदा सरकार के विघटन का एलान किया गया था। षणापत्र म सविधान सभा समाहूत किये जाने का भी आह्वान था ताकि निश्चय किया जा सके कि रूस गणराज्य बने या सीमित सावैधानिक जतत्र, और फिर नये सविधान का अगीकरण और नयी सरकार का चुनाव या जा सके। उसम रूसी जनता को यह भी बताया गया था कि देश म ाषण तथा प्रेस की और धार्मिक स्वतत्रताए लागू की जायेगी और सैनिक वा की अवधि कम कर दी जायगी। सट पीटर्सबर्ग म विद्रोह के साथ ही क्षिण म भी एक और सशस्त्र विद्रोह करने की योजना थी किंतु वह कभी मली सूरत नही ले सका।

कोई तीन हज़ार विप्लवी सैनिक दिसबरी अफ्सरो के नेतत्व म सीनट ौक म आ गये। चौक मे भारी भीड भी जमा हो गयी जिसे इस क्रातिकारी वरोध प्रदर्शन से हमदर्दी थी। लेकिन दिसबरिया को जनसाधारण का समर्थन ते हिचक हो रही थी। व अपने घोषणापत्र का उदघोषित नही कर पाये ौर विद्रोह की प्रगति योजनानुसार नही हो पायी। पिछली शाम को दिसब रयो ने अपने म से एक अधिनायक–समाज का पुराना सदस्य प्रिस त्रुबे स्कोय–चुना था। लेकिन वह चौक मे नही पहुचा और इस तरह उसने अपने ाथियो को कठिनाई की घडी मे अकेले छोड दिया और अपने सामान्य हेतु े साथ गद्दारी की। बहुत देर तक बेकार इतजार करने के बाद दिसबरिया े प्रिस ओबोलेस्की को नेता चुन लिया।

लेकिन अब तक बहुत देर हो चुकी थी। निकोलाई प्रथम ने पहल अपने हाथ म ले ली थी और शाम होते-होते नये ज़ार ने अपनी वफादार सेनाओ को भीड पर गोली चलाने का आदेश दे दिया और विद्रोह को जल्दी ही कुचल डाला गया।

दिसबरिया का विद्रोह विफल हुआ लेकिन यह रूस के इतिहास का एक निर्णायक मोड था। उसके साथ रूसी क्रातिकारी आदोलन की वास्तविक शुरुआत मानी जा सकती है। उनकी इस क्राति पताका को क्रातिकारियो की उत्तरवर्ती पीढियो ने ग्रहण किया और भूदासत्व तथा स्वेच्छाचार के विरुद्ध सघर्ष को जारी रखा।

उन्नीसवी सदी के मध्य तक रूसी सामती समाज के भीतर का पहल कभी की अपेक्षा अधिक प्रत्यक्ष हो गया था। विकासमान पू सामाजिक सबधो और कालातीत सामती समाज के बीच अतविरोध अ धिक प्रखर हो रहे थे। चौथे दशक से छोटे पैमान की विनिमाण का स्थान कल कारखान लेने लग गये थे और मशीन धीरे धीरे शा श्रम को हटाती जा रही थी। मशीनो का प्रचलन अपढ किसानो की व अधिक योग्य उजरती मजदूरो की पयाप्त आपूर्ति की अपेक्षा करता पूजीवाद क विकास क साथ एक नया वर्ग – सवहारा – पैदा हो गया। १ म सट पीटर्सबग और जारस्कोये सेलो के बीच रूस का पहला रेलमार्ग और १८५१ मे सट पीटर्सबर्ग तथा मास्को के बीच भी रल चलन ल वढत हुए नगरो की आवश्यकताओ की पूर्ति के लिए कृषि उपज बढान जरूरत थी और इसम भी आदिम भूदास कृषि बाधक थी। इस काल कृषि म यत्रो का उपयोग नही के बराबर ही था, क्योकि भूस्वामिया लिए कृषि मशीनो की जगह सस्ते शारीरिक श्रम का प्रयोग करना अ लाभदायी था।

सामतवादविरोधी जन विद्रोह। क्रातिकारियो की नयी पीढी

१८३० के आरभ म सार रूस म "हैज के दगा" की लहर दौड गय अफवाह थी कि जारशाही अधिकारियो और भूस्वामिया न कूआ म ज़ डालकर महामारी का जानबूझकर प्रकोप करवाया है। दगा का वास्तवि कारण भूदासत्व म घृणा थी। कुछ बागी किसानो न जन अशाति क कार की यह स्पष्ट परिभाषा दी "गधे ही जहर और हैज़े की बात करत है हम तो अगर जरूरत है तो है इन सूअरो – जमीदारो – स निजात पा की। बाद म उक्रइना म भी बड पैमान क कृषक विद्रोह फैल, खासक छठ दशक म। जारशाही अधिकारिया न किसानो क नता उस्तीम कर्मेल्यू को कई बार पकडा पर वह हर बार उन्ह चामा दकर फरार हो जाता थ और फिर स किसानो का नतृत्व करन लगता था। अधिकारिया को इन इतर बलवो को कुचलन क लिए अक्सर फौज भजनी पडती थी और कभी कभी तो तापखान का भी प्रयोग करना पडता था। लकिन इन बलवो क फूटन म सामजस्य तथा सुस्पष्ट लक्ष्यो का अभाव था और इसलिए व इतन शक्तिशाली सिद्ध नही हुए कि भूदासत्व को समाप्त कर सक।

दिसवरी विद्राह क वाद रुसी त्रातिकारी आदालन समाप्त नही हो गया – उसन जल्दी ही नववल प्राप्त कर लिया और नय महत्वपूण लोग – जनसाधारण के कराडा उत्पीडित और कगाल किसानो क हिता को वुलद करनवान त्रातिकारी लोकतत्रवादी – मामन आ गय। इम काल क उत्कट जनहितैपिया म अलेक्मादर हर्जेन (१८१२-१८७०) निकोलाई ओगार्योव (१८१३ १८७७) और उनक मित्र विस्मारिजान व्रलीन्स्की (१८११ १८४८) क नामो का अवश्य उल्लेख किया जाना चाहिए। य सव भूदामत्व तथा स्वच्छा चारी शासन क घोर विरोधी थे और अपन आदर्शो की खातिर लडने को तैयार थ। अपन पूर्ववर्ती त्रातिकारिया क विपरीत इन्होने जनसाधारण को अपना मुख्य आधार वनान का प्रयास किया। इन विचारा क प्रसार म ओजस्वी प्रवक्ता, प्रगतिशील युवाजन क उपास्य और राज्नाचीत्सी (आमूलवादी मध्यवर्गीय त्रातिकारियो) के अग्रगामी व्रलीन्स्की न विशेपकर बहुत महत्वपूण भूमिका का निवहन किया।

हर्जेन ओगार्योव और वलीन्स्की न सिफ भूदासत्व के उन्मूलन और स्वच्छाचारी शामन के उलटे जाने क लिए ही प्रयत्नशील थे बल्कि ममाजवादी भी थ। उन्हान उस युग की कल्पना भी की कि जव मनुष्य मनुष्य का शापण नही करगा और इस प्रकार के शोपण को जन्म देनवाला समाज अतीत क गर्भ म समा चुका होगा। लकिन वे अभी तक इन लक्ष्यो की प्राप्ति क लिए अपनाय जानवाल वैज्ञानिक तरीको स अनभिज्ञ थे और इस तरह व यूटो पियाई ममाजवादी ही वन रह।

वारवार गिरफ्तारियो ओर निवासना स हर्जेन हताश नही हुआ और उत्प्रवास करक रूस स पश्चिमी यूरोप चला गया जहा उसने ज़ारशाही के विरुद्ध अपन सघष को जारी रखा। जल्दी ही उसका मित्र ओगार्योव भी उसके पास आ पहुचा। हर्जेन ने रूसी साम्राज्य क सीमाता क वाहर पहल स्वाधीन रूसी प्रस की स्थापना की, जिसन भूदामत्व और स्वच्छाचारी शासन पर साहमपूवक हमला किया, उनकी अतर्निहित वुराइयो का परदाफाश किया और रूस का पिछडेपन तथा अज्ञान की वडिया म जकडनेवाली मरणशील सामाजिक व्यवस्था के खिलाफ सघर्ष करन क लिए जनता का ललकारा।

उन्नीसवीं शती प्रथमार्ध की सास्कृतिक उपलब्धिया

रूसी जनता की आतरिक शक्ति अपार थी। भूदासत्व क दुमह जूए और जारशाही तथा मालिको द्वारा किसानो क भीषण शापण क बावजूद सामाजिक अन्याय क विरुद्ध सघष की इस पृष्ठभूमि म एक विलक्षण प्रगतिशील

भूदासत्व का सकट

उन्नीसवी सदी के मध्य तक रूमी सामती समाज के भीतर का सकट पहल कभी की अपेक्षा अधिक प्रत्यक्ष हो गया था। विकासमान पूजीवादी मामाजिक सबधो और कालातीत सामती समाज के बीच अतर्विरोध अधिकाधिक प्रखर हो रहे थे। चौथे दशक से छोट पैमान की विनिर्माणशालाओ का स्थान कल कारखाने लेन लग गये थे और मशीन धीरे धीरे शारीरिक श्रम को हटाती जा रही थी। मशीना का प्रचलन अपढ किसानो की बनिस्बत अधिक योग्य उजरती मजदूरो की पर्याप्त आपूर्ति की अपेक्षा करता था। पूजीवाद के विकास के साथ एक नया वर्ग – सर्वहारा – पैदा हो गया। १८३७ म सट पीटर्सबग और जारस्काय सलो के बीच रूम का पहला रलमार्ग खुला और १८५१ म सट पीटर्सबग तथा मास्को के बीच भी रल चलन लगी। बढत हुए नगरा की आवश्यकताओ की पूति के लिए कृपि उपज बढान की जरूरत थी और इसमे भी आदिम भूदाम कृपि बाधक थी। इस काल तक कृपि मे यत्रो का उपयाग नही के बराबर ही था क्योकि भूस्वामियो के लिए कृपि मशीनो की जगह सस्ते शारीरिक श्रम का प्रयोग करना अधिक लाभदायी था।

सामतवादविरोधी जन विद्रोह। क्रातिकारियो की नयी पीढी

१८३० के आरभ मे मारे रूस मे हैजे के दगो की लहर दौड गयी। अफवाह थी कि जारशाही अधिकारियो और भूस्वामियो न कूआ म जहर डालकर महामारी का जानबूझकर प्रकोप करवाया है। दगो का वास्तविक कारण भूदासत्व से घृणा थी। कुछ बागी किसानो ने जन अशाति के कारण की यह स्पष्ट परिभाषा दी गधे ही जहर और हेज़ की बात करत है, हम ता अगर जरूरत है ता है इन सूअरा – जमीदारा – से निजात पान की। बाद म उक्रइना म भी बड पैमान क कृपक विद्राह फैले, खासकर छठे दशक म। जारशाही अधिकारिया न किसाना के नता उस्तीम कर्मेल्यूक का कई बार पकडा, पर वह हर बार उन्ह झासा देकर फरार हो जाता था और फिर स किसानो का नतृत्व करन लगता था। अधिकारिया का इन कृपक बलवो का कुचलन के लिए अकसर फौज भेजनी पडती थी और कभी कभी ता तोपखान का भी प्रयोग करना पडता था। लेकिन इन बलवा के फूटन म सामजस्य तथा सुस्पष्ट लक्ष्या का अभाव था और इसलिए व इतन शक्तिशाली सिद्ध नही हुए कि भूदासत्व को समाप्त कर सक।

दिसंबरी विद्रोह के बाद रूसी क्रांतिकारी आंदोलन समाप्त नहीं हो गया – उसने जल्दी ही नवबल प्राप्त कर लिया और नये महत्वपूर्ण लोग – जनसाधारण के करोड़ों उत्पीड़ित और कंगाल किसानों के हितों को बुलंद करनेवाले क्रांतिकारी लोकतंत्रवादी – सामने आ गये। इस काल के उत्कट जनहितैषियों में अलेक्सांदर हर्जेन (१८१२-१८७०), निकोलाई ओगार्योव (१८१३-१८७७) और उनके मित्र विस्सारिओन बेलीन्स्की (१८११-१८४८) के नामों का अवश्य उल्लेख किया जाना चाहिए। ये सब भूदासत्व तथा स्वेच्छाचारी शासन के घोर विरोधी थे और अपने आदर्शों की खातिर लड़ने को तैयार थे। अपने पूर्ववर्ती क्रांतिकारियों के विपरीत इन्होंने जनसाधारण को अपना मुख्य आधार बनाने का प्रयास किया। इन विचारों के प्रसार में ओजस्वी प्रवक्ता, प्रगतिशील युवाजन के उपास्य और राज्नोचीत्सी (आमूलवादी मध्यवर्गीय क्रांतिकारियों) के अग्रगामी बेलीन्स्की ने विशेषकर बहुत महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया।

हर्जेन, ओगार्योव और बेलीन्स्की न सिर्फ भूदासत्व के उन्मूलन और स्वेच्छाचारी शासन के उलट जाने के लिए ही प्रयत्नशील थे, बल्कि समाजवादी भी थे। उन्होंने उस युग की कल्पना भी की कि जब मनुष्य मनुष्य का शोषण नहीं करेगा और इस प्रकार के शोषण को जन्म देनेवाला समाज अतीत के गर्भ में समा चुका होगा। लेकिन वे अभी तक इन लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए अपनाये जानेवाले वैज्ञानिक तरीकों से अनभिज्ञ थे और इस तरह वे यूटोपियाई समाजवादी ही बने रहे।

बारबार गिरफ्तारियों और निवासनों से हर्जेन हताश नहीं हुआ और उत्प्रवास करके रूस से पश्चिमी यूरोप चला गया, जहां उसने ज़ारशाही के विरुद्ध अपने संघर्ष को जारी रखा। जल्दी ही उसका मित्र ओगार्योव भी उसके पास आ पहुंचा। हर्जेन ने रूसी साम्राज्य की सीमाओं के बाहर पहले स्वाधीन रूसी प्रेस की स्थापना की, जिसने भूदासत्व और स्वेच्छाचारी शासन पर साहसपूर्वक हमला किया, उनकी अंतर्निहित बुराइयों का पर्दाफ़ाश किया और रूस को पिछड़ेपन तथा अज्ञान की बेड़ियों में जकड़नेवाली मरणशील सामाजिक व्यवस्था के खिलाफ़ संघर्ष करने के लिए जनता को ललकारा।

उन्नीसवीं शती प्रथमार्ध की सांस्कृतिक उपलब्धियां

रूसी जनता की आंतरिक शक्ति अपार थी। *भूदासत्व के दुःसह जुए और ज़ारशाही तथा मालिकों द्वारा किसानों के भीषण शोषण के बावजूद* सामाजिक अन्याय के विरुद्ध संघर्ष की इस पृष्ठभूमि में एक विलक्षण प्रगतिशील

सस्कृति न विकास किया था। इस अन्याय और उत्पीडन का सामना करते हुए कितने ही रूसी लेखको, सगीतज्ञो तथा कलाकारो न अप्रतिम कृतिया का सजन किया। इसके साथ ही साथ लोक कला परपराओ का भी मुकुलन हुआ।

पुश्किन और लर्मोतोव जैसे विश्वख्यातिप्राप्त कवियो, गोगोल और तुर्गेनेव जैसे महान कथाकारो न अपनी कृतियो म रूसी जीवन के सजीव चित्रो का अमरत्व प्रदान किया। पुश्किन के 'यव्गेनी ओनेगिन' लेर्मोतोव क 'हमारे युग का नायक' गोगोल के 'मृत आत्माए' और तुर्गेनेव के 'शिकारी के शब्दचित्र' म भूदासत्व की अनुपयुक्तता कालातीत सामाजिक व्यवस्था और सत्य तथा सामाजिक न्याय की तलाश जैसे विषयो को मनोहारी मनोवैज्ञानिक चित्रण के साथ पेश किया गया है। उस काल के साहित्य न अपन पाठको म सजीव अनुक्रिया उत्पन्न की, उनकी सामाजिक चेतना को बढाया और उन्हे सामाजिक न्याय के लिए सघर्ष करन के वास्ते उद्वेलित तथा अनुप्राणित किया।

इसी काल मे महान सगीतकार मिखाईल ग्लीका के कृतित्व म रूसी सगीत का भी मुकुलन हुआ। पावेल फेदातोव के विलक्षण चित्रो म भूदासत्व पर कटु प्रहार प्रत्यक्ष है। अपने विशाल कनवास 'लोगो के सामने ईसा' म अलेक्सादर इवानोव न अग्रभूमि म आम लोगो का अत्यत सजीव यथार्थवादी ढग से प्रस्तुत किया।

विज्ञान के क्षेत्र म भी महत्वपूर्ण प्रगति की गयी। महान गणितज्ञ निकोलाई लोबाचेव्स्की ने यूक्लिडी ज्यामिति की एक पद्धति की स्थापना की, जो गणित के इतिहास मे एक महत्वपूर्ण मार्गचिह्न है। महान रसायनज्ञ निकोलाइ ज़िनीन ऐनिलीन रजको का सश्लेषण करनेवाला प्रथम वैज्ञानिक था और उसकी इस उपलब्धि न उद्योग की एक पूरी नयी शाखा की स्थापना की। निकोलाई पिरोगोव जिसन रोगाणुरोधिता और सवेदनाहरण के विषय म महत्वपूर्ण प्रयोग किये युद्धक्षेत्रीय शल्यविज्ञान के सस्थापको म एक था।

इस काल की रूसी सस्कृति मानवतावाद और मनुष्यजाति क सभी सदस्यो क लिए प्रेम तथा आदर स ओतप्रोत है और नयी, न्यायपूर्ण व्यवस्था क नाम पर कालातीत और सामाजिक प्रगति को रोकनेवाली हर चीज के खिलाफ सघर्ष क साहसपूर्ण आह्वान से परिपूर्ण है।

१८५३-१८५६ का क्रीमियाई युद्ध

रूसी समाज क अतर्विरोध तब और भी ज्यादा सगीन हो गये कि जब एक ओर रूस तथा दूसरी ओर ब्रिटेन और फ्रास क बीच लबे समय से सुलगता युद्ध आखिर १८५३ म फूट ही पडा।

जार और उसकी सरकार न यह अनुभव करके कि उनकी स्थिति इतनी मजबूत नही रह गयी है बास्फोरस और दरा दानियल पर अपन नियत्रण को सुदृढ करन और रूसी जहाजा का काले सागर से भूमध्य सागर म अबाध आवागमन सुनिश्चित करन के लिए तुर्क साम्राज्य की कमजोरी का लाभ उठान का निश्चय किया। इससे भूस्वामियो की आय बढ जाती दक्षिणी प्रातो मे कृषि का विकास होता और भूदासत्व का अतिम ध्वस टल जाता। लकिन इगलैड और फ्रास जैस शक्तिशाली और अधिक प्रगतिशील पूजीवादी राज्य इसके लिए तैयार नही थ कि चुपचाप बैठे रह और रूस को मध्यपूर्व म अपनी जकड को मजबूत करते दखते रह। उन्ह क्रीमिया और काकेशिया जैस समृद्ध इलाके हथियान म भी कोइ परहज नही था। युद्ध के क्रम न स्थलसेना तथा जलसेना दोना ही के मामले मे रूस के पिछडेपन को साबित किया। रूसी जलसेना में बादबानी जहाज ही थ, जबकि ब्रिटिश तथा फ्रासीसी जलसेनाए कभी की धूमपोतो को अपना चुकी थी। उनके हथियार और तोपे भी रूसी सेना के हथियारो और तोपो से श्रेष्ठ थे। खराब सचार साधनो के कारण रूसी सेनाए अपने प्रदाय केद्रो से लगभग पूरी तरह स कट गयी थी – हथियारो और खाद्य सामग्री दानो का प्रदाय अत्यत अपर्याप्त था और उसम प्राय बहुत देर लग जाया करती थी।

इन सभी कठिनाइयो के बावजूद शत्रु रूसी सैनिको की वीरता और सेनानायको की प्रतिभा स चकित हो गये। रूसी बेडे न युद्ध के बिलकुल आरभ म ही एडमिरल नखीमोव की कमान म सिनोप की लड़ाई म शानदार विजय प्राप्त की। मित्र-राष्ट्रो न सत पीटर्सबर्ग के पहुच मार्गो बाल्टिक तट और कमचात्का को सर करन के असफल प्रयासो के बाद अपनी सारी शक्तिया को क्रीमियाई प्रायद्वीप पर ही सकद्रित कर दिया। मित्र सेनाओ न सेवास्तोपोल की तरफ बढना शुरू किया, लकिन उनकी बदरगाह को हल्ले म सर करने की कोशिश नाकाम रही और इसलिए अत म उन्होंने उस घेर म ले लिया जो ३४९ दिन चला। रूसी सेनाए ऐडमिरल नखीमोव कार्नीलोव तथा इस्तोमिन जैसे प्रतिभाशाली सेनानायको की कमान म थी। लगभग पूरे एक साल के घेरे के बाद जिसम रक्षको को भारी हानि उठानी पडी थी नगर का पतन हो गया। यह सिर्फ काकेशिया म ही था कि दिसबरियो के मित्र निकोलाई मुरव्योव की कमान म रूसी सेनाओ न कइ महत्त्वपूर्ण विजय प्राप्त की जिनके कारण रूसिया के लिए क्रीमिया और काकेशिया पर अपनी पकड को जमाये रखना सभव हो गया। युद्ध का अत १८५६ म परिस की सधि के साथ हुआ जिसकी शर्ते रूस के लिए बेहद दुसह थी क्योकि उस काले सागर म जगी जहाज रखन के अधिकार स वचित कर दिया गया था और उस क्षेत्र म अपनी सभी तटवर्ती किलेबदियो को भी ध्वस्त करना पडा था।

क्रांतिकारी स्थिति की उत्पत्ति।
भूदासत्व का उन्मूलन

क्रीमियाइ युद्ध ने रूस की सामंती व्यवस्था की कमजोरी और अपक्षय को जाहिर कर दिया। इस युद्ध की असफलता से जनित कठिनाइयों का सम्पूर्ण भार आम जनता को ही झेलना पड़ा था, क्योंकि उसमें भारी प्राणहानि हुई थी और उसने व्यापक निर्धनता को जन्म दिया था। कठिनाइयों और अभावों से हताशाग्रस्त जनसाधारण ने सत्ताधीशों के सभी कदमों का जवाब दुर्धर्ष प्रतिरोध से दिया। शासक वर्गों के लिए यथास्थिति को बनाये रखना असम्भव हो गया न जनसाधारण ही पुराने ढंग से और रहने को तैयार थे और न मालिक ही पुराने ढंग से शासन करते रह सकते थे। इस समय तक परिवर्तन के वस्तुगत आसारों का वह संयोग पैदा हो चुका था जिसे लेनिन ने आगे चलकर क्रांतिकारी स्थिति की संज्ञा दी थी।

मार्क्स और लेनिन ने अपनी कृतियों में इस बात पर जोर दिया है कि क्रांतियां क्रांतिकारी स्थिति के विकसित होने के पहले नहीं होती, यद्यपि प्रत्येक क्रांतिकारी स्थिति क्रांति को जन्म नहीं देती। वैसे ही १८५९-१८६१ की क्रांतिकारी स्थिति में भी क्रांति नहीं पैदा हुई। क्यों? इसका मुख्य कारण यह था कि विद्रोही किसान अपने उन क्रांतिकारी प्रयासों को व्यापक स्वरूप दे पाने में असमर्थ थे जो जार की सत्ता को पलट या कम से कम सीमित कर सकते। सरकार इसे समझ गयी और समय रहते बड़ी रिआयतें देने के लिए तैयार हो गयी। कई सुधारों की घोषणा करके वह अपनी सत्ता बरकरार रखने में सफल रही।

जन विद्रोहों और क्रांतिकारी विरोधी आंदोलनों द्वारा सरकार से ऐंठे गये इन सुधारों में सबसे महत्वपूर्ण था १८६१ का कृषक सुधार जिसके द्वारा भूदासत्व का उन्मूलन कर दिया गया। देश की आर्थिक प्रगति के संपूर्ण क्रम और सामंती सामाजिक प्रणाली के संकट ने इस महत्वपूर्ण सुधार का पथ बहुत पहले ही प्रशस्त कर दिया था।

१९ फरवरी १८६१ को जार अलेक्सांदर द्वितीय (१८५५-१८८१) ने भूदासों को मुक्ति प्रदान करने के नये कानून पर और एक घोषणापत्र पर हस्ताक्षर किये जिसने भूदासत्व का उन्मूलन किये जाने की उद्घोषणा की। यह सुधार भूस्वामियों के ही हित में किया गया था। किसानों को यह विश्वास था कि उन्हें जमीन निःशुल्क दे दी जायगी। लेकिन व्यवहार में सामंती बंधन से उनकी मुक्ति औपचारिक ही सिद्ध हुई और उन्हें भारी मोचन धन के बदले छोटी-छोटी जोतें ही मिलीं जिन्हें अगर उन्होंने सामान्य तरीके से

खरीदा होता तो मोचन धन की अपेक्षा कम कीमत देनी पडती। किसानो को जो जमीन मिली वह उनकी जरूरतो के लिए बिलकुल ही अपर्याप्त थी और इतनी खराब थी कि अक्सर उन्हे फौरन अपने भूतपूर्व मालिको की नौकरी करनी पडती जहा उन्हे बहुत ही तुच्छ वेतन मिलता था। इस तरह से वे जो पैसा कमाते थे वह या तो जमीदारो से भाडे पर ली गयी जमीन के किराये के रूप मे या कर्जो की अदायगी के रूप मे मालिको के जेबो मे वापस पहुच जाता था।

कृषक असतोष की लहर।
रूसी क्रातिकारियो की हलचले

कृषक असतोष की लहर पहले कभी इतने व्यापक पैमाने पर नही फैली थी जितनी कि भूदासत्व का उन्मूलन किये जाने के साल फैली थी। किसानो ने अपनी मुक्ति का जवाब बगावतो मे दिया। बारह ही महीने की अवधि के भीतर इस तरह के एक हजार से ज्यादा बलवे हुए। उनमे से बहुतो को दबाने के लिए फौजो को भेजना पडा और कुछ जगहो पर तो तोपो को भी इस्तेमाल करना पडा।

१८६१ के सुधार के बहुत पहले ही क्रातिकारी लोकतत्रवादियो ने जारशाही निजाम और भूदासत्व के खिलाफ बडे पैमाने पर प्रचार करना शुरू कर दिया था। इस आदोलन मे विदेश से हर्जेन तथा ओगार्योव द्वारा प्रकाशित क्रातिकारी अखबार 'कोलोकोल' (घटा) ने और उस काल के कुछ प्रमुख क्रातिकारी लोकतत्रवादियो – निकोलाई चेर्निशेव्स्की (१८२८ १८८९) निकोलाई दोब्रोल्यूबोव (१८३६ १८६१) और क्रातिकारी कवि निकोलाई नेक्रासोव (१८२१ १८७७) द्वारा सपादित पत्रिका 'सव्रेमेन्निक' (समकालीन) ने बहुत महत्वपूर्ण योगदान किया था। सेसर के कठोर बधनो के बावजूद इस पत्रिका ने कृषक क्राति के वास्ते निर्भीक आदोलन चलाया। 'सव्रेमेन्निक' का सपादकीय कार्यालय रूसी क्रातिकारियो का समवेतस्थल बन गया और 'कोलोकोल' निर्वासन मे रहनेवाले क्रातिकारियो का सदर मुकाम बन गया। दोनो केद्रो का आपस मे घनिष्ठ सपर्क और सहयोग था।

रूसी क्रातिकारियो ने एक नया क्रातिकारी सगठन स्थापित करने का प्रयास करना शुरू कर दिया – इस लक्ष्य को उन्होने सुधार के पहले ही प्राप्त करना चाहा था। १८६१ मे 'जेम्ल्या इ वाल्या' (जमीन और आजादी) नामक एक बडा गुप्त सगठन पैदा हो चुका था। देश मे इसका नेतृत्व चेर्निशेव्स्की

और दाम्रोल्यूबोव के हाथों में थी और हर्जेन तथा ओगार्योव को यह राजनीतिक उत्प्रवासियों का नेता मानता था।

'जेम्ल्या इ वोल्या' अनेक क्रांतिकारी मंडलियों का संघ था और रूस भर में फैली शाखाओं में इसके सैकड़ों सदस्य थे। इसका मुख्य लक्ष्य देशव्यापी कृषक विद्रोह संगठित करना था, जिसके फूट पड़ने की क्रांतिकारियों ने १८६१ के सुधारों के लागू किये जाने के साथ आशा की थी। लेकिन यह विद्रोह देशव्यापी पैमाना नहीं प्राप्त कर पाया, क्योंकि किसान बलवे बहुत ही बिखरे हुए थे और क्रांतिकारियों में साधनों और साध्य के प्रश्न पर मतभेद था। 'जेम्ल्या इ वोल्या' के सदस्यों ने अपनी आशाओं को १८६३ पर केंद्रित किया, लेकिन इस साल भी उनका प्रतीक्षित संयुक्त कृषक विद्रोह नहीं हो पाया, यद्यपि पोलैंड, लिथुआनिया और बेलारूस में व्यापक बलवे फूटे थे। इधर दोब्रोल्यूबोव की मृत्यु और चेर्निशेव्स्की, सेर्नो-सोलोव्येविच तथा कई अन्य नेताओं की गिरफ्तारी से समाज को सख्त धक्का लगा। कठोर दंडात्मक कारवाइयों के सिलसिले ने कृषक आंदोलन को हानि पहुंचायी और कमज़ोर कर दिया और १८६४ में 'जेम्ल्या इ वोल्या' – दिसंबरी विद्रोह के बाद बने सबसे बड़े क्रांतिकारी संगठन – ने अपने को स्वेच्छया भंग कर दिया। इस प्रकार उसने जारशाही अधिकारियों के मनोरथ को विफल कर दिया, जो संगठन को तोड़ देने और सैकड़ों सक्रिय क्रांतिकारियों का सफाया करने पर तुले हुए थे। लेकिन आर्थिक प्रगति, कृषक आंदोलन और क्रांतिकारी संघर्ष का दबाव इतना ज्यादा था कि जारशाही सरकार ने कई और सुधार एंठ लिये गये। ये सुधार १८६३–१८७४ के बीच लागू किये गये थे। ग्राम तथा नगर प्रशासन में स्वशासन के सिद्धांत लागू किये गये, यद्यपि उसका स्वरूप काफी हद तक भूस्वामियों के वर्ग हितों से निर्धारित होता था। निर्वाच्य जेमस्त्वो (स्थानीय, जिला तथा प्रांतीय परिषद) और नगर परिषदें स्थापित की गयीं, जिन्हें अलग-अलग प्रांतों या जिलों में सामाजिक सेवाओं (सार्वजनिक निर्माण, खाद्य-प्रदाय, पारस्परिक सहायता, सामाजिक दान, स्थानीय व्यापार तथा उद्योग का अधीक्षण, आदि) के लिए उत्तरदायी बना दिया गया। लेकिन अब भी इन परिषदों के कामकाज में सभ्रांतों का ही बोलबाला था। नगर दूमा (परिषद) के प्रचलन के साथ नगरों में भी इन्हीं सिद्धांतों पर स्वशासन शुरू किया गया। १८६४ के अदालती सुधार ने, जो इस काल के बूर्जुआ सुधारों में सबसे मूलगामी था, अभियोक्ता तथा सफाई पक्षों को वकील करने की अनुमति दी और जूरी द्वारा मामलों की सुनवाई की व्यवस्था की। लेकिन इन नयी अदालतों के ही साथ-साथ पुरानी, हर सामाजिक सवर्ग के लिए अलग से बनायी हुई अदालतें भी मौजूद थीं। इसके अलावा, अदालती सुधार साम्राज्य के सभी प्रांतों पर लागू नहीं किये गये थे। शारीरिक

को भी वर्जित कर दिया गया और ससरव्यवस्था तथा शिक्षा व्यवस्था भी सुधार किये गये।

इस प्रकार रूस की कालातीत सामती व्यवस्था और भूदासत्व जो व्यवस्था के मुख्य स्तभो म एक था के स्थान पर पूजीवादी व्यवस्था यी जो उस जमाने के लिहाज स प्रगतिशील थी और जिसने दश की प्रगति को सभव बना दिया।

ग्यारहवा अध्याय

एशिया के क्रातिकारी जन-आदोलन

औपनिवेशिक नीति के नये तरीके

उन्नीसवी सदी के उत्तरार्ध तक इगलैड की औद्योगिक क्राति तथा यूरोप के अन्य देशो और उत्तर अमरीका के औद्योगिक विकास के परिणामो ने अपने को एशिया तथा अफ्रीका मे अनुभूत करवाना शुरू कर दिया था।

आद्य सचय युग की सीधी लूट का स्थान अब शोषण के अन्य रूपो ने ने लिया – औपनिवेशिक तथा पराधीन देश पूजीवादी देशो के विकासमान उद्योगो के लिए तैयार मालो की खपत मडिया ही नही कच्चे मालो के स्रोत भी बन गये। इस समय तक विश्व मडी कायम हो जाने से सारा ससार शनै शनै पूजीवाद के शिकजो मे जकडता जा रहा था।

औपनिवेशिक शक्तिया विजित औपनिवेशिक प्रदेशो पर अपने प्रत्यक्ष नियत्रण को सुदृढ करने तथा उसका प्रसार करने के लिए प्रयासशील थी। इसके लिए उनके बीच भीषण आर्थिक तथा सैनिक सघर्ष चला, जिसके परिणामस्वरूप वे अनेक नये इलाके हथियाने मे भी सफल हो गये।

जो देश पहले ही यूरोपीय शक्तियो के औपनिवेशिक प्रदेश थे उनमे विदेशी शासको का राजनीतिक सत्ता पर एकाधिकार था जिसका वे विभिन्न तरीको से उपयोग करते थे। साम्राज्यिक देशो के औद्योगिक बूर्जुआजी ने अब अपने ही बनाये औपनिवेशिक प्रशासन के जरिये इन देशो का शोषण बढाने के लिए नये तरीको को उपयोग मे लाना शुरू कर दिया। इगलैड, जो इस समय तक वाजिब तौर पर ही सारी दुनिया का लोहारखाना होने का दावा करने लगा था और जिसके पास औपनिवेशिक शक्तिया मे सबसे शक्तिशाली बेडा था इन नये तरीको का वस्तुत व्यापक पैमाने पर प्रयोग करनेवाला पहला देश था। आस्ट्रेलिया न्यूजीलैड और दक्षिण अफ्रीका जैसे औपनिवेशिक इलाको मे जहा की जलवायु यूरोपीयो के लिए खासकर आकर्षक

थी और देशज आबादी का या तो पूरी तरह से खत्म किया जा चुका था या उपजाऊ जमीनो से बेदखल कर दिया गया था बडे पैमाने पर अधिवासन को प्रोत्साहन दिया गया। यहा विशाल अन्नोत्पादक फार्मो और भेडपालन फार्मो की स्थापना की गयी जो यूरोपीय उद्योग को ऊन का प्रदाय करते थे। कृषि मजदूरो का इन देशो मे जाकर बसना प्रेरित करने के लिए भी विभिन्न तरीके अपनाये गये ताकि वहा बसे पूजीवादी फार्मरो के पास श्रम शक्ति के पर्याप्त साधन रहे।

भारत का अधीनीकरण

ब्रिटेन ने ईस्ट इंडिया कपनी की जरिये जिसे यद्यपि १८१३ से अपने व्यापार-एकाधिकार से वचित कर दिया गया था पर औपनिवेशिक प्रशासन के निकाय के नाते जिसका महत्व अब भी बना हुआ था धीरे धीरे इस विराट उपमहाद्वीप के सपूर्ण विस्तार को अपने नियत्रण मे ले लिया।

जो थोडे से रजवाडे और रियासते अब भी स्वतत्र रह गयी थी और जिन्होने कपनी के आधिपत्य का विरोध करने की कोशिश की उन पर फौजी दबाव डाला गया। उनमे से सबसे शक्तिशाली भी कपनी का कारगर प्रतिरोध करने योग्य नही थे, जो इस समय तक भारत मे अच्छी तरह पैर जमा चुकी थी विराट प्रदेशो को अपने नियत्रण मे ले चुकी थी और आधुनिक सेना से सुसज्जित थी। भारतवासियो ने उपनिवेशवादियो के विरुद्ध अपने असमान सघर्ष को त्यागा नही था किन्तु देश मे अभी तक वाछित नेतृत्व तथा सगठन प्रदान करने की क्षमता रखनेवाला कोई वर्ग नही था।

अधिकाश राजाओ और नवाबो ने इस पर सतोष कर लिया था कि उन्हे अपनी 'स्वशासी' रियासतो मे स्थानीय आबादी का सामती शोषण करते रहने की अनुमति थी। ब्रिटिश शासित प्रदेशो मे भूस्वामी सामत जल्दी ही विदेशी शासको के सहचर और वफादार समर्थक बन गये थे।

जहा भी अग्रेजो का अपनी आजादी की रक्षा के लिए कटिबद्ध लोगो से साबिका पडा, उन्होने बल का निर्ममतापूर्वक प्रयोग किया। १८१७ मे मराठा राज्यो के खिलाफ युद्ध छेडकर कपनी ने पेशवा बाजीराव के राज्य का अधिग्रहण कर लिया जिसने उनका प्रतिरोध करने की कोशिश की थी और उसे पेंशन दे दी। ग्वालियर और नागपुर जैसे मराठा राज्यो की गद्दियो पर अग्रेज़ो के पिट्ठू बैठा दिये गये। अन्य मराठा राज्यो को जिनके प्रदेशो मे अग्रेज़ो ने काफी हिस्से काटकर ले लिये थे, लाक्षणिक 'स्वशासी' रियासतो मे परिणत कर दिया गया, जिन्हे कपनी की प्रभुता को मानना होता था और अपने दरबार मे नियुक्त ब्रिटिश रेजीडेंट के आदेशो का आज्ञाकारितापूर्वक पालन करना होता था।

पजाव म सिख अपनी स्वातन्त्र्यप्रिय परपराओ पर जमे रह और उन्होने डटकर अपनी आजादी की रक्षा की। प्रतिभाशाली राजमर्मन और सेनानायक महाराजा रणजीतसिह (१७८०-१८३६) पडोसी सरदारो को अपने अधीन करने अपने राज्य मे केंद्रीय सत्ता को सुदृढ बनाने और एक युद्धक्षम सेना खडी करने मे सफल रहा। उसने किसानो को उनके सामुदायिक अधिकारो (ग्राम स्वशासन) से वचित नही किया और न ही उन पर भारी करो का बोझ डाला और इस प्रकार उसने व्यापक जन समर्थन सुनिश्चित कर लिया। रणजीतसिह ने सिख राज्य की सीमाओ का काफी प्रसार किया (कश्मीर मुल्तान और पेशावर को सिख राज्य म मिला लिया गया था)। यह राज्य भारत मे बच रहा लगभग अकेला स्वतत्र राज्य था। मगर सिंध को पराजित करने के बाद अग्रेज इस स्थिति को बरदाश्त करने के लिए तैयार नही थे और वे अब अपने शासन का सिर्फ पजाब ही नही, पडोसी अफगानिस्तान पर भी फैलाने के आकाक्षी थे। अफगानिस्तान का मुख्य आकर्षण यह था कि उसमे मध्य एशिया मे और प्रसार का और फारस म ब्रिटिश प्रभाव के सुदृढीकरण का रास्ता खुल जाता था।

रणजीतसिह की मृत्यु के बाद कपनी ने उत्तराधिकार के प्रश्न को लेकर उठे विवाद और सिख सरदारो की परस्पर प्रतिद्वद्विता का लाभ उठाया। दो रक्तरजित युद्धो (१८४५-१८४६ तथा १८४८-१८४९) के बाद ब्रिटिश सेनाए सिखो को पराजित करने मे कामयाब हो गयी। इसके बाद पजाब का अधिग्रहण कर लिया गया और उसे ब्रिटिश सूबा बना दिया गया। वहा विशाल फौजी छावनिया कायम की गयी जिनमे अधिकाशत ब्रिटिश सेनाए तैनात थी। अग्रेज़ो ने उनका पक्ष लेनेवाले सरदारो के विशेषाधिकारो म दखल नही दिया। पर आरभ मे उन्हे स्थानीय कृषक समुदाय के शोषण को सीमित करना पडा और पारपरिक ग्राम समुदाय की परपराओ का ध्यान रखना पडा।

भारत मे
नयी ब्रिटिश औपनिवेशिक नीति के परिणाम

सपूर्ण भारत का अधीनीकरण करने के बाद, जिसमे असम तथा बर्मा के अन्य उत्तरी सूबे भी मिला लिये गये थे (१८२४ के युद्ध के बाद) ब्रिटिश बूर्जुआजी ने व्यापक पैमाने पर औपनिवेशिक नीति के नये तरीको को लागू करना शुरू किया। कपास, पटसन और चाय के बागान लगाये गये जिनमे कुलियो से काम लिया जाता था। भारत म ब्रिटिश मालो की बिक्री और यहा से कच्चे मालो के निर्यात के लिए बेहतर सचार तथा परिवहन सुविधाओ और ज्यादा बदरगाहो की जरूरत थी। उन्नीसवी सदी के मध्य म ब्रिटिश उद्यमियो

ने कलकत्ता और बबई म पहले कपडा कारखाने खोले जिनक लिए कगाल किसान और दस्तकार सस्ते श्रम का प्रचुर स्रोत थे। भारतीय स्वामित्व म कपडा कारखाने भी खुले।

ब्रिटेन से निर्मित सामान के आयात और स्वय भारत मे उद्योगो की वृद्धि ने स्थानीय दस्तकारो की कगाली और बरबादी की गति को और तेज कर दिया। जल्दी ही ग्राम समुदायो की पृथक आर्थिक इकाइयो क रूप म अपनी पुरानी आत्मनिर्भरता जाती रही। कृषक श्रम के उद्योग मे खिचने और ब्रिटिश मालो क लिए स्थानीय मडी के प्रसार के फलस्वरूप भी जमीन के बदोबस्त मे सबधित नीति मे महत्वपूर्ण परिवर्तन आये।

लेकिन कृषक समुदाय के क्रमिक स्तरण की प्रक्रिया और सट्टाखोरो द्वारा ज़मीन की धर-दबोच ने सिर्फ बहुत ही नगण्य पमाने पर पूजीवादी आर्थिक स्वरूपो को पैदा किया। कृषि मे अब भी कमरतोड अधसामती लगान का ही प्रभुत्व बना रहा जो किसानो को गरीबी और बरबादी के गर्त म धकेलकर कगालो और ऋणदासो की सी हालत मे डालता जा रहा था। उपनिवेशवादियो द्वारा लगाये भारी भूमि सिचाइ तथा उत्पादन करो और परोक्ष करो ने किसानो की हालत को और भी बदतर कर दिया। कृषक अवाम की, विशेषकर उन इलाको म कि जहा औपनिवेशिक शोषण लबे समय से चला आ रहा था बेदारी तेज़ी स बढने लगी। विरोध सिर्फ किसानो म ही नही पैदा हो रहा था। वह अभिजात वग क कुछ अशको म और कई राजाओ म भी पैदा होने लगा था क्योंकि सारे भारत को जीत लेने क बाद अग्रेज स्वशासी रियासतो को कायम रखना फिजूल समझने लग गय थ जिनके शासक अपने किसानो और दस्तकारो से जिसम्प कर लिया करते थे अपार दौलत इक्ट्ठा करते थ शानदार महलो म रहत थ और बडे-बडे हरम रखा करते थे।

लार्ड डलहौज़ी क गवनर-जनरलत्व म जिसने शोषण क इन नय रूपो क प्रचलन पर काफी शक्ति लगायी थी कई रियासतो (जैसे अवध सतारा और झासी) का स्वशासी इकाइयो के रूप म अस्तित्व समाप्त कर दिया गया और उन्ह ब्रिटिश इलाको म बदल दिया गया। जिन इलाको म अब भी सामती अथवा अर्धसामती अथव्यवस्था का ही प्राधान्य था उनम यूरोपीय पूजी के प्रवेश का परिणाम यह हुआ कि आबादी क बहुत बड हिस्से कगाली और बरबादी के शिकार हो गय। बार-बार पडनेवाले अकालो म लाखो लोगो की जान जाती रहती थी।

मध्य पूर्व मे
यूरोपीय पूजी का प्रवेश

उन्नीसवी सदी के मध्य तक पूर्व मे जो राज्य अभी स्वाधीन थे उनमे भी यूरोपीय पूजी की बढती घुसपैठ के फलस्वरूप स्वतंत्र विदेशी व्यापार मे गिरावट आयी महनतकशो की हालत बिगडने लगी और स्थानीय दस्तकार कगाली के शिकार होने लगे। यूरोपीय शक्तियो ने असमान सधिया (कैपिच्यूलेशन) के जरिये तुर्की और ईरान मे अपनी स्थिति को सुदृढ कर लिया और अपने प्रजाजनो के लिए वाणिज्यिक तथा आर्थिक विशेषाधिकार और स्थानीय कानूनो मे निरापदता सुनिश्चित कर ली। इधर स्थानीय सामतो ने सुलतानो और शाहो के और नौकरशाही तथा मजहबी जमातो के उच्चाधिकारियो के साथ साथ मेहनतकश जनता का शोषण और तेज कर दिया।

उन्नीसवीं सदी के प्रथमार्ध का
उस्मान साम्राज्य

उस्मान साम्राज्य तथा फारस को अपने अनेक अधीनस्थ प्रदेशो से वचित होते उत्पीडित स्लाव जातियो के मुक्ति सघर्ष को अधिकाधिक प्रबल होते और शक्तिशाली सामतो तथा कबायली सरदारो मे पार्थक्यवादी प्रवृत्तिया का जोर पकडते देखकर शासक वर्गो के दूरदर्शी प्रतिनिधि विभिन्न सुधारो की तात्कालिक आवश्यकता को समझने लगे थे। लेकिन ऊपर से सुधारो को लागू करने का लक्ष्य सामती राजतत्र के सुदृढीकरण को सुनिश्चित करना ही था। उन्होने सामती आर्थिक सबधो के मूलाधारो मे किसी भी तरह का परिवर्तन नही किया। वे विदेशी शक्तियो के बढते प्रभुत्व को रोकने के लिए और साम्राज्य को सामती अर्थव्यवस्था के गहन सकट पर पार पाने मे सक्षम बनाने के लिए अपर्याप्त थे।

सुलतान सलीम तृतीय तथा प्रतिभाशाली राजमर्मज्ञ बैरक्दरपाशा द्वारा सैनिक तथा प्रशासनिक सुधार लागू करने के कई असफल प्रयासो के बाद उस्मान साम्राज्य या तो यूरोपीय शक्तियो द्वारा अधिग्रहण के परिणामस्वरूप या गैरतुर्क जातियो के मुक्ति सग्राम के फलस्वरूप धीरे धीरे अधिकाधिक अधीनस्थ प्रदेशो को गवाने लगा।

प्रमुख यूरोपीय शक्तियो ने बाल्कन प्रायद्वीप की स्लाव जातियो और यूनानियो के राष्ट्रीय मुक्ति सघर्ष का इस क्षेत्र मे अपने हितो का सवर्धन करने के लिए उपयोग किया। रूस ब्रिटेन फ्रास और आस्ट्रिया के बीच प्रभाव क्षेत्रो के लिए भयकर प्रतिद्वद्विता चल रही थी। पश्चिमी शक्तिया

म रूस क वास्फोरस की तरफ प्रसार का रोकने और सर्वो बुल्गारा तथा अन्य स्लाव जातियो म उसका प्रभाव न बढ़ने देन के बार म तो एकता थी लेकिन इस क्षेत्र म प्रभुत्व के लिए उनके बीच सख्त टकराव था। इस प्रकार मिस्र ब्रिटेन तथा फ्रास के बीच भीषण प्रतिद्वद्विता का अखाडा बन गया।

१८२०-१८४० का मिस्र

उस्मान साम्राज्य का अग बन रहने पर भी मिस्र ने मोहम्मद अली के अधीन विकास क स्वतत्र पथ पर चलना शुरू कर दिया था। मोहम्मद अली ने मिस्री जनगण क जो तुर्क शासन के विरोधी थे समर्थन क आधार पर कई प्रशास निक तथा सनिक सुधार किये। उसने औद्योगिक फसलो (और सबसे बढकर कपास) की खेती और कर्मशालाओ के निमाण का प्रोत्साहित किया और अपनी सेना को बहतर तरीके से सज्जित करने के वास्ते हथियार और जहाज निमाण कारखान बनवाये। ब्रिटेन और फ्रास ने मिस्र पर नियत्रण जमाने की कोशिश म उसकी तुर्को पर घटती निर्भरता और विदेशी शक्तियो क साथ बढ़ते मतभेदो का अधिकतम लाभ उठाने का प्रयास किया।

मोहम्मद अली की नीति न मिस्री भूस्वामियो क जिनका माल उत्पादन म निहित स्वार्थ था और जायमान बूर्जुआजी के हितो का सवर्धन किया फिर भी उसका स्वरूप प्रगतिशील था क्योकि उसने मिस्र की स्वतत्रता की ओर प्रगति म महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। लेकिन साथ ही न सिर्फ यही कि मोहम्मद अली ने उस्मान साम्राज्य की अन्य उत्पीडित जातियो का अपने मुक्ति सघर्ष म समर्थन नहीं किया बल्कि उसने अरब मुक्ति सघर्ष का कुचलने और १८२१-१८२७ क यूनानी स्वतत्रता सग्राम क समय यूनानियो के खिलाफ निष्ठुर दडात्मक कार्रवाइया करने म तुर्को की सहायता क लिए अपनी सेनाए भी भेजी। मोहम्मद अली न यह नीति इसलिए अपनायी थी कि उसे आशा थी कि इस तरह वह अपन राज्य क सीमाओ का विस्तार कर सकेगा और तुर्क सुलतानो को मिस्र की स्वाधीनता को मान्यता देन क लिए रजामद कर सकेगा।

रूस के साथ युद्ध (१८२८-१८२९) म तुर्की की पराजय और सर्वो तथा यूनानियो क मुक्ति सघर्षो न उस्मान साम्राज्य को अत्यन्त कमजोर बना डाला। अड्रियानोपोलिस की सधि न तुर्की को काकेशिया और डन्यूब के डेल्टा म अपन प्रदेशो से पूर्णत वचित कर दिया और इसक अलावा उसे सर्बिया तथा यूनान क स्वशासन को मान्यता देने और युद्ध का भारी हरजाना चुकाने क लिए विवश किया।

उस्मान सेना को अन्यियानोपालिम की सधि क कुछ ही बाद मोहम्मद अली के साथ होनेवाले युद्ध म फिर पराजित होना पडा। मिस्री फौजा न गाम फिलिस्तीन और सिलिशिया पर कब्जा कर लिया और अनातोलिया म बढना शुरू करके स्वय राजधानी का ही खतरे म डाल दिया। सुलतान न यूरोपीय शक्तियो से सहायता का अनुरोध किया, तो अकेला रूस ही तुर्की की मदद को आन को तैयार हुआ। फ्रास न इस आशा स मोहम्मद अली की सहायता की कि इससे वह अपन प्रभाव का बढा सकेगा। इधर ब्रिटेन ने इस डर से कि अगर मिस्री शासक जीत गया, तो उसस फ्रासीसी प्रभाव सुदृढ हो जायेगा, आस्ट्रिया हगेरियाई हस्तक्षेप के जरिये उसकी प्रगति को रोकन की कोशिश की। जब रूसी बेड ने बास्फोरस म प्रवश किया और रूसी सनाए इस्तबूल के पास उतरी तो पश्चिमी शक्तियो न बेहद घबराकर तुर्की और मिस्र को आपस म समझौता करन के लिए राजी कर लिया, जिसके द्वारा मोहम्मद अली न सुलतान के नाममात्र प्रभुत्व का स्वीकारकर अपनी सेनाओ को वापस बुला लिया और सुलतान इस बात पर सहमत हो गया कि शाम फिलिस्तीन तथा सिलिशिया के पश्चिमी भागो का शासन मिस्र के हाथो मे रहे। रूसी सेनाए वापस बुला ली गयी, लेकिन उन्क्यार इसक्लेसी की सधि द्वारा रूस न लडाई क फिर छिडन की अवस्था म तुर्की का सैनिक सहायता देने का वचन दिया और सुलतान युद्ध की हालत म दर्रा-दानियाल को रूसी जहाजो के अलावा सभी विदशी जहाजा के लिए बद कर देन को सहमत हो गया।

तुर्की मे सुधारो के लिए प्रयास

तुर्क अभिजात वर्ग क सबसे दूरदर्शी सदस्यो को लडखडाते हुए साम्राज्य को बचान के लिए सुधारा की सख्त जरूरत का अहसास था। सुलतान महमूद द्वितीय ने सामती सैनिक व्यवस्था को खत्म कर दिया और जानिसार टुकडियो को भग कर दिया। उसकी मौत क बाद उसक उत्तराधिकारी सुलतान अब्दुल मजीद प्रथम न एक बहुत ही नाजुक घडी मे, जब मोहम्मद अली के यह माग करन पर कि उसके द्वारा शासित सभी प्रदशा पर उसक वशागत अधिकारो को मान्यता दी जाये मिस्र के साथ लडाई फिर छिड गयी थी कई नय सुधार लागू किये जाने की घोषणा की। १८३६ की इस आज्ञप्ति का उसके विदेश मत्री मुस्तफा रशीदपाशा न तैयार किया था जिसन यूरोप म शिक्षा पायी थी। इस आज्ञप्ति द्वारा सुलतान के सभी प्रजाजना का धर्म क लिहाज के बिना जीवन सपत्ति तथा मान की सुरक्षा, न्यायोचित कराधान और कर-ठेकदारी के उन्मूलन तथा सैनिक भरती क पुनर्गठन का प्रत्या

भूत करनेवाले नये कानून को लागू करने का आश्वासन दिया गया था।

इस आज्ञप्ति के साथ शुरू होनेवाला युग तुर्की के इतिहास में तजीमात (पुनर्गठन) के दौर के नाम से विख्यात है और कोई तीन दशक चला। इस काल में प्रचलित सुधार निस्संदेह ऊपर से लागू किये गये सुधार थे जिन्होंने शासक वर्गों के हितों के लिए ज्यादा खतरा नहीं पेश किया। जीवन, संपत्ति तथा मान की सुरक्षा और गैरतुर्क जातियों के विरुद्ध भेदभाव के उन्मूलन की प्रत्याशाएं कागजी ही रहीं। अभिजात वर्ग के प्रभावी अंशों ने सुधारों का विरोध किया और जो उनका समर्थन भी करते थे, उन्हें वे इस बहुराष्ट्रीय सामंती साम्राज्य के सुदृढ़ीकरण के साधन से अधिक नहीं प्रतीत होते थे और उनकी सामंती समाज के वास्तविक ढांचे का अतिक्रमण करने की कोई मंशा न थी।

इन सीमित सुधारों ने, जिन्हें अक्सर संशोधित और फिर प्रचलित किया जाता था, उत्पीड़ित गैरतुर्क जातियों के संघर्ष को रोकने या विदेशी शक्तियों द्वारा देश के वाणिज्य तथा अर्थतंत्र में और अधिक अंतःप्रवेशन में बाधा डालने के लिए कुछ भी नहीं किया।

१८४० के लंदन सम्मेलन में पश्चिमी शक्तियां बास्फोरस को अंतर्राष्ट्रीय नियंत्रण के अधीनस्थ बनाने में सफल हो गयीं और इस प्रकार उन्क्यार इस्केलेसी की संधि का कोई महत्त्व न रह गया। विदेशी शक्तियों और उनके मालों के तीव्र अंतःप्रवेशन ने इस सामंती साम्राज्य के संकट को और ज्यादा संगीन तो बनाया, मगर इससे स्थानीय पूंजीवाद के उदय के लिए आवश्यक पूर्वावस्थाओं का किसी भी प्रकार संवर्धन नहीं हुआ।

इधर साम्राज्य में समूचे तौर पर और उसके अलग-अलग भागों में प्रभाव के लिए अपने संघर्ष में विभिन्न यूरोपीय शक्तियों में विरोध अधिकाधिक प्रखर और गहन होते जा रहे थे। इंगलैंड और फ्रांस ने १८५३-१८५६ के रूस-तुर्की युद्ध में सक्रिय भाग लिया था और एक अभियान सेना क्रीमिया भेजी थी। १८५६ की पेरिस की संधि ने रूस को उसके अनेक अधिकृत प्रदेशों से और काले सागर में नौसैनिक बेड़ा रखने तथा उसके तटों पर किलेबंदियां करने के अधिकार से वंचित कर दिया। लंदन सम्मेलन ने उस्मानी साम्राज्य की अखंडता तथा स्वतंत्रता के लिए यूरोपीय शक्तियों को उत्तरदायी घोषित किया।

लेकिन चाहे तुर्की औपचारिक रूप में क्रीमियाई युद्ध के विजेताओं में गिना जाता था, पर अपने 'मित्र राष्ट्रों' – फ्रांस तथा ब्रिटेन – पर उसकी निर्भरता, जो युद्धकाल में बढ़ गयी थी, बढ़ती ही गयी। साम्राज्य के क्रमिक क्षय तथा ह्रास ने उसके विकसित यूरोपीय शक्तियों के अर्ध-औपनिवेशिक उपांग में अनिवार्य रूपांतरण को अवश्यंभावी बना दिया।

फारस म अमीर उल निज़ाम मिर्जा तकी खान द्वारा प्रवर्तित सुधार तो और भी अधिक सीमित थ। फारसी शासक वर्ग म सुधारो का समथन करनवाल तुर्की की अपक्षा कही कमजोर थ। एक ओर केद्रीय सत्ता का सुदृढ़ीकरण और प्रशासन व्यवस्था का पुनगठन करन क प्रयास चल रह थ दूसरी ओर फारस को अपन प्रभाव क्षेत्र म लान क लिए यूरोपीय शक्तियो क बीच घोर प्रतिद्वद्विता छिडी हुई थी। सबस मुख्य प्रतिद्वद्वी रूस और ब्रिटेन थ।

अधिकाश किसानो की घार दरिद्रता और सामती शासको की सूदखोर व्यापारियो पर बढती निर्भरता क परिणामस्वरूप अठारहवी सदी के अत और उन्नीसवी सदी क आरभ तक अत्यधिक सगीन वर्ग अतविरोध पैदा हो चुके थे। किसान विद्रोह अधिकाधिक प्रायिकता से फूटन लगे और किसान सघर्ष का प्रतीक – लट्ठे के सिर पर लटके पुआल के गट्ठर – दश भर मे दखने म आने लगे। किसानो ने लगान की वसूली करनवालो को खदेड भगान और भूस्वामी सामतो व्यापारियो तथा कर ठेकेदारो की स्वेच्छाचारिता और निरकुशता का अत करन क लिए हथियार उठा लिये। कई दारिद्र्यग्रस्त समुराई भी इस सघर्ष मे शामिल हो गये। १७०८ और १८०३ के बीच

के सौ वर्षों म ही २५८ स अधिक बड़े विद्रोह दज किय गये थे अथात पिछली सदी स तीन गुने। शहरी निधनो – दस्तकारो और छोट व्यापारिया – के असतुष्ट अशो म भी वदारी पदा हा गयी। यद्यपि इन दानो समूहा के बीच कोई सगठित मपर्क न था, फिर भी इन दाना आदोलना क एक ही समय अस्तित्व म आन क कारण स्थापित व्यवस्था क लिए एक गभीर खतरा पैदा हो गया। नगरवासी निर्धनो न बडे व्यापारिक प्रतिष्ठाना मे व्याप्त स्वच्छाचारी प्रबध का विरोध किया जिसका शासक सामतो के मग चोली-दामन का माथ था।

इम गत क बावजूद कि किसान विद्राह दश क विभिन्न भागा म अलग थलग दग ही थ और सामत आम तौर पर उन्ह कुचल दिया करत थे, उनका बार-बार होना ही तोकूगावा जापान के सामाजिक आर्थिक ढाचे को गभीर क्षति पहुचन का कारण बन गया।

उन्नीसवी शताब्दी क प्रथमार्ध म किसान विद्रोहा की अभूतपूर्व लहर आयी। मात्र दस वप (१८३३-१८४२) म ही ९९ बडे विद्राह दर्ज किये गये। यह सख्या पूरी सत्रहवी सदी क विद्रोहो क योग से भी अधिक थी। शहरी निधनो के बलव भी सख्या म अधिक और पैमान म बडे होते गय। १८३७ म ओसाका नगर क निवासियो और निकटवर्ती गावो के किसानो के सयुक्त विद्रोह न मारे देश म उत्साहपूर्ण प्रतिक्रिया पैदा की। विद्रोहिया न रईसो के मकाना को जला डाला, धान के गोदामो पर कब्जा कर लिया और चावल लोगो मे बाट दिया।

देश म चल रही दूरगामी आथिक प्रक्रियाए सामती राजनीतिक अधिरचना – तोकूगावा सैन्य सामतो की प्रमुखता मे शक्तिशाली भूस्वामी अभिजाता क अधिनायकत्व – की जडो को कमजोर कर रही थी।

जापान मे अमरीकी प्रसार

देश मे व्याप्त इस परिस्थिति म ही पूजीवादी दशो न जापानी सरकार पर दबाव डालना शुरू किया।

जून १८५३ मे कमाडोर परी की कमान मे अत्याधुनिक तोपा स लैस चार अमरीकी जगी जहाजो का बेडा जापानी तट के पास पहुचा। जापानी सरकार के एक प्रतिनिधि न माग की कि अमरीकी जहाज उरागा जलसयोजी छोडकर नागासाकी बदर चल जाय, जो विदेशिया क लिए खुला हुआ था और वहा स जापानी अधिकारियो के साथ औपचारिक सबध स्थापित कर।

लेकिन परी न इस आदेश की ओर कोइ ध्यान नही दिया और कहा कि उसे उसी स्थान पर सभी औपचारिकताओ के साथ अमरीकी राष्ट्रपति

के मत्स्य का सम्राट के हाथो में दन को राय दिया गया है। वाता के दौरान पेरी ने यह भी कहा कि वह अपने को दिये गये कार्यभार को पूरा करने के वास्ते अपने जहाजी सैनिकों को उतारने में भी नहीं झिझकेगा।

इस प्रकार के जापानी किला की मोरचाबन्दी कोई मजबूत नहीं था उनके पास कुछ दर्जन छोटी तोपें और हर तोप के लिए १० / ५ गोले थे। विदेशियो को डराने के लिए नट्ठो की बनी नकली तोपें खड़ी कर दी गयीं। लेकिन यह चालाकी अमरीकियों के आगे चली नहीं – इन तोपों में से एक तहरा के बहाव में बह गयी और तैरने लगी। जापानी सरकार अपने तटों की प्रतिरक्षा करने के लिए बिल्कुल तैयार नहीं थी।

जापानी अधिकारियों की असहाय स्थिति को भांपकर अमरीका अपने जहाजों को शोगुनशाही की राजधानी की नाक के नीचे तोकियो की खाड़ी में ले गये। जापानियों के पास अमरीकी दूतों की मांगों को पूरा करने के अलावा और कोई चारा नहीं रह गया। अपनी तोपों को तट पर लक्षित करके पेरी ने ३०० अफसरों और नौसैनिकों के पहरे में अमरीकी राष्ट्रपति का संदेश जापानी अधिकारियों के हाथों में दिया। अमरीकी राष्ट्रपति ने अपने संदेश में सुझाया था कि जापानी सरकार को अपनी पार्थक्यवादी नीति का तज देना चाहिए संयुक्त राज्य अमरीका के साथ व्यापारिक करार कर लेना चाहिए और अमरीकियों को अपने पोत के लिए जापानी प्रदेश पर अड्डे स्थापित करने की अनुमति दे देनी चाहिए। पेरी ने एलान किया कि अगर ये प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये गये, तो संयुक्त राज्य अमरीका उसके खिलाफ और भी ज्यादा शक्तिशाली बेड़ा भेजेगा। उसने अगले साल के अप्रैल या मई महीने तक जवाब दिये जाने की मांग की।

पेरी ने जापानियों को मुहलत इसलिए दी थी कि उसे जल्दी से जल्दी चीन पहुंचना था जहां ताइ पिंग विद्रोह पीकिंग में इतना कठिनाई से वसूल की हुई रियायतों के लिए खतरा बन गया था।

अमरीकियों ने प्रतिक्रियावादी चिंग शासन का समर्थन करने का निश्चय किया और बदले में उससे कई और रियायतें मांगी। सामंत विरोधी क्रांति को कुचलने के लिए और चीन में और भी अधिक प्रवेश करने के वास्ते स्थिति का लाभ उठाने की आशा में पेरी जापान से जल्दी ही चला गया।

इधर शोगुन सरकार पूरी तरह से दहशत में आयी हुई थी। पेरी के लौटने की तिथि जैसे जैसे पास आती गयी शासक हलकों में मतभेद उतने ही अधिक प्रखर होते चले गये। लेकिन जापान की सैनिक दुर्बलता इतनी प्रत्यक्ष थी कि बहुमत अमरीकी प्रस्ताव को स्वीकार करने के पक्ष में ही था।

फरवरी, १८५४ में अमरीकी बेड़ा फिर तोकियो की खाड़ी में आ पहुंचा। उसमें अब नौ जंगी जहाज और कुल दो हजार नाविक और सैनिक थे।

अमरीकी अब और भी ज्यादा उद्दंडता से पेश आये। जापानियों को डराने के लिए जहाज़ लगातार तोपों में गोले भरकर खड़े थे। पेरी ने लड़ाई शुरू करने की धमकी देते हुए यह माँग की कि जापानी उसी तरह की असमान संधि पर हस्ताक्षर करे जैसी संयुक्त राज्य अमरीका ने १८४४ में चीन के साथ की सम्पन्न थी। राजधानी को नष्ट करने को तैयार अमरीकी तोपों के डर से जापानी सरकार के पास इस तरह की संधि सम्पन्न करने के अलावा और कोई चारा न था।

इस संधि के अंतर्गत जापान को शीमोदा तथा हाकोदाते बंदर अमरीकी जहाजों के लिए खोलने, शीमोदा में अमरीकी कांसुलेट की स्थापना पर सहमत होना, अमरीकियों को जापान में ईंधन तथा खाद्य सामग्री खरीदने का अधिकार देना और किसी भी प्रकार की विदेशी मुद्रा को आंतरिक परिसंचरण के लिए स्वीकार करना पड़ा। जापान पर थोपी गयी इस संधि ने अमरीकी पूँजी के एक और देश में प्रवेश करने का पथ प्रशस्त कर दिया। पेरी के उद्दंड व्यवहार की संयुक्त राज्य अमरीका में बड़े जोश के साथ सराहना की गयी और सरकार ने उसे २०००० डालर का इनाम दिया।

संयुक्त राज्य अमरीका का अनुकरण करते हुए १८५४ में ब्रिटेन ने १८५७ में हालैंड ने, १८५८ में फ्रांस ने और बाद में कई अन्य देशों ने भी जापान पर ऐसी ही संधियाँ थोपीं। फरवरी १८५५ में जापान और रूस के बीच दो साल से चली आ रही वार्ता आखिर समाप्त हुई और पहली रूस-जापान संधि पर हस्ताक्षर हुए, जिसने रूसी जहाज़ों को शीमोदा, हाकोदाते तथा नागासाकी बंदरगाहों में प्रवेश करने का अधिकार प्रदान किया।

जापान पर थोपी गयी इन असमान संधियों ने सामंती व्यवस्था के संकट को और भी गंभीर बना दिया। देशी मंडी के विदेशी माल से पट जाने से जापानी उद्योग को भारी चोट पहुँची। इन संधियों के निष्पादन ने शोगनशाही के प्रति और भी सक्रिय विरोध पैदा किया। भूस्वामी अभिजातों, निर्धनताग्रस्त समुराइयों के कुछ अंशों, सम्राट के क्योतो में स्थित दरबारियों और विदेशी व्यापारियों की प्रतियोगिता से आतंकित पूँजीपतियों के एक हिस्से तक ने शोगनशाही की संधियों और नीति की आलोचना की। ये सभी अलग-अलग विरोधी दल शाही दरबार के गिर्द एकजुट होने लगे जो पारंपरिक रूढ़िवादी नीति का पक्षधर था।

माइजी पुनःस्थापन

शोगन सरकार विदेशी शक्तियों से निष्पादित संधियों की विभिन्न शर्तों को ईमानदारी के साथ पूरा करती रही, मगर साथ ही वह विदेशियों के साथ संघर्ष करने की गुप्त तैयारियाँ भी करती जा रही थी। सरकार

मानती थी कि इस तरीके से वह शाही दरबार की स्थिति को कमजोर कर सकेगी। शाही दरबार विदेशियों के प्रवेश और प्रभाव का घोर विरोध करके जनसाधारण का समर्थन प्राप्त करने की कोशिश कर रहा था। इस बीच कुछ अंग्रेजों की हत्या कर दी गयी और विदेशियों की कुछ इमारतों को जला डाला गया। पश्चिमी शक्तियों ने इसके जवाब में तटीय नगरों पर बमबारी करके दसियों निर्दोष व्यक्तियों की जानें ले लीं।

१८६३ में ब्रिटिश बेड़े ने सात्सूमा राज के कागोशीमा पर दंडात्मक बमबारी की। १८६४ में पुनः ब्रिटिश, फ्रांसीसी, अमरीकी तथा डच बेड़ों ने शीमानोसेकी पर गोले बरसाये। इन कार्रवाइयों और यूरोप व अमरीका की पूंजीवादी शक्तियों के अन्य दमनात्मक कदमों ने जनसाधारण के मन में विदेशियों के प्रति अभूतपूर्व घृणा भर दी। देश भर में जापानियों के एकबद्ध होने और विदेशियों को खदेड़ बाहर करने की आवाज उठने लगी। सात्सूमा और मोरी (चोश्यू) के राजाओं की सेनाओं ने विदेशियों को जापान से निकाल बाहर करने के लिए कदम न उठाये जाने पर शोगनशाही के खिलाफ विद्रोह कर देने की धमकी दे दी।

शोगनशाही ने इन विद्रोही राजाओं को कुचलने के लिए सेनाएं भेजीं, पर साथ ही अंग्रेजों और फ्रांसीसियों को अपने दूतावासों की रक्षा करने के वास्ते फौजी टुकड़ियां भेजने की अनुमति देने से भी इन्कार कर दिया। उधर आयातित मालों पर सीमाशुल्क घटाकर मात्र ५ प्रतिशत कर दिया गया था। इन सभी बातों से जापान में स्थिति और भी अधिक संगीन हो गयी थी।

साम्राज्यवादी शक्तियां के राजनयन देश के आंतरिक मामलों में सक्रिय हस्तक्षेप कर रहे थे – फ्रांस शोगनशाही की सहायता कर रहा था (उसकी सेनाओं को हथियारों का प्रदाय करके और राजाओं के विरुद्ध संघर्ष के लिए धन देकर) तो ब्रिटेन इस आशा से शोगन विरोधी शक्तियों का समर्थन कर रहा था कि भविष्य में केंद्रीय सत्ता कमजोर हो जायेगी।

इस बीच देश में कृषक संघर्ष भी तेजी से फैलने लगा था। एक के बाद एक करके सामंत विरोधी बलवे फूटते जा रहे थे। अकेले कीई प्रांत में ही १,३०,००० किसानों ने बलवों में हिस्सा लिया था। १८६६ १८६७ में सारे मध्य जापान में किसान बलवे हुए। विरोधी शक्तियां नगरों में भी बलवती होती गयीं जहां इस समय तक उदीयमान जापानी बुद्धिजीवी समुदाय यूरोपीय लोकतंत्रवादी चिंतकों के प्रगतिशील विचारों से अवगत होने लग गया था। धीरे धीरे बूर्जुआ विपक्ष भी शोगनशाही के खिलाफ संघर्ष में शामिल हो गया जो उपरोक्त कारणों के अलावा देश के यूरोपीय औद्योगिक मालों के लिए द्वार खोल दिये जाने के विरुद्ध था। इसी प्रकार कई विपन्न समुराई भी इस संघर्ष में उतर आये।

लेकिन इस संघर्ष की समाहारी शक्ति दक्षिण तथा दक्षिण-पश्चिम

जापान के सामंत कुल थे जो विदेशी शक्तियों के साथ सबसे सक्रिय व्यापार किया करते थे। उनके कुछ प्रमुख नेता युवा समुराई थे। दक्षिण पश्चिम के राजाओं (सात्सूमा चोस्यू तथा तोसा) के सहबंध को कुछ महाजन परिवारों तथा सम्राट के दरबारी अभिजातों का दृढ समर्थन प्राप्त था। अधभाड़ैत और अर्धस्वैच्छिक सैनिकों के कई दस्ते और विपन्न समुराइयों दस्तकारों किसानों तथा शहरी गरीबों से बने कई दस्ते इन राजाओं की सेनाओं में शामिल हो गये। इस सहबंध के नेतृत्व में अभिजात वर्ग के उन अंशों ने महत्त्वपूर्ण भूमिका अदा की जो पिछले कुछ समय से व्यापार और उद्योग जैसे बूर्जुआ व्यवसायों में रुचि लेने लगे थे। औपचारिक रूप में विद्रोह का लक्ष्य सम्राट के अधिकारों का पुनःस्थापन करना था जिन्हें शोगनशाही ने हड़प लिया था। १८६७ में मुत्सूहीतो नामक पंद्रहवर्षीय किशोर सिंहासनस्थ था जो शोगनशाही विरोधी सहबंध के हाथों का खिलौना था।

अक्तूबर १८६७ में इस सहबंध ने शोगन केइकी से मांग की कि वह सम्राट को उसकी समस्त पुरानी सत्ता और अधिकारों का प्रत्यावर्तन करे। स्थिति की गंभीरता को समझकर शोगन इस्तीफा देने के लिए राजी हो गया और फिर ओसाका में अपने गढ में छिपकर अवश्यंभावी लड़ाई की तैयारी करने लग गया। शोगन अब भी देश का प्रमुख भूस्वामी था। उसके पास न केवल विशाल जागीर थी, बल्कि काफी बड़ी सेना भी थी जिसे फ्रांसीसियों ने प्रशिक्षित किया था। इस सेना को साथ लेकर वह उसी साल शत्रु का सामना करने के लिए निकला किंतु फूशीमी की लड़ाई में उसे मुंह की खानी पड़ी। लड़ाइयां पूरे १८६८ और १८६९ में चलती रहीं लेकिन जीत शोगनशाही विरोधी सहबंध की ही हुई।

नयी सरकार में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका सात्सूमा कुल के प्रतिनिधि – ओकूबो तथा कीदो – अदा करने लगे। उन्होंने देश का एकीकरण और शस्त्रास्त्र तथा प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में यूरोपीयकरण करने का प्रयास किया। यह नीति किसानों के हितों को संतुष्ट नहीं कर पायी जो कृषि में सामंती स्वरूपों का उन्मूलन किये जाने और जमीन उन्हें दिये जाने की मांग कर रहे थे। शोगनशाही का तख्ता उलटे जाने से ही कृषक संघर्ष का अंत नहीं हो गया। १८६८ और १८७८ की अवधि के बीच १८५ बड़े कृषक विद्रोह हुए जिनमें से कुछ में तो ढाई लाख तक लोगों ने भाग लिया था।

बूर्जुआ वर्ग और भूस्वामी तबके किसानों पर संयुक्त आक्रमण करने के लिए और इस तरह के विप्लवों को लहू की नदियां बहाकर कुचल देने के लिए एक हो गये।

१८६७-१८६८ की घटनाएं जापान के इतिहास में माइजी पुनःस्थापन या माइजी प्रत्यावर्तन के नाम से विज्ञात हैं क्योंकि माइजी (अर्थात प्रबुद्ध शासन) सम्राट मुत्सूहीतो के शासनकाल को दिया गया अधिकृत नाम है।

बारहवा अध्याय

यूरोप तथा अमरीका के राष्ट्रीय बूर्जुआ आदोलन

१८५०-१८६० मे पूजीवाद का विकास

यद्यपि १८४८ की क्रातिया की परिणति विजय म नही हो पायी थी, फिर भी प्रतिक्राति की शक्तिया इस योग्य नही रह गयी थी कि सामाजिक प्रगति के प्रसार को रोक पाये। उन्नीसवी सदी के उत्तरार्ध म इन सामाजिक परिवतनो के मूल म यूरोप तथा अमरीका म पूजीवाद की तीव्र वृद्धि थी। यूरोप के अधिकाश देशो और सयुक्त राज्य अमरीका म इस समय तक यात्रिक उत्पादन शारीरिक श्रम को विस्थापित कर चुका था। उद्योग की सभी शाखाओ मे विराट पूजीवादी कारखाने पैदा होने लग गये थे। महत्वपूर्ण प्रौद्योगिक नवाचार इन देशो के अर्थतत्र का कायाकल्प करने लग गये थे। लकडी के स्थान पर कोयले और फिर कोयले के स्थान पर तेल के ईधन का मुख्य स्रोत बन जाने से भी औद्योगिक प्रगति म योग मिला। हेनरी बेसेमर द्वारा आविष्कृत पिघले कच्चे लोहे को इस्पात म परिणत करने की विधि और खुली भट्ठियो ने धातु उत्पादन को कही अधिक तीव्र तथा समुन्नत बना दिया था। धातुकर्म मे तीव्र प्रगति ने उत्पादन के अन्य क्षेत्रो के लिए उद्दीपक का कार्य किया। इस काल म रेलो का भी तीव्र प्रसार हुआ। ससार के रेलमार्गो की कुल लबाई, जो १८३० मे मात्र ३३२ किलोमीटर थी १८७० म २,०० ००० किलोमीटर से अधिक हो चुकी थी। भौतिकी, और विशेषकर विद्युत ऊर्जा के क्षेत्र मे महत्वपूर्ण खोजो ने शीघ्र ही सचार के एक सर्वथा नवीन रूप – तार – को जन्म दे दिया।

१८५९ म चार्ल्स डार्विन की विख्यात कृति 'प्राकृतिक वरण द्वारा स्पीशीज़ का उद्भव' का प्रकाशन हुआ जिसने समस्त प्रकृतिविज्ञान के आगामी विकास पर निर्णायक प्रभाव डाला। कृपिशास्त्र म भी महत्वपूर्ण प्रगति की गयी। कृषि मे अधिक प्रगतिशील विधिया प्रचलन मे आयी।

उन्नीसवीं सदी के छठे दशक के आरभ म सभी विकसित औद्योगिक देशो म भारी औद्योगिक प्रगति दिखने म आने लगी। किंतु १८५७ मे यूरोप और अमरीका पर एक नये ही प्रकार का सकट -- अत्युत्पादन का सकट -- आ पडा। यह पहला अवसर था कि जब इतने गभीर परिमाण के सकट का अतर्राष्ट्रीय पैमाने पर सामना करना पडा था। लेकिन यह कोई अतिम अवसर नही था -- इसके बाद म इस प्रकार के आर्थिक सकट पूजीवादी विश्व मे नियमित अतरालो के बाद -- लगभग हर दस वर्ष के बाद -- आते ही रहे है।

दुनिया की निर्माणशाला

उस समय ब्रिटेन ससार का सबसे उन्नत पूजीवादी देश था। अपने विराट साम्राज्य के लोगो को निर्मम शोषण करके और उपनिवेशो से अपार सपदा हडपकर ब्रिटिश बूर्जुआजी न अपने देश का अत्यधिक तेजी के साथ उद्योगी करण कर लिया था। १८७० तक ब्रिटेन मुख्यत एक शहरी देश बन चुका था जिसकी दो-तिहाई आबादी नगरो म ही निवास करती थी। ब्रिटेन दुनिया के आधे कच्चे लोहे का उत्पादन करता था और उसके कारखाने इतना सूती माल तैयार करते थ कि जितना शेष ससार के सब कारखाने कुल मिलाकर भी नही पैदा करते थे। उद्योग के दूसरे क्षेत्रो म भी ब्रिटेन का प्रमुख स्थान प्राप्त था -- उसका विदेश व्यापार सारी दुनिया म सबसे अधिक था और उसीके पास सबसे बडा व्यापारिक बेडा भी था।

विक्टोरियाई युग म, अर्थात महारानी विक्टोरिया के शासनकाल (१८३७-१९०१) म ब्रिटेन अपनी सत्ता तथा शक्ति के चरम पर था। लेकिन यह 'आनदमय इगलैड" सपत्ति के अपने अत्यत असमान वितरण के कारण बहुतो के लिए अत्यधिक विषादमय भी था। कारखानास्वामियो बैंकपतियो जहाजी कपनियो के मालिको और जमीदारो ने इस काल म बेशुमार सपदा जमा की। देश की आतरिक तथा विदेश नीतियो न उनके हितो का सवर्धन किया और भारत, चीन तथा अफ्रीका मे अविराम औपनिवेशिक युद्धो ने उन्हे अपार मुनाफे प्रदान किये। १८५३-१८५६ म ब्रिटेन ने फ्रास तथा तुर्की के साथ मिलकर क्रीमियाई युद्ध मे रूस के विरुद्ध लडाई की। दोनो ही पक्षो के शासक वर्गो द्वारा जनता पर थोपे गये इस युद्ध मे सबसे अधिक कष्ट आम लोगो को ही झेलने पडे।

ब्रिटेन के मेहनतकशो के रहन सहन और काम करने की अवस्थाए अब भी अत्यत कठोर थी। महान अग्रेज उपन्यासकार चार्ल्स डिकन्स (१८१२ १८७०) न उदास घर, 'कठिन समय और 'नन्ही डोरिट जैसी अपनी उस समय की विख्यात कृतियो म विक्टोरियाई इगलैड के निर्दय और मक्कार

अमीरा का और सीधे सादे ईमानदार लोगों की मुसीबतों और कष्टों का बडा ही मर्मस्पर्शी और सच्चा चित्र पेश किया है।

ब्रिटिश उपनिवेशों में रहनेवाले करोडों पराधीन लोगों की तो बात ही क्या आयरलैंड में भी किसान और निर्धन लोग इंगलैंड के निर्मम शोषण के शिकार थे और न्यूज़ीलैंड के माओरियों की तरह भौतिक विनाश के कगार पर खड़े थे।

ब्रिटेन का श्रमिक वर्ग इस समय तक काफी बढ़ चुका था और अधिक संगठित भी हो गया था। अधिकाधिक मजदूरों ने मजदूर संघों या ट्रेड-यूनियनों शामिल होना शुरू कर दिया था। हड़तालों और राजनीतिक प्रदर्शनों के ज़रिये ब्रिटिश मजदूरों ने शासक वर्गों से कई रिआयतें वसूल कर ली थीं, जैसे दस घंटे का कार्य दिवस और बाल श्रम संरक्षण संबंधी कानून। यह बहुत हद तक मजदूरों के दबाव के कारण ही था कि १८६७ में दूसरा सुधार विधेयक पेश किया गया जिसने आबादी के कहीं व्यापक हिस्से को मताधिकार प्रदान किया। श्रमिक वर्ग जितना संख्या में बढ़ता और राजनीतिक रूप से अधिक सक्रिय होता गया, धूर्त पूंजीपति वर्ग उतना ही अधिक तरह-तरह की कुटिल चालों को अपनाता गया। इनमें से सबसे महत्वपूर्ण मजदूर वर्ग की कतारों में फूट डालने का अभियान था। पूंजीपतियों ने औपनिवेशिक शोषण के जरिये प्राप्त अपार मुनाफों के एक हिस्से से सर्वहारा के सबसे संपन्न अंशक – कुशल मजदूरों – को खरीद लेने का निश्चय किया। इन मजदूरों को काफी ऊंचे वेतन देकर तथा उनके लिए कई और विशेषाधिकार और सुविधाएं पैदा करके बूर्जुआजी ने एक तरह का 'औद्योगिक अभिजात वर्ग' पैदा कर दिया। इस अभिजात वर्ग ने जल्दी ही अपने को सर्वहारा के व्यापक समूह से अलग कर लिया और धीरे धीरे बूर्जुआज़ी के हाथों की कठपुतली बन गया।

सर्वहारा की कतारों में फूट डालने के अपने प्रयासों द्वारा और जब-तब सामाजिक तथा श्रम विधान में कुछ लोकतांत्रिक रिआयतें देकर ब्रिटिश शासक वर्गों ने पिछली सदी के छठे सातवें दशकों में सेना व पुलिस का सहारा लिये बिना ही अपनी स्थिति का सुदृढीकरण करने में सफलता प्राप्त कर ली।

अमरीकी गृहयुद्ध

लेकिन उस समय भी कि जब इंगलैंड में पूंजीवाद काफी उन्नत हो चुका था, यूरोप तथा अमरीका के अन्य देशों में अनेक बाधाएं उसके विकास को अवरुद्ध कर रही थीं।

पूरी उन्नीसवी शताब्दी भर सयुक्त राज्य अमरीका म पूजीवाद बहुत तजी के साथ विकसित होता रहा था। इडियनो को उनकी जगहो स खदेड बाहर करते हुए आबादकारो के पश्चिम की तरफ बढते जान क साथ साथ नयी-नयी जमीनो क उपयोजन और श्रमिको की कमी (आप्रवासियो की बढती बाढ के बावजूद) न मशीनो के तीव्र और व्यापक पैमान पर प्रचलन को प्रोत्साहित किया था। फिर भी सयुक्त राज्य अमरीका म पूजीवाद क विकास की गति अनियमित ही रही। पूजीवादी उत्पादन सबध उत्तर म जहा विशाल औद्योगिक कद्र उदित हो रह थ और पश्चिम म, जो मुख्यत कृषिप्रधान था, तो तेजी से अभिभावी हो गय थे, लेकिन दक्षिण म अभी भी दास श्रम का ही उपयोग किया जा रहा था और दास श्रम का उपयोग करनवाले बागानो की सख्या वस्तुत बढ ही रही थी। सयुक्त राज्य अमरीका का दक्षिणी भाग उस समय भी दुनिया भर म दास श्रम का मुख्य कद्र था १८६० मे वहा चालीस लाख स अधिक नीग्रो गुलाम थ। नीग्रो दासो को बहिचक बचा विकलाग किया या जान स मारा जा सकता था। बरहम मालिक कोडा स पिटाइ की धमकी दकर उन्ह अपन कपास या तबाकू बागानो पर सुबह स लेकर रात तक काम करन क लिए मजबूर कर सकत थे।

इन दोनो सर्वथा भिन्न व्यवस्थाओ – उत्तर तथा पश्चिम मे पूजीवादी उजरती श्रम पर आधारित व्यवस्था और दक्षिण म दासस्वामित्व पर आधारित व्यवस्था – का देर-अबेर आपस म टकराव होना अवश्यभावी था।

समय क साथ दोनो व्यवस्थाओ म अतर्विरोध बढते गये और कभी कभी तज झगड भी पैदा होते रह। आखिर, १८६१ मे एक गरीब फार्मर क बेटे, निष्कपट लोकतत्रवादी और दासप्रथा क उत्कट विरोधी अब्राहम लिकन (१८०९ १८६५) के राष्ट्रपति चुने जाने क बाद, दक्षिण क दासस्वामियो न सघीय सरकार के विरुद्ध खुले आम विद्रोह कर दिया और ग्यारह दक्षिणी राज्यो क पृथक सघ – मडलित राज्य अमरीका (कानफेडेरेटड स्टेटस ऑफ अमरिका) – की स्थापना की जिसकी अपनी सरकार और राष्ट्रपति थे। धनी दासस्वामी बागान मालिक कर्नल जेफरसन डेविस को मडलित राज्यो का राष्ट्रपति चुना गया जो बेझिझक खुले तौर पर यह कहता था कि नीग्रो गोरे आदमी से नीचा होता है और उसके लिए गुलामी ही सामान्य अवस्था है।

१८६१ स १८६५ तक सयुक्त राज्य अमरीका भयकर गृहयुद्ध की जकड म रहा। आरभ मे मडलित राज्यो का पलडा भारी था क्योकि वे युद्धकला म अधिक प्रवीण थे। लेकिन जैसे जैसे अधिकाधिक अमरीकी लोग दक्षिण के विरुद्ध युद्ध मे शामिल होते गय और युद्ध अधिक क्रातिकारी स्वरूप ग्रहण करता गया, वैसे वैसे स्थिति बदलती गयी। युद्ध मे निर्णायक मोड

अब्राहम लिंकन

तब आया, जब अब्राहम लिंकन ने काश्त करने को तैयार सभी लोगों को जमीन दिये जाने का कानून (वासभूमि अधिनियम) और १ जनवरी १८६३ से दक्षिणी विद्रोहियों के सभी दासों के मुक्त किये जाने का कानून जारी किया। ये अत्यधिक क्रांतिकारी महत्व के कानून थे और उन्होंने उत्तरी सेना में बहुत से स्वैच्छिक सैनिकों को आकर्षित किया। इसके बाद से दक्षिणवाले लगातार हार खाते गये और १८६५ के वसंत तक उन्हें पूर्ण रूप से पराजित कर दिया गया।

गृहयुद्ध जिसने दासप्रथा का उन्मूलन किया, अमरीकी जनगण के इतिहास का एक शौर्यमय अध्याय है और एक प्रकार से दूसरी क्रांति जैसा ही है। लेकिन जनता इस शौर्यमय संघर्ष में प्राप्त विजय के सुफलों को ज्यादा

जनरल ग्राट की सेना मे नीग्रो स्वयसेवक भरती हो रहे है

दिन अपन हाथो म नही रख पायी। दक्षिणवालो के हथियार डालन के पाच दिन वाद, १४ अप्रैल, १८६५ का पराजित दामस्वामियो क एक भडैत न राष्टपति लिकन की गाली मारकर हत्या कर दी जिमन गहयुद्ध के तमाम नाजुक दौर म अमरीकी जनता का शानदार नतत्व किया था। बाद के वर्षो म वडे वूर्जुआ वग न देश के शासन पर अपना दढ नियत्रण स्थापित कर लिया। अपनी उन्नति म दासप्रथा की बाधा न रहन के वाद पूजीवाद न सयुक्त राज्य अमरीका म तीव्र प्रगति की और विकास की गति म यूराप क पुरान पूजीवादी राज्यो को भी पीछे छोड दिया।

इटली का एकीकरण

यूराप के कितन ही देशो और जनगण क लिए राष्ट्रीय एकता विदेशी आधीनता स मुक्ति और स्वतत्र राज्यत्व प्राप्त करना अभी शेप ही था। इटली म यह कायभार इम समय विशेपकर महत्वपूण हो गया था। १८४८-१८४९ की असफल क्रातियो क बाद इटली अब भी आठ अलग-अलग राज्यो म बटा हुआ था रोम म फ्रासीसी सेनाए तैनात थी और उत्तर म लबार्डी तथा वेनिस आस्ट्रिया के हाथो म थ।

देशभक्त इतालवी विदेशी उत्पीडकों को खदेड बाहर करने और इटली का एक संयुक्त स्वतंत्र राज्य के रूप में एकीकरण करने के प्रस्ताव थे। लेकिन इस लक्ष्य की सिद्धि के बारे में दो भिन्न भिन्न दृष्टिकोण थे।

उत्तर में, प्येमोंत सार्दीनिया राज्य में संभ्रात हलके – कारखानामालिक, उदार जमींदार, उच्च सरकारी अधिकारी, आदि – जो जनसाधारण से डरते और उन पर अविश्वास करते थे, इस राय के थे कि देश का एकीकरण जनसाधारण को शामिल किये बिना, राजनयिक तथा राजनीतिक जोड़तोड़ के जरिये प्येमोंती राजतंत्र का केंद्र बनाकर "ऊपर से" कराया जाना चाहिए। इस दृष्टिकोण का मुख्य प्रतिपादक प्रधान मंत्री, धनी भूस्वामी काउंट कामिलो बेंसो दी कवूर था। कवूर ने लुई नेपोलियन के फ्रांस के साथ घनिष्ठतर संबंध कायम करने और इस प्रकार उससे एकीकरण के हेतु के लिए सैनिक तथा राजनीतिक समर्थन प्राप्त करने की आशा में प्येमोंत को क्रीमियाई युद्ध (१८५३-१८५६) में उलझा दिया था। किंतु इस युद्ध में भाग लेने से इतालवी जनता के हितों का किसी भी प्रकार संवर्धन नहीं हुआ – इस अभियान का जो एकमात्र निशान बच रहा, वह सेवास्तोपोल में इतालवी कब्रिस्तान था। १८५९ में, कवूर तथा नेपोलियन तृतीय में गुप्त समझौता होने के बाद फ्रांस और सार्दीनिया ने आस्ट्रिया के विरुद्ध युद्ध छेड़ दिया और माजेंता (४ जून) तथा सोलफेरीनो (२४ जून) की लडाइयों में दो महत्वपूर्ण विजय प्राप्त कीं। किंतु जिस समय आस्ट्रिया आसन्न पराजय के कगार पर था, उसी समय नेपोलियन तृतीय ने अपने इतालवी मित्रों के साथ विश्वासघात करके चुपे छिपे आस्ट्रिया के साथ पहले युद्ध विराम और बाद में संधि कर ली, जिसके अंतर्गत लबार्डी प्येमोंत को दे दिया गया, वेनिस आस्ट्रिया के ही अधिकार में रहा और सवोय तथा नीस फ्रांस को दे दिये गये। इस प्रकार कवूर की चालबाजियों से कोई बहुत हासिल नहीं हो पाया।

लेकिन इटली में राजनीतिक एकीकरण के लिए एक और आंदोलन भी चल रहा था। यह युवा इटली आंदोलन (जियोवाने इतालिया) था जिसके नेता महान इतालवी देशभक्त जुइसेपी मज्जीनी (१८०५-१८७२) और जुइसेपी गैरिबाल्डी (१८०७-१८८२) थे। युवा इटली आंदोलन विदेशी सरकारों और राजनीतिक साठगांठ से कोई आशा नहीं करता था, बल्कि अपने सदस्यों की हिम्मत और उनके साहसिक क्रांतिकारी कार्य पर ही निर्भर करता था। जनसाधारण से डरने के बजाय वह उनका समर्थन प्राप्त करने का यत्न करता था। जब कवूर की 'ऊपर से क्रांति' करने की अवसरवादी योजनाएं विफल हो गयीं, तो युवा ... आंदोलन का प्रभाव देश में तेजी के साथ फैलने लगा ... सी स... । के एकीकरण के संघर्ष में मुख्य भूमिका अदा ...

१८५९ मे युवा इटली के नेतृत्व मे उत्तरी इटली के पामा मादना तथा तोस्काना (टस्कनी) रजवाडो मे और पाप के अधीन रोमान्या म फूटे जन विद्रोहो ने इनके राजाओ का तख्ता उलट दिया और वे प्येमात राज के साथ मिल गये। कुछ ही बाद दोनो सिसली राज्य म भी जन विद्रोह फूट पडा और विद्रोह को सहायता प्रदान करन क लिए गैरिबाल्डी वहा लपका।

मई, १८६० मे एक दिन दो जहाजो न सिसली क चट्टानी तटा के पास लगर डाला और तट पर लाल कुरते पहन सशस्त्र दस्ता का उतारा। ये गैरिबाल्डी के मशहूर 'एक हजार" लाल कुरतेवाला की वाहिनी थी। "वीवा ल'इतालिया! (इटली जिदाबाद) के जगी नारो के साथ व सरकारी फौजो से लोहा लेने के लिए चल दिये। स्थानीय विद्रोही किसाना के समर्थन से गैरिबाल्डी के लाल कुरतेवालो न नेपल्स के राजा की सना को करारी मात दी। इसके बाद दल के दल स्वयसेवको क भरती होन स सख्या म खासी बढी उसकी सेना ने द्रुत गति से बढते हुए और सामने आनवाली शाही रेजीमेटो का सफाया करते हुए सारे दक्षिणी इटली को पार किया और नेपल्स मे जा घुसी। कुछ ही समय के भीतर नपल्स के बूर्बो राजतत्र का खात्मा कर दिया गया। हर्षविभोर नेपल्स न गैरिबाल्डी का राष्ट्रीय वीर के रूप मे स्वागत किया। लेकिन गैरिबाल्डी और उसके साथी देश का गणतत्रीय आधार पर एकीकरण करने म असमर्थ सिद्ध हुए। १८६० के शरद म उत्तर तथा दक्षिण का प्येमोत सार्दीनिया के राजा के अधीन एकीकरण हो गया। राजा विक्तोर एम्मानुएल द्वितीय न नेपल्स म विजय प्रवेश किया जहा गैरिबाल्डी ने जनता द्वारा प्रदत्त अधिनायकत्व के अपन अधिकार को स्वेच्छया उसे समर्पित कर दिया। अब उसकी सेवाओ की और आवश्यकता नही रह गयी थी और इस जनश्रुत वीर को अपन जन्मस्थान मछुआ के टापू काप्रेरा लौटकर विस्मृत हो जाना पडा। हर्जेन के शब्दो म उसे यात्री को गतव्यस्थान पर पहुचा देनेवाले गाडीवान' की तरह छोड दिया गया। मार्च १८६१ म ट्यूरिन म सयुक्त इटली राज्य की उद्घोषणा की गयी और बादशाह विक्तोर एम्मानुएल को उसका शासक घोषित किया गया।

लेकिन देश का पूर्ण एकीकरण कुछ वर्ष बाद ही सपन्न हो पाया। १८६६ म आस्ट्रिया-प्रशा युद्ध के परिणामस्वरूप वेनिस प्रदेश को मुक्त किया गया और सितबर, १८७० म द्वितीय साम्राज्य के पतन के बाद पुरातन राजधानी रोम का फिर इटली के साथ सम्मिलन हो गया।

इटली का एकीकरण दो समातर प्रक्रियाओ द्वारा हुआ था – एक ऊपर से और दूसरी नीचे से'। इसमे निर्णायक भूमिका गैरिबाल्डी और मज्जीनी के नतृत्व म जनसाधारण की क्रातिकारी कार्रवाइयो ने अदा की थी। किंतु व इस प्रक्रिया की उसकी तर्कसगत परिणति – गणराज्य की

गैरिब

स्थापना – तक ने जान म
मत्ता अपन हाथो म ल लन
क रूप म एकीकृत करने म
दश जब सयुक्त हो था
डग का प

उदार बूर्जुआजी
राजतत्र
यह तथ्य
महत्त

गया। फिर भी रूमानी राज्य का एकीकरण स्वय म एक प्रगतिशील कदम था। यद्यपि रूमानिया अब भी औपचारिक रूप म तुर्की क सुल्तान का अपना अधिराज स्वीकार करता था फिर भी व्यवहार म १८५६ क बाद स वह पूणत स्वतत्र राज्य ही था।

क्रीट का विद्रोह

लेकिन इस काल क सभी मुक्ति सग्रामो का अत विजय म नही हुआ। १८६६ मे क्रीट द्वीप पर विद्रोह फूट पडा, जहा तुर्को क निर्मम उत्पीडन ने लोगो को निराशोन्मत्त कर दिया था और व अपने का विदेशी जूए म मुक्त करन क लिए एकजान होकर मैदान म उतर आये। क्रीट की जनता क न्याय्य हेतु के लिए सघर्ष करने के वास्ते यूरोप स कितन ही स्वातत्र्यप्रेमी भी वहा पहुच गय। इन लोगो म ब्लाकी का मित्र फ्रासीसी क्रातिकारी गुस्ताव फ्लुरास (१८३८-१८७१) भी था। किंतु उन्ह क्रीट की सहायता के लिए कोई भी महाशक्ति आगे नही आयी और १८६६ म इस विद्रोह का पाशविक निर्ममता के साथ कुचल दिया गया।

१८६३ का पोल विद्रोह

अठारहवी शताब्दी मे रूस प्रशा तथा आस्ट्रिया द्वारा पोलैड के विभाजित किये जाने के बाद से वहा जनता का मुक्ति सग्राम अविराम चलता रहा था। पोल जन अपने देश को विदेशी जूए स मुक्त करने और उसके एकीकरण के लिए लडते रहे। यह कार्य इसलिए और भी मुश्किल था कि पोलैड की उत्पीडक यूरोप की तीन बडी शक्तिया थी—जारशाही रूस प्रशा राज्य (बाद मे जर्मनी) और आस्ट्रियाई साम्राज्य। इतने शक्तिशाली शत्रुओ के सामने सफलता पाने के लिए बहुत महत्त्वपूर्ण था कि सारी पोल जनता एक हो। पोल मुक्ति आदोलन का दुर्भाग्य यह था कि उसक नेता अभिजात तथा भूस्वामी थे, जो कृषक समुदाय स डरते थे और जिन्होने उसपर विश्वास नही किया व उसकी उचित मागो की उपेक्षा की। उनमे से कुछ नेताओ को आशा थी कि उन्ह पश्चिमी शक्तियो से सहायता मिल जायगी, क्योकि वे देश की प्रभुता की पुनर्स्थापना म पोल जनता का नही, बल्कि पश्चिमी शक्तियो को ही निर्णायक कारक मानते थे।

१८६३ के विद्रोह म प्रदर्शित अनुपम साहस और शौर्य के बावजूद पोल मुक्ति सग्राम की यह अतर्निहित कमजोरी ही उसकी असफलता का मुख्य कारण बनी। विद्रोह के नेता किसानो स पहले की तरह ही डरते रहे

और उनके प्रति बहुत ढुलमुल नीति अपनाते रहे जिसके कारण वे उन्हें आरम्भ में ही अपने गिर्द एकत्र नहीं कर सके। इसी बीच जारशाही रूस और प्रशा में जल्दी ही इस बात में सहमति हो गयी कि क्या कार्यनीति अपनायी जानी चाहिए जबकि अपने ही क्रुटिन इरादों से निर्देशित पश्चिमी शक्तियों ने पोलों की सहायता करने के प्रश्न की गंभीरता से जांचा भी नहीं। अंग्रेज और फ्रांसीसी मजदूरों और रूस के प्रगतिशील हलकों ने तुरंत पोल जनता के प्रति अपनी सहानुभूति को व्यक्त किया किंतु वे उन्हें नैतिक समर्थन के सिवा और कुछ नहीं दे सकते थे। परिस्थितियां ऐसी थीं कि १८६४ के वसंत तक इस विद्रोह को निर्ममतापूर्वक कुचल दिया गया।

जर्मनी का एकीकरण

जर्मनों के सम्मुख भी अपने देश का एकीकरण करने का कार्यभार अभी बाकी था। १८४८ की क्रांति के कुचले जाने के बाद आयी राजनीतिक प्रतिक्रिया के लिए जर्मन राज्यों की तीव्र आर्थिक प्रगति को अवरुद्ध कर पाना संभव सिद्ध नहीं हुआ था। राइन प्रदेश सैक्सनी सिलेशिया तथा बर्लिन में शक्तिशाली सुसज्जित उद्योग पैदा हो गया था जिसके परिणामस्वरूप सर्वहारा की संख्या में जबरदस्त वृद्धि हुई थी। इस तीव्र पूंजीवादी विकास के कारण राजनीतिक तथा आर्थिक एकता का अभाव सामंती मध्ययुग के एक और भी असहनीय पुरावशेष के रूप में स्पष्टतः दिखायी देने लगा था।

इटली की ही भांति जर्मनी में एकीकरण को दो तरीकों से हासिल किया जा सकता था – ऊपर से या नीचे से। प्रतिभाशाली स्वशिक्षित खरादी आगस्त बेबेल (१८४०-१९१३) जो आगे चलकर जर्मन मजदूर आंदोलन का एक उत्कृष्ट संगठनकर्ता बना और कार्ल मार्क्स के शिष्य तथा अनुगामी, पत्रकार विल्हेल्म लीब्कनेख्त (१८२६ १९००) जिसके साथ लंदन में अपने निर्वासन के समय मार्क्स ने घनिष्ठ संबंध कायम रखे थे के नेतृत्व में प्रगतिशील जर्मन मजदूरों ने एकीकरण के उपरोक्त तरीके को ही अपनाया। बेबेल और लीब्कनेख्त ने पहले मजदूर संघों की रहनुमाई की और बाद में मार्क्स तथा एंगेल्स से परिचित होने के बाद उन्होंने १८६९ में जर्मनी की सामाजिक जनवादी मजदूर पार्टी की स्थापना की। जर्मनी का एकीकरण करने की जीवंत आवश्यकता को अच्छी तरह समझते हुए वे यह मानते थे कि उसकी सिद्धि केवल जर्मन जनता के क्रांतिकारी आंदोलन के परिणामस्वरूप और संयुक्त जर्मन लोकतंत्रीय गणराज्य के रूप में ही हो सकती है। लेकिन बेबेल और लीब्कनेख्त को सभी जर्मन मजदूरों का समर्थन प्राप्त नहीं था जिनमें से बहुत से फर्दीनांद लसाल (१८२५ १८६४) द्वारा

१८६३ म स्थापित जर्मन मजदूर महासघ म शामिल थे। श्रोताओ को मत्रमुग्ध कर देनेवाला यह प्रतिभाशाली वक्ता और पत्रकार अपने सैद्धांतिक विचारो या अपनी राजनीतिक गतिविधियो के लिहाज से कोई सच्चा सर्वहारा क्रातिकारी नही था। जर्मन एकता के प्रश्न पर लसाल प्रशियाई राजतत्र के अधीन सयुक्त जर्मनी के निर्माण के पक्ष म था और उसने इस विषय म बिस्मार्क के साथ गुप्त वार्ता तक की थी। जर्मन मजदूर महासघ म उसके उत्तरवर्ती नेताओ ने उसकी इस गलत और अवसरवादी नीति का ही अनुकरण किया। मजदूर आदोलन म इस फूट ने देश को एकीकरण की ओर ले जानेवाली घटनाओ के क्रम पर उसके प्रभाव को कमजोर किया।

जर्मनी का एकीकरण दूसरे ही तरीके स हुआ। १८६२ से प्रशियाई सरकार का प्रधान प्रिस ओटो वान बिस्मार्क (१८१५-१८९८) था। यह प्रतिक्रियावादी पोमेरानी युकर निर्मम और सख्त होने के साथ साथ बहुत ही चालाक और चतुर राजनीतिज्ञ भी था। बिस्मार्क जर्मनी को एकीकृत करने की आवश्यकता को अच्छी तरह से समझता था, लेकिन उसने यह सुनिश्चित करने के लिए कोई कसर न छोडी कि एकीकरण पूर्णत प्रशियाई तरीको से ही हो। उसका कहना था कि इस जमाने के महत्वपूर्ण प्रश्नो को भाषणो और बहुमत के प्रस्तावो से नही – १८४८ और १८४९ की भूल यही थी – बल्कि सिर्फ खून और लोहे से ही हल किया जा सकता है।"

जर्मनी के एकीकरण की सिद्धि सचमुच "खून और लोहे' के ज़रिये ही की गयी। १८६४ मे प्रशा ने आस्ट्रिया के साथ मिलकर डेनमार्क से युद्ध छेडा और इस प्रकार श्लेसविग प्रात पर कब्जा पाया जब कि आस्ट्रिया को होलश्ताइन (हालस्टन) प्राप्त हुआ। दो ही साल बाद १८६६ मे प्रशा ने अपने कुछ वर्ष पहले के मित्र देश के विरुद्ध युद्ध की घोषणा कर दी। ३ जून १८६६ को सादोवा की लडाई म आस्ट्रियाई सेना बुरी तरह परा जित हुई और युद्ध छिडने के मात्र सात ही सप्ताह बाद दोनो देशो मे सधि हो गयी। इस पराजय के बाद आस्ट्रिया इस स्थिति मे नही रह गया कि प्रशा की प्रमुखता मे जर्मनी के एकीकरण मे बाधक बन सके।* आस्ट्रिया ने ऐसे कई जर्मन राज्य भी प्रशा के हवाले कर दिये जो युद्ध मे उसके पक्ष म लडे थे (होलश्ताइन हैनोवर आदि)। १८६७ म बिस्मार्क उत्तर जर्मन

* १८६६ के बाद जर्मन राज्यो मे मुख्य भूमिका का दावा करने मे अपनी असमर्थता को समझकर आस्ट्रियाई सरकार ने १८६७ मे आस्ट्रिया हगरी के दोहरे राजतन्त्र ... सा ... कर दी थी।

राज्यमडल की स्थापना करन म सफल हो गया जिसमे २२ राज्य थे और उसम प्रशा को ही प्रमुखता प्राप्त थी। जर्मन एकीकरण क रास्त पर यह एक वहुत महत्वपूण कदम था।

दूसरा साम्राज्य

लेकिन प्रशा क नेतृत्व म सयुक्त जर्मनी के गठन क रास्त म अभी एक और गभीर अवरोध बाकी था और यह था लुई नेपोलियन (नपोलियन तृतीय) का फ्रास।

दूसरे साम्राज्य का सत्ताकाल फ्रास म औद्योगिक क्राति के पूर्ण हाने का ज़माना था। इसके बाद तीव्र आर्थिक विकास का दौर आया और नूतनतम मशीनो के प्रचलन के परिणामस्वरूप फ्रास का औद्योगिक उत्पादन काई तीन गुना अधिक हो गया। लेकिन विशाल आधुनिक कल कारखानो के पैदा होन के साथ साथ विलास और फैशन की वस्तुओं का छोटे पैमाने पर हाथो द्वारा उत्पादन अब भी बडी भूमिका अदा कर रहा था। यह जबरदस्त आर्थिक प्रगति सभी के लिए समृद्धि को लेकर नही आयी थी — वड औद्योगिक प्रतिष्ठानो की होड म न टिक पान के कारण कितने ही छाट पैमान क उद्यमकर्ता दीवा लिये हो गय थे। निर्वाह व्यय मे तेज़ वढौती की वजह से सभी महनतकशा के लिए जीना दूभर हा गया था।

श्रमिक वर्ग का शापण पहले से भी अधिक प्रखर हा गया था। नयी आर्थिक प्रगति के सभी सुफला का कारखानास्वामी उद्यमकता और वित्तपति ही उपभोग कर रहे थे। वित्तपतियो न दूसर साम्राज्य के वर्षो म अभूतपूर्व पैमान पर भाति-भाति की सट्टेवाज़ी और वित्तीय कारसाजियो के जरिय खासकर तेज़ी के साथ अपन जेबो को भरा। सम्राट द्वारा छेड गय युद्धो की बदौलत वड बूर्जुआज़ी और सभी तरह के व्यापारियो ने बेतहाशा मुनाफे बटार।

सत्ता मे आने के कुछ ही वाद नपोलियन ततीय न घोषित किया था कि 'साम्राज्य का मतलब शाति है।" कितु व्यवहार म इसका उलटा ही सत्य सिद्ध हो रहा था। एक क बाद दूसरा युद्ध छिड रहा था और सिर्फ इसलिए नही कि उनसे वित्तपतियो और उद्योगपतिया को भारी मुनाफे हासिल होते थे, वल्कि इसलिए भी कि व सम्राट क राजवशीय हिता का साधन करते थे। सत्ता को वलात हाथ मे ले लन और अपन विख्यात चाचा क नाम का पूरा फायदा उठान क बाद इस मुहिमबाज ने महसूस किया कि अपनी प्रतिष्ठा को बढाने क लिए सैनिक विजय प्राप्त करना आवश्यक है। दूसर साम्राज्य के अस्तित्व मे आने के कुछ ही वाद १८५३ म नपालियन तृतीय न फ्रास को रूस के विरुद्ध युद्ध म झोक दिया। यह युद्ध तीन साल चला फ्राम का

उसमे भारी जन-धनहानि पहुंची और बदले में कोई उल्लेखनीय लाभ नहीं प्राप्त हुए। १८६६ में आस्ट्रिया में युद्ध के भी ऐसे ही महत्वहीन परि निकले क्योंकि उसमें जहां फ्रांस को सवाय और नीस मिल गये वहां ही इतालिया के रूप में उसे एक नया शत्रु भी मिल गया।

छठे सातवें दशकों में फ्रांस अविराम औपनिवेशिक युद्धों में भी उ रहा। फ्रांस अल्जीरिया में और भीतर घुसा और उसने सहारा के ब बड़े हिस्से को कब्जे में ले लिया। १८५७-१८५८ और १८६० में फ्रांस चीन के खिलाफ दस्यु युद्ध चलाया और उसके बाद उसने वियतनाम कब्जा करने के लिए युद्ध छेड़ा जो पूरे एक दशक चला। कंबोडिया कोचीन-चीन भी फ्रांसीसी उपनिवेशवादियों के जूए के नीचे आ गए। १ में मैक्सिको में बड़े भारी पैमाने पर औपनिवेशिक अभियान शुरू किया ग लेकिन इस महान शाही उपक्रम का अंत असफलता में हुआ और १८ में मुंह की खाने के बाद फ्रांसीसी अभियान सेना को मैक्सिको छोड़ना पड़

मैक्सिको अभियान की असफलता दूसरे साम्राज्य की सबसे बड़ी पराज में एक थी और उसके बाद उसे कितनी ही और पराजयों का भी साम करना पड़ा। दूसरे साम्राज्य की जोखिमभरी विदेश नीति के परिणामस्वरू रूस, इटली और ब्रिटेन जैसी कई बड़ी शक्तियां में फ्रांस के संबंध बिग गये। नेपोलियन को जर्मनी के प्रति अपनी नीति में भी पराजय का मुं देखना पड़ा। आस्ट्रिया-प्रशा युद्ध में फ्रांस इस आशा से तटस्थ रहा था कि युद्ध के परिणामस्वरूप उसे पर्याप्त मुआवजा मिल जायगा। लेकिन प्र के ऐसे कोई इरादे नहीं थे और उसने फ्रांस की सभी मांगों को ठुकरा दिया

इस समय तक दूसरे साम्राज्य की विदेश नीति के दीवालियेपन क छिपाना असंभव हो चुका था, जिसने अपनी अंतर्निहित कमजोरी को प्रक कर दिया था और भीतरी संकट को पास लाने में योग दिया था। नेपोलियन तृतीय की सरकार की विभिन्न समूहों के साथ जोड़-तोड़ करने और उनकी अनुकंपा पाने की चाल शासन के लिए समर्थन नहीं जुटा सकती थी। सातवें दशक के अंत में हुए चुनावों ने यह जाहिर कर दिया कि अधिकांश आबादी - हर वर्ग अपने ही कारणों से - बोनापार्ती साम्राज्य के भ्रष्ट शासन के विरुद्ध है। प्रसिद्ध लेखक और लोकतंत्रवादी चिंतक विक्टोर ह्यूगो (१८०२-१८८५) अपना 'छोटा नेपोलियन' शीर्षक पैम्फलेट १८५२ में ही लिख चुका था और उसके बाद से उसने दूसरे साम्राज्य के विरुद्ध अपने संघर्ष को कभी बंद नहीं किया था। अब अधिकांश फ्रांसीसी जन ह्यूगो के बोनापार्त विरोधी विचारों से सहमत हो गये थे।

१८७०-१८७१ का फ्रास प्रशा युद्ध

बढते आतरिक सक्ट के बावजूद नेपोलियन तृतीय की सरकार अब भी यही मानकर नयी मुहिमबाजिया म लगी रही कि सक्ट को सिर्फ सामरिक सफल ताओ से ही टाला जा सकता है। इस समय प्रकट शत्रु प्रशा ही था जो राजनीतिक युद्धभन मे फ्रास को पहले ही चालाकी स मात द चुका था। १९ जुलाई, १८७० का दूसर साम्राज्य की सरकार न प्रशा के विरुद्ध युद्ध की घोषणा कर दी।

पेरिस मे मजदूरा के वश म पुलिसवाला न सडको पर घूम घूमकर "चलो बर्लिन !" के नारो स लोगो को जमा किया। नपोलियन तृतीय को मुख्य सेनापति बना दिया गया और वह सेना म जा मिलन के लिए चल पडा। उस और उसके सैनिक सलाहकारा को द्रुत विजय की आशा थी। लेकिन फ्रासीसी सेनाए आरभ म ही शत्रु के मुकाबले बहुत हीन सिद्ध हुई। यह युद्ध बोनापार्ती शासन को डगमगाती शक्ति का एक और प्रमाण था। एक के बाद दूसरी पराजय होती गयी और युद्ध के घोषित किये जाने के सिर्फ छ हफ्ते बाद ही, २ सितबर, १८७० के दिन सेदान की लडाई म नपोलियन तृतीय की कमान म एक लाख सैनिका की फ्रासीसी सेना न जर्मनो के आगे हथियार रख दिये।

इस सैनिक दुर्घटना न दूसरे साम्राज्य के भाग्य का निर्णय कर दिया। ४ सितबर १८७० को पेरिस के विद्रोही निवासिया न दूसरे साम्राज्य की घृणास्पद और बदनाम सरकार का तख्ता पलट दिया और तीसरी बार गण राज्य की उद्घोषणा कर दी।

जर्मनी के एकीकरण की सपूर्ति

युद्ध चलता ही रहा और प्रशियाई रणनीति न अब स्पष्टत आक्रामक स्वरूप ग्रहण कर लिया। १८ जनवरी १८७१ के दिन होहेनजालर्न वश के विल्हेल्म प्रथम का जर्मनो द्वारा अधिकृत वर्साई म जर्मनी का सम्राट उदघोषित कर दिया गया। बवारिया और सेक्सनी सहित दक्षिणी जर्मन राज्यो को नये साम्राज्य मे समामेलित कर लिया गया। फ्रास के साथ १० मई १८७१ को सपन्न हुई फ्राकफुर्त शाति सधि के अतर्गत नवविजित एलसस-लार प्राता को भी जर्मन साम्राज्य म शामिल कर लिया गया। इस प्रकार अत म एक विजय युद्ध के बाद 'खून और लाहे' के जरिये जर्मन एकता की सिद्धि कर ली गयी और प्रशा के होहेनजोलर्न वश के प्रतिक्रियावादी शासको के अधीन एक सैन्यवादी साम्राज्य अस्तित्व म आ गया।

अतर्राष्ट्रीय मजदूर आदोलन

पूजीवादी उद्योग की तीव्र वृद्धि के साथ साथ अनिवायत मजदूर वर्ग की भी तेजी से वृद्धि हुई। सवहारा की वर्ग चेतना, उसके सगठन और जुझारूता मे भी तेज बढती आयी। इस समय तक श्रमिक वर्ग सघर्ष म काफी अनुभव का अर्जन कर चुका था।

१८४८ १८४९ की क्रातियो तथा प्रतिक्रातियो के सबका न भी उसे अमूल्य अनुभव प्रदान किया था। मजदूरो न अब अपने सगठन स्थापित करने शुरू कर दिये – ब्रिटेन फ्रास, सयुक्त राज्य अमरीका तथा जर्मनी म श्रमिक सघ – ट्रेड यूनियन – पैदा होने लगे। हडताले अधिकाधिक आम होती गयी और उनम प्राप्त सफलताओ ने समूचे तौर पर हडताल आदोलन के लिए उत्प्रेरक का काम दिया। समाजवादी मडलियो और दलो की स्थापना होने लगी और मजदूरो न अब अपनी समस्याओ को अपने ही कारखाने शहर या देश के तग नजरिये से देखना बद कर दिया। अतर्राष्ट्रीय सर्वहारा एकजुटता तेजी से जडे पकडने लगी खासकर सातवे दशक के आरभ से। फ्रासीसी और ब्रिटिश मजदूरो ने १८६३ म पोल विद्रोहियो का समर्थन किया। सयुक्त राज्य अमरीका मे गृहयुद्ध के समय, जब ब्रिटिश सरकार ने दासस्वामी दक्षिण की सहायता करने का यत्न किया तो ब्रिटिश मजदूर सगठनो ने उस पर उसके विरुद्ध जबरदस्त कारगर प्रभाव डाला।

पहला इटरनेशनल

उन्नीसवी शताब्दी के सातवे दशक तक पर्याप्त अनुभव प्राप्त कर लेने और वर्ग चेतना की नयी बुलदियो पर पहुच जाने के बाद मजदूर आदोलन अतराष्ट्रीय स्तर पर अपनी शक्तियो को एकजुट करने के लिए तैयार हो चुका था। पहला अतराष्ट्रीय सवहारा सगठन कम्युनिस्ट लीग, छठे दशक के आरभ म ही अस्तित्वहीन हो चुका था और उसम जनव्यापी सगठन बनने की क्षमता नही थी। अब मेहनतकश अवाम को एक नये अतर्राष्ट्रीय सगठन म एकताबद्ध करने का समय आ गया था।

२८ सितबर १८६४ के दिन लदन म हुई एक सभा म जिसम ब्रिटेन, फ्रास जर्मनी, इटली तथा कई अन्य देशो के मजदूरो ने भाग लिया था, अतर्राष्ट्रीय श्रमिक जन सघ की स्थापना की गयी, जो इतिहास म प्रथम इटरनेशनल के नाम म विख्यात है। उसके अध्यक्षमडल म जर्मन मजदूरो का प्रतिनिधि सवहारा के मुक्ति सघर्ष का अप्रतिम नेता कार्ल मार्क्स भी था। उसने उद्घाटन अभिभाषण तथा सामान्य नियमावली तैयार करने

का कार्य सौपा गया था। कार्ल मार्क्स तथा फ्रेडरिक एगल्स आदोलन के मुख्य राजनीतिक और वैचारिक नेता थे। अतर्राष्ट्रीय सघ – इटरनेशनल – मे शामिल होनेवाले मजदूरो की राजनीतिक चेतना का स्तर अलग अलग था और इसी कारण उसका कार्यक्रम – उद्घाटन अभिभाषण – इस तरह रचना पडा था कि वैज्ञानिक कम्युनिज्म के बुनियादी सिद्धान्तो पर अडिग रहने के साथ साथ वह सभी के लिए बोधगम्य तथा स्वीकार्य भी हो सके। मार्क्स ने इस काम को असाधारण निपुणता से पूरा किया। उद्घाटन अभिभाषण ने पूजीवाद के अतर्गत मजदूरो के रहन-सहन की भयानक अवस्थाओ का वर्णन किया और यह बताया कि इसी कारण से 'राजनीतिक सत्ता को हस्तगत करना मजदूर वर्ग के सम्मुख सर्वोच्च महत्व का कार्यभार बन गया है।" अभिभाषण मे यह इगित किया गया था कि मजदूर वर्ग इतना बडा हो चुका है कि सफल सघर्ष कर सके, लेकिन सगठन और अनुभव भी सख्या जितने ही महत्वपूर्ण है। उद्घाटन अभिभाषण' ने मजदूरो से आक्रामक युद्धो का विरोध करने की अपील की थी।

उस समय राजनीतिक पार्टिया अस्तित्व मे नही आयी थी किंतु यूरोप के विभिन्न देशो तथा सयुक्त राज्य अमरीका के अनेक ट्रेड यूनियन सहकारी समाज, श्रमिक शिक्षण मडल तथा अन्य सगठन पहले इटरनेशनल मे सम्मिलित हो गये। इन सभी देशो मे अन्तर्राष्ट्रीय श्रमिक जन सघ की राष्ट्रीय शाखाए स्थापित हो गयी और थोडे ही समय के भीतर इटरनेशनल एक व्यापक अतर्राष्ट्रीय सर्वहारा सगठन बन गया। इटरनेशनल का मुख्य कार्यकारी निकाय उसकी काग्रेस थी और काग्रेसो के बीच की अवधि मे उसकी गतिविधियो का सचालन महापरिषद (जनरल काउसिल) करती थी जिसकी बैठके लदन मे होती थी। महापरिषद का राजनीतिक नेता कार्ल मार्क्स था जिसकी रचनाए उसकी प्रेरणा का स्रोत थी।

लेकिन मार्क्स इसके साथ ही जबरदस्त सैद्धातिक कार्य भी कर रहा था। १८६७ मे उसने 'पूजी' का प्रथम खड प्रकाशित किया जिसके लेखन मे बीस वर्ष से अधिक समय लग गया था। इस कृति मे पूजीवाद के आर्थिक तथा सामाजिक पहलुओ का गहन विश्लेषण और पूजीवाद के उदय तथा अतत उसके अवसान की अनिवार्यता का वैज्ञानिक प्रमाणीकरण प्रस्तुत किया गया था। इस महान कृति ने मजदूर वर्ग को आवश्यक ज्ञान तथा अपने सघर्ष मे सुस्पष्ट मार्गदर्शन प्रदान किया।

किंतु अपने सैद्धातिक कार्य मे निमग्न रहने पर भी मार्क्स ने मजदूर आदोलन की कतारो मे अपने दैनदिन व्यावहारिक क्रातिकारी कार्य को कभी नही छोडा। उसके नेतृत्व मे महापरिषद अतर्राष्ट्रीय मजदूर आदोलन का जुझारू मुख्यालय बन गयी। इटरनेशनल ने मजदूरो के हडताल आन्दोलन

का राजनीतिक मार्गदर्शन के साथ-साथ भौतिक सहायता भी प्रदान की। उस समय ब्रिटेन, स्विटजरलैंड और बेल्जियम जैसे कितने ही देशों में बड़ी-बड़ी हड़ताल संगठित की जा रही थी। इंटरनेशनल की सहायता और मार्गदर्शन की बदौलत कई हड़तालों ने महती सफलताएं प्राप्त की और मालिकों से महत्वपूर्ण रिआयतें वसूल की। इसके कारण सर्वहारा में इंटरनेशनल की प्रतिष्ठा बढ़ी तथा मजबूत हुई। घटनाओं ने मजदूरों को अब इसका कायल कर दिया कि इंटरनेशनल के "दुनिया के मजदूरो, एक हो!" के नारे को कार्यरूप में परिणत करने से कितना कुछ हासिल किया जा सकता है।

इंटरनेशनल की कांग्रेसों में महापरिषद के सदस्य और मार्क्स के मित्र तथा अनुयायी बड़ी मेहनत के साथ मजदूरों के दैनंदिन संघर्ष से मिसालें दे देकर प्रूदों तथा बाकूनिन के निम्न बूर्जुआ समाजवाद की असंगतियों को दर्शाया करते थे, जिनके फ्रांसीसी, स्पेनी, बेल्जियमी तथा अन्य मजदूरों में काफी अनुगामी थे। प्रूदोंवादी और बाकूनिनवादी यद्यपि इस समस्या के प्रति अपना-अपना विशिष्ट दृष्टिकोण रखते थे, फिर भी दोनों ही के मत में संसार का रूपांतरण करने में समर्थ मुख्य शक्ति श्रमिक वर्ग नहीं, वरन छोटे पैमाने के मालिक थे और यह भ्रांत प्रस्थापना ही उनकी सारी नीति का आधार बनी। इंटरनेशनल की कांग्रेसों की बैठकों में चलनेवाले उग्र विवादों में धीरे-धीरे वैज्ञानिक कम्युनिज्म को अन्य सिद्धांतों के मुकाबले अधिक स्वीकृति मिलने लगी। विचारधारात्मक और संगठनात्मक, दोनों ही दृष्टियों से पहला इंटरनेशनल अधिकाधिक एकजुट और शक्तिशाली अंतर्राष्ट्रीय मजदूर संगठन बनता चला गया। मेहनतकश जनों के उत्पीड़कों के खिलाफ श्रमिक वर्ग का मुक्ति संघर्ष इस समय तक और नयी, ज्यादा ऊंची बुलंदियों पर पहुंच चुका था।

तेरहवा अध्याय

१८७१ का पेरिस कम्यून

१८ मार्च १८७१ की भोर के समय पेरिस के मेहनतकशा और गरीबा की पत्नियां और माए उन थाडी स बकरियां क आग लगी लकीरो म अपनी जगह लेने क लिए लपक रही थीं जिन्हान अभी तक राटी बेचना बद नही किया था (पेरिस छ महीन स प्रशियाइयो क घेरे म था) कि तभी मोमार्त स गालियां चलन की आवाज आयी। वहा पहुचन पर उन्होन देखा कि फ्रासीसी सैनिक अपन अफसरा क आदेश से मोमार्त पहाडी स उन तोपा का हटा रहे है, जिनके लिए पेरिस क मजदूरों न चदा इकट्ठा किया था और जिन पर सशस्त्र मेहनतकशा – राष्ट्रीय गार्ड – का पहरा था। ये व ताप थीं जा पेरिस की प्रशाई हमलावरो म रक्षा कर रही थी।

स्त्रिया न तुरत राष्टीय गार्ड क सैनिका को जगाया और नगरवासिया को भी जमा कर लिया। पेरिस क निवासी क्रोध स भभक उठे। राष्ट्रीय गार्ड को उस समय निरस्त्र करना कि जब पेरिस प्रशियाइयो क घेरे म था और नगर के प्रतिरक्षको को उनकी तोपो स वंचित करना खुला राष्ट्रद्रोह के समान था।

राष्टीय गार्ड क दस्तो और पेरिस के निवासिया ने सरकारी फौजा के खिलाफ हथियार उठा लिये। कुछ सरकारी सैनिका न अपन देशवासिया पर गोली चलान से इन्कार कर दिया और जनता के पक्ष म आ गये जब कि शेष को मौके से हट जाना पडा। जन विद्रोह नगर के एक क बाद दूसरे हलके को अपनी चपेट म लेता हुआ तेजी से फैलता चला गया। दोपहर तक यह साफ हो गया कि इस टक्कर मे जनता का पलडा ही भारी रहा है। तत्कालीन सरकार का प्रधान लुई अदोल्फ थियर अश्वारोही पुलिस के पहरे म खिडकियो पर परदे पडी बग्घी मे बैठकर विद्रोही राजधानी

से भाग खडा हुआ। टाउन हाल – ओतल दी वील – पर लाल थडा लहराने लगा।

अगले दिन, रविवार २ा मज़दूर इलाक़ा के दसिया हज़ार परिसवाना नगर के मुख्य मार्गो और चौका म उमड आय। वह सुहाना दिन लागा क हास्य गान और हर्षपूर्ण किलकारिया से गुजित हा उठा। लाग अकारण ही खुशिया नही मना रह थे – यह पहला अवसर था कि जव व अपनी नियति के स्वय निर्धारक वन थे।

लेकिन नगर के पश्चिमी और दक्षिणी इलाको म, जो वर्साई के सबस करीब थे विलकुल दूसरा ही दृश्य देखन मे आ रहा था। वहा की सडक लोगो, घोडो और घोडागाडियो स अटी पडी थी। सामान के वडे-वडे गट्ठरा को रस्सो से वाधकर वैसे भी सदूको, वोरो और थैलो से बेतरह लदी हुई गाडियो मे ठूसा जा रहा था और धनी लोग, अभिजात, अश्वारोही सेना के अफसर और उनके अनिच्छुक सैनिक, सभी राजधानी से दहशतभरी भागमभाग म एक दूसरे से टकराय जा रहे थे।

राष्टीय गार्ड के सैनिक और गरीवो के वीवी-वच्चे इन ठाठदार भद्रजनो को जो अभी कल ही तक बिलकुल निश्चित और दर्पपूर्ण थे शहर से भागने के पहले अपनी सारी बढिया पोशाको को इस तावडतोड वाधते देख हसी क मारे दोहरे हुए जा रहे थे। मजदूर लोग और उनके घरवाले उनसे पीछा छूटने की खुशी मे किलकारिया मार रहे थे। उनके बिना पेरिस कही अधिक उजला और सुथरा शहर वन गया था – उसके इतिहास मे एक नये ही अध्याय का समारभ हो गया था और उसकी नियति अब स्वय जनसाधारण के हाथो म आ गयी थी। ससार के इतिहास मे पहली वार श्रमिक वर्ग ने सत्ता को अपने हाथो मे ले लिया था।

पेरिस कम्यून की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि

१८७१ म पेरिस के सर्वहारा का सत्ता को अपने हाथो मे ले लना कोई आकस्मिक घटना न थी। उसका पथ १७८९ की क्राति के बाद के सपूर्ण ऐतिहासिक विकास और वर्ग सघर्ष के अनुभव ने प्रशस्त किया था।

औद्योगिक सर्वहारा उद्योग मे मशीनो के प्रचलन के साथ अस्तित्व मे आया था और पूजीवादी उत्पादन के विकास के साथ वढता गया था। मजदूरो को उनकी असहनीय निर्वाह परिस्थितियो ने ही वर्ग सघर्ष म खीचा था। चौदह सोलह घटे रोज काम करने के वाद भी उन्हे नाममात्र की मजदूरी मिलती थी जिसका मतलव यह था कि उनके और उनके परिवारो के भाग्य म भूख और सतत नैर्धन्य ही वदा था। मज़दूर उन्नीसवी सदी के आरभ से जो सघर्ष करत आय थे, वह ऐसा था कि जिसम खिचे विना व नही

रह सकते थे—वे उस वीभत्स जीवन का जीने के लिए तैयार नही थ जिसके लिए उनके पूजीवादी स्वामी उन्हे मजबूर करत थे। लेकिन उस समय मजदूरा को वर्ग सघर्ष का अधिक अनुभव नही था उन्हे इसकी समझ नही थी कि उन पर इतनी मुसीबते लानवाली अन्यायपूर्ण व्यवस्था को वदलन के सबस अच्छ तरीके क्या हो सकते है। चतना के इस अभाव के कारण वे बहुत गलतिया करते थ और अकसर पराजित होत थे।

लेकिन असफलताओ और पराजया के इस अनुभव ने उन्हे अधिक परिपक्वता और वर्ग चेतना प्रदान की। उन्नीसवी सदी के आरभ मे, जब मजदूर मशीनो को नष्ट करके अपन अध क्रोध को व्यक्त किया करते थे वर्गजन्य घृणा की पहली स्वत स्फूर्त अभिव्यक्तियो से १८६४ म सर्वप्रथम अतर्राष्ट्रीय श्रमिक सगठन—पहले इटरनेशनल—के उद्घाटन तक भारी प्रगति हो चुकी थी। १८३१ और १८३४ म लियो के बुनकरा के विद्रोह, मेहनतकशा का पहला व्यापक राजनीतिक आदोलन—चार्टिस्ट आदोलन पहली अतर्राष्ट्रीय सर्वहारा पार्टी—कम्युनिस्ट लीग, १८४८ का जून विद्रोह १८४८ १८४६ की बूर्जुआ-लोकतात्रिक क्रातियो म सर्वहारा की सहभागिता छठे सातवे दशको का हडताल आदोलन उस काल के प्रगतिशील लोकतात्रिक आदोलनो को श्रमिका द्वारा प्रदत्त समर्थन—ये सभी सर्वहारा की वग चेतना के विकास म महत्वपूर्ण चरण थे। इन सभी न अतर्राष्ट्रीय मजदूर आदोलन को अपने सबसे महत्वपूर्ण कार्यभार को क्रियान्वित करन की तैयारी मे सहायता प्रदान की, और यह कार्यभार था राजनीतिक सत्ता को हस्तगत करना।

उन्नीसवी शताब्दी के मध्य मे ही श्रमिक वर्ग के महान नेता कार्ल मार्क्स तथा फ्रेडरिक एगेल्स अपनी कृतियो म सामाजिक विकास के नियमा का प्रतिपादन करन के वाद इस निष्कर्ष पर पहुच चुके थे कि पूजीवाद और समाजवाद के बीच सर्वहारा के अधिनायकत्व की एक सक्रमणकालीन अवस्था होनी चाहिए। यह सैद्धातिक खोज अपार महत्व की थी, किंतु न मार्क्स न एगेल्स और न ही उस समय किसी और व्यक्ति को इसका स्पष्ट अहसास था कि यह अधिनायकत्व व्यवहार मे कौन से ठोस रूप ग्रहण करेगा।

न फ्रासीसी मजदूरो को ही इसके बारे म कुछ मालूम था, जिन्हे इतिहास म सबस पहले इस प्रकार के अधिनायकत्व को स्थापित करना था। जब फ्रासीसी मजदूरो ने १८७१ मे हथियार उठाये तब भी अभी वे सचेत होकर श्रमिक वर्ग की सत्ता के लिए सघर्ष नही कर रहे थे—उनम से अधिकाश अभी कार्ल मार्क्स के विचारो से परिचित नही थे और उनका सघर्ष बहुत हद तक स्वत स्फूर्त ही था।

घटनाआ का सिलसिला इस प्रकार चला—सेदान म नपोलियन तृतीय

को सेना के हथियार डाल देने के बाद दूसरे साम्राज्य का पतन हो गया था। ४ सितंबर १८७० की क्रांति मेहनतकशों ने की थी, किंतु उसकी उपलब्धियों का लाभ बूर्जुआ राजनीतिक नेताओं ने उठाया। बूर्जुआजी ने सत्ता को हथिया लिया। जर्मनों के फ्रांसीसी राजधानी की तरफ बढ़ते जाने की अवस्थाओं में बूर्जुआ सरकार ने अपने को "राष्ट्रीय प्रतिरक्षा सरकार" का नाम दिया।

परिस्थिति अत्यंत गंभीर थी। तीसरे गणराज्य की उद्घोषणा हो जाने के बाद भी प्रशा ने अपने आक्रामक युद्ध को जारी रखा। प्रशियाई सेनाओं ने फ्रांस के उत्तरी तथा उत्तर-पूर्वी भागों को कब्ज़े में ले लिया, पेरिस को घेर लिया और वर्साई को सर कर लिया। वहां १८ जनवरी को दर्पणवाले कक्ष में प्रशा के राजा को जर्मन साम्राज्य का सम्राट उद्घोषित किया गया।

हो पाने के पहले ही उस पर एक और ध्वंसात्मक प्रहार कर दिया जाये। इधर रूस जो फ्रांस को जर्मनी की तेजी से बढ़ रही स्थानतसार सैनिक शक्ति का स्वाभाविक प्रतिभार समझता था जर्मन सैन्यवादियों की फ्रांस के विरुद्ध नया युद्ध छेड़ने की योजनाओं को अवरुद्ध करने के लिए प्रयासशील था।

१८७७ में रूस और तुर्की के बीच युद्ध छिड़ गया, जिसके परिणामस्वरूप बुल्गारिया को तुर्क शासन से मुक्ति मिल गयी। इस युद्ध से महाशक्तियों के बीच और विशेषकर रूस तथा ब्रिटेन और रूस तथा आस्ट्रिया हंगरी के बीच तनाव और भी बढ़ गया। १८७८ में बर्लिन की कांग्रेस में जर्मनी द्वारा समर्थित ब्रिटेन तथा आस्ट्रिया-हंगरी के रवैये के कारण रूस अपने कई दावों को तजने के लिए विवश हुआ। परिणामस्वरूप स्थिति का लाभ उठाकर आस्ट्रिया हंगरी ने बोस्निया तथा हर्जेगोवीना को अधिकार में ले लिया और ब्रिटेन ने साइप्रस को हथिया लिया।

सैनिक गुटों का निर्माण

इस नयी परिस्थिति में बिस्मार्क ने जल्दी से आस्ट्रिया हंगरी के साथ सैनिक राजनीतिक सहबंध स्थापित कर लिया (७ अक्तूबर १८७६)। यह द्विपक्षीय सहबंध रूस तथा फ्रांस के विरुद्ध लक्षित था। मई १८८२ में द्विपक्षीय सहबंध त्रिपक्षीय सहबंध हो गया जब फ्रांस द्वारा ट्यूनीशिया को दबाचने से इतालवी बूर्जुआजी में उत्पन्न रोष का पूरा पूरा लाभ उठाते हुए जर्मन राजनयज्ञों ने इटली को भी उसमें शामिल होने के लिए राजी कर लिया। यह त्रिपक्षीय सहबंध यूरोप में स्थापित किया जानेवाला पहला सैनिक-राजनीतिक गुट था। यद्यपि इसके प्रवर्तक इसे 'शांति संघ' कहा करते थे पर व्यवहार में यह जर्मनी के नेतृत्व में एक आक्रामक सैनिक गुट था और जर्मनी की यूरोप तथा संसार में प्रभुत्व स्थापित करने की आकांक्षाओं का संवर्धन करने के लिए ही स्थापित किया गया था।

त्रिपक्षीय सहबंध के जवाब में १८६१ और १८६३ के बीच रूस तथा फ्रांस ने आपस में सहबंध कर लिया जिसका यह मतलब था कि यूरोप अब दो बड़े विरोधी गुटों में विभक्त हो गया था। कुछ समय तक ब्रिटेन ने इन दोनों गुटों के मतभेदों से फायदा उठाने की आशा में उनसे अलग रहना ही ठीक समझा। लेकिन जल्दी ही ब्रिटेन तथा जर्मनी के बीच विश्व प्रभुत्व के लिए प्रतिद्वंद्विता अंतर्राष्ट्रीय राजनीति की एक मुख्य समस्या के रूप में उभरकर सामने आ गयी।

सैन्यवाद का चढता ज्वार

उन्नीसवी सदी के अत म यूरोप म आया युद्धहीन युग हथियारो की जबरदस्त होड का युग था। इसलिए इस सशस्त्र शाति का युग भी कहत ह। महाशक्तिया के बीच अपने सैनिक बजट बढान, नवीनतम सैनिक तथा नौसैनिक शस्त्रास्त्रो व सामरिक तकनीको मे लैस होन और अपनी सशस्त्र सेनाओ म वृद्धि करन के लिए भयकर प्रतिस्पर्धा चल रही थी। इनम से अधिकाश देशो म सेना म स्वैच्छिक भरती का स्थान अनिवार्य सैनिक सेवा न ले लिया था और सैन्य सामग्रियो का व्यापक पैमान पर आधुनिकीकरण किया जा रहा था।

ब्रिटेन और जर्मनी और उनसे कुछ छोटे पैमाने पर रूस फ्रास, जापान इटली और सयुक्त राज्य अमरीका अपनी नौसेनाओ का बढान म लगे हुए थे जिन पर वायुयानो का युग आन के पहले बहुत आशाए कद्रित की जा रही थी। दोनो सैनिक सहबधो के कायम होने से हथियारो की होड और तेज हो गयी और दोनो शिविर खुले तौर पर युद्ध की तैयारिया करन म लग गये।

पूजीवादी देशो मे बढता हुआ वर्ग सघर्ष

इस बात के बावजूद कि १८७१ के पेरिस कम्यून के बाद से यूरोप म कोई बडी क्रातिकारी उथलपुथल नही हुई थी वर्ग अतर्विरोध कम होा के बजाय लगातार ज्यादा सगीन ही होते चले गय थ।

लबे और कठोर सघर्ष के परिणामस्वरूप श्रमिक वर्ग बूर्जुआजी । कई रिआयते हासिल करन मे सफल हो गया था। कार्य दिवस घटा [illegible] गया था और कार्य अवस्थाओ म कुछ सुधारो तथा वेतन म वृद्धि [illegible] मे लाया जा चुका था। लेकिन ये रिआयते मजदूरो को सतुष्ट [illegible] काफी नही थी जिनकी कामकाज की अवस्थाए अधिका [illegible] म पहले जैसी ही कठोर थी। कार्य दिवस की अवधि दस [illegible] की और कुछ शाखाओ म तो और भी ज्यादा थी। [illegible] ही उत्पादन प्रक्रियाओ को तेज कर दिया गया था। सकटो और [illegible] न मजदूरो और उनके परिवारो को असुरक्षित बना दिया [illegible] सिर पर सदा बरोजगारी और भुखमरी का खतरा मडरा [illegible] काल म शहरी आबादी की तीव्र वृद्धि स मकानो व [illegible] और उसके साथ साथ खान पीन की चीजो की [illegible] भी बढोतरी हुई जिसके परिणामस्वरूप कठोर [illegible] वेतन वृद्धि बेकार हो गयी। निपुण मजदूरो [illegible]

को छोडकर अधिकाश औद्योगिक मजदूरो की उजरत सदी के अत मे बढने की जगह कम ही हुई थी। सर्वहारा वर्ग ने हडतालो, प्रदर्शनों, जलूसों और राजनीतिक प्रदर्शनो द्वारा इस हालत के खिलाफ अपना विरोध जाहिर किया। इस काल मे विशेषकर नये स्तर मे, ब्रिटेन, सयुक्त राज्य अमरीका, फ्रास जर्मनी और इटली मे समय समय पर जबरदस्त हडतालो की लहर दौडती रही।

बडे पैमाने के उद्योग की तीव्र वृद्धि ने छोटे उत्पादको को तबाह कर दिया जिनमे अपने शक्तिशाली प्रतिद्वद्विया का मुकाबला कर सकने की सामर्थ्य नही थी। दस्तकार शिल्पी और छोटे व्यापारी दीवालिये हो गये। कृषक समुदाय की कतारो मे भी स्तरीकरण की प्रक्रिया लक्षित होने लगी। अल्प सख्य धनी किसान अधिक सपन्न होते गये, जब कि कभी खत्म न होनेवाले कृषि सकट से उन्नीसवी सदी के अत मे कृषक समुदाय के लगभग अन्य सभी सस्तर घोर अभावो का शिकार बनते रहे।

इधर उत्पीडित जनगण के राष्ट्रीय मुक्ति सघर्ष भी अधिक सक्रिय होते जा रहे थे—और केवल अफ्रीका तथा एशिया के देशो मे ही नही, जहा मुक्ति आदोलन मे एक नये अध्याय का समारभ हो गया था बल्कि विकसित पूजीवादी देशो मे भी। पोल जन अपनी राष्ट्रीय स्वाधीनता को फिर से प्राप्त करने के लिए जारशाही रूस, कैसर के जर्मनी और आस्ट्रिया हगरी के विरुद्ध सघर्ष कर रहे थे। आयरी लोग भी अब भी स्वशासन के लिए इगलैड के खिलाफ अनम्यतापूर्वक लड रहे थे। सयुक्त राज्य अमरीका मे नीग्रो लोग जिन्हे समाज से बहिष्कृत समझा जाता था, अपने न्याय्य सामाजिक अधिकारो को हासिल करने के तरीके खोज रहे थे।

फिनो ने भी अपनी राष्ट्रीय स्वतत्रता के लिए लडना शुरू कर दिया था। हगेरियाई, चेक और यूगोस्लाव अब भी हाप्सबर्गवशियो के जूए के नीचे तडप रहे थे।

पूजीवादी विश्व के कितने ही देशो मे महत्वपूर्ण बूर्जुआ लोकतात्रिक सुधारो की क्रियान्विति का कार्यभार अभी बाकी था। यूरोप के अधिकाश देश अब भी राजतत्र ही थे और जर्मनी तथा आस्ट्रिया हगरी मे अर्धस्वेच्छाचारी शासन फूल-फल रहे थे। ससार मे कही भी स्त्रिया अभी तक राजनीतिक अधिकार नही प्राप्त कर पायी थी और अधिकाश पूजीवादी देशो मे मताधिकार अब भी सापत्तिक तथा अन्य अर्हताओ पर निर्भर था। मेहनतकश जनसाधारण का विपुल बहुलाश अब भी मत देने के अधिकार से वचित था।

मेहनतकशो का वर्ग सघर्ष, पराधीन राष्ट्रो के राष्ट्रीय मुक्ति आदोलन और लोकतात्रिक स्वतत्रताओ के लिए आदोलन—ये सभी सघर्ष के एक सामान्य ज्वार के अग थे जिसने वर्ग विरोधो को और भी प्रचड बनाया। ये वर्ग अतर्विरोध किसी भी समय फूटकर सतह पर आ सकते थे।

सिकदरिया मे ब्रिटिश फौजे

मजदूर पार्टियो की स्थापना। दूसरा इटरनेशनल

शोषितो और वेदारो की कतारो को ऐक्यबद्ध करनेवाली मुख्य शक्ति मजदूर वर्ग था। उन्नीसवी सदी के अतिम तीन दशको म सर्वहारा वर्ग परिपक्वता के ऐसे स्तर पर पहुच गया कि अब वह अपनी मजदूर पार्टियो की स्थापना कर सकता था।

१८८३ मे मजदूर वर्ग के महान नेता और शिक्षक कार्ल मार्क्स का

देहात हो गया। नवीन मानस ने महानतम जो महान क्रांतिकारी सिद्धांत-मार्क्सवाद – विरासत में दी थी, उनके अनुगामियों की संख्या लगातार बढ़ती गयी। उसने धीरे धीरे अपनी पूर्ववर्ती भानी भानी यूटोपियाई सिद्धांतों पर श्रेष्ठता प्राप्त कर ली और मजदूर वर्ग की मुख्य विचारधारा बन गया।

आठवें तथा नवें दशक में जो मजदूर पार्टियां अस्तित्व में आयीं वे मुख्यत मार्क्सवादी पार्टियां ही थीं। १८७५ में जर्मन सामाजिक जनवादी पार्टी की और १८७७ में अमरीका की समाजवादी मजदूर पार्टी की स्थापना की गयी, १८७९-१८८० में फ्रांसीसी मजदूर पार्टी स्थापित हुई और १८८३ में रूस में श्रम मुक्ति दल बना, १८८८ में आस्ट्रिया में सामाजिक-जनवादी पार्टी की स्थापना की गयी और १८८९ में स्विटजरलैंड तथा स्वीडन और १८९१ में बुल्गारिया में भी यही हुआ। मजदूर पार्टियों का स्थापित किया जाना संगठित मजदूर आंदोलन के विकास में एक महत्वपूर्ण कदम का द्योतक था।

अब जब कि कई देशों में अपनी स्वतंत्र मजदूर पार्टियां पैदा हो चुकी थीं, कुदरती तौर पर यह प्रश्न उठा कि उन्हें अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर एकबद्ध करने का सबसे अच्छा तरीका क्या है जिससे वे सामान्य हेतु के लिए ज्यादा कारगर ढंग से लड़ सकें। १४ जुलाई १८८९ को फ्रांसीसी क्रांति की शत वार्षिकी के अवसर पर पेरिस में दूसरे इंटरनेशनल की उद्घाटन कांग्रेस शुरू हुई। दूसरे इंटरनेशनल की तैयारी और निर्माण में मार्क्स के मित्र तथा सहयोगी तथा मजदूर वर्ग के ध्येय के लिए संघर्ष करनेवाले सुप्रसिद्ध योद्धा फ्रेडरिक एंगेल्स ने महत्त्वपूर्ण भूमिका अदा की थी।

अपने कार्यकलाप के प्रारंभिक वर्षों में दूसरा इंटरनेशनल बुनियादी तौर पर सर्वहारा संगठन बना रहा और मुख्य प्रश्नों के बारे में मार्क्सवादी रवैया अपनाता रहा यद्यपि आरंभ से ही कतिपय सामाजिक जनवादी पार्टियों मे और समूचे तौर पर इंटरनेशनल मे भी कुछ अवसरवादी प्रवृत्तियां देखी जा सकती थीं। इस प्रारंभिक अवस्था में दूसरे इंटरनेशनल ने बहुत से ऐसे काम किये जो निश्चित रूप में सकारात्मक थे। १८८९ में उसकी पहली कांग्रेस मे पहली मई को सभी देशों के मजदूरों द्वारा अपनी सर्वहारा एकजुटता का प्रदर्शन करने के लिए अंतराष्ट्रीय श्रमिक दिवस के रूप में मनाने के बारे मे प्रस्ताव स्वीकार किया गया।

दूसरे इंटरनेशनल की कांग्रेसों मे सैन्यवाद को निरुद्ध करने और युद्ध को रोकने के उपायों पर विस्तार से विचार विमर्श किया गया। इंटरनेशनल ने अपने प्रस्तावों मे पूंजीवादी विश्व की सरकारों की सैन्यवादी नीतियों की भर्त्सना की और समाजवादियों का आह्वान किया कि वे संसदों में युद्ध ऋणों के विरुद्ध मत दें और बूर्जुआ सामाजिक व्यवस्था के खिलाफ अविराम आंदोलन

नाय। सैन्यवाद तथा युद्ध के विरुद्ध संघर्ष को अब श्रमिक वर्ग का एक मुख्य यभार माना जाने लगा।

दूसरे इंटरनेशनल ने सर्वहारा द्वारा अनुसृत की जानेवाली कार्यनीतियों निरूपण समाजवादियों द्वारा वैध संसदीय मंच का उपयोग में लाने की छनीयता ट्रेड-यूनियनों में उनकी भूमिका आदि के बारे में विचार विमर्श प्रसंग में कुछ बहुत ही उपयोगी कार्य किया। सर्वहारा पार्टियों के लिए जनीतिक संघर्ष की जटिल कला में सिद्धहस्तता प्राप्त करना और अपेक्षाकृत शांतिमय काल में वैध कार्यकलापों में नैपुण्य प्राप्त करना अत्यावश्यक ; ताकि आसन्न वर्ग संग्रामों के लिए तैयार रहा जा सके। लेकिन इस ल में भी इंटरनेशनल की कतारों में कुछ विभ्रांत आवाजें सुनी जा सकती । और कभी कभी गलत निर्णय भी ले लिये जाते थे। इन सभी का मूल न बढ़ती अवसरवादी प्रवृत्तियों में था, जो मजदूर आंदोलन में रूप लेने ग गयी थी। बूर्जुआजी ने मजदूर वर्ग में फूट डालने, औद्योगिक अभिजात वर्ग समर्थन का खरीदने और उसमें तथा सर्वहारा समुदाय के मुख्य भाग में रार डालने के लिए कोई कसर बाकी नहीं रहने दी थी। उन्नीसवीं सदी अंत में मजदूर अभिजात वर्ग ही मजदूर आंदोलन में अवसरवाद तथा धारवाद का मुख्य सामाजिक स्रोत था। लेकिन इसके बावजूद इंटरनेशनल पना सबसे महत्वपूर्ण कार्यभार पूरा करने में सफल रहा – उसने सर्वहारा था उसकी पार्टियों को निर्णायक महत्व के आसन्न वर्ग संग्रामों के लिए तैयार रने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की।

पद्रहवा अध्याय

भूदासत्व उन्मूलन के बाद का रूस। सुधार से क्राति तक

रूस मे पूजीवाद का विकास

भूदासत्व क उन्मूलन (१८६१) के बाद क और १६०५ की पहली रूसी क्रान्ति क बीच के वर्षो को लेनिन न 'रूसी इतिहास क जलविभाजक' की सना दी थी।

यह वह काल था कि जिसमे महान सुधार क पहले के रूस की लाक्षणिक युगो पुरानी सामती परपराओ का विलोपन और बूर्जुआ समाज क सूचक नये सामाजिक स्वरूपो का उदय हुआ। भूदासत्व के उन्मूलन के बाद देश के कई भागो म बडे बडे कल कारखान उठ खडे हुए। बीस ही वर्ष की अवधि के भीतर यात्रिक श्रम अधिकाश रूसी उद्योग से शारीरिक श्रम का बहिष्कृत कर चुका था।

देश क मानचित्र पर मास्को तथा उराल प्रदेश जैसे औद्योगिक क्षेत्रो क अलावा अनक नये औद्योगिक क्षेत्र भी नजर आन लगे। दोनत्स बेसिन मे कोयला खनन और क्रिवोई राग प्रदेश मे बडे पैमाने पर लोहा खनन विकसित हो गये। दक्षिणी उक्रइना क भूतपूर्व निर्जन स्तेपी प्रदेशो म बडे बडे धातुकर्म कारखानो का निर्माण किया गया जिनके आसपास बडे बडे शहर पैदा हो गये, मिसाल क लिए यूजोव्का (अब दोनेत्स्क), जो आरभ म अजोव सागर के निकट स्तेपी म ऐसे ही एक कारखान की छोटी सी मजदूर बस्ती था। तगानराग मरीऊपोल (अब ज्दानोव) और ओदेस्सा जैसे पुराने तटवर्ती नगर इतने बदल गये कि पहचान भी नही जाते थे। १६०० तक दक्षिण के औद्योगिक केद्रो म रूस के आधे से अधिक कच्चे लोहे का उत्पादन होन लगा और इस तरह उराल जो रूसी लोहा उद्योग का मूल केद्र था, अब दूसर स्थान पर ही रह गया।

रूस ससार का सबसे बडा देश था। उन्नीसवी सदी के मध्य म रूसी

साम्राज्य भूमडल के स्थल प्रदश के नव भाग पर फैला हुआ था। इस विराट देश म अकूत प्राकृतिक साधन थे जो भूदासत्व के कारण अब तक अप्रयुक्त और अज्ञात ही पड हुए थे। १८६१ क सुधार के बाद हजारा किलोमीटर रेलमार्गो का निर्माण किया गया, जिन्हान देश के कद्रीय प्रदशो का दूरस्थ सीमातक इलाको स जोडा और काकेशिया कजाखस्तान तथा साइबेरिया के समृद्ध खनिज भडारो का रूसी उद्याग की पहुच क भीतर ला दिया। आजरबैजान म बाकू एक प्रमुख तेल निष्कर्षण कद्र बन गया और बाद म उत्तरी काकेशिया म ग्राज्नी के आसपास और भी तेल क्षेत्र विकसित किय गये। जजकाजगान (कजाखस्तान) म ताबे की खान खुली जहा ताम्र अयस्क के समृद्ध अछूते निक्षेप थ। साइबेरिया क कुज्नेत्स्क क्षेत्र (कुजबास) म भी कोयला खनन शुरू किया गया।

रूस के ईधन तथा खनिज स्रोत अथाह थे। १८६० मे रूस की जनसख्या यूरोप की कुल आबादी की चौथाई थी और १९०० तक लगभग तिहाई हो चुकी थी। इसका मतलब था १८६० से १९०० तक के ४० वर्षो क भीतर ८० प्रतिशत की वद्धि (७४ करोड से १३ ३ करोड)। उस काल क रूसी पूजीपतियो को श्रम शक्ति का अक्षय रिजर्व उपलभ्य था – कराडा किसान, जिनक पास या तो बहुत ही कम जमीन थी या बिलकुल भी नही थी, किसी भी शर्त पर काम करने क लिए तैयार थ। अतिम बात यह थी कि जायमान रूसी पूजीवाद पश्चिम के उन्नत पूजीवादी दशा द्वारा अर्जित औद्योगिक अनुभव का लाभ उठा सकता था और उनकी उपलब्धियो मे बहुत कुछ सीख सकता था।

१८६० और १९०० के बीच रूस म औद्योगिक उत्पादन ७ गुन से अधिक बढा, जब कि इसी काल म फास तथा ब्रिटन मे क्रमश २ ५ और २ गुनी वद्धि ही हुई थी। रूसी कच्चे लाहे का उत्पादन मात्र दस वर्ष (१८८६-१८९६) के भीतर तीन गुना हो गया था। इतनी ही बढातरी हासिल करने म फास को २८ सयुक्त राज्य अमरीका का २३ और ब्रिटन को २२ साल लगे थ।

उद्योग मे सकेद्रण का पैमाना भी रूस म पश्चिम स अधिक था। १८९० तक कुल औद्योगिक श्रमिक शक्ति की लगभग आधी ५०० या अधिक मजदूरा वाले बडे कारखाना मे काम करन लगी थी।

लेकिन जहा तक प्रति व्यक्ति उत्पादन का सवाल था रूस उन्नत पूजीवादी दशो से अब भी बहुत पीछे था। ब्रिटन रूस क मुकाबल मात्र म लगभग पाच गुना अधिक कच्चे लोहे का प्रति व्यक्ति उत्पादन किया करता था।

औद्योगिक विकास और नगरो के प्रसार ने कच्चे माल और खाद्य पदार्थों की माग को बढ़ा दिया। इसके फलस्वरूप १८६१ के सुधार के बाद मे कृषि तथा पशुपालन अधिकाधिक वाणिज्यिक स्वरूप ग्रहण करते गये – खाद्य पदार्थ लगातार अधिक मात्रा मे बिक्री के लिए उत्पन्न किये जाने लगे।

गरीबी और जमीन की भूख ने रूसी किसानो को देश के मध्यवर्ती प्रदेशो मे दक्षिण तथा पूर्व जाने के लिए विवश किया। इस उत्प्रवास के परिणामस्वरूप उजइना, उत्तरी काकेशिया, वाल्गा के पूर्वी तट और साइबेरिया मे परती जमीनो पर बड़े पैमाने पर खेती होने लगी। नये रूसी आबादकारो की देखादेखी इन इलाको के देशज निवासियो ने भी अधिक अनाज बोना शुरू कर दिया। देश के एशियाई भाग के कई दूरस्थ प्रदेशो मे, जहा शिकारियो और पशुचारको के स्थानीय कबीलो को कृषि का कोई अनुभव नही था, रूसी किसानो ने ही सबसे पहले जमीन काश्त करनी शुरू की थी।

१८६१ का सुधार रूसी ग्रामीण जीवन मे बहुत सी सामती प्रथाओ का अत नही कर पाया था और इनमे बड़ी भूसपत्तियो का अब भी बने रहना सबसे महत्वपूर्ण था। भूदासत्व के उन्मूलन के बाद कुछ भूस्वामियो ने, विशेषकर देश के पश्चिमी तथा दक्षिणी प्रदेशो मे, अपने को सुधार के परिणामस्वरूप अस्तित्व मे आये नये आर्थिक सबधो के अनुरूप करने का प्रयास किया। उन्होने मशीने खरीदी, उजरत पर मजदूर रखे और अपनी जागीरो पर कृषि के पूजीवादी तरीको का उपयोग करके उन्हे माम और अनाज के कारखानो मे परिणत करने लगे। लेकिन अधिकाश, और विशेषकर मध्य रूस के भूस्वामियो ने बड़ी जागीरो के स्वामियो की हैसियत से अपनी विशेषाधिकारप्राप्त स्थिति के साथ जुड़े मुनाफो को छोड़ने की कोई इच्छा नही जाहिर की। उन्होने अपनी जमीन के कुछ हिस्से को छोटे छोटे टुकड़े करके जमीन के भूखे किसानो को इस शर्त पर खेती के लिए दे देना पसद किया कि वे उनकी शेष जमीन को बिला पारिश्रमिक काश्त करे या अपनी आधी फसल दे। जमीन का यह बदोबस्त सुधार के पहले विद्यमान बदोबस्त से बहुत मिलता था, जब किसान काश्त करने के लिए दी गयी जमीन पर निश्चित लगान देते थे और साथ ही खिदमती मजदूरी भी करते थे।

भूस्वामियो को चूकि अपने असामी काश्तकारो को मेहनत के लिए कुछ भी नही देना पड़ता था, इसलिए उन्हे महगी मशीने खरीदने और आधुनिक कृषि विधियो को अपनाने की कोई जरूरत नजर नही आती थी। स्वय किसानो के पास ऐसा करने के लिए काफी धन होता नही था, क्योकि कमरतोड़

लगान और भारी करों के कारण उधार विपन्नता की अवस्था से उबर ही नहीं पाते थे।

मालिकों का हिसाब चुकता कर देने के बाद आम तौर पर किसानों के पास जो अनाज बच रहता था वह अगली फसल तक गुजारे के लिए भी काफी नहीं होता था और इसलिए उन्हें और उनके परिवारवालों को अधभूखे रहना पडता था। उनके बच्चे आये दिन बीमार पडते रहते थे। उन दिनों ग्रामीण रूस में टाइफस हैजा और पेचिश जैसी महामारियाँ अक्सर फैली रहती थीं।

पैसा बहुत कम होने के कारण किसान कारखानों की बनायी चीजों को भी नहीं खरीद सकते थे। आबादी का अधिकांश किसानों का ही था इसलिए किसानों की नीची क्रयशक्ति देश की आतरिक मडी के विकास को रोक रही थी। इस प्रकार कृषि में सामती प्रथाओं के अवशेष ग्रामीण क्षेत्रों और उद्योग में भी आर्थिक प्रगति में बाधा डालकर रूस में पूजीवाद के विकास को अवरुद्ध कर रहे थे।

निस्सदेह, इसका यह मतलब नहीं कि सभी किसानों की दशा इतनी ही खराब थी। सुधार के पहले भी गावों में अमीर और गरीब किसान थे। १८६१ के बाद, जब व्यापार कृषि के स्वरूपों पर अधिक असर डालने लगा तो किसानों के भारी बहुलाश के दरिद्रीकरण और धनी किसानों के छोटे से समूह के उदय की प्रक्रिया कहीं अधिक तेज हो गयी। उजरती मजदूरों का शोषण करनेवाले धनी किसान एक नये पूजीपति वर्ग में परिणत हो गये और गरीब किसान जिनकी छोटी छोटी जोत उनको और उनके परिवारों का पेट भरने के लिए काफी नहीं थी उजरत करने को विवश हो गये। गरीब किसान वास्तविक अर्थों में किसान रहे ही नहीं बल्कि जोतावाले खेतिहर मजदूर जैसे ही बन गये।

ग्रामीण रूस में पुरानी पितृसत्तात्मक जीवन प्रणाली तेजी के साथ विलुप्त हो रही थी। रूसी गावों में परस्पर विरोधी हित रखनेवाले नये ही प्रकार के समूहों का उदय होने लगा था। ये विरोधी समूह ग्रामीण बूर्जुआजी और ग्रामीण सर्वहारा थे। मझोले किसानों की सख्या में काफी कमी आ गयी। बरबादी का शिकार होकर उनमें से अधिकाश शहरी सर्वहारा की या गावों में उजरती मजदूरों की कतारों मे शामिल हो गये। कृषक समुदाय के इस सस्तर के बहुत थोडे लोग ही सुधारोपरात कृषि के क्षेत्र में मची भीषण प्रतियोगिता में टिक पाये।

रूस में पूजीवादी उद्योग के विकास के परिणामस्वरूप उजरती मज़दूरों की संख्या में वृद्धि हुई जो कृषि और दस्तकारी उद्यमों से नाता तोड़ देश के बड़े औद्योगिक प्रतिष्ठानों में काम करने के लिए आ गये थे। इस प्रकार धीरे धीरे एक शक्तिशाली औद्योगिक सर्वहारा अस्तित्व में आ गया जिसे आगे चलकर समाज के क्रांतिकारी रूपांतरण में प्रमुख भूमिका अदा करनी थी।

अन्य औद्योगिक देशों की तरह रूस में भी औद्योगिक सर्वहारा के उदय में किसानों के औद्योगिक केंद्रों की तरफ़ व्यापक उत्प्रवास ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। ग्रामीण जीवन के पुराने स्वरूपों के ध्वस्त होते जाने के साथ साथ वे भारी संख्या में काम की खोज में शहरों में आने लगे थे। बरबाद दस्तकार भी औद्योगिक सर्वहारा की कतारों में शामिल हुए, पर फिर भी औद्योगिक मजदूरों का अधिकांश भूतपूर्व किसानों का ही था।

यद्यपि ये नये मजदूर अब अपने भूतपूर्व ग्रामीण घरों से कट गये थे पर उन्होंने गांवों में रह गये अपने नाते रिश्तदारों के साथ संबंध बनाये रखा। मजदूरों और किसानों में यह घनिष्ठ संपर्क तत्कालीन रूस में वर्ग शक्तियों के संतुलन में बहुत महत्त्व रखता था। उसने आगे चलकर मजदूर वर्ग तथा कृषक समुदाय के बीच दृढ़ सहबंध के निर्माण को संभव बनाया।

यूरोप के किसी भी और देश में श्रमिक वर्ग को ऐसी अमानवीय अवस्थाओं को नहीं झेलना पड़ा था कि जैसी रूस में थीं। यूरोप में और कहीं भी मजदूर इतने अधिकारहीन नहीं थे और न ही कहीं उन्हें पूंजीपतियों के विरुद्ध अपनी शक्तियों को कानूनी तरीकों से एकजुट करने में इतनी सारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। श्रम और रहन सहन की इन असहनीय परिस्थितियों में रूसी मजदूर वर्ग में वर्ग चेतना और जुझारू क्रांतिकारी भावना का जल्दी ही उदय हो गया। बड़े पैमाने के प्रतिष्ठानों में संकेंद्रण ने रूसी मजदूरों के लिए पूंजीवादी शोषण का विशेषकर दृढ़ और अदम्य प्रतिरोध करना संभव बना दिया।

कृषक समुदाय के साथ घनिष्ठतः संबद्ध रूसी मजदूर वर्ग का आगे चलकर रूसी किसान समुदाय का शक्तिशाली सहयोगी और नेता बन जाना स्पष्टतः अटल और अनिवार्य ही था। रूसी उद्योग मुख्यतः देश के केंद्रीय भाग में – सेंट पीटर्सबर्ग, मास्को, इवानोवो और तूला में तथा उनके आस पास – ही संकेंद्रित था। फिर भी, जब देश के दक्षिणी तथा पूर्वी भागों में नये औद्योगिक केंद्र खुले, तो रूसी मजदूरों ने भी देश के बहिर्वर्ती प्रदेशों की तरफ़ उत्प्रवास में किसानों का अनुसरण किया।

नये उद्योगो की स्थापना के फलस्वरूप नये इलाको मे अपन जातीय सर्वहारा का उदय हुआ और रूसी मज़दूरो के साथ सपर्क मे आने के परिणामस्वरूप स्थानीय मजदूर जल्दी ही उनके वैचारिक प्रभाव मे आ गय। उक्रइनी सर्वहारा भूतपूर्व उक्रइनी और रूसी गरीब किसानो स बना था। वाल्टिक प्रातो, वेलोरूस, काकेशिया और मध्य एशिया के सर्वहारा की कतारो मे रूसी मजदूरो की तादाद काफी बडी थी। यह रूसी साम्राज्य की ही एक विशिष्टता थी। उदाहरण के लिए भारत मे ब्रिटिश मजदूर या इडोनेशिया मे डच मज़दूर नही थे। किसी भी औपनिवेशिक साम्राज्य म शासक देश के सर्वहारा ने पराधीन जातिया के मुक्ति सग्राम मे रूसी साम्राज्य के सीमातवर्ती प्रदेशो म रूसी सर्वहारा जैसी महत्वपूर्ण भूमिका अदा नही की थी और न ही उस पर उतना व्यापक प्रभाव डाला था।

रूसी सर्वहारा के क्रातिकारी सघर्ष मे अन्य जातिया के मजदूरो का शामिल होना ज़ारशाही उपनिवेशवाद के विरुद्ध रूस के जनगण के सयुक्त मोर्चो के निर्माण और १६१७ की विजयी रूसी क्राति के परिणामस्वरूप उनकी अवश्यभावी जातीय स्वतत्रता का पूर्वाधार सिद्ध हुआ।

रूस मे राजकीय पूजीवाद

१८६१ क सुधार के बाद रूस मे पूजीवाद का विकास सिर्फ नीचे से ही नही, बल्कि ज़ारशाही सरकार द्वारा अनुसृत नीतिया के नतीजे के तौर पर ऊपर से भी हुआ।

ज़ारशाही सरकार ने सदा विशेषाधिकारप्राप्त अभिजात वर्ग तथा भूस्वामिया के राजनीतिक प्रभुत्व को कायम रखन और परिवहन तथा सचार साधनो के सुधार और खानो तथा कारखानो के निर्माण द्वारा साम्राज्य की आर्थिक तथा सैनिक शक्ति को सुदृढ करने का प्रयास किया था। इस काल विशेष म सरकार के लिए पूजी का सकेद्रण करना और उस अर्थव्यवस्था के उन क्षेत्रो की तरफ मोडना बहुत महत्व रखता था, जिनके विकास म सरकार का निहित स्वार्थ था।

ज़ारशाही ने भारी सीमाशुल्को द्वारा स्थानीय उद्योग को विदेशी प्रतियोगिता से सरक्षण प्रदान किया। इसके अलावा उसन देश क आर्थिक जीवन मे सक्रिय भूमिका अदा करते हुए बडे-बडे कारखाना को अनुकूल शर्तो पर विशाल क्रयादेश दिये और रेलो के प्रसार के लिए भारी धनराशिया विनियुक्त की। राज्य बैंक न बडे पूजीपतिया को अनुकूल शर्तो पर लाखा रूबल उधार दिय। फलस्वरूप थोड ही समय के भीतर अलग-अलग पूजीपति राज्य बैंक के ४० लाख रूबल के ऋणी हो गये।

१८६१ के सुधार के पहले भी जारशाही राजकोष देश की अर्थव्यवस्था के एक महत्त्वपूर्ण राजकीय क्षेत्र का नियन्त्रित करता था जिसके अन्तर्गत जमीन तथा वन खान और कारखाने आते थे। १८६१ के बाद राजकीय क्षेत्र भी पूजीवादी स्वरूप ग्रहण करने लगा। इसके अलावा जारशाही सरकार ने अपने खर्चे से रेलो का निर्माण करना या निजी रेलो को खरीदना भी शुरू कर दिया था। १८६४ तक देश की आधी से अधिक रेल प्रणाली सरकार के हाथो मे आ चुकी थी। साथ ही सरकार ने कई बडे रेल इजीनियरी कारखाने और शस्त्रास्त्र बनानेवाले कारखानो को भी निजी उद्यमकर्ताओ से खरीद लिया था।

कई सरकारी पदाधिकारी और मत्री भी पूजीवादी उद्यमो के शेयर खरीदते थे। इसके कारण उनका इस तरह के उद्यमो के मुनाफो मे निजी स्वार्थ था और इसलिए वे उनके लिए लाभदायी क्रयादेश और दीर्घकालिक ऋण सुनिश्चित करने मे कोई कसर नही रहने देते थे। इन सरकारी नौकरो के जरिये शक्तिशाली पूजीपति जारशाही सरकार की नीतियो पर निश्चित प्रभाव डाल सकते थे।

औद्योगिक विकास को और तेज़ करने के लिए जारशाही सरकार ने बाद मे विदेशी पूजी के आयात की भी अनुमति दे दी और उसका यह कदम विदेशी वित्तपतियो के लिए बहुत ही लाभदायी सिद्ध हुआ जिन्होने इस नयी रिआयत का पूरा पूरा लाभ उठाया। इसके परिणामस्वरूप उन्नीसवी शताब्दी के अत तक फ्रासीसी, बेल्जियनी, जर्मन, ब्रिटिश तथा अन्य पूजीपतियो ने रूस के अनेक बडे-बडे औद्योगिक उद्यमो को – खासकर खनन तथा धातुकर्म उद्योगो मे – अपने कब्जे मे ले लिया।

औद्योगिक प्रसार का सवर्धन करने की ओर लक्षित इन कदमो ने रूस मे पूजीवादी विकास को सचमुच बढावा दिया। लेकिन साथ ही ऊपर से पूजीवाद के प्रवर्तन ने रूसी बूर्जुआज़ी के उपक्रम को कुठित भी किया, क्योकि उसे सरकार से खैरात पाने की आदत पड गयी थी। इसके अलावा, भारी विदेशी पूजी निवेश के परिणामस्वरूप औद्योगिक मुनाफो का काफी बडा भाग रूस के बाहर जा रहा था। सरकारी कारखानो और रेलो से प्राप्त आय को जारशाही सरकार ऐसे लक्ष्यो पर खर्च करती थी, जिनका रूसी जनता की सबसे महत्त्वपूर्ण आवश्यकताओ से तनिक भी सरोकार नही था।

उन्नीसवीं शताब्दी के अत की
रूसी सस्कृति

उन्नीसवी शताब्दी का अतिम चरण रूस मे साहित्य कला तथा विज्ञान के अपूर्व मुकुलन का काल था। लेव तोलस्तोय (१८२८-१६१०) की कृतियो ने ससार के सभी राष्ट्रो मे जनमानस पर ज़बरदस्त प्रभाव डाला। फ्योदोर

व्लादीमिर इल्योच लेनिन, १६००

दोस्तायेव्स्की (१८२१-१८८१), इवान तुर्गेनेव (१८१८ १८८३) तथा अतोन चेखोव (१८६०-१९०४) की रचनाओ ने समस्त विश्व मे ख्याति अर्जित की। इसी काल मे रूस ने दुनिया को चाइकोव्स्की (१८४० १८९३) मूसोर्ग्स्की (१८३९-१८८१), रीम्स्की कोर्साकोव (१८४४-१९०८) और बोरोदीन (१८३३ १८८७) का विलक्षण सगीत भी दिया। पेरोव (१८३३ १८८२) क्राम्स्कोय (१८३७ १८८७) तथा रेपिन (१८४४-१९३०) जैसे यथार्थवादी चित्रकारो की तूलिकाओ से प्रसूत चित्रो ने अपने समकालीनो पर ज़बरदस्त सामाजिक प्रभाव डाला।

इस काल के रूसी विज्ञान ने भी विश्व विज्ञान के विकास मे भारी योगदान किया। इस समय के सबसे प्रसिद्ध रूसी वैज्ञानिको मे दमीत्री मंदेलेयेव (१८३४-१९०७), जिसने तत्वो की आवर्त सारणी का आविष्कार किया असाधारण भौतिकविज्ञानी स्तोलेतोव (१८३९-१८९६) और प्रतिभाशाली जीवविज्ञानी मेच्निकोव (१८४५-१९१६) तथा तिमिर्याजेव (१८४३ १९२०) के नाम उल्लेखनीय है।

नरोदनिक आदोलन

भूदासत्व के उन्मूलन के बाद भी रूसी देहातो मे किसान बलवो का अत नही हो गया था। किसान अब १८६१ के इस सुधार से जनित अवस्थाओ के विरुद्ध, जो व्यवहार मे भूस्वामियो के हितो का साधन करती थी, नाराज़ी को ज़ाहिर कर रहे थे। वे अपनी जोतो के घटाये जाने को बरदाश्त करने के लिए तैयार नही थे वे उन ज़मीनो के लौटाये जाने की जो उनसे ले ली गयी और भूस्वामियो के हवाले कर दी गयी थी और विमोचन शुल्को का अत किये जाने की माग कर रहे थे। किसान बलवे कभी यहा तो कभी वहा लगातार चलते ही रहे और देश भर मे जनता का कालातीत सामती प्रथाओ के विरुद्ध सघर्ष अविराम चलता रहा।

प्रगतिशील रूसी बुद्धिजीवी समुदाय ने सपत्तिहीन किसानो के साथ अपनी गहन सहानुभूति का प्रदर्शन किया। उनमे से बहुतो को पक्का विश्वास था कि सारे किसानो को ऐक्यबद्ध करके रूसव्यापी विद्रोह सगठित करना बडा आसान होगा, जिसके जरिये शोषण का अत किया जा सकेगा और जनता के लिए सुख तथा स्वतत्रता का जीवन सुनिश्चित किया जा सकेगा। चेर्निशेव्स्की और हर्ज़ेन के रास्ते पर चलनेवाली रूसी जनवादी बुद्धिजीवियो की इस पीढी का खयाल था कि गाव के सभी निवासियो को ऐक्यबद्ध करने वाला ग्रामसमुदाय स्वय ही समाजवादी समाज का भ्रूणरूप है और वह किसानो को सामूहिक रूप मे रहना और काम करना सिखाता है। इसी तरह के विचारो

से यह विचार पैदा हुआ कि पूजीवाद से गुजरे बिना तथा राजनीतिक सत्ता हथियाये बिना समाजवाद मे सीधे सक्रमण किया जा सकता है।

लेकिन ये विचार नितात गलत थे। किसान, जिनकी वर्ग चेतना तथा सामाजिक चेतना बिलकुल भी विकसित नही थी, अभी एकयबद्ध कार्रवाई करने के लिए तैयार नही थे। ग्रामसमुदाय मे निर्धन किसानो के हितो की औरो के शोषण से मालामाल उन अमीर किसानो के हितो के साथ कोई सामान्यता न थी। मेहनतकश किसानो को शोषण से मुक्ति दिलाने का एकमात्र रास्ता औद्योगिक सर्वहारा के साथ सहबध और उसके नेतृत्व मे सयुक्त सघर्ष ही हो सकता था।

इस समय तक कई रूसी क्रातिकारी कार्ल मार्क्स और फ्रेडरिक एगेल्स की कृतियो से परिचित हो चुके थे। विदेश मे रहते समय उन्हे पश्चिमी यूरोपीय देशो मे मजदूर आदोलन के उभार को देखने का अवसर मिल चुका था और उनमे से कुछ तो सर्वहारा के क्रातिकारी सग्रामो के सहभागी तक रह चुके थे। १८७० मे स्विटजरलैंड मे निर्वासन मे रहनेवाले रूसी क्रातिकारियो के एक दल ने अपने को पहले इटरनेशनल की रूसी शाखा घोषित कर दिया था। उसी वर्ष रूसी क्रातिकारी गेर्मान लोपातिन (१८४५-१९१८) इटरनेशनल की महापरिषद का सदस्य चुना गया था। अपने मित्रो की सहायता से लोपातिन ने 'पूजी' के पहले खड का रूसी मे अनुवाद भी किया। तब से इस कृति का न जाने कितनी भाषाओ मे अनुवाद हो चुका है, किंतु यह रूसी सस्करण ही उसका सर्वप्रथम अनुवाद था।

१८७१ मे मार्क्स के आग्रह पर लदन मे इटरनेशनल की महापरिषद ने रूसी क्रातिकारी येलिजावेता द्मीत्रियेवा को पेरिस कम्यून मे अपनी अधिकृत प्रतिनिधि बनाकर भेजा था। वह घेरे मे बद राजधानी पहुचने मे सफल हो गयी थी और उसने कम्यून के कार्य मे सक्रिय भाग लिया था।

लेकिन मार्क्स और एगेल्स के कार्यकलाप तथा कृतित्व से अवगत होने के बावजूद तत्कालीन रूसी क्रातिकारियो ने क्रातिकारी मार्क्सवाद के विचारो को अभी पूरी तरह से आत्मसात नही किया था। इसका मुख्य कारण रूस का पिछड़ापन था—पूजीवादी विकास अब भी अत्यत प्रारभिक अवस्था मे ही था और औद्योगिक सर्वहारा का उदय शुरू ही हुआ था। इसलिए यह स्वाभाविक ही था कि बहुत से रूसी बुद्धिजीवी अब भी मजदूर वर्ग की ऐतिहासिक भूमिका को समझ पाने की स्थिति मे नही थे और अब भी अपने इस भ्रात विचार पर ही दृढ थे कि रूस मे कृषक समुदाय ही मुख्य क्रातिकारी शक्ति है।

१८७४ मे कोई एक हजार नौजवान रूसियो ने किसानो का बाना पहनकर गावो का रास्ता पकड़ा। उनमे से कुछ किसानो को विद्रोह के लिए

प्रेरित करने और इस प्रकार देशव्यापी विप्लव सगठित करने की आशा से तो अन्य समाजवादी विचारो का प्रचार करने के लिए गये थे। रूसी क्रातिकारी युवजन का यह अभियान जनता के बीच जाने" के अभियान के नाम से विख्यात हुआ। बाद मे इसमे भाग लेनेवाले और उनके अनुयायी नरोदनिक" (रूसी शब्द "नरोद — जनता — से) कहलाये।

नरोदनिक और जारशाही के विरुद्ध उनका सघर्ष

किसानो पर नरोदनिको की अपीलो का कोई असर नही हुआ। वे सगठित सामूहिक विद्रोह के लिए तैयार नही थे और समाजवादी विचारो को स्वीकार करने के लिए तो और भी कम तैयार थे। इस असफलता के बाद कुछ नरोदनिको ने हतोत्साह होकर आदोलन को तज दिया जब कि अन्य अपने प्रचार कार्य को जारी रखने के इरादे से दस्तकारो छोटे व्यापारियो या चिकित्सा सहकारियो के रूप मे देहातो मे ही बस गये। अपने कार्यकलाप को ऐक्यबद्ध करने की आवश्यकता को समझकर इन युवा क्रातिकारियो ने ज़ेम्ल्या इ वोल्या (ज़मीन और आज़ादी) नामक गुप्त सगठन स्थापित कर लिया। उन्होने अपनी अवैध पत्रिका निकालने के लिए एक गुप्त छापाखाना भी स्थापित किया। यह पत्रिका जारशाही की जनविरोधी नीतियो का परदाफाश करती थी।

लेकिन जल्दी ही बहुत से नरोदनिको का ग्रामो मे अपने प्रचार कार्य की कारगरता मे विश्वास जाता रहा। उनमे से कुछ सबसे सक्रिय लोग सघर्ष का सही रास्ता ढूढने मे असफल रहकर जारशाही के खिलाफ आतकवादी कार्यनीति का प्रतिपादन करने लगे। वे राजनीतिक हत्याओ को अपने सघर्ष का सर्वोच्च साधन मानने लगे। उनका विश्वास था कि कुछ जारशाही मत्रियो और स्वय ज़ार की हत्या रूस के शासक हलको मे दहशत पैदा कर देने के लिए काफी होगी जिसके बाद राज्यसत्ता को हस्तगत करना कोई कठिन समस्या नही रहेगी। नरोदनिको का राजनीतिक सघर्ष के पथ पर अग्रसर होना बिलकुल उचित था मगर उन्होने राजनीतिक सघर्ष का जो स्वरूप चुना, वह गलत था। यह विचार कि आतकवादी कारवाइयो से और कुछेक उच्च अधिकारियो की हत्या से राज्य की राजनीतिक व्यवस्था को बदला जा सकता है सर्वथा निराधार था और बाद की घटनाओ ने यह सिद्ध भी कर दिया।

१८७९ मे नरोदनिक आतकवादियो ने नरोद्नाया वोल्या (जन स्वतत्रता) नामक नये गुप्त सगठन की स्थापना की। उसके नेता अद्रेइ ज़ेल्याबोव सोफ्या पेरोव्स्काया तथा अलेक्सादर मिखाइलोव जैसे अनुभवी

म यह विचार पैदा हुआ कि पूजीवाद से गुज़रे बिना तथा राजनीतिक सत्ता हथियाय बिना समाजवाद म सीधे सक्रमण किया जा सकता है।

लेकिन ये विचार नितात गलत थे। किसान, जिनकी वर्ग चतना तथा सामाजिक चतना बिलकुल भी विकसित नही थी, अभी एक्यबद्ध कार्रवाई करन के लिए तैयार नही थे। ग्रामसमुदाय मे निर्धन किसानो के हितो की औरो के शोषण से मालामाल बन अमीर किसानो के हितो के साथ कोई सामान्यता न थी। महनतकश किसाना को शोषण मे मुक्ति दिलान का एकमात्र रास्ता औद्योगिक सर्वहारा क साथ सहबध और उसके नतृत्व मे सयुक्त सघर्ष ही हो सकता था।

इस समय तक कई रूसी क्रातिकारी कार्ल मार्क्स और फ्रेडरिक एगेल्स की कृतिया से परिचित हो चुके थे। विदश म रहते समय उन्ह पश्चिमी यूरोपीय दशो म मजदूर आदोलन के उभार को दखने का अवसर मिल चुका था और उनमे स कुछ ता सर्वहारा के क्रातिकारी सग्रामो के सहभागी तक रह चुक थे। १८७० म स्विटजरलैड म निर्वासन मे रहनवाले रूसी क्रातिकारियो के एक दल न अपन को पहल इटरनेशनल की रूसी शाखा घोषित कर दिया था। उसी वर्ष रूसी क्रातिकारी गमान लोपातिन (१८४५-१९१८) इटरनेशनल की महापरिषद का सदस्य चुना गया था। अपने मित्रो की सहायता से लोपातिन न 'पूजी' के पहले खड का रूसी म अनुवाद भी किया। तब स इस कृति का न जाने कितनी भाषाओ मे अनुवाद हो चुका है, किंतु यह रूसी सस्करण ही उसका सर्वप्रथम अनुवाद था।

१८७१ म मार्क्स के आग्रह पर लदन म इटरनेशनल की महापरिषद ने रूसी क्रातिकारी यलिजावेता द्मीत्रियेवा को पेरिस कम्यून म अपनी अधिकृत प्रतिनिधि बनाकर भेजा था। वह घेरे मे बद राजधानी पहुचन म सफल हो गयी थी और उसने कम्यून क कार्य म सक्रिय भाग लिया था।

लेकिन मार्क्स और एगेल्स के कार्यकलाप तथा कृतित्व से अवगत होन के बावजूद तत्कालीन रूसी क्रातिकारियो ने क्रातिकारी मार्क्सवाद के विचारो को अभी पूरी तरह से आत्मसात नही किया था। इसका मुख्य कारण रूस का पिछडापन था—पूजीवादी विकास अब भी अत्यत प्रारभिक अवस्था मे ही था और औद्योगिक सर्वहारा का उदय शुरू ही हुआ था। इसलिए यह स्वाभाविक ही था कि बहुत से रूसी बुद्धिजीवी अब भी मजदूर वर्ग की ऐतिहासिक भूमिका को समझ पाने की स्थिति मे नही थे और अब भी अपने इस भ्रात विचार पर ही दृढ थे कि रूस मे कृषक समुदाय ही मुख्य क्रातिकारी शक्ति है।

१८७४ म कोई एक हजार नौजवान रूसियो ने किसाना का बाना पहनकर गावो का रास्ता पकडा। उनम से कुछ किसानो को विद्रोह के लिए

प्रेरित करन और इस प्रकार दशव्यापी विप्लव सगठित करन की आशा से तो अन्य समाजवादी विचारो का प्रचार करन क लिए गये थे। रूसी क्रातिकारी युवजन का यह अभियान जनता के बीच जान ' क अभियान के नाम स विख्यात हुआ। बाद म इसम भाग लनवाले और उनके अनुयायी "नरोदनिक" (रूसी शब्द नरोद" – जनता – से) कहलाये।

नरोदनिक और ज़ारशाही के विरुद्ध उनका सघर्ष

किसानो पर नरोदनिको की अपीलो का कोई असर नही हुआ। व सगठित सामूहिक विद्रोह के लिए तैयार नही थे और समाजवादी विचारो को स्वीकार करन क लिए तो और भी कम तैयार थे। इस असफलता के बाद कुछ नरोदनिको न हतोत्साह होकर आदोलन को तज दिया जब कि अन्य अपन प्रचार कार्य को जारी रखन क इरादे से दस्तकारो छोटे व्यापारियो या चिकित्सा सहकारियो क रूप मे देहातो म ही बस गये। अपन कार्यकलाप को ऐक्यबद्ध करन की आवश्यकता को समझकर इन युवा क्रातिकारियो ने जेम्ल्या इ वोल्या (जमीन और आजादी) नामक गुप्त सगठन स्थापित कर लिया। उन्होने अपनी अवैध पत्रिका निकालन के लिए एक गुप्त छापाखाना भी स्थापित किया। यह पत्रिका ज़ारशाही की जनविरोधी नीतियो का परदाफाश करती थी।

लेकिन जल्दी ही बहुत से नरोदनिको का ग्रामो म अपने प्रचार कार्य की कारगरता म विश्वास जाता रहा। उनमे से कुछ सबसे सक्रिय लोग सघर्ष का सही रास्ता ढूढन मे असफल रहकर ज़ारशाही क खिलाफ आतकवादी कार्यनीति का प्रतिपादन करन लगे। वे राजनीतिक हत्याओ को अपन सघर्ष का सर्वोच्च साधन मानन लगे। उनका विश्वास था कि कुछ जारशाही मत्रियो और स्वय जार की हत्या रूस क शासक हलको मे दहशत पैदा कर लेने के लिए काफी होगी, जिसके बाद राज्यसत्ता को हस्तगत करना कोई कठिन समस्या नही रहेगी। नरोदनिको का राजनीतिक सघर्ष के पथ पर अग्रसर होना बिलकुल उचित था मगर उन्होन राजनीतिक सघर्ष का जो स्वरूप चुना, वह गलत था। यह विचार कि आतकवादी कार्रवाइयो स और कुछेक उच्च अधिकारियो की हत्या से राज्य की राजनीतिक व्यवस्था को बदला जा सकता है सर्वथा निराधार था और बाद की घटनाओ न यह सिद्ध भी कर दिया।

१८७९ म नरोदनिक आतकवादियो न नरोदनाया वोल्या (जन स्वतत्रता) नामक नये गुप्त सगठन की स्थापना की। उसके नेता अद्रेई जेल्याबोव सोफ्या पेरोव्स्काया तथा अलेक्सादर मिखाइलोव जैसे अनुभवी

क्रातिकारी थे। इस नये सगठन के सदस्यो ने अपनी असीम कार्यशक्ति तथा सपूर्ण प्रतिभा और ज्ञान को आतकवादी कार्य करने पर लगा दिया। उन्होने कई ऊचे सरकारी अधिकारियो की हत्या करने मे सफलता प्राप्त कर ली और उसके बाद स्वय ज़ार अलेक्सादर द्वितीय को ही मृत्युदड देने का निश्चय किया। पूरे डेढ साल तक ज़ार के सर पर लगातार मौत का साया मडराता रहा। उसपर टहलते समय गोलिया चलायी गयी, शाही रेलगाडियो मे सुरग रखी गयी और एक बार तो सेट पीटर्सबर्ग के बीचोबीच उसके राजमहल मे भोजनकक्ष के नीचे ही डाइनमाइट का विस्फोट किया गया। ससार भर मे प्रगतिशील व्यक्तियो की सहानुभूति ज़ारशाही निरकुशता के इन साहसी विरोधियो के साथ थी यद्यपि वे नरोदनिक कार्यक्रम और कार्यनीति का किसी भी प्रकार अनुमोदन नही करते थे।

आखिर १ मार्च १८८१ को जार की उस समय हत्या कर दी गयी, जब वह राजधानी की एक सडक पर शाही बग्घी मे जा रहा था। बग्घी पर फेके पहले बम ने उसे उडा दिया और इग्नाती ग्रिनेवीत्स्की द्वारा फेके गये दूसरे बम ने जार तथा स्वय आतकवादी, दोनो को साघातिक रूप मे घायल कर दिया और दोनो ही कुछ ही घटो के भीतर मर गये। ज़ार का बेटा और उत्तराधिकारी अलेक्सादर तृतीय राजधानी को छोडकर सेट पीटर्सबर्ग के बाहर गात्चिना के राजमहल मे रहने चला गया जहा सशस्त्र पहरेदार और पुलिस उसकी रखवाली करने लगे। रूस के बाहर नये ज़ार को व्यग्यपूर्वक गात्चिना का कैदी" कहा जाता था।

लेकिन रूस की राजनीतिक व्यवस्था मे फिर भी कोई परिवर्तन नही आया। जारशाही सरकार अपनी पुरानी नीतियो पर ही चलती रही, अलबत्ता उसने क्रातिकारी तत्वो का दमन करने के लिए पहले से भी अधिक सक्रिय कदम उठाना शुरू कर दिये। नरोदनाया वोल्या की कार्यकारिणी समिति का नये जार को लिखा वह पत्र भी बेकार हो गया जिसमे उसने जार से दडमुक्ति घोषित करने की और जनता के प्रतिनिधियो का समाह्वान करने की अपील की थी और बदले मे अपनी आतकवादी कार्रवाइयो को बद कर देने का वचन दिया था। जार उनके अनुनय विनय के प्रति बहरा ही बना रहा, जब कि राजनीतिक पुलिस ने क्रातिकारियो के विरुद्ध पाशविक दमन चक्र चला दिया। कुछ ही समय के भीतर नरोदनाया वोल्या के सभी प्रमुख नेताओ को गिरफ्तार करके जेल मे डाल दिया गया। उनमे से चार को फासी दी गयी और शेष को लबे कारावास का दड दिया गया। इस समय तक यह सगठन पूर्णत ध्वस्त हो चुका था और उसे फिर से खडा करने के प्रयास निष्फल सिद्ध हुए। लेनिन के बडे भाई अलेक्साद्र उल्यानोव को नये ज़ार की हत्या के एक और प्रयास मे अपनी सहभागिता का मूल्य अपने प्राणो

से चुकाना पडा। उसे योजना के कार्यरूप म परिणत किये जाने क पहले ही गिरफ्तार करक मृत्युदड दे दिया गया।

नरोदनाया वोल्या सगठन तथा उसके सदस्यो की नियति ने यह दिखा दिया कि व्यक्तिगत साहस और सकल्प ही क्रातिकारी सगठन को सफलता दिलान के लिए काफी नही हो सकत। इसके लिए विजय के सही मार्ग को दिखानेवाला क्रातिकारी सिद्धात आवश्यक था और नरोदनिको के पास ऐसा कोई सिद्धात नही था। षड्यत्रो और अलग-थलग हत्याओ स सफ्ल क्राति नही की जा सकती थी।

पहले मजदूर सगठन

उन्ही वर्षो म कि जब नरोदनिक देहातो म किसानो के बीच अपना क्रातिकारी प्रचार कर रहे थे, नगरो म मजदूरो का सामूहिक आदोलन बल पकड रहा था।

ज़ारशाही रूस मे सरकारी अधिकारी और राजनीतिक पुलिस पूजीपतियो के हिता का सरक्षण करन के लिए तो सारा ज़ोर लगा देत थे मगर मज़दूरो को फिर भी कोई राजनीतिक अधिकार नही थे। उनके द्वारा मालिका के खिलाफ किसी भी प्रकार क विरोध प्रदर्शन को पुलिस तथा ज़ारशाही अधिकारी अवज्ञा या विद्राह ही समझते थे। हडताल को राज्य के विरुद्ध अपराध समझा जाता था, हडतालियो के नेताओ को गिरफ्तार कर लिया जाता था और हडताल म भाग लेनवालो को नौकरी से बरखास्त करके शब्दश कारखाने के बाहर फेक दिया जाता था।

लेकिन इसके बावजूद रूस म हडतालो की सख्या लगातार बढती ही चली गयी और उसके साथ-साथ मजदूर एकता की आवश्यकता की समझ भी बढती गयी।

बढते औद्योगिक असतोष की इस पृष्ठभूमि म १८७५ मे दो गुप्त सगठनो की स्थापना की गयी – ओदेस्सा बदरगाह म दक्षिणी रूस मज़दूर सघ और सेट पीटर्सबर्ग मे उत्तरी रूसी मज़दूर सघ। इनम से प्रथमोक्त को एक नरोदनिक बुद्धिजीवी येव्गेनी ज़ास्लाव्स्की ने और अताक्त को दो मज़दूरो – वीक्तर ओब्नोर्स्की नामक फिटर और स्तेपान खाल्तूरिन नामक बढई – ने सगठित किया था। ये दोनो प्रगतिशील मज़दूरो के प्रतिनिधि थे, जो नरोदनिक कार्यक्रम तथा कार्यनीति का अनुमोदन नही करते थ और सघर्ष के नये रूप खोजन के आकाक्षी थे। ओब्नोर्स्की पढा लिखा था और तीन बार विदेश भी हो आया था। उसे पश्चिमी यूरोप म मज़दूर सगठनो के अनुभव का अध्ययन करने का अवसर मिल चुका था और वह अतर्राष्ट्रीय मज़दूर आदोलन क विभिन्न नेताओ से परिचित था। खाल्तूरिन न भी अपन को शिक्षित करन

के लिए काफी पढा था। इन दानो न मजदूरा का अपन को सगठित करन और राजनीतिक अधिकारो के लिए सघर्ष करन के वास्त आह्वान किया। उनके द्वारा तैयार किये उत्तरी रूसी मजदूर सघ के कार्यक्रम पर पहले इटरनेशनल द्वारा प्रचारित विचारा का प्रत्यक्ष प्रभाव था।

ये दोनो मजदूर सघ रूसी सर्वहारा के सर्वप्रथम स्वतन्त्र क्रातिकारी सगठन थे। वे अधिक नही चल पाय और उन्हे राजनीतिक पुलिस न जल्दी ही कुचल दिया। लेकिन उनके जो नेता दमन-चक्र स निकल भागन म सफल हो गये उन्होंने जनता म अपना क्रातिकारी प्रचार जारी रखकर सर्वहारा की एकता को सवर्धित किया और उसकी राजनीतिक चेतना को वढाया।

हर दशक के साथ रूसी मजदूर आदोलन अधिकाधिक व्यापक होता चला गया और मजदूरा का विरोध प्रदर्शन भी अधिक सगठित बनता गया। १८८५ म मास्को के निकट ओरेखोवो जूयवो म मोरोजोव कपडा कारखान के आठ हज़ार मजदूरो ने हडताल कर दी। उत्तरी रूसी मजदूर सघ के भूतपूर्व सदस्य प्योत्र मोइसेयेको के नतृत्व म प्रगतिशील मज़दूरो के एक दल ने हडतालियो का मागपत्र तैयार किया। मज़दूरो की मुख्य माग यह थी कि मालिको द्वारा मजदूरो पर अपनी मरजी मुताबिक थोपे जानेवाल बेरोक जुरमाना की पद्धति खत्म कर दी जाये। जव प्रातीय गवर्नर सशस्त्र सिपाहियो को लेकर कारखान आया तो उस मागपत्र दिया गया। जव गवर्नर ने मजदूर नेताओ को गिरफ्तार करने का आदश दिया, तो हडताली अपने नताओ को वचाने के लिए मैदान मे उतर जाये और भयकर मुठभेड शुरू हो गयी। नतीजे के तौर पर ८०० से अधिक मज़दूरो को नगर से निर्वासित कर दिया गया और हडताल के ३३ नताओ पर मुकदमा चलाया गया।

मोरोजोव कपडा कारखाने की इस मज़दूर हडताल ने सरकार को इस बुरी तरह डरा दिया कि अगल ही साल जार अलेक्सादर तृतीय ने एक कानून जारी करके मालिको द्वारा मजदूरा पर लगाये जानेवाले जुरमानो की सीमा निर्धारित कर दी। यह मजदूर आदालन द्वारा जारशाही से वसूल की गयी पहली वडी रिआयत थी। रूस के मजदूर वर्ग ने अव अपनी ताकत को दिखलाना शुरू कर दिया था। प्रतिक्रियावादी पत्रकारो तक को घवडाकर मानना पड गया कि 'मज़दूर समस्या' रूस मे भी पैदा हो गयी है।

नरोदवाद से मार्क्सवाद तक

अब तक का सारा इतिहास सर्वहारा को रूसी जनवादी आदोलन म नतृत्वकारी भूमिका अदा करने के लिए तैयार करता आया था। मज़दूर प्रदर्शना की लगातार वढती सख्या जोरदार हडताल और मजदूर एकता

के अदम्य प्रयास, इन सभी ने देश भर मे जन-जीवन पर और सामाजिक चितन के विकास पर ज़बरदस्त प्रभाव डाला।

नरोदनाया वोल्या सगठन क ध्वस्त कर दिये जाने क बाद नरोदनिको की खासी बडी सख्या न क्रातिकारी सघर्ष से नाता तोड लिया और अपनी शक्ति को उदारवादी प्रबोधन के क्षेत्र मे लगाना शुरू कर दिया। लेकिन उनम से जो लोग क्रातिकारी परपराओ के प्रति निष्ठावान बने रह उन्होंने सुसगत क्रातिकारी सिद्धात की खोज मे प्रमुख पश्चिमी चितको की कृतियो और अन्य यूरोपीय देशो मे राजनीतिक सघर्ष के अनुभव का अध्ययन करना शुरू कर दिया। मार्क्स तथा एगल्स की रचनाओ का अध्ययन करने और सर्वहारा क्रातिकारी विरोध आदोलन के चढते ज्वार को देखने के बाद इन बुद्धिजीवियो ने अपना ध्यान मज़दूर आदोलन पर केंद्रित करना शुरू कर दिया।

१८८२ मे भूतपूर्व नरोदनिक गओर्गी प्लेखानोव ने कम्युनिस्ट घोषणापत्र का रूसी मे अनुवाद किया और १८८३ म उसन तथा उसके सहयोगियो ने जनेवा (स्विटज़रलैंड) म पहले रूसी सामाजिक जनवादी सगठन की स्थापना की, जिसे उन्होने श्रम मुक्ति दल का नाम दिया। इस दल क सदस्यो ने मार्क्सवादी विचारो का लोकप्रिय बनान और नरोदनिक कार्यक्रम की असगतियो तथा नरोदनिको की भ्रात कार्यनीति का परदाफाश करन क लिए व्यापक प्रचार कार्य किया और मार्क्स तथा एगेल्स की प्रमुख कृतियो के रूसी अनुवादो का और स्वय अपनी पुस्तिकाओ का प्रकाशन किया। इस प्रकार रूसी क्रातिकारियो न नरोदवाद से मार्क्सवाद की दिशा म एक महत्वपूर्ण कदम उठाया।

प्लेखानोव और उसके सहयोगियो न सिद्ध किया कि अन्य देशो की ही भाति रूस म भी मज़दूर वर्ग को क्रातिकारी आदोलन म अग्रणी भूमिका अदा करनी होगी और विजय प्राप्ति के लिए आवश्यक है कि मज़दूर वर्ग राजनीतिक सघर्ष करे और राज्यसत्ता पर अधिकार जमाये। पेरिस म १८८९ म दूसर इटरनेशनल की पहली काग्रेस म भाषण देत हुए प्लेखानोव न कहा था, 'रूस म क्रातिकारी आदोलन केवल तभी विजयी हो सकता है जब वह मज़दूरो का क्रातिकारी आदोलन बन जाय।

श्रम मुक्ति दल के सदस्यो न पश्चिमी यूरोप क क्रातिकारी मार्क्सवादियो के घनिष्ठ सपर्क म काम किया। एगल्स न रूस म क्रातिकारी आदोलन की प्रगति म बडी दिलचस्पी रखी और वहा पहले सामाजिक-जनवादी सगठन की स्थापना का स्वागत किया। उसकी स्थापना के दो साल बाद एगेल्स ने लिखा था, मैं यह जानकर गर्व का अनुभव करता हू कि रूस क युवजन म एक ऐसी पार्टी है जो खुले तौर पर और बिना किसी हिचकिचाहट क

मार्क्स के महान आर्थिक तथा ऐतिहासिक सिद्धातो को स्वीकार करती है मार्क्स स्वय अगर कुछ अधिक जिये होते, तो उन्होन भी इतने ही गर्व का अनुभव किया होता।"

लेकिन श्रम मुक्ति दल के कार्यक्रम म अनेक असगतिया थी, जिनका मूल उसके सदस्यो द्वारा कृपक समुदाय की क्रातिकारी क्षमता का अल्पाकन और उदार बूर्जुआजी जो ज़ारशाही की प्रतिक्रियावादी नीति की आलोचना करने पर भी जन आदोलनो के प्रति अपने शत्रुभाव के कारण क्रातिकारी आदोलन को समर्थन नही दे सकता था, के शासन विरोध की अतिरजना करने मे निहित था।

श्रम मुक्ति दल के अलावा, जिसका मुख्यालय विदेश मे था, स्वय रूस मे भी – पहले सट पीटर्सवर्ग मे और बाद मे दूसरे बडे शहरो मे – सामाजिक-जनवादी ग्रुप पैदा होने लगे थे।

इन मार्क्सवादी ग्रुपो मे से एक वोल्गातटीन कज़ान नगर मे था, जिसके सदस्यो मे एक किशोर छात्र भी था जो मार्क्सवादी क्रातिकारी सिद्धात का उत्कट अध्येता था। यही छात्र आगे चलकर व्लादीमिर इल्यीच लेनिन के नाम से सारे ससार मे विख्यात हुआ। लेनिन को ही रूसी क्रातिकारी आदोलन मे व्याप्त नरोदनिक विचारो पर ध्वसात्मक प्रहार करना था।

लेनिन के क्रातिकारी कार्यकलाप का आरभ

लेनिन का जन्म पेरिस कम्यून के एक वर्ष पूर्व और रूस म पहले मज़दूर सघ के स्थापित किये जाने के पाच साल पहले, १८७० मे हुआ था। उनके पिता इल्या उल्यानोव एक शिक्षक थे, जिन्होने अपनी सारी शक्ति जनता के बीच शिक्षा के प्रसार म लगा दी थी। उनकी माता जो स्वय भी अध्यापिका थी, अत्यत सुशिक्षित थी। उनका फ्रासीसी अग्रेज़ी तथा जर्मन भाषाओ पर अच्छा अधिकार था और वह विश्व साहित्य तथा शास्त्रीय सगीत से सुपरिचित थी और उन्होंने अपने बच्चो म ज्ञान के प्रति गहन अनुराग पैदा कर दिया था।

लेनिन ने अपना बचपन वोल्गातटीन सिवीर्स्क नगर (अब उल्यानोव्स्क) म बिताया। स्कूली जीवन म ही उन्ह नदी के घाटो पर कुलियो की हैसियत से पैसा कमान के लिए काम करने आनेवाले किसानो और वोल्गा प्रदश मे निवास करनेवाली चूवाश तथा तातार जैसी अल्पसख्यक जातिया की रहन सहन तथा काम करन की कठोर अवस्थाओ को देखन का अवसर मिल गया था।

अतीव सफलता के साथ अपनी माध्यमिक शिक्षा पूरी करन के बाद सत्रह साल की उम्र मे लेनिन न कज़ान विश्वविद्यालय म प्रवेश लिया।

दृढ विश्वास स ओतप्रोत थी। उसमे उन्होने लिखा था कि " सभी जनवादी तत्वा का नता वनकर उठ खडा रूसी मज़दूर स्वेच्छाचारी शासन का तख्ता पलट देगा और खुले राजनीतिक सघर्ष के सीधे मार्ग से रूसी सवहारा को (सभी देशो क सर्वहारा के साथ) विजयी कम्युनिस्ट क्राति की तरफ ल जायेगा।

लेनिन मज़दूरो मे राजनीतिक तथा वैचारिक शिक्षा के कार्य पर भी वडा ध्यान देते थे। वह उन्ह क्रातिकारी सघर्ष क लिए आन्दोलित तथा उनके वीच समाजवादी विचारो का प्रचार करत थे। वह मजदूरा से उनकी समस्याओ और उनकी रहन सहन तथा कामकाज की हालतो के बारे म वातचीत करते थे और इसके वाद पर्चे लिखकर सीधी सादी भाषा मे यह वताते थे कि मज़दूरा को पूजीपतियो के विरुद्ध अपने दैनदिन सघर्ष मे अपने सामने किन लक्ष्या को रखना चाहिए। लेनिन के उदाहरण का अनुकरण करते हुए अन्य सामाजिक जनवादी ग्रुपो के सदस्या ने भी सर्वहारा जनसाधारण के साथ अधिक घनिष्ठ सबध स्थापित करना शुरू कर दिया और मज़दूर आदोलन म सक्रिय भाग लेने लग गये।

१८९५ के शरद म लेनिन के आग्रह पर सट पीटर्सबर्ग के सभी सामाजिक जनवादी ग्रुप मजदूर मुक्ति सघर्ष लीग नामक एक नये सगठन मे ऐक्यवद्ध हो गये। यह रूस म क्रातिकारी मजदूर पार्टी की स्थापना की दिशा म एक महत्वपूर्ण कदम था। इसके कुछ ही बाद मास्को तूला, रोस्तोव आन दोन तथा रूस क अन्य औद्योगिक केद्रो म पहले के बिखर हुए सामाजिक-जनवादी ग्रुप भी अधिक शक्तिशाली और घनिष्ठत सवद्ध सगठनो म सयुक्त हो गय। सामाजिक जनवादियो न जो इस समय तक औद्योगिक हडताल आदालन मे सक्रिय भाग लेने लग गये थे, उसमे सगठन तथा चेतना लाने का प्रयास किया। धीरे धीरे वैज्ञानिक समाजवाद को मजदूर आदोलन के क्रातिकारी सिद्धात के रूप म स्वीकार कर लिया गया

जारशाही पुलिस जल्दी ही लेनिन का पता लगा लेने और उन्ह गिरफ्तार करन मे कामयाव हो गयी लेकिन उनके जो साथी अब भी आज़ाद थे, उन्होन लेनिन द्वारा निर्धारित रास्ते पर चलना जारी रखा। १८९६ म उन्हान सट पीटर्सवग के कपडा कारखानो म हडताल का सगठन किया, जिसम ३० ००० मजदूरा न भाग लिया था। यह रूसी सर्वहारा की अब तक की सबसे बडी और सवसे सुसगठित हडताल थी। उसन मजदूर वर्ग की शक्ति और मार्क्सवादी क्रातिकारी सिद्धात की सटीकता को प्रदर्शित करके रूसी समाज पर समूच तौर पर जवरदस्त असर डाला। अन्य देशा के मजदूरा न रूसी हडतालियो की सहायता क लिए चदा इकट्ठा करना शुरू किया।

सोलहवा अध्याय

साम्राज्यवाद – पूजीवाद की चरम और अतिम अवस्था

पूजीवाद का साम्राज्यवादी अवस्था मे प्रवेश

उन्नीसवी और बीसवी शताब्दियो के सधिकाल मे पूजीवाद अपन विकास की उच्चतम अवस्था मे पहुच गया था। इस समय तक सारे ससार मे न केवल सामाजिक सबधो की पूजीवादी प्रणाली का प्रभुत्व ही स्थापित हो चुका था, बल्कि स्वय उसकी प्रकृति और विकास मे भी कई नये लक्षणो और नयी परिघटनाओ ने प्रकट होना शुरू कर दिया था। निस्सदेह यह सब अचानक ही नही हो गया था, वरन एक धीमी और क्रमिक प्रक्रिया का सिलसिला था, जिसन शताब्दियो के इस सधिकाल मे ही अपनी पूर्णता को प्राप्त किया था।

पूजीवाद के ये नये लक्षण अर्थव्यवस्था तथा राजनीति म और वर्ग सबधो के क्षेत्र मे प्रकट हुए। इन नये लक्षणो की तरफ कई लोगो का ध्यान गया था। अथशास्त्रियो और समाजविज्ञानियो न इन परिघटनाओ के विभिन्न पहलुओ का वर्णन किया था किन्तु इस नये विकास को शासित करनेवाले नियमो को समग्र रूप से समझने और सामान्यीकृत करन मे व असमर्थ ही रह।

यह लेनिन ही थे, जिन्होने अपनी विख्यात कृति साम्राज्यवाद पूजीवाद की चरम अवस्था' (१९१६) मे सबसे पहले साम्राज्यवाद के सारतत्व का प्रकट किया और उसके ऐतिहासिक महत्व को परिभाषित किया। लेनिन ने सिद्ध किया कि साम्राज्यवाद पूजीपतियो के इस या उस समूह द्वारा स्वीकृत अथवा अस्वीकृत नीति नही बल्कि पूजीवाद के विकास म एक निश्चित इतिहासत निधारित उसकी नूतनतम उच्चतम तथा अतिम अवस्था है।

आथिक क्षत्र म पूजीवाद के इस नये चरण की विशपताए य है सबस पहल उत्पादन तथा पूजी का सकेद्रण इतनी ऊची अवस्था म पहुच जाता

है कि देश की अर्थव्यवस्था म इजारेदारिया ही निर्णायक भूमिका अदा करन लगती है। बडी इजारेदारिया – शक्तिशाली ट्रस्ट और निगम – धीरे धीरे छोटे कम शक्तिशाली उद्यमो को अपन अधिकार म ले लती है और अपन अपन क्षेत्र मे प्रभावी स्थिति ग्रहण कर लती है। उदाहरण के लिए उन्नीसवी शताब्दी के अंत तक राकफेलर तेल ट्रस्ट – स्टैंडर्ड आइल – सयुक्त राज्य अमरीका के ९० प्रतिशत तेल उत्पादन के ऊपर अपना नियत्रण स्थापित कर चुका था और मार्गन द्वारा १९०१ म सस्थापित यूनाइटेड स्टेटस स्टील कारपोरेशन जिसकी परिसपत्ति १०० करोड डालर से अधिक थी इस समय तक लगभग दो तिहाई अमरीकी इस्पात उद्योग को अपन नियत्रण म ल चुका था। जर्मनी म दो विराट विद्युत इजीनियरी फर्मो – सीमस हाल्स्के तथा ए० ई० जी० – ने अपन कमजोर प्रतिद्वद्वियो को अपन अधिकार म ले लेन के बाद कुल मिलाकर इस उद्योग के लगभग दो तिहाई पर अपना नियत्रण कायम कर लिया था। फ्रास म दो निगमो – क्यूलमन तथा स गोवेन – का सपूर्ण रासायनिक उद्योग म अबाध प्रभुत्व था।

सपूर्ण पूजीवादी विश्व म इजारेदारिया औद्योगिक विकास म निर्णायक भूमिका अदा कर रही थी। बैकिंग जगत म भी इसी प्रकार का सकेद्रण हो रहा था। इसम भी अपनी शाखाओ तथा सबद्ध वित्तीय कारबार के जाल के साथ हर देश म नियमत चार या पाच बैको का ही प्रभुत्व था।

पूजीवादी विकास की साम्राज्यवादी अवस्था का दूसरा विशिष्ट लक्षण बैक पूजी तथा औद्योगिक पूजी मे घनिष्ठ सलयन और फलस्वरूप वित्तीय पूजी तथा शक्तिशाली वित्तीय गुटो का उदय था।

पूजी का निर्यात जो अब माल के निर्यात के मुकाबले अधिकाधिक महत्वपूर्ण भूमिका निबाहन लगा था साम्राज्यवाद का एक और चारित्रिक लक्षण था। उदाहरण के लिए, १९१४ तक ब्रिटिश पूजी निर्यात का कुल योग ७५ अरब से १ खरब फ्राक के बीच, फ्रासीसी पूजी निर्यात का योग ६० अरब फ्राक और जर्मन का ४४ अरब फ्राक हो चुका था। इस प्रकार इन देशो ने ही उस समय लगभग २ खरब फ्राक की कल्पनातीत राशि का निर्यात कर रखा था।

पूजीवादी विकास की साम्राज्यवादी अवस्था का चारित्रिक चौथा लक्षण अतर्राष्ट्रीय इजारेदार गुटबदियो का निर्माण और ससार का इन पूजीवादी सघो के प्रभाव क्षेत्रो म विभाजन था। इसका एक उदाहरण अतर्राष्ट्रीय रेल कार्टेल था जिसन ब्रिटेन, जर्मनी तथा बेल्जियम के लिए निश्चित कोटा कायम कर दिये थे। बाद मे फ्रास आस्ट्रिया, स्पेन और सयुक्त राज्य अमरीका भी इस कार्टेल मे शामिल हो गये। १९०९ म एक अतर्राष्ट्रीय जस्त सिडीकेट स्थापित किया गया, जो जर्मन, बेल्जियन, फ्रासीसी, स्पेनी

और ब्रिटिश कारखानो के लिए उत्पादन का परिमाण निर्धारित करता था। कई नये अतर्राष्ट्रीय सघ पैदा हो गये और विभिन्न देशो के कुछ प्रमुख इजारो क बीच बिक्री की मडियो के विभाजन क बार म समझौते सपन्न किये गये (लेकिन इसका यह मतलब नही कि उनक बीच प्रतिद्वद्विता खत्म हो गयी थी)।

पाचवा और अतिम लक्षण प्रमुख पूजीवादी शक्तियो के बीच ससार क क्षेत्रीय विभाजन का पूरा होना और विश्व क पुनर्विभाजन के लिए सघर्ष का शुरू होना था।

ससार क पुनर्विभाजन क लिए पहला साम्राज्यवादी युद्ध १८९८ का स्पेनी-अमरीकी युद्ध था। इस युद्ध म सयुक्त राज्य अमरीका का हर सभव साधन से क्षेत्रीय प्रसार क लिए आतुर अपेक्षाकृत युवा और उत्साही पूजीवाद स्पेन का विरोध कर रहा था, जिसकी शक्ति पहल ही उतार पर थी और जिसके लिए अपने विस्तृत औपनिवेशिक साम्राज्य को अधिकार म बनाये रखना अधिकाधिक कठिन होता जा रहा था। इस टक्कर म सयुक्त राज्य अमरीका विजयी हुआ और उसने स्पेनियो को फिलिपीन द्वीपसमूह और क्यूबा से निकाल दिया। इन दोनो देशो के निवासियो ने अपनी स्वाधीनता तथा स्वतत्रता की रक्षा के लिए हाथो मे हथियार उठा लिये – फिलिपीनियो और क्यूबाइयो की जितनी स्पेनी शासन के जूए क नीचे रहन की इच्छा नही थी, उतनी ही अमरीकी शासन मे रहने की भी नही थी। लेकिन उस समय साम्राज्यवाद-विरोधी मुक्ति सग्राम क उषाकाल म न क्यूबा और फिलिपीन द्वीपसमूह के निवासी इतने शक्तिशाली थे कि अपनी स्वतत्रता की रक्षा कर सकते और न अतर्राष्ट्रीय रगभूमि म वर्ग शक्तियो का सतुलन अभी मुक्ति-सघर्ष की विजय के अनुकूल ही था।

लेकिन ससार के विद्यमान औपनिवेशिक विभाजन को हथियारो के बल पर बदलने के इच्छुक अकेले अमरीकी साम्राज्यवादी ही नही थे। जर्मन साम्राज्यवादियो की भी, जो इस समय तक आपादमस्तक शस्त्रसज्जित हो चुके थे ऐसी ही आकाक्षाए थी। इसी प्रकार जापानी साम्राज्यवाद भी, जो कोरियाई जनता को ही दबाकर सतुष्ट नही हो गया था चीन मे पाव फैलाने के सपने देख रहा था। इतालवी साम्राज्यवादी जो अपने प्रतिद्वन्द्वियो से कही कम सामर्थ्यवान होने पर भी अत्यधिक आक्रामक थे १८९६ म ही इथिओपिया को 'हडपने' का प्रयास कर चुके थे।

इधर प्रतिष्ठापित औपनिवेशिक शक्तिया – ब्रिटेन फ्रास हालैड पुर्तगाल और स्पेन – भी अपने दीर्घकाल से अधिकृत प्रदेशो पर अपनी जकड को मजबूत कर रही थी और उनमे से किसी से भी नाता तोडने की कोई मशा नही जता रही थी। उनके बाद म पैदा हुए शक्तिशाली नये साम्राज्य

वादी देशो की महत्वाकाक्षाओ के परिणामस्वरूप, जो पुराने विजेताओ से औपनिवेशिक प्रदेश छीनने के इच्छुक थे, अनिवार्यत दोनो समूहो म कटु सघर्ष शुरू हो गया। पूजीवादी विश्व म औपनिवेशिक लूट के विभाजन का सवाल केवल एक ही तरीके से हल किया जा सकता था और वह तरीका युद्ध था। ससार तथा औपनिवेशिक प्रदेशो के पुनर्विभाजन के लिए चल रहे सघर्ष की परिणति साम्राज्यवादी युद्ध म होनी अनिवार्य ही थी।

साम्राज्यवाद, पूजीवाद की अतिम अवस्था

साम्राज्यवाद के विभिन्न लक्षणो म सबसे महत्वपूर्ण तथा आधारभूत लक्षण इजारेदारियो का उदय है। लेनिन ने कहा था कि अगर हम साम्राज्यवाद की सक्षिप्ततम परिभाषा देनी हो तो हम कहेगे कि पूजीवाद की इजारेदारी वाली अवस्था का नाम ही साम्राज्यवाद है। निस्सदेह, इसमे अनेक स्थानिक रूपातरो को ध्यान म रखना जरूरी था। उदाहरण के लिए, लेनिन ने ब्रिटिश साम्राज्यवाद को "औपनिवेशिक साम्राज्यवाद", जर्मन साम्राज्यवाद को "युकर साम्राज्यवाद", फ्रासीसी साम्राज्यवाद को 'सूदखोर साम्राज्यवाद' और रूसी साम्राज्यवाद को 'सैनिक सामती साम्राज्यवाद' कहा था। लेकिन इन देशो मे विद्यमान सारे अतरो के बावजूद, जो कभी-कभी बहुत महत्वपूर्ण होते थे उनका विकास पूजीवाद के विकास की एक निश्चित अवस्था—साम्राज्यवाद—के लिए लाक्षणिक सामान्य नियमो को ही प्रतिबिबित करता था।

अपने विकास के इस उच्चतम स्वरूप—इजारेदारी—म पहुच चुकने के बाद पूजीवाद अपनी इतिहासत निर्धारित सीमा पर पहुच गया। इजारेदार पूजीवाद न केवल पूजीवाद की उच्चतम अवस्था है, बल्कि उसकी अतिम अवस्था भी है। साम्राज्यवाद के अतर्गत न सिर्फ उत्पादन के एक भिन्न, समाजवादी ढग मे सक्रमण के लिए आवश्यक सभी वस्तुगत भौतिक परिस्थितियो का ही निर्माण हो चुका होता है, बल्कि पूजीवादी व्यवस्था म अतर्निहित सभी बुनियादी अतर्विरोध इतने सगीन हो चुके होते है कि उनका क्रातिकारी समाधान अनिवार्य हो चुका होता है। इसी विचार के आधार पर लेनिन ने यह दावा किया था कि साम्राज्यवाद समाजवादी क्राति की पूर्व वेला है।

बीसवीं शताब्दी के आरभ मे पूजीवादी व्यवस्था की परजीविता और ह्रास

साम्राज्यवाद क पतन की एतिहासिक अनिवार्यता अपन आपको विभिन्न स्वरूपो म प्रतिविबित करती आयी है और अब भी करती है। बीसवी सदी क आरभ म भी, जब पूजीवादी सामाजिक सबध सारी दुनिया पर हावी थे, उसके ह्रास तथा अपकर्ष के आसार प्रत्यक्ष होन लग गये थ। इजारेदारी की प्रकृति ही ऐसी है कि वह गतिहीनता और ह्रास को जन्म देती है। लेकिन, निस्सदह, इसका यह मतलब नही कि साम्राज्यवादी अवस्था मे आते ही पूजीवाद तुरत उत्पादन म गतिहीनता ले आता है। इसके विपरीत, पूजीवाद की साम्राज्यवादी अवस्था म उत्पादन मे वृद्धि तक आती है और कई उद्योग तो बहुत तज़ी के साथ प्रसार करते ह। लकिन इसीक साथ साथ पूजीवादी विकास की असमानता कही अधिक स्पष्टता क साथ सामने आ जाती है और पूजीवाद के परजीविता और ह्रास जैसे विभिन्न नय लक्षण प्रकट होन लगते है।

य लक्षण शासक वर्गो म अनुत्पादक सस्तर की वृद्धि, ब्याजजीवियो – कर्ज दी गयी पूजी क सूद पर जीनवालो – की बढती सख्या जैसी परिघट नाओ मे प्रकट होत है। ब्याजजीवी या सूदखोर तत्वत परजीवी होत है और कोई उपयोगी सामाजिक कार्य नही करते। साम्राज्यवाद क युग म वे कई विकसित पूजीवादी देशो मे समाज क खासे बडे हिस्से का निर्माण करते है। जो देश पूजी का निर्यात करते ह और उस पर ब्याज लेते ह व भी ब्याजजीवियो या सूदखारो की ही भूमिका अदा करत हे और ब्याजजीवी या सूदखोर राज्य बन जाते हे। फ्रास ने १६१४ म विदेशो म जा ६० अरब फ्राक लगाये थे, व यदि स्वय अपने ही देश म लगाये गये होते तो निस्सदेह अर्थव्यवस्था मे नये जीवन का सचार कर दते। अगर हम यह ध्यान म रखे कि १८७१-१८७३ मे जर्मनी को मिली पाच अरब फ्राक की युद्ध क्षतिपूर्ति ने किस प्रकार उसके उद्योग को जबरदस्त उत्प्रेरण प्रदान किया था, तो यह बात विशेषकर स्पष्टता के साथ सामने आ जाती है। लकिन पूजी का निर्यात करनेवाले धनकुबेर अपने देश की अर्थव्यवस्था के बार मे ज्यादा नही सोचते और अधिकतम मुनाफे हासिल करना ही उनकी सबसे बडी चिता होती है। जिन दशा म उनका बोलबाला होता है व धीरे धीरे सूदखार राज्यो मे परिणत होते जाते ह।

पूजीवाद की अतिम, साम्राज्यवादी अवस्था म परजीविता और ह्रास की एक और अभिव्यक्ति विभिन्न प्रकार के अनुत्पादक कार्यो मे लगे लोगो की सख्या म तीव्र, बल्कि अधाधुध वृद्धि हैं। मानव श्रम की एक अकूत

माना का युद्धो के जरिये अपव्यय हो जाता है। १६१४-१६१८ के साम्राज्यवादी विश्वयुद्ध के समय सात मुख्य युद्धरत देशा म छ करोड स अधिक समर्थाग लोगो को लामबद किया गया था और उत्पादक कार्य करन के स्थान पर एक दूसरे का सहार करन म लगाया गया था। इस युद्ध म कुल मिलाकर ३६ देशो ने भाग लिया था और उनकी कुल जनसख्या १ अरब स अधिक थी।

लेकिन शातिकाल मे भी सैनिक व्ययो और हथियारो की होड पर हर देश के श्रम का काफी हिस्सा स्वाहा हो जाता है। प्रथम विश्वयुद्ध की पूर्ववेला मे जर्मनी म सैनिक कार्यो के लिए विनियुक्त धनराशि अन्य सभी कार्यो के लिए विनियुक्त धनराशि के ढाई गुन से ज्यादा थी। इस काल म फ्रास का सैनिक व्यय भी पूरे बजट के एक तिहाई से अधिक था।

पूजीवाद का ह्रास इसमे भी प्रतिबिबित हुआ कि कई मामला म उसने प्राविधिक प्रगति मे बाधक बनना शुरू कर दिया। जिन मामलो मे इजारेदारियो के हित प्राविधिक नवाचारो तथा सुधारा की अपेक्षा नही करते थे उनम वे किसी भी सुधार या आविष्कार को प्रोत्साहित नही करती थी बल्कि जान बूझकर उनमे बाधा ही डालती थी।

साम्राज्यवाद और राजनीतिक प्रतिक्रिया

लेकिन बीसवी शताब्दी के आरभ मे पूजीवादी व्यवस्था मे प्रकट होनेवाले परजीविता ह्रास और अपकर्ष के य चिह्न उसके आक्रामक और प्रतिक्रियावादी चरित्र मे किसी भी प्रकार की कमी के सूचक नही थे। इसके विपरीत साम्राज्यवादी युग मे आन के बाद तो पूजीवादी व्यवस्था मे अत र्निहित ये प्रतिक्रियावादी और आक्रामक लक्षण और भी अधिक प्रत्यक्ष तथा प्रबल हो गये। इस युग मे आकर हथियारो की होड कम होने के बजाय और भी ज्यादा तेज हो जाती है। अपनी सैन्यवादी नीतियो खुली फौजी धमकियो और साम्राज्यवादी युद्धो के जरिये बडी साम्राज्यवादी शक्तिया कमजोर देशा को जीतकर और अधीन बनाकर अपने खुद के प्रभाव और प्रभुत्व को बढाने और सुदढ करने का प्रयास करती है। साम्राज्यवाद और युद्ध म चोली दामन का साथ है।

पर साम्राज्यवाद का अर्थ मात्र विदेशी भूमि पर आक्रमण ही नही है। साम्राज्यवादी युग विभिन्न पूजीवादी देशो की गृह तथा विदेश नीति म बढती प्रतिक्रिया का युग भी है। एक बार सत्ता के शिखर पर पहुचने और उत्पीडको का शासक वर्ग बन जाने के बाद बूर्जुआजी की सामाजिक प्रगति म कोई दिलचस्पी नही रह जाती। सच तो यह है कि साम्राज्यवादी

बूर्जुआजी प्रगति का घोर विरोधी होता है और प्रतिक्रिया तथा प्रतिक्रांति का एक गढ़ बन जाता है। साम्राज्यवादी बूर्जुआजी – इजारेदारों, बैंकपतियों, कारखानेदारों, बड़े व्यापारियों, उपनिवेशवादियों और अतिधनपत्तिवालों – के समस्त क्रियाकलाप की प्रेरक शक्ति अधिकतम मुनाफा हासिल करने की कोशिश ही होती है। उसके अलावा और सभी कुछ उनके लिए बेमानी और बेकार होता है। एक समय था कि जब बूर्जुआजी के कार्य और विचार बहुत से विरुद्ध निर्देशित थे, लेकिन बीसवीं सदी में आकर साम्राज्यवादी बूर्जुआजी और वर्ग में अपने सामान्य स्वार्थपूर्ण हितों की रक्षा करने के लिए चालीकामना का मेल हो गया। एक जमाना था कि जब बूर्जुआजी वंशागत अभिजाततंत्र और निरंकुशता का शत्रु था, लेकिन अब वह स्वयं ऐश्वर्यशाली अभिजातवर्ग में परिणत हो गया, सामंत वर्ग के अवशेषों के साथ घनिष्ठतम संबंध स्थापित करने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगाने लगा और अपने हितों का साधन करनेवाले राज्यतंत्र के सुदृढ़ीकरण के लिए हर संभव प्रयास करने लगा। कुछ ही समय पहले तक, यानी अठारहवीं सदी में बूर्जुआजी स्वतंत्रता तथा विवेक की विजय में अपना विश्वास जता रहा था, सामाजिक तथा वैयक्तिक स्वतंत्रता के पक्ष में आवाज उठा रहा था और जनसाधारण का समर्थन प्राप्त करने का प्रयास कर रहा था। लेकिन बीसवीं सदी के आते-आते यही वर्ग प्रतिक्रिया और रूढ़िवाद के मुख्याधार में परिणत होकर सैन्यवाद और हिंसा, महाशक्ति राष्ट्रवाद और पाशविक अंधराष्ट्रवाद का प्रचारक बन बैठा। उसके भूतपूर्व नायक मुक्त चिंतन के पक्षपोषक वाल्तेयर का स्थान अब घोर प्रतिक्रियावादी जर्मन दार्शनिक नीत्शे (१८४४-१९००) ने ले लिया, जिसकी रचनाएं पाशविक बल के गुणगान और भांति भांति के मानवद्वेषपूर्ण विचारों से ओतप्रोत हैं।

साम्राज्यवादी प्रतिक्रिया के विरुद्ध संघर्ष

साम्राज्यवादी युग में प्रतिक्रिया की संयुक्त शक्तियों को लोकतंत्र तथा जनता के हितों का समर्थन करनेवाली शक्तियों के विरोध का सामना करना पड़ता है। श्रमिक वर्ग के साथ साथ, जो साम्राज्यवादी बूर्जुआजी का मुख्य शत्रु है, मेहनतकश जनता के गैर सर्वहारा अंशक भी इस संघर्ष में शिरकत करते हैं। उन्नीसवीं और बीसवीं सदियों के संधिकाल में श्रेष्ठतम साहित्यकारों ने अपनी कृतियों में पूंजीवादी जगत, उसकी व्यवस्था और नीति का पर्दाफाश किया। इन महान साहित्यकारों में अनातोल फ्रांस (१८४४-१९२४), रोमां रोलां (१८६६-१९४४), हेनरिख मान (१८७१-१९५०), टामस मान (१८७५-१९५५) और जैक लंडन (१८७६-१९१६)

जैस लाग भी थ। नौकरीपेशा लोगो न निचल तथा मझाल मस्तरा, अध्यापकों और अन्य बुद्धिजीवी लोगों न भी, जा अब तक वर्ग सघष स दूर रहत आय थ उसम भाग लना शुरू कर दिया।

मजदूर वग इस काल म लोकतत्र की मुख्य शक्ति क रूप म अधिकाधिक सामन आता जाता है। जब जब सवहारा न लोकतान्त्रिक शक्तियो क साथ मिलकर आक्रामक रवैया अपनाया, शासक वर्गों का रिआयत दन पर मजबूर होना पडा। उदाहरण क लिए ब्रिटन म मजदूर आदालन म आयी सक्रियता की नयी लहर क सामन लायड जार्ज (१८६३-१६४५) जैस चतुर और बुद्धिमान प्रधानमत्री क नतृत्व म लिबरल पार्टी की सरकार का कई सुधार शुरू करन पड जिनम स कुछ य है—खनिका क लिए आठ घट का कार्य दिवस (१६०८) बीमारी तथा बराजगारी म सहायता दन के लिए मजदूरो का सामाजिक बीमा (१६११), १६११ का ससदीय विधयक आदि। इसी तरह १६०५ म फ्रास म एक कानून जारी करक चर्च का राज्य से पृथक्करण कर दिया गया और १६०७ म आस्ट्रिया म सार्विक मताधिकार (पुरुषो क लिए) लागू कर दिया गया।

उपनिवेशवाद और औपनिवेशिक नीति

साम्राज्यवाद अपन साथ साथ औपनिवशिक आक्रमण म भी तेजी लकर आया। महाशक्तिया और बेल्जियम तथा हालैड जैसी छोटी, किंतु औद्योगिक दृष्टि स विकसित पूजीवादी शक्तियो न भी अपन अपन औपनिवशिक प्रदशा म स्थानीय लोगो का शोषण बढान मे काई कसर बाकी नही रखी। इसी क साथ साथ उन्होंने हर एसे इलाके पर अपना प्रभुत्व जमान की कोशिश भी की जिसपर किसी कारण से (आम तौर पर विभिन्न दावदारा म प्रतिद्वद्विता क कारण) अभी तक किसी का अधिकार नहीं हो पाया था। औपनिवशिक दौड म सबसे देर से शामिल होनवाले दश ही नहीं बल्कि पुरानी औपनिवशिक शक्तिया भी नय-नये इलाके हथियान को आतुर थी।

बीसवी शताब्दी के आरभ म सबसे बडा औपनिवशिक साम्राज्य ब्रिटन क पास था। १६०० म उसक उपनिवशो तथा अधीनस्थ प्रदेशो का क्षेत्रफल शासक देश स १०६ गुना अधिक और आबादी ८८ गुना अधिक थी। ब्रिटेन के हाथा मे ससार क ४४ ६ प्रतिशत औपनिवशिक प्रदेश सकद्रित थे और य उपनिवश ही उसकी शक्ति ओर एश्वर्य क स्रात थे। लेकिन ब्रिटिश उपनिवशवादियो की क्षुधा को तुष्ट करने के लिए इतना ही काफी नही था—व साम्राज्य के सीमाता को और भी अधिक दूर ल जाने, और

भी अधिक व्यापक बनाने पर तुले हुए थे। फलस्वरूप १८९९ और १९०२ के बीच ब्रिटेन ने ट्रासवाल तथा ओरेन्ज फ्री स्टेट के दो बोअर गणराज्यो के विरुद्ध अप्रच्छन्न आक्रामक युद्ध चलाया और अत मे उनका अधिनहन कर लिया। बोअर युद्ध उन सबसे पहले साम्राज्यवादी युद्धो मे एक था जिसने हर कही प्रगतिमना लोगो मे न्याय्य आक्रोश उत्पन्न किया था। १९०६ मे ब्रिटेन ने न्यू हैब्रीडीज़ द्वीपो को भी दबोच लिया। यद्यपि ब्रिटेन की आर्थिक शक्ति अब उसके प्रतिद्वद्वियो के लिए पहले जैसा गभीर खतरा नही रही थी, फिर भी इसका यह मतलब नही था कि वह अपने अपार साम्राज्य के छोटे से छोटे कोने को भी छोड देने के लिए तैयार हो गया था। ब्रिटिश सिंह ने अपने शिकार पर पजा मजबूती के साथ जमा रखा था और जब भी कोई उसके पास आने की कोशिश करता था तो वह डरावनी गर्जना करने लगता था।

क्षेत्रफल और जनसख्या, दोनो ही दृष्टियो से फ्रास का साम्राज्य दूसरा सबसे बडा साम्राज्य था, लेकिन यह फ्रासीसी उपनिवेशवादियो की क्षुधा को तुष्ट करने के लिए काफी नही था। बीसवी सदी के पहले दशक मे जर्मन साम्राज्यवादियो की घोर नाराजगी के बावजूद जिन्होने इस सदर्भ मे युद्ध की बारबार धमकिया दी, फ्रास मोरक्को मे घुसने लग गया। १९११ तक सभी व्यावहारिक अर्थो मे मोरक्को का अधिनहन किया जा चुका था और उसे फ्रासीसी औपनिवेशिक साम्राज्य मे शामिल कर लिया गया।

छोटे से किंतु आर्थिक दृष्टि से शक्तिशाली देश बेल्जियम ने उन्नीसवी शताब्दी के अत मे मध्य अफ्रीका मे कागो के विशाल प्रदेश को जीत लिया और उसके निवासियो का निर्मम शोषण शुरू कर दिया।

औपनिवेशिक लूट की इन अप्रच्छन्न कार्रवाइयो के अलावा महाशक्तिया तथा आर्थिक दृष्टि से विकसित अन्य पूजीवादी देश प्राय औपनिवेशिक प्रसार के अपरोक्ष तरीको को भी अपनाया करते थे। साम्राज्यवादियो के लिए कई बार खुले तौर पर जोर-जबरदस्ती का प्रयोग करने के बजाय अपने आपको आर्थिक दृष्टि से पिछडे हुए देशो के लोगो के मित्रो और रक्षको के रूप मे पेश करना अधिक लाभदायक और सुविधाजनक सिद्ध हुआ करता था। मिसाल के लिए सयुक्त राज्य अमरीका के शक्तिशाली साम्राज्यवादी हलको ने यही रास्ता अपनाया था।

अमरीकी डालर भी कई अवसरो पर अमरीकी साम्राज्यवादी धन-कुबेरो के लिए सगीनो से अधिक कारगर हथियार साबित हुआ। लैटिन अमरीकी देशो मे, जिन्हे औपचारिक रूप मे प्रभुतासपन्न राज्य माना जाता था अमरीकी प्रभुत्व आर्थिक अत प्रवेश के जरिये ही स्थापित किया गया

था। अमरीकी पूजी ने शीघ्र ही लेटिन अमरीकी देशो के आर्थिक जीवन के सभी क्षेत्रो मे प्रवेश कर लिया और अपने अधिकाश ब्रिटिश प्रतिद्वद्वियो को बाहर खदेड दिया। लैटिन अमरीका के नाम के लिए आजाद देश व्यवहार मे अमरीकी पूजी के खिदमतगारो जैसे बन गये।

चीन का औपनिवेशिक अधीनीकरण एक दूसरे ही तरीके से किया गया। औपचारिक रूप मे चीन अब भी (१६११ की क्राति के पहले तक) स्वतत्र, प्रभुतासपन्न साम्राज्य ही था। लेकिन व्यवहार मे वहा चलती ब्रिटिश अमरीकी, जापानी, रूसी फासीसी और जर्मन साम्राज्यवादियो के प्रतिद्वद्वी गुटो की ही थी। चीन कितने ही साम्राज्यवादी देशो की दया पर निर्भर था।

साम्राज्यवादी दासता का एक और रूप वह था, जो सदियो के सधिकाल मे ईरान मे देखा जा सकता था। बहुत समय से रूस और ब्रिटेन मे इस देश पर प्रभुत्व स्थापित करने के लिए आपस मे प्रतिद्वद्विता चलती आ रही थी। आखिर १६०७ मे उन्होने एक समझौते पर हस्ताक्षर करके अपने अपने प्रभाव क्षेत्रो को परिभाषित कर दिया – रूसी प्रभाव क्षेत्र उत्तर मे था और ब्रिटिश प्रभाव क्षेत्र दक्षिण मे। देश के मध्यवर्ती भाग को तटस्थ क्षेत्र बना दिया गया। इस तरह औपचारिक रूप मे स्वतत्र होने पर भी ईरान सभी व्यावहारिक मामलो मे इन दोनो महाशक्तियो – ब्रिटेन तथा रूस – के अधीन हो गया।

लेकिन उपनिवेशवाद ने खुला या प्रच्छन्न, कोई भी रूप क्यो न लिया हो उसका सारतत्व ज्यो का त्यो ही रहा। उपनिवेशवाद उन सभी जनो के लिए जिन्हे उसने अपनी दासता की बेडियो मे जकडा था उत्पीडन, बरबादी शोषण और सहार ही लाता था।

भारत मे, जिसे ब्रिटिश ताज का मोती कहा जाता था, ब्रिटिश शासन के अधीन आदमी का औसत जीवनकाल २६ वर्ष से अधिक नही था। कुछ औपनिवेशिक जना, उदाहरण के लिए न्यूज़ीलैड के माओरी, न्यूगिनी के पापुआ और सयुक्त राज्य अमरीका के इडियनो को तो लगभग उन्मूलन के गर्त मे धकेल दिया गया था।

साम्राज्यवादी प्रतिद्वद्विता की पराकाष्ठा। यूरोप का सैनिक शिविरो मे निर्णायक विभाजन

बढते औपनिवेशिक प्रसार, मडियो पूजी निवेश के क्षेत्रो, कच्चे मालो के नये स्रोतो और प्रभाव क्षेत्रो' के लिए भीषण प्रतिद्वद्विता और ससार के पुनर्विभाजन की मुहिम, जो अब अपने पूरे जोरो पर थी इन सभी ने

पहले ही गहरे साम्राज्यवादी अतर्विरोधो को और भी अधिक गहरा बना दिया। साम्राज्यवादी शक्तियो के विभाजित करनेवाले अतर्विरोधो मे ब्रिटेन तथा जर्मनी के बीच के अतर्विरोध सबसे ज्यादा सगीन थे। औपनिवेशिक लूट के अपने हिस्से को छीनने तथा विश्व प्रभुत्व प्राप्त करने के लिए पूर्णत तत्पर शक्तिशाली और आक्रामक जर्मनी ब्रिटिश साम्राज्यवादियो के हितो मे आडे आने का कोई भी अवसर नही गवा रहा था। यह बिलकुल प्रत्यक्ष था कि शीघ्र ही जर्मन सैन्यवादी आर्थिक तथा राजनीतिक दबाव डालना रोककर ब्रिटेन के विरुद्ध हथियारो का उपयोग करने लगेगे।

ब्रिटिश राजनयज्ञो को अपनी पुरानी कार्यनीति तजनी पडी। अब वे "भव्य अलगाव" की नीति पर और अधिक चलने की स्थिति मे नही रह गये थे। फलस्वरूप उन्हे मित्रो की खोज मे लगना पडा। १९०४ मे ब्रिटेन और फ्रास ने अपने औपनिवेशिक प्रदेशो के बारे मे आपस मे समझौता कर लिया (मिस्र ब्रिटेन के हिस्से मे गया और मोरक्को फ्रास के) और इस समझौते ने इन दोनो देशो के बीच आतात कार्दिआल या मैत्रीपूर्ण सौहार्द का पथ प्रशस्त कर दिया। ऐसे ही आधार पर ब्रिटेन ने १९०७ मे रूस के साथ भी समझौता कर लिया (ईरान मे प्रभाव क्षेत्रो का विभाजन)। इन दोनो समझौतो का व्यवहार मे आशय यही था कि ब्रिटेन अब फ्रासीसी-रूसी सहबध मे शामिल हो गया है। यद्यपि ब्रिटेन ने फ्रास और रूस की तरह कोई प्रत्यक्ष सैन्य दायित्व ग्रहण नही किये थे, फिर भी उस समय के तनावपूर्ण आग्ल-जर्मन सबधो की पृष्ठभूमि मे वह स्वाभाविकतया 'त्रिराष्ट्र सौहार्द' या आतात (मित्रराष्ट्रो) का, जो आग्ल-फ्रासीसी-रूसी गुट को दिया गया नाम था, एक सबसे सक्रिय सदस्य बन गया।

यूरोप अब दो शक्तिशाली साम्राज्यवादी गुटो – त्रिराष्ट्र सहबध और त्रिराष्ट्र सौहार्द – मे विभाजित हो गया था और दोनो ही गुट युद्ध के लिए सक्रिय तैयारिया करने मे लगे हुए थे। इस बात को देखते हुए कि अधिकाश महाशक्तिया इनमे से किसी न किसी गुट मे शामिल थी और उनके सारे भूमडल पर बिखरे हुए खास बडे औपनिवेशिक प्रदेश थे और सबधो तथा हितो की एक व्यापक श्रृखला दाव पर लगी हुई थी, यह अनिवार्य ही था कि यूरोप मे आसन्न युद्ध मात्र यूरोपीय युद्ध ही नही रह जायेगा, प्रत्युत विश्वव्यापी युद्ध मे परिणत हो जायेगा।

सत्रहवा अध्याय

रूस का
विश्व क्रातिकारी आदोलन का
केंद्र बन जाना।
एशिया का जागरण

रूस मे क्रातिकारी सकट

१८७१ के परिस कम्यून के वाद से पश्चिमी यूरोप म कोई शक्तिशाला जनव्यापी क्रातिकारी विस्फोट नही हुए थे। लेकिन रूस म, इसके विपरीत मजदूरो और किसाना का जनव्यापी आदोलन हर दशक के साथ लगातार और ज्यादा तेजी क साथ वढता ही चला गया था।

ज़ारशाही रूस क साम्राज्यवादी युग मे पदार्पण ने पहले से ही विद्यमान अतर्विरोधो को और भी विपम वना दिया। दश म आधुनिक उद्योग और वित्तीय पूजी के साथ साथ भूस्वामित्व के मध्ययुगीन स्वरूप अव भी वने हुए थे, जिनके परिणामस्वरूप ग्रामीण क्षेत्रो मे अर्ध सामती सवध अभी तक वरकरार थे।

यूराप म एसा और कोई वडा देश न था कि जहा ऐसे घोर सामाजिक विपर्यास देखन म आते हो, जैस कि रूस म। उस ज़माने के रूस म अगर एक ओर विशाल कल कारखाने, वैकपतियो तथा उद्योगपतिया के एश्वर्ययुक्त निवास और विजली से जगमगाते नगर थ, तो दूसरी आर एसे नन्हे नन्ह दूरस्थ ग्राम भी थे, जिनके निवासी छाल क वन जूते और हाथ से कत वुन कपडे पहना करत थे, जमीन कालातीत हला स जाता करत थ फसल हाथ मे काटा करत थ और अपनी लगभग आधी उपज भूस्वामिया को कर तथा लगान के रूप म दन को मजवूर होते थ। इजारेदार पूजी न न सिर्फ भूदासत्व क अवशेषो म दखल न देना ही उचित समझा वल्कि अधिकतम मुनाफे सुनिश्चित करन के लिए उन्ह वनाये रखन की कोशिश भी की। दश क सामान्यरूपेण पिछडेपन और अधिकाश आवादी की घोर विपन्नता क परिणामस्वरूप मेहनतकशो क शोपण को प्रखर करने क और भी अधिक अवसर प्राप्त थे।

रूस मे जनसाधारण पूजीवादी उत्पीडन ही नही बल्कि भूस्वामियो की मनमानियो और जारशाही की निरकुशता का भी शिकार थे। परिणाम स्वरूप राजनीतिक वातावरण लगातार अधिक सगीन होता चला गया। जन साधारण की देशव्यापी क्राति आसन्न बन गयी। इस क्राति का नेतृत्व तथा सगठन मजदूर वर्ग का करना था जो इस समय तक हडताल आदोलन मे काफी अनुभव अर्जित कर चुका था और विगत दशको के वर्ग सघर्षो मे तपकर फौलादी हो चुका था।

उन्नीसवी और बीसवी शताब्दियो के सधिकाल मे आये औद्योगिक सकट के साथ मजदूरो और किसानो की क्रातिकारी सरगरमियो ने बल पकड लिया। मजदूरो ने शुद्ध आर्थिक मागो के स्थान पर राजनीतिक कारणो से हडताले करना और जलूस निकालना शुरू कर दिया जिनके कारण जार-शाही पुलिस और फौजो के साथ अक्सर झडप हुआ करती थी। किसानो ने भी विरोध प्रदर्शन के अधिक सक्रिय रूप अपना लिये। महज़ अर्ज़ियां पेश करने और पारपरिक खिदमती मजदूरी से इन्कार करने के स्थान पर उन्होने अब भूस्वामियो पर हमले करना उनकी जागीर जायदादो को लूटना और उनकी जमीनो को ज़बरदस्ती क़ब्जे मे लेना शुरू कर दिया।

मजदूरो और किसानो के क्रातिकारी सघर्ष के इस बढते सैलाव ने बुद्धिजीवियो के जनवादी सस्तरो को भी अपनी लपेट मे ले लिया। कई शहरो मे जहा विश्वविद्यालय थे छात्र सघर्ष की जबरदस्त लहर दौड गयी।

१९०३ की गरमियो मे दक्षिण के औद्योगिक नगरो मे हुई हडतालो के सिलसिले ने बढकर ओदेस्सा तथा रोस्तोव आन दोन से लेकर ठेठ बाकू और बतूमी तक फैली ज़बरदस्त आम हडताल का रूप ग्रहण कर लिया। इसमे रूसी, उक्रइनी जार्जियाई आर्मीनी आज़रबैजानी आदि विभिन्न जातियो के दो लाख मज़दूरो ने हिस्सा लिया था।

इतने बडे पैमाने की हडतालो और विभिन्न जातियो के मजदूरो की ऐसी एकता को उस काल मे और किसी भी देश मे नही देखा गया था। रूसी सर्वहारा स्पष्टत अतर्राष्ट्रीय क्रातिकारी आदोलन का हरावल बनता जा रहा था।

रूस मे
क्रातिकारी मार्क्सवादी पार्टी की स्थापना

इसके लिए कि रूसी मजदूर वर्ग अपनी ऐतिहासिक भूमिका का सफलतापूर्वक निष्पादन कर सके यह अपरिहार्य था कि वह अपनी क्रातिकारी मार्क्सवादी पार्टी की स्थापना करे। रूसी सामाजिक जनवादी हलके श्रम मुक्ति दल के समय से ही इसकी आवश्यकता की तरफ ध्यान खीचते आये थे। इस तरह

की पार्टी की स्थापना का पहला प्रयास मजदूर मुक्ति सघर्ष लीग थी, जिसे लेनिन ने १८९५ म मट पीटर्सवर्ग म सगठित किया था और जो पुलिस द्वारा कुछ ही समय के भीतर कुचल दी गयी थी। तीन साल वाद १८९८ म कई सामाजिक-जनवादी सगठनो के प्रतिनिधियो की मीन्स्क म एक गुप्त वैठक हुई जिसमे रूसी सामाजिक-जनवादी मजदूर पार्टी की स्थापना की घोषणा की गयी। लेकिन पार्टी व्यावहारिक रूप नही ग्रहण कर पायी, क्योकि उसकी पहली काग्रेस म भाग लेनवालो का जल्दी ही गिरफ्तार कर लिया गया और परिणामस्वरूप देश भर मे बिखरी भूमिगत समितिया और ग्रुप पुन केंद्रीय नेतृत्व से वचित हो गये।

१९०० मे लेनिन की पहल पर, जो साइबेरिया मे निर्वासन की सजा काटकर हाल ही म वापस आये थे रूसी मार्क्सवादी क्रातिकारियो न विदेश म 'ईस्क्रा (चिंगारी) नामक समाचारपत्र का प्रकाशन करना शुरू किया। ईस्क्रा क पहल अक का सपादकीय, जिसका शीर्षक हमारे आदोलन के तात्कालिक कार्यभार था लेनिन का लिखा हुआ था।

जारशाही रूस म जहा भाषण सभा अथवा सयाजन की किसी भी प्रकार की कोई स्वतत्रता नही थी, यह अवैध अखवार व्यापक राजनीतिक प्रचार तथा आदोलन करने और प्रगतिशील मजदूरो को एकयवद्ध करन का एकमात्र साधन सिद्ध हुआ। विदेश मे मुद्रित 'ईस्क्रा' की प्रतिया रूमानिया ईरान फिनलैंड जर्मनी तथा अन्य देशो की राह चोरी स रूस म लायी जाती थी। सपादकमडल न कई अनुभवी पेशेवर क्रातिकारियो को प्रतिनिधि (एजट) नियुक्त किया था जो अखवार को रूस के सभी कोना म पहुचात थे और स्थानीय सामाजिक-जनवादी समितियो के साथ घनिष्ठ सबध वनाये रखत थ। किशिनेव तथा वाकू मे स्थित गुप्त छापाखाने भी 'ईस्क्रा का व्यापक वितरण सुनिश्चित करन म सहायता देते थे। ईस्क्रा' केवल प्रचारात्मक लेख ही नही छापता था वल्कि रूस भर म फैले अपन सवाददाताओ की रिपोर्टे भी छापता था और सभी सामयिक घटनाओ पर तुरत अपना मत व्यक्त करता था।

ईस्क्रा न रूसी सामाजिक-जनवादी मजदूर पार्टी की १९०३ म होनवाली दूसरी काग्रेस की तैयारी म प्रमुख भूमिका अदा की थी। इस काग्रेस म लनिन तथा उनक साथी 'कट्टर ईस्क्रापथियो" ने एक नये ही प्रकार की पार्टी क अपन द्वारा विकसित सिद्धाता पर सभी तरह के अवसरवादियो क प्रहारो का डटकर मुकावला किया। पार्टी क नतृत्वकारी निकायो क चुनाव म लनिन तथा उनक समथका को ही अधिकाश मत प्राप्त हुए, जिसके कारण व तभी स वाल्शेविक (रूसी ' वालशिस्त्वा -वहुमत-से) और उनक विरोधी मेन्शेविक (मेनिस्त्वा -अल्पमत-म) कहलान लग।

दूसरी काग्रेस का सबसे महत्वपूर्ण कार्य पार्टी कार्यक्रम का स्वीकार किया जाना था। कार्यक्रम के दो हिस्से थे — न्यूनतम कार्यक्रम और अधिकतम कार्यक्रम। न्यूनतम कार्यक्रम में पार्टी के तात्कालिक कार्यभारो को स्पष्टत परिभाषित किया गया था — जारशाही स्वेच्छाचारी शासन का तख्ता उलटना, गणराज्य की स्थापना सभी जातियो को समान अधिकारो की और आत्मनिर्णय के अधिकार की प्रत्याभूति आठ घटे का कार्य दिवस लागू करना और देहातो में सामती प्रथाओ का अत किया जाना। अधिकतम कार्यक्रम में पार्टी के अतिम लक्ष्य निरूपित किये गये थे — समाजवादी क्राति और समाजवादी समाज का निर्माण। उस समय ससार के किसी भी और देश में ऐसी कोई मजदूर पार्टी नही थी कि जिसके पास ऐसा मूलत क्रातिकारी कार्यक्रम था। इस लिहाज से रूसी मार्क्सवादी क्रातिकारियो द्वारा इस प्रकार के कार्यक्रम का तैयार किया जाना रूसी मजदूर वर्ग ही नही, वरन समूचे तौर पर अतराष्ट्रीय मजदूर आदोलन के लिए भी एक महत्वपूर्ण घटना थी। रूसी सामाजिक-जनवादियो की दूसरी काग्रेस का सबसे महत्वपूर्ण परिणाम रूसी क्रातिकारी मार्क्सवादी पार्टी का स्थापित किया जाना था।

पहली रूसी क्राति

इधर रूस में क्रातिकारी आदोलन का ज्वार चढता ही जा रहा था। देश भर में व्याप्त असतोष १९०४-१९०५ के रूस जापान युद्ध में पराजयो के बाद तो और भी ज्यादा तेजी के साथ बढने लगा।

जनवरी १९०५ के आरभ से ही सेट पीटर्सबर्ग के बडे बडे कारखानो में हडताल होने लग गयी। मजदूरो को क्रातिकारी हलचल से विरत करने के प्रयास में गेओर्गी गपोन नामक पादरी ने पुलिस के प्रोत्साहन से राजधानी के मजदूरो को इसके लिए राजी कर लिया कि वे जार के पास जाकर उसके सामने अपनी मागो की अरजी पेश करें। बहुत से मजदूर जार को अब भी भोलपन से "पिता जार" समझते थे और यह विश्वास करते थे कि उसे उनकी असली हालत के बारे में मालूम नही है। चुनाचे रविवार ९ जनवरी, १९०५ को शहर के कोने कोने से लगभग डेढ लाख मजदूरो की विराट भीड इकट्ठा हो गयी और जार के सामने अपनी दरख्वास्त पेश करने के लिए सलीबो, देवप्रतिमाओ और जार की तसवीरो को लेकर जलूस बनाकर शिशिर प्रासाद की तरफ चल पडी।

लेकिन जार निकोलाई द्वितीय मजदूरो से मिलना नही चाहता था। वह राजधानी के बाहर स्थित अपने ग्रीष्म प्रासाद में चला गया और शहर को सेना की आला कमान के सुपुर्द कर गया। सेना ने मजदूरो के जलूस

का गोलियो की बौछारा से स्वागत किया, जिससे एक हजार से ज्यान लोग मारे गये और कोई दो हजार घायल हुए।

यह दिन इतिहास मे 'खूनी रविवार' क नाम स विज्ञात हुआ। शातिपूण जलूस पर जार क निर्मम दमन ने देश भर म सख्त नाराजी की लहर पैदा कर दी और अत म जनसाधारण को इसका कायल कर दिया कि जार उनका पिता" नही, प्रत्युत घोर शत्रु है। उसी शाम से मट पीटर्सबर्ग के कुछ मुहल्लो मे मजदूरो न हथियार इकट्ठा करना शुरू कर दिया और सडका पर बैरिकड खडे करने लग गये। इसके बादवाल दिना म देश क कोने-कोने म शक्तिशाली विरोध आदोलन का सैलाब फैल गया।

मई मे कुछ दिन की खामोशी क बाद क्रातिकारी आदोलन ने नवबल प्राप्त कर लिया। इवानोवो वोज्नेसेस्क के हडताली कपडा मजदूरो न अपनी हडताल का नतृत्व करने के लिए एक विशेष परिषद या सोवियत चुनी। ऐसी सोवियत और कई अन्य नगरो म भी चुनी गयी। ये ही मजदूर प्रतिनिधियो की व सर्वप्रथम सोवियते थी जिन्हे आगे चलकर रूस म क्रातिकारी सत्ता के निकाय बन जाना था।

जून के महीने म युद्धपात पोत्योम्किन के जहाजियो न बलवा कर दिया। इसक पहले कभी इतने बडे युद्धपोत पर क्राति की पताका नही लहरायी थी। इसी इन्कलाबी परचम के तले पोत्योम्किन न ओदेस्सा बदर म प्रवेश किया जहा उस समय आम हडताल चल रही थी। बागी जहाज को कब्जे म लने के लिए भेजे गये विशेष स्क्वाड्रन (जहाजो क दल) न एक भी गाला नही दागा क्योकि नौसैनिको न अपने अफसरो के आदेश का मानन स इन्कार कर दिया और अपन साथियो के साथ खुली हमदर्दी प्रकट की। यद्यपि पोत्योम्किन क जहाजी काला सागर तट के नगरो के मेहनतकशो के साथ आवश्यक सपर्क नही स्थापित कर पाये और उन्हे बाद म जहाज को एक रूमानियाई बदर मे ल जाकर उसे त्यागने के लिए मजबूर होना पडा मगर फिर भी यह विद्रोह असाधारण ऐतिहासिक महत्व रखता था। उसने यह सिद्ध कर दिया था कि अब जारशाही समर्थन के लिए स्वय अपनी सेना पर भी निर्भर नही कर सकती थी।

मास्को क प्रेस मजदूरा की हडताल न क्रातिकारी आदालन म एक नयी ही मजिल का समारभ किया जिसकी परिणति अक्तूबर १९०५ म एक देशव्यापी राजनीतिक हडताल म हुई, जिसम कोई बीस लाख औद्योगिक तथा रेल मजदूरा न भाग लिया था। रूस के भीतरी भागा म ही नही बल्कि जातीय प्रदेशा म भी रेलो और कल कारखाना का काम ठप हो गया। अतराष्ट्रीय मजदूर आदोलन क इतिहास म अब तक इतन व्यापक पैमाने की हडताल कभी देखने म नही आयी थी।

मजदूरो और उनके संघर्ष में शामिल होनेवाले निम्नश्रेणी नौकरी पेशा लोगों, अध्यापकों तथा छात्रों की कतारों में अभूतपूर्व एकता को देखकर सरकारी हलके पूर्णत आतंकग्रस्त हो गये। कुछ समय दुविधा में रहने के बाद जार निकोलाई द्वितीय ने समझ लिया कि इस बढ़ते क्रान्तिकारी आंदोलन को कुचलने के लिए मात्र दमन पर निर्भर करना व्यर्थ होगा। १७ अक्तूबर को उसने एक घोषणापत्र पर हस्ताक्षर करके जनता को लोकतांत्रिक स्वतंत्रताएं प्रदान करने और विधायी संस्था – राज्य दूमा – का समाह्वान करने का वचन दिया।

लेनिन और बोल्शेविकों ने जार की चालबाजियों की असलियत का पर्दाफाश किया और साथ ही सर्वहारा का आह्वान किया कि वह जारशाही निरंकुश शासन का तख्ता पलटने के लिए देशव्यापी सशस्त्र विद्रोह की तैयारियां करे। अक्तूबर हड़ताल के समय ही देश के कई औद्योगिक केंद्रों में मजदूर प्रतिनिधियों की सोवियतें पैदा होने लग गयी थीं। लेनिन ने बताया कि इन सोवियतों को हड़ताल संघर्ष संगठित करने के निकायों से विद्रोह के निकायों में और अंतत नयी क्रांतिकारी सरकार के निकायों में परिणत हो जाना चाहिए।

इस क्रांतिकारी उभार का चरम दिसंबर १९०५ में मास्को के मजदूरों द्वारा संगठित सशस्त्र विद्रोह था जिसके समर्थन में रोस्तोव-आन दोन नोवोरोस्सीइस्क, सोर्मोवो तथा अन्य औद्योगिक केंद्रों में भी सशस्त्र विद्रोह फूट पड़े। इन सभी शहरों में बोल्शेविक विद्रोहियों की सबसे अगली कतारों में रहते हुए मजदूरों को गोलबंद करते थे और जारशाही फौजों के साथ लड़ाइयों में उनकी हिम्मत बंधाते थे। लेकिन बोल्शेविकों को उस समय सड़कों पर लड़ाइयों और सशस्त्र विद्रोह संगठित करने का अधिक अनुभव नहीं था। इसके अलावा इन विद्रोहों के अलग अलग समय पर फूटने और एक नेतृत्वकारी केंद्र के अभाव के कारण उनके देशव्यापी क्रांति में परिवर्तित होने में बाधाएं पड़ीं। मेन्शेविकों की समझौतावादी नीतियों ने भी मजदूरों के मनोबल पर बहुत बुरा असर डाला। फलस्वरूप जारशाही सरकार के लिए क्रांति के केंद्रों को अलगाव में डालना और फिर बाकायदा कुचल देना संभव हो गया। देश में सर्वत्र भीषण सैनिक राजनीतिक आतंक और दमन का चक्र चल पड़ा।

क्रांतिकारी संघर्ष १९०६-१९०७ में भी चलता रहा लेकिन अब उसका ज्वार उतार पर था। सर्वहारा तथा कृषक समुदाय में दृढ़ संबंध का अभाव इस समय बहुत स्पष्टता के साथ महसूस किया गया। देश के विभिन्न भागों में हुए कृषक बलवों ने जारशाही को मजबूर कर दिया था कि वह १८६१ में प्राप्त जमीनों के लिए किसानों द्वारा विमोचन धन अदा

किये जाने का कानून रद्द कर दे। लेकिन ये बलवे अब भी स्वतस्फूर्त और अलग-थलग ही थे। किसानो को अब भी यह भ्राति थी कि ज़ार की अनुकपा से या दूमा क निर्णय से उनकी हालत सुधर सकती है और उन्हे ज्यादा जमीन प्राप्त हो सकती है। किसानो जैसा ढुलमुलपन सैनिको म भी विद्यमान था। विभिन्न रेजीमटो और कुछेक जहाजो पर बलवो के बावजूद सेना और नौसेना समूचे तौर पर क्राति के पक्ष मे नही आयी, बल्कि उनका ज़ारशाही ने क्राति को कुचलने के लिए उपयोग ही किया।

ज़ारशाही शासन इस क्रातिकारी आघात को सहकर भी जमा रहा और इसमे पश्चिमी पूजीवादी देशो ने उसकी सहायता की, जिन्हाने ज़ार शाही सरकार को उसकी सबसे सकटपूर्ण घडी मे एक बडा ऋण प्रदान किया। ज़ारशाही को बडे बूर्जुआज़ी का भी समर्थन प्राप्त था, जिसे इस जन-क्राति के पैमाने ने घबरा दिया था और जिसने "कानून और व्यवस्था कायम करने" मे ज़ारशाही अधिकारियो की सहायता की।

पहली रूसी क्राति को पराजित होना पडा लेकिन उससे प्राप्त उप योगी शिक्षाए बेकार नही गयी। उसने मेहनतकशो के राजनीतिक शिक्षण को बढावा दिया और उनकी ज़ार की पूजनीयता विषयक भ्रातियो से मुक्ति पाने मे सहायता की। घटनाओ ने यह भी साबित कर दिया था कि क्राति कारी आदोलन म अगुआ भूमिका सर्वहारा को ही अदा करनी होगी। उन्हाने सर्वहारा तथा कृषक समुदाय म दृढ सहबध की और सेना को क्राति के पक्ष म लाने की अपरिहार्य आवश्यकता को भी स्पष्ट कर दिया था।

१९०५-१९०७ की क्राति के दौरान आम राजनीतिक हडताला और सशस्त्र विद्रोह जैसे सघर्ष के साधनो और मजदूर प्रतिनिधियो की सोवियतो जैसे निकायो के महत्व ने अपने को स्पष्ट कर दिया। क्राति के अनुभव ने दिखा दिया कि एकमात्र अविचल क्रातिकारी पार्टी मार्क्स और लेनिन के अनुगामियो की पार्टी – बोल्शेविको की पार्टी – है।

पहली रूसी क्राति के ऐतिहासिक महत्व की चर्चा करते हुए लेनिन ने बाद मे लिखा था, १९०५ के सवेश पूर्वाभ्यास' के बिना १९१७ म अक्तूबर क्राति की विजय असभव होती।

रूसी क्राति का
अतर्राष्ट्रीय मजदूर आदोलन पर प्रभाव

रूसी मजदूर वर्ग क क्रातिकारी सघर्ष न पश्चिमी यूरोप के विभिन्न देशो म श्रमिक आदोलन के लिए उद्दीपक का काम किया। खूनी रविवार की खबर न सारे ही यूरोप के मजदूरो म सख्त नाराजी की लहर फैला कर

दी, जिन्होने सभाओ और प्रदर्शनो मे रूस के मेहनतकशो के साथ अपनी एकजुटता को प्रदर्शित किया। फ्रासीसी ट्रेड-यूनियनो के नेताओ न रूमी मजदूरो के नाम एक विशेष सदेश मे लिखा था, "हम पर भरोसा कीजिये! आप हमारी सहायता के वारे मे निश्चित हो सकते है। ज़ार मुर्दावाद! सामाजिक क्राति ज़िदावाद!"

वामपथी जर्मन सामाजिक-जनवादियो द्वारा प्रकाशित किए जानेवाल समाचारपत्र 'लाइपज़िगर फोल्क्स त्साइतुग' ने इस प्रसग मे लिखा था कि ज़ारशाही निज़ाम पर रूसी मज़दूर वर्ग जो विजय पाने जा रहा है उम अतर्राष्ट्रीय मजदूर आदोलन पूजीवाद पर अपनी विजय के लिए आवश्यक मानता है।

१६०५ मे यूरोपीय देशो मे सभी जगह हडताल आदोलन ने नया वल प्राप्त किया। पश्चिमी यूरोप मे वहुत वर्षो से इस पैमाने पर वर्ग सघर्ष देखने मे नही आये थे। रूस की घटनाओ ने पश्चिम के मजदूरो को आम राजनीतिक हडतालो की कारगरता का कायल कर दिया, जिन्हे उन्हान 'रूसी तरीको" की ही सज्ञा द दी। सितवर म वुडापेस्ट के मज़दूरो न आम राजनीतिक हडताल कर दी। अक्तूबर और नववर म वियना प्राग तथा क्राकाऊ के मज़दूर राजनीतिक हडताल करने के लिए सडको पर निकल आये। आस्ट्रियाई और चेक मज़दूरो के तूफानी प्रदर्शनो की परिणति सडको पर बैरिकेड खडा करने और पुलिस तथा सेना के साथ मुठभेडो म हुई।

'जो रूस मे हुआ है वह हमारे यहा भी होगा।' का नारा विदेशी मजदूरो की वीर रूसी मजदूर वर्ग के उदाहरण का अनुकरण करन की आकाक्षाओ को अभिव्यक्त करता था। दिसवर १६०५ म वुडापेस्ट म एक और राजनीतिक हडताल सगठित की गयी और एक ही महीने के बाद जर्मन श्रमिक आदोलन के इतिहास मे पहली वार हैम्वर्ग म आम राजनीतिक हडताल फूट पडी।

रूस म क्राति के अनुभव ने सारी क्रातिकारी शक्तियो की गोलबदी और एकता की आवश्यकता को दर्शाया। १६०५ के क्रात म हडताल आदोलन के चढते ज्वार के दृष्टिगत फ्रासीसी समाजवादियो न अपनी धाराओ को ऐक्यवद्ध करके एकीकृत पार्टी की स्थापना की।

ज़ारशाही स्वेच्छाचार के विरुद्ध रूसी जनता के सघर्ष के साथ एक जुटता के आदोलन का सारे ही यूरोप के प्रगतिमना लोगो का समर्थन प्राप्त था। प्रसिद्ध फ्रासीसी लेखक अनातोल फ्रास न जो रूसी जनता के मित्र समाज के प्रधान थे उस समय लिखा था रूसी क्राति एक विश्व क्राति है। उसने विश्व सर्वहारा के समक्ष अपन सघर्ष के तरीका और अपन शक्ति

का अपनी शक्ति और अपनी स्थिति का प्रदर्शन कर दिया है नव युग के भाग्य और मानवजाति के भविष्य का इस समय नेवा, विस्चुला और वोल्गा के तटों पर निर्धारण किया जा रहा है।"

पहली रूसी क्रांति ने स्पष्टतः दिखा दिया कि रूस विश्व क्रांतिकारी आन्दोलन का केंद्र बन चुका था।

एशिया का जागरण

उन्नीसवीं तथा बीसवीं शताब्दियों के संधिकाल में एशिया और उत्तरी अफ्रीका के अधिकांश देशों में भावी राष्ट्रीय मुक्ति आंदोलनों के बीज बोये जा चुके थे। औपनिवेशिक तथा पराधीन देशों के शोषण के नये स्वरूपों में यूरोपीय तथा उत्तरी अमरीकी पूंजी के हित में इन देशों के प्राकृतिक साधनों और निवासियों का अधिक प्रखर शोषण करना ही नहीं बल्कि उसके साथ साथ पूंजीवादी संबंधों को बढ़ाना भी सन्निहित था।

पूंजी के निर्यात के परिणामस्वरूप, जो पूंजीवाद के विकास की साम्राज्यवादी अवस्था का विशिष्ट लक्षण है एशियाई देशों में, जहा सस्ते कच्चे माल और श्रम शक्ति अपार मात्रा में उपलब्ध थे पूंजीवादी औद्योगिक प्रतिष्ठानों विशाल बागानों और खनन उद्योगों की स्थापना हो गयी। कच्चे मालो के निर्यात और यूरोपीय औद्योगिक सामानों का बेचने की आवश्यकता तथा इन देशों में बड़े-बड़े नगरों के उदय ने रेलों सड़कों, बदरगाहों और सावजनिक सुविधा साधनों के निर्माण को प्रोत्साहन प्रदान किया। यूरोपीयो द्वारा स्थापित इन कारखानों और बागानों में श्रमिक वर्ग अस्तित्व में आने लगा। कितने ही औपनिवेशिक देशों में श्रमिक वर्ग की उत्पत्ति स्थानीय औद्योगिक बूर्जुआजी के उदित होने के पहले ही हो चुकी थी।

इन मजदूरो का, जिनमें से बहुत से वे भूतपूर्व दस्तकार थे कि जो यूरोपीय औद्योगिक मालो के आयात की बाढ़ से तबाह हो गये थे, यूरोपीय मालिकों और उनके नानासख्य निरीक्षको या ओवरसीयरो और ठेकेदारो द्वारा निर्मम शोषण किया जाता था। मजदूर लोग लगभग पूर्णतः निरक्षर थे और उनका आम तौर पर अपने गावो के साथ अब भी घनिष्ठ संबंध बना हुआ था। उन पर अब भी मध्ययुगीन धार्मिक तथा जातिगत परंपराओं का बहुत गहरा असर कायम था। इन मजदूरो की वर्ग चेतना अभी प्रारंभिक अवस्था में ही थी लेकिन रहन सहन और कामकाज की भयंकर अवस्थाएं उन्हे जब-तब अपने बुनियादी आर्थिक अधिकारो की मांग करने के लिए स्वतःस्फूर्त संघर्ष की तरफ ढकेलती रहती थी।

साम्राज्यवादियों के उद्योगों का प्रभुत्व उपनिवेशों के स्थानीय औद्योगिक बूर्जुआजी के तीव्र विकास में बाधक था। क्योंकि बूर्जुआजी के लिए अपने से अधिक सुविधाजनक स्थिति वाले उन्नत पूंजीवादी देशों के बूर्जुआजी के साथ प्रतिस्पर्धा कर पाना लगभग असंभव था। इन परिस्थितियों में उसे मजबूर होना पड़ा कि वह अपने को व्यापार तथा लघु औद्योगिक उद्यमों तक ही सीमित रखे जिनके लिए बड़े पैमाने की पूंजी निवेश अपेक्षित नहीं था और जो आसानी से जल्दी ही पूरी हो सके। साम्राज्यवादियों ने जिनका औपनिवेशिक तथा पराधीन देशों को अपने कृषिजन्य पदार्थों तथा औद्योगिक कच्चे मालों का स्रोत बनाए रखने में निहित स्वार्थ था इन देशों के औद्योगीकरण के, प्रधान उत्पादन साधनों के उत्पादन के क्षेत्र में अनेक अवरोध खड़े कर दिए थे।

उपनिवेशों तथा पराधीन देशों में साम्राज्यवादी शक्तियों के समर्थन का मुख्य आधार थे प्रतिक्रियावादी भूस्वामी और व्यापार में बिचौलियों की हैसियत से मालामाल होनेवाले दलालगण (कंप्रडोर) लोग। अधिकांश जमीन के बड़े-बड़े भूस्वामियों के हाथों में संकेंद्रण ने कम जमीनवाले और भूमिहीन किसानों का कमरतोड़ लगानों द्वारा, जो सामंती युग के चारित्रिक लक्षण थे, शोषण सुगम बना दिया था। भूस्वामी लोग नाना प्रकार की तिकड़मों और तरीकों से किसानों से उनकी अधिकांश पैदावार से वंचित कर देते थे। इसी के कारण कृषि की पूंजीवादी विधियां अपनाने में भी उनकी कोई दिलचस्पी नहीं थी। भूस्वामियों और समृद्ध किसानों के लिए महज कुछ औद्योगिक फसलों की खेतीबारी के वास्ते ही बंधुआ मजदूर रखना और बड़े फार्मों का संगठन करना अधिक लाभजनक सिद्ध होता था।

कृषक समुदाय के स्तरण की प्रक्रिया प्रखर हो रही थी, लेकिन उसका एक बहुत छोटा सा हिस्सा ही फूलफल सकने की स्थिति में था किसानों का विपुल बहुभाग बरबादी का शिकार हो गया, अपनी जोत-जमीनों से हाथ धो बैठा और व्यवहार में शक्तिशाली भूस्वामियों के ऋणदासों जैसा बन गया।

इन देशों में मेहनतकश जनसाधारण ही नहीं, अपितु राष्ट्रीय बूर्जुआजी को भी प्रशासन में किसी भी प्रकार की सहभागिता प्राप्त नहीं थी और वे सतत उत्पीड़न तथा भेदभाव के शिकार थे। राजनीतिक, प्रशासनिक तथा विधिक – सभी शक्तियां उपनिवेशवादियों और स्थानीय प्रतिक्रियावादी वर्गों में उनके गुर्गों के हाथों में ही थीं। इन सभी कारकों के परिणामस्वरूप औपनिवेशिक जनगण और साम्राज्यवादियों के बीच अशाम्य अंतर्विरोध पैदा हो गये थे।

अर्ध-औपनिवेशिक देशों में महनतकश जनता और राष्ट्रीय पूर्जुआजी को भ्रष्ट निरंकुश शासकों, बड़े भूस्वामियों और नौकरशाही के प्रत्यक्ष विरोध का सामना करना पड़ता था। वास्तव में ये शासक साम्राज्यवादी शक्तियों के हाथों में आज्ञाकारी कठपुतलों से ज्यादा कुछ भी नहीं थे। यह साम्राज्यवादियों के हित में था कि अर्ध औपनिवेशिक देशों का आर्थिक तथा राजनीतिक पिछड़ापन बरकरार रहे। लेकिन कालातीत सामंती शासकों के मुख्य आधार के रूप में साम्राज्यवादियों की इस भूमिका को अभी इन देशों के बहुत से प्रगतिशील तत्व भी पूरी तरह से नहीं समझ पाये थे।

बीसवीं शताब्दी के आरंभ तक एशिया तथा उत्तरी अफ्रीका के सभी देशों में सामंतवाद और विदेशी साम्राज्यवादियों के विरुद्ध संघर्ष सर्वोपरि महत्व का कार्यभार बन चुका था। इस संघर्ष में सफलता पाये बिना उनका स्वतंत्र राष्ट्रीय विकास असंभव था। इन देशों के विभिन्न प्रदेशों के बीच घनिष्ठतर संबंधों के पैदा होने से और आतरिक मंडी के विकास से, यद्यपि वह मंद गति और असमान रूप से ही हो रहा था, राष्ट्रों की उत्पत्ति में योगदान मिला। कितने ही औपनिवेशिक तथा पराधीन देश में आबादी अनेक भिन्न भिन्न कौमों और जातीय समूहों से मिलकर बनी हुई थी। इसलिए इन इलाकों में राष्ट्रों का उदय एक अत्यंत जटिल प्रक्रिया थी। उदाहरण के लिए उस्मान साम्राज्य में विभिन्न गैर-तुर्क जनगण में राष्ट्रों के उदय की प्रक्रिया स्वयं तुर्कों में उसकी समातर प्रक्रिया से कहीं अधिक आगे बढ़ी हुई थी। इस साम्राज्य में अरब, मकदूनी और अल्बानी जन अपने आपको तुर्क स्वेच्छाचारी शासन के जूए से मुक्त करने और अपने स्वाधीन राज्यों की स्थापना करने के वास्ते संघर्ष कर रहे थे।

भारत, इंडोनेशिया और फिलिपीन तथा कुछ अन्य औपनिवेशिक देशों में राष्ट्रों के उदय में दो समातर प्रक्रियाएं देखने में आती थी – कुछ राष्ट्र किसी जाति विशेष के विकास के आधार पर उदित हुए थे, जैसा कि भारत में गुजरातियों, बंगालियों और मराठों के मामले में, इंडोनेशिया में जावाइयों के मामले में और फिलिपीन में तागालोग जनों के मामले में था, तो कुछ अन्य राष्ट्रों का उदय विभिन्न जातियों के विलयन के परिणाम स्वरूप हुआ था। औपनिवेशिक देशों में विभिन्न जातियों के लोगों के विदेशी साम्राज्यवादी प्रभुत्व के विरुद्ध संघर्ष में सामान्य हितों ने उनमें राष्ट्रीय स्तर पर घनिष्ठतर एकता का पथ प्रशस्त किया और उदीयमान बूर्जुआ राष्ट्रवादी आदोलनों को सार्वदेशिक स्वरूप प्रदान किया। इन देशों में स्थानीय बुद्धिजीवी समुदाय इस वर्धमान सामतवाद-विरोधी तथा साम्राज्य वाद विरोधी संघर्ष का प्रवक्ता बन गया।

इस बुद्धिजीवी समन्वाय के सर्वप्रथम प्रतिनिधि विशपाधिकारभोगी सभ्रात वर्गों क सदस्य थ। उनम स कइ लोगों को विल्गो म शिक्षा अर्जित करन का अवसर प्राप्त हो चुका था। लेकिन इसी क साथ साथ अर्ध औप निवेशिक देशों म आधुनिक धर्मनिरपक्ष शिक्षा का प्रसार भी शुरू हो गया था। उपनिवेशवादियों न सरकारी निकायो तथा निजी प्रतिष्ठानो क लिए आवश्यक अवर कर्मी प्रशिक्षित करने और डाक्टरो तथा वकीलो का इतजाम करन क वास्ते स्कूल, विशेष प्रशिक्षण सस्थाए और विश्वविद्यालयो तक खोलना शुरू कर दिया था।

यूरोपीय शिक्षा के सीमित पैमान पर प्रचलित किय जाने का एक और उद्देश्य स्थानीय निवासियो पर अपना वैचारिक प्रभाव डालना और उनम अपन साम्राज्यवादी शासकों तथा उनकी सस्कृति की श्रेष्ठता को स्वीकार करन की भावना पैदा करना भी था। तथापि साम्राज्यवादी अब इस स्थिति म नही रह गये थे कि इन देशो के युवजन मे और मुख्यतया विशेषाधि-कारहीन वर्गों स आनवाले बुद्धिजीवियो म प्रगतिशील विचारो के प्रवेश को रोक सकें।

उन्नीसवी शताब्दी के अत मे ही भारत के अंग्रेज अधिपतियो को छात्र समुदाय म प्रतिरोध की बढती भावना और क्रातिकारी तथा राष्ट्रवादी विचारो के प्रभाव न चिंतित करना शुरू कर दिया था। वाइसराय लार्ड कर्ज़न न इस उद्देश्य स एक विशेष विश्वविद्यालय सुधार प्रवर्तित किया कि विश्वविद्यालयो म जनवादी विचार रखनवालो का प्रवेश पाना अधिक कठिन बनाया जा सके।

इन देशो म बूर्जुआ तथा भूस्वामी तबको म जन्मे बुद्धिजीवियो न जो अपन यहा विद्यमान व्यवस्था के आलोचक थे सर्वप्रथम और सर्वोपरि स्वय अपने ही वर्गो के हितो का अनुरक्षण करन के लिए प्रशासन म सह भागिता पाने की माग की और आर्थिक सुधार करन का तकाज़ा किया। समाज के विशेषाधिकारभोगी सस्तर का एक अत्यल्प हिस्सा ही क्रातिकारी निम्न बूर्जुआ बुद्धिजीवियो के साथ मिलकर अधिकारहीन एव उत्पीडित महनतकश जनसाधारण क पक्ष म आवाज बुलद कर सका।

किन्तु उदीयमान राष्ट्रीय बूर्जुआ वर्ग का अपन वर्ग हितो के अनुरक्षणार्थ सघर्ष साथ ही साम्राज्यवाद तथा सामतवाद के विरुद्ध निदेशित राष्ट्रीय और सामान्यत जनवादी स्वरूप का सघर्ष भी था। अत समाज क सभी वर्ग उसकी सफलता मे रुचि रखते थे। इन सभी देशो म इस समय तक राष्ट्रीय एकता और सबद्धता के लिए आवश्यक पूर्वापेक्षाए पैदा हो चुकी थी।

इस प्रकार, बीसवी शताब्दी के आरभ तक एशिया के बहुत स देशो म बूर्जुआ क्राति के लिए परिस्थितिया परिपक्व हो चुकी थी। पर इमी

सविधान के स्वीकार किये जाने की खुशी मे जुलाई, १६०८ मे इस्तबूल मे जलूस

क्रातियो का सपन्न करन क अवसरा उनक पैमाना और सभाव्य परिणामा म देश देश म वैभिन्य था जा अनक आतरिक तथा बाह्य कारका पर निर्भर करता था।

अपराजय समझे जानवाल ज़ारशाही रूस की जापान के साथ युद्ध म पराजय और विशेषकर १६०५-१६०७ की रूसी क्राति न एशिया क जनगण की राष्ट्रीय चेतना क जागरण और उनके साम्राज्यवाद विरोधी तथा सामतवाद विरोधी सघर्ष पर जबरदस्त प्रभाव डाला। लेनिन न उस समय कहा था विश्व पूजीवाद और १६०५ के रूसी आदोलन न अतत एशिया को जागत कर दिया है।

१६०५ की रूसी क्राति मजदूर वर्ग के नेतृत्व म की जानेवाली इतिहास की सवप्रथम बूर्जुआ जनवादी क्राति थी। पहल की किसी भी अन्य बूर्जुआ क्राति के मुकाबले रूसी क्राति ने अपने सामन समाज म दूरगामी लोकतात्रिक परिवर्तन पाने का कार्यभार रखा था। इसने उसे ससार के कई देशो क वास्ते एक उदाहरण और नमूना बना दिया था। यह बात जैसा कि स्वाभाविक भी था पूर्व के उन देशा क बार म विशेषकर सही थी, जिन्हे ऐसी समस्याओ का सामना करना पड रहा था कि जो बूर्जुआ क्राति का तकाजा करती थी। यह एक

एसी अवस्था थी, जिसस होकर अधिकाश पश्चिमी देश बहुत पहल ही गुजर चुक थे।

रूस की घटनाओं न रूसी साम्राज्य के सीमावर्ती एशियाई देशो पर विशेषकर प्रबल प्रभाव डाला, जो जारशाही के साम्राज्यवादी प्रसार क लक्ष्य रह थे लेकिन साथ ही जिनपर नम्र अर्से से प्रगतिशील रूसी जनवादियों क विचारो की छाप भी पडती जायी थी।

रूस के सीमावर्ती देशो के अनेक आप्रवासियो – बाकू तथा मध्य एशिया म ईरानियो, साम्राज्य क सुदूर पूर्व म कोरियाइयो और चीनी पूर्वी रेलवे क निर्माण पर काम करनेवाले चीनियो – न जारशाही शासन क खिलाफ १९०५ की क्राति म रूसियो क साथ-साथ भाग लिया था। बाद म वे क्रातिकारी विचारो और अनुभव को अपने साथ अपने अपने देशो म ले गये।

१९०५-१९११ की फारसी क्राति

फारस म सामती समाज का सकट विदेशी पूजी के भारी अतर्वाह के कारण और भी ज्यादा सगीन हो गया था। फारस पर ब्रिटेन और रूस का जो दु सह कर्ज लद गया था, उसने सरकार को इन दोनो साम्राज्यवादी शक्तियो को और भी ज्यादा व्यापारिक रिआयते और विशेषाधिकार प्रदान करने क लिए मजबूर किया। १९०१ मे ड'आर्सी नामक ब्रिटिश व्यवसायी न उत्तरी सूबो को छोडकर शेष सारे ही फारस म तेल का निष्कर्षण करने की रिआयत हासिल कर ली। आगे चलकर यही रिआयत एग्लो-पर्शियन आइल कपनी की स्थापना का आधार बनी जो फारस क औपनिवेशिक दासीकरण म साम्राज्यवाद के मुख्य साधनो मे एक थी। देश की वित्तीय व्यवस्था पर अग्रेजो क इपीरियल बैंक आफ पर्शिया का प्रभुत्व था जिसकी देश मे ढेरो शाखाए थी और जिसे मुद्रा जारी करने का अधिकार भी था। उत्तर म रूसी-फारसी बैंक का बोलबाला था। सीमाशुल्क तथा उत्पादन शुल्क (आबकारी) बेल्जियनो क हाथो म थे। शाह के खास अनुरोध पर रूसी अफसरो की सहायता स और उनकी कमान म एक कज्जाक ब्रिगेड की स्थापना की गयी थी, जो पूरी तरह स शाह के प्रति वफादार थी।

शाह मुजफ्फरुद्दीन और उसके सामती अधिकारियो न मेहनतकशो क शोषण को और तेज कर दिया। शाही खजाने का अधिकाश धन और विदेशी कर्जों क जरिये हासिल ज्यादातर धन भी शाही दरबार म और उसक मुसाहिबो द्वारा खर्च किया जाता था। इन सभी बातो से देश म असतोष लगातार बढता जा रहा था। देश के विभिन्न भागो म लगातार स्वतस्फूर्त बगावते भडक रही थी। सेना म भी जहा सैनिको का अक्सर महीनो वेतन नही मिलता

तेहरान मे ब्रिटिश दूतावास के अहाते मे बस्त

था इस तरह के विद्रोह फूटते रहते थे। शहरी आबादी के अधिकाधिक आशक शाह और उसके गुरगो की निरकुशता पर लगाम लगाने की आवश्यकता महसूस करते जा रहे थे।

कमज़ोर फारसी बूर्जुआजी, जिसके पास कोई राजनीतिक पार्टी या सगठन नही था भूस्वामी वर्ग का एक हिस्सा जिसकी जागीरे इस समय तक वाणिज्यिक आधार पर सचालित की जाने लगी थी, और मजहबी नेता तक जिनके आर्थिक तथा राजनीतिक विशेषाधिकारो का शाह की सरकार द्वारा उल्लघन किया जा रहा था सभी सुधार आदोलन का समर्थन कर रहे थे। इस तनावपूर्ण वातावरण मे रूसी क्राति का प्रभाव आवेगकारी सिद्ध होना ही था। मामूली से मामूली बहाना भी व्यापक क्रातिकारी आदोलन के प्रवाह को उन्मुक्त कर देने के लिए काफी साबित हो सकता था।

१२ दिसबर १९०५ के दिन तेहरान मे कुछेक व्यापारियो की गिर

ग्नारी और उनके साथ दुर्व्यवहार ने जिन्होंने कमरतोड करों और शाह के एक बेरहम गुरगे के खिलाफ विरोध प्रदर्शित किया था देश भर मे सख्त नाराजगी पैदा कर दी। बाजार और दस्तकारी कारखाने बद हो गये। एक मसजिद मे विशेष जनसभा की गयी जिसमे कई घृणित सरकारी अधिकारियों के बरखास्त किये जाने की और जनता की शिकायतो को जानने के लिए एक विशेष आयोग के नियुक्त किये जाने की माग रखी गयी। इस सभा को बलप्रयोग द्वारा भग कर दिया गया जिससे जनता की नाराजगी और बढ गयी। विरोध प्रदर्शनार्थ कई धार्मिक नेता राजधानी छोडकर चले गये और एक मसजिद मे बस्त (शब्दश बद या एकत्र यहा आश्रय) ले लिया। उनके साथ वहा कोई दो हजार व्यापारी और दस्तकार आकर शामिल हो गये। उन्होंने शाह के पास और अन्य नगरो मे अपने प्रतिनिधि भेजे। शीराज और मशहद मे बलवे शुरू हो गये। वे राजधानी मे भी जारी रहे, जहा नगर सेना का कुछ हिस्सा भी उनमे भाग ले रहा था।

इस जनव्यापी आदोलन से घबराकर शाह कई रिआयते देने के लिए तैयार हो गया और उसने अपने सामने पेश की गयी मागो को भी पूरा करने का वचन दिया। उसने तेहरान तथा करमान के सूबेदारो को जो विशेषकर अलोकप्रिय थे, हटा दिया और एक आज्ञप्ति जारी करके एक अदालतखाना या न्यायसदन स्थापित कर दिया। इस पर बस्तदार राजधानी लौट आये। लेकिन शाह की सरकार अपने वचनो को पूरा करने की कोई जल्दी मे नही थी, क्योकि उसे आशा थी कि वह आदोलन पर काबू पा लेगी। उधर जन असतोष का ज्वार चढता ही चला जा रहा था। १९०६ की गरमियो मे राजधानी मे हथियारो के बल से प्रदर्शनकारियो की एक भीड का, जिसने सुधार के एक लोकप्रिय पैरोकार को गिरफ्तारी से छुडा लिया था, विसर्जित किया जाना जनव्यापी सघर्ष का सूचक बन गया। एक बार फिर दूकाने और बाजार बद हो गये और कुछ ही समय के भीतर तेहरान की सडके लोगो की भीडो से भर गयी जिन पर शाह की सेना ने गोलिया चलायी। १५ जुलाई को २०० धार्मिक नेता राजधानी से कुम रवाना हो गये। अगले दिन तेहरान के प्रमुख व्यापारियो के एक जत्थे ने ब्रिटिश दूतावास के बाग मे बस्त। कुछ ही समय के भीतर बस्तगार होनेवालो की सख्या १३,००० हो गयी। उन्होंने अपनी मागो को एक दरख्वास्त मे लिखा, जो शाह के हाथो मे दी गयी और कुम तथा अन्य नगरो को भी भेज दी गयी। इन मागो को सघर्ष का कार्यक्रम मान लिया गया। इस बार पुरानी मागो के अलावा एक नयी माग और शामिल कर ली गयी थी और यह थी सविधान बनाने व लागू करने की मजलिस या ससद के कायम किये जाने की माग। इस नयी माग का बहुत से नगरो मे समर्थन

किया गया। कुम म इमामो और मुल्लाओ न एलान कर दिया कि अगर शाह दस्तदार होनेवाला की मागा को मजूर नही करगा, तो व देश को छोडकर चले जायग। शाह न एक बार फिर कई रिआयते द दी–उसन तत्कालीन प्रधान मत्री को बरखास्त कर दिया और उसकी जगह मुशीरुद्दौला को प्रधान मत्री नियुक्त किया, जो अधिक उदार था। अगस्त क आरभ म मजलिस के समाह्वान के लिए चुनावो की घोषणा की गयी। इसके बाद बस्तनशीन बिखर गय और बाजार फिर से खुल गय।

चुनाव द्विस्तरीय और अलोकतात्रिक थे, क्योकि उनमे किसाना और उजरती मजदूरा को भाग नही लेने दिया गया था। इसके बावजूद इन चुनावो न, जो फारस क इतिहास म पहले चुनाव थे, जनसाधारण म विशेषकर नगरो म बहुत उत्तेजना पैदा की।

फारसी आजरबैजान की राजधानी मे जिस पर शाह के घोर प्रतिक्रियावादी बेटे और वारिस मोहम्मद अली का शासन था आबादी ने चुनावो म विशेषकर बहुत सक्रियता स भाग लिया। चुनाव मे बाधा डालने के मोहम्मद अली क प्रयासो न तब्रीज नगर तथा उसके आसपास क इलाके की आबादी को उद्वेलित कर दिया। इन्ही इलाको म सर्वप्रथम जनव्यापी सामाजिक राजनीतिक सगठना–अजुमनो–की स्थापना की गयी थी। जल्दी ही इस प्रकार क सगठन देश क अन्य भागो म भी पैदा होन लग गय। इनमे व्यापारी दस्तकार शहरी गरीब और यहा तक कि कुछ प्रतिक्रियावादी तबको क प्रतिनिधि भी शामिल होते थे। इन अजुमनो क कार्यकलाप का वास्तविक स्वरूप अधिकाशत उनकी सरचना पर और उनम जनवादी तत्वो की सख्या पर निर्भर करता था। राजधानी म जो बहुत स अजुमन थ उनम स एक तो काजर शहजादो का कायम किया अजुमन भी था। लकिन अधिकाश मामला म य अजुमन जनसाधारण की सामतवाद विरोधी आकाक्षाओ को ही व्यक्त करते थ। बहुत से शहरो म अजुमनो न स्थानीय प्रशासन को व्यवहार म अपन नियत्रण म ले लिया था।

फारस क उत्तरी सूबो म रूसी क्राति क प्रभाव के परिणामस्वरूप इन सूबो म भी और उन फारसिया म भी जो अपना देश छोडकर पार काकेशिया चले गय थ पहले गुप्त जनवादी राजनीतिक सगठना–मुजाहिद अजुमना–की स्थापना हुई। इन सगठना म व्यापारी दस्तकार शहरा क निर्धन लोग मजदूर और मजहबी पदसोपान क निम्नपदस्थ लोग शामिल थ। मुजाहिदो न आमूल बूर्जुआ जनवादी सुधारा की माग सामने रखी। इन सगठना म प्रमुख भूमिका निम्न-बूर्जुआ तत्वा की थी।

अक्तूबर १९०६ म पहली मजलिस का उद्घाटन हुआ। उसके सदस्या म स अधिकाश क अलोकतात्रिक झुकावा क बावजूद उसक इजलासो

फारस का सावैधानिक राजतंत्र में रूपांतरण एक प्रगतिशील कदम था लेकिन फिर भी इसका यह मतलब नहीं था कि शाह और प्रतिक्रियावादी अभिजात अपनी पुरानी सत्ता और विशेषाधिकारों को छोड़ देने के लिए तैयार हो गये थे।

संविधान के अंगीकृत किये जाने के साथ बूर्जुआज़ी, उदार भूस्वामियों और धार्मिक नेताओं ने यह मान लिया कि क्रांति पूरी हो गयी है। वे सावैधानिक सम्राट के साथ सहयोग करने के लिए तैयार थे। लेकिन मोहम्मद अली ने जो इस बीच अपनी वफादार फौजों को राजधानी के पास बुला चुका था १९०७ के शरद में प्रतिक्रांतिकारी सत्ता परिवर्तन का अपना पहला प्रयास किया। मुजाहिद संगठनों की पहल पर गठित अवामी अंजुमनों और फिदाई टुकड़ियों ने संविधान की रक्षा के लिए हथियार उठा लिये। तब्रीज के अंजुमन ने शाह का तख्ता उलट देने की आवाज उठायी। प्रतिक्रांति के प्रयास को कुचल दिया गया। लेकिन इधर जनसाधारण की बढ़ती हुई सक्रियता से उदारवादी तत्व डरने लग गये थे जिनका मजलिस में बहुमत था। उन्होंने शाह के साथ सौदेबाजी कर ली, जिसने कुरान पर हाथ में रखकर संविधान का पालन करने की झूठी कसम खायी। किन्तु जून १९०८ तक फिर साफ हो गया कि एक और प्रतिक्रांतिकारी सत्ता परिवर्तन की तैयारियां की जा रही हैं।

जनवादी शक्तियां संविधान को बचाने के लिए गोलबंद हो गयीं, लेकिन उदारवादियों द्वारा नियंत्रित मजलिस ने शांति बनाये रखने की अपील की और एक बार फिर शाह के साथ समझौता करने का प्रयास किया। २२ जून के दिन राजधानी में आपात स्थिति की उद्घोषणा कर दी गयी और अगले दिन ल्याखोव नामक रूसी कर्नल की कमान में कज्जाक ब्रिगेड ने मजलिस को भंग कर दिया। मजलिस की रक्षा के लिए आनेवाली फिदाई टुकड़ियों को तोपखाने के बल पर कुचल दिया गया। तेहरान में आतंक का दौरदौरा शुरू हो गया। मजलिस के वामपंथी सदस्यों और राजधानी के जनवादी अंजुमनों के बहुत से नेताओं को, जिन्होंने क्रांति की जय जयकार करने और शाह की आलोचना करने की हिम्मत की थी तथा कितने ही पत्रकारों और शायरों को पकड़ लिया गया और यंत्रणाएं दे देकर मार डाला गया या प्राणदंड दे दिया गया।

फिर भी तेहरान में यह बलात सत्ता परिवर्तन क्रांति के अंत का द्योतक नहीं था। उसका मुख्य केंद्र अब विद्रोही तब्रीज था जिसे प्रतिक्रांतिकारी शक्तियां तेहरान की जून की घटनाओं के बाद सर करने में नाकामयाब रही थीं। तब्रीज में सत्ता अंजुमन के हाथों में थी। अधिकांश उदारपंथियों ने अंजुमन का समर्थन करना बंद कर दिया लेकिन दस्तकारों, किसानों

और क्रांतिकारी बूर्जुआ तत्त्वों के प्रतिनिधियो के शामिल हो जाने से उसकी ताकत और बढ गयी।

अजुमन के प्रतिरोध का आधार फिदाई टुकडिया थी, जिनमे कुल कोई २०,००० शस्त्रधारी थे। नगर की रक्षा का सगठन भूतपूर्व किसान और मुजाहिद नेता सत्तार तथा बाकिर के हाथो मे था। शहर मे क्रातिकारी व्यवस्था की स्थापना की गयी और चोरबाजारी को रोकने के लिए कठोर उपाय अपनाये गये। तब्रीज विद्रोह स्पष्टतया क्रातिकारी जनवादी स्वरूप का था।

चीन मे क्रातिकारी लहर

पूर्व के देशो मे इस काल मे राजनीतिक चेतना और क्रातिकारी सक्रियता का जो प्रसार हो रहा था उसने चीन मे विशेषकर प्रभावोत्पादक आकार ग्रहण किया। राष्ट्रीय चेतना और देशप्रेम की भावना के विकास ने केवल बुद्धिजीवी समुदाय और छात्रो की कतारो मे ही नही बल्कि आबादी के दूसरे सस्तरो (राष्ट्रीय बूर्जुआजी प्रगतिशील मजदूर आदि आदि) मे भी क्रातिकारी विचारो के प्रसार मे सहायता की। स्वतत्रता तथा स्वाधीनता के विचारो के प्रचार मे और क्रातिकारी सगठनो की स्थापना मे सुन यात सेन (१८६६-१९२५) ने बहुत महत्वपूर्ण भूमिका अदा की थी।

चीनी उत्प्रवासियो तथा छात्रो मे क्रातिकारी विचारो के प्रसार रूसी क्राति की खबर और स्वय चीन मे होनेवाले नानासख्य विप्लवो ने सुन यात सेन को सभी मचू विरोधी सगठनो का एक नये जनव्यापी क्रातिकारी सगठन – चीन नवजागरण समाज – मे ऐक्यबद्ध करने की आवश्यकता का अहसास करवाया।

१९०५ के वसत मे ब्रसेल्स मे क्रातिकारी चीनी छात्रो की एक सभा मे सुन यात सेन ने जनता के तीन प्राथमिक तत्वो – राष्ट्रवाद जनतत्र और जन कल्याण – के अपने प्रसिद्ध सिद्धात को प्रतिपादित किया। चीन मे उस समय व्याप्त परिस्थितियो मे इन तत्वो का निहितार्थ था मचू राजवंश का तख्ता उलटा जाना लोकतान्त्रिक गणराज्य की स्थापना और भूस्वामित्व के समान अधिकारो का प्रवर्तन। इन तत्वो ने वह मच प्रदान किया जिस पर उसी साल विभिन्न चीनी क्रातिकारी सगठनो ने चीनी क्रातिकारी सघ की स्थापना की। इस पार्टी मे सिर्फ बूर्जुआ लोकतत्रवादी तत्व ही नहीं बल्कि राष्ट्रीय बूर्जुआजी के प्रतिनिधि अधिक प्रगतिशील भूस्वामियो के कुछ अशक और क्रातिकारी छात्र भी शामिल हो गये। उन सभी का एक ही सामान्य लक्ष्य था – चीन मे मचूरी शासन का खात्मा करना। सुन यात

सन का चीनी क्रांतिकारी संघ का अध्यक्ष चुना गया और उसने तुरंत ही क्रांतिकारी विप्लव की तैयारियां शुरू कर दीं। चीनी क्रांतिकारी संघ ने "जनता" नामक समाचारपत्र की स्थापना की, जिसे तोक्यो में छापा जाता था। लेनिन ने यह कहते हुए सुन यात सेन के कार्यक्रम का स्वागत किया था कि "सुन यात सेन के कार्यक्रम की हर पंक्ति जुझारू तथा सच्चे जनवाद की भावना से ओतप्रोत है।"

चीनी क्रांतिकारी संघ ने एक ऐसे समय अपना काम शुरू किया था कि जब देश पहले से ही क्रांतिकारी उफान की जकड़ में आया हुआ था। देश के दक्षिणी और दक्षिण पश्चिमी भागों में १९०६-१९११ की अवधि में कई जन विद्रोह हुए थे। १९०६ में चीन के इतिहास में सर्वप्रथम मजदूर विद्रोह हुआ (क्यांगसी प्रांत के पिंगस्यांग नगर में)। १९०७-१९०८ में क्वांगतुंग, क्वांगसी, युनान तथा आन्ह्वेइ प्रांतों में किसानों, दस्तकारों और निम्न बूर्जुआ तत्वों के विद्रोह हुए। १९१० में चांगशा तथा शांतुंग प्रांतों में कृषक विद्रोह फूट पड़े। ये सभी विद्रोह खराब संगठन और सेना तथा देश के अन्य भागों में जनसाधारण के साथ अपर्याप्त संबंधों के कारण असफल सिद्ध हुए।

सुन यात सेन और उसके नेतृत्व में चीनी क्रांतिकारी संघ ने इन सभी क्रांतिकारी सरगरमियों के संगठन में सक्रिय भाग लिया। उन्होंने ऐसे सभी विद्रोह स्थलों पर अपने प्रतिनिधि भेजे और वहां हथियार और धन, आदि पहुंचाने की व्यवस्था की। हाल की असफलताओं के अनुभव को ध्यान में रखते हुए चीनी क्रांतिकारी संघ ने "आधुनिक सेनाओं" (यूरोपीय नमूने पर गठित टुकड़ियां) के सैनिकों के बीच अपना प्रचार कार्य बढ़ा दिया। सुन यात सेन की अपील के प्रत्युत्तर में चीनी क्रांतिकारी संघ के अधिकांश सदस्य और विशेषकर उसके छात्र सदस्य सैनिकों के बीच क्रांतिकारी प्रचार करने के इरादे से सेना में भरती हो गये।

लेकिन इसके बावजूद १९१० में क्वांगचाऊ में हुआ सैनिक विद्रोह असफल रहा, क्योंकि क्रांतिकारी संघ ने अभी षड्यन्त्रकारी नीति का परित्याग करना नहीं सीखा था। २८ अप्रैल, १९११ को वहां सैनिकों का एक और विद्रोह हुआ, जिसमें उन सैनिकों ने भाग लिया था, जिन पर क्रांतिकारियों के प्रचार का प्रभाव पड़ा था। विद्रोहियों ने स्थानीय मंचूरी सूबेदार के महल पर कब्जा कर लिया, लेकिन सरकारी सेनाएं उनके मुकाबले कहीं ज्यादा शक्तिशाली थीं। विद्रोहियों ने घोर प्रतिकूल परिस्थितियों में भी वीरतापूर्वक टक्कर ली, लेकिन उन्हें कुचल दिया गया। कैद किये गये सभी विद्रोहियों को मौत के घाट उतार दिया गया। लड़ाई में मारे गये या बाद में मारे डाले गये ७२ सैनिकों के शवों को स्थानीय आबादी ने उठाकर क्वांगचाऊ के बाहर

ह्वागह्वाकाग पहाडी पर दफना दिया। कालातर म इस शौर्यपूर्ण कारनामे की स्मृति म इस सामूहिक समाधि पर एक सूचीस्तभ खडा किया गया। क्वागतुग विद्रोह की उस अतिम पराजय क बाद ' सुन यात सेन न लिखा है ' क्राति के समर्थको की सख्या दिन प्रति दिन बढन लगी थी।

१९०८ क अत म सम्राट क्वाग सू और सम्राज्ञी का लगभग एक ही साथ देहात हो गया और क्वाग सू क दो वर्षीय भतीज पू यी को सम्राट घोषित किया गया। वास्तविक सत्ता अब राजा चिन और राजा चुन (पू यी का पिता) क नतृत्व म मचूरी सामतो क हाथो म आ गयी थी। चीनी सामतो को राज्य क सभी उच्च पदो म वचित कर दिया गया।

इसन चीनी बूर्जुआजी और भूस्वामियो म सख्त असतोष पैदा कर दिया। प्रातीय परामर्शदात्री समितियो की स्थापना शिक्षा प्रणाली का पुनर्गठन, आदि कुछ सुधार लागू करन और देश म सावैधानिक राजतत्र की स्थापना का वचन देन क बावजूद सरकार इस बार असतोष को बढने म रोक नही पायी। उसन ससद क समाह्वान को कई बार टाला फिर भी क्राति की घडी लगातार अधिक निकट आती चली गयी।

१९११ १९१३ की सीन हाइ क्राति

९ मई १९११ को चीनी सरकार न एक आज्ञप्ति जारी करक हूपे हूनान तथा क्वागतुग के रेलमार्गो का और निमाणाधीन रेलमार्गो का राष्ट्रीयकरण कर दिया। यह कदम चीनी बूर्जुआजी पर एक सख्त प्रहार था जो स्वय रेलवे परियोजनाओ के निर्माण मे लगा हुआ था। २० मई को रेलमार्गो क निर्माण का कार्य अमरीकी ब्रिटिश फ्रासीसी तथा जर्मन पूजी द्वारा समर्थित एक बैक सघ (कसोर्टियम) क सुपुर्द कर दिया गया। चीनी राष्ट्रीय हितो का खुला उल्लघन करनेवाली इस कार्रवाई स सारे ही देश म सख्त नाराजगी की लहर दौड गयी। जनता के इस देशव्यापी आक्रोश क प्रत्युत्तर म सीच्वान प्रात क सूबेदार चाओ एर फग न ७ सितबर १९११ को रेलवे निमाण के राष्ट्रीयकरण क कारण भारी नुकसान उठानवाले अश धारियो के हितो की रक्षा करने क लिए शुरू किये गय आदोलन क नेताओ को गिरफ्तार कर लिया। इस कार्रवाई न जनता क धैय के प्याल को लबालब भर दन के लिए आखिरी बूद का काम किया। प्रात की राजधानी चगतू म बडा जबरदस्त विद्रोह फूट पडा। सूबेदार को मार डाला गया और उसक सिर को काटकर एक खभ पर लटका दिया गया जिस पर यह इबारत लिखी हुई थी अपनी जिदगी मे आप लोगो को ऊपर म देखना पसद करते थे। अब मृत्यु के बाद भी आप ऐसा ही करत रह।

सुन यात-सेन

चीनी क्रांतिकारी सघ न विद्रोहियो की कार्यवाइयो मे समन्वय स्थापित करने के वास्ते अपने प्रतिनिधियो को सीच्वान भेजा। अक्तूबर, १६११ म वूचाग मे भी जहा चीनी क्रांतिकारी सघ तथा दूसरे भूमिगत क्रांतिकारी सगठनो के प्रतिनिधि सक्रिय थे एक फौजी इजीनियर बटालियन ने विद्रोह कर दिया।

११ अक्तूबर १६११ को हूपे प्रात म परामर्शदात्री समिति न विद्रोहियो के साथ समझौते के अनुसार चीन को गणराज्य घोषित कर दिया। वूचाग की इन घटनाओ के बाद हाको तथा हानयाग म भी क्रांतिकारी सत्ता स्थापित कर दी गयी। एक अस्थायी क्रांतिकारी सरकार की स्थापना की गयी और क्रांतिकारी सेना का निर्माण किया गया जिसम शामिल होन के लिए मजदूरो किसानो और भूतपूर्व सैनिकों का ताता लग गया। क्रांतिकारी सेना क बनाये जान का देश मे सर्वत्र व्यापक समर्थन किया गया।

वूचाग के उदाहरण ने चीन के अन्य नगरो तथा प्रदेशो को भी ऐसा ही करने की प्रेरणा प्रदान की। इस क्रातिकारी आदोलन की प्रेरक शक्ति मज़दूर और किसान तथा बूर्जुआजी के निचले और मध्यवर्ती अशक थे।

लेकिन असल मे प्रातो मे सत्ता को क्रातिकारी होने का दिखावा करनेवाले भूस्वामियो और दलालपेशा (कप्रेडोर) बूर्जुआजी ने अपने हाथो मे ले लिया था। उन्होने जनसाधारण की क्रातिकारी सरगरमी पर लगाम लगाये रखने के लिए कोई कसर बाकी न रहने दी ताकि क्राति का मचू राजवश का तख्ता पलटने तक ही सीमित रखा जा सके।

दिसबर १६११ मे वर्षो निर्वासन मे रहने के बाद सुन यात सेन स्वदेश वापस लौटकर आया। शघाई मे उसका हर्पोन्मादपूर्ण स्वागत किया गया। २६ दिसबर, १६११ को सत्रह प्रातो के प्रतिनिधियो ने उसे नान किंग मे चीनी गणराज्य का राष्ट्रपति चुना। गणराज्य की अतत १ जनवरी १६१२ के दिन उद्घोषणा की गयी। जनता के नाम अपने घोषणापत्र मे सुन यात सेन ने लिखा था, "मै स्वेच्छाचारी शासन के विषैले अवशेषो का मूलोच्छेदन करने गणराज्य की स्थापना करने, क्राति के मुख्य लक्ष्य को कार्यरूप देने के लिए जनता के कल्याण के हितो मे काम करने और जनता की आशाओ तथा आकाक्षाओ को यथार्थ मे परिणत करने की प्रतिज्ञा करता हू।" लेकिन इस घोषणापत्र मे चीनी क्रातिकारी सघ के मूल कार्यक्रम मे सन्निहित कई मुद्दे और विशेषकर भूस्वामित्व के समान अधिकारो की माग को शामिल नही किया गया था। सुन यात सेन को अब भी जनसाधारण की शक्ति मे पर्याप्त विश्वास नही था और उसने लोकतान्त्रिक सुधारो का स्पष्ट कार्यक्रम तैयार नही किया था। उसके विदेशनीतिक कार्यक्रम मे भी सुसगतता का अभाव देखने मे आता था। विदेशी शक्तियो के नाम अपने सबोधन मे स्वतत्र तथा शक्तिशाली और समानाधिकारी चीन के लिए सघर्ष के विचार को पेश करने के ही साथ-साथ सुन यात सेन ने साम्राज्यवादी शक्तियो से इस लक्ष्य को प्राप्त करने मे चीन की सहायता करने का भी अनुरोध किया था। सुन यात सेन की सरकार बूर्जुआ क्रातिकारियो पुरानी नौकरशाही के अफसरो और उदारपथियो का गठजोड थी जिसमे उदारपथियो का प्राधान्य था।

उदारपथियो के इस प्राधान्य ने नयी सरकार की भावी नीतियो को ढाला। देश के सामाजिक आर्थिक ढाचे के आधार को बदलने या सामती अथवा साम्राज्यवादी प्रभुत्व का खातमा करने के लिए कोई कदम नहीं उठाये गये जिससे जनसाधारण की माग अतुष्ट ही रही। सरकार क्राति को पूर्णत बूर्जुआ चौखट के भीतर ही सीमित रखने के लिए कृतसकल्प थी।

इधर पीकिंग मे भी क्रातिकारी ज्वार का नियत्रण मे लाने के लिए

प्रयत्नो न चूंचुआजा और भूस्वामियों ने राजतंत्र का खात्मा करने के बाद

कदम उठाए। पू यी को गद्दी से उतार दिया गया और उसके बाद राजवंश

के अन्य सदस्यों ने भी अपने सिंहासनाधिकार का त्याग किया। उदारपंथी

जमींदारों और बूर्जुआजी ने क्रांतिकारी आंदोलन की व्याप्ति और शक्ति

से घबराकर राजनीतिक तिकड़मबाज यूआन शिह काइ के समर्थन के लिए

गोलबंद होना शुरू कर दिया। यूआन शिह काई को पीकिंग में सभी प्रतिक्रांतिकारी सेनाओं का मुख्य सेनापति नियुक्त कर दिया गया। साम्राज्यवादी शक्तियां चीनी सरकार पर लगातार ज्यादा दबाव डालती जा रही थीं और प्रत्यक्ष हस्तक्षेप की धमकियां दे रही थीं।

साम्राज्यवादी सुन तौर पर यूआन शिह काई का समर्थन करने लगे। गृहयुद्ध और विदेशी हस्तक्षेप से बचने के लिए सुन यात-सेन ने १४ फरवरी १९१२ को राष्ट्रपति पद से त्यागपत्र दे दिया और सत्ता यूआन शिह काइ को सौंप दी।

यूआन शिह काइ सरकार को क्रांतिकारी दक्षिण के नगर नानकिंग से पीकिंग ले गया जहां प्रतिक्रिया की शक्तियां बड़ी संख्या में सेनाएं उपलब्ध थीं। किसानों ने जिनकी अवस्था इस क्रांति के परिणामस्वरूप सुधरी नहीं थी जमीन और कम लगान की मांग करते हुए भूस्वामियों के खिलाफ बगावत शुरू कर दी। श्रमिक वर्ग भी फिर मैदान में उतर आया। लेकिन इन अलग-अलग विद्रोहों को यूआन शिह काई की सेनाओं ने जल्दी ही कुचल दिया। साम्राज्यवादियों ने उसकी नीतियों का अनुमोदन किया और अंतर्राष्ट्रीय बैंक संघ ने उसे एक बड़ा ऋण प्रदान किया। २५ अगस्त १९१२ को सुन यात सेन तथा चीनी क्रांतिकारी संघ के कई अन्य भूतपूर्व नेताओं ने कुछ उदारपंथियों के साथ मिलकर कुओमिताग (राष्ट्रीय दल) नामक एक नयी पार्टी की स्थापना की। उनके कार्यक्रम में भी भूस्वामित्व के समान अधिकारों का कोई भी उल्लेख नहीं था और चीनी क्रांतिकारी संघ के कार्यक्रम के अन्य सिद्धांतों को भी कम निश्चयात्मक और कम क्रांतिकारी ढंग से सूत्रबद्ध किया गया था। इस लिहाज से यह नया कार्यक्रम पश्चगमन का परिचायक था। लेकिन यूआन शिह काई को यह संशोधित रूप भी ग्राह्य नहीं था और उसने कुओमिताग के सदस्यों को घोर दमन का शिकार बनाना शुरू कर दिया।

१९१३ के जुलाई महीने में सुन यात सेन ने जनता से दूसरी क्रांति शुरू करने की अपील की। देश के कुछेक दक्षिणी प्रांतों में सेनाओं ने उसके आह्वान पर बगावत का झंडा खड़ा कर दिया लेकिन पहली क्रांति के परिणामों से निराश हुए जनसाधारण ने विद्रोही सैनिकों का समर्थन प्रदान नहीं किया जिन्हें यूआन शिह काई की सेनाओं ने जल्दी ही कुचल दिया।

इसके बाद कुओमिताग का अवैध घोषित कर दिया गया और सुन यात सेन तथा अन्य नेताओं को विदेशो मे जाकर शरण लेनी पडी। इस प्रकार इस दौर मे प्रतिक्रिया की ही विजय प्राप्त हुई थी।

क्राति के मुफ्त का सारा लाभ चीनी भूस्वामियो और दलालपेशा बूर्जुआजी को ही मिला था। जनसाधारण को और विशेषकर किसानो को न जमीन मिली और न कोई स्वतत्रताए ही जिनकी खातिर उन्होने वर्षो निस्स्वार्थ सघर्ष किया था।

लेकिन इसके बावजूद सीन हाइ क्राति ने चीनी जनता के राष्ट्रीय स्वाधीनता तथा सामाजिक उद्धार के सघर्ष मे नवजीवन का सचार करने मे अत्यत महत्वपूर्ण भूमिका अदा की थी। वास्तविकता यह है कि १९१२ मे प्राग मे हुए सम्मेलन मे एशिया की मुक्ति लाने और यूरोपीय बूर्जुआजी के प्रभुत्व को कमजोर करनेवाले चीनी जनता के क्रातिकारी सघर्ष के विश्वव्यापी महत्व ' का उल्लेख किया गया था।

लैटिन अमरीका के जनगण का मुक्ति सघर्ष

साम्राज्यवादी युग का प्रभात अपने साथ लैटिन अमरीका के देशो मे विदेशी पूजी के प्रसार की नयी लहर को लेकर आया। उस समय तक लैटिन अमरीकी देश उल्लेखनीय प्रगति कर चुके थे और उनमे से कुछ मे राष्ट्रीय बूर्जुआजी और मजदूर वर्गो का उदय हो चुका था। कितने ही देशो (उदाहरण के लिए, अर्जेटीना मेक्सिको ब्राजील और चिली) मे कृषि मे पूजीवादी स्वरूप तेजी से विकसित हो रहे थे और वहा पूजीपतिनुमा भूस्वामियो का एक सस्तर भी पैदा हो चुका था। लेकिन प्रगतिशील राष्ट्रीय विकास की यह प्रक्रिया सामतवाद के अवशेषो और विदेशी पूजी के प्रवेश द्वारा अवरुद्ध की जा रही थी। साम्राज्यवादी इजारेदारिया इन देशो को कच्चे मालो के स्रोतो और पूजी निवेश के क्षेत्रो मे परिणत करने के प्रयास कर रही थी। इसके परिणामस्वरूप लेटिन अमरीकी देशो की अर्थव्यवस्था विरूपित हो गयी जिससे वे जल्दी ही एक फसली देश बनकर रह गये। क्युबा मुख्यतया गन्ना तथा चीनी उत्पादक देश बन गया और ब्राजील काफी का, अर्जेटीना गोश्त का, बोलीविआ टिन का और मेक्सिको चादी तथा तेल का मुख्य प्रदायकर्त्ता बन गया। साम्राज्यवादी देश उन प्रतिक्रियावादी बूर्जुआ भूस्वामी गुटो का समर्थन करते थे जिनका इन लेटिन अमरीकी देशो मे अबाध प्रभुत्व था।

लेकिन इतिहास की गति को और प्रगति के प्रवाह को न स्थानीय अल्पतत्र रोक सकते थे और न विदेशी पूजी का प्रभुत्व ही अवरुद्ध कर

सकता था। विदेशी इजारेदारो के सारे प्रयासो के बावजूद स्थानीय पूजीवाद का शनै शनै विकास होने लगा और नये वर्गो तथा सामाजिक शक्तियो का उदय होने लगा। राष्ट्रीय बूर्जुआजी और पूजीपति भूस्वामियो के प्रगतिशील अशो मे यह विश्वास जड पकडता गया कि अर्धसामती अल्पतत्र के उन्मूलन के और विदेशी पूजी के प्रभुत्व के खातमे के बिना अबाधित तथा तीव्र आर्थिक और राजनीतिक विकास सुनिश्चित करना असभव होगा।

उन्नीसवी और बीसवी शताब्दियो के सधिकाल मे एक ओर तो सामती स्वरूपो का उन्मूलन करने और दूसरी ओर, विदेशी प्रभुत्व का अत करने के कार्यभार अन्योन्याश्रित हो गये और लैटिन अमरीकी जनगणो के राष्ट्रीय मुक्ति आदोलनो ने सामतवाद विरोधी तथा साम्राज्यवाद विरोधी स्वरूप ग्रहण कर लिया।

१६१०-१६१७ की मेक्सिको क्राति

इस प्रक्रिया की सबसे प्रभावशाली अभिव्यक्ति १६१०-१६१७ की मेक्सिको क्राति थी जो सपूर्ण लैटिन अमरीका के इतिहास मे स्वाधीनता सग्रामो के बाद सबसे महत्वपूर्ण घटना थी। यह पहली लैटिन अमरीकी क्राति थी कि जिसके दौरान जनता ने कालातीत सामती प्रथाओ और साम्राज्यवादी प्रभुत्व का अत करने का प्रयास किया था।

मेक्सिको तानाशाह जनरल पोरफीरिओ दिआस द्वारा अनुसृत नीतियो के परिणामस्वरूप जो राष्ट्रीय हितो के साथ पूर्णत असगत थी बीसवी सदी के आरभ तक ब्रिटेन तथा सयुक्त राज्य अमरीका के अर्ध उपनिवेश मे परिणत हो चुका था। पोरफीरिओ दिआस और उसके अनुगामी यह दावा करते थे कि मेक्सिको सिर्फ बडे पैमाने के विदेशी पूजी निवेश की सहायता से ही विकसित देश बन सकता है। ब्रिटिश और अमरीकी कपनियो ने रेलो के निर्माण और खानो के विकास के लिए तरजीही शर्तो पर रिआयते प्राप्त कर ली थी। इस समय तक भूमि के विराट विस्तार विदेशी कपनियो और स्थानीय बडे भूस्वामियो के हाथो मे आ चुके थे।

बीसवी शताब्दी के आरभ मे तेल के समृद्ध भडारो की खोज होने पर ब्रिटिश और अमरीकी तेल कपनियो ने उनको हासिल करने के लिए पूरी शक्ति से प्रयास करना शुरू कर दिया।

किसानो को अपनी जमीनो से इस हद तक मोहताज कर दिया गया था कि कुछ ही समय के भीतर कुछ राज्यो मे तो ६८ ६६ प्रतिशत किसान ऐसे हो गये कि जिनके पास नाम को भी जमीन नही रही। जनसाधारण को न केवल तानाशाह दिआस के नेतृत्व मे स्थानीय अल्पतत्र के शोषण का

ही अन्य विदेशी इजारेदारियों के शोषण से भी शिकार होना पड़ रहा था।

१९११ के शुरू तक इस देश का अंतर्विरोध अत्यधिक विषम हो चुके थे कि तभी जमीन के वास्ते संघर्ष करने के लिए उठ किसान छापामार आंदोलन शुरू हो गया। इस आंदोलन के नेता कृषक हितों के लोकप्रिय प्रतिपादक एमीलियानो सापाता (१८७९-१९१९) और पांचो (फ्रांसिस्को) वील्या (१८७७-१९२३) थे। नवजात मेक्सिकी मजदूर भी अपने वर्गशत्रु शोषण के खिलाफ संघर्ष के मैदान में उतर आया। राष्ट्रीय बूर्जुआजी और पूंजीपति भूस्वामी भी दियास गुट की सत्ता उलटने के लिए प्रयत्नशील थे, जो देश के संसाधनों को लगातार विदेशी साम्राज्यवादियों के हाथों बेचता चला जा रहा था।

क्रांति की शुरुआत अक्तूबर १९१० में हुई। मई १९११ में तानाशाही का तख्ता उलट दिया गया और लोकप्रिय उदारपंथी नेता फ्रांसिस्को मदेरो के नेतृत्व में एक नयी सरकार की स्थापना कर दी गयी। किंतु फरवरी १९१३ में मदेरो की हत्या कर दी गयी और यह रहस्योद्घाटन हुआ कि हत्या के षड्यंत्र में अमरीकी राजदूत का हाथ था। सत्ता को जनरल विक्टोरियानो ऊएर्ता के नेतृत्व में एक प्रतिक्रियावादी गुट ने हथिया लिया। लेकिन जुलाई १९१४ में जनता ने इस लुटेरे से सत्ता वापस छीनने में सफलता प्राप्त कर ली।

क्रांति ने अब एक नयी ही मंजिल में प्रवेश किया। अब व्यापक जनसाधारण संघर्ष में उतर आये और उसकी दिशा को निर्धारित करने तथा उसे लोकतांत्रिक स्वरूप प्रदान करने लगे। संघर्ष के दौर में कृषक सेनाएं क्रांतिकारी लहर की चपेट में आये हुए इलाकों के किसानों के साथ मिलकर एक कृषिक क्रांति भी कर रही थीं। आम जनता के उपक्रम और सरगर्मियों से उदारपंथी लोग भयभीत हो गये और उनके नेता वेनूस्तियानो करांसा ने सापाता तथा वील्या की किसान सेनाओं को पूरी तरह से सफाया कर देने का अभियान चला दिया। यह क्रांति साथ ही विदेशी इजारेदारों के लिए भी खतरा पेश कर रही थी और यही कारण है कि संयुक्त राज्य अमरीका ने दो अवसरों पर (१९१४ में और १९१७ में) मेक्सिकी क्रांति को कुचलने के उद्देश्य से सशस्त्र हस्तक्षेप किया। किंतु मेक्सिकी जनता के दुर्दम प्रतिरोध ने इन प्रयासों को निष्फल कर दिया। क्रांतिकारी मेक्सिको के प्रति संयुक्त राज्य अमरीका की आक्रामक नीति ने सभी लैटिन अमरीकी देशों में सख्त नाराजगी और बेचैनी पैदा कर दी और वहां के जनगण ने मेक्सिकी क्रांतिकारियों के साथ अपनी एकजुटता को व्यक्त किया।

मेक्सिकी क्रांति सामंतवाद विरोधी और साम्राज्यवाद विरोधी क्रांति थी और उसकी इस विशेषता ने उसे बूर्जुआ-जनवादी स्वरूप प्रदान कर

दिया था। लेकिन इस सघर्ष म जनसाधारण विजय नही प्राप्त कर
और इसका कारण सर्वहारा तथा कृपक समुदाय का आपस म सहवध स्था
न कर पाना था। मक्सिको म सवहारा अभी इस स्थिति म नही था
क्रातिकारी आदोलन का नतृत्व कर सक अत नतृत्वकारी भूमिका बूर्जु
ही अदा कर रहा था। बूर्जुआजी न आम जनता के साथ मिलकर दि
की तानाशाही और शक्तिशाली भूस्वामिया तथा पादरियो क अल्पतत्र
विदेशी साम्राज्यवादियो स टक्कर ली थी। लकिन जैस ही बूजुआजी
वर्ग हितो का कृपक समुदाय तथा सवहारा क वर्ग हिता के साथ टक
हुआ उसन जनसाधारण का दृढतापूर्वक विरोध करना शुरू कर दि
इसके परिणामस्वरूप गृहयुद्ध क दौरान, जो १९१५ स १९१७ तक च
रहा बूर्जुआजी और भूस्वामियो का सहवध अत म कृपक सेनाओ का परा
करन म और फिर सर्वहारा क विद्रोहो को कुचल देन म कामयाब हा गय

मक्सिकी क्राति के क्या नतीजे निकले? उसने प्रतिक्रियावादी दि
तानाशाही का तख्ता उलटा, चर्च की शक्ति को गभीर चोट पहुचायी अ
दश पर विदशी पूजी के शिकजे को कमजोर किया। यह सब करक उ
नयी बूर्जुआ व्यवस्था का सुदृढीकरण, अधिक तीव्र पूजीवादी विकास
पथ प्रशस्त किया और मक्सिको की राष्ट्रीय प्रभुसत्ता को पुष्ट किया। लै
अमरीकी दशो के जनगण की निगाहो म मेक्सिको साम्राज्यवाद के विरुद्ध स
का प्रतीक बन गया था। क्राति का एक और फल १९१७ का सविधान थ
जो क्रातिकारी आदोलन की सामतवाद विरोधी और साम्राज्यवाद विरा
आकाक्षाओ का प्रतिबिंबित करता था। यह सविधान उस समय तक सस
म सवाधिक लोकतात्रिक बूजुआ सविधान था। लकिन १९१७ क सविधा
क सारे प्रगतिशील तत्वो के बावजूद इस बात को ध्यान म रखना चाहि
कि वह वास्तविक क्रातिकारी उपलब्धिया का प्रतिनिधित्व नही करता था
प्रत्युत एक ऐसा कार्यक्रम ही था जो यह दिखाता था कि जनता का अ
क्या कुछ हासिल करन क लिए सघर्ष करना होगा। इसके अलावा, दे
का शासन अब चूकि बूजुआजी और भूस्वामी वर्ग के हाथो म चला गय
था और उन्ह उस सविधान को कियान्वित करना था इसलिए उस
बहुत स अनुच्छदो को तो आज तक भी कायरूप म परिणत नही किय
जा सका है।

मक्सिकी क्राति लैटिन अमरीका क राष्ट्रीय मुक्ति आदालन क एव
महत्वपूर्ण ऐतिहासिक चरण क अत की परिचायक थी। इस चरण म राष्ट्री
मुक्ति आन्दोलन की मुख्य विशपता यह थी कि जहा जनसाधरण ही सघर्
क मुख्य आघात को झेलत थ सबस ज्यादा कुरबानिया करत थ और
सबस भारी अभावो और कष्टो को सहत थ वहा इस सघर्ष क फला का

उपभोग उनके नही, बल्कि शासक वर्ग के भाग्य मे लिखा था। आधारभूत कार्यभार–साम्राज्यवादी प्रभुत्व का विनाश, लातीफूंदिया का अंत और प्रतिक्रियावादी निज़ामो का तख्ता पलटा जाना–अभी तक अधूरा ही था।

अतर्राष्ट्रीय मजदूर आदोलन मे क्रातिकारी और अवसरवादी प्रवृत्तिया

१९०५-१९०७ की पहली रूसी क्राति ने यूरोप के लगभग सभी बडे पूजीवादी देशो मे प्रचड वर्ग संघर्षो के एक पूरे सिलसिले का ही सूत्रपात कर दिया।

१९०९ मे स्वीडन मे, १९१२ मे ब्रिटेन मे और १९१३ मे बेल्जियम मे मजदूरो की बहुत ही जबरदस्त और व्यापक हडताले हुई। कभी कभी सर्वहारा का संघर्ष बहुत ही निश्चायक रूप ग्रहण कर लिया करता था, जैसा कि १९०९ मे स्पेन मे मजदूरो के सैन्यवाद विरोधी प्रदर्शनो मे देखने को मिला, जब बार्सिलोना की सडको पर बैरिकेड खडे कर दिये गये थे। १९१४ की गरमियो मे मिलान, वेनिस तथा इटली के दूसरे शहरो मे भी सडको पर बैरिकेड खडे किये गये और उन पर मुठभेडे हुई। किसान भी मजदूरो की सहायता करने को आ गये–उन्होने शस्त्रागारो और पुलिस बैरको को लूट लिया। पूरे एक सप्ताह भर देश आम हडताल की जकड मे आकर ठप पडा रहा। यह सप्ताह बाद मे "लाल सप्ताह" के नाम से मशहूर हुआ।

रूस का सर्वहारा अब भी अतरराष्ट्रीय मजदूर आदोलन के लिए प्रेरणा का मुख्य स्रोत बना हुआ था। प्रतिक्रिया के प्रहारो से सभल चुकने के बाद रूस के मजदूरो ने १९१० के उपरात रक्षात्मक हडतालो के स्थान पर आक्रामक हडताले सगठित करनी शुरू कर दी थी। पूर्वी साइबेरिया मे लेना तट की सोना खानो मे १९१२ मे हडतालियो पर जारशाही सेनाओ द्वारा अधाधुध गोलिया बरसाये जाने के बाद, जिसमे बहुत से मजदूर मारे गये, देश भर मे विरोध आदोलन की जबरदस्त लहर दौड गयी। क्रातिकारी उभार की इस नयी लहर ने अपने आपको देश के सभी मुख्य औद्योगिक केंद्रो मे हडताल आदोलन के तीव्र प्रसार मे अभिव्यक्त किया। हडतालियो द्वारा आयोजित सभाए और जलूस रोजमर्रा की बात बन गये। १९१४ की गरमियो मे सेट पीटर्सबर्ग की सडको पर बैरिकेड खडे हो गये और मजदूरो तथा पुलिस के बीच मुठभेडे अधिकाधिक प्रायिक होती चली गयी। रूस एक बार फिर राष्ट्रव्यापी राजनीतिक हडताल की दहलीज पर पहुच गया था।

इस प्रकार यह देखा जा सकता है कि साम्राज्यवाद के युग मे पूजीवादी

देशा के भीतर गहराते वर्ग विरोधो के परिणामस्वरूप जनसाधारण की क्रांतिकारी सक्रियता म वृद्धि आती गयी। अपनी बारी म इसन अतराष्ट्रीय समाजवादी आदोलन म क्रांतिकारी रुझान को सवधित किया। बीसवी शताब्दी के पहले डेढ दशको मे यानी प्रथम विश्वयुद्ध के शुरू होने के पहले इस सभी यूरोपीय देशो म अधिकाधिक महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करने जाना था।

रूस म एक नये ही प्रकार की पार्टी की स्थापना की जा चुकी थी, जो अपनी अनन्य क्रांतिकारिता के लिहाज से दूसरे इटरनेशनल की अन्य सभी पार्टियो म सवथा भिन्न थी। जर्मनी म सामाजिक जनवादी पार्टी का वामपक्ष कार्ल लीब्कनेख्त तथा रोजा लुक्जेमबुर्ग के नेतृत्व म अपनी कतारो को सुदृढ कर रहा था और बुल्गारिया म दिमीतर ब्लागोयेव के नेतृत्व म वामपथी या तेस्न्याकी समाजवादियो की एक अलग पार्टी स्थापित हो गयी थी। फ्रासीसी समाजवादियो की कतारो म भी उन लोगो की सख्या लगातार बढती जा रही थी जो बूर्जुआ पार्टियो के साथ सहयोग के विरोधी थे।

लेकिन इसीके साथ साथ अतराष्ट्रीय समाजवादी आदोलन म एक और अवसरवादी प्रवत्ति भी जन्म ले रही थी। इस प्रवृत्ति का सामाजिक आधार तथाकथित श्रमिक अभिजात वर्ग था। यूरोपीय सर्वहारा के इस ऊपरी सस्तर को पूजीपतियो ने खरीद लिया था, जो इसकी खातिर औपनि वेशिक लूट से प्राप्त अपने अतिलाभो का एक बहुत ही छोटा अश बलिदान करने के लिए तैयार थे। यह कहना अनावश्यक है कि मालिको की एसी जूठन पर पलनेवाले इस विशेष सस्तर के मजदूरो का पूजीवादी व्यवस्था के विलोपन म कोई निहित स्वार्थ नही था। वे बूजुआजी से आर्थिक सुधार इस वर्ग के साथ लडकर नही बल्कि सहयोग करके प्राप्त करने की कोशिश करते थे। इसके अलावा जसे जैसे समाजवादी विचार अधिकाधिक लोक प्रियता प्राप्त करते गये वसे वैसे अतराष्ट्रीय समाजवादी आदोलन म निम्न बूर्जुआजी की कतारो से भी अधिकाधिक सहगामी शामिल होते गये। समाज वादी पार्टियो म शामिल होनेवाले इन तत्वो ने सर्वहारा विरोधी मनोभावनाओ को जन्म दिया और अवसरवादी नेताओ का सहारा बने।

उन्नीसवी सदी के अत म ही फ्रेडरिक एगेल्स के देहात (१८९५) के कुछ ही बाद जर्मन सामाजिक जनवाद के एक प्रमुख नेता बर्न्स्टीन ने मार्क्सवाद को कालातीत कहकर उसमे सशोधन करने की मुहिम चलायी थी और प्रस्ताव रखा था कि समाजवादी क्राति के विचार के स्थान पर शातिपूर्ण सुधारवादी काय के विचार को स्वीकार किया जाय। पहली रूसी क्राति के समय दूसरे इटरनेशनल के बहुत से नेता उसके अतराष्ट्रीय महत्व

का स्वीकार करने के लिए तैयार नही थे और उन्होंने रूसी सर्वहारा के संघर्ष के अनुभव का अध्ययन करने और उसे अपनाने की कोई इच्छा नही प्रकट की।

रूसी क्रांति की पराजय का अवसरवादियों ने सर्वहारा क्रांतिकारी संघर्ष के सिद्धांत की खिल्ली उड़ाने के लिए और सुधारवादी तरीकों की श्रेष्ठता को प्रदर्शित करने के लिए उपयोग किया।

दूसरे इंटरनेशनल पर अवसरवादियों के बढ़ते प्रभाव ने अपने आपको उसके कुछ नेताओं द्वारा सैन्यवाद तथा साम्राज्यवादी युद्ध के खतरे के खिलाफ जो लगभग १९०५ में ही अधिकाधिक प्रत्यक्ष होता जा रहा था संघर्ष शुरू करने से इन्कार में अभिव्यक्त किया। दूसरे इंटरनेशनल की कांग्रेसों में जर्मन तथा बेल्जियन सामाजिक जनवादी पार्टियों के अवसरवादी नेता खुले तौर पर उपनिवेशवादियों के पैरोकारों की भूमिका अदा करते हुए सिर्फ पूंजीवाद ही नहीं बल्कि 'समाजवाद के अंतर्गत' भी उपनिवेशों की आवश्यकता का प्रतिपादन करते थे। डच और ब्रिटिश अवसरवादी भी साम्राज्यवादी शक्तियों के 'सभ्यता प्रसार मिशन' का गुणगान करने में उनके साथ हो जाते थे।

बोल्शेविकों का
अवसरवाद के विरुद्ध संघर्ष

क्रांति की देहरी पर खड़े देश में सक्रिय निष्ठावान क्रांतिकारी मार्क्सवादी होने के नाते रूसी बोल्शेविकों ने बर्न्सटीन द्वारा प्रतिपादित सुधारवादी सिद्धांतों की भर्त्सना करने में तनिक भी हिचकिचाहट नही प्रकट की। पूंजीवाद में सन्निहित अन्तर्विरोधों के शनैः शनैः शान्त पड़ते जाने के बारे में सुधारवादियों की जो भ्रान्तियां थीं, उनका पर्दाफाश करते हुए लेनिन ने मार्क्स के आर्थिक सिद्धांत और समाजवादी क्रांति के उनके सिद्धांत के आधारिक तत्वों का समर्थन किया। साथ ही लेनिन ने मार्क्सवाद के सर्जनात्मक सारतत्व पर और साम्राज्यवाद के युग की नयी परिस्थितियों की रोशनी में इस सिद्धांत का और अधिक विकास किये जाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया।

लेनिन और उनके समर्थकों को स्वयं रूस में भी अवसरवाद के विरुद्ध प्रचंड संघर्ष चलाना पड़ा। ऐक्यबद्ध सर्वहारा पार्टी की स्थापना करने के अपने प्रयासों में रूसी क्रांतिकारी मार्क्सवादियों ने अर्थवादियों के विरोध का सामना किया, जो सर्वहारा की स्वतंत्र राजनीतिक पार्टी की आवश्यकता से इन्कार करते थे और सर्वहारा के कार्यभारों को पूर्णतः ट्रेड यूनियन पूंजीपतियों के विरुद्ध आर्थिक संघर्ष तक ही सीमित मानते थे।

अपने साइबेरिया निर्वासन (१८९७-१९००) के दौरान भी लेनिन

न अर्थवाद की अवसरवाद के एक रूप के नाते भर्त्सना की थी। लेनिन द्वारा संस्थापित ईस्क्रा अर्थवाद के अवसरवादी अतर्य का अनथक पर्दाफाश करता रहा था। लेनिन द्वारा लिखित और १९०२ में प्रकाशित पुस्तक 'क्या करें?' ने अर्थवादियों की वैचारिक पराजय में निर्णायक भूमिका अदा की थी।

रूसी सामाजिक-जनवादी मजदूर पार्टी की दूसरी कांग्रेस के बाद बोल्शेविकों को मेन्शेविकों की अवसरवादी नीतियों के खिलाफ लंबा संघर्ष चलाना पड़ा, जिनकी यह मान्यता थी कि रूस में आसन्न क्रांति में मुख्य भूमिका बूर्जुआजी को अदा करनी चाहिए और इसलिए वे सर्वहारा से बूर्जुआजी के साथ मेल करने का इसरार कर रहे थे।

१९०५ की क्रांति की पराजय के बाद व्याप्त कठिन परिस्थितियों में, जब देश में प्रतिक्रिया का अबाध शासन था, बोल्शेविकों को अपने विद्यमान भूमिगत क्रांतिकारी संगठनों को मजबूत करना पड़ा, क्योंकि मेन्शेविक पार्टी को, जो बस भी अवैध रूप से काम कर रही थी, खत्म करने पर उतारू थे। १९१२ में प्राग में हुए पार्टी सम्मेलन में मेन्शेविक विसर्जकों को पार्टी से निकाल दिया गया और लेनिन के नेतृत्व में नयी केंद्रीय समिति को चुना गया।

रूसी क्रांतिकारी मार्क्सवादियों ने ऐसी ही दृढ़ता के साथ दूसरे इंटरनेशनल में अवसरवादी रुझानों के खिलाफ भी संघर्ष किया। अंतर्राष्ट्रीय समाजवादी कांग्रेसों में लेनिन अवसरवादी नेताओं की और विशेषकर आसन्न साम्राज्यवादी युद्ध के प्रति उनके दृष्टिकोण की तीखी आलोचना किया करते थे। इन कांग्रेसों के दौरान लेनिन वामपंथी सामाजिक-जनवादियों की विशेष बैठकों का आयोजन करते थे और अवसरवाद के विरुद्ध संघर्ष में उनकी कतारों को एकताबद्ध करने का हर संभव प्रयास करते थे।

बोल्शेविक पार्टी ही संसार की एकमात्र ऐसी बड़ी मजदूर पार्टी थी कि जिसने सर्वहारा अंतर्राष्ट्रीयतावाद के सिद्धांतों को कभी तिलांजलि नहीं दी। १९१२-१९१४ के बीच लेनिन ने राष्ट्रीय प्रश्न से संबंधित पार्टी के क्रांतिकारी कार्यक्रम के समर्थन में, जिसमें राष्ट्रों के अलग होने के अधिकार सहित आत्मनिर्णय के अधिकार की घोषणा की गयी थी, कितनी ही बार अपने विचार व्यक्त किये थे। अवसरवादियों की साम्राज्यवादी शक्तियों की औपनिवेशिक नीतियों का औचित्य सिद्ध करने की कोशिशों की तीव्र भर्त्सना करते हुए लेनिन ने सर्वहारा के हेतु के लिए औपनिवेशिक तथा पराधीन देशों के राष्ट्रीय मुक्ति आंदोलन के जबरदस्त महत्व को दर्शाया।

अठारहवां अध्याय

पहला साम्राज्यवादी विश्वयुद्ध और रूस मे जारशाही का पतन

युद्ध की पूर्वबेला मे यूरोप

उन्नीसवी तथा बीसवी शताब्दियो के सधिकाल मे जब पूजीवाद [illegible] साम्राज्यवाद की अवस्था मे प्रवेश किया तो महाशक्तियो के [illegible] द्वंद्विता और वैमनस्य भी पराकाष्ठा पर पहुचने लगा। [illegible] की अब ज्यादा गुजाइश नहीं रह गयी थी क्योकि [illegible] अधिकाश का पहले ही आपस मे बटवारा कर चुकी थी और [illegible] उनके बीच तथाकथित प्रभाव क्षेत्रो के लिए प्रचड सघर्ष [illegible] अतराष्ट्रीय सकटो का अनवरत सिलसिला जो [illegible] दावानल मे परिणत हो सकता था सारी दुनिया मे [illegible] तिक वातावरण को प्रतिबिबित कर रहा था।

इगलैड द्वारा १८९९ से १९०२ तक दक्षिणी अफ्रीका मे [illegible] तथा आरेज फ्री स्टेट के बोअर गणराज्यो के विरुद्ध [illegible] युद्ध का अत उनके ब्रिटिश साम्राज्य मे शामिल कर लिए [illegible] १९०० मे यूरोपीय शक्तियो जापान और सयुक्त राज्य अमरीका [illegible] मे हस्तक्षेप किया। १९०४ मे रूस जापान युद्ध छिड गया और [illegible] मोरक्को मे फासीसी प्रसार को रोकने के जर्मन प्रयासो [illegible] जर्मनी के पारस्परिक सबधो मे गभीर तनाव उत्पन्न हो गया। १९०८ मे आस्ट्रिया हगरी द्वारा बोस्निया तथा हर्जेगोवीना के अधिग्रहण [illegible] युद्ध मे परिणत हो जाने का खतरा पैदा कर दिया। १९११ मे फ्रास और जर्मनी के बीच दूसरा मोरक्को सकट पैदा हुआ और जर्मनी [illegible] "पैथर" को मोरक्को की समुद्री सीमा के भीतर [illegible] ताकि फ्रास को मोरक्को मे और अधिक प्रवेश [illegible] समय तक लगभग पूर्ण हो ही चुका था। १९१२ से १९१३ [illegible]

वाल्कन युद्धों में थरथराता रहा। युद्धों में भाग लेनेवाले छोटे छोटे राज्य के पीछे दो विरोधी खेमों में बँटी हुई महाशक्तियाँ ही थीं।

बीसवीं शताब्दी के आरम्भ में शक्तियों का विन्यास अंतिम रूप ले चुका था। एक तरफ जर्मनी, आस्ट्रिया हंगरी तथा इटली का त्रिपक्षीय गठबंध था और दूसरी तरफ ब्रिटेन, फ्रांस तथा रूस में निर्मित 'त्रिक सौहार्द' या एतन्त था।

दोनों ही शिविर युद्ध की सक्रिय तैयारियाँ करने में लगे हुए थे। उनके बीच हथियारों की भयंकर दौड़ चल रही थी और नये सहयोगी प्राप्त करने के लिए वे राजनयिक क्षेत्र में एक दूसरे के साथ भयंकर प्रतिस्पर्धा में उलझे हुए थे। जर्मनी ने रूस को ब्रिटेन तथा फ्रांस से अलग करने की पूरी कोशिश की। फ्रांस को इटली को त्रिपक्षीय गठबंध से निकलवाने में ज्यादा कामयाबी मिली।

युद्ध का प्रारंभ

पहला विश्वयुद्ध १ अगस्त १९१४ को शुरू हो गया। दोनों ही पक्ष दशकों से उसकी तैयारियाँ करने में लगे हुए थे और वह दोनों ही ओर से एक साम्राज्यवादी युद्ध था। तथापि युद्ध की घोषणा करने में पहल जर्मनी ने ही की। जर्मन शासक हलके और विशेषकर जर्मन सैनिक हलके युद्ध जल्दी से जल्दी छेड़ देना चाहते थे, क्योंकि जर्मनी को उस समय सैनिक श्रेष्ठता प्राप्त थी, जो कुछ समय बाद खत्म भी हो सकती थी। इस बीच बोस्निया की राजधानी सरायेवो में एक सर्व देशभक्त ने आस्ट्रियाई युवराज फ्रांज फर्डीनांड की हत्या कर दी। जर्मनी और उसके सहयोगी आस्ट्रिया हंगरी ने इस अंतराष्ट्रीय युद्ध छेड़ने के लिए इस्तेमाल किया। आस्ट्रिया हंगरी ने सर्बिया को स्पष्टतः अस्वीकार्य अल्टीमेटम देकर उसके खिलाफ युद्ध छेड़ दिया। जर्मन राजनय को इस आस्ट्रिया सर्बिया संघर्ष को यूरोपव्यापी संघर्ष में परिणत करते देर न लगी। रूस के तुरंत आम लामबंदी के एलान के जवाब में १ अगस्त को जर्मनी ने रूस के विरुद्ध युद्ध की घोषणा कर दी। ३ अगस्त को जर्मनी ने फ्रांस के विरुद्ध भी युद्ध घोषित कर दिया और ४ अगस्त को जर्मन सेनाएं बेल्जियम में घुस आयीं। बेल्जियम की तटस्थता का उल्लंघन हुआ देखकर इंगलैंड भी जर्मनी के खिलाफ युद्ध में शामिल हो गया। जर्मन सेनाओं ने जल्दी ही बेल्जियम की सेनाओं के प्रतिरोध को कुचल दिया और फ्रांस पर जा चढ़ीं।

फान श्लीफेन योजना की विफलता

युद्ध आरभ करत हुए जर्मन आला कमान अपनी सैनिक कार्रवाइया का सचालन एक विशेष योजना क आधार पर कर रही थी जिस आठ सौ साल पहल जनरल अल्फ्रेड फान श्लीफन न बडी सावधानी क साथ तैयार किया था। फान श्लीफेन की योजना म पश्चिमी मार्चे पर शत्रु का सफाया करन क लिए चार-छ सप्ताह के लटित युद्ध की और उसके बाद पूर्वी मार्चे पर भी लगभग इतन ही समय म विजय प्राप्त करन के वास्त सारा जोर लगा दन की कल्पना की गयी।

दोना मोर्चो को एक एक करक ध्वस्त कर देन पर शरद तक पूर्ण विजय प्राप्त कर ली जानी थी।

आरभ म सभी बातो स यही प्रतीत होता था कि योजना सफल हा जायगी। जर्मन सना की मुख्य शक्तिया बेल्जियम का तेजी म पार करती हुइ फ्रास म गहराई तक दाखिल हो गयी। सितबर तक व मान नदी तक जा पहुची। पेरिस अब दूर न था। फ्रासीसी सरकार को बडी जल्दी म पेरिस स बोर्दा ले जाया गया। लगता था कि फ्रास का पतन हान ही वाला है। उधर जमन अपनी विजय की खुशिया मनाना शुरू करन ही वाले थ कि तभी उनकी योजनाओ पर पानी फिर गया। घमडी जमन आला कमान न रूस की अपनी सेनाओ को थोड ही समय क भीतर लामबद कर सकन और उन्ह युद्ध क लिए तयार कर लेन की क्षमता का ठीक स नही आका था। लेकिन जमना के अनुमान क विपरीत रूस म लामबदी जल्दी ही हा गयी और जब जमन आक्रमण स घबराकर फ्रासीसी आला कमान न रूसी आला कमान स सहायता का अनुरोध किया तो रूसी सनाओ न अगस्त क अत म ही पूर्वी प्रशा पर आक्रमण कर दिया और साथ ही आस्त्रिया हगरी क खिलाफ भी बढना शुरू कर दिया। ३ सितबर का ल्वाव पर रूसी सनाओ का अधिकार हो गया।

उधर आगे बढती जर्मन सेनाओ और जनरल जाफ्र की कमान म फ्रासीसी सेनाओ मे ५ से १२ सितबर के बीच मान क तट पर एक जबरदस्त टक्कर हुइ। जमना न रूसी प्रगति स डरकर अपनी टाइ सैन्य कोर को स्थानातरित करक पूर्वी मार्चे पर भज दिया था जिसस वहा रूसियो को हारना पडा। लेकिन इसक परिणामस्वरूप मान पर जमन सना खासी कमजोर हा गयी थी और फ्रासीसियो क लिए न सिर्फ अपन मार्चे का कायम रखना बल्कि जल्दी ही एक प्रबल प्रत्याक्रमण करना भी सभव हो गया। जमना को पीछ हटन क लिए मजबूर होना पडा।

म विभाजित हो गया – जमन गुट के समाजवादी ऐटट गुट या मित्र देशा क समाजवादी और तटस्थ देशो के समाजवादी।

जान जोरेस

बोल्शेविको का युद्ध के विरुद्ध आर सकट की क्रातिकारी परिणति के लिए सघप

बाल्शविक पार्टी ही एकमात्र ऐसी पार्टी थी कि जो सवहारा अतग प्टीयतावाद क सिद्धातो क प्रति निष्ठावान वनी रही। पाच बाल्शविक प्रति निधिया को जिन्होन राज्य दूमा म युद्ध क विरुद्ध विचार व्यक्त किए गिरफ्तार कर साइबेरिया निवासित कर दिया गया। लनिन न जो उस समय स्विट्जरलड म रह रह थे सितबर १९१४ म युद्ध की अवस्थाओ म क्रातिकारी सघप का एक नया कायक्रम प्रस्तुत किया। लनिन न युद्ध को साम्राज्यवादी युद्ध की सज्ञा दनवाले और दूसर इटरनशनल क नताओ क

आचरण को सर्वहारा के हेतु के साथ विश्वासघात घोषित करनेवाले पहले समाजवादी थे। उन्होंने उन सवालों का जवाब सामने रखा कि जो उस समय हर ईमानदार समाजवादी को हर मजदूर और हर उत्पीडित आदमी को उद्वेलित कर रहे थे और ये सवाल थे—क्या किया जाय? किस रास्ते पर चला जाये?

युद्ध जनसाधारण के लिए अकल्पनीय मुसीबत और तकलीफ लाया था। उसके अनगिनत मोर्चों पर लाखों आम लोगों, मजदूरों और किसानों को इसलिए बलि चढाया जा रहा था कि कारखाना मालिक भूस्वामी जनरल और उच्च अधिकारी अपने पहले से ही भरे हुए जेबों को और भी ज्यादा भर सके। रोजी कमानेवालों के न रहने पर उनकी बीवी बच्चे भूखों मरने के लिए मजबूर हो गये। लेनिन तथा दूसरे बोल्शेविक जानते थे कि जनसाधारण इस दारुण स्थिति का अंत चाहते हैं इसलिए वे जनता की शांति की आकांक्षा का समर्थन करते थे।

लेकिन सवाल यह था कि किस तरह की शांति का लक्ष्य बनाया जाय? क्या साम्राज्यवादी शक्तियों के बीच शांति? लेनिन ने इसे पूर्णत अस्वीकार्य माना। उन्होंने कहा कि इस तरह की शांति का मतलब मात्र लडाई में विराम होगा और सत्ता फिर साम्राज्यवादियों के हाथ में आ जायेगी, जिसमें जनसाधारण का उत्पीडन चलता रहेगा और उनकी सारी कुरबानियां बेकार जायेंगी। कुछ ही समय के बाद साम्राज्यवादी मजदूरों और किसानों को फिर नरमेध के लिए भेजना शुरू कर देंगे।

लेनिन का कहना था कि स्थायी शांति को सुनिश्चित करने के लिए और भविष्य में युद्धों को असंभव बनाने के लिए या कम से कम उनके छिडने का खतरा कम करने के लिए युद्धों के कारण को दूर किया जाना चाहिए साम्राज्यवाद का तख्ता पलटा जाना चाहिए।

क्या यह संभव था? या यह निरा हवाई सपना ही था? लेनिन के बहुत से विरोधी जनता में अपने राष्ट्रीय बूर्जुआ वर्ग के साथ मेल करने का इसरार करनेवाले साम्राज्यवाद के हित साधक समाजवादी—सामाजिक साम्राज्यवादी—इसे निरा हवाई सपना ही समझते थे।

किंतु लेनिन ने दिखलाया कि साम्राज्यवादी युद्ध की अवस्थाओं ने ही साम्राज्यवाद का तख्ता उलटने के कार्यभार को पूर्णत संभव और व्यावहारिक बना दिया है। ऐसा क्यों? इसलिए कि युद्ध ने जनसाधारण की हालत को बहुत ही बदतर कर दिया था कीमतों में अभूतपूर्व वृद्धि करके लोगों को भूख और अभावों में जूझने को छोड दिया था और इस प्रकार यूरोप के अधिकांश देशों में गंभीर संकट पैदा कर दिया था। इस संकट का युद्ध के साथ अधिकाधिक गंभीर होते जाना और जनसाधारण के क्रांतिकारी जाग

का तीव्रता प्रदान करना अनिवार्य ही था। सवाल था – इस सकट का क्याकर हल किया जाय ? वर्गचेतन सर्वहारा द्वारा उसका किस प्रकार उपयोग किया जाय ? लेनिन ने इन सवालो के जवाब भी पेश किये।

लेनिन ने कहा कि स्वय शासक वर्गो ने ही आवश्यकतावश जनता का हथियारबद कर दिया है। उन्होने मजदूरो और किसानो को बदूके इसलिए दी है कि वे एक दूसरे को जान से मारे। लेकिन इन बदूको को दूसरी ही दिशा मे – पूजीपतियो भूस्वामियो और उपनिवेशवादियो की तरफ साम्राज्य वाद की शक्तियो की तरफ – भी ताना जा सकता है और ताना भी जाना चाहिए।

इस प्रकार लेनिन ने युद्धकाल के अपने सबसे महत्वपूर्ण राजनीतिक नारे का निरूपण किया – साम्राज्यवादी युद्ध को गहयुद्ध मे परिणत कर दिया जाना चाहिए। दूसरे शब्दो मे युद्ध का अत साम्राज्यवाद का तख्ता पलटन के जरिये ही किया जाना चाहिए।

लेनिन का समाजवादी क्राति का सिद्धात

यह बिलकुल स्वाभाविक ही था कि लेनिन ने साम्राज्यवादी युद्ध के वर्षो मे ही, जब वह रूस तथा दूसरे देशो के मजदूरो का युद्ध को क्रातिकारी सघर्ष मे परिणत कर देने के लिए आह्वान कर रहे थे समाजवादी क्राति के अपने सिद्धात के मूल तत्वो का पूरी तरह से निरूपण और निष्पादन किया। समाजवादी क्राति के वास्ते सघर्ष ही अब समय की सबसे बडी पुकार था।

लेनिन ने युद्धकाल मे कई महत्वपूर्ण कृतियो की रचना की जैसे 'साम्राज्यवाद पूजीवाद की चरम अवस्था सर्वहारा क्राति का युद्ध सबधी कार्यक्रम तथा अन्य। साम्राज्यवादी अवस्था मे पूजीवाद के सभी नूतनतम लक्षणो को ध्यान मे रखते हुए उन्होने सर्वहारा द्वारा नयी ऐतिहासिक परिस्थितियो मे अनुसृत की जानेवाली रणनीति और कार्यनीति का निरूपण किया। लेनिन ने मार्क्स तथा एगेल्स की शिक्षा के आधार पर साम्राज्यवाद के युग मे व्यवहार्य समाजवादी क्राति का नया सिद्धात विकसित किया।

लेनिन ने आधारभूत महत्व के दो सिद्धात प्रतिपादित किये। पहला सिद्धात यह था कि समाजवादी क्राति इसीलिए सभी देशो मे एकसाथ विजयी नही हो सकती कि वे आर्थिक तथा राजनीतिक विकास की अलग अलग मजिलो मे है। समाजवाद की पहले कुछ ही या सिर्फ एक ही देश मे विजय होना सभव है। उनका दूसरा नया सिद्धात यह था कि सर्वहारा साम्राज्यवाद

के विरुद्ध अपने संघर्ष में नये साथी प्राप्त करने लगा। दूसरे समुदाय के अलावा, जो पूंजीवादी देशों में मजदूरों का मित्र बन ही चुका था, औपनिवेशिक तथा पराधीन देशों के उत्पीड़ित जनगण भी उसके मित्र बन जायेंगे। मजदूर वर्ग का साम्राज्यवाद के विरुद्ध संघर्ष उत्पीड़ित जनगणों के साम्राज्यवाद के विरुद्ध मुक्ति संग्राम के साथ एकाकार हो जायेगा और साम्राज्यवाद विरोधी आन्दोलन की शक्तियां बढ़ती ही जायेंगी।

लेनिन के इन विचारों का मात्र भारी सैद्धांतिक महत्व ही नहीं, अपार व्यावहारिक महत्व भी था। उन्होंने मजदूर वर्ग के सामने क्रांतिकारी संघर्ष की नयी संभावनाएं प्रस्तुत कर दीं।

साम्राज्यवादी युद्ध का प्रसार

साम्राज्यवादी युद्ध, जो १९१४ में एक यूरोपीय लड़ाई के रूप में शुरू हुआ था, शीघ्र ही विश्वयुद्ध में परिणत हो गया। युद्धरत देशों की संख्या में तेजी से वृद्धि होती गयी। जर्मनी और आस्ट्रिया हंगरी बुल्गारिया तथा तुर्की को अपने पक्ष में खींच लाने में सफल हो गये। इस चतुर्राष्ट्र सहबंध का मुखिया सैन्यवादी जर्मनी था, जिसके पास विराट सैन्य शक्ति थी और जो विश्व प्रभुत्व के सपने देख रहा था।

जर्मनी के विरोधी 'त्रिराष्ट्र सौहार्द' में अधिकाधिक राष्ट्र सम्मिलित होते जा रहे थे। सर्बिया और बेल्जियम ने और उसके बाद अलग अलग समयों पर जापान, इटली, रूमानिया तथा संयुक्त राज्य अमरीका और कई अन्य देशों ने भी जर्मन गुट के खिलाफ युद्ध की घोषणा कर दी। युद्ध में सभी महाद्वीप खिंच आये थे, लेकिन संघर्ष के मुख्य स्थल यूरोप में कोई भी पक्ष अधिक प्रगति नहीं कर पा रहा था। एक एक चप्पा जमीन के लिए भयंकर लड़ाइयां लड़ी जा रही थीं। उदाहरण के लिए, १९१६ में वरदन के लंबे और खूनी युद्ध में दोनों पक्ष महीनों उलझे रहे, पर आगे न जर्मन बढ़ पाये और न फ्रांसीसी। १९१६ की गरमियों में साम्मे नदी के पास हुई लड़ाइयां भी ऐसी ही रक्तरंजित और व्यर्थ रहीं। बेशक, जर्मनों ने पूर्वी मोर्चे पर १९१५ में कई विजय प्राप्त कीं, पर वे रूस को युद्ध से निकाल देने के अपने लक्ष्य को प्राप्त करने में असफल रहे। जैसे जैसे युद्ध खिंचता गया, वैसे वैसे यह भी प्रत्यक्ष होता गया कि उसमें सबसे अधिक आर्थिक सामर्थ्य रखनेवाले पक्ष की ही विजय होगी। जर्मनी की अस्थायी विजयों के बावजूद उसकी अंतिम पराजय सिर्फ समय का सवाल बनकर रह गयी थी।

युद्ध ने उत्पादक शक्तियों को अपार, अभूतपूर्व नुकसान पहुंचाया। उसमें मानवता का सौरभ विनष्ट हो गया – एक करोड़ नौजवान मारे गये और

तथा तात्की (रूस) थे। बहुत से दुलमुल लोग जो ऐसी वर्गों की नीति से असंतुष्ट हो गये थे पर अभी पूरी क्रांतिकारी चेतना नहीं प्राप्त कर पाये थे मध्यमार्गियों का अनुगमन करने लगे।

सितंबर १९१५ में साम्राज्यवादी युद्ध तथा आधिकारिक सामाजिक जनवादी नेताओं की अंधराष्ट्रवादी नीतियों के विरोधी समाजवादियों का पहला अंतराष्ट्रीय सम्मेलन स्विटजरलैंड के जिमरवाल्ड ग्राम में शुरू हुआ। प्रतिनिधियों में मध्यमार्गी, मध्यमार्गी झुकाव रखनेवाले समाजवादी और वामपंथी अंतराष्ट्रीयतावादी भी थे। सम्मेलन में लेनिन ने भी भाग लिया।

लेनिन इस सम्मेलन में इसलिए आये थे कि यह अंधराष्ट्रवादी समाजवादी नेताओं से नाता तोड़ने की दिशा में पहले कदम का परिचायक था। लेनिन का मुख्य लक्ष्य वामपंथी अंतराष्ट्रीयतावादियों को एक्यबद्ध करना था और इसमें उन्हें आंशिक सफलता प्राप्त हुई। इस सम्मेलन में जिमरवाल्ड वामपक्ष का उदय हुआ। यह अंतराष्ट्रीयतावादी और युद्धविरोधी समाजवादियों की दलबंदी थी जिससे आगे चलकर तीसरे इंटरनेशनल को पैदा होना था।

अप्रैल १९१६ में जिमरवाल्ड अंतराष्ट्रीय समाजवादी समिति ने किएन्थाल (स्विटजरलैंड) में एक और सम्मेलन का आयोजन किया। वामपंथी अंतराष्ट्रीयतावादियों को ऐक्यबद्ध करने के लेनिन के अथक प्रयासों के परिणामस्वरूप जिमरवाल्ड वामपक्ष पिछले सम्मेलन के मुकाबले कहीं ज्यादा मजबूत हो चुका था और अपने निर्णयों तथा वैचारिक झुकाव के लिहाज से यह सम्मेलन महत्वपूर्ण प्रगति का परिचायक था।

औपनिवेशिक देशों पर युद्ध का प्रभाव

विश्वयुद्ध ने सभी औपनिवेशिक तथा पराधीन देशों पर भी प्रभाव डाला। साम्राज्यवादी शक्तियों ने अपने उपनिवेशों तथा अधीनस्थ देशों का शत्रु के साथ अपने संघर्ष में रिजर्व की तरह उपयोग किया। भारत और अफ्रीका में पश्चिमी मोर्चे के लिए सैनिकों की जबरन भरती की गयी। दसियों हजार वियतनामियों को जबरदस्ती खाइयां खोदने और मोर्चाबन्दियों के पीछे काम करने के लिए फ्रांस ले जाया गया। समुद्र में हुई लड़ाइयों ने, विशेषकर जर्मन पनडुब्बियों की कार्रवाइयों ने एशियाई देशों तथा यूरोपीय शासक देशों के बीच सामान्य वाणिज्यिक सूत्रों को भंग कर दिया था। साथ ही शासक देश अब इस हालत में नहीं रहे थे कि अपने उपनिवेशों को उन सभी औद्योगिक वस्तुओं का निर्यात करते रहें, जो वे उन्हें अब तक बेचते आये थे।

